استقبال (पु.)इस्तिक़्बाल
स्वागत, अगवानी

استقرا (स.)इस्तिक़रा
आगमन

استقرائی (वि.)इस्तिक़राई
आगमनात्मक

استقرار (पु.)इस्तिक़रार
ठहरना, रुकना, स्थिरता, ठहराव

استقرار حمل (पु.)इस्तिक़रारे-हमल
गर्भाधान

استقرائی قابلیت (स्त्री.)इस्तिक़राई क़ाबिलीयत
(मनो.) आगमनात्मक योग्यता

استقلال (पु.)इस्तिक़लाल
1. दृढ़ता, स्थिरता, मज़बूती, ठहराव 2. चैन, आराम

استمرار (पु.)इस्तिमरार
1. नित्यता, निरंतरता 2. (भौ.) जड़त्व

استمراری بندوبست (पु.)इस्तिमरारी बंदोबस्त
स्थायी प्रबंध

استمراری نظام (पु.)इस्तिमरारी निज़ाम
(भौ.) जड़त्वीय तंत्र

استناد (पु.)इस्तिनाद
प्रमाण चाहना, उपाधि, सोपान

استنباط (पु.)इस्तिंबात
निष्कर्षण, निष्कर्ष

استنجا (पु.)इस्तिंजा
मूत्र अथवा शौच के बाद शुद्धिकरण की प्रक्रिया

استوا (पु.)इस्तिवा
1. समानता, बराबरी, मध्याह्न 2. विषुवत रेखा, भूमध्य रेखा

استوار (वि.)उस्तुवार
दृढ़, स्थायी

استواری (स्त्री.)उस्तुवारी
दृढ़ता, स्थायित्व, पाएदारी

استہزا (पु.)इस्तिहज़ा
हँसी उड़ाना, ठठोल, उपहास

اسد (पु.)असद
1. सिंह, व्याघ्र 2. सिंह राशि

اسرار (पु.)असरार
سِرّ का बहु.

اسراع (पु.)इस्रा
1. तीव्रता, शीघ्रता, त्वरितता 2. (भौ.) त्वरण

اسراعی (वि.)इस्राई
(भौ.) त्वरित

اسراعی دور (पु.)इसराई दौर
(भौ.) त्वरक काल

اسراف (पु.)इस्राफ़
अपव्यय, फ़ुज़ूल ख़र्ची

اسرافیل (पु.)इस्राफ़ील
महाप्रलय के समय सूर फूँकने वाला फ़रिश्ता

اسعد (पु.)असअद
अत्यंत शुभ, अति मांगलिक

اسفل (वि.)अस्फ़ल
नीचे, अधम, निम्नतर

اسقاط (पु.)इस्क़ात
1. गिरना 2. गर्भपात

اسقاط حمل (पु.)इस्क़ाते हमल
गर्भपात

اسلاف (पु.)अस्लाफ़
'سلف' का बहु., पूर्वज

اسلام (पु.)इस्लाम
1. सलामती चाहना, ईश्वराज्ञा पर सिर झुकाना 2. इस्लाम धर्म

اسلامیات (पु.)इस्लामियात
1. इस्लामी साहित्य 2. इस्लाम धर्मसंबंधी दर्शन

اسلحہ (वि.)अस्लिहा
अस्त्र-शस्त्र, हथियार, युद्ध सामग्री

اسلحہ بند (पु.)अस्लिहा बंद
हथियारबंद, सशस्त्र

اسلحہ خانہ (वि.)अस्लिहा ख़ाना
शस्त्रागार, हथियार घर

اسلوب (पु.)उस्लूब
1. शैली 2. पद्धति, प्रणाली, तरीक़ा, ढंग

اسلوبیات (पु.)उस्लूबियात
(भा.) शैली विज्ञान

اسم (पु.)इस्म
1. (भा.) संज्ञा 2. नाम

اسم اعظم (पु.)इस्मे-आज़म
महामंत्र

اسم جامد (पु.)इस्मे-जामिद
जाति वाचक संज्ञा

اسم حالیہ (पु.)इस्मे-हालिया
(भा.) 1. कृदंतपरक संज्ञा 2. वर्तमान कालिक कृदंत विशेषण

اسم خاص (पु.)इस्मे-ख़ास
(भा.) व्यक्तिवाचक संज्ञा

اسم عام (पु.)इस्मे-आम
(भा.) जातिवाचक संज्ञा, जातिवाचक नाम

اسم عددی (पु.)इस्मे-अ़ददी
(भा.) संख्यावाचक संज्ञा

اسم فاعل (पु.)इस्मे-फ़ाइल
(भा.) कर्तृवाचक संज्ञा, कर्तृ संज्ञा

اسم مصدر (पु.)इस्मे-मस्दर
(भा.) क्रियार्थक संज्ञा

اسم معرفہ (पु.)इस्मे-मारिफ़ा
(भा.) व्यक्तिवाचक संज्ञा

اسم مفعول (पु.)इस्मे-मफ़ऊल
(भा.) अकर्मक कृदंत संज्ञा

اسم نسبتی (पु.)इस्मे-निस्बती
(भा.) स्रोत नाम, मूल व्यक्ति नाम

اسم نکرہ (पु.)इस्मे-नक्रा
(भा.) 1. जातिवाचक नाम 2. जातिवाचक संज्ञा 3. अनिश्चयात्मक संज्ञा

اسم نویسی (स्त्री.)इस्म नवीसी
नामांकन, पंजीकरण

اسناد (पु.)अस्नाद
'سند' का बहु.

اسود (वि.)अस्वद
गहरा काला, अत्यंत काला, कृष्ण

اسوۂ حسنہ (पु.)अस्वए-हसना
सदाचार, सदाचरण

اسہال (पु.)इस्हाल
दस्त, अतिसार

اسیر (वि.)असीर
बंदी, क़ैदी, कारावासी

اشارات (पु.)इशारात
'اشارہ' का बहु.

اشاراتی زبان (स्त्री.)इशाराती ज़बान
(भा.) अंगविक्षेप भाषा, सांकेतिक भाषा

اشارتاً (क्रि.वि.)इशारतन
संकेत द्वारा

اشارہ (पु.)इशारा
1. संकेत, इंगित, इशारा 2. तात्पर्य, मतलब

اشارہ بازی (स्त्री.)इशारा बाज़ी
आपस में इशारे करना, संकेत करना

اشارہ تبدیلی (स्त्री.)इशारा तब्दीली
(जन.) बदल संकेत

اشارہ سازی (स्त्री.)इशारा साज़ी
(दर्श.) संकेतीकरण, कूटसंकेतन

اشاریہ (पु.)इशारिया
(भा.) शब्द सूची, सूचक, अनुक्रमणिका

اشاعت (स्त्री.)इशाअ़त
1. संस्करण, प्रकाशन 2. प्रचार, प्रसार

اشتباہ (पु.)इश्तिबाह
संदेह, आभास, भ्रम

**اشتراک** (पु.)इश्तिराक
1. भागीदारी, साझा 2. समानता

**اشتراکی** (वि.)इश्तिराकी
साम्यवादी

**اشتراکیت** (स्त्री.)इश्तिराकियत
साम्यवाद

**اشتعال** (पु.)इश्तिआल
1. उत्तेजन, भड़काना, उकसाना 2. लपट उठना, भड़कना

**اشتعال انگیز** (पु.)इश्तिआल अंगेज़
भड़काऊ, उत्तेजक

**اشتعال انگیزی** (स्त्री.)इश्तिआल अंगेज़ी
उत्तेजन, भड़काना, उकसाना

**اشتقاق** (पु.)इश्तिक़ाक़
(भा.) व्युत्पत्ति

**اشتہا** (पु.)इश्तिहा
1. भूख 2. वासना

**اشتہار** (पु.)इश्तिहार
विज्ञापन

**اشتہاری** (वि.)इश्तिहारी
1. विज्ञापन संबंधी 2. विज्ञापन द्वारा प्रसारित

**اشتیاق** (पु.)इश्तियाक़
1. उत्कंठा, लालसा 2. आकांक्षा, उत्सुकता

**اشجار** (पु.)अश्जार
'شجر' का बहु.

**اشخاص** (पु.)अश्ख़ास
'شخص' का बहु.

**اشد** (वि.)अशद
अत्यावश्यक, बहुत ज़रूरी

**اشراف** (पु.)अशराफ़
'شریف' का बहु.

**اشرافیہ** (पु.)अशराफ़ीया
कुलीन वर्ग, अभिजात वर्ग, भद्र जन

**اشراق** (पु.)इश्राक़
वह नमाज़ जो सूर्योदय के बाद पढ़ी जाती है

**اشرف** (वि.)अशरफ़
अति प्रतिष्ठित, भद्र, उत्तम, श्रेष्ठतम

**اشرف المخلوقات** (पु.)अशरफुल-मख़्लूक़ात
सर्वश्रेष्ठ प्राणी, मानव जाति, मनुष्य जाति

**اشرفی** (स्त्री.)अशरफ़ी
स्वर्ण-मुद्रा, मोहर, अशरफ़ी

**اشعار** (पु.)अश्आर
'شعر' का बहु.

**اشک** (पु.)अश्क
आँसू, अश्रु

**اشک بار** (वि.)अश्कबार
आँसू बरसानेवाला, रोनेवाला

**اشک باری** (स्त्री.)अश्कबारी
अश्रुपात, रूदन, रोना धोना

**اشک ریز** (वि.)अश्करेज़
दे. 'اشک بار'

**اشک ریزی** (वि.)अश्करेज़ी
दे. 'اشک باری'

**اشک شوئی** (स्त्री.)अश्कशुई
आँसू पोंछना, दिलासा, तसल्ली, सांत्वना, ढारस

**اشکال** (स्त्री.)अश्काल
'شکل' का बहु.

**اشکال** (स्त्री.)इश्काल
1. भ्रम, संदेहात्मकता 2. जटिल समस्या, कठिनाई

**اشیاء** (स्त्री.)अश्या
'شے' का बहु.

**اشیا کی قیمت کا اشاریہ** (पु.)अशया की क़ीमत का इशारिया
(अर्थ.) पण्य क़ीमत सूचकांक

**اصالت** (स्त्री.)असालत
1. खरापन, विशुद्धता 2. कुलीनता उत्कृष्टता

**اصالتاً** (क्रि.वि.)असालतन
स्वंय, अपने आप, खुद

**اصحاب** (पु.)अस्हाब
1. 'صاحب' का बहु. 2. पैगम्बर हज़रत मुहम्मद साहिब के साथी, सहाबा

**اصرار** (सं.)इस्रार
1. आग्रह, अनुरोध 2. हठ

**اصراف** (पु.)अस्राफ़
ख़र्च, व्यय

**اصطبل** (पु.)अस्तब्ल
अश्वशाला, घुड़साल, तबेला

**اصطرلاب** (पु.)उस्तुर्लाब
1. स्तंभ, थंब, खंभा 2. खगोल विज्ञान में प्रयुक्त एक प्राचीन यंत्र

**اصطلاح** (स्त्री.)इस्तिलाह
परिभाषिकी, पारिभाषिक शब्द

**اصطلاحات** (स्त्री.) इस्तिलाहात
'اصطلاح' का बहु.

**اصطلاحی** (वि.)इस्तिलाही
पारिभाषिक

**اصل** (स्त्री.)अस्ल
1. मूल, आधार 2. वास्तविक, यथार्थ 3. (भा.) तत्सम

**اصل قیمت** (स्त्री.)अस्ल कीमत
1. मुख्यमूल्य 2. (ग.) मुख्य मान

**اصل لاگت** (पु.)अस्ल लागत
(वाणि.) वास्तविक लागत

**اصلا** (क्रि.वि.)अस्ला
दे. 'اصلاً'

**اصلاً** (क्रि.वि.)अस्लन
मूलतः, यथार्थतः

**اصلاح** (स्त्री.)इस्लाह
1. सुधार, शुद्धि 2. संशोधन

**اصلاحات** (स्त्री.)इस्लाहात
'اصلاح' का बहु.

**اصلی** (वि.)अस्ली
1. वास्तविक, अकृत्रिम 2. जन्मजात 3. मूलभूत, आधारभूत 4. प्राकृतिक

**اصلیت** (स्त्री.)अस्लियत
1. वास्तविकता 2. मूलतत्व, तात्विकता

**اصناف** (स्त्री.)अस्नाफ़
'صنف' का बहु.

**اصنام** (पु.)अस्नाम
'صنم' का बहु.

**اصنام پرستی** (स्त्री.)अस्नाम परस्ती
1. मूर्ति-पूजा 2. (दर्श.) प्रकृति-वैशिष्ट्य

**اصوات** (स्त्री.)अस्वात
'صوت' का बहु.

**اصول** (पु.)उसूल
1. 'اصل' का बहु. 2. नियम, सिद्धांत

**اصولاً** (क्रि.वि.)उसूलन
नियमानुसार, सिद्धांततः

**اصولی** (क्रि.वि.)उसूली
1. मौलिक, आधारभूत, बुनियादी 2. सैद्धांतिक

**اصولی مطالعہ** (पु.)उसूली मुतालआ
(वाणि.) मानकीय अध्ययन, आदर्शक अध्ययन

**اصیل** (वि.)असील
1. कुलीन, भद्र, शरीफ़ 2. खरा, श्रेष्ठ, उत्तम 3. लोहे का अस्त्र

**اضافت** (स्त्री.)इज़ाफ़त
1. संबंध 2. (भा.) संयोजन, संबंधकारक चिन्ह लगाना, एक शब्द को दूसरे शब्द से संबद्ध करना

**اضافہ** (पु.)इज़ाफ़ा
वृद्धि, बढ़ोतरी

**اضافی** (वि.)इज़ाफ़ी
1. अतिरिक्त 2. (भा.) संबंधवाचक

**اضافی حالت** (स्त्री.)इज़ाफ़ी हालत
(भा.) संबंधकारक

**اضافی قدر** (स्त्री.)इज़ाफ़ी क़द्र
(वाणि.) वर्धित मूल्य

**اضافی مرطوبیت** (स्त्री.)इज़ाफ़ी मर्तूबीयत
(ग.) आपेक्षिक आर्द्रता

**اضافیت** (स्त्री.)इज़ाफ़ीयत
1. सापेक्षवाद, आपेक्षिकता 2. (भौ.) आपेक्षिकी

**اضطراب** (पु.)इज़्तिराब
व्याकुलता, व्यग्रता, बेचैनी, उतावलापन

**اضطرار** (पु.)इज़्तिरार
1. आतुरता 2. लाचारी, बेबसी

**اضطراری تحریک** (स्त्री.)इज़्तिरारी तहरीक
(मनो.) आवेग

**اضلاع** (पु.)अज़्ला
'ضلع' का बहु.

**اضمار** (पु.)इज़्मार
'ضمیر' का बहु.

**اضمحلال** (पु.)इज़्मेहलाल
1. खिन्नता, मलिनता 2. ग्लानि, शिथिलता, कुम्हलाना

**اطاعت** (स्त्री.)इताअत
आज्ञा, पालन, सेवा

**اطبا** (पु.)अतिब्बा
'طبیب' का बहु.

**اطراف** (पु.)अतराफ़
'طرف' का बहु.

**اطریفل** (पु.)इत्रीफ़ल
त्रिफला

**اطفال** (पु.)अतफ़ाल
'طفل' का बहु.

(स्त्री.)इत्तिला اطلاع
सूचना, ख़बर
(पु.)इत्तिला नामा اطلاع نامہ
1. सूचना पत्र 2. सम्मन
(क्रि.वि.)इत्तिलाअ़न اطلاعاً
सूचनार्थ, सूचना हेतु
(पु.)इत्लाक़ اطلاق
1. प्रयोग होना 2. किसी शब्द का विशेष अर्थ में प्रयोग करना 3. (भा.) अनुप्रयोग
(वि.)इत्लाक़ी اطلاقی
(भौ.) अनुप्रयुक्त
(पु.)इत्लाक़ी जुग़राफ़िया اطلاقی جغرافیہ
(भू.) अनुप्रयुक्त भूगोल
(स्त्री.)इत्लाक़ी शुमारियात اطلاقی شماریات
(अर्थ.) अनुप्रयुक्त सांख्यिकी
(स्त्री.)इत्लाक़ी मआशियात اطلاقی معاشیات
(अर्थ.) अनुप्रयुक्त अर्थशास्त्र
(स्त्री.)इत्लाक़ी मिकानियात اطلاقی میکانیات
(भौ.) अनुप्रयुक्त यांत्रिकी
(स्त्री.)अत्लस اطلس
एक बहुमूल्य रेशमी कपड़ा
(पु.)इत्मीनान اطمینان
1. संतोष, संतुष्टि 2. सांत्वना, ढारस, तसल्ली
3. विश्वास
(पु.)अतवार اطوار
'طور' का बहु.
(पु.)इज़्हार اظہار
अभिव्यक्ति
(पु.)इज़्हारिया اظہاریہ
(मनो.) अभिव्यंजनावाद
(वि.)अज़्हर اظہر
1. प्रकाशमान, चमकीला, अत्यधिक रौशन
2. यश और कीर्ति से मुख की उज्ज्वलता
(वि.)अज़्हर मिनश्शम्स اظہر من الشمس
सूर्य से अधिक स्पष्ट और उज्ज्वल, सर्वविदित, सर्वव्यापी
(पु.)इआ़दा اعادہ
पुनरावृत्ति, दोहराना
(स्त्री.)इआ़नत اعانت
सहायता, मदद, सहयोग, सहारा

(स्त्री.)इआ़नते-मुज्रिमाना اعانت مجرمانہ
अवैध अथवा अपराध कार्य में सहायता
(स्त्री.)एतिबार اعتبار
भरोसा, विश्वास
(पु.)एतिदाल اعتدال
1. संतुलन, अनुग्रता 2. मध्यम मार्ग
(वि.)एतिदाल पसंद اعتدال پسند
1. उदारवादी 2. मध्यममार्गी
3. (इति., ना.) नरमदलीय, नरमदलवादी
(पु.)एतिदालपसन्दी اعتدال پسندی
उदारवाद
(वि.)एतिदाल ख़ज़ानी اعتدال خزانی
(भू.) शरद विषुव, जल विषुव
(पु.)एतेराज़ اعتراض
आपत्ति, विरोध
(पु.)एतेराफ़ اعتراف
स्वीकृति, इक़रार
(पु.)एतिक़ाद اعتقاد
आस्था, निष्ठा, मान्यता
(पु.)एतिकाफ़ اعتکاف
1. निर्धारित समय के लिए एकांतवास
2. एकांत उपासना
(पु.)एतिमाद اعتماد
भरोसा, विश्वास
(स्त्री.)एतिमाद शिकनी اعتماد شکنی
1. भरोसा तोड़ना 2. (प्रशा.) संविदा-भंग
(पु.)एतिना اعتنا
सहानुभूति, हमदर्दी, ध्यानाकर्षण
(पु.)एजाज़ اعجاز
चमत्कार, करिश्मा
(वि.)अजूबा اعجوبہ
अनोखा, निराला
(पु.)आदाद اعداد
'عدد' का बहु.
(पु.)आदादो-शुमार اعداد و شمار
(ग.) 1. आँकड़े 2. सांख्यिकी
(स्त्री.)आदादी क़द्रें اعدادی قدریں
(ग.) संख्यात्मक मान
(पु.)एराब اعراب
स्वर-चिह्न

اعرابی (पु.)आ़राबी
अ़रब देश का निवासी, बद्दू
اعراض (पु.)एराज़
विमुखता, उपेक्षा, मुँह फेर लेना
اعزاز (पु.)एज़ाज़
सम्मान, प्रतिष्ठा
اعزازی (वि.)एज़ाज़ी
सम्मानीय
اعزازیہ (पु.)एज़ाज़िया
मानदेय
اعزہ (पु.)अइज़्ज़ा
'عزیز' का बहु., नातेदार
اعشاریہ (पु.)अ़शारिया
(भौ.,ग.) दशमलव, दशमिक
اعشاریہ پیمانہ (पु.)अ़शारिया पैमाना
(भौ.,ग.) दशमलव मापक्रम
اعشاریہ ترقیم (स्त्री.)अ़शारिया तर्क़ीम
(भौ.,ग.) दशमलव संकेतन पद्धति
اعشاریہ کسر (पु.)अ़शारिया कस्र
(भौ.,ग.) दशमलव भिन्न
اعشاریہ نقطہ (पु.)अ़शारिया नुक़्ता
(भौ.,ग.) दशमलव बिंदु
اعصاب (पु.)आ़साब
'عصب' का बहु. स्नायुतंत्र
اعصابی شکستگی (स्त्री.)आ़साबी शिकस्तगी
(मनो.) तंत्रिका-भंग
اعضا (पु.)आ़ज़ा
'عضو' का बहु.
اعضائے رئیسہ (पु.)आ़ज़ाए-रईसा
मुख्य शारीरिक अंग
اعظم (वि.)आ़ज़म
महत्तम, महान
اعلام (पु.)एलाम
ज्ञान कराना, बताना, जताना
اعلان (पु.)एलान
घोषणा, अभिज्ञापन, विज्ञप्ति
اعلان بذریعہ گزٹ (पु.)एलान बज़रिया गज़ट
(प्रशा.) राजपत्रित अधिसूचना
اعلیٰ (वि.)आ़ला
उच्च, सर्वश्रेष्ठ, प्रधान
اعمال (पु.)आ़माल
'عمل' का बहु.

اعمال نامہ (पु.)आ़माल नामा
कर्म पत्र, चरित्रवृत्त
اغذیہ (पु.)अग़्ज़िया
'غذا' का बहु.
اغراض (पु.)अग़राज़
'غرض' का बहु.
اغل بغل (क्रि.,वि.)अग़ल-बग़ल
आस-पास, पास-पड़ोस
اغلاط (स्त्री.)अग़लात
'غلط' का बहु.
اغلاط نامہ (पु.)अग़लात नामा
शुद्धि-पत्र
اغلام (पु.)इग़लाम
लौंडे बाज़ी, बाल मैथुन
اغلب (वि.)अग़लब
निश्चय, यक़ीनी, निश्चय ही
اغماز (पु.)इग़्माज़
1. घमंड 2. नख़रा, चटक-मटक, हाव-भाव
اغماض (पु.)इग़्माज़
1. अनदेखी 2. क्षमा 3. किसी के दोषों की उपेक्षा
اغوا (पु.)इग़वा
अपहरण
اغیار (पु.)अग़यार
'غیر' का बहु.
اف (वर्ण)उफ़
हाय, ओह
افادہ (पु.)इफ़ादा
लाभ, हित, कल्याण
افادۂ عام (पु.)इफ़ादए-आम
जनहित, जन कल्याण
افادی (वि.)इफ़ादी
लाभकारी, कल्याणकारी
افادیت (स्त्री.)इफ़ादियत
उपयोगिता, उपादेयता
افادیت پسند (वि.)इफ़ादीयत पसंद
(ना.) उपयोगितावादी
افادیت پسندی (स्त्री.)इफ़ादीयत पसंद
उपयोगितावाद
افاقہ (पु.)इफ़ाक़ा
रोग में कमी, स्वास्थ्य लाभ

**افتاد** (स्त्री.)उफ़्ताद
1. विपत्ति 2. आकस्मिक घटना, हादसा

**افتادگی** (स्त्री.)उफ़्तादगी
1. दीनता, लाचारी, विनीत भाव 2. अभाव, अपूर्णता

**افتادہ** (वि.)उफ़्तादा
1. गिरा हुआ 2. परती, वह भूमि जो बिना जोताई के छोड़ दी गई हो

**افتتاح** (पु.)इफ़्तिताह
उद्घाटन

**افتتاحی** (वि.)इफ़्तिताही
1. कार्यारंभ 2. उद्घाटन संबंधी

**افتتاحی اسٹاک** (पु.)इफ़्तिताही इस्टाक
(वाणि.) प्रारंभिक माल

**افتتاحیہ** (पु.)इफ़्तिताहिया
1. उद्घाटन भाषण अथवा वक्तव्य
2. संपादकीय, उद्घाटन अभिभाषण

**افتخار** (पु.)इफ़्तिख़ार
1. गर्व, मान 2. प्रतिष्ठा, सम्मान

**افترا** (पु.)इफ़्तिरा
आरोप, लांछन, तोहमत

**افترا پرداز** (वि.)इफ़्तिरा पर्दाज़
झूठा आरोप लगानेवाला, दोषारोपण कर्ता

**افتراق** (पु.)इफ़्तिराक़
अलगाव

**افراتفری** (स्त्री.)अफ़रा तफ़री
खलबली, हड़बड़ी, उथल-पुथल

**افراد** (पु.)अफ़राद
'فرد' का बहु.

**افراط** (स्त्री.)इफ़रात
बाहुल्य, आधिक्य

**افراط زر** (स्त्री.)इफ़राते-ज़र
मुद्रास्फीति

**افراط و تفریط** (स्त्री.)इफ़रातो-तफ़रीत
अधिक्य एवं न्यूनता, कमी-बेशी

**افروختہ** (वि.)अफ़रोख़्ता
1. प्रज्वलित 2. आक्रोशित, आग बगूला

**افروز** (प्रत्य.)अफ़रोज़
रौशन करनेवाला, उज्ज्वलकारी, प्रकाश करनेवाला, जैसे जलवाअफ़रोज़

**افزا** (प्रत्य.)अफ़्ज़ा
बढ़ावा देनेवाला, जैसे: रूह अफ़्ज़ा

**افزائش** (स्त्री.)अफ़्ज़ाइश
1. वृद्धि, बढ़ोतरी 2. (भौ.) प्रवर्धन

**افزائش نسل** (स्त्री.)अफ़्ज़ाइशे-नस्ल
1. प्रजनन, संतानवृद्धि 2. (वन.,प्राणि) प्रजनन

**افزونی** (स्त्री.)अफ़्ज़ूनी
प्रचुरता, बहुतायत, आधिक्य

**افزوں** (वि.)अफ़्ज़ूँ
अधिक, अत्यधिक, प्रचुर

**افسانوی** (वि.)अफ़सानवी
1. कहानी संबंधी 2. काल्पनिक, अयथार्थ

**افسانہ** (पु.)अफ़साना
कहानी, आख्यायिका, गल्प

**افسانہ نگار** (वि.)अफ़साना निगार
कथाकार, कहानीकार

**افسانہ نگاری** (स्त्री.)अफ़साना निगारी
कथा लेखन, कहानी लेखन

**افسانہ نویس** (वि.)अफ़साना नवीस
दे. 'افسانہ نگار'

**افسانہ نویسی** (पु.)अफ़साना नवीसी
कथालेखन, कहानीलेखन

**افساں** (पु.)अफ़साँ
धार तेज़ करने का पत्थर, सान

**افسر** (पु.)अफ़सर
1. मुकुट 2. अधिकारी

**افسر انسداد رشوت** (पु.)अफ़सरे- इंसिदादे-रिश्वत
(प्रशा.) भ्रष्टाचार-निरोध अधिकारी

**افسر تقرر** (पु.)अफ़सरे-तक़र्रुर
(प्रशा.) नियुक्ति प्राधिकारी

**افسردگی** (स्त्री.)अफ़सुर्दगी
मलिनता, उदासीनता, खिन्नता

**افسردہ** (वि.)अफ़सुर्दा
खिन्न, मलिन, उदासीन, अवसादग्रस्त

**افسردہ دل** (वि.)अफ़सुर्दा दिल
खिन्नचित्त, उदास

**افسردہ دلی** (स्त्री.)अफ़सुर्दा दिली
उदासी, खिन्नता, मलिनता

**افسری** (स्त्री.)अफ़सरी
1, पदाधिकार 2. सत्ता, हुकूमत 3. अध्यक्षता, सरदारी

**افسوس** ( पु. )अफ़सोस
1. पछतावा, खेद 2. शोक, दुःख, सोग

**افسوسناک** ( वि. )अफ़सोसनाक
शोकजनक, दुखदायक

**افسوں** ( पु. )अफ़्सूँ
जादू, इंद्रजाल

**افسوں گر** ( वि. )अफ़्सूँगर
जादूगर, मायावी

**افشاں** ( पु. )इफ़्शां
प्रकटन

**افشائے راز** ( पु. )इफ़्शाए-राज़
रहस्य उद्‌घाटन, भेद खुल जाना

**افشاں** ( स्त्री. )अफ़्शाँ
1. स्त्रियों द्वारा ललाट, मुख तथा गालों पर सज्जा हेतु छिड़कने का सुनहला या रुपहला पाउडर 2. ( प्रत्य. ) छिड़कनेवाला, साज-सज्जा करने वाला

**افضل** ( वि. )अफ़ज़ल
सर्वोत्तम, शिरोमणि

**افضلیت** ( स्त्री. )अफ़ज़लियत
उत्कृष्टता, श्रेष्ठता

**افطار** ( पु. )इफ़्तार
रोज़ा खोलना, रोज़ा खोलने की प्रक्रिया

**افطاری** ( स्त्री. )इफ़्तारी
रोज़ा खोलने की खाद्य सामग्री

**افعال** ( पु. )अफ़आल
'فعل' का बहु.

**افعی** ( पु. )अफ़ई
साँप की एक जाति विशेष

**افغان** ( पु. )अफ़ग़ान
अफ़ग़ानिस्तान देश का निवासी, अफ़्ग़ानी, काबुली

**افق** ( पु. )उफ़ुक़
क्षितिज, वह स्थान जहाँ आकाश और पृथ्वी मिलते प्रतीत होते हैं

**افقی** ( वि. )उफ़ुक़ी
( ग., भू. ) क्षैतिज

**افقی خط** ( पु. )उफ़ुक़ी ख़त
( ग.,भू. ) क्षैतिज रेखा

**افکار** ( पु. )अफ़कार
'فکر' का बहु.

**افگار** ( वि. )अफ़गार
1. क्षत, घायल 1. ( प्रत्य. ) घाव ( ज़ख़्म ) खाया हुआ, जैसे- 'دل افگار' ( घायल हृदय वाला )

**افلاس** ( पु. )इफ़लास
निर्धनता, ग़रीबी, दरिद्रता

**افلاک** ( पु. )अफ़लाक
'فلک' का बहु.

**افواج** ( स्त्री. )अफ़्वाज
'فوج' का बहु.

**افواہ** ( स्त्री. )अफ़वाह
जनप्रवाह, निराधार कथन

**افہام** ( पु. )इफ़्हाम
बोध, समझ-बूझ

**افہام و تفہیم** ( स्त्री. )इफ़्हामो-तफ़हीम
विचार विनिमय, वैचारिक आदान प्रदान

**افیم** ( स्त्री. )अफ़ीम
एक तरह का मादक द्रव्य

**افیون** ( स्त्री. )अफ़यून
दे. 'افیم'

**افیونی** ( पु. )अफ़्यूनी
अफ़ीमची

**اقارب** ( पु. )अक़ारिब
सगे संबंधी, निकटजन

**اقامت** ( स्त्री. )इक़ामत
ठहरना, रहना, निवास

**اقامت گاہ** ( स्त्री. )इक़ामतगाह
निवास स्थान

**اقامت گزیں** ( वि. )इक़ामतगुज़ीं
ठहरनेवाला, निवास करनेवाला

**اقبال** ( पु. )इक़्बाल
1. स्वीकृत 2. सौभाग्य 3. प्रताप

**اقبال جرم** ( पु. )इक़्बाले-जुर्म
अपराध और दोष का स्वीकार, स्वीकारोक्ति

**اقبال مند** ( वि. )इक़्बालमंद
1. तेजस्वी, प्रतापी, श्रीमंत 2. भाग्यशाली

**اقبال مندی** ( स्त्री. )इक़्बालमंदी
1. तेजस्व, प्रताप 2. भाग्यशालिता

**اقتباس** ( पु. )इक़्तिबास
1. चयन 3. उद्धरण

**اقتدا** ( स्त्री. )इक़्तिदा
अनुकरण, पैरवी

اقتدار (पु.)इक़्तिदार
1. सत्ता, प्रभुता 2. आधिपत्य 3. राज, अधिकार

اقتصاد (पु.)इक़्तिसाद
1. अर्थ, वित्त 2. कमख़र्ची, अल्प व्ययता
3. आय-व्यय संतुलन

اقتصادی (वि.)इक़्तिसादी
आर्थिक

اقتصادیات (स्त्री.)इक़्तिसादीयात
अर्थशास्त्र

اقدام (पु.)इक़्दाम
1. पहल 2. संकल्प
3. प्रयास, प्रयत्न, उपाय

اقدس (वि.)अक़्दस
पवित्र, शुद्ध

اقرار (पु.)इक़्रार
1. स्वीकृति, हामी, सहमति, रज़ामंदी 2. वादा

اقرارنامہ (पु.)इक़्रार नामा
1. प्रतिज्ञापत्र, संविदा 2. (वाणि.) क़रार अनुबंध

اقرب (वि.)अक़्रब
1. अति निकट 2. नातेदार

اقربا (पु.)अक़्रबा
स्वजन

اقساط (स्त्री.)अक़्सात
'قسط' का बहु.

اقسام (पु.)अक़्साम
'قسم' का बहु.

اقل (वि.)अक़ल
बहुत थोड़ा, अत्यल्प, लघुत्तम

اقلیت (स्त्री.)अक़ल्लियत
अल्पसंख्यक

اقلیدس (स्त्री.)उक़्लीदिस
(ग.) रेखागणित, ज्यामिति

اقلیم (स्त्री.)इक़्लीम
महाद्वीप

اقوال (पु.)अक़्वाल
'قول' का बहु.

اقوام (स्त्री.)अक़्वाम
'قوم' का बहु.

اقوام متحدہ (स्त्री.)अक़्वामे-मुत्तहिदा
संयुक्त राष्ट्र संघ

اکابر (पु.)अकाबिर
1. 'اکبر' का बहु., 2. सम्मानित जन

اکبر (वि.)अकबर
सबसे महान, महान, महानतम

اکتساب (पु.)इक्तिसाब
अर्जन, उपार्जन

اکتشاف (पु.)इक्तिशाफ़
प्रकटन

اکتفا (पु.)इक्तिफ़ा
1. संतोष, तृप्ति 2. पर्याप्त होने का भाव, काफ़ी होना

اکثر (क्रि.वि.)अक्सर
बहुधा, प्राय:

اکثریت (स्त्री.)अक्सरियत
1. बहुसंख्यक 2. बहुमत

اکرام (पु.)इकराम
कृपा, दया

اکراہ (पु.)इक्राह
1. घृणा 2. (मनो.) विमुखता, वितृष्ण

اکرم (वि.)अकरम
कृपालु

اکسیر (वि.)इक्सीर
1. अचूक, रामबाण 2. कीमिया, रसायन

اکسیری (वि.)इक्सीरी
रसायन बनानेवाला, कीमियागर

اکل (पु.)अक्ल
खाना, भोजन

اکل حلال (पु.)अक्ले-हलाल
मेहनत की कमाई

اکل وشرب (पु.)अक्लो-शुर्ब
खान-पान

اکمل (वि.)अक्मल
पूर्णतम, सर्वांगपूर्ण, श्रेष्ठतम

اکیڈمی (स्त्री.)अकेडमी
(प्रशा.) अकादमी

اگر (क्रि.वि.)अगर
यदि

اگرچہ (क्रि.वि.)अगरचे
यद्यपि

الا (क्रि.वि.)इल्ला
1. मगर, परंतु 2. अतिरिक्त, सिवा

الاماشاءاللہ (क्रि. वि.)इल्ला माश अल्लाह
कहीं-कहीं

الاماں (सं.)अल-अमां
त्राहि त्राहि, शांति-शांति

البتہ (क्रि.वि.)अलबत्ता
परंतु, मगर

التباس (पु.)इल्तिबास
1. आभास, मिथ्याज्ञान 2. (दर्श.) भ्रम

التجا (स्त्री.)इल्तिजा
प्रार्थना, विनती, निवेदन

التزام (पु.)इल्तिज़ाम
1. अनिवार्यता, परमावश्यकता
2. (मनो.) अनुबंधन, अनुकूलन

التفات (स्त्री.)इल्तिफ़ात
कृपा दृष्टि, दया, अनुग्रह

التماس (पु.)इल्तिमास
प्रार्थना, निवेदन

التوا (पु.)इल्तिवा
(राज.) स्थगन

التوائے میعاد (स्त्री.)इल्तिवाए-मीआ़द
(राज.) अधिस्थगन

الجبرا (पु.)अलजबरा
(ग.) बीजगणित

الجزائر (पु.)अलजज़ाइर
अल्जीरिया, अफ़्रीक़ा का एक देश

الحاج (पु.)अल्हाज
हाजी

الحاد (पु.)इल्हाद
नास्तिकता, अनीश्वरवादिता

الحاق (पु.)इलहाक़
मिलाना, जोड़ना

الحان (पु.)अलहान
'لحن' का बहु.

الحذر (पु.)अल्हज़र
1. त्राहि त्राहि 2. ख़बरदार

الحفیظ (वि.)अल्हफ़ीज़
ईश्वर रक्षा करे, ख़ुदा की पनाह

الزام (पु.)इल्ज़ाम
आरोपण, आरोप

الزامات (पु.)इल्ज़ामात
'الزام' का बहु.

الست (स्त्री.)अलस्त
'अलस्तो बि रब्बिकुम' (क्या मैं तुम्हारा ईश्वर नहीं हूँ) का संक्षिप्त रूप, सृष्टि की उत्पत्ति के समय ईश्वर ने रूहों से पूछा था तो सबने कहा हाँ

السنہ (स्त्री.)अलसिना
'لسان' का बहु.

الطاف (पु.)अल्ताफ़
'لطف' का बहु.

الغرض (क्रि.वि.)अल्ग़रज़
अंततः, आख़िरकार

الغوزہ (पु.)अल्ग़ोज़ा
अलग़ोज़ा, बाँसुरी के प्रकार का एक बाजा

الف (वि.)अल्फ़
हज़ार, सहस्र

الف (पु.)अलिफ़
उर्दू वर्णमाला का पहला अक्षर 'ا'

الفاظ (पु.)अल्फ़ाज़
'لفظ' का बहु.

الفت (स्त्री.)उल्फ़त
प्रेम, अनुराग

القا (पु.)इल्क़ा
दैवीशक्ति द्वारा मन में कोई विचार उत्पन्न होना, प्रज्ञान

القاب (पु.)अल्क़ाब
'لقب' का बहु.

القصہ (क्रि.वि.)अलक़िस्सा
निष्कर्षतः, सारांशतः

الغلط (अव्य.)अलक़त
ग़लत, त्रुटिपूर्ण

الم (पु.)अलम
दुःख, क्लेश, कष्ट

الماس (पु.)अल्मास
हीरा, हीरक

الم انگیز (वि.)अलमअंगेज़
कष्टप्रद, दुःखप्रद

المختصر (क्रि.वि.)अलमुख़्तसर
संक्षिप्ततः

الم غلم (वि.)अल्लम ग़ल्लम
अनाप-शनाप, अंट-शंट

المناک (पु.)अलमनाक
दुखदायक, कष्टप्रद

المیہ (वि.)अलमिया
दुखांत, त्रासदी

**الوان** (पु.)अलवान
'لون' का बहु.

**الوداع** (वर्ण)अलविदा
विदा, जुदाई के समय कहा जाने वाला शब्द

**الوہیت** (स्त्री.)उलूहियत
ईश्वरत्व

**اللہ** (पु.)अल्लाह
परमात्मा, ईश्वर, ख़ुदा

**الٰہ** (पु.)इलाह
अल्लाह, ईश्वर, ख़ुदा

**الٰہ العالمین** (पु.)इलाहुल आलिमीन
जगन्नाथ

**الٰہا** (वर्ण)इलाहा
हे ईश्वर

**الہام** (पु.)इल्हाम
देववाणी, अंतर्ज्ञान

**الہامی** (वि.)इल्हामी
दैविक

**الٰہی** (वर्ण)इलाही
हे ईश्वर

**الٰہیات** (स्त्री.)इलाहीयात
ब्रह्मज्ञान, ब्रह्मविद्या

**ام الجرائم** (स्त्री.)उम्मुल-जराइम
सारे अपराधों की जननी, सारे अपराधों की जड़

**ام الخبائث** (स्त्री.)उम्मुल-ख़बाइस
सारी बुराइयों की जननी अर्थात् शराब

**ام العلوم** (स्त्री.)उम्मुल-उलूम
1. व्याकरण 2. (ना.) महाविज्ञान

**ام الکتاب** (स्त्री.)उम्मुल-किताब
क़ुरआन शरीफ़

**اما بعد** (क्रि.वि.)अम्मा बाद
इसके पश्चात, तत्पश्चात

**امارت** (स्त्री.)इमारत
1. धनाढ्यता 2. शासन, सरदारी

**امارہ** (प्रत्य.)अम्मारा
पाप की ओर प्रवृत्त करनेवाला

**امالہ** (पु.)इमाला
1. झुकाव, झुका हुआ 2. (भा.) पारिभाषिक तौर पर फ़ारसी अथवा अरबी में किसी शब्द के 'ا' (अलिफ़) को 'ی' (ये) बना देना, जैसे- 'کتاب' (किताब) को 'کتیب' (कतीब) बना देना

**امام** (पु.)इमाम
1. नेता, मार्गदर्शी 2. नमाज़ पढ़ानेवाला

**امامت** (स्त्री.)इमामत
1. नेतृत्व, पेशवाई 2. नमाज़ पढ़ाना

**امان** (स्त्री.)अमान
शांति, शरण, आश्रय

**امانت** (स्त्री.)अमानत
धरोहर

**امانت دار** (वि.)अमानतदार
अमानत रखनेवाला

**امانت نامہ** (पु.)अमानतनामा
धरोहर-पत्र

**اماں** (स्त्री.)अम्मा
माँ, माता, महतारी

**امت** (स्त्री.)उम्मत
1. पैगम्बर विशेष के अनुयायी
2. धार्मिक समुदाय

**امتحان** (पु.)इम्तिहान
परीक्षा

**امتداد** (पु.)इम्तिदाद
1. गुज़रना 2. दीर्घता, लम्बाई, विस्तार

**امتداد زمانہ** (पु.)इम्तिदादे-ज़माना
अधिक समय बीत जाना, दीर्घकालीनता

**امتدادی** (वि.)इम्तिदादी
(भा.) आवधिक, सतत

**امتزاج** (पु.)इम्तिज़ाज
सामंजस्य, समन्वय, सम्मिश्रण

**امتناعی حکم** (पु.)इम्तिनाई-हुक्म
निषेध आज्ञा

**امتیاز** (पु.)इम्तियाज़
1. विशिष्टता, प्रमुखता 2. अन्तर, फ़र्क़, भेद

**امتیازی** (वि.)इम्तियाज़ी
मुख्य, विशिष्ट

**امثال** (पु.)अम्साल
'مثل' का बहु., कहावतें, लोकोक्तियाँ

**امداد** (स्त्री.)इम्दाद
सहायता, मदद, सहयोग

**امداد باہمی** (स्त्री.)इम्दादे-बाहमी
सहकारिता

امدادی عطیہ (पु.)इम्दादी अ़तिया
(राज.) सहायता अनुदान

امدادی فعل (पु.)इम्दादी फ़ेल
(भा.) सहायक क्रिया

امر (पु.)अम्र
1. आदेश, आज्ञा 2. विषय

امر معروف (पु.)अम्रे-मा़रूफ़
(भा.) कर्तृवाच्य आज्ञार्थक

امراء (पु.)उमरा
'امیر' का बहु.

امراض (पु.)अम्राज़
'مرض' का बहु.

امرد (पु.)अम्रद
1. किशोर 2. हिजड़ा

امرد پرست (वि.)अम्रद परस्त
लौंडेबाज़

امروز (क्रि.वि.)इमरोज़
1. आज 2. आजकल

امکان (पु.)इम्कान
संभावना

املا (स्त्री.)इम्ला
1. वर्तनी, अक्षर-विन्यास 2. श्रुतलेख

املاک (पु.)इम्लाक
'مِلک' का बहु.

امن (पु.)अम्न
शांति, सुख-चैन, सुकून

امن پسند (वि.)अम्न पसंद
शांतिप्रिय

امن وامان (पु.)अम्नो-अमान
(राज., प्रशा.) क़ानून और व्यवस्था

اموات (स्त्री.)अम्वात
'موت' का बहु.

امواج (पु.)अम्वाज
'موج' का बहु.

امور (पु.)उमूर
'امر' का बहु.

امور خارجہ (पु.)उमूरे-ख़ारिजा
(राज.) विदेश संबंधी मामलात

امی (स्त्री.)अम्मी
माँ, माता

امی (वि.)उम्मी
अनपढ़, निरक्षर

امید (स्त्री.)उम्मीद
आशा, आस

امیدوار (वि.)उम्मीदवार
1. प्रत्याशी, आशान्वित 2. (प्रशा.) अभ्यर्थी

امیدواری (स्त्री.)उम्मीदवारी
(प्रशा.) अभ्यर्थिता

امیر (वि.)अमीर
1. धनाढ्य, दौलतमंद 2. अध्यक्ष 3. सरदार, नेता 4. शासक, हाकिम

امیر الامرا (पु.)अमीरुल-उमरा
1. शाही ज़माने की एक बड़ी पदवी
2. अमीरों का अमीर, शासक

امیر البحر (पु.)अमीरुल-बहर
नौ-सेनापति, समुद्री फ़ौज का कमांडर

امیرانہ (क्रि.वि.)अमीराना
अमीरों जैसा

امیرزادہ (वि.)अमीरज़ादा
धनीपुत्र, शरीफ़ज़ादा

امیری (स्त्री.)अमीरी
1. धनाढ्यता, मालदारी 2. स्वामित्व, सरदारी

امین (वि.)अमीन
1. न्यासधारी, अमानतदार 2. सत्यनिष्ठ, ईमानदार

انا (वर्ण)अना
अहं, मैं

انا (स्त्री.)अन्ना
धात्री, खिलाई

اناالحق (वर्ण)अनलहक़
मैं ईश्वर हूँ, अहंब्रह्मास्मि

انا جبلت (स्त्री.)अना जिबिल्लत
(मनो.) अहंप्रवृति

انار (पु.)अनार
अनार, दाड़िम (फल)

انار دانہ (पु.)अनारदाना
अनार के सूखे हुए बीज जो दवा में काम आते हैं, अनारदाना

انانیت (स्त्री.)अनानीयत
अहंवाद, अहंकार, अहम्

انبار (पु.)अंबार
ढेर, राशि

انبساط (स्त्री.)इंबिसात
आनंद, हर्ष, उल्लास, खुशी

انبوہ (पु.)अंबोह
1. समूह, भीड़ 2. बहुतायत, आधिक्य

انبہ (पु.)अंबा
आम, आम्र

انتباہ (पु.)इंतिबाह
चेतावनी

انتخاب (पु.)इंतिख़ाब
1. चुनाव, निर्वाचन 2. चयन

انتخاب خطا تکنیک (स्त्री.)इंतिख़ाब ख़ता तक्नीक
(प्रशा.) त्रुटि-वरण प्रविधि

انتخابات (पु.)इंतिख़ाबात
1. 'انتخاب' का बहु. 2. निर्वाचन

انتخابی حلقہ (पु.)इंतिख़ाबी हलक़ा
(राज.) निर्वाचन क्षेत्र, चुनाव क्षेत्र

انتخابی مہم (स्त्री.)इंतिख़ाबी मुहिम
(राज.) चुनाव अभियान

انتساب (पु.)इंतिसाब
समर्पण

انتشار (पु.)इंतिशार
1. बिखराव, अस्तव्यस्तता 2. (भौ.) प्रकीर्णन

انتظار (पु.)इंतिज़ार
प्रतीक्षा

انتظام (पु.)इंतिज़ाम
प्रबंध, बंदोबस्त

انتظام طعام (पु.)इंतिज़ामे-तआम
(प्रशा.) भोजन प्रबंध

انتظامی اصلاحات کمیشن (पु.)इंतिज़ामी इस्लाहात कमीशन
(प्रशा.) प्रशासनिक सुधार आयोग

انتظامی سہولت (स्त्री.)इंतिज़ामी सहूलत
(प्रशा.) प्रशासनिक सुविधा

انتظامی سیکشن/صیغہ (पु.)इंतिज़ामी सेक्शन/सीग़ा
(प्रशा.) प्रशासनिक अनुभाग

انتظامی فرائض (पु.)इंतिज़ामी फ़राइज़
(प्रशा.) प्रशासनिक प्रमुख

انتظامی منظوری (स्त्री.)इंतिज़ामी मंज़ूरी
(प्रशा.) प्रशासनिक स्वीकृति

انتظامی نظام (पु.)इंतिज़ामी निज़ाम
(प्रशा.) प्रशासनिक व्यवस्था

انتظامیہ (पु.)इंतिज़ामिया
(प्रशा.) 1. प्रशासन 2. प्रशासन पालिका, प्रबंधनतंत्र

انتقال (पु.)इंतिक़ाल
1. मृत्यु 2. स्थानांतरण

انتقال اراضی (पु.)इंतिक़ाले-अराज़ी
भूमि का स्वामित्व, हस्तांतरण

انتقال تشویش (स्त्री.)इंतिक़ाले-तश्वीश
(मनो.) दुश्चिंता विस्थापन

انتقال حرارت (स्त्री.)इंतिक़ाले-हरारत
(रसा.) ऊष्मा स्थानांतरण

انتقام (पु.)इंतिक़ाम
प्रतिशोध, बदला

انتقامانہ (वि.)इंतिक़ामाना
प्रतिशोधात्मक

انتہا (स्त्री.)इंतिहा
1. पराकाष्ठा 2. चरम सीमा 3. अंत

انتہا پسند (पु.)इंतिहा पसंद
(राज.) 1. उग्रवादी 2. उग्रपंथी, चरमपंथी

انتہا پسندی (स्त्री.)इंतिहा पसंदी
उग्रवाद, चरम पंथ

انتہائی (वि.)इंतिहाई
अत्यधिक, चरम

انجام (पु.)अंजाम
1. परिणाम, फल 2. अंत

انجام کار (क्रि.वि.)अंजामे-कार
परिणामतः, अंततः

انجذاب (पु.)इंजिज़ाब
(वन., रसा.) अवशोषण

انجم (पु.)अंजुम
तारा, सितारा

انجماد (पु.)इंजिमाद
(बर्फ़ आदि का) जमना (मनो.) नियतन, स्थिरीकरण, स्थिरण

انجماد جذبہ (पु.)इंजिमादे-जज़्बा
(मनो.) संवेगात्मक स्थिरण

انجمن (स्त्री.)अंजुमन
1. सभा, महफ़िल 2. संघ

انجمن آرا (वि.)अंजुमनआरा
सभा की शोभा बढ़ानेवाला, सभा-शोभावर्धक

(स्त्री.)अंजुमनआराई انجمن آرائی
सभा की शोभा बढ़ाना

(स्त्री.)इंजील انجیل
ईसाइयों का मुख्य धार्मिक ग्रंथ, बाइबिल

(स्त्री.)इंजीली दीनियात انجیلی دینیات
(दर्श.) बाइबिलीय धर्ममीमांसा

(पु.)इंहिराफ़ انحراف
1. अपनी बात से हटना
2. विचलन, व्यतिक्रम

(वि.)इंहिराफ़ी انحرافی
(भा.) विपथी

(पु.)इंहिसार انحصار
निर्भरता, आलंबन

(पु.)इंहितात انحطاط
पतन, अवनति, गिरावट

(पु.)अंदाज़ انداز
1. ढंग, पद्धति 2. हाव-भाव
3. चटक-मटक, नख़रा, चापल्य 4. शैली

(क्रि.वि.)अंदाज़न اندازاً
अनुमानतः, अंदाज़े से, अटकल से, लगभग

(पु.)अंदाज़ा اندازہ
अनुमान

(स्त्री.)अंदाम اندام
1. शरीर, देह 2. अंग

(स्त्री.)अंदामे निहानी اندام نہانی
स्त्री-योनि

(क्रि.वि.)अंदर اندر
भीतर, अंतर्गत

(पु.)इंदिराज اندراج
प्रविष्टि, दर्ज करना

(क्रि.वि.)अंदरून اندرون
1. भीतर, अंदर 2. (पु.) जठर, पेट

(वि.)अंदरूनी اندرونی
1. आंतरिक, भीतरी 2. आत्मिक

(वि.)अंदक اندک
अल्प, न्यून, कम, थोड़ा

(वि.)अंदोख़्ता اندوختہ
संचित, एकत्रित, जमा किया हुआ

(पु.)अंदोह اندوہ
क्लेश, कष्ट, दुख

(वि.)अंदोहगीं اندوہگیں
दुखित, शोकान्वित

(वि.)अंदोहनाक اندوہناک
दारुण, शोकपूर्ण, दुखदायी

(प्रत्य.)अंदेश اندیش
चिंता करनेवाला, जैसे- 'بداندیش' (बदअंदेश)
अशुभचिंतक 'خیراندیش' (ख़ैर अंदेश) शुभचिंतक

(वि.)अंदेशा اندیشہ
1. शंका 2. चिंता, फ़िक्र

(पु.)इंज़ाल انزال
वीर्यपात

(पु.)इंस انس
लोग, मनुष्य, मानव

(पु.)उंस انس
स्नेह, प्रेम, लगाव

(पु.)इंसान انسان
मानव, मनुष्य

(स्त्री.)इंसान दोस्ती انسان دوستی
मानव प्रेम

इंसान मर्कज़ अख़्लाक़ियात انسان مرکز اخلاقیات
(स्त्री.)
(दर्श.) मानवतावादी नीति

(स्त्री.)इंसान मर्कज़ियत انسان مرکزیت
(दर्श.) मानवकेंद्रवाद

(वि.)इंसानी انسانی
मानवीय

(पु.)इंसानी हुक़ूक़ انسانی حقوق
(राज.) मानव अधिकार

(पु.)इंसानियाती जुग़राफ़िया انسانیاتی جغرافیہ
(भू.) मानव भूगोल

(स्त्री.)इंसानियत انسانیت
1. मानवता, मनुष्यता 2. मानवीय गुण, सज्जनता

(पु.)इंसिदाद انسداد
रोकथाम, बंदोबस्त

(पु.)इंसिदादे-जुर्म انسداد جرم
अपराध की रोकथाम

(पु.)इंसिदादी शोबा انسدادی شعبہ
(वाणि., प्रशा.) जाँच निरोध विभाग,
निवारण विभाग

(पु.)इंसिलाक انسلاک
संलग्नता

(स्त्री.)उंसियत انسیت
अनुराग, स्नेह, लगाव, प्यार

**انشا** (स्त्री.)इंशा
दे. 'انشاء'

**انشاء** (स्त्री.)इंशा
1. लेख, लेखन 2. लेखन शैली

**انشاءاللہ** (वर्ण)इंशा अल्लाह
यदि अल्लाह ने चाहा

**انشاپرداز** (पु.)इंशा पर्दाज़
1. ललित, निबंधकार, गद्य-लेखक
2. साहित्यकार

**انشاپردازی** (स्त्री.)इंशा पर्दाज़ी
1. ललित, निबंध-रचना 2. लेखन शैली

**انشائیہ** (पु.)इंशाइया
ललित, निबंध

**انشراح** (पु.)इंशिराह
खोलना, चित्त प्रसन्नता

**انشراحِ قلب** (पु.)इंशिराहे-क़ल्ब
दिव्य ज्ञान प्राप्ति

**انصار** (वि.)अंसार
1. सहायकगण, मित्रगण, मददगार
2. जनसमुदाय जिसने मक्के से मदीने प्रस्थान (हिजरत) के समय पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब का साथ दिया था

**انصاف** (पु.)इंसाफ़
1. न्याय, न्यायपरकता 2. सत्यनिष्ठा, धर्मपरायणता

**انصاف پسند** (वि.)इंसाफ़ पसंद
न्यायप्रिय

**انصاف پسندی** (स्त्री.)इंसाफ़ पसंदी
न्यायप्रियता, नीतिप्रियता, निष्पक्षता

**انضباط** (पु.)इंज़िबात
1. दृढ़ता, मज़बूती 2. सुव्यवस्था, अनुक्रमण

**انضمام** (पु.)इंज़िमाम
1. संमिश्रण 2. संबंध, जोड़, संयोजन

**انطباع** (पु.)इंतिबा
छपना, मुद्रित होना

**انطباق** (पु.)इंतिबाक़
(भौ.) संपात

**انطباق شمارکار** (पु.)इंतिबाक़ शुमार कार
(भौ.) संपात गणित्र

**انعام** (पु.)इन्आम
1. पुरस्कार 2. दान, बख़्शिश

**انعطاف** (पु.)इंइताफ़
1. (दर्श.) अभिसरण 2. (भौ.) अपवर्तन

**انعقاد** (पु.)इंइक़ाद
(गोष्ठी का) आयोजन

**انعکاس** (पु.)इंइकास
1. प्रतिबिंबन, परछाईं पड़ना, प्रतिबिंबित होना
2. विपर्यास, प्रतिलोम

**انعکاس زاویہ** (पु.)इंइकास ज़ाविया
(भौ.) परावर्तन-कोण

**انفرادی** (वि.)इंफ़िरादी
व्यक्तिगत, वैयक्तिक

**انفرادیت** (स्त्री.)इंफ़िरादियत
विशिष्टता, व्यक्तिवादिता

**انفصال** (पु.)इंफ़िसाल
(भौ.) वियोजन

**انفعال** (पु.)इंफ़िआल
लज्जा, संकोच

**انفعالی تصور** (पु.)इंफ़िआली तसव्वुर
(मनो.) वियोजी संप्रत्यय

**انفی** (वि.)अंफ़ी
1. अनुनासिक, (ध्वनि) 2. (पु.)(भा.) नासिक्य

**انقطاع** (पु.)इंक़िता
1. विच्छेदन, कटना 2. रद्द 3. (ग.) प्रतिच्छेदन

**انقلاب** (पु.)इंक़िलाब
1. क्रांति 2. परिवर्तन, बदलाव, कायापलट

**انقلابی** (वि.)इंक़िलाबी
क्रांतिकारी

**انکار** (पु.)इंकार
अस्वीकृति, अस्वीकार

**انکارِ الوہیت** (स्त्री.)इंकारे-उलुहीयत
(दर्श.) अदेववाद

**انکسار** (पु.)इंकिसार
1. विनय, नम्रता, दीनता, विनयशीलता
2. (भौ.) परिक्षेपण 3. प्रकीर्णन

**انکساری** (वि.)इंकिसारी
1. विनय, नम्रता, दीनता 2. (भौ.) परिक्षेपी

**انکساف** (पु.)इंकिसाफ़
सूरज को ग्रहण लगना, सूर्यग्रहण होना

**انکشاف** (पु.)इंकिशाफ़
गवेषण, प्रकटीकरण

اواخر (पु.)अवाख़िर
'آخر' का बहु.

اوائل (पु.)अवाइल
'اول' का बहु.

اوباش (वि.)ओबाश
दुराचारी, लंपट, लोफ़र

اوج (पु.)औज
उच्चता, ऊँचाई

اوراق (पु.)औराक़
'ورق' का बहु.

اورنگ (पु.)औरंग
राज सिंहासन, राज गद्दी

اوزار (पु.)औज़ार
उपकरण

اوزان (पु.)औज़ान
'وزن' का बहु.

اوسط (पु.)औसत
1. मध्य 2. अनुपात

اوسط انحراف (पु.)औसत इंहिराफ़
1. (वाणि.) आध्य विचलन 2. (मनो.) औसत विचलन, माध्यविचलन

اوسط خطا (स्त्री.)औसत ख़ता
(मनो.) औसत त्रुटि

اوسط قدر (स्त्री.)औसत क़द्र
(वाणि.) मध्य मान

اوسط لاگت (स्त्री.)औसत लागत
(वाणि.) औसत लागत

اوسط میعاد (स्त्री.)औसत मियाद
(वाणि.) मध्यावधि अवधि

اوسطاً (क्रि.वि.)औसतन
अनुपात के अनुसार

اوصاف (पु.)औसाफ़
'وصف' का बहु.

اوصاف حمیدہ (पु.)औसाफ़े-हमीदा
सत्त्वगुण

اوضاع (पु.)औज़ा
'وضع' का बहु.

اوقات (पु.)औक़ात
1. 'وقت' का बहु. 2. हैसियत

اوقات کار (पु.)औक़ाते-कार
(अर्थ.) कार्य-समय

انگار (प्रत्य)अंगार
सोचनेवाला, चाहनेवाला, जैसे 'سہل انگار' (सहल अंगार) सुगमता चाहनेवाला

انگبیں (पु.)अंगबीं
मधु, शहद

انگشت (पु.)अंगुश्त
ऊँगली, अंगुलि

انگشت بدنداں (वि.)अंगुश्त बदनदां
आश्चर्य चकित, अचंभित, दाँत तले ऊँगली दबाना

انگشت شہادت (स्त्री.)अंगुश्ते-शहादत
तर्जनी, अँगूठे और मध्यमा के बीच की उँगली

انگشت نر (पु.)अंगुश्ते-नर
अँगूठा

انگشت نمائی (स्त्री.)अंगुश्त नुमाई
बदनामी, कुख्याति, निंदा

انگشتانہ (पु.)अंगुश्ताना
अंगुलित्राण (दर्ज़ी का), अंगुश्ताना

انگشتری (स्त्री.)अंगुश्तरी
अँगूठी, मुद्रिका, मुंदरी

انگور (पु.)अंगूर
1. अंगूर 2. ज़ख़्म का भराव, खुरंड

انگیختہ (वि.)अंगेख़्ता
1. उठाया हुआ, उत्थापित 2. उभारा हुआ 3. उत्तेजित

انگیز (प्रत्य.)अंगेज़
उत्तेजक, कारक, जनक के अर्थ में प्रयुक्त, जैसे- 'درد انگیز' (पीड़ा उत्पन्न करने वाला, पीड़ाजनक)

انوار (पु.)अनवार
'نور' का बहु.

انواع (पु.)अनवा
'نوع' का बहु.

انور (वि.)अनवर
बहुत अधिक चमकदार, उज्ज्वलतम

انہدام (पु.)इंहिदाम
गिरना, विध्वंस

انہماک (पु.)इंहिमाक
तन्मयता, तल्लीनता

انیس (वि.)अनीस
मित्र, सखा, दोस्त

اوقاف (पु.)औक़ाफ़
1. 'وقف' का बहु., 2. धर्मार्थ संपत्ति

اوقیانوس (पु.)ओक़ियानूस
अटलांटिक महासागर

اول (वि.)अव्वल
1. पहला, प्रथम 2. प्रमुख 3. प्रारंभ, आरंभ, उत्तम, बहुत अच्छा

اول اول (पु.)अव्वले-अव्वल
प्रथमतः, सबसे पहले

اولاد (स्त्री.)औलाद
संतान

اولاً (क्रि.वि.)अव्वलन
पहले-पहल, सबसे पहले, सर्वप्रथम

اولوالالباب (वि.)उलुल अल्बाब
बुद्धिमान, अक़्लमंद

اولوالامر (वि.)उलुलअम्र
1. शासक 2. युग पुरुष

اولوالعزم (वि.)उलुलअज़्म
1. दृढ़निश्चयी 2. अति साहसी

اولوالعزمی (स्त्री.)उलुल अज़्मी
1. संकल्प 2. साहस

اولیٰ (वि.)औला
बहुत बढ़िया, अति उत्तम

اولیٰ تر (वि.)औलातर
उत्तमतर, बहुत उम्दा

اولیا (पु.)औलिया
'ولی' का बहु.

اولیاءاللہ (पु.)औलिया अल्लाह
औलिया, सूफ़िया, सिद्धि प्राप्त महापुरूष, ऋषिगण

اولیت (स्त्री.)अव्वलीयत
1. प्रथमता, प्रधानता 2. प्रमुखता

اولین (वि.)अव्वलीन
1. सबसे पहले 2. (मनो.) आद्य

اوہام (पु.)औहाम
'وہم' का बहु.

اہالی (पु.)अहाली
'اہل' का बहु.

اہانت (स्त्री.)इहानत
अपमान, अनादर, मानहानि, तिरस्कार

اہتمام (पु.)एहतिमाम
आयोजन, व्यवस्था, प्रबंध, देख-रेख

اہرام (पु.)एहराम
(इति.) पिरामिड

اہرام مصر (पु.)एहरामे-मिस्र
मिस्र के पिरामिड

اہرمن (पु.)अहरमन
ईरान के अग्नि पूजकों के मतानुसार पाप का देवता

اہل (वि.)अहल
1. वासी, निवासी 2. योग्य, सुपात्र

اہل اللہ (पु.)अहलुल्लाह
ईश्वर भक्त, सूफ़िया, संतजन, ईश्वर निष्ठ

اہل بیت (पु.)अहले-बैत
1. पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब और निकट संबंधी अर्थात् हज़रत अली, हज़रत फ़ातिमा, हज़रत इमाम हसन और हज़रत इमाम हुसैन 2. पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब के सगे-संबंधी

اہل خانہ (पु.)अहले-ख़ाना
1. बाल-बच्चे 2. (स्त्री.) घरवाली, पत्नी

اہل زبان (पु.)अहले-ज़बान
(भा.) देशीय भाषी

اہل زمیں (पु.)अहले-ज़मीं
संसारिक लोग

اہل علم (पु.)अहले-इल्म
विद्वान जन, पंडित जन

اہل قلم (पु.)अहले-क़लम
लेखक, रचनाकार

اہل کار (पु.)अहल कार
1. कर्मचारी 2. कचहरी का मुंशी

اہل کتاب (पु.)अहले-किताब
धर्म ग्रंथ के अनुयायी

اہل وعیال (पु.)अहलो-अयाल
बाल-बच्चे, परिजन

اہل وطن (पु.)अहले-वतन
देशवासी

اہلیت (स्त्री.)अहलीयत
पात्रता, योग्यता

اہلیہ (स्त्री.)अहलिया
पत्नी, भार्या, स्त्री

اہم (वि.)अहम
महत्वपूर्ण, मुख्य

اہمال (पु.)एहमाल
(दर्श.) बेतुकापन, अर्थहीनता

اہمیت (स्त्री.)अहमीयत
महत्व, विशिष्टता

ائمہ (पु.)अइम्मा
'امام' का बहु.

ایاغ (पु.)अयाग़
जाम, मदिरापात्र, प्याला, चषक

ایام (पु.)अय्याम
'یوم' का बहु.

ایبک (पु.)ऐबक
1. दास, गुलाम 2. एलची, दूत

ائتلاف (पु.)ईतिलाफ़
(मनो.) 1. साहचर्य, संबंध 2. संगम, संघ

ایٹم (पु.)एटम
(भौ.,रसा.) अणु, परमाणु

ایٹمی (वि.)एटमी
(भौ.,रसा.) आणविक

ایٹمی اشتعال (पु.)एटमी इश्तिआल
(भौ.,रसा.) परमाणुवीय उत्तेजन

ایٹمی شعاع (स्त्री.)एटमी शोआ
(भौ.,रसा.) परमाणु-किरणपुंज

ایٹمی عدد (पु.)एटमी अ़दद
(भौ.,रसा.) परमाणु-क्रमांक

ایثار (पु.)ईसार
स्वार्थत्याग, त्याग

ایجاب (पु.)ईजाब
1. स्वीकृति, मंजूरी 2. अनिवार्यता 3. (भा.) अस्ति, सकार

ایجاب وقبول (पु.)ईजाबो-क़ुबूल
निकाह स्वीकार करना

ایجابی (वि.)ईजाबी
(भा.) 1. अस्तिवाचक 2. स्वरूपवाचक

ایجاد (स्त्री.)ईजाद
आविष्कार, खोज

ایجاد بندہ (स्त्री.)ईजादे-बंदा
मनगढ़ंत, कपोलकल्पित

ایجاز (पु.)ईजाज़
संक्षेप

ایذا (स्त्री.)ईज़ा
कष्ट, तकलीफ़, दुःख

ایذا رساں (वि.)ईज़ा रसाँ
कष्टप्रद, दुःखदायी

ایذا رسانی (स्त्री.)ईज़ा रसानी
कष्ट देना, दुःख पहुँचाने का कर्म

ایراد (पु.)ईराद
आपत्ति, एतिराज़, विरोध

ایزد (पु.)एज़द
ईश्वर, ख़ुदा

ایستادہ (वि.)ईस्तादा
दे. 'استادہ'

ایصال (पु.)ईसाल
1. संप्रेषण 2. वितरण 3. संयोजन, जोड़ 4. (भौ., रसा.) चालन

ایصال ثواب (पु.)ईसाले-सवाब
पुण्य प्रेषण, मृतक आत्मा की शांति के लिए प्रेषणार्थ पुण्य कार्य

ایضاً (क्रि.वि.)ऐज़न
(भा.) यथोपरि, तदेव, वही, वैसा ही

ایطا (पु.)ईता
1. पाँव तले रौंदना, पद दलन 2. किसी शे'र के दोनों मिस्रों में ऐसे यौगिक शब्द का क़ाफ़िए में प्रयोग जिसका अंत भाग समानार्थक और समरूप हो, जैसे- 'بت خانہ' (बुतख़ाना), 'مے خانہ' (मैख़ाना), 'غم خانہ' (ग़मख़ाना), 'آب' (आब), 'گلاب' (गुलाब)

ایغو (स्त्री.)ईग़ो
(मनो.) अहम्

ایفا (पु.)ईफ़ा
पालन, निर्वाह

ایفائے وعدہ (पु.)ईफ़ाए-वा'दा
प्रतिज्ञा पालन, वचन निर्वाह

ایلچی (पु.)एलची
1. दूत, राजदूत, प्रतिनिधि 2. पत्रवाहक

ایما (पु.)ईमा
1. गुप्त प्रेरणा 2. इशारा, संकेत

ایمان (पु.)ईमान
1. ब्रह्म के अद्वैत का मौखिक साक्ष्य 2. निष्ठा, आस्था, विश्वास 3. सच्चाई

**ایماندار** ( वि. )ईमानदार
1. धर्मनिष्ठ, सत्यनिष्ठ 2. कर्तव्य परायाण

**ایمانداری** ( स्त्री. )ईमानदारी
1. धर्मनिष्ठा, सत्यनिष्ठा 2. कर्तव्य परायणता

**ایمان فروش** ( वि. )ईमान फ़रोश
1. अधर्मी, पापी 2. गद्दार

**ایمان فروشی** ( स्त्री. )ईमान फ़रोशी
1. अधर्म, बेईमानी, सत्यनिष्ठा का त्याग 2. गद्दारी

**ایمن** ( वि. )ऐमन
1. दाहिना, दायाँ 2. शुभ, मंगल, मुबारक 3. शांत 4. सुरक्षित, अक्षत

**ایوان** ( पु. )ऐवान
1. भवन, सदन 2. परिषद 3. महल, प्रासाद

**ایوانِ بالا** ( पु. )ऐवाने-बाला
( राज. ) उच्च सदन, राज्य सभा

**ایوانِ تجارت** ( पु. )ऐवाने-तिजारत
( राज., प्रशा. ) वाणिज्य मंडल, व्यापार मंडल, वाणिज्य सदन

**ایوانِ زیریں** ( पु. )ऐवाने-ज़ेरीं
निचला सदन, लोक सभा

**ایوانِ شاہی** ( पु. )ऐवाने शाही
शाही महल

**ایوانِ نمائندگان** ( पु. )ऐवाने-नुमाइनदगान
( ना. ) प्रतिनिधि सदन

**اے** ( अव्य. )ऐ
संबोधन सूचक, ऐ, अरे, हे

**ایہام** ( पु. )ईहाम
1. भ्रम, भ्रांति, वहम 2. श्लेषअलंकार जिसमें ऐसे शब्द आते हैं जिसके दो अर्थ होते हैं और निकट अर्थ को छोड़कर अभिप्राय दूर वाले अर्थ से होता है 3. अनेकार्थकता

---

# ب

---

**با** ( उप. )बा
1. साथ, सहित, से 2. किसी शब्द के प्रारंभ में जुड़कर 'साथ, वाला, सहित' का अर्थ देता है

**باآبرو** ( वि. )बाआबरू
सम्मानित, आदरणीय, माननीय

**بااختیار** ( वि. )बाइख़्तियार
प्राधिकृत, साधिकार

**بااخلاق** ( वि. )बाअख़्लाक़
1. सुशील, शिष्ट 2. सदाचारी, चरित्रवान

**باادب** ( वि. )बाअदब
शिष्ट, शालीन, सुसंस्कृत

**باترتیب** ( वि. )बातर्तीब
क्रमबद्ध, शृंखलाबद्ध

**باتہذیب** ( वि. )बातहज़ीब
सुसभ्य, शिष्ट, सुसंस्कृत

**باحوصلہ** ( वि. )बाहौसला
1. उत्साही, साहसी 2. निर्भीक, निडर

**باحیثیت** ( वि. )बाहैसियत
1. प्रतिष्ठित, सम्मानित, इज़्ज़तदार 2. समृद्ध, मालदार

**باخبر** ( वि. )बाख़बर
1. सचेत, सतर्क, होशियार 2. ज्ञाता, जानकार, सुविज्ञ

**باخدا** ( वि. )बाख़ुदा
1. ईश्वर की सौगंध 2. भगवान भक्त

**باب** ( पु. )बाब
1. द्वार, दरवाज़ा, फाटक 2. अध्याय 3. संदर्भ, संबंध

**بابا آدم** ( पु. )बाबा आदम
आदि पितामह, हज़रत आदम

**بابت** ( स्त्री. )बाबत
1. संबंध, संदर्भ, विषय 2. लिए, वास्ते, हेतु

**بابونہ** ( पु. )बाबूना
( वन. ) बाबूना, औषधि में प्रयुक्त बूटी विशेष

**باج** ( पु. )बाज
राजस्व कर, ख़िराज, महसूल

**باجدار** ( पु. )बाजदार
दे. 'باج گزار'

**باج گزار** ( पु. )बाजगुज़ार
राजस्व करदाता, महसूल देने वाला, ख़िराज देने वाला

**باجی** ( स्त्री. )बाजी
दीदी, बड़ी बहिन, आपा, जीजी

**باختہ** ( वि. )बाख़्ता
हारा हुआ, लुटा हुआ, यह किसी शब्द के अंत में जुड़कर यौगिक शब्द बनाता है जैसे- 'حواس باختہ' ( हवासे बाख़्ता ) घबराया हुआ

(स्त्री.)बाद باد
वात, वायु, हवा

(पु.)बादबान بادبان
पाल, बादबान

(स्त्री.)बादे-बहार بادبہار
वसंती हवा, वसंत में चलनेवाली हवा

(स्त्री.)बादे-बहारी بادبہاری
दे. 'بادبہار'

(वि.)बाद-पा بادپا
1. द्रुतगामी, तीव्रगामी 2. (ला.) घोड़ा

(पु.)बाद-पैमा بادپیما
(भौ.) वायुदाब मापी यंत्र, वायुगति मापी यंत्र

(स्त्री.)बाद-पैमाई بادپیمائی
(भौ.) वायु दाब मिति

(स्त्री.)बादे-तुंद بادتند
झंझावात, झक्कड़, अंधड़, आँधी

(स्त्री.)बादे-ख़ज़ाँ بادخزاں
पतझड़ की हवा

(वि.)बाद फ़रोश بادفروش
1. बातूनी, गप्पी 2. चाटुकार, खुशामदी 3. डींग मारनेवाला

(स्त्री.)बादे-नसीम بادنسیم
शीतल, मंद और सुगंधित समीर

(स्त्री.)बादे-सहर بادسحر
प्रातः समीर

(पु.)बादशाह بادشاہ
नरेश, राजा, महाराजा, बादशाह

(स्त्री.)बादशाहत بادشاہت
1. राज, शासन, हुकूमत 2. साम्राज्य

(स्त्री.)बादशाही بادشاہی
शासन, राज, हुकूमत

(पु.)बादा بادہ
सुरा, शराब, मदिरा, दारू

(पु.)बादाए-अग़वानी بادۂ ارغوانی
कुसुंभी मदिरा

(वि.)बादापरस्त بادہ پرست
बहुत अधिक मदिरा पीनेवाला, पियक्कड़, शराबी

(स्त्री.)बादापरस्ती بادہ پرستی
मदिरा-प्रेम, बहुत शराब पीना

(वि.)बादी بادی
वायु संबंधी, वादी, वायुविकार उत्पादक

(स्त्री.)बादियान بادیان
सौंफ़

(पु.)बादिया بادیہ
1. बीहड़, उजाड़ स्थान, निर्जन वन 2. एक प्रकार का प्याला

(पु.)बार بار
1. भार, वज़न, बोझ 2. फल, परिणाम 3. बार, फिर 4. (प्रत्य.) बरसाने वाला जैसे- 'اشک بار' (अश्क बार) आँसू बरसाने वाला, रोने वाला

(वि.)बारआवर بارآور
1. परिणामदायक, फलदायक, फलदार 2. गर्भवती 3. (वन.) उर्वर

(वि.)बारबर्दार باربردار
भारवाहक, बोझ उठाने वाला

(स्त्री.)बारबर्दारी باربرداری
भारवहन

(पु.)बाराँ/बारान باراں/باران
बारिश, वर्षा, बरखा

(पु.)बाराने-रहमत باران رحمت
जनहिताय वर्षा, दयादृष्टि की वर्षा

(स्त्री.)बारानी بارانی
1. बरसाती, वर्षा से बचाव का वस्त्र या कपड़ा 2. वर्षा से सिंचित भूमि, वह भूमि जिसमें केवल बरसात में फ़सल पैदा होती है

(पु.)बाराँगीर باراں گیر
छज्जा

(वि.)बारदार باردار
दे. 'بارآور'

(स्त्री.)बारिश بارش
वर्षा, बारिश, बरसात

(वाक्य)बारकल्लाह بارک اللہ
अल्लाह बरकत दे, भगवान और दे, ईश्वर की कृपा हो

(वि.)बारकश بارکش
बोझ ढोनेवाला, भारवाहक

(स्त्री.)बारगाह بارگاہ
पूज्यस्थान, दरबार

(स्त्री.)बारूत باروت
दे. 'بارود'

بارود (स्त्री.)बारूद
बारूद, गंधक और शोरे का मिश्रण
بارودی (वि.)बारूदी
बारूद संबंधी, बारूद की
باری (पु.)बारी
पारी, बारी
باری تعالیٰ (पु.)बारी तआला
कर्तार, ब्रह्म, ईश्वर
بارياب (वि.)बारयाब
उपस्थिति के लिए अनुमति प्राप्त, भेंट के लिए आज्ञा प्राप्त
باريابی (स्त्री.)बारयाबी
उपस्थित होने की अनुमति, भेंट करने की आज्ञा प्राप्ति
باریک (वि.)बारीक
महीन, सूक्ष्म, बारीक
باریک بینی (स्त्री.)बारीक बीनी
सूक्ष्मदर्शिता
باریک بیں (वि.)बारीकबीं
सूक्ष्मदर्शी
باز (पु.)बाज़
1. एक शिकारी पक्षी, बाज़ 2. (प्रत्य.) समास के अर्थ में प्रयुक्त (क)जैसे- 'گیندباز' (गेंदबाज़) (ख) जैसे- 'کبوترباز' (कबूतरबाज़) 3. (क्रि.वि.) पुनः, फिर 4. उपसर्ग के रूप में उलटा, व्युत्क्रमित, परिवर्तित के अर्थ में प्रयुक्त
بازپرس (स्त्री.)बाज़पुर्स
1. जाँच-पड़ताल 2. पूछ ताछ, पूछगच्छ
بازار (पु.)बाज़ार
हाट, बाज़ार, मार्किट
بازارِ حسن (पु.)बाज़ारे-हुस्न
वेश्यालय, चकला, रंडीख़ाना
بازاری (वि.)बाज़ारी
1. मामूली 2. असभ्य, संस्कारहीन
بازدید (स्त्री.)बाज़दीद
जवाबी मुलाक़ात, पुनः भेंट
بازطلبی (स्त्री.)बाज़ तलबी
(ना.) प्रत्याहवान
بازگشت (स्त्री.)बाज़ गश्त
1. वापसी, पुनरागमन 2. प्रतिध्वनि

بازو (पु.)बाज़ू
1. भुजा, डैना, बाज़ू 2. पक्ष, पार्श्व, बग़ल
بازوبند (पु.)बाज़ूबंद
बाज़ूबंद, भुजबंध
بازی (स्त्री.)बाज़ी
1. खेल, बाज़ी, तमाशा 2. शर्त, दाव 3. शर्त पर लगाई गई वस्तु
بازی گر (स्त्री.)बाज़ीगर
मायावी, बाज़ीगर, जादूगर
بازیابی (स्त्री.)बाज़ याबी
वसूली, पुनःप्राप्ति, प्रतिप्राप्ति
بازیافت (स्त्री.)बाज़ याफ़्त
वसूली, पुनःप्राप्ति
بازیچہ (पु.)बाज़ीचा
1. खेल, तमाशा 2. खिलौना
باسط (वि.)बासित
समृद्धिदाता; अल्लाह का एक नाम
باسلیقہ (वि.)बासलीक़ा
1. कुशल 2. सुघड़
باش (प्रत्य.)बाश
रहनेवाला, जैसे- 'حاضرباش' (हाज़िरबाश) उपस्थित रहनेवाला
باشعور (वि.)बाशऊर
1. बुद्धिमान, समझदार 2. सचेत
باشندہ (पु.)बाशिंदा
निवासी
باصرہ (स्त्री.)बासिरा
नज़र, दृष्टि
باضابطہ (वि.)बाज़ाबिता
नियमबद्ध, विधिपूर्वक, नियमित रूप से
باطل (वि.)बातिल
1. असत्य, मिथ्या, झूठ, ग़लत 2. निष्फल, बेअसर 3. निरस्त
باطن (पु.)बातिन
1. मन, हृदय, दिल 2. अंदर, भीतर 3. अंतःकरण
باطنی (वि.)बातिनी
आंतरिक, मानसिक, हार्दिक
باعث (पु.)बाइस
कारण, वजह
باعثِ شرم (पु.)बाइसे-शर्म
लज्जा का कारण, लज्जाजनक

باعث ننگ (पु.)बाइसे-नंग
लज्जाकारी, लज्जाजनक, अपमानजनक

باغ (पु.)बाग़
उद्यान, वाटिका, उपवन

باغ باغ ہونا (मु.)बाग़ बाग़ होना
प्रफुल्लित होना, अतिप्रसन्न होना

باغاتی صنعت (स्त्री.)बाग़ाती सनअ़त
(अर्थ.) बागान उद्योग

باغبان (पु.)बाग़बान
उद्यानपाल, माली

باغبانی (स्त्री.)बाग़बानी
उद्यान-विद्या, मालीगीरी, बाग़बानी

باغچہ (पु.)बाग़चा
दे. 'باغیچہ'

باغی (पु.)बाग़ी
1. विद्रोही 2. क्रांतिकारी

باغیچہ (पु.)बाग़ीचा
फुलवारी, छोटा बाग़

باغیرت (वि.)बाग़ैरत
1. स्वाभिमानी 2. लज्जाशील

باف (प्रत्य.)बाफ़
बुननेवाला, जैसे- 'شال باف' (शाल बाफ़) शाल बुननेवाला

بافت (स्त्री.)बाफ़्त
बुनाई, बुनावट

بافتہ (प्रत्य.)बाफ़्ता
1. बुना हुआ, जैसे- 'زربافتہ' (ज़रबाफ़्ता)
2. (पु.) एक प्रकार का रेशमी कपड़ा

باقاعدہ (क्रि.वि.)बाक़ाइदा
विधिवत, नियमित रूप से

باقی (वि.)बाक़ी
1. बाक़ी, शेष, अवशिष्ट 2. अमर, अनश्वर

باقی ماندہ (वि.)बाक़ीमाँदा
बचा हुआ, बचा खुचा, अवशेष, बक़ाया

باقیات (स्त्री.)बाक़ियात
1. अवशेष, खंडहर 2. असंकलित रचनाएँ

باک (पु.)बाक
1. भय, डर, ख़ौफ़ 2. आशंका, अंदेशा

باکرہ (स्त्री.)बाकिरा
कुँवारी, कुमारी

باکمال (वि.)बाकमाल
गुणवान, प्रवीण, निपुण, दक्ष

بال (पु.)बाल
1. पंख, पर 2. केश, बाल, रोम 3. आईना या चीनी मिट्टी के बर्तन में पड़नेवाली दरार, दरक

بال و پر (पु.)बालो-पर
1. पंख और डैना 2. शक्ति, बल, सामर्थ्य

بالآخر (क्रि.वि.)बिल आख़िर
अंततः, अंततोगत्वा

۱-بالا (पु.)बाला
बाला, कान का एक आभूषण

۲-بالا (वि.)बाला
1. ऊँचा, उच्च 2. आगे, सामने 3. प्रधान, श्रेष्ठ

بالا بالا (क्रि.वि.)बाला बाला
1. ऊपर-ऊपर से, बाहर ही बाहर 2. चुपके चुपके, बिना सूचना के

بالاتفاق (क्रि.वि.)बिलइत्तिफ़ाक़
सर्व सहमतिपूर्वक, एक मत से, सर्वसम्मति से

بالاجماع (वर्ण)बिलइज्मा
सामूहिक रूप से, सर्वसम्मति से

بالاخانہ (पु.)बालाख़ाना
कोठा, अटारी, अट्टालिका

بالادست (वि.)बालादस्त
अत्यधिक शक्तिशाली, निरंकुश, दबंग

بالادستی (स्त्री.)बालादस्ती
आधिपत्य, प्रभुत्व

بالارادہ (वि.)बिलइरादा
1. ससंकल्प, इरादा करके 2. जानबूझकर

بالانشین (पु.)बाला नशीन
1. सभापति, अध्यक्ष 2. पूज्य, प्रतिष्ठित, सम्माननीय

بالائی (स्त्री.)बालाई
1. मलाई 2. ऊपरी, ऊपर का 3. मूल के अतिरिक्त

بالائی قیمت (स्त्री.)बालाई क़ीमत
(अर्थ.) उच्चतम निर्धारित क़ीमत, उच्चतम क़ीमत

بالجبر (क्रि.वि.)बिलजब्र
बलपूर्वक, ज़ोर ज़बरदस्ती से

بالخصوص (क्रि.वि.)बिलख़ुसूस
मुख्यतः, ख़ास तौर पर, विशेषतः

بالش (पु.)बालिश
1. तकिया 2. सिरहाना 3. बित्ता

**بالشت** (स्त्री.)बालिश्त
बित्ता, बालिश्त

**بالشتیا** (वि.)बालिश्तिया
बौना, नाटा, ठिगना

**بالطبع** (क्रि.वि.)बित्तब
स्वभावतः, स्वभाव से

**بالعکس** (क्रि.वि.)बिलअक्स
विपरीततः

**بالعموم** (क्रि.वि.)बिलउमूम
प्रायः, बहुधा, सामान्यतः, साधारणतः

**بالغ** (वि.)बालिग़
वयस्क, प्रौढ़, युवा

**بالغ نظر** (वि.)बालिग़ नज़र
दूरदर्शी, मर्मज्ञ

**بالفرض** (क्रि.वि.)बिलफ़र्ज़
माना कि, मानते हुए, मान लिया कि

**بالکل** (क्रि.वि.)बिल्कुल
1. पूर्ण, पूरा का पूरा, सब 2. सर्वथा 3. निरा, निपट

**بالمشافہ** (क्रि.वि.)बिलमुशाफ़ा
आमने सामने, संमुख, समक्ष

**بالواسطہ** (क्रि.वि.)बिलवास्ता
प्रत्यक्ष रूपेण, प्रत्यक्ष रूप से

**بالواسطہ ترجمہ** (पु.)बिलवास्ता तर्जुमा
(भा.) परोक्ष अनुवाद

**بالواسطہ کیفیت** (स्त्री.)बिलवास्ता कैफ़ीयत
(भा.) परस्मै पक्ष

**بالیدگی** (स्त्री.)बालीदगी
1. विकास, उन्नति, उत्थान, उठान 2. बढ़त, संवर्धन

**بالیدہ** (वि.)बालीदा
विकसित, पल्लवित, उन्नत

**بالیں** (स्त्री.)बालीं
दे. 'بالش'

**بام** (पु.)बाम
1. छत 2. (स्त्री.) साँप जैसी एक मछली विशेष, बाम मछली

**بامراد** (वि.)बामुराद
मनोरथ संपन्न, मनोरथ प्राप्ति में सफल

**بامروت** (वि.)बामुरव्वत
सदाशयी, भलामानस

**بامزہ** (वि.)बामज़ा
स्वादिष्ट, स्वादपूर्ण, मज़ेदार

**بان** (प्रत्य.)बान
1. हाँकनेवाला, जैसे- 'شتربان' (शुतुरबान) ऊँट हाँकने वाला, 'گاڑی بان' (गाड़ीबान) गाड़ी चलानेवाला 2. (स्त्री.) तीर 3. मूँझ की पतली रस्सी 4. राकेट 5. परंपरा, प्रथा

**بانا** (पु.)बाना
1. वेषभूषा, पोशाक 2. बाना, एक हथियार जिसे दोनों हाथ से पकड़ कर घुमाते हैं 3. कपड़े की बुनाई में वह धागा जो आड़े बल जाता है

**باندی** (स्त्री.)बाँदी
बाँदी, सेविका, दासी

**بانگ** (स्त्री.)बाँग
1. मुर्ग़े की बाँग 2. अज़ान 3. पुकार

**بانگ جرس** (स्त्री.)बाँगे-जरस
क़ाफ़िले के प्रस्थान हेतू घंटे की आवाज़

**بانگ درا** (स्त्री.)बाँगे-दिरा
दे. 'بانگ جرس'

**بانی** (पु.)बानी
1. संस्थापक 2. प्रवर्तक

**باوا** (पु.)बावा
बाप, पिता

**باوجود** (क्रि.वि.)बावजूद
के होते हुए, के सिवाय

**باور** (पु.)बावर
विश्वास, भरोसा

**باورچی** (पु.)बावर्ची
रसोईया, बावर्ची, ख़ानसामाँ

**باورچی خانہ** (पु.)बावर्चीख़ाना
रसोईघर

**باوفا** (वि.)बावफ़ा
1. वफ़ादार, स्वामीभक्त 2. निर्वाहक, निबाह करने वाला 3. निष्ठावान

**باوقار** (वि.)बावक़ार
प्रतिष्ठित, संमानित

**باوقعت** (वि.)बावक़अत
दे. 'باوقار'

**باہم** (क्रि.वि.)बाहम
परस्पर, आपस में

باہم اتصال (पु.)बाहम इत्तिसाल
(भौ.) संसंर्जन

باہم اتصالی (वि.)बाहम इत्तिसाली
(भौ.) संसंर्जी

باہم دگر (क्रि.वि.)बाहम दिगर
एक दूसरे के साथ, मिलकर, परस्पर

باہمی (वि.)बाहमी
पारस्परिक, आपसी

بایدوشاید (क्रि.वि.)बायदो-शायद
जैसा चाहिए, यथायोग्य

ببر (पु.)बबर
सिंह, शेर

بپا (वि.)बपा
दे. 'برپا'

بت (पु.)बुत
1. मूर्ति, प्रतिमा, बुत 2. मूरत 3. प्रिया
4. चुप, अवाक्, मौन, निश्चल

بت پرست (पु.)बुत परस्त
मूर्ति पूजक

بت پرستی (स्त्री.)बुत परस्ती
मूर्ति पूजा, मूर्ति पूजन

بت تراش (पु.)बुत तराश
मूर्तिकार

بت تراشی (स्त्री.)बुत तराशी
मूर्तिकला

بت خانہ (पु.)बुत ख़ाना
मूर्तिगृह, मंदिर, बुतख़ाना

بت شکن (पु.)बुत शिकन
मूर्तिभंजक

بت شکنی (स्त्री.)बुत शिकनी
मूर्तिभंजन

بت کدہ (पु.)बुत कदा
मंदिर, मूर्तिगृह

بتول (वि.)बतूल
1. कुमारी, कुँवारी 2. पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब की पुत्री हज़रत फ़ातिमा की उपाधि

بٹا (पु.)बट्टा
1. बाट 2. कूटने या पीसने का पत्थर
3. (वाणि.) बट्टा, हुंडी

بٹا بازار (पु.)बट्टा बाज़ार
(वाणि.) हुंडी बाज़ार

بٹہ شرح (स्त्री.)बट्टा शरह
(वाणि.) बट्टा दर

بجا (वि.)बजा
1. ठीक, उचित 2. सत्य, सही

بجائے (क्रि.वि.)बजाए
बजाए, के बदले में, के स्थान पर

بجائے خود (क्रि.वि.)बजाए ख़ुद
स्वयं के स्थान पर

بجز (क्रि.वि.)बजुज़
सिवाय

بچہ (पु.)बच्चा
1. बालक, शिशु 2. लड़का, पुत्र, बेटा
3. हरेक प्राणी का शिशु 4. नासमझ, अबोध

بچہ دانی (पु.)बच्चे दानी
गर्भाशय, बच्चेदानी

بچہ کشی (स्त्री.)बच्चा कुशी
बालहत्या

بحال (वि.)बहाल
1. पुनःस्थापित 2. पूर्ववत्, ज्यों का त्यों
3. रोगमुक्त, स्वस्थ 4. आनंदित, ख़ुश

بحالی (स्त्री.)बहाली
1. पुनरनियुक्ति, पुनरस्थापन 2. स्वास्थ्य लाभ
3. आनंद

بحث (स्त्री.)बहस
बहस, वाद विवाद, तर्क वितर्क

بحث طلب (वि.)बहस तलब
1. विवादस्पद, विवाद्य 2. विचारणीय

بحر (पु.)बह्र
1. महासागर, सागर, समुद्र 2. (स्त्री.) छंद, शेर का वज़्न

بحر احمر (पु.)बह्रे-अह्मर
लाल सागर

بحر اخضر (पु.)बह्रे-अख़ज़र
कैस्पियन सागर

بحر اسود (पु.)बह्रे-अस्वद
कृष्णसागर

بحر اعظم (पु.)बह्रे-आज़म
महासागर

بحر اوقیانوس (पु.)बह्रे-औक़ियानूस
अटलांटिक महासागर, अंध महासागर

بحر خوارزم (पु.)बह्रे-ख़्वारिज़्म
दे. 'بحر اخضر'

بحرِروم (पु.)बह्रे-रोम
भूमध्य सागर

بحرِعرب (पु.)बह्रे-अरब
अरब सागर

بحرِقلزم (पु.)बह्रे-क़ुलज़ुम
दे. 'بحرِ احمر'

بحرِمردار (पु.)बह्रे-मुर्दार
मृतसागर

بحرِہند (पु.)बह्रे-हिंद
हिंद महासागर

بحرالعلوم (वि.)बह्रुल उलूम
विद्यासागर, बहुज्ञानी

بحرالکاہل (पु.)बह्रुल-काहिल
प्रशांत महासागर

بحران (पु.)बुहरान
संकट-स्थिति, संकट, नाज़ुक स्थिति

بحری (वि.)बह्री
समुद्रीय, समुद्री, सागरीय, सामुद्रिक

بحریہ (स्त्री.)बह्रिया
1. जल-सेना 2. नौसैनिक बेड़ा, समुद्री बेड़ा

بحیرہ (पु.)बहीरा
उपसागर, खाड़ी

بخار (पु.)बुख़ार
1. ज्वर, ताप, तप 2. वाष्प, भाप

بخاری (स्त्री.)बुख़ारी
1. बुख़ारी, टाँड, परछत्ती 2. खत्ती 3. बुख़ारा नगर का रहनेवाला

بخت (पु.)बख़्त
भाग्य, क़िस्मत

بخت آزمائی (स्त्री.)बख़्त आज़माई
प्रयत्न, कोशिश

بخت آور (वि.)बख़्त आवर
शुभकारी, मंगलकारी

بختاور (वि.)बख़्तावर
दे. 'بخت آور'

بختیار (वि.)बख़्तियार
सौभाग्यवान, भाग्यशाली

بخدا (क्रि.वि.)ब ख़ुदा
1. ईश्वर के लिए, ख़ुदा के लिए 2. ईश्वर की सौगंध, ख़ुदा की क़सम

بخش (प्रत्य.)बख़्श
क्षमा करने वाला, प्राण प्रदान करने वाला, देने वाला, जैसे- 'جاں بخش' (जाँबख़्श) प्राणदाता

بخشش (स्त्री.)बख़्शिश
1. दान 2. अनुदान 3. पुरस्कार, इनआम 4. क्षमा, माफ़ी

بخشی (पु.)बख़्शी
मुग़ल प्रशासन में सैनिक आदि को वेतन देनेवाला अधिकारी

بخل (पु.)बुख़्ल
कृपणता, कंजूसी

بخوشی (क्रि.वि.)बख़ुशी
ख़ुशी के साथ, प्रसन्नतापूर्वक, सहर्ष

بخیل (वि.)बख़ील
कंजूस, कृपण, सूम

بخیہ (पु.)बख़िया
बहुत पास-पास और मज़बूत सिलाई, बख़िया

بخیہ ادھیڑنا (पु.)बख़िया उधेड़ना
भेद खोलना, क़लई खोलना

بخیہ گر (वि.)बख़ियागर
बख़िया करनेवाला, सीनेवाला

بد (वि.)बद
1. बुरा 2. दुष्ट, खल, नीच 3. तुच्छ

بداخلاق (वि.)बदअख़्लाक़
दुश्चरित्र, अशिष्ट

بداخلاقی (स्त्री.)बदअख़्लाक़ी
दुर्व्यवहार, अशिष्टता

بداصل (वि.)बदअस्ल
अकुलीन

بداطوار (वि.)बदअत्वार
दुराचारी, दुश्चरित

بداعمال (वि.)बदआमाल
दुराचारी, कुकर्मी

بداعمالی (स्त्री.)बदआमाली
दुराचार, कुकर्म

بدامنی (स्त्री.)बदअमनी
1. अशांति, गड़बड़ 2. उपद्रव

بداندیش (वि.)बदअंदेश
अशुभचिंतक, बुरा चाहनेवाला

بدباطن (वि.)बदबातिन
दुष्प्रवृत्त, दिल का खोटा

بدبخت (वि.)बदबख़्त
बदक़िस्मत, दुर्भाग्यशाली, अभागा

بدبختی (स्त्री.)बदबख़्ती
दुर्भाग्य, अभागापन, बदक़िस्मती

بدبو (स्त्री.)बदबू
दुर्गंध, बदबू

بدبودار (वि.)बदबूदार
दुर्गंधयुक्त, दुर्गंधिमय

بدپرہیزی (स्त्री.)बदपरहेज़ी
खाने-पीने में संयम न बरतना

بدتر (वि.)बदतर
बहुत ख़राब, बदतर, निकृष्टतर

بدترین (वि.)बदतरीन
सब से बुरा, सब से ख़राब, निकृष्टतम

بدتمیز (वि.)बदतमीज़
1. अशिष्ट, असभ्य 2. उजड्ड, फूहड़
3. उद्दंड, गुस्ताख़ 4. मुँहफट

بدچلن (वि.)बदचलन
चरित्रहीन, बदचलन, व्यभिचारी

بدچلنی (स्त्री.)बदचलनी
चरित्रहीनता, बदचलनी, व्यभिचार

بدحال (वि.)बदहाल
दुर्दशाग्रस्त, दरिद्र

بدحالی (स्त्री.)बदहाली
दुर्दशा, दरिद्रता, कंगाली

بدحواس (वि.)बदहवास
व्याकुल, उद्विग्न, परेशान, आतुर

بدحواسی (स्त्री.)बदहवासी
व्याकुलता, उद्विग्नता, आतुरता, बौखलाहट

بدخط (वि.)बदख़त
(भा.) जिसकी लिखाई अच्छी न हो

بدخو (वि.)बदख़ू
दुष्प्रकृति वाला, दुशचारी

بدخوابی (स्त्री.)बदख़्वाबी
1. अनिद्रा 2. स्वप्नदोष

بدخواہ (वि.)बदख़्वाह
अशुभचिंतक, अनिष्ट चाहनेवाला

بدخواہی (स्त्री.)बदख़्वाही
दुर्भावना

بدخوئی (स्त्री.)बदख़ूई
दुष्प्रकृति

بددعا (स्त्री.)बददुआ
शाप, श्राप, अभिशाप

بددل (वि.)बददिल
1. निराश, हताश 2. उदास 3. खिन्न

بددلی (स्त्री.)बददिली
1. निराशा, नैराश्य, हताशा 2. उदासी, वैराग
3. खिन्नता

بددماغ (वि.)बददिमाग़
1. अहंकारी, घमंडी 2. चिड़चिड़ा

بددماغی (स्त्री.)बददिमाग़ी
1. अहंकार, घमंड 2. चिड़चिड़ापन, गुस्सा

بددیانت (वि.)बददियानत
1. दूसरे की धरोहर को हड़पनेवाला
2. वंचक, धूर्त

بدذات (वि.)बदज़ात
1. नीच, अधम, कमीना 2. छली, कपटी

بدذاتی (स्त्री.)बदज़ाती
1. नीचता, अधमता 2. छल, कपट, धूर्तता

بدذائقہ (वि.)बद ज़ाइक़ा
अस्वादिष्ट, निःस्वाद, नीरस, फीका

بدذوق (वि.)बदज़ौक़
जो काव्य-रसिक न हो, कला-विहीन, सुरुचि हीन

بدذوقی (स्त्री.)बदज़ौक़ी
कलाविहीनता, रुचिविपन्नता

بدراہ (वि.)बदराह
कुमार्गी

بدرنگ (वि.)बदरंग
1. भद्दे रंग का, बदरंग 2. बेमेल, विवर्ण

بدرونق (वि.)बदरौनक़
1. शोभहीन, श्रीहीन, हतश्री 2. वीरान, उजाड़

بدزبان (वि.)बदज़बान
1. कटुभाषी 2. गाली गलौज करनेवाला

بدزیب (वि.)बदज़ेब
कुरूप, बेढंगा, भोंडा

بدسگال (वि.)बदसिगाल
1. अशुभचिंतक 2. शत्रु

بدسگالی (स्त्री.)बदसिगाली
1. विकृत धारणा, अमैत्री 2. दुश्मनी, शत्रुता

بدسلوکی (स्त्री.)बदसुलूकी
दुर्व्यवहार

بدسلیقہ (वि.)बदसलीक़ा
1. फूहड़, बेढंगा 2. अशिष्ट, असभ्य
بدسیرت (वि.)बदसीरत
दुश्चरित्र, चरित्रहीन
بدشکل (वि.)बदशक्ल
1. कुरूप, बदसूरत 2. बेडौल, बेढंगा
بدشگون (पु.)बदशगून
अशुभ, अमंगल
بدشگونی (स्त्री.)बदशगूनी
अशुभ शगुन, अपशकुन, असगुन
بدصورت (वि.)बदसूरत
कुरूप, भद्दा, भोंडा
بدصورتی (स्त्री.)बदसूरती
कुरूपता
بدطینت (वि.)बदतीनत
दुश्चरित्र
بدظن (वि.)बदज़न
शंकालू, संशयग्रस्त, भ्रमित
بدظنی (स्त्री.)बदज़नी
शंका, संशय, भ्रम
بدعت (स्त्री.)बिद्अत
1. नयी बात, नवीनता, धार्मिक नवधारणा 2. इस्लाम धर्म में चिंतन या आचरण में ऐसी नवीन धारा जिसका प्रचलन या मान्यता पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब के समय में न हो
بدعملی (स्त्री.)बदअमली
दुष्कर्म, अनाचार, कुकर्म
بدعہد (वि.)बदअह्द
वचन-भंजक, प्रतिज्ञा भंजक
بدعہدی (स्त्री.)बदअह्दी
वचन-भंजन, प्रतिज्ञा भंजन
بدقسمت (वि.)बदक़िस्मत
दुर्भाग्यग्रस्त, भाग्यहीन, अभागा
بدقسمتی (स्त्री.)बदक़िस्मती
दुर्भाग्य, हतभाग्य
بدکار (वि.)बदकार
दुराचारी, दुष्कर्मी, बदचलन, कुकर्मी
بدکاری (स्त्री.)बदकारी
दुराचार, दुष्कर्म, कुकर्म, बदचलनी
بدکردار (वि.)बद किरदार
दुराचारी, चरित्रहीन, व्यभिचारी, बदचलन

بدکرداری (स्त्री.)बद किरदारी
दुराचार, व्यभिचार, धूर्तता, बदचलनी
بدگمان (वि.)बदगुमान
1. अविश्वासी 2. संशयग्रस्त, शंकालू
بدگمانی (स्त्री.)बदगुमानी
1. अविश्वास 2. संशय, संदेह
بدگوئی (स्त्री.)बदगोई
चुग़ली, निंदा
بدمزاج (वि.)बदमिज़ाज
1. दु:स्वभाव 2. चिड़चिड़ा, ग़ुस्सैल
بدمزاجی (स्त्री.)बदमिज़ाजी
दुष्प्रकृतिवाला, चिड़चिड़ापन
بدمزگی (स्त्री.)बदमज़गी
1. वैमनस्य, मनमुटाव, कटुता 2. रंग में भंग, आनंदावच्छेदन
بدمزہ (वि.)बदमज़ा
कुस्वाद, फीका, सीठा, नीरस
بدمست (वि.)बदमस्त
मदोन्मत, नशे में चूर
بدمستی (स्त्री.)बदमस्ती
मदोन्माद, मदहोशी, मतवालापन
بدمعاش (वि.)बदमाश
1. दुष्ट, बदमाश, लंपट 2. शरारती
بدمعاشی (स्त्री.)बदमाशी
1. दुष्टता, बदमाशी, लोफ़रपन 2. शरारात
بدن (पु.)बदन
देह, शरीर, काया
بدنام (वि.)बदनाम
कुख्यात, बदनाम
بدنامی (स्त्री.)बदनामी
कुख्याति, अपयश, बदनामी
بدنصیب (वि.)बदनसीब
अभागा, भाग्यहीन
بدنصیبی (स्त्री.)बदनसीबी
दुर्भाग्य, बदनसीबी
بدنظمی (स्त्री.)बदनज़्मी
अव्यवस्था, कुप्रबन्ध
بدنما (वि.)बदनुमा
कुरूप, भोंडा, भद्दा
بدنیت (वि.)बदनीयत
1. बेईमान 2. नीचाशय 3. लालची, लोभी

**بدنیتی** (स्त्री.)बदनियती
1. बेईमानी 2. लालच, लोभ

**بدہضمی** (स्त्री.)बदहज़्मी
अपच, अजीर्ण, अपाचन, बदहज़्मी

**بدر** (पु.)बद्र
पूर्णचंदमा, पूर्णमासी का चाँद, राकेश

**بدل** (पु.)बदल
1. विकल्प, क्षतिपूर्ति 2. हेर-फेर, परिवर्तन 3. एवज़ 4. (भा.) प्रतिस्थापन 5. आदेश

**بدلا** (पु.)बदला
प्रतिकार, प्रतिशोध, बदला

**بدولت** (क्रि.वि.)बदौलत
कारण से, माध्यम से

**بدیہہ** (पु.)बदीह
आशु, तुरंत, तत्क्षण

**بدیہہ گو** (वि.)बदीहगो
आशु कवि, आशु वक्ता

**بدیہی** (वि.)बदीही
स्पष्ट, साफ़, प्रकट

**بذلہ** (पु.)बज़्ला
1. हास्य, विनोद 2. मज़ाक़, चुटकुला

**بذلہ سنج** (वि.)बज़्ला संज
हाज़िर जवाब, विनोदी

**بذلہ سنجی** (स्त्री.)बज़्ला संजी
हाज़िर जवाबी, विनोद

**بذلہ گوئی** (स्त्री.)बज़्लागोई
दे. 'بذلہ سنجی'

**۱- بر** (अव्य.)बर
ऊपर, पर, के ऊपर

**۲- بر** (उप.)बर
1. आशा, उम्मीद 2. फल, परिणाम 3. देह 4. वर, दूल्हा

**۳- بر** (प्रत्य.)बर
ले जानेवाला, उठाने वाला, जैसे- 'دلبر' (दिलबर) दिल ले जानेवाला

**۴- بر** (पु.)बर
थल, धरती

**برآمد** (स्त्री.)बरआमद
निर्यात

**برآمدکاری** (स्त्री.)बरआमद कारी
निर्यात, निकासी

**برآمدہ** (पु.)बरामदा
दालान, बरामदा, बारजा

**برِ اعظم** (पु.)बर्रे-आज़म
महाद्वीप

**برافروختہ** (वि.)बरअफ़रोख़्ता
क्रोधित, कुपित, उत्तेजित

**برانداز** (पु.)बरअंदाज़
(वि.) विनाशक, ध्वस्तकारी

**برانگیختہ** (वि.)बरअंगेख़्ता
1. उत्तेजित 2. कुपित, क्रोधित

**برابر** (वि.)बराबर
1. समान, तुल्य 2. समतल, चौरस 3. समीप, पास 4. (क्रि.वि) निरंतर, लगातार

**برابری** (स्त्री.)बराबरी
1. समानता, समता 2. तुलना, प्रतिस्पर्धा

**برأت** (स्त्री.)बराअत
छुटकारा, निजात

**برادر** (पु.)बिरादर
1. भाई, भ्राता 2. बंधु, सज्जन

**برادرِ رضاعی** (पु.)बिरादरे-रज़ाई
दूध शरीक भाई, कोका

**برادرزادہ** (पु.)बिरादर ज़ादा
भतीजा

**برادرزادی** (स्त्री.)बिरादरज़ादी
भतीजी

**برادرِ نسبتی** (पु.)बिरादरे-निस्बती
1. साला, पत्नी का भाई 2. बहनोई, जीजा

**برادرانہ** (वि.)बिरादराना
भाइयों-जैसा

**برادری** (स्त्री.)बिरादरी
1. समुदाय, जाति, गोत्र 2. परिवार जन, संबंधी, भाई-बंद 3. सहव्यवसायिक लोग

**برادہ** (पु.)बुरादा
चूर्ण, चूरा, बुरादा

**براق** (वि.)बुर्राक़
1. बहुत सफ़ेद 2. चमकदार, उज्ज्वल

**براہِ راست** (क्रि.वि.)बराहे-रास्त
1. प्रत्यक्ष, स्पष्ट 2. प्रत्यक्षरूपेण, प्रत्यक्षतः

**برائے** (क्रि.वि.)बराए
के लिए, के वास्ते, के प्रति

**برائے نام** (क्रि.वि.)बराए-नाम
नाम मात्र का, नाम मात्र

برائے نام سرمایہ (पु.)बराए-नाम सरमाया
(वाणि.) नाम मात्र पूँजी

برباد (वि.)बरबाद
1. नष्ट, तबाह 2. विकृत, ख़राब, चौपट

بربادی (स्त्री.)बरबादी
1. विनाश, विध्वंस 2. ख़राबी

بربریت (स्त्री.)बरबरीयत
बर्बरता, क्रूरता

بربط (पु.)बरबत
एक प्रकार का बाजा, तार वाद्य

بربنائے عہدہ (पु.)बरबनाए-ओहदा
(राज.) पदेन

برپا (वि.)बरपा
उपस्थित, क़ाइम

برتر (वि.)बरतर
श्रेष्ठतर

برتری (स्त्री.)बरतरी
श्रेष्ठता

برتولید (वि.)बर-तौलीद
(प्राणि.) पश्जनन, अनुजनन

برج (पु.)बुर्ज
1. नक्षत्र अथवा राशि 2. मंडप, गुंबज़, गुंबद

برج آبی (पु.)बुर्जे-आबी
जल राशि, कर्क राशि, मकर राशि, मीन राशि

برج اسد (पु.)बुर्जे-असद
सिंह राशि

برج ثور (पु.)बुर्जे-सौर
वृष राशि

برج جدی (पु.)बुर्जे-जदी
मकर राशि

برج جوزا (पु.)बुर्जे-जौज़ा
मिथुन राशि

برج حمل (पु.)बुर्जे-हमल
मेष राशि

برج حوت (पु.)बुर्जे-हूत
मीन राशि

برج خاکی (पु.)बुर्जे-ख़ाकी
वृष राशि, कन्या राशि, मकर राशि

برج دلو (पु.)बुर्जे दल्व
कुंभ राशि

برج سرطان (पु.)बुर्जे-सर्तान
कर्क राशि

برج سنبلہ (पु.)बुर्जे-सुंबुला
कन्या राशि

برج قوس (पु.)बुर्जे-क़ौस
धनु राशि

برج عقرب (पु.)बुर्जे-अक़्रब
वृश्चिक राशि

برج میزان (पु.)बुर्जे-मीज़ान
तुला राशि

برجستہ (क्रि.वि.)बरजस्ता
तुरंत, अनायास, फ़ौरन

برجیس (पु.)बिर्जीस
वृहस्पति, वृहस्पति ग्रह

برجیس قدر (स्त्री.)बिर्जीस क़द्र
अतिप्रतिष्ठावान

برحق (वि.)बरहक़
1. सत्य, सच 2. उचित, ठीक

برخاست (वि.)बरख़ास्त
1. समाप्त, ख़त्म 2. पदच्युत

برخاستگی (स्त्री.)बरख़ास्तगी
1. पदच्युति 2. समाप्ति

برخلاف (वि.)बरख़िलाफ़
1. प्रतिकूल, विरूद्ध 2. विपरीत, उल्टा

برخوردار (वि.)बरख़ुर्दार
वत्स, प्राय: छोटी उम्र के लड़कों के लिए प्रयुक्त संबोधन

بردار (प्रत्य.)बरदार
1. उठानेवाला, जैसे- علم بردار (अलमबरदार) झंडा उठानेवाला 2. (वन.) वाहक

برداشت (स्त्री.)बर्दाश्त
सहनशीलता, सहिष्णुता, सहन

برداشت حدود (स्त्री.)बर्दाश्त हुदूद
(वाणि.) छूट सीमाएँ

بردبار (वि.)बुर्दबार
गंभीर, शांत, सहनशील

بردباری (स्त्री.)बुर्दबारी
गंभीरता, सहनशीलता

بردہ (पु.)बर्दा
दास, गुलाम

بردہ فروش (वि.)बर्दा फ़रोश
दास व्यापारी

برزخ (पु.)बर्ज़ख़
लोक और परलोक के बीच में स्थित लोक

برسبیل تذکرہ (क्रि.वि.)बरसबीले-तज़्किरा
प्रसंगानुसार, चर्चा के प्रसंग में

برسرکار (वि.)बरसरे-कार
कार्यरत, सेवारत

برسرعام (क्रि.वि.)बरसरे-आम
खुल्लम खुल्ला, सार्वजनिक रूप से

برسی (स्त्री.)बरसी
(प्रशा.) पुण्यतिथि

برش (स्त्री.)बुरिश
काट, धार, तीक्ष्णता

برطرف (वि.)बरतरफ़
पदच्युत, पदमुक्त, बरख़ास्त, समाप्त

برطرفی (स्त्री.)बरतरफ़ी
पदच्युति, बरख़ास्तगी

برعکس (वि.)बरअक्स
उलटा, प्रतिकूल, विपरीत

برف (पु.)बर्फ़
हिम, बर्फ़

برفانی (वि.)बर्फ़ानी
बर्फ़ीला, अतिशीतल

برفباری (स्त्री.)बर्फ़बारी
हिमपात, बर्फ़ गिरना

برف پوش (वि.)बर्फ़ पोश
हिमाच्छादित, बर्फ़ से ढका

برق (स्त्री.)बर्क़
1. विद्युत, तड़ित, बिजली 2. (वि.) तीव्र, तेज़

برق انداز (वि.)बर्क़अंदाज़
1. बंदूक़ची, तोपची 2. चपरासी 3. (पुलिस का) सिपाही

برق پاش (वि.)बर्क़ पाश
(भौ.) विद्युत्-अपघटक

برق پاشی (स्त्री.)बर्क़ पाशी
(भौ.) विद्युत्-अपघटन

برق گیر (वि.)बर्क़ गीर
(भौ.) तड़ित् निवर्तक

برقاب (पु.)बर्क़ाब
जल-विद्युत, पनबिजली

برقرار (वि.)बरक़रार
स्थिर, क़ायम

برقع (पु.)बुर्क़ा
बुर्क़ा, मुखावरण

برقی (वि.)बर्क़ी
1. विद्युतीय, विद्युत संबंधी 2. (भौ.) वैद्युत, विद्युत्

برقیاتی تشخیص (स्त्री.)बर्क़ियाती तश्ख़ीस
(मनो.) वैद्युत निदान

برکت (स्त्री.)बरकत
वृद्धि, बढ़ोतरी, विभूति

برگ (पु.)बर्ग
पत्ता, पत्ती, पात, पत्र

برگ ریز (वि.)बर्ग रेज़
(वन.) निष्पत्रण

برگ گل (पु.)बर्गे-गुल
फूल की पंखुड़ी, फूल की पत्ती

برگ وبار (पु.)बर्गो-बार
फल और पत्ते

برگزیدہ (वि.)बरगुज़ीदा
1. चयनित, उत्कृष्ट 2. प्रतिष्ठित, संमानीय 3. पुण्यात्मा, पुनीत आत्मा

برگشتگی (स्त्री.)बरगश्तगी
1. प्रतिकूलता 2. उद्दंडता 3. अवज्ञा

برگشتہ (वि.)बरगश्ता
प्रतिकूल, फिरा हुआ

برمحل (क्रि.वि.)बरमहल
1. यथा-समय, यथा अवसर 2. उचित, मुनासिब

برملا (वि.)बरमला
खुल्लम-खुल्ला, प्रत्यक्ष रूपेण

برما (पु.)बर्मा
लकड़ी में छेद करने का यंत्र

برنج (पु.)बिरिंज
1. पीतल 2. चावल

برودت (स्त्री.)बुरूदत
शीतलता, ठंडक, ठंड

برہان (स्त्री.)बुर्हान
1. युक्ति, तर्क, दलील 2. प्रमाण

برہم (वि.)बरहम
1. क्रुद्ध, अप्रसन्न, नाराज़ 2. अस्त-व्यस्त, तितर-बितर

**برہمی** (स्त्री.)बरहमी
1. क्रोध, अप्रसन्नता, नाराज़गी 2. गड़बड़ी, अस्त-व्यस्तता

**برہنگی** (स्त्री.)बरहनगी
नग्नता, नंगापन

**برہنہ** (वि.)बरहना
नग्न, वस्त्रहीन, नंगा, निर्वसन

**برہنہ پا** (वि.)बरहना पा
नंगे पैर, नंगे पाँव

**بری** (वि.)बरी
मुक्त, रिहा

**بری** (वि.)बर्री
थल

**بری فوج** (स्त्री.)बर्री फ़ौज
थल सेना

**بریدہ** (वि.)बुरीदा
काटा हुआ, कटा हुआ, विच्छिन्न

**بزدل** (वि.)बुज़दिल
डरपोक, भीरू, कायर

**بزدلی** (स्त्री.)बुज़दिली
भीरूता, कायरता

**بزرگ** (वि.)बुज़ुर्ग
1. वयोवृद्ध 2. पुण्यात्मा, मान्य 3. पूर्वज

**بزرگوار** (वि.)बुज़ुर्गवार
दे. 'بزرگ'

**بزرگی** (स्त्री.)बुज़ुर्गी
1. बुढ़ापा, आयोवृद्धता 2. बड़ापन, महात्म

**بزم** (स्त्री.)बज़्म
सभा, संगोष्ठी, बैठक, महफ़िल

**بزم آرا** (वि.)बज़्म आरा
1. आयोजनकर्ता, संयोजक 2. शोभा जनक, सभा सुशोभित, सभा की शोभा

**بزم گاہ** (स्त्री.)बज़्मगाह
1. सभा-स्थल 2. विलास स्थल, विलास भवन

**بس** (वि.पु.)बस
1. पर्याप्त 2. समाप्त 3. इति 4. बस, सामर्थ्य

**بسا اوقات** (क्रि.वि.)बसा औक़ात
प्राय:, बहुधा, अक्सर

**بساط** (स्त्री.)बिसात
1. बिछौना, बिस्तर 2. शतरंज का तख़्ता या कपड़ा 3. सामर्थ्य, शक्ति 4. हैसियत, औक़ात

**بساطی** (पु.)बिसाती
1. फुटकर विक्रेता 2. घड़ी लगाने वाला

**بستر** (पु.)बिस्तर
बिछौना, बिस्तर, बिछावन

**بستر بند** (पु.)बिस्तरबंद
बिस्तरबंद

**بستگی** (स्त्री.)बस्तगी
1. मेल 2. निकटता, संबंध, लगाव 3. रुकावट, विघ्न

**بستہ** (वि.)बस्ता
1. बँधा हुआ, बद्ध, जुड़ा हुआ 2. (पु.) थैला, झोला, बस्ता 3. (प्रत्य.) बाँधे हुए, जैसे- 'دست بستہ' (दस्तबस्ता) हाथ बाँधे हुए

**بستی** (स्त्री.)बस्ती
बस्ती, आबादी

**بسر** (स्त्री.)बसर
निर्वाह, गुज़ारा

**بسر اوقات** (स्त्री.)बसर-औक़ात
जीवन यापन, गुज़ारा, जीवन निबाह

**بسم اللہ** (वाक्य)बिस्मिल्लाह
अल्लाह के नाम से प्रारंभ, श्री गणेश

**بسمل** (वि.)बिस्मिल
आहत, घायल, ज़ख़्मी

**بسیار** (वि.)बिस्यार
अत्यधिक, बहुत

**بسیار گو** (वि.)बिस्यारगो
बातूनी, वाचाल, बकवादी

**بسیط** (वि.)बसीत
1. विस्तृत, व्यापक, विशाल 2. सर्वव्याप्त

**بشارت** (स्त्री.)बशारत
1. स्वपन में दैवी संदेश, दैवी संदेश 2. शुभ समाचार, ख़ुश ख़बरी 3. आकाशवाणी

**بشاش** (वि.)बश्शाश
हर्षित, प्रसन्नचित्त, उल्लसित, प्रफुल्लित

**بشاشت** (स्त्री.)बशाशत
प्रसन्नता, प्रफुल्लता, ख़ुशी

**بشر** (पु.)बशर
मनुष्य, मानव, आदमी

**بشرطیکہ** (क्रि.वि.)बशर्ते के
शर्त यह है कि, इस शर्त के साथ कि

**بشرہ** (पु.)बुश्रा
1. आनन, मुखड़ा, चेहरा, मुखाकृति 2. हुलिया

**بشری** (वि.)बशरी
मानवीय, मानुषिक, मनुष्य संबंधी

**بشریات** (पु.)बशरीयात
मानव-विज्ञान

**بشریت** (स्त्री.)बशरीयत
मानव प्रवृति, मानव स्वभाव

**بصارت** (स्त्री.)बसारत
1. दृष्टि, नज़र 2. ज्योति

**بصر** (स्त्री.)बसर
1. दृष्टि, आँख की रोशनी 2. नेत्र, चक्षु

**بصری** (वि.)बसरी
दृष्टि संबंधी

**بصلی** (वि.)बस्ली
(प्राणि.) ग्रंथिमान

**بصیرت** (स्त्री.)बसीरत
1. दृष्टि 2. दूरदर्शिता 3. विवेक, अंतःज्ञान, चैतन्य

**بضاعت** (स्त्री.)बिज़ाअत
पूँजी, जमापूँजी, निधि, धन-दौलत

**بط** (स्त्री.)बत
दे. 'بطخ'

**بطانہ** (पु.)बिताना
1. गुप्त बात, रहस्य 2. वह कपड़ा जो टोपी के नीचे लपेटते हैं

**بطخ** (स्त्री.)बतख़
बत्तख़

**بطلان** (पु.)बुतलान
झुठलाना

**بطن** (पु.)बत्न
1. पेट, उदर 2. अंदर, भीतर 3. गर्भाशय, कोख, कुक्षि

**بطنی** (वि.)बत्नी
पेट संबंधी, आंतरिक, अंदरूनी, भीतरी

**بعد** (क्रि.वि.)बा'द
1. पश्चात्, उपरांत 2. अनन्तर, पीछे

**بعد** (पु.)बो'द
दूरी, फ़ास्ला

**بعض** (क्रि.वि.)बा'ज़
1. कतिपय, कुछ 2. कोई, किसी 3. विभिन्न

**بعید** (वि.)बईद
1. दूर, परे 2. (भा.) असन्निहित, व्यवहित

**بعینہ** (क्रि.वि.)बऐनेही
हूबहू, समान रूप से, एक जैसे, जूँ का तूँ

**بغاوت** (स्त्री.)बग़ावत
विद्रोह, बग़ावत, द्रोह

**بغچہ** (पु.)बुग्चा
पोटली, पोटरी, गठरी

**بغدا** (पु.)बुग्दा
(क़साइयों का) छुरा, बुग्दा

**بغض** (पु.)बुग्ज़
द्वेष, वैर, वैमनस्य

**بغل** (स्त्री.)बग़ल
1. काँख 2. पार्श्व, पहलू

**بغل گیر** (वि.)बग़ल गीर
आलिंगी, गले मिलने वाला

**بغلول** (वि.)बग़लोल
गोबर गणेश, मूर्ख, बुद्धू

**بغلی** (वि.)बग़ली
1. बराबर का, निकटवर्ती 2. (प्राणि.) कक्षवर्ती, कक्षीय

**بغیر** (क्रि.वि.)बग़ैर
बिना, बग़ैर

**بقا** (स्त्री.)बक़ा
अनश्वरता, स्थायित्व, नित्यता

**بقال** (पु.)बक़्क़ाल
1. सब्ज़ी विक्रेता 2. परचुनिया, बनिया

**بقائے باہم** (स्त्री.)बक़ाए-बाहम
(राज.) सह-अस्तित्व

**بقائے دوام** (स्त्री.)बक़ाए-दवाम
नित्यता, अनश्वरता

**بقایا** (पु.)बक़ाया
1. शेष, बाक़ी 2. बक़ाया, बाक़ी राशि या धन

**بقر** (स्त्री.)बक़र
1. गौ, गाय 2. (पु.) वृषभ, बैल

**بقرعید** (स्त्री.)बक़रईद
ईदुज़्ज़ुहा, बक़रीद

**بقراط** (पु.)बुक़रात
1. यूनान का एक दार्शनिक 2. (व्यंगात्मक) पोंगा पंडित

**بکا** (स्त्री.)बुका
रुदन, क्रंदन

**بکتر** (पु.)बक्तर
कवच, बक्तर

**بکتربند** (वि.)बक्तरबंद
कवच धारी, बक्तरबंद

(स्त्री.)बला بلا
1. विपत्ति, विपदा, दैवी विपत्ति 2. प्रेत, भूत, दुरात्मा, चुड़ैल आदि 3. (वि.) अत्यधिक

(क्रि.वि.)बिला بلا
बिना, बिन, बग़ैर

(पु.)बिला तफ़रीक़ इज़ाफ़ा بلاتفریق اضافہ
(अर्थ.) चतुर्दिक वृद्धि

(क्रि.वि.)बिला तकल्लुफ़ بلاتکلف
निःसंकोच, बेहिचक

(वि.)बला नोश بلانوش
पियक्कड़, मद्यापि, लती

(पु.)बिलाद بلاد
'بلد' का बहु.

(स्त्री.)बलाग़त بلاغت
1. वाक्पटुता, वाग्मिता 2. साहित्य रचना की आलंकारिक शैली

(वि.)बलाकश بلاکش
विपत्तियाँ झेलनेवाला

(स्त्री.)बलाए-आस्मानी بلائے آسمانی
दैवी विपदा, प्राकृतिक आपदा, दैवी प्रकोप

(स्त्री.)बलाए-अज़ीम بلائے عظیم
भारी विपदा, महा प्रकोप

(स्त्री.)बलाए-नागहानी بلائے ناگہانی
आकस्मिक विपत्ति

(पु./स्त्री.)बुलबुल بلبل
बुलबुल, एक पक्षी विशेष

(पु.)बलद بلد
नगर, शहर

(पु.)बल्दा بلدہ
दे. 'بلد'

(स्त्री.)बलदिया بلدیہ
नगरीय, नगर निगम, नगर पालिका

(पु.)बलग़म بلغم
श्लेष्मा, शलेष्म, बलग़म, कफ़

(वि.)बलग़मी بلغمی
श्लेष्मा संबंधी, श्लैष्मिक, श्लेष्मण

(क्रि.वि.)बल्के بلکہ
अपितु, बल्कि

(पु.)बल्लम बर्दार بلم بردار
1. बल्लम धारी 2. अंग-रक्षक

(वि.)बुलंद/बलंद بلند
1. उच्च, ऊँचा 2. उत्तम, उन्नत 3. श्रेष्ठ

(वि.)बुलंद आहंग بلند آہنگ
ओजपूर्ण

(वि.)बुलंदइक़्बाल بلند اقبال
प्रतापवान्, तेजस्वी, श्रीमंत

(वि.)बुलंदतर بلندتر
उच्चतर

(वि.)बुलंदतरीन بلندترین
उच्चतम, शीर्षतम

(वि.)बुलंद क़ामत بلند قامت
लंबा-तड़ंगा

(वि.)बुलंदो-तबीक़ بلندوطبیق
(भू.) मध्यस्तरी

(स्त्री.)बुलंदी بلندی
1. उच्चता, ऊँचाई 2. श्रेष्ठता 3. (भू.) तुंगता, ऊँचाई, उच्चता

(पु.)बुलंदी पैमा بلندی پیما
(भौ.,भू.) तुंगतामापी

(पु.)बुलंदी मैदान بلندی میدان
(भू.) जलोढ़ मैदान

(पु.)बल्वा بلوا
1. उपद्रव, दंगा, फ़साद 2. अशांति

(पु.)बिल्लौर بلور
स्फटिक-मणि, बिल्लौर

(वि.)बिल्लौरी بلوری
स्फटिकका, बिल्लौर संबंधी

(पु.)बलूत بلوط
(वन.) बलूत वृक्ष

(पु.)बुलूग़ بلوغ
युवावस्था, वयस्कता, यौवन, प्रौढ़ता

(स्त्री.)बुलूग़त بلوغت
वयस्कता, युवावस्था, यौवन, प्रौढ़ावस्था

(वि.)बलीग़ بلیغ
वाक्पटु, वाग्मी, पांडित्यपूर्ण

(पु.)बम بم
1. ऊँचा स्वर 2. बम, गोला

(पु.)बिन بن
1. बेटा, पुत्र 2. (क्रि.वि.) बिन, बिना, बग़ैर

(पु.)बुन بن
1. बीज 2. जड़, मूल

(स्त्री.)बुने-मू بن مو
बाल की जड़

بندہ پروری (स्त्री.)बंदापरवरी
भक्त वत्सलता, भक्त वात्सल्य

بندہ زادہ (पु.)बंदा ज़ादा
सेवक पुत्र, दास पुत्र

بندہ نواز (पु.)बंदा नवाज़
दे. 'بندہ پرور'

بندہ نوازی (स्त्री.)बंदा नवाज़ी
दे. 'بندہ پروری'

بندۂ حلقہ بگوش (पु.)बंदए-हल्क़ा बगोश
वह दास जिसके कानों में दासता का कुंडल पड़ा हो, कुंडलधारी दास

بندۂ خدا (पु.)बंदए-ख़ुदा
ईश्वर भक्त, वंदक, मनुष्य, व्यक्ति

بندی (स्त्री.)बंदी
दासी, सेविका

بندی خانہ (पु.)बंदी ख़ाना
कारावास, बंदी गृह, कैद ख़ाना

بنفشہ (पु.)बनफ़शा
एक बूटी जो दवा के काम आती है

بنفشئی (वि.)बनफ़शई
नीललोहित वर्ण, ऊदे रंग का, जामनी रंग का

بنّو (स्त्री.)बन्नो
दुल्हन, बन्नी, बन्नो

بنی (पु.)बनी
बेटा, औलाद, संतान, वंश

بنی آدم (पु.)बनी आदम
आदम की संतान, मानव जाति, मानव

بنی اسرائیل (पु.)बनी इस्राइल
1. पैग़म्बर याक़ूब की क़ौम 2. यहूदी

بنی نوع (पु.)बनीनौ
जाति, प्रजाति

بنیاد (स्त्री.)बुनियाद
1. नींव, आधार 2. जड़, मूल

بنیاد لکیر (स्त्री.)बुनियाद लकीर
1. (भौ.) आधार रेखा 2. निर्देश रेखा

بنیادی (वि.)बुनियादी
आधारभूत, मूलभूत, मौलिक

بنیادی تعلیم (स्त्री.)बुनियादी ता'लीम
(प्रशा.) बुनियादी शिक्षा

بنیادی حقوق (पु.)बुनियादी हुक़ूक़
(राज.) मूल अधिकार, मौलिक अधिकार

بنا (पु.)बन्ना
1. दूल्हा, वर 2. प्रियतम

بنا (स्त्री.)बिना
1. आधार, मूल 2. (क्रि.वि.) कारण, हेतु

بنات (स्त्री.)बनात
'بنت' का बहु.

بنات النعش (स्त्री.)बनातुन्-नाश
सप्तर्षि, सप्तर्षि मंडल

بنائے مخاصمت (स्त्री.)बिनाए-मुख़ासमत
झगड़े की जड़, झगड़े का कारण

بنت (स्त्री.)बिंत
बेटी, पुत्री

بنت العنب (स्त्री.)बिंतुल-इनब
अंगूर की बेटी, सुरा, अंगूर की शराब

بنت حوا (स्त्री.)बिंते-हव्वा
हव्वा की बेटी, स्त्री, नारी

بند (पु.)बंद
1. बाँध; पुश्ता; मेड़ 2. रोक, रुकावट 3. गांठ, बंधन 4. कारावास, कैद 5. बंद, रुका हुआ, थमा हुआ 6. जो खुला न हो 7. (प्रत्य.) जैसे 'پابند' (पाबंद), 8. किसी कविता के प्रत्येक छंद के अंत में उपयुक्त कोई एक पंक्ति, टीप 9. बंद, बँधा हुआ (लैस) के अर्थ में प्रयुक्त 'دربند' (दरबंद) (हथियार बंद) 'ہتھیار بند'

بندِ قبا (पु.)बंदे-क़बा
अंगरखे की घुंडी, तनी, बटन

بندش (स्त्री.)बंदिश
1. प्रतिबंध 2. रोक, रुकावट, अवरोध 3. गांठ, बंधन 4. राग की बंदिश

بندگان (पु.)बंदगान
'بندہ' का बहु.

بندگی (स्त्री.)बंदगी
1. उपासना, वंदना 2. सलाम 3. दासता, गुलामी

بندوبست (पु.)बंदोबस्त
प्रबंध, व्यवस्था

بندہ (पु.)बंदा
1. दास, गुलाम 2. सेवक 3. किंचन प्रदर्शित करने हेतु स्वंय के लिए प्रयुक्त शब्द

بندہ پرور (वि.)बंदा परवर
1. पालनहार, कृपानिधान 2. भक्त वत्सल

بنیادی سہولتیں (स्त्री.)बुनियादी सहूलतें
(अर्थ.) मूल सुविधाएँ

بنیادی شرح (स्त्री.)बुनियादी शरह
(मनो.,वाणि.) मूलदर, आधार दर

بو (स्त्री.)बू
1. गंध 2. महक

بواسیر (स्त्री.)बवासीर
अर्श रोग, बवासीर

بوالعجب (वि.)बुलअजब
विचित्र, अनूठा

بوالہوس (वि.)बुलहवस
1. लालची, लोभी, लोलुप 2. कामुक, विलासी

بودار (वि.)बूदार
गंधयुक्त, गंधित

بودوباش (स्त्री.)बूदो-बाश
वास, रहन सहन

بوریا (पु.)बोरिया
चटाई, बोरिया

بوریا نشیں (वि.)बोरिया नशीं
1. फ़क़ीर, दरवेश 2. दरिद्र, कंगाल

بوس وکنار (पु.)बोसो-कनार
चूमा-चाटी, आलिंगन एवं चुंबन

بوستاں (पु.)बोस्ताँ
कानन, बाग़, वाटिका

بوسہ (पु.)बोसा
चुंबन, चुम्मा, प्यार

بوسہ بازی (स्त्री.)बोसा बाज़ी
चुंबन, चूमा-चाटी

بوسیدگی (स्त्री.)बोसीदगी
फटा-पुरानापन, जर्जरता

بوسیدہ (वि.)बोसीदा
सड़ा-गला, पुराना, जीर्ण, जर्जर

بوقلموں (वि.)बूक़लमूँ
विचित्र, विलक्षण, रंग बिरंगा

بوقلمونی (स्त्री.)बूक़लमूनी
विविधता, रंग बिरंगापन, वैचित्र्य

بول (पु.)बौल
मूत्र, पेशाब

بول وبراز (पु.)बौलो-बराज़
मल-मूत्र

بوم (पु.)बूम
1. भूमि 2. उल्लू 3. मूर्ख

بہ آواز بلند (क्रि.वि.)बआवाज़े-बलंद
उच्च स्वर से

بہ اتفاق رائے (क्रि.वि.)ब इत्तिफ़ाक़े-राय
सबकी सहमति से, सर्वसम्मति से

بہ احتیاط (क्रि.वि.)ब एहतियात
सावधानीपूर्वक, एहतियात के साथ, देख भाल से

بہ الفاظ دیگر (क्रि.वि.)ब अल्फ़ाज़े-दिगर
दूसरे शब्दों में, दूसरे प्रकार से

بہ خیر، بخیر (क्रि.वि.)बख़ैर
सकुशल, अच्छी तरह

بہ خیر وعافیت (क्रि.वि.)ब ख़ैरो-आफ़ियत
कुशलतापूर्वक, सकुशल

بہ سبیل تذکرہ (क्रि.वि.)ब सबीले-तज़्किरा
दे. برسبیل تذکرہ

بہ سروچشم (क्रि.वि.)ब सरोचश्म
सर आँखों पर, सहर्ष

بہ ضد (क्रि.वि.)ब ज़िद
हठपूर्वक, हठ करके, ज़िद के साथ

بہ قدر شوق (क्रि.वि.)ब क़द्रे-शौक़
रुचि के अनुसार

بہ مشکل (क्रि.वि.)ब मुश्किल
कठिनाई से, कठिनतापूर्वक, मुश्किल से

بہا (स्त्री.)बहा
मूल्य, क़ीमत

بہادر (वि.) बहादुर
वीर, शूर

بہادری (स्त्री.)बहादुरी
वीरता, शूरता, शौर्य

بہار (स्त्री.)बहार
1. वसंत ऋतु, मधुमास 2. शोभा, सजावट
3. मनोविनोद, आनंद

بہاراں (स्त्री.)बहाराँ
बहार, वसंत ऋतु

بہانہ (पु.)बहाना
1. बहाना, हीला 2. छल, कपट, धोखा

بہانہ باز (वि.)बहाना बाज़
बहाने बनानेवाला

بہانہ بازی (स्त्री.)बहानाबाज़ी
बहाने करना

بہمن (पु.)बहमन
ईरानी सौर पंचाँग का ग्यारहवाँ महीना

بیابان (पु.)बियाबान
1. वन, कानन, जंगल 2. रेगिस्तान, मरुस्थल

بیاباں گرد (वि.)बियाबाँ गर्द
1. काननचारी, वनचारी 2. मरुस्थलचारी

بیان (पु.)बयान
वक्तव्य, बयान

بیانیہ (पु.)बयानिया
(भा.) 1. प्रोक्ति 2. वक्तव्य

بیانیہ اسلوب (पु.)बयानिया उस्लूब
(भा.) विवरणात्मक शैली

بیباق (वि.)बेबाक़
चुकता, उऋण

بیباک (वि.)बेबाक
दे. 'بےباک'

بیباکی (स्त्री.)बेबाकी
निर्भयता, धृष्टता

بی بی (स्त्री.)बीबी
1. महिलाओं के लिए प्रयुक्त आदरसूचक शब्द 2. पत्नी 3. वृद्धा

بیت (पु.)बैत
1. घर, गृह 2. शेर, काव्य पद

بیت الحرام (पु.)बैतुल-हराम
दे. 'خانۂ کعبہ'

بیت الحزن (पु.)बैतुल-हुज़्न
शोकगृह

بیت الخلا (पु.)बैतुल-ख़ला
शौचालय, पाख़ाना

بیت العلوم (पु.)बैतुल-उलूम
विद्यालय, विश्वविद्यालय

بیت الغزل (पु.)बैतुल-ग़ज़ल
ग़ज़ल का सर्वोत्तम शेर

بیت اللہ (पु.)बैतुल्लाह
अल्लाह का घर अर्थात् 'خانۂ کعبہ' (ख़ानए-काबा), पवित्र काबा

بیت المال (पु.)बैतुल माल
सार्वजनिक कोष, इस्लामी राजकीय कोषागार

بیت المقدس (पु.)बैतुल-मुक़द्दस
यरोशलम

بہبود (पु.)बहबूद
कल्याण, भलाई (का काम)

بہتات (पु.)बुहतात
अधिकता, बहुतात

بہتان (पु.)बुहतान
मिथ्यारोपण, तुहमत, लांछन

بہتر (वि.)बेहतर
उत्तम, श्रेष्ठ, बहुत अच्छा

بہتری (स्त्री.)बेहतरी
भलाई, कल्याण

بہترین (वि.)बेहतरीन
अत्युत्तम, सर्वश्रेष्ठ

بہر (अव्य.)बहर
लिए, वास्ते, प्रति

بہر حال (वि.)बहर-हाल
प्रत्येक स्थिति में, हर अवस्था में

بہر صورت (वि.)बहर सूरत
दे. 'بہر حال'

بہر طور (वि.)बहर-तौर
दे. 'بہر حال'

بہرا (वि.)बहरा
बधिर

بہرہ (पु.)बहरा
भाग, अंश, हिस्सा

بہرہ مند (वि.)बहरामंद
लाभांवित

بہرہ ور (वि.)बहरावर
सफल मनोरथ

بہشت (स्त्री.)बिहिश्त
स्वर्ग लोक, इन्द्रलोक, जन्नत

بہشت بریں (पु.)बिहिश्ते-बरीं
1. स्वर्ग का सर्वोच्च स्थान 2. सर्वोच्च स्थान

بہشتی (वि.)बिहिश्ती
1. स्वर्गवासी, स्वर्गगामी 2. (पु.) मश्क द्वारा पानी भरने वाला, सक़्क़ा, भिश्ती

بہم (वि.)बहम
1. 'باہم' का लघु., एक दूसरे के साथ 2. परस्पर 3. उपलब्ध

بہم دگر (क्रि.वि.)बहम दिगर
1. एक दूसरे के साथ 2. परस्पर 3. आपस में

**بیت بازی** (स्त्री.)बैत बाज़ी
अंत्याक्षरी

**بیتاب** (वि.)बेताब
दे. 'بے تاب'

**بیتابی** (स्त्री.)बेताबी
व्याकुलता, बेचैनी, अधीरता

**بیج** (पु.)बीज
1. बीया, दाना 2. जड़, मूल

**بیج پتا** (पु.)बीज पत्ता
(वन.) बीजपत्र

**بیخ** (स्त्री.)बेख़
मूल, जड़

**بیخ کنی** (स्त्री.)बेख़कनी
मूलोन्मूलन, मूलोन्छेदन

**بید** (पु.)बेद
1. वैद्य 2. बेंत

**بیداد** (स्त्री.)बेदाद
अत्याचार, अनीति, अनाचार

**بیدادگر** (पु.)बेदादगर
अत्याचारी

**بیدار** (वि.)बेदार
जाग्रत, सचेत

**بیدار بخت** (वि.)बेदार बख़्त
भाग्यशील

**بیدار مغز** (वि.)बेदार-मग़ज़
चेतनासंपन्न, जागरुक

**بیداری** (स्त्री.)बेदारी
जागरण

**بیدست وپا** (वि.)बेदस्तो-पा
1. विकलांग 2. निराश्रय, बेसहारा, असहाय 3. विवश

**بیدل** (वि.)बेदिल
खिन्न, खिन्नमन

**بیرون** (क्रि.वि.)बैरून
बाहर

**بیرون زاد آبادی** (स्त्री.)बैरूनज़ाद आबादी
(वाणि.) बहिर्जात संख्या

**بیرون علاقہ** (वि.)बैरूने-इलाक़ा
(राज.) अतिदेशीय, अंतर्देशीय

**بیرونی** (वि.)बैरूनी
बाह्य, बाहरी

**بیرونی ترسیل مال** (पु.)बैरूनी तर्सील माल
(वाणि.) जावक माल

**بیزار** (वि.)बेज़ार
नाराज़, अप्रसन्न, विमुख

**بیزاری** (स्त्री.)बेज़ारी
नाख़ुशी, विमुखता, अप्रसन्नता, नाराज़गी

**بیش** (वि.)बेश
अधिक

**بیش از بیش** (क्रि.वि.)बेश अज़ बेश
अधिकाधिक, ज़्यादा से ज़्यादा

**بیش بہا** (वि.)बेश बहा
बहुमूल्य

**بیشتر** (क्रि.वि.)बेश्तर
1. अधिकतर 2. बहुधा 3. अधिकांशतः

**بیشی** (स्त्री.)बेशी
अधिकता, वृद्धि, बाहुल्य

**بیضا** (वि.)बैज़ा
1. श्वेत 2. प्रकाशमान, चमकदार

**بیضوی** (वि.)बैज़वी
1. अंडाकार 2. (ग.) दीर्घवृत्त
3. (भौ.) दीर्घवृत्तजीय

**بیضہ** (पु.)बैज़ा
अंडा

**بیضی** (वि.)बैज़ी
(भौ.,ग.) दीर्घवृत्ताकार, दीर्घवृत्तीय

**بیع** (स्त्री.)बै
विक्रय, बिक्री

**بیع نامہ** (पु.)बै नामा
बयनामा, विक्रय-पत्र

**بیعانہ** (पु.)बैआना
बयाना, अग्रिम राशि, पेशगी

**بیعت** (स्त्री.)बैअत
दीक्षा

**بیک وقت** (क्रि.वि.)ब यक वक्त
एक समय में, एक साथ

**بیگ** (पु.)बेग
1. अध्यक्ष, सरदार 2. मुग़लों का लक़ब

**بیگار** (स्त्री.)बेगार
1. बेगार, बिना मज़दूरी का कार्य 2. वह काम जो दिल लगाकर न किया जाए

بیگاری (स्त्री.)बेगारी
1. पारिश्रमिक रहित काम 2. बिना मज़दूरी लिए काम करनेवाला 3. उचाट मन से काम करनेवाला

بیگانگی (स्त्री.)बेगानगी
1. अपरिचय, परायापन 2. (मनो.) अन्यसंक्रामण

بیگانہ (वि.)बेगाना
पराया, अपरिचित, अजनबी, अनजान

بیگانہ وار (क्रि.वि.)बेगानावार
बेगानों की तरह, परायों के समान

بیگم (स्त्री.)बेगम
1. श्रीमती, महोदया 2. पत्नी

بیل (पु.)बेल
1. लता, वल्ली 2. कपड़े पर काढ़ी हुई फूल-पत्तियाँ 3. पेड़ विशेष एंव उसके फल का नाम

بیلچہ (पु.)बेलचा
कुदाल, बेलचा

بیلدار (पु.)बेल्दार
ज़मीन की खुदाई का काम करनेवाला मज़दूर, घर-इमारत आदि बनाने में मिस्त्री का सहायक मज़दूर

بیم (पु.)बीम
भय, डर

بیمار (वि.)बीमार
रोगी, मरीज़

بیماری (स्त्री.)बीमारी
रोग

بین (क्रि.वि.)बैन
1. बीच, मध्य 2. (पु.) मातम

بیّن (वि.)बय्यन
स्पष्ट, खुला हुआ

بیں (प्रत्य.)बीं
देखनेवाला, जैसे- 'دوربیں' (दूर बीं) दूर तक देखनेवाला

بین الاقوامی (वि.)बैनुल-अक्वामी
अंतर्राष्ट्रीय

بین الاقوامی عدالت (स्त्री.)बैनुल-अक्वामी अदालत
(राज.) अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय

بین الریاستی (वि.)बैनुर-रियासती
अंतरराज्य

بین الصوبائی (वि.)बैनुस-सूबाई
अंतरप्रादेशिक

بین الملکی (वि.)बैनुल-मुल्की
अंतरदेशीय

بین ریاستی کاؤنسل (स्त्री.)बैन रियासती काउंसिल
(राज.) अंतर्राज्य परिषद

بینا (वि.)बीना
देखनेवाला, द्रष्टा

بینائی (स्त्री.)बीनाई
दृष्टि, दर्शिता

بینش (स्त्री.)बीनिश
दृष्टि, नज़र

بینک شرح (स्त्री.)बैंक शरह
(वाणि.) बैंक दर

بینی (स्त्री.)बीनी
नासिका, नाक

بے وقوف (वि.)बेवक़ूफ़
मूर्ख

بے وقوفی (स्त्री.)बेवक़ूफ़ी
मूर्खता

بیوہ (वि.)बेवा
विधवा

بیہودگی (स्त्री.)बेहूदगी
असभ्यता, अशिष्टता, बदतमीज़ी

بیہودہ (वि.)बेहूदा
असभ्य, अशिष्ट, बदतमीज़

بے ہوش (वि.)बेहोश
1. मूर्च्छित, बेसुध 2. बदमस्त, मदमस्त

بے ہوشی (स्त्री.)बेहोशी
1. मूर्च्छा, अचेतनता, निश्चेष्टता 2. उन्मत्तता, बदमस्ती

بے (प्रत्य)बे
बिना, बग़ैर

بے آب ودانہ (वि.)बेआबो-दाना
1. बिना अन्न जल के 2. भूखा

بے آب ورنگ (वि.)बेआबो-रंग
निःश्री, श्रीविहीन, शोभा रहित

بے آبرو (वि.)बेआबरू
अपमानित, बेइज़्ज़त

بے آزار (वि.)बेआज़ार
अहानिकारक, निरापद

بے اثر (वि.)बेअसर
प्रभावरहित, निष्प्रभाव
بے اختیار (क्रि.वि.)बेइख़्तियार
1. अनायास 2. (वि.) अधिकार वंचित
بے ادب (वि.)बेअदब
अशिष्ट, असभ्य, धृष्ट
بے ادبی (स्त्री.)बेअदबी
धृष्टता, अशिष्टता
بے اصل (वि.)बेअस्ल
1. निर्मूल, निराधार, वस्तुशून्य 2. अकुलीन
بے اعتبار (वि.)बेएतिबार
1. अविश्वस्त 2. अविश्वसनीय
بے اعتباری (स्त्री.)बेएतिबारी
अविश्वास
بے اعتدال (वि.)बेएतिदाल
1. जो मध्यमार्गी न हो 2. (समा.) अपसामान्य
بے اعتدالی (स्त्री.)बेएतिदाली
1. मध्यमार्ग से कट जाना
2. (समा.) अपसामान्यता
بے اعتنائی (स्त्री.)बेएतिनाई
उपेक्षा
بے اندازہ (क्रि.वि.)बेअंदाज़ा
अत्यधिक
بے ایمان (वि.)बेईमान
1. धोखेबाज़ 2. वंचक 3. बेईमान
بے باک (वि.)बेबाक
1. निर्भय, निडर 2. धृष्ट
بے بال و پر (वि.)बेबालो-पर
निःसहाय, निराश्रय, बेकस, बेबस, बेचारा
بے بدل (वि.)बेबदल
1. निर्विकल्प 2. बेजोड़, अद्वितीय
بے بس (वि.)बेबस
विवश, लाचार, सामर्थ्यहीन
بے بسی (स्त्री.)बेबसी
लाचारी, विवशता, सामर्थ्यहीनता
بے بہا (वि.)बेबहा
अमूल्य, बहुमूल्य
بے بہرہ (वि.)बेबहरा
1. वंचित 2. अभागा
بے پا (वि.)बेपा
(प्राणि.) अपाद

بے پردگی (स्त्री.)बेपर्दगी
निरावरण
بے پردہ (क्रि.वि.)बेपर्दा
1. बिना घूंघट के, पुंठनरहित, निरावृत
2. बिना आड़ के
بے پروا (वि.)बेपर्वा
निश्चिंत, मनमौजी, बेफ़िक्र
بے پروائی (स्त्री.)बेपर्वाई
निश्चिंतता
بے تاب (वि.)बेताब
व्याकुल, अधीर, आतुर
بے تحاشا (क्रि.वि.)बेतहाशा
1. अत्यधिक, हद से ज़्यादा 2. अंधा-धुंध, बेधड़क
بے ترتیب (वि.)बेतरतीब
क्रमहीन, छिन्न-भिन्न, अव्यवस्थित
بے تعلق (वि.)बेतअल्लुक़
1. अलग, असंबद्ध 2. उदासीन, विमुख
بے تکلف (क्रि.वि.)बेतकल्लुफ़
1. निःसंकोच 2. अनौपचारिक तौर पर
3. (वि.) अनौपचारिक, निसंकोच
بے تکلفی (स्त्री.)बेतकल्लुफ़ी
अनौपचारिकता
بے جا (वि.)बेजा
अनुचित
بے جان (वि.)बेजान
1. निर्जीव, निष्प्राण 2. (भा.) अचेतन, जड़
بے جان جنس (स्त्री.)बेजान जिंस
(भा.) अचेतन लिंग
بے جسم (वि.)बेजिस्म
अशरीरी, कायारहित
بے جنس (वि.)बेजिंस
(भा.) लिंगरहित, अलिंग
بے جنس اسم (पु.)बेजिंस इस्म
(भा.) लिंगरहित संज्ञा
بے جگر (वि.)बेजिगर
निडर, निर्भय
بے چارگی (स्त्री.)बेचारगी
1. विवशता, बेकसी 2. दरिद्रता, हीनता
بے چارہ (वि.)बेचारा
1. विवश, निःसहाय, निराश्रय 2. दरिद्र

بےچین (वि.)बेचैन
व्याकुल
بےحال (वि.)बेहाल
दुर्दशाग्रस्त, विकल
بےحد (क्रि.वि.)बेहद
असीम, अपार, अत्यधिक
بےحد وحساب (क्रि.वि.)बेहद्दो-हिसाब
अनगिनत, अपार
بےحرکتی (स्त्री.)बेहरकती
(मनो.) अगति, एच्छिक गति लाभ
بےحرمتی (स्त्री.)बेहुर्मती
अपमान
بےحس (वि.)बेहिस
1. संज्ञाशून्य, जड़ीभूत, सुन्न 2. संवेदनहीन
بےحسی (स्त्री.)बेहिसी
1. संवेदनहीनता 2. (मनो.) उदासीनता, औदासीन्य
بےحوصلہ (वि.)बेहौसला
निरुत्साही, कम हिम्मत
بےحیا (वि.)बेहया
निर्लज्ज, बेशर्म
بےحیائی (स्त्री.)बेहयाई
निर्लज्जता, बेशर्मी
بےحیثیت (वि.)बेहैसियत
1. तुच्छ, निर्मूल्य 2. निर्धन
بےخبر (वि.)बेख़बर
अनजान, अनभिज्ञ
بےخبری (स्त्री.)बेख़बरी
अनभिज्ञता, अनजानपन
بےخطا (वि.)बेख़ता
1. निर्दोष 2. अमोघ, अचूक
بےخطر (वि.)बेख़तर
निर्भय
بےخواب (वि.)बेख़्वाब
अनिद्र, अनिद्रित
بےخوابی (स्त्री.)बेख़्वाबी
अनिद्रा
بےخود (वि.)बेख़ुद
1. बेसुध, आत्मविस्मृत 2. आनंदविभोर
بےخودی (स्त्री.)बेख़ुदी
1. आत्मविस्मृति 2. आनंद विभोरता

بےدخل (वि.)बेदख़्ल
अधिकारच्युत, अधिकार से वंचित
بےدخلی (स्त्री.)बेदख़्ली
अधिकार वंचन
بےدرد (वि.)बेदर्द
निर्दय, निष्ठुर
بےدریغ (क्रि.वि.)बेदरेग़/बेदिरेग़
बिना सोचे-समझे, नि:संकोच
بےدین (वि.)बेदीन
1. अधर्मी, धर्मविमुख 2. कर्मकांड विरोधी
بےراہ (वि.)बेराह
कुमार्गी, पथभ्रष्ट
بےربط (वि.)बेरब्त
1. बेमेल, असंबद्ध 2. अनर्गल, अनाप शनाप 3. अव्यवस्थित
بےربطی (स्त्री.)बेरब्ती
1. असंबद्धता 2. अनर्गलता
بےرحم (वि.)बेरहम
निर्दय, निष्ठुर, क्रूर
بےرحمی (स्त्री.)बेरहमी
निर्दयता, निष्ठुरता, क्रूरता
بےرخی (स्त्री.)बेरुख़ी
विमुखता, उपेक्षा
بےرنگ (वि.)बेरंग
(रसा.) वर्णहीन, रंगहीन
بےروزگار (वि.)बेरोज़गार
बेकार, बेरोज़गार
بےروزگاری (स्त्री.)बेरोज़गारी
बेकारी, बेरोज़गारी
بےرونق (वि.)बेरौनक़
1. शोभाशून्य, श्रीहीन 2. सूना, उजाड़
بےرونقی (स्त्री.)बेरौनक़ी
1. शोभाहीनता, श्रीहीनता 2. सूनापन
بےریا (वि.)बेरिया
निश्छल, निष्कपट
بےزبان (वि.)बेज़बान
1. निरीह, बेचारा, गुँग, गूँगा 2. खामोश
بےساختہ (क्रि.वि.)बेसाख़्ता
अनायास, सहसा
بےسلیقہ (वि.)बेसलीक़ा
फूहड़

بےسود ( वि. )बेसूद
1. लाभरहित 2. निरर्थक, व्यर्थ

بےشائبہ ( क्रि.वि. )बेशाइबा
नि:संदेह

بےشبہ ( क्रि.वि. )बेशुब्हा
नि:संदेह, नि:शंक, बेशक

بےشرم ( वि. )बेशर्म
निर्लज्ज, बेहया

بےشرمی ( स्त्री. )बेशर्मी
निर्लज्जता, बेहयाई

بےشعور ( वि. )बेशऊर
1. नासमझ 2. अशिष्ट

بےشک ( क्रि.वि. )बेशक
नि:संदेह

بےشمار ( वि. )बेशुमार
असंख्य, अनगिनत

بےصبر ( वि. )बेसब्र
अधीर, बेचैन, उतावला

بےصبری ( स्त्री. )बेसब्री
अधीरता, बेचैनी, उतावलापन

بےضابطگی ( स्त्री. )बेज़ाब्तगी
1. अनियमितता 2. ( भौ. ) असंगति

بےضابطہ ( वि. )बेज़ाब्ता
1. अनियमित 2. ( भौ. ) असंगत

بےطاقتی ( स्त्री. )बेताक़ती
निर्बलता कमज़ोरी

بےعزت ( वि. )बेइज़्ज़त
अपमानित

بےعزتی ( स्त्री. )बेइज़्ज़ती
अपमान

بےعقل ( वि. )बेअक़्ल
निर्बुद्धि, मूर्ख, नासमझ

بےعمل ( वि. )बेअमल
1. अकर्मठ 2. निकम्मा, निखट्टू

بےعیب ( वि. )बेऐब
1. विकार रहित, खोट रहित 2. निर्दोष, दोषरहित

بےغرض ( वि. )बेग़रज़
नि:स्वार्थ, स्वार्थरहित

بےغیرت ( वि. )बेग़ैरत
निर्लज्ज

بےغیرتی ( स्त्री. )बेग़ैरती
निर्लज्जता, बेहयाई

بےفکر ( वि. )बेफ़िक्र
1. निश्चिंत, चिंतारहित 2. लापरवाह

بےفکری ( स्त्री. )बेफ़िक्री
1. निश्चिंतता 2. लापरवाही

بےفیض ( वि. )बेफ़ैज़
जो किसी से लाभान्वित न हो सके अथवा जिससे किसी को लाभ न पहुँच सके

بےقابو ( वि. )बेक़ाबू
1. अनियंत्रित 2. निरंकुश

بےقاعدہ ( वि. )बेक़ाइदा
1. अनियमित, नियमरहित, नियमविरुद्ध 2. ( भा. ) असंगत

بےقاعدگی ( स्त्री. )बेक़ाइदगी
अनियमितता

بےقدر ( वि. )बेक़द्र
1. बेइज़्ज़त, अपमानित 2. निर्मूल्य, महत्वहीन

بےقدری ( स्त्री. )बेक़द्री
1. अपमान, निरादर 2. महत्वहीनता

بےقرار ( वि. )बेक़रार
व्याकुल, आतुर, बेचैन

بےقراری ( स्त्री. )बेक़रारी
व्याकुलता, बेचैनी, आतुरता

بےقصور ( वि. )बेक़ुसूर
निर्दोष

بےقیاس ( क्रि.वि. )बेक़ियास
अनुमान से परे, अनुमानातीत

بےکار ( वि. )बेकार
1. व्यर्थ 2. बेरोज़गार

بےکاری ( स्त्री. )बेकारी
बेरोज़गारी

بےکراں ( वि. )बेकराँ
अपार, असीम

بےکس ( वि. )बेकस
निस्सहाय, असहाय

بےکسی ( स्त्री. )बेकसी
नि:सहायता

بےکم وکاست ( क्रि.वि. )बेकमो-कास्त
यथावत्

بےگناہ ( वि. )बेगुनाह
निर्दोष

بے گناہی (स्त्री.)बेगुनाही
निर्दोषता
بے لاگ (क्रि.वि.)बेलाग
खरा, स्पष्टतः, बिना लाग-लपेट का, निष्पक्ष रूप से
بے لطف (वि.)बेलुत्फ़
निरानंद, बेमज़ा, अरूचिकर
بے لگام (वि.)बेलगाम
निरंकुश, नियंत्रणरहित
بے لوث (वि.)बेलौस
निस्स्वार्थ, स्वार्थरहित
بے لوچ (वि.)बेलोच
(ग.,भौ.) 1. दृढ़ 2. कठोर
بے مائگی (स्त्री.)बेमायगी
1. निर्धनता, कंगाली 2. निम्नता, तुच्छता
بے مایہ (वि.)बेमाया
1. निर्धन, कंगाल 2. तुच्छ
بے مثال (वि.)बेमिसाल
अद्वितीय, अनुपम, बेजोड़
بے محابا (क्रि.वि.)बेमहाबा
निःसंकोच, खुल्लम खुल्ला
بے محل (वि.)बेमहल
1. असंगत 2. असमय, बिना अवसर, बेमौक़ा
بے مروت (वि.)बेमुरव्वत
1. अक्खड़, उद्दण्ड 2. निष्ठुर, मर्मरहित
بے مزہ (वि.)बेमज़ा
फीका, नीरस, स्वाद रहित
بے مصرف (वि.)बेमसरफ़
निरर्थक, बेकार, अनुपयोगी
بے معنی (वि.)बेमाना/बेमानी
निरर्थक, व्यर्थ
بے موقع (वि.)बेमौक़ा
1. असमय 2. अनुचित
بے مہار (वि.)बेमहार/बेमुहार
बेलगाम, निरंकुश
بے نام (वि.)बेनाम
अनाम, नाम रहित
بے نام و نشان (वि.)बेनामो-निशान
गुमनाम, जिसका नाम धाम न हो
بے نظمی (स्त्री.)बेनज़्मी
(भौ.) अव्यवस्था, अक्रम, विकार

بے نظیر (वि.)बेनज़ीर
अद्वितीय, अनुपम
بے نقطہ (वि.)बेनुक़्ता
बिंदुहीन
بے نوا (वि.)बेनवा
कंगाल, दरिद्र
بے نیاز (वि.)बेनियाज़
1. निःस्पृही 2. इच्छा रहित, अयाचक
بے نیازی (स्त्री.)बेनियाज़ी
निःस्पृहता, बेपरवाही, उपेक्षा, अयाचकता
بے نیام (वि.)बेनियाम
म्यान से बाहर
بے وجہ (क्रि.वि.)बेवजह
अकारण, बिना कारण
بے وطن (वि.)बेवतन
स्वदेश से निष्कासित, जन्मभूमि से निकाला हुआ
بے وفا (वि.)बेवफ़ा
अविश्वासी, विश्वासघाती
بے وفائی (स्त्री.)बेवफ़ाई
विश्वासघात
بے وقار (वि.)बेवक़ार
तिरस्कृत, अमान्य
بے وقت (क्रि.वि.)बेवक़्त
1. असमय 2. अनुचित समय पर, असामयिक
بے ہنر (वि.)बेहुनर
गुणहीन
بے ہنگم (वि.)बेहंगम
भोंडा, भद्दा
بے ہنگم ریلیف (पु.)बेहंगम रिलीफ़
(भू.) विषम उच्चावचन
بے ہودگی (स्त्री.)बेहुदगी
अश्लीलता, बेहूदगी
بے ہودہ (वि.)बेहूदा
असभ्य, अश्लील
بے ہوش (वि.)बेहोश
1. अचेत, चेतनाशून्य 2. उन्मत्त, मदमस्त
بے ہوشی (स्त्री.)बेहोशी
चेतनशून्यता, चेतना विहिनता
بے یار و مددگار (वि.)बेयारो-मददगार
असहाय, निस्सहाय

(स्त्री.)भबक بھبک
1. लौ की भड़क 2. सड़ांध, मुश्कांद
(पु.)भभूका بھبوکا
1. लपट 2. लाल 3. सुंदर 4. श्वेत
5. चमकदार 6. गर्म 7. क्रुद्ध
(पु.) भत्ता بھتا
1. भात (उबले हुए चावल) 2. पाथ्य
3. भत्ता, अलाउंस, महंगाई भत्ता
(पु.)भट्टा بھٹا
1. ईंट पकाने का भट्टा 2. वह रास्ता जो किसी भवन के टूट जाने से बना लेते हैं 3. दरार
(स्त्री.)भट्टी بھٹی
1. भट्ठी, चूल्हा 2. वह स्थान जहाँ देसी शराब बनती है
(पु.)भटयारा بھٹیارا
भठियार, नानबाई
(वि.)भुजंग بھجنگ
1. काला-कलूटा 2. काला साँप
(वि.) भद्दा بھدا
1. मोटा व्यक्ति जो भद्-भद करके चले
2. भोंडा, कुरूप 3. सुस्त, आलसी 4. भोंदू, मूर्ख
(पु.)भर्रा بھرا
1. लोभ, लालच 2. झाँसा, छल, कपट
3. अचानक कबूतरों के उड़ने का स्वर
(स्त्री.)भरत بھرت
1. एक मिश्रित धातु का नाम 2. दाल सब्ज़ी पकाने का भरत धातु का पात्र 3. ठठेरा
4. गड्ढे की भराई
(पु.)भरतिया بھرتیا
1. ठठेरा, बर्तन बनाने वाला 2. वह पीतल या भरत का बर्तन जिसमें दाल तरकारी इत्यादि पकाते हैं 3. बड़ा बटुवा
(स्त्री.)भरन بھرن
भारी वर्षा, मूसलाधार बारिश
(पु.)भड़तंगा بھڑتنگا
कोलाहल, हंगामा, धूम-धड़ाका
(स्त्री.)भड़क بھڑک
1. चमक-दमक, रौनक़, वैभव, टीप टाप
2. उत्तेजन
(पु.)भक्त بھکت
1. तपस्वी, साधक 2. ओझा, टोना-टोटका करने वाला

## بھا

(पु.)भादों بھادوں
हिंदी पंचाँग का छठा महीना
(स्त्री.)भादों की भरन بھادوں کی بھرن
भादों के महीने की मूसलाधार वर्षा
(वि.)भारी بھاری
1. बोझिल 2. विशालकाय 3. बहुमूल्य
4. कठिन, कराल 5. अधिक
(वि.)भारी भरकम بھاری بھرکم
1. मोटा-तगड़ा 2. प्रतिष्ठावान 3. गंभीर
(पु.)भारी पानी بھاری پانی
(रसा.) भारी पानी
(पु.)भारी हाईड्रोजन بھاری ہائڈروجن
(रसा.) भारी हाईड्रोजन
(पु.)भाड़ू بھاڑو
1. भड़ुआ 2. मूर्ख
(पु.)भाड़े का टट्टू بھاڑے کا ٹٹو
1. किराए का टट्टू 2. अस्थायी वृत्ति पर कार्यरत व्यक्ति
(पु.)भाग بھاگ
1. अंश, हिस्सा 2. भाग्य 3. बपौती, पैतृक संपत्ति 4. सरकारी कर 5. विभाजन 6. सौभाग्य
(क्रि.वि.)भागा भाग بھاگا بھاگ
निरंतर भागते हुए, तेज़ी से, तुरंत, तत्काल
(स्त्री.) भागड़ بھاگڑ
हलचल, हड़बड़ाहट, घबराहट
(वि.)भाग्वान بھاگوان
1. भाग्यवान् 2. धनवान् 3. उदार
4. सौभाग्यशाली 5. सज्जन, भला मानस
(पु.)भानमती بھان متی
मदारी, जादूगर, जादू दिखाने वाला
(स्त्री.)भाँत بھانت
1. भांति, प्रकार 2. रीति
(पु.)भाँड بھانڈ
विदूषक, मसख़रा, एक जाति विशेष जो महफ़िलों में जाकर नाचती गाती और हास्यपूर्ण नक़्लें उतारती है
(पु.)भाओ بھاؤ
1. भाव, अवस्था, दशा 2. उमंग 3. क़ीमत, मूल्य 4. दर 5. समझ 6. गुण, स्वभाव

**بھگتی** (स्त्री.)भक्ति
1. पूजा, तपस्या, सेवा, साधना 2. निस्वार्थ 3. श्रद्धा

**بھگتیا** (पु.)भगतिया
भाण्ड, विदूषक, मसख़रा

**بھلاوا** (पु.)भुलावा
1. बहकावा, फुसलावा 2. धोखा, छल, कपट

**بھمباکا** (पु.)भम्बाका
बड़ा छेद, बहुत बड़ा भट्ट

**بھنڈسال** (स्त्री.)भंडसाल
अनाज की जमा ख़ोरी का गोदाम

**بھنگا** (पु.)भुंगा
उड़ने वाला छोटा कीट, कीड़ा

**بھنورکلی** (स्त्री.)भँवर कली
बकरी या कुत्ते आदि के गले में डालनेवाला लोहे या पीतल का कुंडा

**بھوج پتر** (पु.)भोज पत्र
भोज वृक्ष का पत्ता जो प्राचीन काल में ग्रंथ व लेखादि के काम आता था

**بھور** (स्त्री.)भोर
तड़का, प्रातः काल

**بھومیا** (पु.)भूमिया
1. भूस्वामी 2. बड़ी उम्र का वो साँप जिसके सिर पर बाल निकल आते हैं

**بھونچال** (पु.)भौंचाल
भूचाल, भूकम्प

**بھیت** (स्त्री.)भीत
दीवार

**بھیدی** (पु.)भेदी
1. अंतरंग, भेद जानने वाला 2. खोजी 3. गुप्तचर

**بھیک کا ٹھیکرا** (पु.)भीक का ठीकरा
1. भिक्षा पात्र 2. आय का साधन

---

# پ

---

**پا** (पु.)पा
पाँव, चरण, पग

**پاافتادہ** (वि.)पा उफ़्तादा
1. बेसहारा, लाचार, विवश 2. पाँव में पड़ा हुआ

**پابجولاں** (वि.)पा बजोलाँ
पादबंधित, बंदी, विवश

**پابرہنہ** (वि.)पा बरहना
नंगे पाँव, नंगे पैर

**پابستہ** (वि.)पा बस्ता
गिरिफ़्तार, बंदी, क़ैदी

**پابند** (वि.)पाबंद
1. बद्ध, बँधा हुआ 2. वचनबद्ध 3. नियमबद्ध

**پابنداشیاء** (स्त्री.)पाबंद अश्या
(वाणि.) प्रतिबंधित वस्तु

**پابندی** (स्त्री.)पाबंदी
1. बाध्यता, बंधन 2. नियमबद्धता 3. प्रतिबंध, पाबंदी

**پابوسی** (स्त्री.)पाबोसी
पाँव चूमना, चरण स्पर्श

**پابرکاب** (वि.)पा ब रकाब
चलने को तैयार, तत्पर

**پاتابہ** (पु.)पाताबा
जूते के अंदर की तली, पायताबा

**پاجامہ** (पु.)पाजामा
पाजामा

**پاجی** (वि.)पाजी
दुष्ट, धूर्त, पाजी

**پاخانہ** (पु.)पाख़ाना
1. शौचालय 2. मल, टट्टी

**پاداش** (स्त्री.) पादाश
1. बदला, सज़ा, जुर्माना 2. दुष्परिणाम

**پادشاہ** (पु.)पादशाह
राजा, बादशाह, सम्राट

**پادشاہزادہ** (पु.)पादशाहज़ादा
राजकुमार, शाहज़ादा

**پادشاہی** (स्त्री.)पादशाही
1. राज्य 2. साम्राज्य 3. शासन

**پار** (पु.)पार
नदी, झील आदि के आमने-सामने के दोनों किनारे

**پارچہ** (पु.)पारचा
1. वस्त्र, कपड़ा 2. टुकड़ा, फाँक

**پارچہ فروش** (पु.)पारचा फ़रोश
वस्त्र विक्रेता, बजाज

**پارس** (पु.)पारस
1. ईरान देश का प्राचीन नाम 2. कल्पित पत्थर जिसके बारे में प्रसिद्ध है कि यदि लोहा उस से छू जाए तो सोना हो जाता है

پاش پاش (वि.)पाश-पाश
चूर-चूर, टुकड़े-टुकड़े
پاشا (पु.)पाशा
1. तुर्क सरदारों की एक उपाधि 2. सरदार
پا شکستہ (वि.)पा शिकस्ता
1. चलने फिरने में अयोग्य 2. विवश, लाचार
پاک (वि.)पाक
1. पवित्र, शुद्ध 2. स्वच्छ, साफ़
پاک باز (वि.)पाकबाज़
सदाचारी, पुण्य आत्मा
پاک دامن (वि.)पाक दामन
सदाचारी, निष्पाप, निष्कलंक
پاک دل (वि.)पाक दिल
निष्कपट, निश्छल
پاک طینت (वि.)पाक तीनत
सदाचारी, सुचरित्र
پاکی (स्त्री.)पाकी
1. पवित्रता, शुद्धता 2. स्वच्छता
پاکیزگی (स्त्री.)पाकीज़गी
दे. 'پاکی'
پاکیزہ (वि.)पाकीज़ा
1. पवित्र, शुद्ध 2. स्वच्छ 3. निष्कलंक
پالان (पु.)पालान
गधे या टट्टू की पीठ पर रखी जाने वाली गद्दी
پامال (वि.)पामाल
1. पददलित, रौंदा हुआ 2. चौपट, बर्बाद, तबाह
پانا/پانا (स्त्री.)पाना
1. पच्चर, पच्चड़ 2. (यंत्र) वाहन का पहिया आदि खोलने के लिए प्रयुक्त एक यंत्र
پائچہ (पु.)पाएचा
दे. پائنچہ
پائدار (वि.)पाएदार
टिकाऊ, मज़बूत
پائگاہ (स्त्री.)पाए गाह
1. अस्तबल, तबेला 2. किसी बड़े रईस या अफ़सर की डयोढ़ी
پائمال (वि.)पाएमाल
दे. 'پامال'
پائندہ (वि.)पाइंदा
अमर, नित्य, शाश्वत
پائندہ باد (वाक्य)पाइंदाबाद
अमर रहे

پارسا (वि.)पारसा
धर्मनिष्ठ, सदाचारी
پارسال (पु.)पार साल
गतवर्ष, बीता साल
پارسائی (स्त्री.)पारसाई
धर्मनिष्ठता, सदाचारिता
پارسی (पु.)पारसी
1. पारसी, ज़रतुश्त धर्म का अनुयायी
2. फ़ारसी भाषा 3. पारस (ईरान) निवासी
پارہ (पु.)पारा
1. भाग, खंड, टुकड़ा, कण 2. जोड़, पैवंद
3. पारद (धातु विशेष)
پارہ پارہ (वि.)पारा-पारा
टुकड़े-टुकड़े
پارینہ (वि.)पारीना
पुरातन, पुराना, प्राचीन
پازیب (स्त्री.)पाज़ेब
नूपुर, पाँव का एक गहना, पाज़ेब
پاژند (पु.)पाज़ंद
पारसियों की धार्मिक पुस्तक, 'ज़ांद' की टीका
پاس (पु.)पास
1. निकट 2. सम्मान या मर्यादा का ध्यान, लिहाज़
پاس ادب (पु.)पासे-अदब
प्रतिष्ठा के अनुसार आदर-सत्कार
پاس خاطر (पु.)पासे-ख़ातिर
मान, लिहाज़, मुरव्वत
پاسبان (पु.)पासबान
1. रक्षक 2. पहरेदार
پاسبانی (स्त्री.)पासबानी
1. रखवाली 2. पहरेदारी, चौकसी
پاسدار (वि.)पासदार
1. मुरव्वत करने वाला 2. पक्षपाती, तरफ़दार, हिमायती
پاس داری (स्त्री.)पास दारी
1. लिहाज़, मुरव्वत 2. पक्षपात, तरफ़दारी
پاسنگ (पु.)पासंग
पासंग, पसंघा
پاش (प्रत्य.)पाश
1. छिड़कनेवाला, जैसे- 'گلاب پاش' (गुलाब पाश) गुलाब-जल छिड़कने वाला
2. फैलानेवाला, जैसे- 'ضیا پاش' (ज़िया पाश) प्रकाश फैलाने वाला

**پائنتی** (स्त्री.)पाएँती
पैताना, पायंता, पायती

**پائنچہ** (पु.)पाऐंचा
मोरी, पायँचा

**پائیں** (वि.)पाईं
1. पिछला 2. निचला

**پائیں باغ** (पु.)पाईं बाग़
गृहवाटिका

**پائے تخت** (पु.)पाए-तख़्त
राजधानी, शासन-केंद

**پایاب** (वि.)पायाब
उथला, कम गहरा

**پایہ** (पु.)पाया
1. पाँव, पैर 2. स्तंभ, खंभा 3. सीढ़ी का पाया 4. रुतबा, हैसियत

**پخ** (स्त्री.)पख़
विघ्न, बाधा, अड़ंगा

**پخت** (स्त्री.)पुख़्त
1. खाना पकाने का कार्य 2. अधिक व्यक्तियों के लिए बनाया गया व्यंजन विशेषतः चावल

**پختگی** (स्त्री.)पुख़्तगी
1. परिपक्वता 2. दृढ़ता, मज़बूती

**پختو** (स्त्री.)पख़्तू
अफ़ग़ानियों की भाषा, पश्तो

**پختہ** (वि.)पुख़्ता
1. परिपक्व 2. दृढ़, पक्का

**پدر** (पु.)पिदर
पिता, जनक

**پدرانہ** (वि.)पिदराना
पितृवत्, पिता समान

**پدری** (वि.)पिदरी
पैतृक

**پذیر** (प्रत्य.)पज़ीर
प्राप्त करनेवाला, जैसे- ترقی پذیر (तरक़्क़ी पज़ीर) विकासशील

**پذیرائی** (स्त्री.)पज़ीराई
1. स्वागत, सत्कार 2. स्वीकृति

**پر** (पु.)पर
पंख

**پر** (वर्ण)पर
1. परंतु, लेकिन 2. के ऊपर

**پر** (वि.)पुर
भरा हुआ, पूर्ण

**پرسال** (पु.)परसाल
गतवर्ष, पार साल, बीता साल

**پرآب** (वि.)पुरआब
जल से परिपूर्ण, जलपूर्ण

**پرآشوب** (वि.)पुरआशोब
दुर्घटनाओं से परिपूर्ण, उपद्रवग्रस्त

**پراشک** (वि.)पुरअश्क
आँसूओं से भरे हुए, अश्रुमय

**پرامن** (वि.)पुरअम्न
शांतिपूर्ण, शांतिमय

**پرامن بقائے باہم** (स्त्री.)पुरअम्न बक़ाए-बाहम
(राज.) शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व

**پرامید** (वि.)पुरउम्मीद
आशावान, आशापूर्ण

**پربہار** (वि.)पुरबहार
वसंत से परिपूर्ण, वसंतमय

**پرپیچ** (वि.)पुरपेच
टेढ़ा-मेढ़ा, पेचदार

**پرجوش** (वि.)पुरजोश
उत्साहपूर्ण, जोशीला, उत्साहित

**پرخار** (वि.)पुरख़ार
कंटकमय, काँटों भरा

**پرخاش** (स्त्री.)पुरख़ाश
वैर, द्वेष

**پرخطر** (वि.)पुरख़तर
ख़तरनाक, ख़तरों से भरा हुआ

**پرخم** (वि.)पुरख़म
1. टेढ़ा-मेढ़ा, तिरछा 2. घुंघराले (बाल)

**پررونق** (वि.)पुररौनक़
जहाँ बहुत रौनक़ हो, चमक दमक और चहल-पहल से परिपूर्ण

**پرسکون** (वि.)पुरसुकून
1. चैन और आराम से भरा हुआ
2. शांतिमय, शांतिपूर्ण

**پرشکوہ** (वि.)पुरशिकोह
वैभवशाली

**پرفریب** (वि.)पुरफ़रेब
1. आकर्षक 2. छलपूर्ण, मोहक

**پرفضا** (वि.)पुरफ़िज़ा
सुंदर वातावरण, हरा-भरा, रमणीय

**پرملال** (वि.)पुरमलाल
दुःखपूर्ण, शोकपूर्ण

(वि.)परदार پردار
पंखयुक्त, पंखवाला

(प्रत्य.)परदाज़ پرداز
करनेवाला, जैसे- 'کارپرداز' (कार परदाज़) कार्य करनेवाला

(पु.)परदा پردہ
1. ओट, आड़ 2. आवरण, घूँघट, मुखपट

(वि.)परदा पोश پردہ پوش
1. राज़ छुपाने वाला 2. (वि.) दूसरों के दोष छिपानेवाला

(स्त्री.)परदापोशी پردہ پوشی
गोपनीयता, राज़दारी

(वि.)परदादार پردہ دار
राज़दार, भेद रखनेवाला

(स्त्री.)परदादारी پردہ داری
1. गोपनीयता, राज़दारी 2. भेद/दोष छिपाना

(वि.)परदादर پردہ در
भंडा फोड़ करनेवाला, रहस्य खोलने वाला

(स्त्री.)परदादरी پردہ دری
दोष छिपाना, रहस्योद्घाटन, भंडा फोड़

(वि.)परदा नशीं پردہ نشیں
परदे में रहनेवाली (स्त्री)

(पु.)परदए-सीमीं پردۂ سیمیں
चित्रपट, रजत पट, स्क्रीन

(पु.)परदए-ग़ैब پردۂ غیب
1. परोक्ष 2. देवलोक

(पु.)परदए-नामूस پردۂ ناموس
सतीत्व की रक्षा, मर्यादा

(प्रत्य.)परस्त پرست
पूजक, पूजनेवाला, जैसे- 'بت پرست' (बुतपरस्त) मूर्तिपूजक

(पु.)परस्तार پرستار
1. पुजारी, उपासक 2. चाहने वाला 3. प्रशंसक

(स्त्री.)परस्तारी پرستاری
1. पूजा, उपासना, अर्चना 2. चाहत 3. प्रशंसा

(पु.)परिस्तान پرستان
परियों का देश

(स्त्री.)परस्तिश پرستش
पूजा, उपासना

(स्त्री.)परस्तिश गाह پرستش گاہ
पूजा-स्थल, उपासना स्थल

(वि.)पुरनम پرنم
1. गीला, भीगा हुआ 2. अश्रुपूर्ण

(वि.)पुरनूर پرنور
प्रकाशमान, ज्योतिर्मय

(स्त्री.)प्राकृत پراکرت
1. निम्न, घटिया 2. संस्कृत से बिगड़ कर बनी एक भाषा विशेष जिसे संस्कृत का गंवारू रूप भी माना जाता है

(वि.)पराकंदा پراکندہ
दे. 'پراگندہ'

(स्त्री.)परागंदगी پراگندگی
1. विकलता, परेशानी 2. बिखराव, अस्तव्यस्तता

(वि.)परागंदा پراگندہ
1. अस्त-व्यस्त, बिखरा हुआ 2. परेशान, व्याकुल

(वि.)परागंदा ख़ातिर پراگندہ خاطر
मलिन चित्त, खिन्न

(पु.)परतौ پرتو
1. आभा, चमक, रौशनी 2. उज्ज्वल छाया

(पु.)परचम پرچم
पताका, झंडा, ध्वजा

(पु.)परचम बरदार پرچم بردار
1. ध्वज-वाहक 2. (राज.) ध्वज-दंड

(स्त्री.)परचमकुशाई پرچم کشائی
ध्वजारोहण

(पु.)पर्चा پرچہ
1. चिट्ठी, पत्र 2. प्रश्नपत्र 3. टुकड़ा

(पु.)पुर्ज़ा پرزہ
1. टुकड़ा 2. कागज़ का टुकड़ा, पर्ची 3. मशीन का पुर्ज़ा, कल पुर्ज़ा

(पु.)पुर्सा پرسا
मृतक के परिवारजनों को सांत्वना देना एवं शोक प्रकट करना

(वि.)पुरसाने-हाल پرسانِ حال
हाल पूछनेवाला

(स्त्री.)पुरसिश پرسش
पूछ-ताछ, पूछगच्छ

(पु.)पुर्सा پرسہ
दे. 'پرسا'

(स्त्री.)परदाख़्त پرداخت
1. देखभाल, संरक्षण, रक्षा 2. पालन-पोषण

پرکار (पु.)परकार
(ग.) परकार, गोलाई खींचने का यंत्र
پرکار (वि.)पुरकार
1. चालाक, चतुर, होशियार 2. प्रभावशाली
پرکاری (स्त्री.)पुरकारी
1. चालाकी, चतुराई 2. प्रभाव
پرکالہ (पु.)पर्काला
1. चिंगारी 2. अंश, खंड
پرگنہ (पु.)परगना
1. खंड 2. राजस्व वसूली हेतु निर्धारित कई गाँवों का समूह
پرندہ (पु.)परिंदा
पखेरू, पक्षी, खग
پرواز (स्त्री.)परवाज़
1. उड़ान, उड्डयन 2. (प्रत्य.) उड़ने वाला, जैसे- 'بلند پرواز' (बुलंद परवाज़) ऊँचा उड़नेवाला
پروانگی (स्त्री.)परवानगी
आज्ञा, अनुमति, इजाज़त
پروانہ (पु.)परवाना
1. शलभ, पतंगा 2. आदेशपत्र, आज्ञा-पत्र, राजाज्ञा 3. (ला.) आशिक़, प्रेमी
پروانہ وار (क्रि.वि.)परवानावार
परवाने की तरह, आसक्तिवश
پروانۂ تلاشی (पु.)परवानए-तलाशी
तलाशी का वारंट
پروانۂ راہداری (पु.)परवानए-राहदारी
पार-पत्र, पासपोर्ट
پروانۂ گرفتاری (पु.)परवानए-गिरफ़्तारी
गिरफ़्तारी का वारंट
پرور (प्रत्य.)परवर
पालनेवाला, जैसे- 'بندہ پرور' (बंदा परवर) पालनहार
پروردگار (पु.)परवरदिगार
पालनहार, ईश्वर, खुदा
پروردہ (वि.)परवरदा
1. पाला-पोसा हुआ, पोषित 2. (प्रत्य.) पाला हुआ, जैसे- 'ناز پروردہ' (नाज़ परवरदा) नाज़ से पला हुआ
پرورش (स्त्री.)परवरिश
पालन-पोषण, लालन-पालन

پرورشِ حیوانات (स्त्री.)परवरीशे-हैवानात
(भू.) पशु-पालन
پرورش یافتہ (वि.)परवरिश याफ़्ता
1. पोषित, पाला-पोसा हुआ 2. शिष्टाचार प्राप्त
پرہیز (पु.)परहेज़
1. संयम, निग्रह 2. रोगी का आहार-विधान
پرہیزگار (वि.)परहेज़गार
1. संयमी, निग्रही 2. सदाचारी
پرہیزگاری (स्त्री.)परहेज़गारी
1. संयम, इंद्रिय-निग्रह 2. सदाचार
پرہیزی (वि.)परहेज़ी
संयमित आहार
پری (स्त्री.)परी
1. अप्सरा 2. सुंदर स्त्री, रूपवती
پری اندام (वि.)परी अंदाम
अप्सरा जैसे अंगों वाली
پری پیکر (वि.)परी पैकर
1. अप्सरा जैसी सुंदर 2. रूपवती
پری تمثال (वि.)परी तिम्साल
परियों-जैसी सूरत वाली, अप्सरामुखी
پری چشم (वि.)परी चश्म
अप्सरा जैसी आँखोंवाली
پری چہرہ (वि.)परी चेहरा
अप्सरामुखी
پری خانہ (पु.)परी ख़ाना
परी निवास
پری خواں (पु.)परी ख़्वाँ
ओझा, तांत्रिक
پری زاد (वि.)परी ज़ाद
अप्सरा से जन्मा हुआ
پریس اعلانیہ (पु.)प्रेस एलानिया
(राज.) प्रेस-विज्ञप्ति
پریشان (वि.)परेशान
1. व्याकुल, व्यग्र, बेचैन 2. अस्त-व्यस्त 3. चिंतित, फ़िक्रमंद
پریشانی (स्त्री.)परेशानी
1. बेचैनी 2. चिंता, परेशानी 3. दुख, मुसीबत
پریشاں حال (वि.)परेशाँ हाल
1. दुर्दशाग्रस्त, बदहाल 2. व्याकुल, परेशान
پریشاں حالی (स्त्री.)परेशाँ हाली
दुर्दशा, बदहाली

پریشاں خاطر (वि.)परेशाँ ख़ातिर
व्यग्रचित्त, बेचैन, बदहवास

پژاوہ (पु.)पज़ावा
ईंट या चूना पकाने का भट्ठा

پژمردگی (स्त्री.)पझ़मुर्दगी
उदासीनता, खिन्नता

پژمردہ (वि.)पझ़मुर्दा
1. खिन्न, मलिन, उदास 2. दु:खित

پژمردہ دل (वि.)पझ़मुर्दा दिल
खिन्नमनस्क, अप्रसन्नचित्त

پس (क्रि.वि.) पस
1. अंतत:, आख़िरकार 2. (उप.) पीछे, पश्चात, जैसे- 'پس پشت' (पसे-पुश्त) पीठ-पीछे, परोक्ष में

پس انداز (वि.)पस अंदाज़
संचित, बचत (किया हुआ)

پس پردہ (क्रि.वि.)पसे-पर्दा
पर्दे के पीछे, आड़ में, गुप्त रूप से

پس پشت (क्रि.वि.)पसे-पुश्त
पीठ-पीछे, परोक्ष में

پس خوردہ (वि.)पस ख़ुर्दा
जूठा, उच्छिष्ट

پس فردا (पु.)पस फ़र्दा
कल (आनेवाले) के बाद का दिन, परसों

پس ماندگی (स्त्री.)पसमांदगी
पिछड़ापन

پس ماندہ (वि.)पसमांदा
1. पिछड़ा हुआ 2. शेष, बाक़ी बचा हुआ

پس مرگ (क्रि.वि.)पसे-मर्ग
मरणोपरांत, मृत्यु पश्चात

پس منظر (पु.)पसमंज़र
पृष्ठभूमि

پس وپیش (पु.)पसो-पेश
संकोच, असमंजस, हिचक

پسپا (वि.)पस्पा
हारा हुआ, पराजित

پسپائی (स्त्री.)पस्पाई
पराजय, हार

پست (वि.)पस्त
1. नीचा, निचला 2. अधम, नीच, कमीना

پست حوصلہ (वि.)पस्त हौसला
हतोत्साही

پست قامت (वि.)पस्त क़ामत
ठिगना, वामन

پست ہمت (वि.)पस्त हिम्मत
हतोत्साही

پست ہمتی (स्त्री.)पस्त हिम्मती
उत्साहहीनता

پستان (पु.)पिस्तान
स्तन, उरोज

پستہ (पु.)पिस्ता
पिस्ता, एक प्रकार का मेवा

پستی (स्त्री.)पस्ती
1. नीचता, कमीनापन 2. पतन 3. नीचाई

پسر (पु.)पिसर
बेटा, पुत्र, लड़का

پسرزادہ (पु.)पिसरज़ादा
पोता, पौत्र

پسلی دار (वि.)पसलीदार
(वन., प्राणि) पर्शुरखित

پسند (स्त्री.)पसंद
1. रुचि 2. (प्रत्य.) पसंद करने वाला, जैसे- 'انصاف پسند' (इंसाफ पसंद) इंसाफ को पसंद करने वाला 3. पसंद आने वाला, जैसे- 'دل پسند' (दिल पसंद) दिल को पसंद आने वाला

پسندیدگی (स्त्री.)पसंदीदगी
रुचि, पसंद आना/करना

پسندیدہ (वि.)पसंदीदा
रुचिकर, मनोवांछित

پشت (स्त्री.)पुश्त
1. पीठ 2. नस्ल, पीढ़ी 3. पृष्ठ भाग

پشت پناہ (वि.)पुश्त पनाह
1. मददगार, सहायक; हिमायती 2. रक्षक

پشت پناہی (स्त्री.)पुश्त पनाही
सहायता, मदद; हिमायत

پشت خار (पु.)पुश्त ख़ार
खरेरा, खरहरा

پشت در پشت (क्रि.वि.)पुश्त दर पुश्त
पीढ़ी दर पीढ़ी

پشتہ (पु.)पुश्ता
1. बाँध 2. टीला, टीबा

پشتہ بندی (स्त्री.)पुश्ता बंदी
पुश्ता बाँधने का काम

پشتینی (वि.)पुश्तैनी
वंशानुगत, पुश्तैनी

پشم (स्त्री.)पश्म
1. ऊन 2. रोआँ

پشمینہ (पु.)पश्मीना
एक प्रकार का ऊनी कपड़ा

پشیمان (वि.)पशेमान
1. लज्जित, शर्मिंदा 2. पश्चात्तापी

پشیمانی (स्त्री.)पशेमानी
पश्चात्ताप, पछतावा

پگاہ (स्त्री.)पगाह
प्रातःकाल, सवेरा, तड़का, भोर

پل (पु.)पुल
सेतु, पुल

پل صراط (पु.)पुल सिरात
नरक के ऊपर का बाल से भी पतला और धारदार पुल जिस पर से क़यामत के दिन सभी को गुज़रना होगा

پلاس (पु.)पलास
1. ढाक का पेड़, टेसू 2. टाट, बहुत मोटा और खुरदरा कपड़ा

پلاؤ (पु.)पुलाव
पुलाव, चावलों से बना हुआ एक व्यंजन विशेष

پلک (स्त्री.)पलक
पलक, पक्ष्म

پلنگ (पु.)पलंग
एक प्रकार की बड़ी चारपाई

پلنگ پوش (पु.)पलंगपोश
पलंग पर बिछाने की चादर

پلہ (पु.)पल्ला
1. तराज़ू का पलड़ा 2. किवाड़, खिड़की का पल्ला 3. आँचल, छोर, पल्लू 4. हैसियत, रुतबा

پلید (वि.)पलीद
1. अपवित्र, दूषित, गंदा, मैला कुचैला
1. (पु.) भूत-प्रेत

پناہ (स्त्री.)पनाह
शरण, आश्रय, सहारा

پناہ گاہ (स्त्री.)पनाह गाह
शरण-स्थल

پناہ گزین (वि.)पनाह गुज़ीन
शरणार्थी

پناہ گیر (वि.)पनाहगीर
शरणागत

پنبہ (स्त्री.)पंबा
कपास, रूई

پنبہ در گوش (वि.)पंबा दरगोश
कानों में रूई ठूँसे हुए अर्थात् किसी की बात न सुनने वाला

پنج (वि.)पंज
पाँच, पंच

پنج آیت (स्त्री.)पंजआयत
توضیحی (वि.)तौज़ीही
(भा.) वर्णनात्मक

توطن (पु.)तवत्तुन
1. प्रवास 2. अधिवास

توفیق (स्त्री.)तौफ़ीक़
1. सामर्थ्य 2. (भौ.) समंजन

توقع (स्त्री.)तवक़्क़ो
1. आशा, भरोसा, उम्मीद 2. अपेक्षा, प्रतीक्षा

توقعاتی خرید (स्त्री.)तवक़्क़ोआती ख़रीद
(अर्थ.) प्रत्याशी क्रय, प्रत्याशी ख़रीद

توقف (पु.)तवक़्क़ुफ़
1. विलंब, देर 2. ठहराव

توقیر (स्त्री.)तौक़ीर
प्रतिष्ठा, मान-सम्मान

توقیری اشیا (स्त्री.)तौक़ीरी अश्या
(अर्थ.) प्रतिष्ठावान वस्तुएँ

توکل (पु.)तवक्कुल
ईश्वर पर ही भरोसा करना, रामाश्रय, राम भरोसे

تولد (पु.)तवल्लुद
जनन, पैदाइश

تولید (स्त्री.)तौलीद
1. जनन, जन्म 2. उत्पत्ति, पैदाइश

تولیدِ خون (स्त्री.)तौलीदे-ख़ून
ख़ून की उत्पत्ति, ख़ून की वृद्धि

تونگر (पु.)तवंगर
धनवान, धनी, मालदार

توہم (पु.)तवह्हुम
1. अंधविश्वास 2. भ्रम, भ्रान्ति

توہم پرست (वि.)तवह्हुम परस्त
अंधविश्वासी

توہم پرستی (स्त्री.)तवह्हुम परस्ती
अंधविश्वास

توہین (स्त्री.)तौहीन
1. अपमान, अनादर 2. अवमानना

توہینِ عدالت (स्त्री.)तौहीने-अदालत
न्यायालय की अवमानना

تہ (स्त्री.)तह
1. निचला भाग, तली, पेंदी 2. परत, तल

تہ بازاری (स्त्री.)तह बाज़ारी
वह किराया जो फुटपाथ पर अपना माल बेचने के लिए देना पड़ता है

تہ بند (पु.)तहबंद
लुंगी, तहमद

تہ بہ تہ (क्रि.वि.)तह-ब-तह
परत दर परत, एक के नीचे एक

تہِ خاک (क्रि.वि.)तहे-ख़ाक
1. मिट्टी तले 2. क़ब्र में

تہ خانہ (पु.)तह ख़ाना
तलगृह

تہ نشیں (वि.)तहनशीं
तलछट

تہ و بالا (वि.)तहो-बाला
उलट पुलट, तितर-बितर, अस्त-व्यस्त

تہجد (पु.)तहज्जुद
रात के तीसरे पहर की नमाज़

تہجی (स्त्री.)तहज्जी
शब्दों की हिज्जे (वर्तनी) करना

تہدید (स्त्री.)तहदीद
1. चेतावनी, डाँट-फटकार 2. भय, डर, ख़ौफ़

تہذیب (स्त्री.)तहज़ीब
1. सभ्यता, शिष्टता 2. त्रुटि, विकार आदि का शुद्धिकरण

تہذیبِ جدید (स्त्री.)तहज़ीबे-जदीद
1. आधुनिक सभ्यता 2. पाश्चात्य सभ्यता

تہذیب یافتہ (वि.)तहज़ीब याफ़्ता
शिष्ट, सभ्य

تہذیبی ورثہ (पु.)तहज़ीबी विर्सा
(इति.) सांस्कृतिक धरोहर

تہذیبی یک جہتی (स्त्री.)तहज़ीबी यकजहती
(राज.) सांस्कृतिक एकता

تہلکہ (पु.)तहलका
1. कोलाहल, कोहराम 2. नाश, बर्बादी

تہمت (स्त्री.)तोहमत
1. लांछन, दोषारोपण 2. आरोप

تہنیت (स्त्री.)तहनीयत
बधाई, मुबारकबाद

تہنیتی جلسہ (पु.)तहनीयती जलसा
अभिनंदन समारोह

تہور (पु.)तहव्वुर
बहादुरी, वीरता

تہی (वि.)तिही
रिक्त, ख़ाली

(स्त्री.)तवाज़ो تواضع
1. सत्कार, आदर 2. आतिथ्य, आव-भगत

(पु.)तवाफ़ुक़ توافق
(रसा.) अनुकूलन

(वि.)तवाफ़ुक़ कार توافق کار
(रसा.) अनुकूलक

(स्त्री.)तवालिए-इज़ाफ़ात توالی اضافات
काव्य का एक अवगुण, काव्य में संबंध कारक समास शैली का आधिक्य

(वि.)तवाना توانا
शक्तिशाली, हट्टा-कट्टा

(स्त्री.)तवानाई توانائی
1. ऊर्जा 2. शक्ति, बल

(स्त्री.)तवानाई बरक़रारियत توانائی برقراریت
(भौ.) ऊर्जा-संरक्षण

(पु.)तवानाई तनज़्ज़ुल توانائی تنزل
(भौ.) ऊर्जा-निम्नीकरण

(पु.)तवानाई तवाज़ुन توانائی توازن
(भौ.) ऊर्जा-संतुलन

(स्त्री.)तवानाई कसाफ़त توانائی کثافت
(भौ.) ऊर्जा-घनत्व

(स्त्री.)तौबा توبہ
1. त्याग-प्रतिज्ञा 2. पश्चात्ताप, पछतावा, खेद

(वि.)तौबा शिकन توبہ شکن
प्रतिज्ञा-भंजक, तौबा तोड़ने वाला

(स्त्री.)तोप توپ
गोला चलाने का उपकरण, तोप

(फ़ा.)तोप ख़ाना توپ خانہ
तोपघर

(पु.)तोपची توپچی
तोप चलाने वाला

(वि.)तोता चश्म توتا چشم
कृतघ्न, बेमुरव्वत

(स्त्री.)तोता चश्मी توتا چشمی
नाशुक्रा, बेवफ़ाई, बेमुरव्वती

(पु.)तूतिया توتیا
1. नीला थोथा 2. सुर्मा, सुर्मे का पत्थर

(स्त्री.)तौसीक़ توثیق
(वाणि.) अनुसमर्थन, संपुष्टि

(स्त्री.)तवज्जोह توجہ
1. ध्यान 2. कृपा, मेहरबानी, दया-दृष्टि 3. (दर्श.) ध्यान, अवधान

(स्त्री.)तौजीह توجیہ
1. तर्क, कारण 2. स्पष्टीकरण, व्याख्या 3. कारण बताना

(स्त्री.)तौहीद توحید
अद्वैतवाद

(पु.)तोदा/तूदा تودہ
1. ढेर, ढेरी 2. टीला, डूह 3. वह मिट्टी का टीला या कच्ची दीवार जिस पर तीरअंदाज़ तीरों का अभ्यास करते हैं

(स्त्री.)तोदा/तूदाबंदी تودہ بندی
हदबंदी, मिट्टी के ढेर बनाकर किसी ज़मीन की हदों को सीमित करना

(पु.)तोदा/तूदए-ख़ाक تودۂ خاک
मिट्टी का ढेर

(पु.)तवस्सुत توسط
द्वारा, माध्यम

(पु.)तवस्सुल توسل
साधन, माध्यम

(स्त्री.)तौसी توسیع
विस्तार, फैलाव

(वि.)तौसी कार توسیع کار
(जन.) प्रवर्धक

(स्त्री.)तौसीए-मानी توسیع معنی
(भा.) अर्थ विस्तार

(स्त्री.)तोशक توشک
रूईदार गद्दा

(पु.)तोशा توشہ
रास्ते का कलेवा, संबल, पाथेय

(पु.)तोशा ख़ाना توشہ خانہ
1. खाद्य भंडार कक्ष 2. पोशक, आभूषण आदि रखने का कक्ष

(स्त्री.)तौसीफ़ توصیف
प्रशंसा, तारीफ़

(वि.)तौसीफ़ी توصیفی
प्रशंसात्मक

(पु.)तौसीफ़ी इशारा توصیفی اشارہ
(भा.) विशिष्ट संकेत

(स्त्री.)तौसीफ़ी हालत توصیفی حالت
(भा.) विशेषण कारक, विशेषण विभक्ति

(स्त्री.)तौज़ीह توضیح
स्पष्टीकरण, व्याख्या

## ٹ

(स्त्री.)टैक्स की हदबंदी ٹیکس کی حد بندی
(अर्थ.) कर विनियुक्ति

(स्त्री.)टॉप ٹاپ
1. घोड़े के खुर का निचला भाग 2. घोड़े के अगले पाँव के खुर के ज़मीन पर आघात होने से उत्पन्न शब्द, थाप 3. मछली पकड़ने/ मुर्ग़ियों के बंद करने का खाँचा 4. चारपाई के पायें का नीचे का उभरा हुआ भाग

(स्त्री.)टाल ٹال
1. पुवाल आदी का पुंच, ढेर, अंबार
2. लकड़ियों की दुकान/ घास-फूस की दुकान

(क्रि.)टालना ٹالنا
बहाना करना, टरकाना

(स्त्री.)टाली ٹالی
1. छोटी घंटी जो जानवरों के गले में डालते हैं
2. अठन्नी, आठ आने का सिक्का, आधा रुपया

(पु.)टाँडा ٹانڈا
1. सौदागरों का गिरोह/ जत्था 2. परिवार, कुटुम्ब 3. खेप, सौदागरी का सामग्री जो एक बार लादकर ले जायें

(स्त्री.)टाँक ٹانک
1. चार माशे की एक तौल/ ढाइ ग्राम
2. भाग 3. जाँच 4. आँख

(पु.)टाँका ٹانکا
1. सीवन, सुई धागे का एक बार कपड़े में से निकलना 2. पैवन्द, जोड़

(स्त्री.)टाँकी ٹانکی
छनी, रुखानी

(पु.)टप्पा ٹپا
1. मोटी सिलाई 2. छलाँग, कूद-फाँद
3. शास्त्रीय गायन का एक प्रकार जिसमें तानों की बहुलता होती है।

(क्रि.वि.)टपाटप ٹپاٹپ
लगातार, टपटप की आवाज़, आँसू के निरंतर गिरने की आवाज़

(स्त्री.)टिटकारी ٹٹکاری
पशुओं को हाँकने की आवाज़

## تھ

(पु.)थापा تھاپا
1. दीवार आदि पर लगाया जाने वाला छापा
2. ढ़ेर या राशि 3. देवी-देवता की पूजा के लिए इकद्ठा किया गया चंदा 4. नेपालियों की एक जाति

(स्त्री.)थापी تھاپی
1. हत्थी, थपकी 2. चौड़े आकार का चपटे सिरे वाला लकड़ी का डंडा जिससे कुम्हार घड़ा आदि गढ़ता है

(पु.)थांग تھانگ
1. चोर-डाकुओं के रहने का गुप्त स्थान
2. खोज, पता, सुराग़

(पु.)थाँगदार تھانگ دار
1. चोरी का माल ख़रीदने या छुपाकर रखने वाला 2. चोरों का सरदार 3. भेदिया

(पु.)थाँगी تھانگی
दे. 'تھانگ دار'

(स्त्री.)थाह تھاہ
1. गहराई, तह 2. पता-ठिकाना

(स्त्री.)थपकी تھپکی
1. थपकना, थपथपाना 2. कपड़े धोने की लकड़ी की थपकी 3. मिट्टी आदि को समतल करने की मुँगरी

(स्त्री.)थिगली تھگلی
थिगली, पैवंद, जोड़

(पु.)थल تھل
थल, भूमि, स्थान

(पु.)थल बेड़ा تھل بیڑا
1. लंगरगाह, बंदरगाह 2. ठौर, ठिकाना, पता, सुराग़

(वि.)थलथल تھل تھل
स्थूलता के कारण झूलता या हिलता हुआ

(पु.)थैला تھیلا
थैला, झोला

تہی دامن (वि.)तिही दामन
वंचित, ख़ाली

تہی دست (वि.)तिही दस्त
ख़ाली हाथ, कंगाल, दरिद्र

تہیہ (पु.)तहय्या
संकल्प, निश्चय

تیار (वि.)तय्यार
1. तत्पर, मुस्तैद 2. पक्व, पका हुआ

تیاری (वि.)तय्यारी
1. तत्परता, मुस्तैदी 2. रचना, निर्माण 3. सज्जा

تیر (पु.)तीर
बाण

تیرانداز (वि.)तीर अंदाज़
धनुर्धारी

تیرافگن (वि.)तीर अफ़गन
दे. 'تیرانداز'

تیراندازی (स्त्री.)तीर अंदाज़ी
धनुर्विद्या, तीरअंदाज़ी

تیر بہدف (वि.)तीर बहदफ़
1. अचूक 2. निशाने पर अमोघ

تیرخوردہ (वि.)तीर ख़ुर्दा
1. तीर खाया हुआ 2. घायल, ज़ख़्मी

تیردان (पु.)तीरदान
तूणीर, तरकश

تیرزن (वि.)तीरज़न
दे. 'تیرانداز'

تیرِ نیم کش (पु.)तीरे-नीमकश
आधाखिंचा बाण

تیرگی (स्त्री.)तीरगी
अंधकार, तिमिर, अँधेरा

تیرہ (वि.)तीरा
अंधकारमय

تیرہ بخت (वि.)तीरा बख़्त
हतभाग्य, बदक़िस्मत, अभागा

تیرہ وتار (वि.)तीराओ-तार
घोर अंधियारा

تیز (वि.)तेज़
1. द्रुत, तीव्र 2. चालाक, चतुर, धूर्त्त 3. नुकीला, धारदार 4. दक्ष, कुशल 5. तीखा, तीता, झालदार

تیزرو (वि.)तेज़ रौ
तीव्रगामी, शीघ्रगामी

تیزفہم (वि.)तेज़ फ़ह्म
तीव्रबुद्धि

تیزگام (वि.)तेज़ गाम
शीघ्रगामी, तीव्रगामी

تیزمزاج (वि.)तेज़ मिज़ाज
उग्र स्वभावी

تیز وتند (वि.)तेज़ो-तुंद
बहुत तेज़, प्रचंड, अति तीव्र

تیزاب (पु.)तेज़ाब
अम्ल

تیزابی (वि.)तेज़ाबी
अम्लीय

تیزابیت (स्त्री.)तेज़ाबियत
अम्लता

تیزی (स्त्री.)तेज़ी
1. तीव्रता, प्रचंडता 2. चालाकी, चतुरता

تیشہ (पु.)तेशा
1. कुदाल 2. कुल्हाड़ी 3. लकड़ी छीलने का एक उपकरण, बसूला

تیغ (स्त्री.)तेग़
खड्ग, तलवार

تیغ بکف (वि.)तेग़ बकफ़
1. हाथ में तलवार लिये हुए 2. मरने-मारने पर तत्पर

تیغِ دودم (स्त्री.)तेग़े-दो दम
दुधारी तलवार

تیغِ دوسر (स्त्री.)तेग़े-दो सर
दे. 'تیغِ دودم'

تیغ زن (वि.)तेग़ ज़न
तलवार बाज़, तलवार चलाने वाला

تیغ زنی (स्त्री.)तेग़ ज़नी
तलवार बाज़ी

تیغا (पु.)तेग़ा
1. छोटी चौड़ी तलवार 2. दरवाज़े आदि को पत्थर, मिट्टी इत्यादि से चुनना 3. कुश्ती का एक दाँव

تیغہ نما (वि.)तेग़ा नुमा
(वन.) द्राक्षगुच्छाकार

تیماردار (पु.)तीमारदार
रोगी की सेवा करने वाला

توضیحی (वि.)तौज़ीही
(भा.) वर्णनात्मक

توطن (पु.)तवत्तुन
1. प्रवास 2. अधिवास

توفیق (स्त्री.)तौफ़ीक़
1. सामर्थ्य 2. (भौ.) समंजन

توقع (स्त्री.)तवक़्क़ो
1. आशा, भरोसा, उम्मीद 2. अपेक्षा, प्रतीक्षा

توقعاتی خرید (स्त्री.)तवक़्क़ोआती ख़रीद
(अर्थ.) प्रत्याशी क्रय, प्रत्याशी ख़रीद

توقف (पु.)तवक़्क़ुफ़
1. विलंब, देर 2. ठहराव

توقیر (स्त्री.)तौक़ीर
प्रतिष्ठा, मान-सम्मान

توقیری اشیا (स्त्री.)तौक़ीरी अश्या
(अर्थ.) प्रतिष्ठावान वस्तुएँ

توکل (पु.)तवक्कुल
ईश्वर पर ही भरोसा करना, रामाश्रय, राम भरोसे

تولد (पु.)तवल्लुद
जनन, पैदाइश

تولید (स्त्री.)तौलीद
1. जनन, जन्म 2. उत्पत्ति, पैदाइश

تولیدِ خون (स्त्री.)तौलीदे-ख़ून
ख़ून की उत्पत्ति, ख़ून की वृद्धि

تونگر (पु.)तवंगर
धनवान, धनी, मालदार

توہم (पु.)तवह्हुम
1. अंधविश्वास 2. भ्रम, भ्रान्ति

توہم پرست (वि.)तवह्हुम परस्त
अंधविश्वासी

توہم پرستی (स्त्री.)तवह्हुम परस्ती
अंधविश्वास

توہین (स्त्री.)तौहीन
1. अपमान, अनादर 2. अवमानना

توہینِ عدالت (स्त्री.)तौहीने-अदालत
न्यायालय की अवमानना

تہ (स्त्री.)तह
1. निचला भाग, तली, पेंदी 2. परत, तल

تہ بازاری (स्त्री.)तह बाज़ारी
वह किराया जो फुटपाथ पर अपना माल बेचने के लिए देना पड़ता है

تہ بند (पु.)तहबंद
लुंगी, तहमद

تہ بہ تہ (क्रि.वि.)तह-ब-तह
परत दर परत, एक के नीचे एक

تہ خاک (क्रि.वि.)तहे-ख़ाक
1. मिट्टी तले 2. क़ब्र में

تہ خانہ (पु.)तह ख़ाना
तलगृह

تہ نشیں (वि.)तहनशीं
तलछट

تہ و بالا (वि.)तहो-बाला
उलट पुलट, तितर-बितर, अस्त-व्यस्त

تہجد (पु.)तहज्जुद
रात के तीसरे पहर की नमाज़

تہجی (स्त्री.)तहज्जी
शब्दों की हिज्जे (वर्तनी) करना

تہدید (स्त्री.)तह्दीद
1. चेतावनी, डाँट-फटकार 2. भय, डर, ख़ौफ़

تہذیب (स्त्री.)तह्ज़ीब
1. सभ्यता, शिष्टता 2. त्रुटि, विकार आदि का शुद्धिकरण

تہذیبِ جدید (स्त्री.)तह्ज़ीबे-जदीद
1. आधुनिक सभ्यता 2. पाश्चात्य सभ्यता

تہذیب یافتہ (वि.)तह्ज़ीब याफ़्ता
शिष्ट, सभ्य

تہذیبی ورثہ (पु.)तह्ज़ीबी विर्सा
(इति.) सांस्कृतिक धरोहर

تہذیبی یک جہتی (स्त्री.)तह्ज़ीबी यकजहती
(राज.) सांस्कृतिक एकता

تہلکہ (पु.)तह्लका
1. कोलाहल, कोहराम 2. नाश, बर्बादी

تہمت (स्त्री.)तोहमत
1. लांछन, दोषारोपण 2. आरोप

تہنیت (स्त्री.)तहनीयत
बधाई, मुबारकबाद

تہنیتی جلسہ (पु.)तहनीयती जलसा
अभिनंदन समारोह

تہور (पु.)तहव्वुर
बहादुरी, वीरता

تہی (वि.)तिही
रिक्त, ख़ाली

(स्त्री.)तौजीह توجیہ
1. तर्क, कारण 2. स्पष्टीकरण, व्याख्या 3. कारण बताना

(स्त्री.)तौहीद توحید
अद्वैतवाद

(पु.)तोदा/तूदा تودہ
1. ढेर, ढेरी 2. टीला, डूह 3. वह मिट्टी का टीला या कच्ची दीवार जिस पर तीरअंदाज़ तीरों का अभ्यास करते हैं

(स्त्री.)तोदा/तूदाबंदी تودہ بندی
हदबंदी, मिट्टी के ढेर बनाकर किसी ज़मीन की हदों को सीमित करना

(पु.)तोदा/तूदए-ख़ाक تودۂ خاک
मिट्टी का ढेर

(पु.)तवस्सुत توسط
द्वारा, माध्यम

(पु.)तवस्सुल توسل
साधन, माध्यम

(स्त्री.)तौसी توسیع
विस्तार, फैलाव

(वि.)तौसी कार توسیع کار
(जन.) प्रवर्धक

(स्त्री.)तौसीए-मानी توسیع معنی
(भा.) अर्थ विस्तार

(स्त्री.)तोशक توشک
रूईदार गद्दा

(पु.)तोशा توشہ
रास्ते का कलेवा, संबल, पाथेय

(पु.)तोशा ख़ाना توشہ خانہ
1. खाद्य भंडार कक्ष 2. पोशक, आभूषण आदि रखने का कक्ष

(स्त्री.)तौसीफ़ توصیف
प्रशंसा, तारीफ़

(वि.)तौसीफ़ी توصیفی
प्रशंसात्मक

(पु.)तौसीफ़ी इशारा توصیفی اشارہ
(भा.) विशिष्ट संकेत

(स्त्री.)तौसीफ़ी हालत توصیفی حالت
(भा.) विशेषण कारक, विशेषण विभक्ति

(स्त्री.)तौज़ीह توضیح
स्पष्टीकरण, व्याख्या

(स्त्री.)तवाज़ो تواضع
1. सत्कार, आदर 2. आतिथ्य, आव-भगत

(पु.)तवाफ़ुक़ توافق
(रसा.) अनुकूलन

(वि.)तवाफ़ुक़ कार توافق کار
(रसा.) अनुकूलक

(स्त्री.)तवालिए-इज़ाफ़ात توالیِ اضافات
काव्य का एक अवगुण, काव्य में संबंध कारक समास शैली का आधिक्य

(वि.)तवाना توانا
शक्तिशाली, हट्टा-कट्टा

(स्त्री.)तवानाई توانائی
1. ऊर्जा 2. शक्ति, बल

(स्त्री.)तवानाई बरक़रारियत توانائی برقراریت
(भौ.) ऊर्जा-संरक्षण

(पु.)तवानाई तनज़्ज़ुल توانائی تنزل
(भौ.) ऊर्जा-निम्नीकरण

(पु.)तवानाई तवाज़ुन توانائی توازن
(भौ.) ऊर्जा-संतुलन

(स्त्री.)तवानाई कसाफ़त توانائی کثافت
(भौ.) ऊर्जा-घनत्व

(स्त्री.)तौबा توبہ
1. त्याग-प्रतिज्ञा 2. पश्चात्ताप, पछतावा, खेद

(वि.)तौबा शिकन توبہ شکن
प्रतिज्ञा-भंजक, तौबा तोड़ने वाला

(स्त्री.)तोप توپ
गोला चलाने का उपकरण, तोप

(फ़ा.)तोप ख़ाना توپ خانہ
तोपघर

(पु.)तोपची توپچی
तोप चलाने वाला

(वि.)तोता चश्म طوطا چشم
कृतघ्न, बेमुरव्वत

(स्त्री.)तोता चश्मी طوطا چشمی
नाशुक्रा, बेवफ़ाई, बेमुरव्वती

(पु.)तूतिया توتیا
1. नीला थोथा 2. सुर्मा, सुर्मे का पत्थर

(स्त्री.)तौसीक़ توثیق
(वाणि.) अनुसमर्थन, संपुष्टि

(स्त्री.)तवज्जोह توجہ
1. ध्यान 2. कृपा, मेहरबानी, दया-दृष्टि 3. (दर्श.) ध्यान, अवधान

تنظیم (स्त्री.)तंज़ीम
1. संघटन, संगठन 2. प्रबंध, बंदोबस्त

تنظیمی خط (पु.)तंज़ीमी ख़त
(ग.) फ़ोकस नियता

تنفر (पु.)तनफ़्फ़ुर
1. घृणा 2. ऊब, उकताहट 3. (मनो.) विद्वेष

تنفس (पु.)तनफ़्फ़ुस
श्वास-क्रिया, श्वसन क्रिया

تنقیح (स्त्री.)तंक़ीह
1. सार, शुद्धिकरण, शोधन 2. संक्षेपीकरण

تنقید (स्त्री.)तंक़ीद
1. आलोचना, समालोचना 2. समीक्षा

تنقیص (सत्री.)तंक़ीस
1. दोष, कमी 2. छिद्रान्वेषण

تنک (वि.)तुनुक
1. अल्प 2. सूक्ष्म 3. नाज़ुक 4. थोड़ा

تنک مزاج (वि.)तुनुक मिज़ाज
1. चिड़चिड़ा 2. गुस्सैल

تنگ (वि.)तंग
1. संकीर्ण, संकुचित 2. अल्प, न्यून, थोड़ा, कम 3. दरिद्र, कंगाल, दुखी 4. विवश, मजबूर

تنگ حال (वि.)तंग हाल
1. दुर्दशाग्रस्त 2. निर्धन, कंगाल

تنگ حالی (स्त्री.)तंगहाली
1. दुर्दशा 2. निर्धनता, कंगाली

تنگ خیال (वि.)तंग ख़याल
संकीर्णचित, लघुचेता, तंग नज़र

تنگ دست (वि.)तंग दस्त
निर्धन, कंगाल, रिक्तहस्त

تنگ دستی (स्त्री.)तंग दस्ती
निर्धनता, कंगाली

تنگ دل (वि.)तंग दिल
1. संकीर्ण 2. कंजूस, कृपण

تنگ دلی (स्त्री.)तंग दिली
1. संकीर्णता, तुच्छता 2. कंजूसी, कृपणता

تنگ ظرف (वि.)तंग ज़र्फ़
नीच, लघुचेता, ओछा

تنگ ظرفی (स्त्री.)तंग ज़र्फ़ी
नीचता, ओछापन

تنگ نظر (वि.)तंग नज़र
संकीर्ण दृष्टि वाला, लघुचेता

تنگ نظری (स्त्री.)तंग नज़री
अनुदारता, संकीर्णता

تنگی (स्त्री.)तंगी
1. संकीर्णता 2. न्यूनता, कमी 3. दरिद्रता, कंगाली 4. कष्ट, मुसीबत

تنگیِ روزگار (स्त्री.)तंगिए-रोज़गार
1. बेकारी, रोज़गार की कमी 2. कालचक्र

تنور (पु.)तनूर
तंदूर, तनूर, (ख़मीरी रोटी पकाने की) भट्टी

تنور خانہ (पु.)तनूर ख़ाना
रोटी पकाने का स्थान, तंदूर ख़ाना

تنوع (पु.)तनव्वो
विविधता, अनेकता, रंगबिरंगापन, रंगारंगी

تنویر (स्त्री.)तंवीर
ज्योति, प्रकाश, रौशनी

تنویم (स्त्री.)तंवीम
1. सुलाना 2. (मनो.) सम्मोहन

تنویمی تحلیل (स्त्री.)तंवीमी तहलील
(मनो.) सम्मोह विश्लेषण

تنویمی رجعت (स्त्री.)तंवीमी रजअत
(मनो.) सम्मोह प्रतिगमन

تنوین (पु.)तंवीन
1. अनुस्वार पैदा करना 2. (भा.) 'नून'-योजना

تنہا (वि.)तन्हा
1. अकेला, एकल, एकमात्र 2. केवल, सिर्फ़

تنہائی (स्त्री.)तन्हाई
1. अकेलापन 2. एकांत

تواتر (पु.)तवातुर
निरंतर, अनवरत

توارث ارث (स्त्री.)तवारिस-इर्स
(मनो.) आनुवंशिकता

توارد (पु.)तवारुद
दो कवियों की रचना में एक ही विचार का अनजाने में चित्रित होना

تواریخ (स्त्री.)तवारीख़
'تاریخ' का बहु.

توازن (पु.)तवाज़ुन
संतुलन

توازنِ تجارت (पु.)तवाज़ुने-तिजारत
(अर्थ.) व्यापार-संतुलन

تن پرور (वि.)तन परवर
दे. 'تن پرست'

تن پروری (स्त्री.)तन परवरी
दे. 'تن پرستی'

تن تنہا (वि.)तने-तन्हा
बिल्कुल अकेला, एकाकी

تن دہی (स्त्री.)तन-दिही
1. प्रयत्न, प्रयास, कोशिश 2. परिश्रम, मेहनत

تن وتوش (पु.)तनो-तोश
डील-डौल

تنازع (पु.)तनाज़ो
विवाद, झगड़ा, कलह

تنازعہ (पु.)तनाज़ा
दे. 'تنازع'

تناسب (पु.)तनासुब
1. अनुपात 2. अनुकूलता, तालमेल

تناسب اجزا (पु.)तनासुबे-अज्ज़ा
किसी मिश्रण में उपयुक्त पदार्थों का अनुपात

تناسب اعضا (पु.)तनासुबे-आज़ा
सुडौलपन, अंग-सौष्ठव

تناسخ (पु.)तनासुख़
आत्मा का आवागमन, पुनर्जन्म

تناسل (पु.)तनासुल
प्रजनन

تناسلی (वि.)तनासुली
(प्राणि.) जननिक, जननांगी

تنافر (पु.)तनाफ़ुर
1. विरक्ति, द्वेष, नफ़रत 2. (काव्य शास्त्र) दुरुच्चाय शब्द, दुरुच्चाय ध्वनि

تناقض نظریات (पु.)तनाक़ुस नज़रियात
(मनो.) विप्रतिषेध, समविरोध द्वंद्व

تناور (वि.)तनावर
1. मोटे तने का (पेड़) 2. हृष्ट पुष्ट, हट्टा कट्टा

تناول (पु.)तनावुल
भोजन ग्रहण करना, खाना खाना

تنبور (पु.)तंबूर
तंबूरा, तानपूरा

تنبول (पु.)तंबूल
पान

تنبیہ (स्त्री.)तंबीह
1. चेतावनी 2. डाँट-डपट

تنبیہا (क्रि.वि.)तंबीहन
1. चेतावनी के तौर पर 2. डाँट, सज़ा या ताकीद के तौर पर

تنجیم (स्त्री.)तनजीम
ज्योतिष ज्ञान

تنخواہ (स्त्री.)तनख़्वाह
1. वेतन 2. मासिक भत्ता

تنخواہ دار (वि.)तनख़ाहदार
वेतनभोगी

تند (वि.)तुंद
1. तीव्र, द्रुत 2. क्रुद्ध, गुस्सैल 3. तेज़, धारदार

تند باد (स्त्री.)तुंद बाद
आँधी, तूफ़ान, झक्कड़

تند خو (वि.)तुंद ख़ू
1. क्रोधी, गुस्सैल 2. तीव्र-स्वभाव

تند رفتار (वि.)तुंद रफ़्तार
शीघ्रगामी, तीव्रगामी, द्रुतगामी

تند مزاج (वि.)तुंद मिज़ाज
दे. 'تند خو'

تندرست (वि.)तनदुरुस्त
1. स्वस्थ, सेहतमंद 2. नीरोग

تندرستی (स्त्री.)तनदुरुस्ती
1. स्वास्थ्य 2. नीरोगता, नीरोग

تندور (पु.)तंदूर
दे. 'تنور'

تندی (स्त्री.)तुंदी
1. तीव्रता, तेज़ी 2. आवेग, कोप, गुस्सा 3. चिड़चिड़ापन

تنزل (पु.)तनज़्ज़ुल
1. अवनति, पतन 2. घटाव, कमी 3. (भौ.) क्षय

تنزل حاصل (पु.)तनज़्ज़ुल हासिल
(भौ.) क्षय उत्पाद

تنزلی (स्त्री.)तनज़्ज़ुली
(प्रशा.) पदावनत करना, पदावनति

تنسیخ (स्त्री.)तंसीख़
निरस्तीकरण

تنصیب (स्त्री.)तंसीब
(ग.) संयुग्मन

تنصیف (स्त्री.) तंसीफ़
आधा-आधा करना

تمازت (स्त्री.)तमाज़त
गरमी, ताप

تمازت آفتاب (स्त्री.)तमाज़ते-आफ़ताब
सूरज की गर्मी, धूप की गर्मी

تماش بین (वि.)तमाश बीन
1. दर्शक, तमाशा देखने वाला 2. बदचलन, आवारा 3. वेश्यागामी

تماش بینی (स्त्री.)तमाश बीनी
वेश्यागमन, रंडीबाज़ी

تماشا (पु.)तमाशा
1. खेल 2. बाज़ीगरों या मदारियों आदि का खेल 3. नाटक आदि का खेल 4. नाटक, स्वांग

تماشاگاہ (स्त्री.)तमाशागाह
क्रीड़ास्थल, नाट्यशाला

تماشائی (वि.)तमाशाई
दर्शक, तमाशा देखने वाला

تماشہ (पु.)तमाशा
दे. 'تماشا'

تمام (वि.)तमाम
1. कुल, सब, समस्त 2. समाप्त, ख़त्म

تمام تر (वि.)तमाम तर
संपूर्ण सारे का सारा, पूरा-पूरा

تمباکو (सं.)तंबाकू
तंबाकू

تمباکو فروش (वि.)तंबाकू फ़रोश
तंबाकू बेचने वाला

تمباکو نوش (वि.)तंबाकू नोश
तंबाकू पीने वाला

تمثال (पु.)तिम्साल
1. आकृति, प्रतिमा 2. शाही आज्ञा 3. (दर्श.) प्रतिमा, बिंब

تمثال گر (वि.)तिम्साल गर
मूर्तिकार, चित्रकार

تمثیل (स्त्री.)तम्सील
1. दृष्टांत 2. नाटक, प्रतीक कथा 3. अन्योक्ति

تمثیلی (वि.)तम्सीली
समरूप

تمدن (पु.)तमद्दुन
संस्कृति, सभ्यता

تمر ہندی (स्त्री.)तमरे-हिंदी
1. इमली 2. इमली का पेड़

تمسخر (पु.)तमस्ख़ुर
उपहास, हँसी ठट्ठा, खिल्ली

تمسک (पु.)तमस्सुक
1. ऋणपत्र, क़र्ज़नामा 2. (वाणि.) प्रतिभूति

تمغا (पु.)तमग़ा
पदक

تمکنت (स्त्री.)तमकनत
1. वैभव 2. भव्यता 3. प्रताप

تمکین (स्त्री.)तमकीन
1. प्रतिष्ठा, सम्मान 2. शान, वैभव 3. गंभीरता

تمنا (स्त्री.)तमन्ना
1. इच्छा, आरज़ू 2. अभिलाषा, आकांक्षा 3. कामना, लालसा

تمنائی (वि.)तमन्नाई
1. इच्छुक 2. अभिलाषी, आकांक्षी

تموج (पु.)तमव्वुज
1. ऊँची लहरें, थपेड़े 2. हिल्लोल

تمول (पु.)तमव्वुल
धनाढ्यता, समृद्धि, धनसंपन्नता

تمہید (स्त्री.)तम्हीद
1. भूमिका 2. प्रस्तावना

تمہیدی (वि.)तम्हीदी
1. प्रारंभिक 2. भूमिका संबंधी, परिचायक

تمیز (स्त्री.)तमीज़
1. परख, विवेक 2. संस्कार, शिष्टाचार, शील 3. अंतर, भेद 4. (भा.) क्रियाविशेषण

تمیز موصولی (स्त्री.)तमीज़े-मौसूली
(भा.) संबंधवाचक सर्वनाम

تمیزی (वि.)तमीज़ी
(भा.) क्रियाविशेषणात्मक

تمیزی فقرہ (पु.)तमीज़ी फ़िक़रा
(भा.) क्रियाविशेषण पदबंध

تن (पु.)तन
1. देह, शरीर, काया 2. पिंड

تن آساں (वि.)तन आसाँ
आलसी, आरामतलब, निकम्मा

تن آسانی (स्त्री.)तन आसानी
आलस्य, निकम्मापन

تن پرست (वि.)तन परस्त
1. तन पोषक 2. स्वार्थी

تن پرستی (स्त्री.)तन परस्ती
1. तन पोषण 2. स्वार्थ

تکلف (पु.)तकल्लुफ़
1. औपचारिकता, शालीनता 2. दिखावा, दिखावट 3. संकोच

تکلفاً (क्रि.वि.)तकल्लुफ़न
औपचारिकतावश

تکلم (पु.)तकल्लुम
वार्तालाप, बात-चीत

تکلیف (स्त्री.)तकलीफ़
1. दुःख, कष्ट 2. पीड़ा, रोग
3. आपत्ति, मुसीबत

تکلیف دہ (वि.)तकलीफ़देह
दुखदायी, कष्टकारक, दुखप्रद

تکملہ (पु.)तक्मिला
(प्रशा.) परिशिष्ट

تکملہ زاویے (पु.)तक्मिला ज़ाविये
(ग.) विधि

تکمہ (पु.)तुक्मा
घुंडी, कपड़े का बटन

تکمیل (स्त्री.)तक्मील
1. समापन 2. समाप्ति

تکوین (स्त्री.)तकवीन
सृजन, अस्तित्व (में आना)

تکوینیات (स्त्री.)तकवीनियात
1. (भौ.) खगोल शास्त्र 2. (दर्श.) मीमांसा

تکیہ (पु.)तकिया
1. सिरहाने रखने का तकिया 2. भरोसा, आश्रय
3. सूफ़ी-संतों का स्थान, मठ 4. क़ब्रिस्तान

تکیہ کلام (पु.)तकिया कलाम
बात-चीत में ज़बान पर चढ़ा हुआ शब्द या वाक्यांश, अनुपूरक

تگ و تاز (स्त्री.) तगो-ताज़
दे. 'تگ و دو'

تگ و دو (स्त्री.)तगो-दौ
1. दौड़-धूप 2. प्रयत्न, प्रयास, कोशिश

تلاش (स्त्री.)तलाश
1. खोज 2. अन्वेषण

تلاشی (स्त्री.)तलाशी
1. खोजबीन 2. ढूँढ

تلاطم (स्त्री.)तलातुम
1. लहर, तरंग, मौज 2. पानी के थपेड़े

تلافی (स्त्री.)तलाफ़ी
1. क्षतिपूर्ति, भरपाई 2. हरजाना

تلافی عمل (स्त्री.)तलाफ़ी अमल
(वाणि.) प्रतिपूरक क्रिया, क्षतिपूरक क्रिया

تلافی کار (पु.)तलाफ़ी कार
(भौ.) प्रतिकारित्र

تلامذہ (पु.)तलामिज़ा
'تلمیذ' का बहु.

تلاوت (स्त्री.)तिलावत
1. पाठ, वाचन 2. क़ुरआन शरीफ़ का पठन, पाठ

تلخ (वि.)तल्ख़
1. कड़वा, कटु 2. तीखा

تلخ زبان (वि.)तल्ख़ ज़बान
कटुभाषी

تلخ گو (वि.)तल्ख़ गो
कटुभाषी, कड़वी बातें करने वाला

تلخی (स्त्री.)तल्ख़ी
1. कड़वाहट, तीखापन, कटुता 2. वैर

تلخیص (स्त्री.)तल्ख़ीस
सारांश, संक्षेपण, ख़ुलासा

تلذذ (पु.)तलज़्ज़ुज़
मज़ा, आनन्द

تلف (वि.)तलफ़
नष्ट, बर्बाद

تلفظ (पु.)तलफ़्फ़ुज़
(भा.) उच्चारण

تلقین (स्त्री.)तल्क़ीन
उपदेश, सीख

تلمذ (पु.)तलम्मुज़
शिष्यता, शागिर्दी

تلمیح (स्त्री.)तल्मीह
1. साहित्य में किसी प्रसिद्ध अंतर्कथा की ओर इशारा करना 2. संकेत

تلمیذ (पु.)तिल्मीज़
शिष्य, चेला, शागिर्द

تلون (पु.)तलव्वुन
1. अस्थिरता 2. रंग बिरंगापन 3. चंचलता

تلون مزاج (वि.)तलव्वुन मिज़ाज
अस्थिरचित्त

تماثل (पु.)तमासुल
(भौ.) 1. सर्वांगसमता 2. द्विप्राचलरेखा-कुल 3. समशेषता

تقریباتی پریڈ (स्त्री.)तक़रीरीबाती परेड
(प्रशा.) समारोह परेड
تقریباً (क्रि.वि.)तक़रीबन
लगभग, क़रीब-क़रीब, अनुमानतः
تقریر (स्त्री.)तक़रीर
1. भाषण 2. वार्ता, वार्तालाप
تقریظ (स्त्री.)तक़रीज़
प्रशंसात्मक प्रस्तावना (पुस्तक)
تقسیم (स्त्री.)तक़सीम
1. वितरण 2. (ग.) विभाजन, भाग 3. वंटन
تقسیم کار (वि.)तक़सीम कार
वितरक
تقسیم کثافت (स्त्री.)तक़सीमे-कसाफ़त
(भौ.) बंटन-घनत्व
تقسیم ملک (स्त्री.)तक़सीमे-मुल्क
देश का बँटवारा, देश-विभाजन
تقسیم وطن (स्त्री.)तक़सीमे-वतन
देश का बँटवारा, देश-विभाजन
تقسیمی (वि.)तक़सीमी
(भौ.) बंटनात्मक
تقصیر (स्त्री.)तक़सीर
1. कमी, न्यूनता 2. त्रुटी 3. पाप, गुनाह, दोष
تقصیروار (वि.)तक़सीर वार
दोषी, अपराधी, गुनाहगार
تقطیر (स्त्री.)तक़तीर
(रसा.) निस्यंदन
تقطیری حوض (पु.)तक़तीरी हौज़
(रसा.) निस्यंदन-स्तर
تقطیع (स्त्री.)तक़ती
1. टुकड़-टुकड़े करना, अलग-अलग 2. छंद में मात्रा की गणना 3. उर्दू अक्षरों का लेखन-शिक्षण 4. (प्राणि.) विलगन
تقلیب (स्त्री.)तक़लीब
1. (भा.) प्रतिलोम क्रम, क्रम-विपर्यय
2. विपर्यय
تقلیبی قدر (स्त्री.)तक़लीबी क़द्र
(अर्थ.) रूपांतरित मूल्य, परिवर्तित मूल्य
تقلید (स्त्री.)तक़लीद
अनुसरण, अनुकरण
تقویٰ (पु.)तक़्वा
1. इंद्रियनिग्रह, आत्मसंयम 2. धर्मभीरुता

تقویت (स्त्री.)तक़्वियत
1. सांत्वना, ढाढ़स, तसल्ली 2. बल, शक्ति
تقویم (स्त्री.)तक़्वीम
पंचाँग, जंतरी, तिथिपत्र
تقیہ (पु.)तक़य्या
जान-माल को ख़तरा होने पर अपने धर्म को छुपाना अथवा छुपाए रखना
تکالیف (स्त्री.)तकालीफ़
"تکلیف" का बहु.
تکان (सत्री.)तकान
थकन, थकावट
تکبر (स्त्री.)तकब्बुर
अहंकार, घमंड
تکبیر (स्त्री.)तकबीर
1. 'اللہ اکبر' कहना, जिसका अर्थ है : 'अल्लाह सबसे बड़ा है' 2. (भौ.) आवर्धन
تکبیرکار (वि.)तकबीर कार
(भौ.) आवर्धक
تکبیری (वि.)तकबीरी
(भौ.) आवर्धक
تکبیری طاقت (स्त्री.)तकबीरी ताक़त
(भौ.) आवर्धन क्षमता
تکثیر (स्त्री.)तक्सीर
1. प्रचुरता, अधिकता 2. बहुलता
تکثیر پسند (वि.)तक्सीर पसंद
(ना.) बहुवादी
تکثیف (स्त्री.)तक्सीफ़
(रसा.) संघनन
تکدر (पु.)तकद्दुर
खिन्नता, मनोमलिनता
تکذیب (स्त्री.)तक्ज़ीब
झुठलाना
تکرار (स्त्री.)तकरार
1. पुनरावृत्ति 2. वाद-विवाद, झगड़ा
تکریم (स्त्री.)तकरीम
1. मान सम्मान 2. आदर-सत्कार, आव-भगत
تکسیر (स्त्री.)तक्सीर
1. तोड़ना, टुकड़े करना (भौ.) 2. विघटन
3. कणीकरण
تکسیرکار (पु.)तक्सीर कार
(भौ.) विघटन कारक

**تفرقہ پردازی** (स्त्री.)तफ़रिक़ा परदाज़ी
दे. 'تفرقہ اندازی'

**تفریح** (स्त्री.)तफ़रीह
1. मनोरंजन 2. क्रीड़ा, कौतुक, खेल 3. तमाशा

**تفریح گاہ** (स्त्री.)तफ़रीहगाह
मनोरंज गृह, विनोदस्थल, क्रीड़ा-क्षेत्र

**تفریحاً** (क्रि.वि.)तफ़रीहन
मनोरंजनार्थ

**تفریحی** (वि.)तफ़रीही
1. मनोरंजक 2. मनोरंजनात्मक

**تفریط زر** (स्त्री.)तफ़रीते-ज़र
(वाणि.) मुद्रा विस्फीति

**تفریق** (स्त्री.)तफ़रीक़
1. अलगाव, पृथकता 2. अंतर, भेद
3. (ग.) घटाव, व्यकलन

**تفسیر** (स्त्री.)तफ़्सीर
1. व्याख्या, वर्णन 2. धर्मग्रंथ की व्याख्या,
भाष्य टीका

**تفسیر کار** (पु.)तफ़्सीर कार
(भौ.) निर्वाचित्र, इंटरप्रेटर

**تفصیل** (स्त्री.)तफ़्सील
1. ब्योरा, विवरण 2. विस्तृत वर्णन

**تفصیلاً** (क्रि.वि.)तफ़्सीलन
विस्तारपूर्वक

**تفصیلی فہرست** (स्त्री.)तफ़्सीली फ़िहरिस्त
(प्रशा.) 1. सूची 2. सूचीपत्र

**تفضیل** (स्त्री.)तफ़ज़ील
1. प्राथमिकता 2. प्रधानता 3. वरीयता

**تفضیلی** (वि.)तफ़ज़ीली
(भा.) तुलनात्मक

**تفکر** (पु.)तफ़क्कुर
1. चिंतन, सोच विचार 2. चिन्ता, शंका

**تفکرات** (पु.)तफ़क्कुरात
'تفکر' का बहु.

**تفنگ** (स्त्री.)तुफ़ंग
बंदूक

**تفنگ انداز** (वि.)तुफ़ंग अंदाज़
बंदूकची

**تفنگچی** (वि.)तुफ़ंगची
बंदूकची

**تفنن** (पु.)तफ़न्नुन
विनोद, मनोरंजन, तफ़रीह

**تفننِ طبع** (पु.)तफ़न्नुने-तबा
मनोरंजन, आमोद-प्रमोद, मनोविनोद

**تفوق** (पु.)तफ़व्वुक़
1. श्रेष्ठता संप्रभुता 2. प्रधानता 3. वरीयता

**تفویض** (स्त्री.)तफ़्वीज़
1. सुपुर्दगी, हस्तांतरण 2. (प्रशा.) आवंटन

**تفویض فنڈ** (पु.)तफ़्वीज़ फ़ंड
(प्रशा.) आवंटन राशि

**تفہیم** (स्त्री.)तफ़्हीम
1. समझ 2. बोध

**تقابل** (पु.)तक़ाबुल
1. तुलना 2. संमुखता 3. (ग.) संगत

**تقابلی** (वि.)तक़ाबुली
(भा.) तुलनात्मक

**تقاضا** (पु.)तक़ाज़ा
1. चाह, माँग, तगादा 2. इच्छा
3. आवश्यकता 4. अनुरोध

**تقدس** (पु.)तक़द्दुस
पवित्रता, शुद्धता

**تقدم** (पु.)तक़द्दुम
1. वरीयता 2. प्राथमिकता 3. प्राधानता

**تقدیر** (स्त्री.)तक़्दीर
भाग्य, क़िस्मत

**تقدیر آزمائی** (स्त्री.)तक़्दीर आज़माई
प्रयत्न, प्रयास, संघर्ष

**تقدیس** (स्त्री.)तक़दीस
पवित्रता, शुद्धता

**تقدیم** (स्त्री.)तक़दीम
1. प्राथमिकता, वरीयता 2. प्रस्तुति

**تقرب** (पु.)तक़र्रुब
समीपता, निकटता, नज़दीकी

**تقربی التزام** (पु.)तक़र्रुबी इलतिज़ाम
(मनो.) सन्निकट अनुकूलन

**تقرر** (पु.)तक़र्रुर
(प्रशा.) नियुक्ति

**تقریب** (स्त्री.)तक़रीब
1. उत्सव 2. पर्व 3. समारोह

**تقریبات** (स्त्री.)तक़रीबात
'تقریب' का बहु.

تعلیقہ (पु.)ता'लीक़ा
ज़ब्ती, कुर्की

تعلیقیہ (पु.)ता'लीक़ीया
(भा.) प्रत्यय

تعلیم (स्त्री.)ता'लीम
1. शिक्षा 2. शिक्षण

تعلیم بالغان (स्त्री.)ता'लीमे-बालिग़ान
(राज.) प्रौढ़ शिक्षा

تعلیم جدید (स्त्री.)ता'लीमे-जदीद
आधुनिक शिक्षा

تعلیم گاہ (स्त्री.)ता'लीमगाह
पाठशाला, मदरसा

تعلیم نسواں (स्त्री.)ता'लीमे-निस्वाँ
नारी शिक्षा, स्त्री-शिक्षा

تعلیم یافتہ (वि.)ता'लीम याफ़्ता
शिक्षित, पढ़ा लिखा

تعلیمی ادارہ (पु.)ता'लीमी इदारा
शिक्षा-संस्थान

تعمیر (स्त्री.)ता'मीर
1. निर्माण, रचना 2. वास्तु-क्रिया

تعمیر قوم (स्त्री.)ता'मीरे-क़ौम
राष्ट्र-निर्माण

تعمیر ملک (स्त्री.)ता'मीरे-मुल्क
देश-निर्माण

تعمیری (वि.)ता'मीरी
रचनात्मक

تعمیل (स्त्री.)ता'मील
आज्ञा पालन, निष्पादन

تعمیل حکم (स्त्री.)ता'मीले-हुक्म
आज्ञा-पालन

تعمیم (स्त्री.)ता'मीम
(मनो.) सामान्यीकरण

تعویذ (पु.)ता'वीज़
1. ता'वीज़, गंडा 2. क़ब्र पर बना हुआ ईंट या पत्थर का निशान

تعیش (पु.)तअय्युश
विलास

تعین (स्त्री.)तअय्युन
1. निर्धारण 2. निश्चय 3. नियुक्ति

تعین درجہ (آلات) (पु.)तअय्युने-दरजा (आलात)
(मनो.) अंशशोधन, अंशांकन

تعین قیمت (स्त्री.)तअय्युने-क़ीमत
(वाणि.) मूल्य निर्धारण

تعیناتی (स्त्री.)ताइनाती
नियुक्ति, तैनाती

تغار (पु.)तग़ार
1. बड़ा तसला 2. तगाड़ा, तगार

تغافل (पु.)तग़ाफ़ुल
उपेक्षा, लापरवाही, अनदेखी

تغافل پسند (वि.)तग़ाफ़ुल पसंद
जानबूझ कर अनदेखी करने वाला, लापरवाह

تغیر (पु.)तग़य्युर
परिवर्तन, बदलाव

تغیر پسند (वि.)तग़य्युर पसंद
जो परिवर्तन को पसंद करता हो, परिवर्तन प्रिय

تغیرات (पु.)तग़य्युरात
'تغیر' का बहु.

تف (वर्ण)तुफ़
धिक्कार, थूथू

تفاعل (पु.)तफ़ाउ़ल
प्रकार्य

تفاعلی ترکیز (स्त्री.)तफ़ाउ़ली तर्कीज़
(मनो.) कार्यात्मक स्थिरता

تفاعلیت (स्त्री.)तफ़ाउ़लियत
(मनो.) प्रकार्यवाद, कार्यवाद

تفاوت (स्त्री.)तफ़ावुत
1. अन्तर 2. दूरी, भेद

تفتیش (स्त्री.)तफ़्तीश
पूछ-ताछ, छान-बीन, जाँच-पड़ताल

تفرق (पु.)तफ़र्रुक़
अलगाव, पृथकता

تفرقات (पु.)तफ़र्रुक़ात
(ग.) विचरण

تفرقہ (पु.)तफ़्रिक़ा
1. फूट, परस्पर विरोध 2. पृथकता, जुदाई, अलगाव

تفرقہ انداز (वि.)तफ़्रिक़ा अंदाज़
फूट डालने वाला, अलगाववादी

تفرقہ اندازی (स्त्री.)तफ़्रिक़ा अंदाज़ी
फूट डालना, अलगाव वाद

تفرقہ پرداز (वि.)तफ़्रिक़ा परदाज़
दे. 'تفرقہ انداز'

**تعجب** (पु.)तअज्जुब
आश्चर्य, विस्मय, अचंभा

**تعجب خیز** (वि.)तअज्जुब ख़ेज़
आश्चर्यजनक, विस्मय कारक

**تعداد** (स्त्री.)तादाद
संख्या, गिनती

**تعددی ترتیب** (स्त्री.)तअद्दुदी तरतीब
(ग.) बारंबारता-बंटन

**تعددی جدول** (स्त्री.)तअद्दुदी जदवल
(ग.) बारंबारता सारणी

**تعدیل** (स्त्री.)तादील
(भौ.) उदासीनता

**تعدیل کار** (वि.)तादील कार
(भौ.) नियामक, नियंत्रक

**تعدیہ** (पु.)तादिया
अकर्मक क्रिया को सकर्मक बनाना

**تعریف** (स्त्री.)तारीफ़
1. परिचय 2. प्रशंसा, श्लाघा 3. परिभाषा

**تعریفی** (वि.)तारीफ़ी
प्रशंसात्मक

**تعزیت** (स्त्री.)ताज़ियत
शोक प्रकट करना, पुरसा

**تعزیت خانہ** (पु.)ताज़ियत ख़ाना
शोक-गृह, मातम घर

**تعزیت نامہ** (पु.)ताज़ियत नामा
शोक-पत्र

**تعزیر** (स्त्री.)ताज़ीर
सज़ा, दंड

**تعزیرات** (स्त्री.)ताज़ीरात
1. 'تعزیر' का बहु. 2. दंड-संहिता

**تعزیرات ہند** (स्त्री.)ताज़ीराते-हिन्द
(राज., प्रशा.) भारतीय दंड संहिता

**تعزیری** (वि.)ताज़ीरी
(प्रशा.) दंडात्मक, दंड संबंधी

**تعزیری ہرجانہ** (पु.)ताज़ीरी हरजाना
(राज.) दंडात्मक हर्जाना, दंडात्मक क्षतिपूर्ति

**تعزیہ** (पु.)ताज़िया
हज़रत इमाम हुसैन के रौज़े की नक़्ल जिसका जुलूस मुहर्रम में उठता है

**تعزیہ دار** (वि.)ताज़ियादार
ताज़िया बनाने और उठाने वाला

**تعزیہ داری** (स्त्री.)ताज़ियादारी
ताज़िया बनाने, उठाने और मातम इत्यादि का आयोजन

**تعصب** (पु.)तअस्सुब
1. पूर्वाग्रह 2. पक्षपात
3. (मनो.) धर्मांधता, मताग्रह

**تعطل** (पु.)तअत्तुल
1. गतिरोध 2. विलम्ब

**تعطیل** (स्त्री.)तातील
अवकाश, छुट्टी

**تعظیم** (स्त्री.)ताज़ीम
1. आदर, सम्मान 2. सत्कार

**تعفن** (पु.)तअफ़्फ़ुन
सड़ाँध, दुर्गंध

**تعقل** (पु.)तअक़्क़ुल
बुद्धिमानी, बुद्धिमत्ता

**تعقید** (स्त्री.)ताक़ीद
1. जटिल भाषा का प्रयोग 2. लपेट, गाँठ, बल

**تعقید لفظی** (स्त्री.)ताक़ीदे-लफ़्ज़ी
1. किसी वाक्य या शे'र में शब्दों का ऐसा उलट-फेर जिससे अर्थ बदल जाए, शाब्दिक जटिलता 2. (भा.) शब्द-आक्रमता

**تعقید معنوی** (स्त्री.)ताक़ीदे-मानवी
(भा.) किसी वाक्य या शे'र में किसी शब्द का ऐसा अर्थ लेना जो उसके साधारण अर्थ के विपरीत हो, अर्थसंबंधी जटिलता

**تعلق** (पु.)तअल्लुक़
1. संबंध, संपर्क 2. लगाव

**تعلق خاطر** (पु.)तअल्लुक़े-ख़ातिर
1. दिली लगाव, चित्तासंग 2. प्रेम, स्नेह

**تعلقات** (पु.)तअल्लुक़ात
'تعلق' का बहु.

**تعلقہ** (पु.)तअल्लुक़ा
1. भू-संपत्ति 2. क्षेत्र, इलाक़ा 3. बड़ी ज़मींदारी 4. सरकार की ओर से किसी को पुरस्कार में मिला भू-क्षेत्र

**تعلقہ دار** (वि.)तअल्लुक़ा दार
1. बड़ा ज़मींदार 2. तअल्लुक़ादार जिसे पुरस्कार में भू-संपत्ति मिली हो

**تعلی** (स्त्री.)तअल्ली
1. डींग, बढ़ा-चढ़ाकर वर्णन 2. आत्म प्रशंसा

تصریف (स्त्री.)तस्रीफ़
(भा.) नामरूप, संज्ञारूप, विभक्तिरूप, शब्दरूप

تصعید (स्त्री.)तसईद
(रसा.) उर्ध्वपातन

تصغیر (स्त्री.)तसग़ीर
1. लघुकरण 2. संक्षिप्तिकरण

تصغیری (वि.)तसग़ीरी
1. (भा.) लघुतावाची 2. अल्पार्थक

تصفیہ (पु.)तस्फ़िया
1. समझौता 2. निपटारा, चुकौती

تصفیہ ثالثی (पु.)तस्फ़िए सालिसी
(प्रशा.) पंचाट, अधिनिर्णय

تصفیہ طلب (वि.)तस्फ़िया तलब
विचाराधीन

تصنع (पु.)तसन्नो
1. बनावट 2. आडंबर, दिखावा

تصنیف (स्त्री.)तस्नीफ़
1. रचना 2. लेखन

تصنیفات (स्त्री.)तसनीफ़ात
'تصنیف' का बहु.

تصور (पु.)तसव्वुर
1. कल्पना 2. ध्यान, विचार

تصوراتی (वि.)तसव्वुराती
काल्पनिक

تصوری لغت (पु.)तसव्वुरी लुग़त
(भा.) संकल्पनानुसारी कोश, वृतांतकोश

تصوریت (स्त्री.)तसव्वुरियत
(दर्श.) प्रत्ययवाद

تصوف (पु.)तसव्वुफ़
1. सूफ़ीवाद 2. प्रेममार्ग 3. भक्ति

تصویر (स्त्री.)तस्वीर
1. चित्र 2. फ़ोटो

تصویر خانہ (पु.)तस्वीर ख़ाना
चित्रशाला

تصویر خیالی (स्त्री.)तस्वीरे ख़याली
काल्पनिक चित्र

تصویر عکسی (स्त्री.)तस्वीरे अक्सी
फ़ोटो, छायाचित्र

تصویر کشی (स्त्री.)तस्वीर कशी
1. चित्रण, चित्रांकण 2. छायाकण

تصویر گلی (स्त्री.)तस्वीरे गिली
मिट्टी की मूर्ति

تصویر نیم رخ (स्त्री.)तस्वीरे-नीमरुख़
पार्श्व चित्र, एकरुख़ी तसवीर

تصویری رسم خط (पु.)तस्वीरी रस्मे ख़त
(इति.) चित्रलिपि

تضاد (पु.)तज़ाद
1. अंतर्विरोध, विरोधाभास 2. विलोमता, विपरीतता 3. प्रतिकूलता 4. (भा.) सर्व असत्य 5. व्याघात 6. व्याघातक निषेध

تضحیک (स्त्री.)तज़्हीक
1. उपहास 2. अपमान, बेइज़्ज़ती

تضمین (स्त्री.)तज़मीन
किसी शाइर के एक या दो मिसरों पर मिसरे या बंद लगाना

تضیع اوقات (स्त्री.)तज़ईए-औक़ात
समय की व्यर्थ बर्बादी

تطابق (पु.)तताबुक़
1. समानता, समरूपता 2. समदृश्यता, समतुल्यता 3. (मनो.) अनुकूलन

تطابق پذیری (स्त्री.)तताबुक़ पज़ीरी
(मनो.) अनुकूलनशीलता

تطابق پیما (पु.)तताबुक़ पैमा
(मनो.) अनुकूलनमापी

تطبیق (स्त्री.)तत्बीक़
(प्रशा.) समायोजन

تطبیقی طریقہ کار (पु.)तत्बीक़ी तरीक़ए कार
(मनो.) अनुकूली प्रक्रिया

تطویل (स्त्री.)तत्वील
(भौ.) 1. दीर्घीकरण 2. दैर्घ्यवृद्धि 3. प्रसर कोण

تعارف (पु.)तआरुफ़
1. परिचय, जान-पहचान 2. प्रस्तावना

تعاقب (पु.)तआक़ुब
पीछा, पीछा करना

تعالی (वि.)तआला
श्रेष्ठ, महान

تعاون (पु.)तआवुन
सहयोग, योगदान, मदद

تعبیر (स्त्री.)ताबीर
1. स्वप्नफल, स्वप्न व्याख्या 2. वर्णन, व्याख्या

ثابت اعداد (पु.)साबित आदाद
(ग.) पूर्णांकित
ثابت قدم (वि.)साबित क़दम
1. दृढ़निश्चय, दृढ़प्रतिज्ञ 2. अटल, अडिग, दृढ़
ثابت قدمی (स्त्री.)साबित क़दमी
दृढ़ता
ثاقب (वि.)साक़िब
चमकीला, चमकदार, दीप्तिमान
ثالث (पु.)सालिस
1. बिचौलिया 2. दलाल 3. (प्रशा.) विवाचक, मध्यस्थ 4. पंच 5. तीसरा 6. त्रिपदी
ثالث نامہ (पु.)सालिस नामा
पंचों का निर्णय
ثالثی (पु.)सालिसी
1. (प्रशा.) सालिसी विवाचन, माध्यस्थम 2. (स्त्री.) मध्यस्थता, पंचायत
ثانوی (वि.)सानवी
1. द्वितीय, माध्यमिक 2. (भा.) द्वितीयक
ثانوی زبان (स्त्री.)सानवी ज़बान
(भा.) द्वितीय भाषा
ثانوی صنعتیں (स्त्री.)सानवी सनअतें
(अर्थ.) द्वितीयक उद्योग
ثانوی عامل (पु.)सानवी आमिल
(वाणि.) गौण कारक
ثانی (वि.)सानी
1. द्वितीय, दूसरा 2. तुल्य, समान
ثانیاً (क्रि.वि.)सानियन
दुबारा, पुनः, फिर
ثانیہ (पु.)सानिया
सेकंड, पल
ثبات (पु.)सबात
1. स्थिरता, दृढ़ता 2. चिरस्थायित्व, अचलता
ثبات رائے (पु.)सबाते-राय
राय और विचार की सुदृढ़ता
ثبات عقل (पु.)सबाते-अक़्ल
बुद्धि की स्थिरता और परिपक्वता
ثباتی (वि.)सबाती
(भौ.) संगत, अविरोधी
ثباتی نظام (पु.)सबाती निज़ाम
(भौ.) अविरोधी निकाय
ثبت (वि.)सब्त
1. अंकित 2. लिखित

ثبوت (वि.)सुबूत
1. प्रमाण 2. तर्क
ثروت (स्त्री.)सरवत
1. धनाढ्यता, दौलतमंदी 2. अधिकार
ثریا (पु.)सुरय्या
1. कृत्तिका, सत्ताईस नक्षत्रों में से तीसरा नक्षत्र 2. सप्तर्षि के एक तारे का नाम
ثقافت (स्त्री.)सक़ाफ़त
संस्कृति
ثقافتی سنگم (पु.)सक़ाफ़ती संगम
(समा.) परसंस्कृतिग्रहण, सांस्कृतिक समन्वय
ثقالت (स्त्री.)सक़ालत
1. गुरुता 2. भारीपन 3. गूढ़ता
ثقیل (वि.)सक़ील
1. देर से पचने वाला 2. भारी, बोझिल, वज़नी
ثلاثی (वि.)सुलासी
1. तिगुना 2. तीन अक्षरों वाला (शब्द) 3. त्रिवेणी, त्रिपदी
ثلث (वि.)सुल्स
तिहाई, तीसरा हिस्सा
ثمر (पु.)समर
1. फल, मेवा 2. पैदावार, उपज 3. परिणाम, प्रतिफल, नतीजा
ثمر بردار (वि.)समर बरदार
(वन.) फलधर
ثمر خور (वि.)समर ख़ोर
(वन., प्राणि.) फलाहारी
ثمرات (पु.)समरात
'ثمرہ' का बहु.
ثمرہ (पु.)समरा
प्रतिफल, नतीजा, परिणाम
ثمریات (स्त्री.)समरियात
(वन.) फलरचना विज्ञान, वनस्पति विज्ञान
ثنا (स्त्री.)सना
1. स्तुति 2. वंदना
ثنا خوانی (स्त्री.)सनाख़्वानी
वंदना अथवा अर्चना करना
ثنویت (स्त्री.)संवियत
1. द्वैतवाद 2. द्वैत

ثنیہ (स्त्री.)सनीया
मवेशी, आदमी के सामने के दो दाँत

ثواب (पु.)सवाब
1. पुण्य 2. पुण्य कार्यों का प्रतिफल

ثوابت (पु.)सवाबित
वे तारे जो गतिशील न हों, स्थिर तारे, ग्रह

ثوابت سیار (पु.)सवाबित-सैय्यार
अचल तारे

ثور (पु.)सौर
वृषभ, बैल, साँड

# ج

جا (स्त्री.)जा
1. जगह, स्थान 2. अवसर, मौक़ा

جابجا (क्रि.वि.)जा-ब-जा
जगह-जगह, हर जगह, जहाँ-तहाँ

جابر (वि.)जाबिर
अत्याचारी, ज़बरदस्ती करने वाला

جاجم (स्त्री.)जाजम
छापेदार सूती मोटा बिछावन, जाजम

جادو (पु.)जादू
जादू

جادوگر (पु.)जादूगर
1. जादू दिखाने वाला 2. सम्मोहित करने वाला

جادوگری (स्त्री.)जादूगरी
जादू का काम, जादूगरी

جادو نظر (वि.)जादू नज़र
जादुई आँखों वाला,*सम्मोहनकारी दृष्टि

جادو نگاہ (वि.)जादू निगाह
दे. 'جادو نظر'

جادہ (पु.)जादा
1. पथ, मार्ग, रास्ता 2. ढंग, रीति-रवाज 3. बेटा, पुत्र

جادہ پیما (वि.)जादा पैमा
पथिक, राहगीर

جاذب (वि.)जाज़िब
1. (रसा.) अवशोषक, अवचूषक 2. प्रचूषक, आकर्षक, सोखने वाला, आत्मसात् करने वाला

جاذب توجہ (वि.)जाज़िबे-तवज्जोह
चित्ताकर्षक

جاذب حرارت (वि.)जाज़िबे-हरारत
(रसा.) ऊष्मा अवशोषी

جاذب نظر (वि.)जाज़िबे-नज़र
दृष्ट्याकर्षक, आकर्षित करने वाली चीज़

جاذب نگاہ (वि.)जाज़िबे-निगाह
दे. 'جاذب نظر'

جاذبہ (स्त्री.)जाज़िबा
आकर्षण-शक्ति, मनमोहनी

جاذبیت (स्त्री.)जाज़्बियत
1. आकर्षण, कशिश 2. (भौ.) अवशोषण

جاذبیت جذر (पु.)जाज़्बियत जज़्र
(भौ.) अवशोषण गुणक

جاذبیت ضریبہ (पु.)जाज़्बियत ज़रबिया
(भौ.) अवशोषण-गुणांक

جارح (वि.)जारेह
1. आक्रमणकारी, आक्रामक 2. शत्रु

جارحانہ (क्रि.वि.)जारिहाना
आक्रामक

جارحانہ وطن پرستی (स्त्री.)जारिहाना वतन परस्ती
(राज.) उग्रराष्ट्रवाद

جارحیت (स्त्री.)जारिहीयत
1. उग्रता 2. आक्रामकता

جاروب (स्त्री.)जारोब
बुहारी, झाड़ू

جاری (वि.)जारी
1. लगातार, निरंतर 2. लागू

جاریہ (स्त्री.)जारिया
1. दासी, लौंडी 2. नौका, नाव 3. निरंतरता 4. प्रवाहित जल

جاگیر (स्त्री.)जागीर
1. सम्पत्ति 2. भेंटस्वरूप मिली भू-सम्पत्ति

جاگیردار (पु.)जागीरदार
1. सामंत 2. भू-स्वामी

جاگیردارانہ (क्रि.वि.)जागीरदाराना
जागीरदारी, सामंती

جاگیرداری (स्त्री.)जागीरदारी
जागीरदार जैसा, सामंती समान

جالب (वि.)जालिब
आकर्षक, अपनी ओर खींचनेवाला

**جالی** (पु.)जाली
1. ख़ानेदार कपड़ा 2. लोहे के बारीक तारों का बना हुआ जाल 3. झिल्ली

**جام** (पु.)जाम
1. मदिरा पात्र 2. शराब का प्याला

**جام بکف** (वि.)जाम ब-कफ़
हाथ में शराब का प्याला लिये हुए

**جام جم** (पु.)जामे-जम
ईरान के प्रसिद्ध शासक जमशेद का वह प्याला जिसमें वह सारे संसार का हाल देखता था

**جام جمشید** (पु.)जामे-जमशेद
दे. 'جام جم'

**جام جہاں نما** (पु.)जामे-जहाँनुमा
दे. 'جام جم'

**جام شراب** (पु.)जामे-शराब
शराब का प्याला

**جامد** (वि.)जामिद
1. ठोस, जमा हुआ 2. जड़, अचेतन

**جامع** (वि.)जामे
1. व्यापक 2. मानक, स्तरीय

**جامع العلوم** (पुं.)जामिउल-उलूम
1. विश्वकोश, इंसाइक्लोपेडिया 2. विद्याओं का भंडार

**جامع الکمالات** (वि.)जामिउल-कमालात
जिसमें बहुत से गुण हों, बहुगुणसंपन्न

**جامع اللغات** (पुं.)जामिउल-लुग़ात
वृहत शब्दकोश, ऐसा शब्द-कोश जिसमें किसी भाषा के शब्दों का पूर्ण संग्रह हो

**جامعہ** (स्त्री.)जामिया
विश्वविद्यालय, यूनीवर्सिटी

**جامعیت** (स्त्री.)जामिईयत
1. व्यापकता 2. समग्रता

**جامہ** (पु.)जामा
वस्त्र, कपड़ा, पोशाक

**جامہ زیب** (वि.)जामाज़ेब
सुशोभित, वह व्यक्ति जिसके शरीर पर कपड़े शोभा दें

**جامہ زیبی** (स्त्री)जामाज़ेबी
शरीर पर कपड़ों का शोभा देना, शोभा प्रदता

**جامۂ احرام** (पुं.)जामए-एहराम
हज या उम्रा के समय हाजियों के द्वारा बाँधी जाने वाली चादर

**جان** (स्त्री.)जान
1. प्राणवायु 2. जीवन, ज़िंदगी 3. शक्ति, बल साहस

**جان جاناں** (पुं.)जाने-जानाँ
दे. 'جان جاں'

**جان جاں** (पुं.)जाने-जाँ
1. प्राणाधार, प्रेमी, प्रेमिका 2. ईश्वर

**جان جہاں** (पु.)जाने-जहाँ
1. विश्व का प्राण, अर्थात् ईश्वर 2. प्रेमिका, प्रेमी

**جانانہ** (वि.)जानाना
प्रेमिका से संबंधित वस्तु

**جاناں** (पु.)जानाँ
'جان' का बहु., प्रेयसी, प्रेमी, प्रिय, महबूब

**جانب** (स्त्री.)जानिब
1. दिशा, ओर 2. पक्ष

**جانب دار** (वि.)जानिबदार
पक्षपाती, तरफ़दार

**جانب داری** (स्त्री.)जानिबदारी
पक्षपात, तरफ़दारी

**جانبر** (वि.)जाँबर
जान बचा ले जाने वाला, ज़िंदा रह जाने वाला

**جانبین** (पु.)जानिबैन
दोनों पक्ष

**جاندار** (वि.)जानदार
1. सजीव, जीवधारी 2. चेतन

**جاندار جنس** (वि.)जानदार जिंस
(भा.) चेतन लिंग, सजीव, लिंग

**جانشین** (पु.)जानशीन
उत्तराधिकारी, वारिस

**جانکاہ** (वि.)जाँकाह
दुखदायी, कष्टदायी

**جانماز** (स्त्री.)जानमाज़
नमाज़ पढ़ने की दरी या चटाई

**جانور** (पु.)जानवर
पशु, चौपाया

**جانی** (वि.)जानी
1. जान संबंधी 2. घनिष्ठ

**جاں** (स्त्री.)जाँ
'جان' का लघु रूप जो यौगिक शब्दों में प्रयोग होता है जैसे- 'جان جاں'

**جاں آزار** (वि.)जाँ आज़ार
सतानेवाला, दुखदायी

**جاں آفریں** (वि.)जाँ आफ़रीँ
1. सृष्टा, रचयिता 2. ईश्वर

**جاں باز** (वि.)जाँबाज़
वीर, दिलेर, जान की बाज़ी लगाने वाला

**جاں بحق** (वि.)जाँ ब हक़
मृत्यु को प्राप्त

**جاں بخش** (वि.)जाँ बख़्श
प्राणदाता

**جاں بخشی** (स्त्री.)जाँ-बख़्शी
प्राणदान

**جاں بلب** (वि.)जाँ ब-लब
मरणासन्न

**جاں پناہ** (वि.)जाँपनाह
1. प्राण-रक्षक 2. बादशाह, राजा

**جاں سوز** (वि.)जाँ सोज़
संताप देने वाला, कष्ट देने वाला, कष्टदायक, कष्टदाई

**جاں فزا** (वि.)जाँ फ़िज़ा
1. प्राणवर्द्धक 2. आयुवर्द्धक

**جاں کنی** (स्त्री.)जाँकनी
मरणासन्न अवस्था

**جاں نثار** (वि.)जाँ निसार
प्राण न्योछावर करने वाला

**جاں نثاری** (स्त्री.)जाँ निसारी
प्राण न्योछावर करना

**جاودانی** (स्त्री.)जाविदानी
नित्यता, हमेशगी

**جاوداں** (वि.)जाविदाँ
1. नित्य, शाश्वत 2. अनश्वर, हमेशा रहनेवाला

**جاوید** (वि.)जावेद
नित्य, शाश्वत

**جاہ** (स्त्री.)जाह
प्रतिष्ठा, पद, मान

**جاہ و جلال** (पु.)जाहो-जलाल
शानो-शौकत, वैभव

**جاہ و حشم** (पु.)जाहो-हशम
दे. 'جاہ و جلال'

**جاہ و منصب** (पु.)जाहो-मंसब
पद-प्रतिष्ठा, सम्मान

**جاہل** (वि.)जाहिल
1. निरक्षर, अनपढ़ 2. अज्ञानी 3. अशिष्ट, गवाँर

**جاہل مطلق** (वि.)जाहिले-मुत्लक़
1. निपट मूर्ख 2. जड़मति, निरा गँवार

**جاہلیت** (स्त्री.)जाहिलीयत
1. निरक्षरता 2. अशिष्टता

**جائداد** (स्त्री.)जाएदाद
भू-संपत्ति, संपत्ति

**جائداد غیر مرہونہ** (स्त्री.)जाएदादे-ग़ैरमर्हूना
वह संपत्ति जो कहीं गिरवी न हो

**جائداد غیر منقولہ** (स्त्री.)जाएदादे-ग़ैर मन्क़ूला
अचल संपत्ति

**جائداد مکفولہ** (स्त्री.)जाएदादे-मक्फ़ूला
वह संपत्ति जो कहीं गिरवी हो

**جائداد منقولہ** (स्त्री.)जाएदादे-मन्क़ूला
चल संपत्ति

**جائداد موقوفہ** (स्त्री.)जाएदादे-मौक़ूफ़ा
धर्मार्थ दी गई संपत्ति

**جائز** (वि.)जाइज़
1. वैध 2. वाजिब 3. सही, उचित

**جائزہ** (पु.)जाएज़ा
1. निरीक्षण 2. परीक्षण 3. सर्वेक्षण

**جائے** (स्त्री.)जाए
जगह, स्थान

**جائے پناہ** (स्त्री.)जाए-पनाह
आश्रय स्थल, सुरक्षित स्थान, बचाव का स्थान

**جائے ضرور** (अ.)जाए-ज़ुरूर
शौचालय, टट्टी-घर

**جائے عافیت** (स्त्री.)जाए-आफ़ियत
रक्षा स्थल, शरणस्थल

**جبال** (पु.)जिबाल
'جبل' का बहु.

**جبر** (पु.)जब्र
1. अत्याचार, अन्याय, ज़ुल्म 2. हठ

**جبراً** (क्रि.वि.)जबरन
बलात, हठात, ज़बरदस्ती, बलपूर्वक

**جبر و قدر** (पु.)जब्रो-क़द्र
यह मान्यता कि ईश्वर सब कुछ करता है और मनुष्य कुछ नहीं कर सकता

**جبر و مقابلہ** (पु.)जब्रो-मुक़ाबला
बीजगणित

**جبروت** (पु.)जबरूत
1. प्रतिष्ठा, श्रेष्ठता 2. ब्रह्मलोक

**جبری قوت** (स्त्री.)जब्री कूव्वत
(भौ.) निग्रह बल

**جبریت** (स्त्री.)जब्रियत
(भौ.) निग्राहिता

**جبل** (पु.)जबल
पर्वत, पहाड़

**جبل الطارق** (पु.)जबलुत्तारिक़
जिब्राल्टर पर्वत

**جبلت** (स्त्री.)जिबिल्लत
प्रवृत्ति, प्रकृति, स्वभाव

**جبلت غول پسندی** (स्त्री.)जिबिल्लते-ग़ौल पसंदी
(मनो.) यूथप्रवृत्ति

**جبلی** (वि.)जिबिल्ली
प्राकृतिक, स्वाभाविक

**جبلی امتزاج** (पु.)जिबिल्ली इम्तिज़ाज
(मनो.) मूलप्रवृत्तिक संगलन

**جبہ** (पु.)जुब्बा
लंबा अंगरखा, चोग़ा

**جبہ پوش** (वि.)जुब्बा पोश
जुब्बा पहनने वाला, चोग़ाधारी

**جبہہ** (स्त्री.)जबहा
1. ललाट, भाल 2. माथा, मस्तक

**جبہہ سائی** (स्त्री.)जबहा साई
चिरौरी, प्रार्थना, विनती

**جبین** (स्त्री.)जबीन
दे. 'جبیں'

**جبیں** (स्त्री.)जबीं
माथा, ललाट, भाल, पेशानी

**جبیں سائی** (स्त्री.)जबीं साई
1. माथा रगड़ना, बहुत ही झुककर सलाम करना 2. दीनता और नम्रता का प्रदर्शन

**جبیں فرسا** (वि.)जबीं फ़र्सा
1. माथा रगड़ने वाला, ज़मीन पर माथा टेककर सलाम करने वाला 2. अति दीनता प्रकट करने वाला

**جثہ** (पु.)जुस्सा
देह, शरीर

**جد** (पु.)जद
दादा, पितामह

**جد اعلیٰ** (पु.)जद्दे-आला
मूल पुरुष, वंश प्रवर्तक, जिससे ख़ानदान चला हो

**جد امجد** (पु.)जद्दे-अम्जद
दादा, पितामह

**جد و جہد** (स्त्री.)जिद्दो-जहद
अनथक प्रयास, भरसक प्रयत्न

**جدا** (वि.)जुदा
1. पृथक, भिन्न, अलग 2. अनोखा निराला

**جداگانہ** (वि.)जुदागाना
अलग, पृथक, भिन्न

**جدال** (स्त्री.)जिदाल
युद्ध, लड़ाई

**جدال وقتال** (स्त्री.)जिदालो-क़ताल
मार-काट, रक्तपात

**جدائی** (स्त्री.)जुदाई
1. अलगाव 2. वियोग, विरह

**جدت** (स्त्री.)जिद्दत
नूतनता, नवीनता

**جدت آمیز** (वि.)जिद्दत आमेज़
वह बात जिसमें नयापन हो, अधुनातन

**جدت پسند** (वि.)जिद्दत पसंद
नवीनता प्रिय

**جدت پسندی** (स्त्री.)जिद्दत पसंदी
नवीनता प्रेम

**جدت طراز** (वि.)जिद्दत तराज़
नयी-नयी बातें निकालने वाला, नवीनता प्रिय

**جدت طرازی** (स्त्री.)जिद्दत तराज़ी
नवीन प्रस्तुति करने वाला

**جدوار** (स्त्री.)जद्वार
निर्विषी, एक घास की जड़ जिसका व्यवहार विभिन्न विषों का नाश करने के लिए होता है

**جدول** (स्त्री.)जदवल
1. नहर 2. हाशिया की लकीर 3. सारिणी 4. (वाणि.) कार्यक्रम 5. अनुसूची

**جدول سازی** (स्त्री.)जद्वल साज़ी
(अर्थ.) सारणीकरण

**جدہ** (स्त्री.)जद्दा
1. दादी, पितामही 2. नानी, मातामही

**جدی** (वि.)जद्दी
मौरूसी, बाप-दादा की, पैतृक

**جدید** (स्त्री.)जदीद
आधुनिक, नवीन

جراب (स्त्री.)जुर्राब
मोज़ा

جراثیم (पु.)जरासीम
'جرثومہ' का बहु., छोटे-छोटे क़ीड़े, कीटाणु

جراثیم پاشی (स्त्री.)जरासीम पाशी
(रसा.,प्राणि.) जीवाणुलयन, जीवण्विक विघटन

جراثیم کش (वि.)जरासीम कुश
(रसा.,प्राणि.) कीटाणुनाशक, जीवाणुनाशी

جراثیمی جنگ (स्त्री.)जरासीमी जंग
(राज.) जीवाण्विक युद्ध

جراح (पु.)जर्राह
शल्य-चिकित्सक

جراحت (स्त्री.)जराहत
1. घाव 2. शल्य-क्रिया

جراحت خوردہ (वि.)जराहत खुर्दा
घायल, ज़ख़्मी, आहत, क्षत

جراحی (स्त्री.)जर्राही
शल्य-क्रिया

جراحیات (स्त्री.)जर्राहीयात
शल्य-चिकित्सा, चीर-फाड़

جرائد (पु.)जराइद
'جریدہ' का बहु.

جرائم (पु.)जराइम
'جرم' का बहु.

جرائم پیشہ (वि.)जराइम पेशा
अपराध-व्यवसायी

جرأت (स्त्री.)जुर्अत
1. साहस 2. दुस्साहस

جرأت مند (वि.)जुर्अत मंद
साहसी, दुस्साहसी

جرأت مندانہ (अव्य.)जुर्अत मंदाना
साहसपूर्ण, हिम्मत से भरा हुआ

جرأت مندی (स्त्री.)जुर्अतमंदी
साहसिकता, हौसलामंदी

جرثومہ (पु.)जर्सूमा
जीवाणु, बैक्टीरिया

جرثومیات (स्त्री.)जर्सूमियात
(रसा.,प्राणि.) कीट-विज्ञान, जीवाणु-विज्ञान

جرثومیاتی (वि.)जर्सूमियाती
(रसा.,प्राणि.) जीवाणवीय, जीवाण्विक

جدید نوآبادیت (स्त्री.)जदीद नौ आबादियत
(राज., इति.) नव-उपनिवेशवाद

جدید کاری (स्त्री.)जदीद कारी
आधुनिकीकरण

جدیدیت (स्त्री.)जदीदियत
1. आधुनिकता 2. आधुनिकतावाद

جذام (पु.)जुज़ाम
कोढ़, कुष्ठरोग, एक प्रकार का चर्मरोग

جذامی (पु.)जुज़ामी
कोढ़ी, कुष्ठ रोगी

جذب (पु.)जज़्ब
1. आकर्षण 2. खिंचाव 3. अवशोषण
4. समाहित

جذب کار (पु.)जज़्बकार
(भौ.) अवशोषक, अवशोषी

جذبات (पु.)जज़्बात
'جذبہ' का बहु., भावनाएँ, संवेदनाएँ

جذباتی (वि.)जज़्बाती
1. भावुक, संवेदनशील
2. (भा.) संवेगात्मक, भावप्रधान

جذباتی دباؤ (पु.)जज़्बाती दबाव
(मनो.) संवेगात्मक बलाघात

جذباتی عدم مطابقت (स्त्री.)जज़्बाती अदम मुताबिक़त
(मनो.) संवेगात्मक अपसमायोजन

جذباتیت (वि.) जज़्बातीयत
भावुकता, संवेदनशीलता

جذبہ (पु.)जज़्बा
1. भावना 2. मनोवृत्ति

جذبۂ فلاح عامہ (पु.)जज़्बए-फ़लाहे आम्मा
(दर्श.) परार्थवाद, परहितवाद

جذبی (वि.)जज़्बी
1. आकर्षक 2. अवशोषक

جذبیت (स्त्री.)जज़्बियत
(भौ.) अवशोषकता

جذر (पु.)जज़्र
गणित में घन का मूल अंक अर्थात् वह संख्या जो किसी संख्या में उतनी ही बार भाग देने से प्राप्त हो, जैसे- 16 का जज़्र 4

جرثقیل (पु.)जर्रे-सक़ील
1. भारी बोझ खींचने और उठाने की विद्या
2. क्रेन

(वि.)जुज़ रस جزرس
1. सूक्ष्मदर्शी 2. कृपण, कंजूस

(स्त्री.)जुज़ रसी جزرسی
1. सूक्ष्मदर्शिता 2. कंजूसी, मितव्ययता, कृपणता

(वि.)जुज़ वक़्ती جزوقتی
अंशकालीन

(पु.)जुज़ वक़्ती नामा निगार جزوقتی نامہ نگار
(जन.) अंशकालिक संवाददाता

(स्त्री.)जज़ा جزا
1. प्रतिकार, प्रत्युपकार 2. बदला, इंतिक़ाम

(पु.)जज़ाइर جزائر
'جزیرہ' का बहु.

(वि.)जिज़ बिज़ جزبز
अप्रसन्न, रुष्ट, नाराज़

(पु.)जुज़दान جزدان
1. धार्मिक ग्रंथ को लपेटकर रखने वाला कपड़े का बस्ता 2. बच्चों की किताबें रखने का बस्ता

(पु.)जज़्र جزر
भाटा, घटाव, उतार

(पु.)जज़्रो-मद جزرومد
ज्वार-भाटा

(पु.)जज़्म جزم
1. दृढ़, पक्का 2. अक्षर को हलंत बनाने का चिह्न

(पु.)जुज़्व جزو
1. खंड, भाग, अंश 2. जिल्द 3. सोलह पेज का फ़ार्म

(पु.)जुज़्वे-लायनफ़क جزو لاینفک
अपृथक्करणीय, अविच्छेद्य

(वि.)जुज़्वी جزوی
1. आंशिक 2. अल्प, कम, थोड़ा
3. (भौ.) आंशिक

(स्त्री.)जुज़्वी मआशियात جزوی معاشیات
(अर्थ.) व्यष्टि अर्थशास्त्र

(वि.)जुज़्ई جزئی
दे. 'جزوی'

(स्त्री.)जुज़ईयात جزئیات
छोटी-छोटी बातें, किसी बात के अनेक रूप

(पु.)जज़ीरा جزیرہ
टापू, द्वीप

(पु.)जज़ीरए-मर्जान جزیرہ مرجان
(भू.) प्रवाल-द्वीप-वलय

(स्त्री.)जरह جرح
1. घाव, ज़ख़्म 2. बहस, प्रतिवाद, विवाद

(पु.)जर्स جرس
घंटा, घड़ियाल

(पु.)जुर्आ جرعہ
एक घूँट, घूँट भर

(पु.)जर्गा جرگہ
1. दल, समूह 2. गोत्र, वंश, ख़ानदान
3. क़बायली प्रमुखों की महापंचायत

(पु.)जिर्म جرم
पिंड, देह, यह शब्द अधिकतर आकाशीय अथवा जड़ पदार्थों के लिए प्रयुक्त होता है

(पु.)जुर्म جرم
अपराध, जुर्म

(पु.)जुर्म नाकर्दा جرم ناکردہ
निरपराध, अकृतापराध

(पु.)जुर्माना جرمانہ
अर्थ-दण्ड, आर्थिक दण्ड

(वि.)जरी جری
1. वीर, शूर 2. उत्साही, साहसी 3. निडर

(पु.)जरयान جریان
1. स्राव 2. प्रमेह, बहाव, रिसाव

(पु.)जरयाने-ख़ून جریان خون
शरीर से रक्त का स्राव

(पु.)जरयाने-दम جریان دم
रक्त स्राव

(स्त्री.)जरीब جریب
भूमि (खेत) मापक यंत्र, भूमिमापी यंत्र

(वि.)जरीब कश جریب کش
भूमि मापक

(पु.)जरीदा جریدہ
1. एकाकी, अकेला 2. पत्रिका 3. समाचार पत्र

(पु.)जरीदा निगार جریدہ نگار
पत्रकार

(स्त्री.)जरीदा-निगारी جریدہ نگاری
पत्रकारिता, अख़बारनवीसी

(पु.)जुज़ جز
1. (के) अतिरिक्त, अलावा 2. 'جزو' का लघुरूप

(स्त्री.)जुज़ बंदी جزبندی
पुस्तक की सिलाई, जिल्दबंदी

جزیرہ نما (पु.)जज़ीरानुमा
प्रायद्वीप

جزیہ (पु.)जज़िया
धर्म-कर, जज़िया (टैक्स)

جسارت (स्त्री.)जसारत
1. दुस्साहस, धृष्टता, ढिठाई 2. दिलेरी, हिम्मत, जुर्अत

جسامت (स्त्री.)जसामत
1. स्थूलता, डील-डौल 2. विस्तार, लंबाई-चौड़ाई, विमा

جسامتی (वि.)जसामती
(भौ.) विमीय

جسامتی مساوات (पु.)जसामती मुसावात
(भौ.) विमीय समीकरण

جسامتی مقدار (स्त्री.)जसामती मिक़दार
(भौ.) विमीय राशि

جست (स्त्री.)जस्त
उछल-कूद, उछाल, छलाँग

جست وخیز (स्त्री.)जस्तो-ख़ेज़
1. उछल-कूद 2. प्रयास, दौड़-धूप

جست کاری (स्त्री.)जस्तकारी
(रसा.) यशद-लेपन प्रक्रम

جستجو (स्त्री.)जुस्तजू
तलाश, खोज

جستہ (पु.)जस्ता
(भौ.,रसा.) यशद, जस्ता

جستہ جستہ (क्रि.वि.)जस्ता-जस्ता
इक्का दुक्का, कहीं-कहीं से

جسد (पु.)जसद
शरीर, देह, तन, काया

جسم (पु.)जिस्म
शरीर, देह, काया, तन

جسم خاکی (पु.)जिस्मे-ख़ाकी
पार्थिव शरीर, नश्वर देह

جسم زاخلل (पु.)जिस्म ज़ा ख़लल
(मनो.) कायजन्य विकार

جسم فانی (पु.)जिस्मे-फ़ानी
नश्वर देह, मिट जाने वाला शरीर

جسمانی (वि.)जिस्मानी
शारीरिक, दैहिक

جسمانیت (स्त्री.)जिस्मानीयत
1. लंबाई चौड़ाई और मोटाई या गहराई और ऊँचाई 2. स्थूलता, घनत्व

جسمیہ (पु.)जिस्मिया
(प्राणि.) कणिका

جسیم (वि.)जसीम
1. स्थूल, मोटा 2. हट्टा-कट्टा

جشن (पु.)जश्न
उत्सव, समारोह, ख़ुशी का अवसर

جشن آزادی (पु.)जश्ने-आज़ादी
स्वतंत्रता समारोह

جشن تاج پوشی (पु.)जश्ने-ताजपोशी
अभिषेकोत्सव, सिहांसनोत्सव

جشن جمہوریت (पु.)जश्ने-जम्हूरियत
गणतंत्र महोत्सव, गणतंत्र दिवस उत्सव

جشن چراغاں (पु.)जश्ने-चरागाँ
1. दीपोत्सव 2. दीपावली

جشن زریں (पु.)जश्ने-ज़र्रीं
स्वर्ण जयन्ती

جشن سیمیں (पु.)जश्ने-सीमीं
रजत जयन्ती

جشن ولادت (पु.)जश्ने-विलादत
जन्मोत्सव

جعد (स्त्री.)जाद
1. चोटी, वेणी 2. घुँघराले बाल
3. (प्राणि.) कुरलीय, कुरलक

جعفری (वि.)जाफ़री
1. गेंदा 2. जालीदार टट्टी

جعل (पु.)जाल
धोखा, छल, पाखंड, फ़रेब, कपट

جعل ساز (वि.)जालसाज़
पाखंडी, दग़ाबाज़, धोखेबाज़, मक्कार

جعل سازی (स्त्री.)जाल-साज़ी
धोखा-धड़ी, छल-कपट, पाखंड, फ़रेब

جعلی (वि.)जाली
बनावटी, नक़ली

جغرافیائی (वि.)जुग़राफ़ियाई
भौगोलिक

جغرافیائی سیاست (स्त्री.)जुग़राफ़ियाई सियासत
(राज.) भू-राजनीति

جغرافیہ (पु.)जुग़राफ़िया
1. भूगोल 2. भूगोलशास्त्र

جغرافیہ داں (वि.)जुग़राफ़िया दाँ
भूगोलविद, भूगोलवेत्ता

جغرافیہ نویس (वि.)जुग़राफ़िया नवीस
भूगोलवेत्ता, भूगोलशास्त्री

جفا (स्त्री.)जफ़ा
अत्याचार, अनीति, जुल्म, अन्याय, कृतघ्नता, बेवफ़ाई

جفاکش (वि.)जफ़ाकश
कष्ट सहने वाला; मेहनत करने वाला, परिश्रम करने वाला

جفاکشی (स्त्री.)जफ़ाकशी
पराक्रम, मेहनत

جفاکیش (वि.)जफ़ाकेश
अत्याचारी

جفت (पु.)जुफ़्त
1. जोड़ा, युग्म, युगल 2. समसंख्या

جفت گردش (पु.)जुफ़्त गर्दिशा
(भौ.) बलयुग्म का आघूर्ण

جفتگی (स्त्री.)जुफ़्तगी
(भौ.) युग्मन

جفتگی ضربیہ (पु.)जुफ़्तगी ज़र्बिया
(भौ.) युग्मन-गुणांक

جفتگی مزاحمت (स्त्री.)जुफ़्तगी मज़ाहिमत
(भौ.) युग्मन प्रतिरोध

جفر (पु.)जफ़्र
1. बकरी या भेड़ का बच्चा 2. ज्योतिष विद्या का एक प्रकार, अंक विज्ञान

جفرداں (वि.)जफ़्रदाँ
1. भविष्यवक्ता 2. ज्योतिषी

جگر (पु.)जिगर
यकृत

جگرپارہ (पु.)जिगर-पारा
1. जिगर का टुकड़ा अर्थात् पुत्र 2. अतिप्रिय

جگرخراش (वि.)जिगर ख़राश
हृदय-विदारक, उत्पीड़क

جگرگوشہ (पु.)जिगर गोशा
दे. جگرپارہ

جگرا (पु.)जिगरा
कलेजा, साहस, हिम्मत

جگری (वि.)जिगरी
1. घनिष्ठ, अतिप्रिय, अंतरंग 2. साहसी, हिम्मती

جُل (पु.)जुल
झूल, हाथी-घोड़े आदि की पीठ पर डाला हुआ रंगीन सजावटी कपड़ा

جلا (स्त्री.)जिला
1. आभा, चमक 2. क़लई

جلاکار (पु.)जिलाकार
क़लईगर, चमकाने वाला (आभूषण आदि)

جلاوطن (वि.)जिलावतन
निर्वासित, देश से निकाला हुआ

جلاوطن حکومت (स्त्री.)जिलावतन हुकूमत
(राज.) प्रवासी सरकार

جلاوطنی (स्त्री.)जिलावतनी
निर्वासन, देशनिकाला

جُلاب (पु.)जुल्लाब
रेचक, विरेचक, दस्त की दवा

جلاد (पु.)जल्लाद
1. वधिक 2. निष्ठुर, कठोर

جلال (पु.)जलाल
1. प्रताप, तेज, आन बान 2. क्रोध

جلالی (वि.)जलाली
1. प्रतापी 2. क्रोधी

جلد (क्रि.वि.)जल्द
शीघ्र, तुरंत, फ़ौरन

جلد (स्त्री.)जिल्द
1. त्वचा 2. पुस्तक का पुट्ठा या दफ़्ती 3. पुस्तक का खंड या भाग, ग्रंथ खंड

جلدازجلد (क्रि.वि.)जल्द-अज़-जल्द
शीघ्रातिशीघ्र, जल्द से जल्द

جلدباز (वि.)जल्दबाज़
आतुर, उतावला

جلدبازی (स्त्री.)जल्दबाज़ी
आतुरता, उतावलापन

جلدساز (पु.)जिल्दसाज़
पुस्तक की जिल्द बाँधने वाला

جلدسازی (स्त्री.)जिल्दसाज़ी
पुस्तक की जिल्द बाँधने का काम

جلدی (स्त्री.)जल्दी
शीघ्रता, फुर्ती

جلدی (वि.)जिल्दी
1. त्वचा-संबंधी 2. (प्राणि.) त्वचीय, त्वक

(पु.)जल्सा جلسہ
**حق رسانی** (स्त्री.)हक़ रसानी
किसी का हक़ पहुँचाना, किसी का हक़ दिलाना

**حق شناس** (वि.)हक़ शनास
सत्यवादी

**حق شناسی** (स्त्री.)हक़शनासी
1. सत्य की पहचान 2. ईश्वर को पहचानना

**حق گو** (वि.)हक़ गो
1. सत्यवादी 2. सत्यभाषी

**حق گوئی** (स्त्री.)हक़ गोई
1. सत्यवादिता 2. सच्ची बात कहना

**حق ناشناس** (वि.)हक़ नाशनास
1. जो ख़ुदा को न पहचाने, जो सत्य को न पहचाने 2. कृतघ्न

**حق و صداقت** (स्त्री.)हक़्क़ो-सदाक़त
सत्यता और यथार्थता

**حقا** (वि.)हक़्क़ा
ख़ुदा की क़सम, ईश्वर की शपथ, भगवान-क़सम

**حقارت** (स्त्री.)हिक़ारत
1. घृणा, नफ़रत 2. तिरस्कार, अपमान

**حقارت آمیز** (वि.)हिक़ारत आमेज़
तिरस्कारपूर्ण, उपेक्षापूर्ण, घृणापूर्ण

**حقانی** (वि.)हक़्क़ानी
1. ईश्वरीय, ख़ुदाई 2. कोई ऐसा गीत जिसमें ख़ुदा और रसूल की प्रशस्ति हो

**حقانیت** (स्त्री.)हक़्क़ानीयत
सत्यता, यथार्थता, वास्तविकता

**حقائق** (पु.)हक़ाइक़
'حقیقت' का बहु.

**حقوق** (पु.)हक़ूक़
'حق' का बहु., अधिकार समूह

حکایت (स्त्री.) हिकायत
1. कथा, कहानी 2. वार्ता, बात 3. वृत्तांत, हाल

حکایتاً (क्रि.वि.) हिकायतन
1. कहानी के तौर पर 2. सुनी सुनायी बात के रूप में

حکم (पु.) हुक्म
1. आदेश, आज्ञा 2. राजादेश, राजाज्ञा

حکمِ آخر (पु.) हुक्मे-आख़िर
अंतिम आदेश

حکمِ امتناعی (पु.) हुक्मे-इम्तिनाई
(प्रशा.) निषेधाज्ञा

حکمِ تفویض (पु.) हुक्मे-तफ़्वीज़
(प्रशा.) आवंटन आदेश

حکمِ ربی (पु.) हुक्मे-रब्बी
1. ईश्वरादेश, खुदा का हुक्म 2. अवश्यंभावी

حکم عدولی (स्त्री.) हुक्म उदूली
आज्ञा का उल्लंघन, उद्दंडता

حکمِ قطعی (पु.) हुक्मे-क़तई
अंतिम आदेश

حکمِ مشیت (पु.) हुक्मे-मशीयत
ईश्वर का आदेश, उर्श-आज्ञा

حکمِ ناطق (पु.) हुक्मे-नातिक़
अंतिम आदेश

حکم نامہ (पु.) हुक्मनामा
1. राजाज्ञा 2. आदेश पत्र 3. अधिपत्र

حکمراں (वि.) हुक्मराँ
शासक

حکمرانی (स्त्री.) हुक्मरानी
शासन, हुकूमत

حکماء (पु.) हुकमा
'حکیم' का बहु., 1. दार्शनिक वर्ग 2. वैद्यवर्ग

حکمائے وقت (पु.) हुकमाए-वक़्त
समकालीन वैज्ञानिक लोग या वैद्य गण

حکمت (स्त्री.) हिक्मत
1. बुद्धिमत्ता 2. आयुर्वेद, विज्ञान 3. युक्ति, तरकीब, कार्य पद्धति 4. रहस्य

حکمت آمیز (वि.) हिक्मत आमेज़
ज्ञानपरक, बुद्धिपरक, युक्तिपूर्ण

حقوقِ انسانی (पु.) हुक़ूक़े-इंसानी
(राज.) मानव अधिकार

حقوقِ انسانیت (पु.) हुक़ूक़े-इंसानियत
मानवाधिकार

حقوقِ زوجیت (पु.) हुक़ूक़े-ज़ौजीयत
वह अधिकार जो पत्नी को पति पर प्राप्त हैं

حقوقِ نسواں (पु.) हुक़ूक़े-निस्वाँ
स्त्री अधिकार

حقہ (पु.) हुक़्क़ा
गुड़गुड़ी, चिलम पीने का हुक़्क़ा

حقہ باز (वि.) हुक़्क़ा बाज़
1. छली, ठग, मक्कार 2. मदारी

حقہ بازی (स्त्री.) हुक़्क़ा-बाज़ी
1. मदारीपन, खेल तमाशे दिखाना 2. छल करना, ठगी, फ़रेब कारी

حقیر (वि.) हक़ीर
1. तुच्छ, क्षुद्र, कमीना 2. अत्यल्प, बहुत छोटा, अति न्यून, बहुत थोड़ा

حقیقت (स्त्री.) हक़ीक़त
सत्यता, वास्तविकता, यथार्थता, सच्चाई

حقیقتِ حال (स्त्री.) हक़ीक़ते हाल
अस्लियत, यथार्थता, वास्तविकता

حقیقتاً (क्रि.वि.) हक़ीक़तन
वास्तव में, यथार्थतः, वस्तुतः, सचमुच

حقیقی (वि.) हक़ीक़ी
1. वास्तविक, सच्चा 2. सगा, सहोदर 3. अलौकिक

حقیقی اسم (पु.) हक़ीक़ी इस्म
(भा.) द्रव्यार्थक संज्ञा

حقیقی اعداد (पु.) हक़ीक़ी आदाद
(ग.) वास्तविक संख्या

حقیقی خط (पु.) हक़ीक़ी ख़त
(ग.) वास्तविक रेखा

حکام (पु.) हुक्काम
'حاکم' का बहु., हाकिम लोग, उच्च पदाधिकारी, अधिकारीगण

حکامِ بالا (पु.) हुक्कामे-बाला
उच्च अधिकारी

حکامِ وقت (पु.) हुक्कामे-वक़्त
समकालीन शासक, पदाधिकारी

**حکمتِ الٰہی** (स्त्री.)हिक्मते-इलाही
ईश्वरेच्छा, प्रभु इच्छा

**حکمتِ عملی** (स्त्री.)हिक्मते-अमली
1. उपाय, नीति 2. कूटनीति, योजना

**حکمی** (वि.)हुक्मी
1. निश्चित 2. अचूक, बेचूक

**حکومت** (स्त्री.)हुकूमत
शासन, सत्ता, राज

**حکومتِ الٰہیہ** (स्त्री.)हुकूमते-इलाहीय्या
ईश्वरीय सत्ता

**حکومتِ جمہوری** (स्त्री.)हुकूमते-जुम्हूरी
(प्रशा.,राज.) लोकतंत्र

**حکومتِ ہند** (स्त्री.)हुकूमते-हिन्द
(प्रशा.,राज.) भारत सरकार

**حکومتی سالیانہ** (पु.)हुकूमती सालियाना
(अर्थ.) सरकारी वार्षिकी

**حکیم** (वि.)हकीम
1. वैद्य, चिकित्सक 2. दार्शनिक 3. बुद्धिजीवी

**حکیمانہ** (वि.)हकीमाना
विज्ञानपूर्ण, बुद्धिपरक, ज्ञानपरक

**حل** (पु.)हल
1. समाधान 2. विलयन 3. सुलझाना 4. (ग.) सरल करना

**حل پذیری** (स्त्री.)हल-पज़ीरी
1. विलयशीलता, विलयन 2. (भौ.) विलेयता

**حلِ مشکل** (पु.)हल्ले-मुश्किल
जटिल समस्याओं या कठिनाइयों को सुलझाना

**حل و عقد** (पु.)हल्लो-अक़्द
1. खोलना और बाँधना 2. प्रबंध, व्यवस्था

**حلاج** (पु.)हल्लाज
1. धुनिया 2. प्रसिद्ध संत मंसूर की उपाधि

**حلال** (वि.)हलाल
1. विहित 2. उचित 3. वैध

**حلال خور** (पु.)हलाल ख़ोर
1. विहित एवं उचित रूप से जीविका अर्जित करने वाला 2. मेहतर, सफ़ाई कर्मचारी

**حلال زادہ** (पु.)हलाल ज़ादा
कुलीन, भद्र

**حلالہ** (स्त्री.)हलाला
तलाक़ शुदा स्त्री का दूसरे व्यक्ति के साथ अस्थाई विवाह करना (ताकि उससे तलाक़ लेकर पूर्व पति से पुनः विवाह कर सके)

**حلاوت** (स्त्री.)हलावत
मिठास, माधुर्य

**حلاوت پسند** (वि.)हलावतपसंद
मिष्ठान्न प्रिय, अधिक मीठा खाने वाला

**حلاوتِ سخن** (स्त्री.)हलावते-सुख़न
1. काव्य-माधुर्य 2. बातों की मिठास, बतरस, वार्ता-माधुर्य

**حلبی** (वि.)हलबी
1. हलब का निवासी 2. हलब संबंधी 3. हलब देश में बना दर्पण

**حلف** (पु.)हलफ़
शपथ

**حلفِ شرعی** (पु.)हलफ़े-शरई
धर्मशास्त्र के अनुसार ली हुई शपथ

**حلف نامہ** (पु.)हलफ़ नामा
(राज., प्रशा.) शपथ-पत्र

**حلق** (पु.)हलक़
गला, कंठ

**حلقوم** (पु.)हल्क़ूम
गला, टेंटुआ

**حلقہ** (पु.)हल्क़ा
1. (प्रशा.) खंड, ब्लॉक 2. मंडल, मंडली 3. क्षेत्र, इलाक़ा 4. घेरा

**حلقہ بگوش** (वि.)हल्क़ा-ब-गोश
1. दास, भक्त 2. अनुयायी, श्रद्धालु

**حلقہ بندی** (स्त्री.)हल्क़ा बंदी
क्षेत्र-निर्धारण, घेराबंदी

**حلقہ نما** (वि.)हल्क़ा नुमा
(भौ.) वलयाकार

**حلقہ نما گرہن** (पु.)हल्क़ा नुमा गर्हन
(भू.) वलयाकार ग्रहण

**حلقۂ احباب** (पु.)हल्क़ए-अहबाब
मित्र-मंडली, मित्रवर्ग, मित्रगण

**حلقۂ ارادت** (पु.)हल्क़ए-इरादत
1. भक्तगण 2. अनुयायियों की मंडली

**حلقۂ اعزہ** (पु.)हल्क़ए-अइज़्ज़ा
बंधुवर्ग, निकट संबंधी गण

**حلقۂ انتخاب** (पु.)हल्क़ए-इंतिख़ाब
चुनाव क्षेत्र

**حلقۂ چشم** (पु.)हल्क़ए-चश्म
आँख का घेरा, नेत्र-मंडल, नेत्र-गोलक

حمل (पु.)हमल
1. भार 2. गर्भ

حملہ (पु.)हम्ला
आक्रमण, चढ़ाई, आघात, धावा

حملہ آور (वि.)हम्लाआवर
आक्रमणकारी, हमला करने वाला

حمیت (स्त्री.)हमीयत
1. लज्जा 2. स्वाभिमान, ख़ुद्दारी

حمید (पु.) हमीद
1. पवित्र 2. श्रेष्ठ

حمیدہ (वि.)हमीदा
1. साध्वी, पुनीता, पवित्रा 2. पूज्या, श्रेष्ठा

حمیرا (स्त्री.)हुमैरा
गोरी चिट्टी स्त्री

حنا (स्त्री.)हिना
मेंहदी

حنابندی (स्त्री.)हिनाबंदी
मेंहदी रचना, मेंहदी लगाना

حنابستہ (वि.)हिनाबस्ता
मेंहदी लगा हुआ हाथ या पाँव

حنان (वि.)हन्नान
कृपालु, दयालु, अति कृपालु

حنائی (वि.)हिनाई
रतनार, मेंहदी रचा हुआ

حنجرہ (पु.)हंजरा
कंठ, गला जहाँ से आवाज़ निकलती है

حنظل (पु.)हंज़ल
एक कड़वा फल, इंदायन का फल

حنفی (वि.)हनफ़ी
इमाम अबू हनीफ़ा के अनुयायी

حنیف (वि.)हनीफ़
1. धर्मपरायण, धर्मनिष्ठ, सत्यनिष्ठ, धर्म में पक्का 2. हज़रत इब्राहीम के धर्म का अनुयायी

حوا (स्त्री.)हव्वा
1. हज़रत आदम की पत्नी 2. मूल स्त्री, मनुष्य जाति की प्रथम नारी, आदिनारी

حوادث (पु.)हवादिस
'حادثہ' का बहु., घटनाएँ

حوادثِ روزگار (पु.)हवादिसे-रोज़गार
कालचक्र, समय की उलट-पलट

حلقۂ عمل (पु.)हल्क़ए-अमल
1. कार्य क्षेत्र 2. (ग.) परिसर, प्रक्षेप

حلقی (वि.)हल्क़ी
कंठ्य, कंठ संबंधी

حلم (पु.)हिल्म
सहिष्णुता, अति विनम्रता, गंभीरता, सहनशीलता

حلم شعار (वि.)हिल्म शिआर
सहिष्णु, सहनशील, गंभीर, धीर

حلوا (पु.)हलवा
घी, शकर, मेवा और सूजी आदि से बना हुआ खाद्य पदार्थ

حلول (पु.)हुलूल
1. प्रवेश 2. परकाया प्रवेश

حلیم (वि.)हलीम
1. सहनशील, गंभीर 2. (पु.) एक प्रकार का पकवान जिसमें गोश्त तथा पाँच प्रकार की दालें मिलाई जाती हैं

حلیہ (पु.)हुलिया
1. मुखाकृति, चेहरा 2. नखशिख

حمار (पु.)हिमार
गधा, खर

حماقت (स्त्री.)हिमाक़त
मूर्खता, नादानी, मूढ़ता

حماقت آمیز (वि.)हिमाक़त आमेज़
मूढ़तापूर्ण, मूर्खतापूर्ण

حماقت شعار (वि.)हिमाक़त शिआर
महामूर्ख, अति मूर्ख

حمام (पु.)हम्माम
स्नानागार, नहान घर, स्नानगृह

حمائل (स्त्री.)हमाइल
1. गले में लटकाई जाने वाली छोटी चीज़ 2. जनेऊ, बधी 3. छोटी आकार का क़ुरआन शरीफ़

حمایت (स्त्री.)हिमायत
1. सहायता 2. पक्षपात, तरफ़दारी

حمایتی (वि.)हिमायती
1. सहायक 2. पक्षपाती

حمد (स्त्री.)हम्द
1. ईश्वर-स्तुति, वंदना, ख़ुदा की तारीफ़ 2. उर्दू की एक विधा

حمد گو (वि.)हम्द गो
स्तुति-पाठक, ईश वंदना करने वाला

حوادثِ زمانہ (पु.)हवादिसे-ज़माना
दे. 'حوادثِ روزگار'

حواری (पु.)हवारी
1. हज़रत ईसा के अनुयायी 2. सहायक

حواس (पु.)हवास
इंद्रियाँ, चेतना

حواس باختہ (वि.)हवास बाख़्ता
जिसके होशो-हवास ठिकाने न हों, परेशान हाल

حواسِ باطنی (पु.)हवासे-बातिनी
1. भीतरी इंद्रियाँ 2. स्मरण 3. विचार 4. कल्पना

حواسِ خمسہ (पु.)हवासे-ख़म्सा
पंचेंद्रिय, पाँच इंद्रियाँ

حواشی (पु.)हवाशी
'حاشیہ' का बहुवचन, पाद-टिप्पणियाँ

حوالات (पु.)हवालात
1. अभिरक्षा 2. न्यायिक हिरासत

حوالاتی (वि.)हवालाती
बंदी, कारावासी

حوالہ (पु.)हवाला
1. संदर्भ, प्रसंग 2. हस्तांतरण, सौंपने का काम

حوالی (पु.)हवाली
आस-पास, चारों ओर, परिवेश

حوالی موالی (पु.)हवाली मवाली
साथी-संगी

حوالیِ شہر (पु.)हवालिए-शहर
नगर के आस पास का इलाक़ा, उपनगर

حوائج (स्त्री.)हवाइज
'حاجت' का बहु., आवश्यकताएँ, ज़रूरतें

حوائجِ ضروری (स्त्री.)हवाइजे-ज़रूरी
प्रात: कर्म, शौचादिकर्म

حوت (स्त्री.)हूत
1. आकाश का बारहवां बुर्ज 2. बड़ी मछली

حور (स्त्री.)हूर
अप्सरा, उर्वशी

حور شمائل (वि.)हूर शमाइल
अप्सरा मनोवृत्ति

حوصلہ (पु.)हौसला
उत्साह, साहस, हिम्मत

حوصلہ افزا (वि.)हौसला अफ़्ज़ा
उत्साहवर्द्धक, उत्साह बढ़ाने वाला, प्रोत्साहन देने वाला

حوصلہ افزائی (स्त्री.)हौसला अफ़्ज़ाई
प्रोत्साहन

حوصلہ شکن (वि.)हौसला शिकन
हतोत्साहित करने वाला

حوصلہ شکنی (स्त्री.)हौसला शिकनी
हतोत्साहित करना, हिम्मत तोड़ना

حوصلہ مند (वि.)हौसला मंद
साहसी, हिम्मत वाला, दिलेर

حوض (पु.)हौज़
1. पानी का पक्का कुंड 2. कुंड

حونق (वि.)हवन्नक़
मूर्ख, मंदबुद्धि

حویلی (स्त्री.)हवेली
भवन, प्रासाद

حی (स्त्री.)हैइ
ज़िन्दा, जीवित

حیا (स्त्री.)हया
लज्जा, शर्म, लाज

حیات (स्त्री.)हयात
जीवन, ज़िंदगी

حیاتِ ابدی (स्त्री.)हयाते-अबदी
शाश्वत जीवन

حیات بخش (वि.)हयात बख़्श
जीवनप्रद, जीवनदायी

حیات پیمائی (स्त्री.)हयात पैमाई
(रसा.) जीवमिति

حیات و ممات (पु.)हयातो-ममात
जीवन-मरण, ज़िंदगी और मौत

حیاتی (वि.)हयाती
आजीवन, जीवन भर

حیاتی شماریات (स्त्री.)हयाती शुमारियात
(वन.) जैव सांख्यिकी

حیاتی طبیعات (स्त्री.)हयाती तबीआत
(वन.,भौ.) जीव भौतिकी

حیاتی عامل (पु.)हयाती आमिल
(वन.,प्राणि.) जीवीय कारक

حیاتی کرہ (पु.)हयाती कुरा
(वन.,प्राणि.) जीवमंडल

حیاتی نمونہ (पु.)हयाती नमूना
(वन.,प्राणि.) जीवप्ररूप

حیاتیات (स्त्री.)हयातियात
(वन.,प्राणि.) जीव विज्ञान, जैविकी
حیاتیت (स्त्री.)हयातियत
(मनो.) प्राणतत्ववाद
حیاتیہ (पु.)हयातिया
(प्राणि.,वन.) जीवजात
حیاتین (पु.)हयातीन
जीवति, विटामिन
حیادار (वि.)हयादार
लज्जाशील, शर्मीला, लज्जीला, सलज्ज
حیثیت (स्त्री.)हैसियत
सामर्थ्य, प्रतिष्ठा
حیثیت دار (वि.)हैसियतदार
प्रतिष्ठित, धनवान
حیثیت مند (वि.)हैसियतमंद
दे. 'حیثیت دار'
حیدر (पु.)हैदर
1. बब्बर शेर 2. हज़रत अ़ली की उपाधि
حیدر کرار (पु.)हैदरे-कर्रार
1. बारंबार शत्रु की सेना पर टूटने वाला
2. हज़रत अ़ली की उपाधि
حیران (वि.)हैरान
1. भौचक्का 2. आश्चर्यचकित 3. हक्का-बक्का
حیرانی (स्त्री.)हैरानी
विस्मय, आश्चर्य, अचरज, अचंभा
حیرت (स्त्री.)हैरत
आश्चर्य, निस्तब्धता, विस्मय, अचंभा
حیرت افزا (वि.)हैरतअफ़ज़ा
आश्चर्यवर्द्धक, अचंभा बढ़ाने वाला
حیرت انگیز (वि.)हैरतअंगेज़
1. आश्चर्यजनक, अचंभित 2. विचित्र, अ़जीबो-ग़रीब
حیرت انگیزی (स्त्री.)हैरतअंगेज़ी
आश्चर्यजनकता, विचित्रता
حیرت خیز (वि.)हैरत खे़ज़
दे. 'حیرت افزا'
حیرت زدگی (स्त्री.)हैरतज़दगी
आश्चर्य, अचंभा
حیرت زدہ (वि.)हैरतज़दा
चकित, आश्चर्य-चकित, अचंभित, विस्मित

حیض (स्त्री.)हैस
1. युद्ध, कलह, लड़ाई 2. कुमार्ग गति, बेराही
حیص بیص (स्त्री.)हैसबैस
1. असमंजस 2. किन्तु-परन्तु
حیض (पु.)हैज़
1. आर्तव, पुष्प 2. रज, ऋतु, कुसुम 3. स्त्री का मासिकधर्म
حیطہ (पु.)हीता
1. परिधि, घेरा, इहाता 2. सीमा, हद
حیف (पु.)हैफ़
पश्चात्ताप, आह, हाय
حیلہ (पु.)हीला
1. छल, कपट 2. बहाना 3. फ़रेब, झूठ
حیلہ باز (वि.)हीला बाज़
चालबाज़, छली, बहानेबाज़, धोखेबाज़
حیلہ بازی (स्त्री.)हीलाबाज़ी
चालबाज़ी, धोखे बाज़ी
حیلہ تراشی (स्त्री.)हीला तराशी
नये-नये बहाने गढ़ना
حیلہ حوالہ (पु.)हीला हवाला
टाल-मटोल
حیلہ شعاری (स्त्री.)हीला शिआ़री
बहाना बनाने की प्रकृति
حیلہ گر (वि.)हीला गर
चालबाज़, धोखेबाज़, छली
حیلہ گری (स्त्री.)हीला गरी
चालबाज़ी, बहाने बाज़ी
حین (अव्य.)हीन
समय, काल, वक़्त
حیوان (पु.)हैवान
1. वनपशु, जंतु, चौपाया, जंगली जानवर
2. वहशी
حیوان ضاحک (पु.)हैवाने-ज़ाहिक
बंदर
حیوان مطلق (वि.)हैवाने-मुतलक़
निरा पशु, बिल्कुल जंगली जानवर
حیوان ناطق (पु.)हैवाने-नातिक़
मनुष्य, इंसान
حیوانات (पु.)हैवानात
'حیوان' का बहु., पशुगण, चौपाए, वहशी
حیوانی (वि.)हैवानी
1. पाशविक 2. पशु सम्बन्धी

حیوانیات (स्त्री.)हैवानियात
(प्राणि) जीव-विज्ञान

حیوانیت (स्त्री.)हैवानियत
पशुता, पाशविकता, बर्बरता

حیوانیہ (पु.)हैवानिया
(प्राणि.) प्राणिजात, प्राणिता

## خ

خاتم (स्त्री.)ख़ातम
1. अँगूठी 2. मुहर

خاتم (वि.)ख़ातिम
ख़त्म करने वाला, समाप्त करने वाला

خاتم الانبیا (पु.)ख़ातिमुल-अंबिया
नबुव्वत का सिलसिला ख़त्म करने वाले, हज़रत मुहम्मद साहिब

خاتمہ (पु.)ख़ातिमा
1. अंत 2. समाप्ति 3. मृत्यु, मौत

خاتون (स्त्री.)ख़ातून
भद्र महिला, सभ्य और शिष्ट स्त्री

خادم (पु.)ख़ादिम
1. सेवक, दास 2. परिचारक

خادمہ (स्त्री.)ख़ादिमा
1. सेविका, नौकरानी 2. परिचारिका

خار (पु.)ख़ार
1. काँटा, शूल, फाँस 2. ईर्ष्या, द्वेष, हसद

خار پشتہ (वि.)ख़ार पुश्ता
(वन.) कंटकी

خارج (वि.)ख़ारिज
बहिष्कृत, निकाला हुआ, निष्कासित

خارجہ (वि.)ख़ारिजा
1. बाह्य 2. विदेशी

خارجی (वि.)ख़ारजी
1. बाह्य, बाहरी 2. विदेशी

خارجی زاویہ (पु.)ख़ारजी ज़ावीया
(ग.) बाह्य कोण

خارجی محرک (पु.)ख़ारिजी मुहर्रिक
(मनो.) बाहरी प्रोत्साहन

خاردار (वि.)ख़ारदार
कँटीला, कंटकपूर्ण

خاروخس (पु.)ख़ारो-ख़स
कूड़ा-करकट, कचरा, घास-फूस

خازن (पु.)ख़ाज़िन
कोषाध्यक्ष, ख़ज़ांची

خاص (वि.)ख़ास
विशेष, मुख्य, प्रधान

خاصا (वि.)ख़ासा
पर्याप्त

خاصہ (पु.)ख़ास्सा
1. गुण, विशेषता 2. अमीरों या राजाओं का भोजन 3. एक प्रकार का वस्त्र

خاصیت (स्त्री.)ख़ासियत
गुण, स्वभाव, विशेषता

خاطر (क्रि.वि.)ख़ातिर
1. वास्ते, के लिए, हेतु 2. (पु.) मन, हृदय 3. (स्त्री.) सत्कार, आदर

خاطر خواہ (वि.)ख़ातिर ख़्वाह
मनोवांछित, यथेष्ट

خاطرداری (स्त्री.)ख़ातिरदारी
आवभगत, आदर-सत्कार

خاک (स्त्री.)ख़ाक
1. धूलि, मिट्टी 2. भूमि 3. राख 4. कुछ नहीं, बिल्कुल नहीं

خاک پا (स्त्री.)ख़ाके-पा
1. पदरज, पदधूलि 2. अति दरिद्र

خاک روب (पु.)ख़ाक रोब
मेहतर, सफ़ाई कर्मचारी

خاکسار (वि.)ख़ाकसार
विनीत, अकिंचन, नम्र, विनम्र

خاکساری (स्त्री.)ख़ाकसारी
विनम्रता, विनयशीलता

خاکستر (स्त्री.)ख़ाकिस्तर
राख, भस्म

خاکہ (पु.)ख़ाका
1. प्रारूप 2. परिलेख, रेखा चित्र

خاکی (वि.)ख़ाकी
1. पार्थिव, मिट्टी से संबंधित 2. मटियाला रंग, मृण्मय, ख़ाकी रंग

خاگ (पु.)ख़ाग
मुर्ग़ी का अंडा

خاگینہ (पु.)ख़ागीना
अण्डे, सब्ज़ी आदि से बनाया गया व्यंजन, अंडे की भुजिया

خال (पु.)ख़ाल
1. तिल 2. बिंदु 3. मामा, मौसा

خال خال (क्रि.वि.)ख़ाल-ख़ाल
यथा-कदा, इक्का-दुक्का, विरल

خالص (वि.)ख़ालिस
1. विशुद्ध 2. केवल 3. निवल

خالص آمد (स्त्री.)ख़ालिस आमद
(वाणि.) निवल आमद

خالص آمدنی (स्त्री.)ख़ालिस आमदनी
(वाणि.) निवल आय

خالص آمدنی کھاتہ (पु.)ख़ालिस आमदनी खाता
(वाणि.) निवल आय-व्यय लेखा

خالص اضافہ (पु.)ख़ालिस इज़ाफ़ा
(वाणि.) निवल अभिवृद्धि

خالص پیداوار (स्त्री.)ख़ालिस पैदावार
(वाणि.) निवल उत्पादन

خالص حاصل (पु.)ख़ालिस हासिल
(वाणि.) निवल प्रतिफल

خالص رقم (स्त्री.)ख़ालिस रक़म
(वाणि.) निवल राशि, शुद्ध राशि

خالص شرح (स्त्री.)ख़ालिस शरह्
(वाणि.) निवल दर

خالص کمائی (स्त्री.)ख़ालिस कमाई
(वाणि.) निवल कमाई

خالصہ (वि.)ख़ालिसा
1. शुद्ध, ख़ालिस 2. (स्त्री.) राजा की निजी भूमि, सरकारी भूमि 3. करहीन भूमि 4. सिखों का संप्रदाय

خالصیت (स्त्री.)ख़ालिसियत
(भौ.) शुद्धता

خالق (वि.)ख़ालिक़
स्रष्टा, ईश्वर, रचयिता, सृजनहार

خالقِ کل (पु.)ख़ालिक़े-कुल
ईश्वर

خالی (वि.)ख़ाली
1. रिक्त 2. केवल, सिर्फ़ 3. रहित, शून्य

خالی اسامی (स्त्री.)ख़ाली असामी
(प्रशा.) स्पष्ट रिक्ति

خالی سیٹ (पु.)ख़ाली सेट
(ग.) रिक्त समुच्चय

خام (वि.)ख़ाम
1. कच्चा, अपरिपक्व, अधपका 2. निर्बल, कमज़ोर 3. अनुभवहीन, अनाड़ी

خام خیالی (स्त्री.)ख़ाम ख़याली
कपोल कल्पना

خام قومی پیداوار (स्त्री.)ख़ाम क़ौमी पैदावार
(अर्थ.) सकल राष्ट्रीय उत्पाद

خامرہ (पु.)ख़ामिरा
1. (वन.) प्रकिण्व 2. (रसा.) इनज़ाइम

خامس (वि.)ख़ामिस
पाँचवा, पंचम

خاموش (वि.)ख़ामोश
मौन, मूक, नीरव, चुप

خاموشی (स्त्री.)ख़ामोशी
चुप्पी, मौन, नीरवता

خامہ (पु.)ख़ामा
क़लम, लेखनी, पेन

خامہ فرسائی (स्त्री.)ख़ामा फ़रसाई
क़लम घिसना, लिखना, लेखन-कार्य

خامی (स्त्री.)ख़ामी
1. त्रुटि, कमी 2. कच्चापन, अपरिपक्वता 3. अनुभवहीनता

خان (पु.)ख़ान
1. सरदार, अध्यक्ष, मुखिया 2. अफ़ग़ान जाति तथा उनमें विद्यमान

خان ساماں (पु.)ख़ानसामाँ
रसोईया

خاندان (पु.)ख़ानदान
घराना, कुटुंब, कुल, वंश

خاندانی (वि.)ख़ानदानी
1. कुलीन, भद्र, स्वजन 2. कुलीय 3. पारिवारिक

خاندانی منصوبہ بندی (स्त्री.)ख़ानदानी मंसूबाबंदी
(अर्थ.,प्रशा.,राज.) परिवार नियोजन

خانقاہ (स्त्री.)ख़ानक़ाह
सूफ़ियों का मठ या आश्रम

خانگی (वि.)ख़ान्गी
1. घरेलू 2. व्यक्तिगत, निजी

خانم (स्त्री.)ख़ानम
1. भद्र, महिला 2. पत्नी

خاے بردار (वि.)ख़ाया बरदार
चाटुकार, ख़ुशामदी, चापलूस
خباثت (स्त्री.)ख़बासत
1. दुष्टता, नीचता 2. कमीनगी, धूर्तता
3. गंदगी, नापाकी
خبّاز (पु.)ख़ब्बाज़
नानबाई, रोटियाँ पकाकर बेचने वाला
خبر (स्त्री.)ख़बर
1. सूचना, संदेश 2. समाचार 3. पता-निशान, खोज-ख़बर 4. सुध-बुध
خبردار (वि.)ख़बरदार
1. सावधान, सतर्क, होशियार, सचेत
2. चेतावनी देने का शब्द
خبررساں (वि.)ख़बर रसाँ
1. दूत 2. पत्रवाहक, हरकारा
خبرگیری (स्त्री.)ख़बरगीरी
1. देख-रेख 2. पालन पोषण
خبط (पु.)ख़ब्त
बुद्धिविकार, पागलपन, जुनून, शैतानी
خبطی (वि.)ख़ब्ती
पागल, विकृत बुद्धि, जुनूनी, शैतान
خبیث (वि.)ख़बीस
1. दुष्ट, धूर्त, कुटिल, चालाक 2. गंदा, मलिन 3. भूतप्रेत
خبیر (वि.)ख़बीर
1. जानकार, ज्ञाता 2. अंतर्यामी, ईश्वर, सर्वज्ञ
ختم (वि.)ख़त्म
1. समाप्त, सम्पन्न, सम्पूर्ण 2. समाप्ति, अंत
3. क़ुरआन शरीफ़ का संपूर्ण पाठ
خجالت (स्त्री.)ख़जालत
लज्जा, पछतावा, शर्मिंदगी
خجل (वि.)ख़जिल
लज्जित, शर्मिंदा, पश्चातापी
خدا (पु.)ख़ुदा
अल्लाह, ईश्वर, परमात्मा
خداپرست (वि.)ख़ुदा परस्त
आस्तिक, सत्यनिष्ठ, ईश्वर भक्त
خداترس (वि.)ख़ुदा तर्स
दयावान, कृपालु, धर्मभीरु, भगवान से डरने वाला

خانماں (पु.)ख़ानुमाँ
गृह सामग्री, अटाला
خانوادہ (पु.)ख़ान्वादा
1. घराना, ख़ानदान 2. सूफ़ियों के वंशज, सूफ़ी घराना 3. सूफ़ी संप्रदाय
خانہ (पु.)ख़ाना
1. घर 2. पक्षियों का दरबा 3. शतरंज या चौसर के खेल में बना निशान 4. (वन.) कोष्ठक 5. (प्रशा.) प्रकोष्ठ
خانہ آبادی (स्त्री.)ख़ाना आबादी
विवाह, शादी
خانہ بدوش (वि.)ख़ाना ब दोश
1. बंजारा 2. आवारा 3. निघरा
خانہ بربادی (स्त्री.)ख़ाना बरबादी
गृह-कलह, घर या परिवार की तबाही, घर बरबादी
خانہ پری (स्त्री.)ख़ाना पुरी
ख़ाना पूर्ति
خانہ تلاشی (स्त्री.)ख़ाना तलाशी
पुलिस द्वारा घर की तलाशी
خانہ جنگی (स्त्री.)ख़ाना जंगी
गृह-युद्ध, आंतरिक युद्ध
خانہ خراب (पु.)ख़ाना ख़राब
1. आवारागर्द 2. (वि.) नष्ट, बरबाद
3. गृह-कलह
خانہ خرابی (स्त्री.)ख़ाना ख़राबी
सर्वनाश
خانہ داماد (पु.)ख़ाना दामाद
घर-दामाद, घर जमाई
خانہ داری (स्त्री.)ख़ानादारी
घरदारी, घर-बार का काम-काज
خانہ نشیں (वि.)ख़ाना नशीं
एकांतवासी, संन्यासी
خاور (पु.)ख़ावर
सूर्य, प्रभाकर
خاوند (पु.)ख़ाविंद
1. स्वामी 2. पति, घर वाला
خائف (वि.)ख़ाइफ़
भयभीत, त्रस्त, डरा हुआ
خایہ (पु.)ख़ाया
अंड, अंडकोष

(वाक्य)ख़ुदा हाफ़िज़ خداحافظ
विदा करते समय परस्पर कहे जाने वाले प्रार्थना-शब्द, ईश्वर तुम्हारी रक्षा करे

(वि.)ख़ुदादाद خداداد
ईश्वरदत्त, ईश्वर का दिया हुआ

(क्रि.वि.)ख़ुदारा خدارا
ईश्वर के लिए, ख़ुदा के वास्ते

(वि.)ख़ुदा रसीदा خدارسیدہ
भक्त, ऋषि, मुनि, साधु-संत

(पु.)ख़ुद्दाम خدّام
'خادم' का बहु., सेवकगण, दरगाह के सेवक

(पु.)ख़ुदावंद خداوند
ख़ुदा, ईश्वर, स्वामी, परमेश्वर

(स्त्री.)ख़ुदावंदी خداوندی
ख़ुदाई, ईश्वरत्व, प्रभुत्व

(स्त्री.)ख़ुदाई خدائی
1. ईश्वरत्व, ईश्वरीय 2. संसार, जगत 3. दैवीय

(पु.)ख़दशा خدشہ
1. शंका, आशंका, संशय 2. भय, डर, संदेह

(स्त्री.)ख़िदमात خدمات
'خدمت' का बहु., सेवा, सत्कार

(स्त्री.)ख़िदमत خدمت
1. सेवा, शुश्रुषा 2. नौकरी चाकरी 3. दासता

(पु.)ख़िदम तगार خدمتگار
दास, नौकर, सेवक

(वि.)ख़िदमत गुज़ार خدمت گزار
सेवानिष्ठ, दास, नौकर, सेवक, आज्ञापालक

(पु.)ख़िदमत मुतालबात خدمت مطالبات
(वाणि.) सेवाख़र्च, सेवा प्रभार

(पु.)ख़दंग خدنگ
तीर, बाण, शर

(पु.)ख़र خر
1. गधा, गर्दभ 2. (प्रत्य.) बड़ा, महान, जैसे- (क)'خرگاہ' (ख़रगाह) बड़ा तम्बू (ख)'خربندہ' (ख़रबंदा) मुग़ल शासन में एक उच्च पदवी

(वि.)ख़राब خراب
1. विकृत, दूषित, निकृष्ट 2. अपवित्र, नापाक 3. बर्बाद, निर्जन, वीरान 4. बुरा, नीच, कमीना 5. बदचलन, उन्मत

(पु.)ख़राबात خرابات
1. मधुशाला, मदिरालय, शराबख़ाना 2. जुआघर

(वि.)ख़राबाती خراباتی
1. शराबी, मद्यप 2. अनुभवी सिद्ध व्यक्ति

(पु.)ख़राबा خرابہ
वीराना, खंडहर, निर्जन

(पु.)ख़िराज خراج
भूमिकर, लगान, चौथ

(वि.)ख़िराज गुज़ार خراج گزار
भूमिकर दाता, राजस्व देने वाला

(पु.)ख़राद/ख़र्राद خراد
1. रंदा करने का यंत्र 2. लकड़ी ख़रादने का यंत्र

(पु./स्त्री.)ख़राश خراش
1. गले की खिच खिच 2. खरोच, रगड़, छिलन 3. खुजली

(स्त्री.)ख़ुराफ़ात خرافات
बकवास, बेढंगा काम, बेढंगी बात, बेहूदा बात और व्यर्थ कार्य

(पु.)ख़िराम خرام
चाल, गति, मृदुल गति

(पु.)ख़िरामे-नाज़ خرام ناز
मृदुल गति, इठलाती चाल, माशुक़ाना चाल, मनमोहक गति

(पु.)ख़र्च خرچ
1. व्यय, उपभोग, इस्तेमाल 2. लागत

(पु.)ख़रख़शा خرخشہ
झगड़ा, बखेड़ा

(स्त्री.)ख़िरद خرد
बुद्धि, मेधा, अक़्ल, मनीषा

(वि.)ख़ुर्द خرد
छोटा, लघु, क्षुद्र

(वि.)ख़ुर्द-बुर्द خرد برد
1. ग़बन 2. नष्ट, बर्बाद 3. (वाणि.) दुर्विनियोजन

(स्त्री.)ख़ुर्दबीन خردبین
अणुवीक्षण, सूक्ष्मदर्शी, माइक्रोस्कोप

خزانہ (पु.)ख़ज़ाना
1. राजकोष, ख़ज़ाना 2. निधि
خزاں (स्त्री.)ख़ज़ाँ
पतझड़
خزینہ (पु.)ख़ज़ीना
दे. 'خزانہ'
خس (पु.)ख़स
फूस, उशीर, एक क़िस्म की सूखी घास
خس وخاشاک (पु.)ख़सो-ख़ाशाक
कूड़ा-करकट, घास-फूस
خسارہ (पु.)ख़सारा
1. हानि, नुक़्सान, घाटा, क्षति 2. (वाणि.) कमी, घाटा
خسارہ بجٹ (पु.)ख़सारा बजट
(अर्थ., वाणि.) घाटे का बजट
خسارہ مالیات (स्त्री.)ख़सारा मालियात
(अर्थ.,वाणि.) घाटा वित्तीयन
خستہ (वि.)ख़स्ता
1. भुरभुरा, कुरकुरा, मुरमुरा 2. घायल 3. क्लांत, थकित, श्रांत 4. दुखी, परेशान 5. दरिद्र, कंगाल
خستہ حال (वि.)ख़स्ता हाल
1. थका-मांदा, टूटा हुआ, जीर्ण-शीर्ण 2. दुर्दशाग्रस्त, दरिद्र, कंगाल
خسر (पु.)ख़ुस्र
ससुर
خسرو (पु.)ख़ुसरो
सम्राट, राजा
خسرہ (पु.)ख़स्रा
ख़सरा, छोटी माता
خسیس (वि.)ख़सीस
1. कृपण, कंजूस 2. अधम, तुच्छ
خشت (स्त्री.)ख़िश्त
ईंट
خشت باری (स्त्री.)ख़िश्त बारी
ईंट-पत्थर मारना या बरसाना
خشخاش (स्त्री.)ख़श्ख़ाश
पोस्त, ख़सख़स
خشک (वि.)ख़ुश्क
शुष्क, नीरस, रूखा
خشک بادپیما (पु.)ख़ुश्क बाद पैमा
(भू., भौ.) निर्द्र वायु दाबमापी

خردسال (वि.)ख़ुर्द साल
अल्पायु, छोटा, कमसिन
خردمند (वि.)ख़िरद मंद
मेधावी, मनीषी, अक़्लमंद, बुद्धिमान
خردہ (पु.)ख़ुर्दा
1. टुकड़ा, अंश, भाग 2. रेज़गारी
خردہ فروش (पु.)ख़ुर्दा फ़रोश
1. परचूनिया 2. फेरी वाला
خردہ گیری (स्त्री.)ख़ुर्दा गीरी
छिद्रांवेषण, नुक्ताचीनी
خرقہ (पु.)ख़िर्क़ा
गुदड़ी, जीर्ण-शीर्ण वस्त्र
خرقہ پوش (पु.)ख़िर्क़ापोश
1. गुदड़ीपोश, गुदड़िया 2. सूफ़ी
خرم (वि.)ख़ुर्रम
प्रसन्न, आनन्दित, ख़ुश, हर्षित
خرما (पु.)ख़ुर्मा
1. खजूर 2. छुहारा
خرمستی (स्त्री.)ख़र मस्ती
मदमस्ती, बेवक़ूफ़ी
خرمن (पु.)ख़िर्मन
1. ढेर, अन्न का ढेर 2. खलिहान
خرمہرہ (पु.)ख़रमुहरा
छोटा घोंघा जो तालाबों में होता है
خروج (पु.)ख़ुरूज
(रसा.) निस्सरण
خروج پیما (पु.)ख़ुरूज पैमा
(रसा.) निस्सरणमापी
خروش (पु.)ख़रोश
शोर, कोलाहल, शोरगुल, कोहराम
خروس (पु.)ख़ुरूस
मुर्ग़ा, कुक्कुट
خرید (स्त्री.)ख़रीद
क्रय, ख़रीदारी
خریداری (स्त्री.)ख़रीदारी
क्रय, खरीदने की क्रिया
خرید وفروخت (स्त्री.)ख़रीदो-फ़रोख़्त
क्रय-विक्रय
خزانچی (पु.)ख़ज़ानची
कोषाध्यक्ष, ख़ज़ानची

(स्त्री.)खुश्क साली خشک سالی
अनावृष्टि, दुर्भिक्ष, अकाल

(वि.)खुश्क कशीद خشک کشید
(रसा.) शुष्क आसवन

(पु.)खुश्का خشکہ
1. उबले हुए चावल, भात 2. पलोथन, पलेथन 3. पकी हुई सूखी सब्ज़ी

(स्त्री.)खुश्की خشکی
1. शुष्कता, सूखापन 2. थल 3. रूसी, बफा 4. (भू.) शुष्कता

(वि.)ख़श्मगीं خشمگیں
रोषपूर्ण, क्रोधातुर, क्रोधित, कुपित

(पु.)खुशू خشوع
विनय, नम्रता, गिड़गिड़ाना

(स्त्री.)ख़स्लत خصلت
स्वभाव, गुण, प्रकृति, आदत, सीरत

(पु.)ख़स्म خصم
1. स्वामी, पति 2. शत्रु, दुश्मन 3. प्रतिद्वंद्वी

(क्रि.वि.)खुसूसन خصوصاً
विशेषतः, मुख्यतः, प्रधानतः

(वि.)खुसूसी خصوصی
विशिष्ट, मुख्य, विशेष, प्रधान

(स्त्री.)खुसूसियत خصوصیت
विशेषता

(वि.)ख़स्सी خصی
बधिया

(पु.)खुसिया خصیہ
अंडकोष

(पु.)ख़िज़ाब خضاب
बालों को रंगने की सामग्री

(पु.)ख़िज़्र خضر
1. पथ-प्रदर्शक, मार्ग दर्शक 2. एक पैग़म्बर का नाम 3. कैस्पियन सागर

(पु.)ख़त خط
1. रेखा, लकीर, लाइन 2. पत्र, चिट्ठी 3. हजामत 4. हस्तलेख 5. राजादेश

(पु.)ख़त्ते-इस्तिवा خطِ استوا
भूमध्य रेखा, विषुवत् रेखा

(पु.)ख़त तराश خط تراش
नाई, हज्जाम, ठाकुर

(पु.)ख़त्ते-तक़दीर خطِ تقدیر
भाग्य-रेखा

(पु.)ख़त्ते-जदी خطِ جدی
(भू.) मकर-रेखा

(पु.)ख़त्ते-सर्तान خطِ سرطان
(भू.) कर्क-रेखा

(पु.)ख़त्ते-शिकस्ता خطِ شکستہ
(भा.) प्रवाही लेखन

(पु.)ख़त्ते-अमूद خطِ عمود
(ग.) लम्ब (वह खड़ी रेखा जो किसी पड़ी रेखा पर गिरकर 90° का कोण बनाए)

(वि.)ख़त कशीदा خط کشیدہ
रेखांकित

(पु.)ख़त्ते-मुतवाज़ी خطِ متوازی
(ग., भू.) समानांतर रेखा

(पु.)ख़त्ते-मुस्तक़ीम خطِ مستقیم
(ग., भू.) ऋजु रेखा, सरल रेखा, सीधी रेखा

(स्त्री.)ख़तो-किताबत خط و کتابت
पत्र व्यवहार, पत्राचार

(स्त्री.)ख़ता خطا
1. भूल-चूक 2. दोष, अपराध 3. पाप, गुनाह

(पु.)ख़िताब خطاب
1. संबोधन, अभिभाषण 2. उपाधि

(स्त्री.)ख़िताबत خطابت
1. संबोधन 2. भाषण

(पु.)ख़त्तात خطاط
सुलेखक, सुंदर लेख लिखने वाला, कातिब

(स्त्री.)ख़त्ताती خطاطی
सुलेख, सुलेख-कला, किताबत

(वि.)ख़ताकार خطاکار
1. दोषी 2. पापी, गुनाहगार 3. अपराधी

(पु.)ख़ुतबा خطبہ
1. धर्मोपदेश 2. भाषण 3. प्राक्कथन

(पु.)ख़तरा خطرہ
1. भय, डर, ख़ौफ़ 2. संदेह, शंका, अंदेशा

(पु.)ख़ित्ता خطہ
1. क्षेत्र 2. प्रदेश 3. भूखंड

(वि.)ख़त्ती خطی
1. (भौ., ग.) रैखीय, रैखिक, रेखाकार 2. हस्त लिखित

**خطی پیمانہ** (पु.)ख़त्ती पैमाना
(भौ., भू.) रैखीय पैमाना

**خطی تحدیدات** (स्त्री.)ख़त्ती तहदीदात
(ग.)एकघात प्रतिबंध

**خطی حرکت** (स्त्री.)ख़त्ती हरकत
(भौ.) रैखिक गति

**خطی ضربیہ** (पु.)ख़त्ती ज़र्बिया
(भौ.) रैखिक गुणांक

**خطیب** (पु.)ख़तीब
1. वक्ता 2. निकाह के लिए ख़ुत्बा पढ़ने वाला 3. धर्मोपदेशक

**خطیر** (वि.)ख़तीर
1. अत्यधिक, बहुत, ज़्यादा 2. श्रेष्ठ, महान

**خفا** (वि.)ख़फ़ा
क्रुद्ध, रुष्ट, नाराज़

**خفت** (स्त्री.)ख़िफ़्फ़त
1. लज्जा, संकोच, शर्म 2. निम्नता, छोटापन, तुच्छता

**خفقان** (पु.)ख़फ़क़ान
1. घबराहट 2. हृदय कंपन 3. पागलनपन, बदहवासी

**خفگی** (स्त्री.)ख़फ़गी
1. रुष्टता, अप्रसन्नता, नाराज़गी 2. वैमनस्य

**خفی** (वि.)ख़फ़ी
1. महीन 2. गुप्त, छिपा हुआ 3. अव्यक्त

**خفیف** (वि.)ख़फ़ीफ़
1. (भा.) ह्रस्व (स्वर) 2. न्यून, छोटा, हल्का 3. लज्जित

**خفیف جنون** (पु.)ख़फ़ीफ़ जुनून
(मनो.) सुसाध्यमतनस्ताप

**خفیہ** (वि.)ख़ुफ़िया
गुप्त, पोशीदा

**خلا** (पु.)ख़ला
1. रिक्त, शून्य 2. अंतरिक्ष

**خلاص** (वि.)ख़लास
1. समाप्त हो जाना 2. मुक्त, रिहा, छुटकारा पाया हुआ

**خلاصہ** (पु.)ख़ुलासा
1. सारांश, सार 2. निचोड़, संक्षेप 3. स्पष्ट

**خلاصہ نویس** (पु.)ख़ुलासा नवीस
(प्रशा.) संक्षेपकार

**خلاصی** (स्त्री.)ख़लासी
1. मुक्ति, रिहाई, छुटकारा 2. ट्रक या जहाज़ से सामान ख़ाली करने वाला सेवक

**خلاف** (वि.)ख़िलाफ़
विरुद्ध, प्रतिकूल

**خلاف قانون** (वि.)ख़िलाफ़े-क़ानून
अवैध, नियम-विरुद्ध

**خلاف معمول** (वि.)ख़िलाफ़े-मामूल
(भा.) असामान्य

**خلافت** (स्त्री.)ख़िलाफ़त
1. प्रतिनिधित्व 2. पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब का प्रतिनिधित्व

**خلد** (स्त्री.)ख़ुल्द
स्वर्ग

**خلش** (स्त्री.)ख़लिश
1. खटक, चुभन 2. झगड़ा, लड़ाई 3. चिंता, उलझन

**خلط ملط** (वि.)ख़ल्त मल्त
सम्मिलित, सम्मिश्रित, गड्डमड्ड

**خلع** (पु.)ख़ुला
मुस्लिम महिला को विवाह संबंध विच्छेद करने का अधिकार

**خلعت** (स्त्री.)ख़िलअत
मुसलमान शासकों द्वारा व्यक्ति विशेष को सम्मानार्थ दी जाने वाली ख़ास पोशाक

**خلفا** (पु.)ख़ुलफ़ा
'خلیفہ' का बहु.

**خلق** (स्त्री.)ख़ल्क़
1. सृष्टि, रचना 2. मानव जाति

**خلقت** (स्त्री.)ख़िल्क़त
1. सृष्टि, उत्पति 2. स्वभाव 3. जनता, अवाम

**خلل** (पु.)ख़लल
1. विघ्न, बाधा, अड़चन 2. हस्तक्षेप 3. विकार, ख़राबी

**خلل اندازی** (स्त्री.)ख़लल अंदाज़ी
हस्तक्षेप, बाधा, गड़बड़

**خلو** (पु.)ख़ुलू
1. ख़ाली होना, रिक्तता, ख़ालीपन 2. (भौ.) रिक्तिका

**خلو خوشہ** (पु.)ख़ुलू ख़ोशा
(भौ.) रिक्तिका गुच्छ

خلوت (स्त्री.)ख़ल्वत
1. एकांत, एकांतवास 2. शयनकक्ष

خلوص (पु.)ख़ुलूस
1. निश्छलता 2. निष्कपटता 3. सत्यता

خلیج (स्त्री.)ख़लीज
1. खाड़ी 2. मतभेद 3. दूरी

خلیچہ (स्त्री.)ख़लीचा
(वन.) लघुकोशिका, सेल्यूल

خلیفہ (पु.)ख़लीफ़ा
1. प्रतिनिधि 2. स्थानापन्न 3. पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब का उत्तराधिकारी 4. नाई, हज्जाम, ठाकुर

خلیق (वि.)ख़लीक़
सुशील, मिलनसार, उदार

خلیل (पु.)ख़लील
मित्र, सखा, दोस्त

خلیہ (पु.)ख़लिया
(वन., प्राणी.) 1. कोशिका 2. सेल 3. कोष्ठिका

خم (पु.)ख़म
वक्रता, झुकाव, मोड़, पेच, घुमाव

خُم (पु.)ख़ुम
1. मधु घट, मटका, मदिरा पात्र 2. जोश, उफान

خُم خانہ (पु.)ख़ुम ख़ाना
मदिरालय, मधुशाला, शराबख़ाना

خُمار (पु.)ख़ुमार
1. नशा, मद, उन्माद 2. नशा उतरने के समय का उन्निदपन

خمدار (वि.)ख़मदार
वक्र, टेढ़ा, तिरछा, झुका हुआ

خمر (स्त्री.)ख़म्र
1. मदिरा, मद्य, शराब 2. ख़मीर

خمس (वि.)ख़म्स
1. पाँच वस्तुओं का मिश्रण 2. पंचपदी

خُمس (पु.)ख़ुम्स
पाँचवा भाग

خمیدہ (वि.)ख़मीदा
अवनत, झुका हुआ, वक्र

خنجر (पु.)ख़ंजर
छुरी, भुजाली, बड़ा चाक़ू, क्षुरिका

خنجر بکف (वि.)ख़ंजर ब कफ़
हाथ में खंजर लिए हुए, आक्रमण करने के लिए तत्पर, वध करने के लिए तत्पर

خنجر زنی (स्त्री.)ख़ंजर ज़नी
छुरा भोंकना, ख़ंजर से घायल करना

خنداں (वि.)ख़ंदाँ
हँसता हुआ, मुस्कुराता हुआ, विहसित

خندق (स्त्री.)ख़ंदक़
1. खाई, गर्त 2. दुर्ग आदि के चारों ओर सुरक्षा हेतु बनी खाई

خندہ (स्त्री.)ख़ंदा
1. हँसी, मुस्कान, मधुहास 2. अट्टहास, क़हक़हा 3. विहसित

خندہ پیشانی (वि.)ख़ंदा पेशानी
हँसमुख, प्रफुल्लित

خندہ زن (वि.)ख़ंदा ज़न
1. हँसने वाला 2. हँसी उड़ाने वाला 3. परिहासी, उपहास करने वाला

خندہ زنی (स्त्री.)ख़ंदाज़नी
1. हँसना, मुस्कुराना 2. हँसी उड़ाना, परिहासन

خندہ لب (वि.)ख़ंदा लब
जिसके होंठों पर मुस्कान रहती हो, हँसमुख

خندۂ زیرِ لب (पु.)ख़ंदए-ज़ेरे-लब
मुस्कुराहट, मंदहास, होठों तले दबी हँसी

خواب (पु.)ख़्वाब
1. निद्रा, नींद 2. स्वप्न

خواب آگیں (वि.)ख़्वाब आगीं
निद्रालु, उन्निद

خواب آور (वि.)ख़्वाब आवर
नींद लाने वाली औषधी, निद्राकारक, निद्रकर

خواتین (स्त्री.)ख़्वातीन
'خاتون' का बहु.

خواجہ (पु.)ख़्वाजा
स्वामी, मालिक, पति

خوار (पु.)ख़्वार
1. अपमानित, तिरस्कृत 2. दुर्दशाग्रस्त, बदहाल

خواری (स्त्री.)ख़्वारी
1. अपमान, अनादर 2. दुर्दशा, बदहाली

خواص (पु.)ख़वास
'خاص' का बहु., विशिष्ट जन

خوان (पु.)ख़्वान
थाल, सीनी

خوان پوش (पु.)ख़्वान पोश
भोजन का थाल ढकने का कपड़ा

خوانچہ ( पु. )ख़्वानचा
थाली, सीनी, ट्रे

خواندگی ( स्त्री. )ख़्वानदगी
साक्षरता

خواندنی ( वि. )ख़्वानदनी
1. पाठ्य, पढ़ने योग्य 2. पठित

خواندہ ( वि. )ख़्वाँदा
पढ़ा-लिखा, शिक्षित

خواہ مخواہ ( क्रि.वि )ख़्वाह मख़्वाह
चाहे अनचाहे, व्यर्थ में

خواہاں ( वि. )ख़्वाहाँ
इच्छुक, चाहने वाला

خواہش ( स्त्री. )ख़्वाहिश
इच्छा, चाह

خواہش مند ( वि. )ख़्वाहिशमंद
इच्छुक

خواہشات ( वि. )ख़्वाहिशात
'خواہش' का बहु.

خو ( स्त्री. )ख़ू
आदत, व्यवहार

خوب ( विस्मयबोधक )ख़ूब
1. वाह! 2. ( वि. ) अच्छा, भला, सुंदर

خوباں ( पु. )ख़ूबाँ
प्रिया, प्रेयसी, प्रियतमा

خوبرو ( वि. )ख़ूबरू
1. रूपवान्, सुन्दर 2. प्रियतमा

خوبصورت ( वि. )ख़ूबसूरत
1. रूपवान्, सुंदर 2. बढ़िया, अच्छा

خوبصورتی ( स्त्री. )ख़ूबसूरती
1. सौंदर्य, सुंदरता 2. अच्छाई

خود ( पु. )ख़ुद
स्वयं, स्वत:

خودآرا ( वि. )ख़ुदआरा
ख़ुद को सजा सवाँर कर रहने वाला, आत्मप्रदर्शी

خودآرائی ( स्त्री. )ख़ुद आराई
बनाव श्रृंगार, ख़ुदनुमाई, आत्म प्रदर्शन

خوداختیاری ( स्त्री. )ख़ुद इख़्तियारी
1. आत्मानुशासन 2. ( भा. ) यादृच्छिक
3. ( ग. ) स्वेच्छ, यादृच्छिक

خوداعتمادی ( स्त्री. )ख़ुद एतिमादी
आत्मविश्वास

خوددار ( वि. )ख़ुद्दार
स्वाभिमानी

خودداری ( स्त्री. )ख़ुद्दारी
स्वाभिमान, आत्म संमान, आत्म गौरव

خودرائے ( वि. )ख़ुदराए
स्वेच्छाचारी

خودرو ( वि. )ख़ुदरू
अपने आप उगने वाला, जंगली

خودساختہ ( स्त्री. )ख़ुद साख़्ता
1. आत्म निर्मित 2. मनगढ़ंत, कपोल, कल्पित

خودسوزی ( स्त्री. )ख़ुद सोज़ी
1. आत्म-दाह 2. सती होना

خودکار ( वि. )ख़ुद कार
स्वचालित

خودکشی ( स्त्री. )ख़ुद कुशी
आत्महत्या

خودکفالتی ( स्त्री. )ख़ुद कफ़ालती
स्वावलंबन

خودکفیل ( वि. )ख़ुद कफ़ील
स्वावलंबित

خودمختار ( वि. )ख़ुद मुख़्तार
1. सर्वसत्ताधारी, स्वाधीन, निरंकुश, स्वतन्त्र, आज़ाद 2. ( प्रशा. ) स्वायत्त

خودمختاری ( स्त्री. )ख़ुद मुख़्तारी
1. स्वेच्छाचारी, निरंकुश, स्वाधीनता, आज़ादी, स्वतन्त्रता, प्रभुत्व सम्पन्नता, प्रभुता
2. ( राज. ) स्वायत्तता

خودلذتیت ( स्त्री. )ख़ुद लज़्ज़तियत
( मनो. ) स्वरति

خودمرکز ( पु. )ख़ुद मरकज़
( मनो. ) अहंकेंद्रिक

خودنما ( वि. )ख़ुद नुमा
( वन. ) शिरस्त्राणवत्, आत्मप्रदर्शी

خودنمائی ( स्त्री. )ख़ुद नुमाई
आत्म प्रदर्शन, दिखावा

خودنوشت ( स्त्री. )ख़ुद नविश्त
आत्मकथा

خودی ( स्त्री. )ख़ुदी
1. आपा 2. अंह, घमंड, अहंकार

خوراک ( स्त्री. )ख़ुराक
भोजन, खाद्य, पदार्थ

**خوراک بھتہ** (पु.)ख़ुराक भत्ता
(प्रशा.)-आहार भत्ता

**خوردنی** (वि.)ख़ुर्दनी
खाद्य पदार्थ

**خورشید** (पु.)ख़ुर्शीद
रवि, दिनकर, सूर्य, दिवाकर

**خوش** (वि.)ख़ुश
1. प्रसन्न 2. शुभ 3. सुंदर

**خوش آمدید** (स्त्री.)ख़ुश आमदीद
शुभ आगमन, स्वागतम

**خوش باش** (वाक्य)ख़ुश बाश
1. प्रसन्न रहो, आनन्द रहो, एक प्रकार का आशीर्वाद संबोधन 2. (वि.) ख़ुश रहने वाला

**خوش حال** (वि.)ख़ुश हाल
संपन्न, समृद्ध

**خوش خبری** (स्त्री.)ख़ुशख़बरी
शुभ सूचना, अच्छी ख़बर, शुभ समाचार

**خوش دامن** (स्त्री.)ख़ुश दामन
सास

**خوش ذائقہ** (वि.)ख़ुश ज़ाइक़ा
स्वादिष्ट, मज़ेदार, सुस्वाद

**خوش گوار** (वि.)ख़ुशगवार
रुचिकर, मनोवांछित

**خوش نما** (वि.)ख़ुशनुमा
मनोरम, दिलकश, सुंदर, प्रियदर्शी

**خوشامد** (स्त्री.)ख़ुशामद
चापलूसी, चाटुकारिता

**خوشامدی** (वि.)ख़ुशामदी
चाटुकार, चापलूस

**خوشبو** (स्त्री.)ख़ुशबू
सुगंध, सौरभ, महक

**خوشبودار** (वि.)ख़ुशबूदार
सुगंधित, सुरभित

**خوشنودی** (वि.)ख़ुशनूदी
1. ख़ुशी, प्रसन्नता 2. रज़ामंदी, सहमति

**خوشہ** (पु.)ख़ोशा
1. गुच्छा 2. (भा.) गुच्छ 3. (वन.) पुँज

**خوشی** (स्त्री.)ख़ुशी
हर्ष, प्रसन्नता

**خوف** (पु.)ख़ौफ़
भय, डर, त्रास

**خوف زدہ** (वि.)ख़ौफ़ज़दा
भयभीत, त्रसित, डरा हुआ

**خوفناک** (वि.)ख़ौफ़नाक
भयंकर, भयानक

**خوگر** (वि.)ख़ूगर
व्यसनी, लती, आदी, अभ्यस्त

**خول** (पु.)ख़ोल
1. खोखला, थोथा, पोला 2. छिलका

**خون** (पु.)ख़ून
रक्त

**خون آلودہ** (वि.)ख़ून आलूदा
रक्तरंजित, ख़ून में लथपथ

**خون بہا** (पु.)ख़ूनबहा
1. हत्यारे द्वारा हत व्यक्ति के उत्तराधिकारी को दिया जाने वाला धन 2. (राज.) रक्तपात देय

**خون آشام** (वि.)ख़ूँ आशाम
रक्त-पिपासु

**خونخوار** (वि.)ख़ूँख़्वार
1. रक्तपायी 2. हिंसक, दरिंदा, निर्दयी

**خون ریزی** (स्त्री.)ख़ूँरेज़ी
रक्तपात, मार-काट, हिंसक कृत्य

**خونی** (पु.)ख़ूनी
1. वधिक, हत्यारा 2. (वि.) ख़ून से संबंधित

**خیاباں** (पु.)ख़ियाबाँ
1. क्यारी 2. उद्यान 3. चौड़ी सड़क

**خیار** (पु.)ख़ियार
1. खीरा 2. ककड़ी

**خیال** (पु.)ख़याल
1. विचार 2. कल्पना 3. अनुमान, अंदाज़ा 4. हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत का एक प्रकार

**خیالی** (वि.)ख़याली
काल्पनिक, मनगढ़ंत

**خیالیاتی تمثال** (स्त्री.)ख़यालियाती तिमसाल
(दर्श.) मूर्तकल्पी प्रतिमा

**خیانت** (स्त्री.)ख़ियानत/ख़यानत
1. धरोहर रखी हुई वस्तु या धन में बेईमानी 2. धोखा धड़ी, फ़रेब, ग़बन, बेईमानी

**خیر** (वि.)ख़ैर
1. कुशल, मंगल 2. शुभ 3. (स्त्री.) उपकार, कृपा

**خیر اندیش** (वि.)ख़ैर अंदेश
शुभचिंतक, हितेच्छु, शुभेच्छु

**خیر باد** (वा.)ख़ैरबाद
1. विदा के समय कहे जाने वाले प्रार्थना शब्दार्थ, ईश्वर तुम्हारी रक्षा करे 2. छोड़ देना, त्याग देना

خیر خواہ (वि.)ख़ैर ख़्वाह
शुभचिंतक, हितैषी

خیر خواہی (स्त्री.)ख़ैर ख़्वाही
शुभचिंतन, हितेच्छा

خیر سگالی (वि.)ख़ैरसिगाली
(राज.) सदभावना, सदिच्छा

خیر مقدم (पु.)ख़ैर मक़्दम
स्वागत, अभिनंदन

خیر و عافیت (स्त्री.)ख़ैरो-आफ़ियत
कुशल-क्षेम, मंगल, कामनाएँ

خیرات (स्त्री.)ख़ैरात
धर्मदान

خیرات خانہ (पु.)ख़ैरात ख़ाना
दानशाला, दानगृह, दान वितरण कक्ष

خیرگی (स्त्री.)ख़ीरगी
1. अँधेरा, तमस 2. आश्चर्य, हैरानी

خیرہ (वि.)ख़ीरा
1. अँधकारमय, अँधेरा 2. चकित, भौचक्का, हैरान

خیرہ چشم (वि.)ख़ीरा चश्म
निर्लज्ज, धृष्ट, लज्जाहीन

خیریت (स्त्री.)ख़ैरियत
1. कुशल, मंगल 2. भलाई, सत्कर्म
3. स्वास्थ्य लाभ

خیشوم (पु.)ख़ैशोम
(प्राणि.) गिल, क्लोम

خیشوم پارہ (पु.)ख़ैशोम पारा
(प्राणि.) क्लोमखंड

خیمہ (पु.)ख़ेमा
तंबू, डेरा, रावटी

خیمہ گاہ (पु.)ख़ेमागाह
छावनी, कैम्प, सेना का पड़ाव

---

## د

---

داخل (वि.)दाख़िल
प्रविष्ट, सम्मिलित

داخلہ (पु.)दाख़िला
प्रवेश

داخلی (वि.)दाख़िली
1. आंतरिक 2. भीतरी, अंदरूनी, मानसिक

داخلی پالیسی (स्त्री.)दाख़िली पॉलीसी
(राज.) गृह-नीति, घरेलू नीति

داخلی زاویہ (पु.)दाख़िली ज़ाविया
(ग.) आंतरिक कोण

داد (स्त्री.)दाद
1. न्याय, इंसाफ़ 2. दान 3. प्रशंसा 4. (प्रत्य.) दिया हुआ 5. (पु.) खुजली-ख़ारिश आदि

دادخواہ (वि.)दादख़्वाह
फ़रियादी, न्याय चाहने वाला, न्याय याचक, न्याय प्रार्थी

دادرس (वि.)दादरस
दे. 'دادگر'

دادرسی (स्त्री.)दादरसी
न्याय चाहना

دادطلب (वि.)दादतलब
प्रशंसा चाहना

دادگر (वि.)दादगर
1. प्रशंसक 2. न्यायकर्ता, मुंसिफ़

دادودہش (स्त्री.)दादो-दिहिश
दानशीलता, उदारता

دادوستد (स्त्री.)दादो-सितद
लेन-देन, रुपयो का लेन-देन

دار (पु.)दार
1. घर, मकान 2. स्थान, जगह 3. लोक
4. सूली, फाँसी 5. (प्रत्य.) वाला, जैसे- 'حصہ دار' (हिस्सेदार)

دارالآخرت (पु.)दारुल-आख़िरत
परलोक

دارالاقامہ (पु.)दारुल-इक़ामा
छात्रावास

دارالامارت (पु.)दारुल-इमारत
राजधानी, शासन केंद्र

دارالامان (पु.)दारुल-अमान
शांति स्थल

دارالامن (पु.)दारुल-अम्न
दे. 'دارالامان'

دارالایتام (पु.)दारुल-ऐताम
अनाथालय, यतीमख़ाना

دارالتربیت (पु.)दारुत-तर्बियत
प्रशिक्षण केन्द, जहाँ शिष्टता और सभ्यता सिखाई जाए

دارالحرب (पु.)दारुल हरब
वह देश जहाँ ग़ैर-मुस्लिम हुकूमत हो और जहाँ का शासक मुसलमानों को उनकी धार्मिक कृत्य न करने दे
دارالحکومت (पु.)दारुल हुकूमत
राजधानी
دارالخلافت (पु.)दारुल ख़िलाफ़त
राजधानी
دارالسلام (पु.)दारुस् सलाम
1. शांति का स्थान 2. स्वर्ग
دارالسلطنت (पु.)दारुस सल्तनत
राजधानी
دارالشرع (पु.)दारुश् शरा
इस्लामी न्यायालय
دارالشفا (पु.)दारुश् शिफ़ा
आरोग्यशाला, अस्पताल
دارالشوریٰ (पु.)दारुश् शूरा
परामर्श कक्ष
دارالضرب (पु.)दारुज़् ज़र्ब
टकसाल
دارالعدالت (पु.)दारुल अदालत
न्यायालय, कचहरी
دارالعلوم (पु.)दारुल उलूम
विश्वविद्यालय
دارالعمل (पु.)दारुल अमल
1. कर्म-स्थली, संसार 2. प्रयोगशाला
دارالقرار (पु.)दारुल क़रार
परम धाम, स्वर्ग
دارالقضا (पु.)दारुल क़ज़ा
न्यायालय, कचहरी
دارالکتب (पु.)दारुल कुतुब
1. किताब घर, पुस्तकालय
2. पुस्तक विक्रय केंद
دارالمحن (पु.)दारुल मिहन
दुःख और क्लेश का स्थान अर्थात् संसार
دارالمطالعہ (पु.)दारुल मुताला
वाचनालय
دارالمکافات (पु.)दारुल मुकाफ़ात
बदले की जगह अर्थात् परलोक
دارالملک (पु.)दारुल-मुल्क
राजधानी

دارچینی (स्त्री.)दारचीनी
एक वृक्ष की छाल, दाल चीनी
داروگیر (स्त्री.)दारो गीर
1. पकड़ धकड़, गिरिफ़्तारियाँ 2. पूछ-गच्छ, जवाबदेही चाहना
دارومدار (पु.)दारो-मदार
निर्भरता
دارا (पु.)दारा
1. ईरान का एक बादशाह जिसे सिकंदर ने पराजित किया था 2. बादशाह, नरेश, राजा 3. बलवान् 4. धनी
داروٗ (स्त्री.)दारू
1. मदिरा, शराब 2. सीरप
داروغہ (पु.)दारोग़ा
1. निरीक्षक 2. थानेदार
دارین (पु.)दारैन
दोनों लोक, लोक-परलोक, उभय लोक
داستان (स्त्री.)दास्तान
कथा, कहानी
داستان گو (पु.)दास्तान गो
कथा कहनेवाला, कथाकार, क़िस्सागो
داشت (स्त्री.)दाश्त
देख-रेख, रखवाली
داشتنی (वि.)दाश्तनी
रखने योग्य
داشتہ (स्त्री.)दाश्ता
रखैल, उपपत्नी, घर में डाली हुई स्त्री
داعی (पु.)दाई
बुलाने वाला, निमंत्रण दाता
داعیہ (पु.)दाइया
1. इच्छा 2. अधिकार
داغ (पु.)दाग़
चिह्न, धब्बा, कलंक
داغی (वि.)दाग़ी
1. दूषित 2. दंडित, अपराधी
دافع (वि.)दाफ़े
निवारक, मोचक, हटाने वाला, दूर करने वाला
دافع البلایا (वि.)दाफ़िउल-बलाया
संकट मोचक, दुखहारी, संकटहारी, दुखों का निवारण करने वाला
دافع درد (वि.)दाफ़िए-दर्द
दर्द मिटाने वाला, वेदनाहार

دان (प्रत्य.)दान
पात्र, बर्तन जैसे- 'قلم دان' (क़लमदान) क़लम रखने का पात्र, 'اگالدان' (उगालदान) पीक थूकने का पात्र

دانا (वि.)दाना
बुद्धिमान

دانا و بینا (वि.)दाना-व-बीना
बुद्धिमान् और अनुभवी

دانائی (स्त्री.)दानाई
1. बुद्धिमत्ता 2. निपुणता, दक्षता

دانائے حال (वि.)दानाए-हाल
यथार्थवेत्ता, वास्तविकता जानने वाला

دانائے راز (वि.)दानाए-राज़
मर्मज्ञ, भेदों का जानने वाला

دانائے روزگار (वि.)दानाए-रोज़गार
सर्वोत्कृष्ट ज्ञानी, अपने समय का सबसे बड़ा बुद्धिमान

دانست (स्त्री.)दानिस्त
समझ, जानकारी

دانستنی (अव्य.)दानिस्तनी
जानने के योग्य, ज्ञातव्य

دانستہ (वि.)दानिस्ता
जान बूझकर

دانش (स्त्री.)दानिश
प्रज्ञा, बुद्धि, विवेक

دانش مند (वि.)दानिश मंद
बुद्धिमान

دانش مندی (स्त्री.)दानिश मंदी
बुद्धिमत्ता

دانشور (वि.)दानिशवर
प्रज्ञावान, बुद्धिजीवी

دانگ (पु.)दांग
1. छः रत्ती की तौल 2. ओर, दिशा, तरफ़

دانہ (पु.)दाना
1. दाना, रवा, कण 2. बीज 3. फुंसी

دانہ دار (वि.)दानेदार
रवेदार

دانۂ گندم (पु.)दानए-गंदुम
गेहूँ का दाना या बीज

داں (प्रत्य.)दाँ
जानने वाला, जैसे- 'ہمہ داں' (हमादाँ) सब कुछ जानने वाला, सर्वज्ञ

دافع زہر (वि.)दाफ़िए-ज़ह्र
विषहर, विष-दोषहर

دافع غم (वि.)दाफ़िए-ग़म
दुख निवारक, कष्टमोचन

دافع قبض (वि.)दाफ़िए-क़ब्ज़
रेचक विरेचक, क़ब्ज़तोड़

دافع مرض (वि.)दाफ़िए मरज़
रोग निवारक

دافع ورم (वि.)दाफ़िए वरम
शोथनाशक, वरम दूर करने वाला

دافعہ (स्त्री.)दाफ़े
वह शक्ति जो शरीर से मलमूत्र और पसीना आदि बाहर निकालती है

دال (पु.)दाल
1. (भा.) संकेतक 2. प्रमाणित करने वाला, संकेत, चिह्न, निशान

دالان (पु.)दालान
बड़ा और लंबा कमरा

دام (पु.)दाम
1. फंदा, जाल 2. मूल्य, भाव, मोल

دام زلف (पु.)दामे-ज़ुल्फ़
केशपाश

دام فریب (पु.)दामे फ़रेब
छल रूपी जाल, कूटपाश, कूटबंध

دام گیسو (पु.)दामे-गेसू
केशपाश

دام محبت (पु.)दामे-महब्बत
प्रेमपाश, प्रेमबंधन, इश्क़ का फंदा

داماد (पु.)दामाद
जामाता, जवाइ

دامن (पु.)दामन
1. आँचल, कुर्ता क़मीज़ का निचला भाग 2. किनारा, तट 3. तलहटी

دامن کوہ (पु.)दामने कोह
वह मैदान जो किसी पहाड़ के नीचे स्थित हो, अंचल, तराई

دامن گیر (वि.)दामन गीर
दामन पकड़ने वाला, दामन पकड़ कर रोकने वाला, बाधक

دامنی (स्त्री.)दामनी
ओढ़नी

داو (पु.)दाव
1. जुए या कुश्ती का, दाँव 2. मकर, छल, धोखा

داور (पु.)दावर
1. न्यायकर्ता 2. ईश्वर

داوری (स्त्री.)दावरी
न्याय

دائرۃ البروج (पु.)दाइरतुल-बुरूज
राशि चक्र

دائروی اکائی (स्त्री.)दाइरवी इकाई
(ग.) कोणीय इकाई

دائرہ (पु.)दाइरा
1. परिधि, घेरा, मंडल 2. परिषद् 3. आश्रम 4. डफली

دائرۂ اختیار (पु.)दाइरए-इख़्तियार
1. अधिकार-क्षेत्र 2. (राज.) क्षेत्राधार, अधिकार क्षेत्र

دائرۂ قطب جنوبی (पु.)दाइरए-कुतुबे-जुनूबी
(भू.) दक्षिणी ध्रुववृत्त

دائرۂ قطب شمالی (पु.)दाइरए-कुतुबे-शुमाली
(भू.) उत्तर ध्रुवीय वृत्त

دائرہ کش (पु.)दाइराकश
परकार

دائرہ نما (वि.)दाइरानुमा
गोलाकार, गोल

دائم (वि.)दाइम
नित्य, सदा, सदैव

دائم الحبس (पु.)दाइमुल-हब्स
आजन्म कारावास

دائم المرض (वि.)दाइमुल-मरज़
जन्मरोगी, सदा बीमार रहने वाला

دایہ (स्त्री.)दाया
धाय, धात्री, दूसरे के बच्चे को दूध पिलाने वाली स्त्री

دبازت (स्त्री.)दबाज़त
स्थूलता, मोटापन

دباؤ (पु.)दबाव
(भौ.) संपीडन

دبدبہ (पु.)दबदबा
1. प्रताप, प्रभाव 2. रोब-दाब

دبستان (पु.)दबिस्तान
पाठशाला

دبور (स्त्री.)दबूर
पछुआ हवा

دبیر (पु.)दबीर
लिपिक, लेखक

دبیر فلک (पु.)दबीरे फ़लक
बुध ग्रह

دبیرستان (पु.)दबीरिस्तान
1. पाठशाला 2. मुंशीख़ाना, दफ़्तर

دبیز (वि.)दबीज़
मोटा, गफ़

دجّال (वि.)दज्जाल
1. बहुत बड़ा छली अथवा मायावी 2. (पु.) इस्लाम के मतानुसार क़यामत से पूर्व पैदा होने वाला व्यक्ति जो ख़ुदा होने का दावा करेगा

دجلہ (पु.)दज्ला
बग़दाद के नीचे बहने वाली एक नदी

دخان (पु.)दुख़ान
1. धुआँ, धूम 2. भाप, वाष्प

دخت (स्त्री.)दुख़्त
बेटी, पुत्री

دخت رز (स्त्री.)दुख़्ते-रज़
शराब, मदिरा, अँगूर की बेटी

دختر (स्त्री.)दुख़्तर
बेटी, पुत्री

دخل (पु.)दख़्ल
1. अधिकार 2. हस्तक्षेप 3. पहुँच

دخل اندازی (स्त्री.)दख़्ल अंदाज़ी
(राज.) अतिक्रमण, बल प्रवेश

دخل بے جا (पु.)दख़्ले बेजा
अवैध हस्तक्षेप

دخل در معقولات (पु.)दख़्ल दर-माक़ूलात
किसी विषय में बिना कारण दख़्ल देना, बीच में बोलना, चर्चा में दख़्ल देना

دخل یاب (वि.)दख़्लयाब
अधिकार-प्राप्त, जिसे क़ब्ज़ा मिल गया हो

دخل یابی (स्त्री.)दख़्लयाबी
अधिकार-प्राप्ति, क़ब्ज़ा पाना

دخمہ (पु.)दख़्मा
पारसियों का क़ब्रिस्तान

دخول (पु.)दुख़ूल
घुसना, प्रवेश

**دخیل** (वि.)दख़ील
1. हस्तक्षेपक 2. (भा.) आगत शब्द, गृहीत शब्द

**در** (पु.)दर
द्वार, दरवाज़ा

**دُر** (पु.)दुर
मुक्ता, मोती, रत्न, जौहर

**درآمد** (स्त्री.)दरआमद
1. (अर्थ.) आयात 2. (भौ.) निवेश, निविष्ट

**درآمدکار** (पु.)दरआमदकार
(अर्थ.) आयातकार

**درآمدکاری** (स्त्री.)दरआमदकारी
(अर्थ.) आयात

**درآمد محصول** (पु.)दरआमद महसूल
(अर्थ.) आयात शुल्क

**درآمدات** (स्त्री.)दरआमदात
(अर्थ.) आयात

**درا** (पु.)दरा/दिरा
घंटा, घंटी, घड़ियाल

**دُرّاج** (पु.)दुर्राज
तीतर पक्षी

**دراز** (वि.)दराज़
लंबा, दीर्घ

**دراز دست** (वि.)दराज़-दस्त
अत्याचारी

**دراز دستی** (स्त्री.)दराज़दस्ती
अन्याय, अत्याचार, ज़ुल्म

**دراز قامت** (वि.)दराज़क़ामत
लम्बे क़द वाला, लंबकाय, दीर्घकाय

**دراز قد** (वि.)दराज़ क़द
लंबकाय, दीर्घकाय

**درازی** (स्त्री.)दराज़ी
लंबाई, दीर्घता

**درّاک** (वि.)दर्राक
प्रतिभाशाली, कुशाग्र बुद्धि

**دربار** (पु.)दरबार
1. राजसभा 2. कचहरी 3. किसी पीर फ़क़ीर का आश्रम

**درانداز** (वि.)दरअंदाज़
घुसपैठिया

**دراصل** (क्रि.वि.)दरअसल
वास्तव में, वस्तुतः, अस्ल में

**دُرافشانی** (स्त्री.)दुर अफ़्शानी
1. मोती लुटाना 2. दानशीलता, उदारता

**دُرافشاں** (वि.)दुर अफ़्शाँ
1. मोती लुटाने वाला 2. दानी, उदार 3. मधुर भाषी

**دربارِ خاص** (पु.)दरबारे-ख़ास
दरबारी और बड़े राज्याधिकारियों के बैठने का विशिष्ट स्थान

**دربارداری** (स्त्री.)दरबारदारी
चापलूसी करना

**دربارِ عام** (पु.)दरबारे-आम
आम दरबार, जनता का दरबार

**درباری** (पु.)दरबारी
पार्षद

**دربان** (पु.)दरबान
द्वारपाल, चौकीदार

**دربانی** (स्त्री.)दरबानी
चौकीदारी

**دربدر** (क्रि.वि.)दरबदर
द्वारे-द्वारे, एक दरवाज़े से दूसरे दरवाज़े तक

**درپردہ** (क्रि.वि.)दर-पर्दा
पर्दे में, छुपकर, गुप्त रूप से

**درپئے آزار** (क्रि.वि.)दरपए-आज़ार
सताने और हानि पहुँचाने की घात में

**درپئے تضحیک** (क्रि.वि.)दरपए-तज़्हीक
निंदा और बदनामी का इच्छुक होना

**درپئے جاں** (क्रि.वि.)दरपए-जाँ
प्राण लेने की घात में, मार डालने की ताक में, जान का प्यासा

**درپیش** (वि.)दरपेश
1. उपस्थित 2. समक्ष, आगे, सामने

**درپئے** (वर्ण)दरपै
घात में, ताक में, पीछे पड़ा हुआ

**درج** (वि.)दर्ज
प्रविष्ट, पंजीकृत

**درجات** (पु.)दरजात
'درجہ' का बहु., दर्जे

**درجہ** (पु.)दर्जा
(भौ.) 1. श्रेणी, कक्षा, वर्ग 2. पद, ओहदा 3. डिग्री, अंश 4. मात्रा, परिमाण 5. अंशांक

درجہ بند اشتہار (पु.)दर्जाबंद इश्तिहार
(अर्थ.) वर्गीकृत विज्ञापन

درجہ بندی (स्त्री.)दर्जा बंदी
(भा.) वर्गीकरण

درحقیقت (क्रि.वि.)दरहक़ीक़त
वास्तव में

درخت (पु.)दरख़्त
वृक्ष, पेड़

درخشانی (स्त्री.)दरख़्शानी
चमक, दीप्ति

درخشاں (वि.)दरख़्शाँ
ज्योतिर्मयी, दीप्तिमान

درخشندہ (वि.)दरख़्शिंदा
ज्वलंत, ज्योतिर्मय

درخواست (स्त्री.)दरख़ास्त/दरख़्वास्त
1. निवेदन, विनती 2. प्रार्थनापत्र

درخور (वि.)दरख़ुर
योग्य, सुपात्र, उपयुक्त

درخور اعتنا (क्रि.वि.)दरख़ुरे-एतिना
ध्यान देने योग्य

درد (पु.)दर्द
1. पीड़ा, कष्ट, व्यथा, दुख 2. दया, करुणा

دُرد (स्त्री.)दुर्द
गाद, तलछट

درد آشنا (वि.)दर्द आशना
मित्र, दोस्त

درد انگیز (वि.)दर्द अंगेज़
पीड़ाजनक, पीड़ाकर

درد پسندی (स्त्री.)दर्द पसंदी
(मनो.) पीड़ानुरक्ति

دردِ تہِ جام (स्त्री.)दुर्दे-तहे-जाम
(पियाले में नीचे बची हुई) तलछट, शराब

دردِ دل (पु.)दर्दे-दिल
हृदय पीड़ा, मनस्ताप

دردِ زہ (पु.)दर्दे-ज़ेह
प्रसव वेदना, प्रसव पीड़ा

دردِ سر (पु.)दर्दे-सर
1. सिर का दर्द, सिर-पीड़ा 2. झंझट, खटराग, परेशानी का कारण

دردمند (वि.)दर्दमंद
1. दयाशील, करुणामय 2. हमदर्द, सहानुभूति करने वाला

دردمندی (स्त्री.)दर्दमंदी
सहानुभूति

درد و غم (पु.)दर्दो-ग़म
बहुत-सी मुसीबतें, कष्टसमूह

دردناک (वि.)दर्दनाक
पीड़ाजनक, पीड़ाकर

دُردانہ (स्त्री.)दुरदाना
मोती, मुक्ता, रत्न

دُرریز (वि.)दुररेज़
मोती लुटाने वाला

دُرِّ شہوار (पु.)दुर्रे-शहवार
बादशाहों के लायक, बड़ा और मूल्यवान् मोती

درگزر (स्त्री.)दरगुज़र
अनदेखी, क्षमा

دُرِّ ناسُفتہ (वि.)दुर्रे-नासुफ़्ता
1. अनबिंधा मोती 2. कुमारी, कुँवारी

دُرِّ نایاب (पु.)दुर्रे-नायाब
1. अद्वितीय मोती 2. सुपुत्र

دُرِّ یتیم (पु.)दुर्रे-यतीम
वह बड़ा और चमकदार मोती जो सीप में अकेला पाया जाता है, बहुमूल्य मोती

دُرِّ یکتا (पु.)दुर्रे-यकता
वह मोती जो सीप में एक ही होता है और इस कारण बहुत बड़ा होता है

درمیانی بجٹ (पु.)दर्मियानी बजट
(अर्थ.) अंतरिम बजट

درمیانی خط (पु.)दर्मियानी ख़त
(ग.) मध्य रेखा

درمیانی زاویہ (पु.)दर्मियानी ज़ाविया
(ग.) अंतर्गत

درز (स्त्री.)दर्ज़
1. दरार, चीर, छिद्र 2. अलमारी आदि का ख़ाना

درزی (पु.)दर्ज़ी
कपड़ा सीने वाला, सूचिक

درس (पु.)दर्स
पठन, पाठन, पाठ, शिक्षण

درس و تدریس (स्त्री.)दर्सो-तद्रीस
पठन-पाठन, शिक्षण-परिशिक्षण

دُرُست (वि.)दुरुस्त
उचित, ठीक, सही

درمیانی (वि.)दरमियानी
मध्यस्थ, मध्यमा

درندہ (पु.)दरिंदा
फाड़ खाने वाला जंगली जानवर, श्वापद

درنگ (स्त्री.)दिरंग/दरंग
विलम्ब, देरी, टालमटोल

دروبست (पु.)दरोबस्त
समस्त प्रबंध

دروازہ (पु.)दरवाज़ा
द्वार

درود (पु.)दुरूद
1. वह दुआ और सलाम जो नबी पर पढ़ा जाए 2. जाप

دروغ (पु.)दरोग़
झूठ, मिथ्या, असत्य

دروغ بیانی (स्त्री.)दरोग़बयानी
झूठ बोलना

دروغ گو (वि.)दरोग़गो
मिथ्याभाषी, झूठा

دروغ گوئی (स्त्री.)दरोग़गोई
झूठ बोलना, मिथ्या भाषण

دروغ مصلحت آمیز (पु.)दरोग़े-मस्लहत आमेज़
ऐसा झूठ जो किसी के हित के लिए या झगड़ा ख़त्म कराने के लिए बोला जाए

درون (पु.)दरून
1. हृदय 2. मन, चित्त, अंतःकरण
3. भीतर, अन्दर

دروں (पु.)दरूँ
दे. 'درون'

دروں بین (वि.)दरूँबीन
(मनो.) अंतर्मुखी

دروں بینی (स्त्री.)दरूँबीनी
अंतर्दर्शिता

دروں جنین (वि.)दरून जनीन
(प्राणि.) अंतर्जात

دروں حیاتی (वि.)दरून हयाती
(प्राणि.) जीवांतर्वासी

درونی (वि.)दरूनी
1. भीतरी, अंदरूनी 2. मानसिक, हार्दिक, रूहानी

درویش (पु.)दरवेश
1. भिखारी 2. सिद्ध, संन्यासी, सूफ़ी

دُرُستی (स्त्री.)दुरुस्ती
औचित्य, उपयुक्तता

درسی (वि.)दर्सी
पाठ्य, शैक्षिक

درسیات (स्त्री.)दर्सियात
पाठ्य-चर्या, पाठ्यक्रम

دُرُشت (वि.)दुरुश्त
1. खुरदरा, खुर्रा 2. कठोर, सख़्त
3. मोटा-गाढ़ा, भारी

دُرُشت مزاج (वि.)दुरुश्त मिज़ाज
1. क्रोधी स्वभाव वाला 2. अक्खड़, उजड्ड

دُرُشتی (वि.)दुरुश्ती
क्रूरता, कठोरता

دُرفش (पु.)दुरफ़्श
फरेरा, पताका, ध्वजा, झंडा

دُرفشاں (वि.)दुरफ़्शाँ
मोती बरसाने वाला

درک (पु.)दर्क
बुद्धि, विवेक, ज्ञान

درکار (वि.)दरकार
1. वांछित, अभिलषित 2. आवश्यक्ता

درکنار (वि.)दरकिनार
अलग, एक ओर, हटाया हुआ

درگاہ (पु.)दरगाह
किसी सिद्ध पुरुष का समाधि स्थान

درم (पु.)दिरम
चाँदी का एक छोटा सिक्का

درماندگی (स्त्री.)दरमांदगी
दीनता, निस्सहायता, विवशता, बेचारगी

درماندہ (वि.)दरमांदा
दीन, हीन, विवश, थका हुआ

درماں (पु.)दर्मां
उपचार, इलाज, चिकित्सा

درماں طلب (वि.)दर्मांतलब
इलाज या उपचार का इच्छुक

درماں طلبی (स्त्री.)दर्मांतलबी
इलाज की इच्छा

درماہ (पु.)दरमाह
वेतन

درمیان (वर्ण)दरमियान
मध्य, बीच में

درویش صفت (वि.)दरवेश सिफ़त
1. साधु-प्रकृति, संत-प्रकृति 2. सत्यनिष्ठ

درویشانہ (क्रि.वि.)दरवेशाना
सूफ़ी समान

درویشی (स्त्री.)दरवेशी
1. संन्यास 2. भिक्षाटन, फ़कीरी

درّہ (पु.)दर्रा
घाटी

دُرّہ (पु.)दुर्रा
कोड़ा

درہم (वि.)दरहम
अस्त-व्यस्त, तितर-बितर

دری (स्त्री.)दरी
1. बिछावन 2. फ़ारसी भाषा की एक शाखा

دریا (पु.)दरया
1. नदी 2. समुद्र

دریابُرد (स्त्री.)दरयाबुर्द
वह भूमि जो नदी की बाढ़ में डूब गयी हो, वह भूमि जो नदी की बाढ़ से कटकर नष्ट हो गयी हो

دریادل (वि.)दरया दिल
महादानी, दाता, मुक्तहस्त, उदारमना

دریافت (स्त्री.)दरयाफ़्त
पता करना, खोज

دریائے احمر (पु.)दरयाए-अह्मर
लाल सागर

دریائے زخّار (पु.)दरयाए-ज़ख़्ख़ार
ठाठें मारता हुआ दरिया, लबालब बहने वाली नदी

دریائے شور (पु.)दरयाए-शोर
1. लवण-सागर 2. काला पानी

دریچہ (पु.)दरीचा
खिड़की

دریدہ (वि.)दरीदा
फटा हुआ, विदीर्ण

دریدہ دہن (वि.)दरीदा दहन
मुँहफट

دریغ (पु.)दरेग़/दिरेग़
1. शोक 2. कृपणता, संकोच

دریں (अव्य.)दरीं
इसमें

دریں اثنا (क्रि.वि.)दरीं अस्ना
इस बीच, इसी बीच, इसी दरमियान

دریں خصوص (क्रि.वि.)दरीं ख़ुसूस
इस विषय में, इस बारे में, इस संबंध में

دریوزہ (पु.)दरयूज़ा
भीख माँगना, भिक्षाटन

دریوزہ گر (पु.)दरयूज़ागर
भिखारी

دریوزہ گری (स्त्री.)दरयूज़ागरी
भीख माँगना, भिक्षावृत्ति, भिक्षाकर्म

دُزد (पु.)दुज़्द
चोर

دُزدِ حنا (पु.)दुज़्दे-हिना
वो जगह जो मेंहदी लगाने के बाद ख़ाली रह जाती है

دُزدی (स्त्री.)दुज़्दी
चोरी, चौर्य, चोरी का पेशा, चौर्य-कर्म

دُزدیدہ (वि.)दुज़्दीदा
चुराया हुआ, चुराई हुई चीज़

دساتیر (पुं.)दसातीर
1. 'دستور' का बहु., नियम, क़ानून, रीतियाँ 2. पारसियों का धार्मिक ग्रंथ

دست (पु.)दस्त
1. हाथ, हस्त 2. विरेचन, दस्त

دست آزمائی (स्त्री.)दस्त आज़माई
अभ्यास

دست آور (वि.)दस्तावर
विरेचक, रेचक, जुल्लाब

دست انداز (वि.)दस्त अंदाज़
विघ्नकारक, बाधक

دست اندازی (स्त्री.)दस्त अंदाज़ी
हस्तक्षेप

دست بہ دست (क्रि.वि.)दस्त ब दस्त
हाथों-हाथ, तुरंत

دست بہ دعا (क्रि.वि.)दस्त ब दुआ
प्रार्थना के लिए हाथ उठाये हुए

دست بُرد (स्त्री.)दस्त बुर्द
ग़बन, लूटमार

دست برداری معاوضہ (पु.)दस्तबरदारी मुआवज़ा
(वाणि.) अभ्यर्पण मूल्य, समर्पण मूल्य

دست بردل (वि.)दस्त बर दिल
व्याकुल, बेचैन

दस्तगीरी (स्त्री.) دست گیری
सहायता

दस्तनिगर (वि.) دست نگر
मुखापेक्षी, मुहताज

दस्तो-बग़ल (वि.) دست و بغل
आलिंगन, बग़लगीर

दस्तो-पा (पु.) دست و پا
हाथ-पाँव

दस्तो-गरीबाँ (वि.) دست و گریباں
एक दूसरे का गरीबान पकड़े हुए, हाथापाई करते हुए

दस्तार (स्त्री.) دستار
पगड़ी

दस्तार बंदी (स्त्री.) دستار بندی
विद्योपार्जन पूर्ण करने के पश्चात् पगड़ी बाँधने की रस्म या संस्कार

दस्ताना (पु.) دستانہ
हाथों की हिफ़ाज़त के लिए पहना जाने वाला एक विशेष वस्त्र, हस्तावरण

दस्तावेज़ (स्त्री.) دستاویز
व्यवस्थापत्र, लेखपत्र, साधनपत्र, अभिलेख

दस्तख़त (पु.) دستخط
हस्ताक्षर

दस्तख़ती (वि.) دستخطی
जिस पर हस्ताक्षर हो

दस्तरख़्वान (पु.) دسترخوان
वह कपड़ा जिस पर खाना परोसा जाता है

दस्तक (स्त्री.) دستک
बुलाने के लिए कुंडी खटखटाने की क्रिया

दस्तंबू (पु.) دستنبو
1. कोई सुगंधित चीज़ जिसे हाथ में रखकर सूँघा जाए 2. मिर्ज़ा ग़ालिब की लिखी एक पुस्तक

दस्तूर (पु.) دستور
1. नियम, क़ाइदा 2. विधान, क़ानून 3. परंपरा, रीति 4. पद्धति, शैली, ढंग

दस्तूरुलअमल (पु.) دستور العمل
विधान, नियमावली, काम का तरीक़ा, कार्य-प्रणाली, कार्य-पद्धति,

दस्तूरे-असासी (पु.) دستور اساسی
मूल सिद्धांत, विधि-विधान, बुनियादी क़ानून

दस्तूरसाज़ असेम्बली (स्त्री.) دستور ساز اسمبلی
(राज.) संविधान सभा

दस्त बस्ता (क्रि.वि.) دست بستہ
विनम्रतापूर्वक, नम्रतापूर्वक, हाथ जोड़ कर, हाथ बाँधे हुए

दस्त बंद (पु.) دست بند
पहुँची, कलाई का एक आभूषण

दस्त बोस (वि.) دست بوس
हाथ चूमने वाला, किसी पूज्य व्यक्ति के हाथों को बोसा देने वाला

दस्त बोसी (स्त्री.) دست بوسی
हस्त-चुंबन

दस्त-ब-सर (वि.) دست بسر
चकित, हैरान

दस्त पनाह (पु.) دست پناہ
चिमटा

दस्त दराज़ (वि.) دست دراز
हथछुट, हाथ छोड़ने वाला

दस्त दराज़ी (स्त्री.) دست درازی
मारपीट, दुस्साहस

दस्ते-दुआ (पु.) دستِ دعا
दुआ के लिए उठा हुआ हाथ

दस्त रस (स्त्री.) دست رس
पहुँच, सामर्थ्य

दस्ते शिफ़ा (पु.) دستِ شفا
उपचार की जादुई शक्ति

दस्ते-शफ़्क़त (पु.) دستِ شفقت
छत्रछाया, अतिशय स्नेह का हाथ

दस्ते-ग़ैब (पु.) دستِ غیب
अदृश्य, सहायता का हाथ, दिव्य शक्ति का हाथ

दस्ते-क़ुदरत (पु.) دستِ قدرت
दैवी सत्ता, प्रकृत सत्ता

दस्तकार (पु.) دست کار
शिल्पी, कारीगर

दस्तकारी (स्त्री.) دست کاری
हस्तकला, शिल्पकला

दस्त कश (वि.) دست کش
विरक्त

दस्त कशी (स्त्री.) دست کشی
विरक्ति

दस्तगाह (स्त्री.) دست گاہ
दक्षता, निपुणता, महारत

दस्तगीर (पु.) دست گیر
सहायक

دستہ (पु.)दस्ता
1. हत्था, मुट्ठा 2. टुकड़ी, दल

دستی (वि.)दस्ती
हाथ का, जो हाथ से ले जाया या भेजा जाए जैसे दस्ती चिट्ठी

دستی کمپوزنگ (स्त्री.)दस्ती कंपोज़िंग
(जन.) हस्त अक्षर-योजन

دستیاب (वि.)दस्तयाब
उपलब्ध, हस्तगत, प्राप्त, हासिल

دستیاری (स्त्री.)दस्तयारी
सहायता

دشت (पु.)दश्त
वन, जंगल, कानन

دشت پیما (वि.)दश्त पैमा
(वन.) वनचारी

دشت گردی (स्त्री.)दश्त गर्दी
वन-भ्रमण

دشمن (पु.)दुश्मन
शत्रु, वैरी, विरोधी

دشمنِ جاں (पु.)दुश्मने-जाँ
1. जानी दुश्मन, प्राण घातक 2. प्रेमिका, प्रेयसी

دشمنی (स्त्री.)दुश्मनी
शत्रुता, वैर

دشنام (स्त्री.)दुश्नाम
अपशब्द, गाली

دشنہ (पु.)दश्ना
खंजर, कटारी

دشوار (वि.)दुश्वार
कठिन

دشوار گزار (वि.)दुश्वार गुज़ार
दुर्गम

دشواری (स्त्री.)दुश्वारी
कठिनाई

دعا (स्त्री.)दुआ
प्रार्थना, मंत्र, स्तुति

دعا گو (वि.)दुआगो
शुभैषी, शुभचिंतक, दुआ करने वाला

دعائے خیر (स्त्री.)दुआए-ख़ैर
मंगलकामना, शुभकामना

دعائیہ (वि.)दुआइया
प्रार्थनात्मक, प्रार्थनामयी

دعوت (स्त्री.)दावत
1. निमंत्रण, बुलावा 2. प्रीतिभोज, भोज

دعوتِ جنگ (स्त्री.)दावते-जंग
युद्ध का आह्वान

دعوتِ شیراز (स्त्री.)दावते-शीराज़
सीधी सादी दावत, बेतकल्लुफ़ी का खाना, सामान्य भोज

دعوتِ عام (स्त्री.)दावते-आम
महाभोज, सार्वजनिक प्रीतिभोज

دعوت نامہ (पु.)दावतनामा
निमंत्रण-पत्र, विवाह-भोज

دعوتِ ولیمہ (स्त्री.)दावते-वलीमा
विवाह के पश्चात दूल्हा की ओर से भोज

دعویٰ (पु.)दावा
1. वाद, नालिश 2. क्लेम 3. स्वत्व, हक़ 4. गर्व, अभिमान, घमंड

دعویدار (पु.)दावेदार
वादी

دغا (स्त्री.)दग़ा
धोखा, छल

دغاباز (वि.)दग़ाबाज़
छली, धोखेबाज़

دغابازی (स्त्री.)दग़ाबाज़ी
विश्वासघात, धोखेबाज़ी

دغدغہ (पु.)दग़दग़ा
शंका, भय, खटका, धड़का

دغل (पु.)दग़ल
छल, धोखा

دف (पु.)दफ़
बड़ी डफ़ली

دفاتر (पु.)दफ़ातिर
'دفتر' का बहु.

دفاع (पु.)दिफ़ा
रक्षा, बचाव, प्रतिरक्षा

دفاعی (वि.)दिफ़ाई
रक्षात्मक

دفاعی پیداوار (स्त्री.)दिफ़ाई पैदावार
(प्रशा.,वाणि.) रक्षा-उत्पादन

دقت طلب (वि.)दिक़्क़त तलब
कठिन, दुष्कर, मुश्किल, कष्टसाध्य

دقتِ نظر (स्त्री.)दिक़्क़ते नज़र
खोज, तलाश, नज़र की बारीकी

دقیانوس (पु.)दक़्यानूस
रूढ़िवादी

دقیانوسیت (वि.)दक़्यानूसियत
1. रूढ़िवाद 2. (भा.) पुरागत, आद्य

دقیق (वि.)दक़ीक़
1. महीन 2. गूढ़, कठिन

دقیقہ (पु.)दक़ीक़ा
1. कसर, कमी 2. मिनट

دقیقہ رس (वि.)दक़ीक़ा रस
कुशाग्रबुद्धि, तीक्ष्ण बुद्धि

دقیقہ شناس (वि.)दक़ीक़ा शनास
दे. 'دقیقہ رس'

دکان (स्त्री.)दुकान
सौदा बेचने की जगह, पण्यशाला

دکاندار (पु.)दुकानदार
दुकान में सौदा बचेने वाला

دکن (पु.)दकन/दक्कन
1. दक्षिण, दक्खिन 2. हैदराबाद निज़ाम की पूर्व रियासत और उसके आसपास का इलाक़ा

دکنی (वि.)दक्कनी
1. दक्षिणी 2. दकन में प्रचलित बोलचाल की उर्दू हिन्दी

دگانہ (पु.)दुगाना
1. दो जुड़े हुए फल 2. दो रक्अत-नमाज़

دگر (क्रि.वि.)दिगर
अन्य, पुन:

دگرگوں (वि.)दिगरगूँ
अस्त-व्यस्त, उथल-पुथल, उलट-पलट

دگرنسلی (वि.)दिगर नस्ली
(प्राणि.) विषमांगी

دگنا (वि.)दुगना
दूना, दोहरा

دل (पु.)दिल
1. मानस, हृदय 2. उत्साह, उमंग 3. साहस, हिम्मत 4. वीरता, शौर्य, बहादुरी

دل آرا (वि.)दिल आरा
प्रेमपात्र, दिल की शोभा बढ़ाने वाला

دفاعی میکانیہ (स्त्री.)दिफ़ाई मेकानिया
(मनो.) रक्षायुक्ति

دفتر (पु.)दफ़्तर
1. कार्यालय 2. ग्रंथखंड, खंड

دفترِ روزگار (पु.)दफ़्तरे-रोज़गार
रोज़गार कार्यालय

دفتر شاہی (स्त्री.)दफ़्तरशाही
(राज.) 1. अधिकार तंत्र 2. नौकरशाही

دفتری (पु.)दफ़्तरी
1. दफ़्तर के रजिस्टरों और काग़ज़ों की जिल्दसाज़ी और रजिस्टरों आदि पर लकीरें वग़ैरह खींचने वाला 2. दफ़्तर से संबंधित

دفع (स्त्री.)दफ़ा
1. निवारण 2. धारा

دفعِ مرض (पु.)दफ़ए मरज़
रोग निवारण, रोगमुक्ति

دفعات (स्त्री.)दफ़आत
'دفع' का बहु.

دفعتاً (क्रि.वि.)दफ़अतन
सहसा, अकस्मात्, अचानक

دفعتہً (क्रि.वि.)दफ़अतन
दे. 'دفعتاً'

دفعہ (स्त्री.)दफ़ा
1. पारी, बारी 2. धारा

دفعیہ (पु.)दफ़ईया
रोक, निवारण

دفن (वि.)दफ़्न
1. गाड़ना 2. गड़ा हुआ

دفنانا (क्रि.)दफ़्नाना
शव को ज़मीन में गाड़ना

دفینہ (पु.)दफ़ीना
निधि, गड़ा हुआ ख़ज़ाना

دق (स्त्री.)दिक़
तपेदिक़, क्षयरोग

دقائق (पु.)दक़ाइक़
'دقیقہ' का बहु., बारीकियाँ, नुक्ते, सूक्ष्मताएँ

دقت (स्त्री.)दिक़्क़त
कठिनाई

دقت پسند (वि.)दिक़्क़तपसंद
सूक्ष्मदर्शी, मुश्किलपसंद, दूर की कौड़ी लाने वाला

( वि. )दिल आराम دل آرام
प्रेमपात्र, दिल का आराम
( वि. )दिल आज़ार دل آزار
कष्टदायी, दुखदायी, पीड़क, दिल दुखाने वाला
( स्त्री. )दिल आज़ारी دل آزاری
पीड़ा, दुख, कष्ट
( वि. )दिल आवेज़ دل آویز
हृदय ग्राही, सुन्दर
( स्त्री. )दिल आवेज़ी دل آویزی
सौन्दर्य, शोभा, छटा
( वि.पु. )दलाल دلال
दलाल, अभिकर्ता, आढ़ती, एजेंट, बिचौलिया
( स्त्री. )दलालत دلالت
1. लक्षण, मार्गदर्शन, तर्क, युक्ति
2. ( भा. ) मुख्यार्थ, अभिधेयार्थ, वाच्यार्थ
( स्त्री. )दलाली دلالی
दलाली, आढ़त, अभिकरण
( वि. )दिलावर دلاور
वीर, साहसी
( स्त्री. )दिलावरी دلاوری
वीरता, साहस
( पु. )दलाइल دلائل
'دلیل' का बहु.
( वि. )दिलबर دلبر
मनोहर, प्रेयसी, प्रेमी, चितचोर
( वि. )दिल बरदाश्ता دل برداشتہ
उदास, खिन्न, उचाट मन
( वि. )दिल पज़ीर دل پذیر
मनपसंद
( वि. )दिलपसंद دل پسند
मनपसंद
( वि. )दिल तंग دل تنگ
1. दुखित, क्लेषित 2. कृपण, कंजूस
( स्त्री. )दिल तंगी دل تنگی
1. दुख, क्लेश 2. कृपणता, कंजूसी
( स्त्री. )दिल जमई دل جمعی
मनोयोग, तल्लीनता
( स्त्री. )दिलजोई دل جوئی
सांत्वना, तसल्ली देना
( वि. )दिलचस्प دلچسپ
रोचक, मनोरंजक

( स्त्री. )दिलचस्पी دلچسپی
रुचि
( वि. )दिल ख़राश دل خراش
हृदय विदारक
( वि. )दिल ख़्वाह دل خواہ
मनचाहा, मनोवांछित
( वि. )दिल दादा دل دادہ
मुग्ध, आसक्त, मोहित
( वि. )दिलदार دل دار
प्यारा, प्रेमपात्र
( स्त्री. )दिलदारी دل داری
1. सांत्वना 2. वीरता
( वि. )दिल दोज़ دل دوز
हृदय वेधी
( स्त्री. )दिलदिही دل دہی
सांत्वना
( वि. )दिल रुबा دل ربا
मनोहर, सुंदर, प्रेयसी
( स्त्री. )दिल रुबाई دل ربائی
मनोहरता, सुंदरता
( वि. )दिल सोज़ دل سوز
दिल जलाने वाला
( स्त्री. )दिल सोज़ी دل سوزی
किसी की ख़ातिर दिल जलाना
( वि. )दिलशाद دلشاد
प्रसन्नचित्त, ख़ुश
( वि. )दिल शिकस्ता دل شکستہ
हतोत्साह
( वि. )दिलशिकन دل شکن
निरुत्साही, हिम्मत तोड़ने वाला
( स्त्री. )दिल शिकनी دل شکنی
निरुत्साहन, दिल तोड़ना
( वि. )दिल फ़रेब دل فریب
मनमोहक
( स्त्री. )दल्क़ دلق
1. भिखारियों की गुदड़ी 2. सूफ़ियों के पहनने का ऊनी वस्त्र
( वि. )दल्क़पोश دلق پوش
1. भिक्षुक, फ़क़ीर 2. सूफ़ी, ब्रह्मवादी
3. गुदड़ीधारी
( वि. )दिलकश دلکش
मनोरम, चित्ताकर्षक

دمادم (क्रि.वि.)दमादम
निरंतर, प्रतिक्षण, पल-प्रतिपल

دماغ (पु.)दिमाग़
1. मस्तिष्क 2. बुद्धि 3. अहंकार, गर्व

دماغ دار (वि.)दिमाग़दार
1. अभिमानी 2. घमंडी

دماغ داری (स्त्री.)दिमाग़ दारी
1. गर्व, अभिमान 2. घमंड

دماغ سوزی (स्त्री.)दिमाग़ सोज़ी
दिमाग़ी-मेहनत, माथा पच्ची

دماغ شوئی (स्त्री.)दिमाग़ शोई
(मनो.) बलात् मतप्रवर्तन, बुद्धिपलट

دماغی (वि.)दिमाग़ी
मस्तिष्क संबंधी

دماغی جراحت (स्त्री.)दिमाग़ी जराहत
(मनो.) मस्तिष्क क्षत

دمامہ (पु.)दमामा
धौंसा

دماں (वि.)दमाँ
दहाड़ने वाला

دم باز (वि.)दमबाज़
धूर्त, छली

دم بازپسیں (पु.)दमे-बाज़पसीं
दे. 'دم واپسیں'

دم بخود (वि.)दमबख़ुद
अवाक्, मौन

دم بدم (क्रि.वि.)दम बदम
क्षण-प्रतिक्षण, निरंतर

دم پخت (पु.)दमपुख़्त
हांडी का मुँह बंद करके हल्की आँच पर पकाई हुई चीज़

دم تیغ (पु.)दमे-तेग़
तलवार की धार

دم خم (पु.)दम ख़म
शक्ति, उत्साह

دم دار (वि.)दमदार
1. ज़ोरदार, शक्तिशाली 2. प्राणी, जानदार

دُم دار (वि.)दुमदार
पुच्छल

دمدمہ (पु.)दमदमा
धुस, मोरचा, वह कृत्रिम कोट जो युद्ध के समय थैलों में मिट्टी भरकर बनाते हैं

دل کشا (वि.)दिल कुशा
रमणीक, रम्य

دل کشی (स्त्री.)दिल कशी
सुंदरता

دل گداز (वि.)दिल गुदाज़
हृदयद्रावी, दुखप्रद

دل گرفتہ (वि.)दिल गिरिफ़्ता
खिन्नचित्त, उदास

دل گیر (वि.)दिलगीर
दुखित

دل نشین (वि.)दिल नशीन
हृदयस्थ

دل نواز (वि.)दिल नवाज़
प्रेमपात्र, महबूब. दिल को तसल्ली देने वाला, ढारस बँधाने वाला

دل نوازی (स्त्री.)दिलनवाज़ी
सांत्वना, ढारस

دلی (वि.)दिली
1. हार्दिक, मानसिक, हृदय से संबंध रखने वाली चीज़ 2. (प्रत्य.) घनिष्ठ, गहरा, जैसे-'دلی دوست' (दिली दोस्त) घनिष्ठ मित्र

دلیر (वि.)दिलेर
वीर, साहसी, निडर

دلیرانہ (क्रि.वि.)दिलेराना
वीरतापूर्वक

دلیری (स्त्री.)दिलेरी
वीरता, निर्भयता

دلیل (स्त्री.)दलील
1. तर्क, युक्ति 2. प्रमाण

دلیل قوی (स्त्री.)दलीले-क़वी
पुष्ट प्रमाण

دلیل کامل (स्त्री.)दलीले कामिल
पूर्ण प्रमाण, अकाट्य प्रमाण

دلیل ناقص (स्त्री.)दलीले-नाक़िस
कुतर्क

دم (पु.)दम
1. श्वास, वायु 2. चिलम का कश 3. मंत्र, फूँक 4. क्षण, पल, लम्हा 5. रक्त, ख़ून 6. जीवन, प्राण, ज़िंदगी

دُم (स्त्री.)दुम
पूँछ

دمشق (पु.)दमिश्क़
इराक़ का एक प्राचीन शहर

دم زدن (पु.)दमज़दन
1. दम मारना, कुछ कहना 2. क्षण, लम्हा, ज़रा-सी देर

دم ساز (पु.)दमसाज़
मित्र, सहचर, सह-स्वर

دم شماری (स्त्री.)दमशुमारी
साँसें गिनना

دمِ شمشیر (पु.)दमे-शमशीर
तलवार की धार

دمِ عیسیٰ (पु.)दमे-ईसा
हज़रत ईसा की फूँक जिससे मृत प्राणी जीवित हो जाते थे, जीवित करने वाली फूँक

دم کش (पु.)दमकश
1. गवैये के साथ स्वर मिलाने वाला
2. मौन, चुप

دم کشی (वि.)दमकशी
1. मौन, चुप्पी, ख़ामोशी 2. गाने वाले के स्वर में स्वर मिलाना

دمِ واپسیں (पु.)दमे-वापसीं
आख़िरी साँसें

دمل (पु.)दुम्मल
फोड़ा

دمن (पु.)दमन
1. टीला, पहाड़ी 2. दमयंती

دموی (वि.)दमवी
रक्त सम्बन्धी, रक्त के दबाव या दोष से होने वाला

دموی جسیمے (पु.)दमवी जसीमे
(प्राणि.) रुधिर कणिका, रुधिराण

دموی جوف (पु.)दमवी जौफ़
(प्राणि.) रुधिर कोटर

دمہ (पु.)दमा
श्वासरोग, श्वासकास

دنائت (स्त्री.)दिनाएत
अधमता, नीचता, कमीनगी, लोफ़रपन

دنبال (पु.)दुंबाल
दुम, पूँछ

دنبالہ (पु.)दुंबाला
पूँछ-जैसी चीज़, पूँछ के आकार का, पुछल्ला

دنبالہ دار (वि.)दुंबालादार
जिसमें पुछल्ला लगा हो, दुमछल्ले वाला, जिसमें लम्बी नोक निकली हो

دنبہ (पु.)दुंबा
मेदपुच्छ, मेंढ़

دندان (पु.)दंदान
दंत, दाँत

دندانہ (पु.)दंदाना
दाँता, दाँतुआ

دنداں (पु.)दंदाँ
दे. 'دندان'

دنداں ساز (पु.)दंदाँसाज़
दन्तकार, डैंटिस्ट

دنداں شکن (वि.)दंदाँ शिकन
मुँहतोड़

دنداں نما (वि.)दंदाँनुमा
दाँत दिखाने वाला, जिसमें दाँत दिखाई पड़े, जैसे 'خندۂ دنداں نما'

دنگ (वि.)दंग
चकित, निस्तब्ध, हक्का-बक्का, हैरान

دنگل (पु.)दंगल
1. पहलवानों की कुश्ती 2. भीड़, जनसमूह

دنی (वि.)दनी
पाजी, कमीना, अधम, नीच

دنیا (स्त्री.)दुनया
जगत, संसार

دنیا پرست (वि.)दुनया परस्त
1. अवसरवादी 2. सांसारिक, विषयी

دنیا دار (वि.)दुनयादार
गृहस्थ, सांसारिक, व्यवहार

دنیا داری (स्त्री.)दुनयादारी
संसार-बंधन

دنیا ساز (वि.)दुनया साज़
चाटुकार

دنیا سازی (स्त्री.)दुनया साज़ी
ज़ाहिरदारी, बनावट की बातें, चाटुकारिता

دنیا و مافیہا (स्त्री.)दुनयाओ-माफ़ीहा
संसार और संसार के भीतर की सब वस्तुएँ

دنیاوی (वि.)दुनयावी
सांसारिक

دنیائے دنی (स्त्री.)दुनयाए-दनी
अधम और निकृष्ट संसार, पापमय संसार

دنیائے دوں (स्त्री.)दुनयाए-दूँ
दे. 'دنیائے دنی'

دنیائے فانی (स्त्री.)दुनयाए फ़ानी
नश्वर संसार

دنیوی (वि.)दुनियवी
सांसारिक

دو (वि.)दो
एक और एक, द्वय, दो

دوآبہ (पु.)दोआबा
1. दोआबा, दो नदियों के बीच का क्षेत्र 2. गंगा और यमुना के बीच का देश

دوآتشہ (पु.)दोआतशा
दो बार खींचा हुआ अरक़, तेज़ अरक़

دوایوانی (वि.)दो ऐवानी
(राज.) द्विसदनी

دوبرقی (वि.)दो बर्क़ी
(भौ.) परावैद्युत

دوپایہ (वि.)दो पाया
(प्राणि.) द्विपाद

دوجنسی (वि.)दो जिंसी
(वन.) द्विलिंगी

دوجنسیت (स्त्री.)दो जिंसियत
(मनो.) उभयलिंगता, द्विलिंगता

دوجہاں (पु.)दो जहाँ
दे. 'دوعالم'

دوچشمی (वि.)दो चश्मी
(भौ.) द्विनेत्री, बाइनाक्युलर

دوچشمی دوربین (स्त्री.)दो चश्मी दूरबीन
(भौ.) द्विनेत्री दूरदर्शक

دوچند (वि.)दुचंद/दो चंद
दूना, दुगुना, द्विगुण

دوچنداں (वि.)दुचंदाँ/दो चंदा
दे. 'دوچند'

دوحرفی (वि.)दोहर्फ़ी
1. द्विपद, दो अक्षरों वाला 2. बहुत छोटा, बहुत ही संक्षिप्त

دودستہ (वि.)दुदस्ता
दोतरफ़ा

دودلا (वि.)दो दिला
दोचित्ता

دورنگی (वि.)दोरंगी/दुरंगी
1. दो रंग वाला 2. कभी कुछ होना कभी कुछ 3. कभी कुछ कहना और कभी कुछ

دوزانو (वि.)दो ज़ानू
घुटनों के बल बैठने की मुद्रा

دوزوجیت (स्त्री.)दो ज़ौजियत
(दर्श.) द्विविवाह

دوشاخہ (वि.)दो शाख़ा
(प्राणि.) द्विशाखी

دوسخنہ (पु.)दोसुख़ना
अमीर खुसरो की पहेलियों की एक क़िस्म, जिसमें कई सवालों का एक जवाब होता है

دوشالہ (पु.)दु शाला
ऊन की कामदार दोहरी चादर

دوشقی (वि.)दो शक़्क़ी
(वन.) द्विभाजन

دوشنبہ (पु.)दो शंबा
सोमवार

دوطرفہ (वि.)दोतरफ़ा
द्विपक्षीय

دوعالم (पु.)दोआलम
उभय लोक, लोक-परलोक, संसार और परलोक

دوعملی حکومت (स्त्री.)दो अमली हुकूमत
(राज.) द्वैधशासन, द्विराज

دوفریقی معاہدہ (पु.)दो फ़रीक़ी मुआहिदा
(राज.) द्विपक्षीय समझौता

دوفصلی (वि.)दोफ़स्ली
वह फ़सल जो साल में दो बार फले

دوقطبہ (पु.)दो क़ुत्बा
(भौ.) द्विध्रुव

دوگانہ (पु.)दोगाना
जुड़वाँ वस्तु, युगल गान

دوگونہ (वि.)दोगूना
दूना, दोचंद

دوگوش (वि.)दोगोश
(मनो.) द्विकर्ण, द्विकर्णी

(वि.)दो लिसानी دولسانی

(भा.) द्विभाषी

(स्त्री.)दो लिसानियत دولسانیت

(भा.) द्विभाषिता

(पु.)दोमाहा دوماہہ

दो महीने की तनख़ाह

(वि.)दोमाही دوماہی

द्विमासिक

(वि.)दो महवरी دومحوری

(भौ.) द्वि-अक्षीय

(पु.)दो मंजिला/दुमंज़िला دومنزلہ

दो तल्ला, वह मकान जिसमें दो मंजिल हों

(स्त्री.)दवा دوا

1. औषधि 2. उपचार

(पु.)दवा फ़रोश دوافروش

दवा बेचने वाला, दवा विक्रेता

(स्त्री.)दवात دوات

मसिपात्र, सियाही रखने का पात्र

(पु.)दवाख़ाना دواخانہ

औषधालय

(अव्य.)दवादौ دوادو

दे. 'دوادوش'

(अव्य.)दवादविश دوادوش

दौड़-भाग, कोशिश, परिश्रम

(वि.)दुवाज़्दा دوازدہ

बारह, द्वादश

(वि.)दुवाज़्दहुम دوازدہم

बारहवाँ, द्वादश

(पु.)दवासाज़ دواساز

दवाएँ बनानेवाला

(स्त्री.)दुवाल دوال

1. चमड़े का पट्टा 2. वह पट्टा जिसमे नक़्क़ारा बजाते हैं

(पु.)दवाम دوام

नित्यता, स्थायित्व

(वि.)दवामी دوامی

स्थायी, अनश्वर

(पु.)दवाइर دوائر

'دائرہ' का बहु.

(क्रि.वि.)दोबारा دوبارہ

पुनः, फिर से

(वि.)दोबाला دوبالا

दोगुना, दूना

(क्रि.वि.)दूबदू دوبدو/دوبہ دو

आमने सामने, मुँहामुँह, संमुख

(स्त्री.)दोबैती دوبیتی

चौपाई

(पु.)दोपियाज़ा دوپیازہ

बिना तरकारी का गोश्त जिसमें प्याज़ का प्रयोग हो

(वि.)दोचार دوچار

आमना सामना, मुलाक़ात, साक्षात्

(पु.)दूद دود

धुआँ

(पु.)दूदकश دودکش

धुँआ निकालने की चिमनी

(वि.)दोदम دودم

दोधारी

(पु.)दुदमान دودمان

वंश, कुल, ख़ानदान

(पु.)दौर دور

1. चक्कर 2. बारी, पारी 3. युग 4. शराब या चाय आदि जो सारे बैठने वालों के लिए हो 5. मुशाइरे या मजलिस में पढ़ने की बारी जो एक-एक बार सबके पढ़ लेने पर ख़त्म हो

(वि.)दूर دور

अन्तर पर, दूर, अलग

(पु.)दौरे-आख़िर دورِ آخر

अंतिम काल

(वि.)दूरअंदेश دور اندیش

दूरदर्शितापूर्ण

(स्त्री.)दूरअंदेशी دور اندیشی

दूरदर्शिता, परिणाम दर्शिता

(पु.)दौरे-अव्वल دورِ اوّل

प्रारंभिक काल

(वि.)दूरतर دورتر

बहुत दूर, काफ़ी दूर, सदूर

(वि.)दूररस دوررس

दूरगामी

دُوررسی ( स्त्री. )दूररसी
दूरदृष्टि

دَوران ( पु. )दौरान
1. बीच 2. चक्कर

دَورانِ خون ( पु. )दौराने ख़ून
रक्तसंचार

دُوربین ( स्त्री. )दूरबीन
दूरवीक्षण यंत्र, दूरदर्शक यंत्र

دُوربینی ( स्त्री. )दूरबीनी
दूरदर्शिता

دُوربیں ( वि. )दूरबीं
1. दूरदर्शी 2. दूरवीक्षण यंत्र

دُور و دراز ( पु. )दूरो दराज़
बहुत दूर, काले कोसों, सुदूर

دَورہ ( पु. )दौरा
1. चक्र, चक्कर 2. बारी 3. किसी अधिकारी का किसी क्षेत्र में जाँच पड़ताल के लिए घूमना

دَورۂ تشویش ( स्त्री. )दौराए तश्वीश
( मनो. ) दुश्चिंता आक्रमण

دَوری ( वि. )दौरी
( भौ. ) आवर्ती

دوزخ ( पु. )दोज़ख़
नरक

دوزخی ( वि. )दोज़ख़ी
नरकगामी

دوسالہ ( वि. )दोसाला
द्विवर्षीय, दो वर्ष का

دوست ( पु. )दोस्त
मित्र, यार, सखा, प्रेमपात्र

دوستانہ ( पु. )दोस्ताना
मैत्री, मित्रता

دوستی ( स्त्री. )दोस्ती
मित्रता, मैत्री

دوش ( पु. )दोश
कंधा

دوش بدوش ( क्रि.वि. )दोश-बदोश
कंधे से कंधा मिलाकर, साथ-साथ

دوشیزگی ( स्त्री. )दोशीज़गी
कौमार्य, अल्हड़पन

دوشیزہ ( स्त्री. )दोशीज़ा
कुमारी

دوشینہ ( वि. )दोशीना
गत रात्रि का

دوغلا ( वि. )दोग़ला
1. वर्णसंकर, क्षेत्रज 2. जारज

دوغلی زبان ( स्त्री. )दोग़ली ज़बान
( भा. ) संकर भाषा

دوگونہ ( वि. )दोगूना
दो प्रकार का

دَولت ( स्त्री. )दौलत
1. धन, सम्पत्ति, रुपया-पैसा 2. राज्य, सत्ता, हुकूमत

دَولت خانہ ( पु. )दौलत-ख़ाना
किसी अन्य के घर के लिए औपचारिकता वश प्रयुक्त शब्द, 'غریب خانہ' ( ग़रीब-ख़ाना ) का विलोम

دَولت کدہ ( पु. )दौलत कदा
दे. 'دولت خانہ'

دَولتِ مشترکہ ( स्त्री. )दौलते मुश्तर्का
( राज. ) राष्ट्रमंडल

دَولت مند ( वि. )दौलतमंद
धनवान्, मालदार

دونیم ( वि. )दोनीम
आधा-आधा, दो टुकड़े

دُوں ( वि. ) दूँ
अधम, नीच, पामर, कमीना

دہ ( वि. )दह
दश, दस

دِہ ( पु. )देह
ग्राम, गाँव

دہان ( पु. )दहान
1. मुँह 2. छिद्र

دہانہ ( पु. )दहाना
1. मुहाना, मुँह 2. लगाम

دہاں ( पु. )दहाँ
दे. 'دہان'

دہائی ( स्त्री. )दहाई
दशक

دہ چند ( वि. )दहचंद
दस गुना

دہر ( पु. )दहर
1. काल, समय, युग 2. संसार

دہری (वि.)दहरी
(दर्श.) अनीश्वरवादी, ख़ुदा को न मानने वाला

دہریت (स्त्री.)दहरियत
(दर्श.) 1. निरीश्वरवाद 2. अनीश्वरवाद

دہریہ (पु.)दहरिया
(दर्श.) अनीश्वरवादी

دہش (स्त्री.)दिहिश
दानशीलता, उदारता

دہشت (स्त्री.)दहशत
डर, भय, आतंक

دہشت انگیز (वि.)दहशत अंगेज़
भयानक, भीषण, डरावना

دہشت انگیزی (स्त्री.)दहशतअंगेज़ी
1. भयानकपन, डरावनापन 2. आतंकवाद

دہشت پسند (वि.)दहशत पसंद
आतंकवादी, आतंकी

دہشت پسندی (स्त्री.)दहशत पसंदी
आतंकवाद, आतंक प्रियता

دہشت زدہ (वि.)दहशत ज़दा
भयभीत, आतंकित

دہشت گرد (स्त्री.)दहशत गर्द
आतंकवादी

دہشت گردی (वि.)दहशत गर्दी
आतंकवाद

دہشت ناک (वि.)दहशतनाक
भयानक, डरावना

دہقان (पु.)दहक़ान
1. किसान 2. देहाती

دہقانیت (स्त्री.)दहक़ानियत
गँवारपन

دہل (पु.)दुहुल
ढोल, धौंसा, नक़्क़ारा

دہلیز (स्त्री.)दहलीज़
चौखट

دہم (वि.)दहुम
दशम

دہن (पु.)दहन
मुँह

دہنی جوف (पु.)दहनी जौफ़
(भा.) मुख विवर, मुख गहिका

دیار (पु.)दियार/दयार
देश, स्थान

دیارِ غیر (पु.)दियारे ग़ैर
परदेश

دیانت (स्त्री.)दियानत
ईमानदारी, सत्यनिष्ठा

دیانت دار (वि.)दियानतदार
निष्ठावान, ईमानदार, सत्यनिष्ठ

دیانت داری (स्त्री.)दियानतदारी
सत्यनिष्ठा, निष्ठावादिता

دیبا (स्त्री.)दीबा
एक बारीक और कढ़ा हुआ रेशमी कपड़ा

دیباچہ (पु.)दिबाचा
प्रस्तावना, प्राक्कथन, भूमिका

دیدار (स्त्री.)दीदार
दर्शन

دیدنی (वि.)दीदनी
1. दर्शनीय, देखने योग्य 2. सुंदर, मनोहर

دید وا دید (स्त्री.)दीद वा दीद
भेंट, परस्पर मिलन

دیدہ (पु.)दीदा
आँख का ढेला, आँख, नेत्र

دیدہ بازی (स्त्री.)दीदा बाज़ी
नज़र लड़ाना, घूरना, ताक-झाँक

دیدہ دلیر (वि.)दीदादिलेर
ढीठ, निर्लज्ज, धृष्ट

دیدہ دلیری (स्त्री.)दीदादिलेरी
ढिठाई, निर्लज्जता, धृष्टता

دیدہ ریزی (स्त्री.)दीदारेज़ी
बारीकी से काम करना, सूक्ष्म कार्य

دیدہ و دانستہ (क्रि.वि.)दीदाओ-दानिस्ता
जान-बूझकर

دیدہ ور (वि.)दीदावर
पारखी

دیدہ وری (स्त्री.)दीदावरी
परख, विवेक

دیدۂ تر (पु.)दीदए-तर
रोती हुई आँख, आँसुओं से तर आँख, डबडबाई आँख

دیر (पु.)दैर
मंदिर, मूर्तिगृह, देवालय

دیر (पु.)देर
विलंब

دیرپا (वि.) देरपा
टिकाऊ, स्थायी

دیروز (पु.) दीरोज़
बीता हुआ कल

دیروزہ (वि.) दीरोज़ा
बीता हुआ कल

دیرینہ (वि.) देरीना
प्राचीन, पुराना

دیشب (स्त्री.) दीशब
बीती हुई रात, पिछली

دیگ (स्त्री.) देग
बड़ा पतीला, छोटे मुँह और बड़े पेट का एक बर्तन

دیگچہ (पु.) देगचा
छोटी देग, पतीला

دیگدان (पु.) देगदान
चूल्हा, भट्टी

دیگر (क्रि.वि.) दीगर
1. अन्य, दूसरा 2. फिर, दुबारा, पुनः

دیمک (स्त्री.) दीमक
दीमक, लकड़ी में लगने वाला कीट, कीड़ा

دیمک خوردہ (वि.) दीमक खुर्दा
दीमक-लगा, दीमक का खाया हुआ

دین (स्त्री.) देन
अनुकंपा, कृपा

دَین (पु.) दैन
ऋण, कर्ज़

دین (पु.) दीन
धर्म

دینارِ سرخ (पु.) दीनारे-सुर्ख़
सोने की मुद्रा, अशरफ़ी

دین پرور (वि.) दीनपर्वर
धर्मपाल

دین پناہ (वि.) दीनपनाह
धर्मरक्षक

دین دار (वि.) दीनदार
धर्मनिष्ठ, धार्मिक

دین داری (स्त्री.) दीनदारी
धर्मनिष्ठा

دینی (वि.) दीनी
धार्मिक, धर्म संबंधी

دینیات (स्त्री.) दीनियात
धर्मशास्त्र, धर्मदर्शन

دیو (पु.) देव
1. असुर, राक्षस 2. पिशाच, भूत प्रेत

دیوار (स्त्री.) दीवार
भीत, भित्ति

دیواری تصویر (स्त्री.) दीवारी तस्वीर
(इति.) भित्ति-चित्र

دیواری مصوری (स्त्री.) दीवारी मुसव्विरी
(इति.) भित्ति-चित्रण

دیوالہ (पु.) दीवाला
कंगाली, अत्यधिक आर्थिक विपन्नता

دیوان (पु.) दीवान
1. कचहरी 2. मंत्री 3. वह पुस्तक जिसमें अकारादि क्रम से कविताओं का संकलन किया गया हो

دیوانِ خاص (पु.) दीवाने-ख़ास
मुख्य लोगों का दरबार

دیوانِ خالصہ (पु.) दीवाने-ख़ालिसा
वह मंत्री जिसके पास शाही मुहर रहती है

دیوان خانہ (पु.) दीवान ख़ाना
1. बैठक 2. कचहरी का दफ़्तर 3. बड़े लोगों के बैठने का स्थान

دیوانِ عام (पु.) दीवाने-आम
सार्वजनिक दरबार, आम सभा

دیوانگی (स्त्री.) दीवानगी
पागलपन, उन्माद

دیوانہ (पु.) दीवाना
पागल, उन्मत, प्रेमी

دیوانی (स्त्री.) दीवानी
रुपये के लेन देन और जायदाद संबंधी मुक़दमे, व्यवहार-न्यायालय

دیوپیکر (वि.) देवपैकर
महाकाय, भीमकाय, विशालकाय

دیّوث (पु.) दय्यूस
भड़ुआ

دیودار (पु.) देवदार
चीड़ का वृक्ष

دیوزاد (वि.) देवज़ाद
असुरजात, राक्षस की संतान

دیہات (पु.) देहात
ग्राम, गाँव

دیہاتی (वि.) देहाती
ग्रामीण, गाँव का रहने वाला

دیہی (वि.) देही
ग्रामीण

دے (पु.) दै
सौर पंचांग का दसवाँ ईरानी महीना

## دھ

(पु.)धा دھا

1. लय, सुर, हिन्दी राग का छठा सुर: सा, रे, गा, मा, पा, धा, नी 2. (स्त्री.) दाई, दूध पिलाने वाली

(पु.)धा भाई دھا بھائی

दूधभाई, कोका

(पु.)धाबा دھابا

1. अटारी, कच्चा कोठा, कच्ची छत, वह मकान जिसे अनाड़ियों ने चुना हो 2. आम रसोई घर, ढाबा

(स्त्री.)धार دھار

1. लकीर, रेखा, ख़त 2. धार, फुवार 3. धार (तलवार आदि) 4. बहाव, प्रवाह (द्रव की)

(स्त्री.)धाड़ دھاڑ

1. गिरोह, जत्था, भीड़ 2. चोरों का गिरोह 3. ढेरों संतान 4. जल्दी, शीघ्रता 5. व्यग्रता, जल्दी पड़ना

(क्रि.वि.)धाड़ की धाड़ دھاڑ کی دھاڑ

गिरोह का गिरोह, जत्थे का जत्था

(पु.)धाड़ी دھاڑی

1. किसी गिरोह का एक चोर, डाकू, लुटेरा 2. बड़ा भारी चोर, कुख्यात चोर

(स्त्री.)धामन/धामिन دھامن

1. एक लंबा सर्प जो गाय/भैंस की टाँगों को जकड़ कर उसका दूध पी जाता है 2. एक प्रकार का बाँस जिससे कमान, गुलैल आदि बनाते हैं 3. एक प्रकार की बढ़िया घास 4. दूत, क़ासिद, पैक, धावन

(स्त्री.)धाँदल دھاندل

1. बेइमानी, छल, फ़रेब 2. झगड़ा, कलह, टंटा, तकरार

(पु.)धानक دھانک

1. धनुर्धारी, कमनैत, तीरअंदाज़ प्रहरी 2. एक पहाड़ी जाति 3. धुनिया

(पु.)धाँगर دھانگر

एक जाति जिसका काम कुँआ और तालाब खोदने का है

(पु.)धावा دھاوا

1. चढ़ाई, आक्रमण, हमला 2. एक पेड़ विशेष जो रंगने के काम आता है।

(स्त्री.)धाए دھائے

धाय, अन्ना, दूध पिलाने वाली

(पु.)धाए भाई دھائے بھائی

दूधभाई, कोका

(पु.)धबला دھبلا

घघरा, तहबंद, लहंगा, ढीला-ढाला पाजामा

(पु.)धप دھپ

1. तमाचा, थप्पड़, चाँटा 2. धौल-धप्पा

(पु.)धप्पा دھپا

1. दे. 'دھپ' 2. हानि, घाटा, नुकसान

(स्त्री.)धत دھت

1. लत, बुरी आदत 2. हाथी के चलने की आवाज़

(पु.)धता دھتا

1. टाल-मटोल, बहाना 2. छल, धोखा, फरेब

(पु.)धतूरा دھتورا

धतूरा, एक ज़हरीले पौधे और उसके फल का नाम

(पु.)धतूरिया دھتوریا

ठगों की वह जाति जो मुसाफ़िरों को धतूरा खिला कर लूट लेती है

(स्त्री.)धजा دھجا

1. ध्वजा, फरेरा 2. झंडे का कपड़ा 3. रूप 4. धज्जी, कतरन

(वि.)धजीला دھجیلا

1. सजीला, सजधज वाला 2. जामा ज़ेब

(स्त्री.)धज्जी دھجی

1. कपड़े की लंबी पट्टी, चीथड़ा, कतरन 2. लकड़ी के तख़्ते की पतली और लंबी पट्टी

(स्त्री.)धज्जी की दीवार دھجی کی دیوار

वह दीवार जो आड़ी तिरछी लकड़ियाँ लगाकर चिनी (चूने) और गारे से भरी जाती है

(पु.)धचका دھچکا

1. धक्का, झटका 2. हानि, घाटा 3. सदमा

(पु.)धुर دُھر

1. धुरा, धुरी (गाड़ी या रथ आदि का) 2. आरम्भ, शुरू 3. भार, बोझ 4. नितांत, बिल्कुल 5. अत्यधिक, सटीक 6. दृढ़, पक्का

دھڑاکا (पु.)धड़ाका
धड़-धड़ शब्द, धमाके या गड़गड़ाहट का शब्द

دھڑلا (पु.)धड़ल्ला
1. धड़ाका, धड़धड़ शब्द 2. भीड़-भाड़ और धूम-धाम

دھڑی (स्त्री.)धड़ी
1. पाँच सेर की एक तौल 2. पाँच सौ रुपये की एक रक़म 3. रेखा, लकीर 4. मिस्सी लगाने या पान खाने से होंठों पर पड़ने वाली लकीर

دھس (पु.)धुस
1. मिट्टी आदि का ऊँचा ढेर, टीला 2. नदी के किनारे पर बाँधा हुआ बाँध

دھسان (स्त्री.)धसान
धसने की जगह, दलदल, कीचड़

دھکڑ پکڑ (स्त्री.)धुकड़ पुकड़
1. धक-धक, धड़कन, घबराहट 2. दुविधा 3. आशा व निराशा

دھکم دھکا (पु.)धक्कम-धक्का
रेला पेली, धकापेल

دھما چوکڑی (स्त्री.)धमा चौकड़ी
कूद-फाँद, उछल-कूद, मार-पीट, उपद्रव

دھماکہ خیز (वि.)धमाका ख़ेज़
(भौ., रसा.) विस्फोटक

دھمال (स्त्री.)धम्माल/धमाल
1. उछल-कूद, धमाचौकड़ी 2. नटों की कलाबाज़ी 3. एक विशेष प्रकार के साधुओं का दहकती हुई आग पर चलना

دھمالیا (पु.)धम्मालिया/धमालिया
1. उछल-कूद दिखाने वाला नट 2. दुलहंडी के दिन का गीत गाने वाला 3. दहकते हुए अंगार पर चलने वाला साधू 4. उपद्रव करने वाला

دھن (पु.)धन
1. रुपया-पैसा, सोना-चाँदी आदि, द्रव्य, दौलत 2. सम्पत्ति, जायदाद 3. अत्यन्त प्रिय व्यक्ति 4. गणित में जोड़ का चिह्न 5. मूल, पूँजी

دھن (स्त्री.)धुन
1. किसी काम को बराबर करते रहने की अनिवार्य प्रवृत्ति, लगन 2. मन की तरंग, मौज 3. चिंता 4. गाने की तर्ज़, सुर

دھن کٹا (पु.)धन कुट्टा
धान कूटने वाला

دھرا (पु.)धुरा
1. रथ या गाड़ी का धुरा, अक्ष 2. शीर्ष या उच्च स्थान

دھرپد (स्त्री.)ध्रुपद
भारतीय शास्त्रीय गायन की एक पद्धति विशेष, एक प्रकार का ध्रुपद

دھرتی (स्त्री.)धर्ती
ज़मीन, दुनिया, पृथ्वी, धरती

دھرم (पु.)धर्म
1. मत, पंथ, मज़हब 2. सत्कर्म, सदाचार 3. कर्तव्य

دھرم آتما (वि.)धर्म आत्मा
धर्मात्मा, धार्मिक, धर्मशील, सदाचारी

دھرم چاری (वि.)धर्म चारी
नेक, धार्मिक, धर्मानुसार आचरण करने वाला

دھرم دھکا (पु.)धर्म धक्का
1. धर्म के निमित्त उठाये जाने वाला कष्ट 2. व्यर्थ का कष्ट

دھرم راج (पु.)धर्मराज
1. धर्म का पालन करने वाला राजा 2. युधिष्ठिर 3. यमराज 4. न्यायाधीश

دھرم شاستر (पु.)धर्मशास्त्र
धर्म ग्रंथ

دھرم مورت (पु.)धर्म मूरत
आपादमस्तक धार्मिक, न्याय का पुतला

دھرم مول (पु.)धर्म मूल
धर्म का प्रमाण, धार्मिक सिद्धान्त

دھرما دھرمی (स्त्री.)धर्माधर्मी
क़स्माक़स्मी, दोनों व्यक्तियों का क़सम खाना

دھرو (पु.)ध्रुव
1. अक्ष, वह कील जिस पर चक्की घूमती है 2. ध्रुवतारा

دھروہر (स्त्री.)धरोहर
अमानत, थाती, न्यास

دھری (स्त्री.)धुरी
छोटा धुरा, अक्ष

دھڑا (पु.)धड़ा
1. बाट, बटखरा 2. पाँच सेर की तौल 3. तुला, तराज़ू

دھڑا دھڑ (क्रि.वि.) धड़ाधड़
1. लगातार, धड़धड़ शब्दसहित 2. लगातार और जल्दी जल्दी

دھن کٹی (स्त्री.)धन कुट्टी
धान कूटने का यंत्र, ढेका

دھندلکا (पु.)धुंदलका
1. मुँहअँधेरा, घोर 2. शाम का अँधेरा, झुटपुटा

دھندلے کا وقت (पु.)धुंदले का वक़्त
शाम का समय

دھنک (स्त्री.)धनक
1. इन्द्रधनुष 2. धनुष, कमान 3. एक प्रकार की ओढ़नी 4. एक प्रकार का पतला गोटा

دھواںسا (पु.)धुआँसा
निरंतर आग जलाने से छत आदि पर जमने वाली कालिख

دھواں (पु.)धुवाँ
धुँआ, धूम, धूम्र, सुलगती हुई आग से निकलने वाली भाप

دھواں دھار (वि.)धुवाँधार
1. छत में धुआँ निकलने का, छिद्र 2. अत्यधिक काला 3. बहुत ज़ोर का या बहुत ज़ोर से, प्रचंड, घोर

دھوپ چھاؤں (स्त्री.)धूप छाँव
1. धूप और छाया 2. एक प्रकार का रंगीन कपड़ा 3. उतार चढ़ाव

دھوتر (स्त्री.)धूतर
एक प्रकार का कपड़ा

دھوتو (पु.)धूतू
भोंपू, बिगुल, नृसिंह आदि जो मुँह से बजाते हैं

دھوک (पु.)धूक
1. वायु 2. धूर्त मनुष्य 3. काल

دھولا (वि.)धौला
सफ़ेद, उजला

دھومک دھیا (स्त्री.)धूमक धय्या
उछल-कूद और हल्ला-गुल्ला, उपद्रव

دھون (पु.)धून
बीस सेर का वज़न

دھونا (पु.)धूना
गुग्गुल की जाति का एक बड़ा वृक्ष जिसका गोंद धूप के समान जलाया जाता है

دھونتال (वि.)धौंताल
1. फुर्तीला, चुस्त, चालाक 2. जिसे असाधारण धुन न हों 3. साहसी 4. निपुण

دھونسا (पु.)धौंसा
1. बड़ा नगाड़ा, डंका 2. शक्ति, सामर्थ्य,

دھونی (स्त्री.)धूनी
(रसा., प्रशा.) धूमक, धुमद्य

دھی (स्त्री.)धी
बेटी, पुत्री

دھیانگی (स्त्री.)ध्यानगी
1. दिन भर की मज़दूरी 2. दिन भर का काम

دھیانی (वि.)ध्यानी
1. समाधिस्थ 2. ध्यान करने वाला

دھیری (स्त्री.)धेरी
बेटी

دھیلا (पु.)धेला
अधेला, आधा पैसा

دھینگ (वि.)धींग
1. हट्टा-कट्टा 2. मज़बूत 3. उपद्रवी 4. पापी, कुमार्गी

دھینگڑ (वि.)धींगड़
1. मोटा-ताज़ा, धींग 2. गँवार का लट्ठ 3. हरामी, जारज

دھینگڑا (पु.)धींगड़ा
1. मोटा-ताज़ा आदमी, हट्टा-कट्टा आदमी 2. हरामी आदमी, हरामी लड़का

دھینور (पु.)धीनूर
1. मछुआरा 2. अत्यधिक काला व्यक्ति

## ڈ

ڈاب (पु.)डाब
नारियल पानी

ڈار (पु.)डार
(पक्षियों का) झुण्ड

ڈاک (पु.)डाक
चिट्ठी आदि डाक सामग्री, डाक सेवा

ڈاک خانہ (पु.)डाक ख़ाना
डाक घर

ڈاکیا (पु.)डाकिया
पत्र वाहक, चिट्ठी पहुँचाने वाला, पोस्ट मैन

ڈالی (स्त्री.)डाली
1. शाख, शाखा 2. बड़े अधिकारियों या अमीरों को फल आदि की भेंट

ڈھاک (पु.)ढाक
एक पेड़ का नाम जिसके बड़े-बड़े तीन-तीन पत्ते होते हैं और लाल फूल खिलते हैं

ڈھانچ (पु.)ढाँच
बिना बुना हुआ पलंग, चारपाई या कुर्सी

ڈھائی (वि.)ढाई
दो और आधा, अढ़ाई

ڈھب (पु.)ढब
1. ढंग, क्रियाप्रणाली, रीति 2.. प्रकार 3. बनावट 4. युक्ति, उपाय 5. प्रकृति आदत

ڈھبری (स्त्री.)ढिबरी
1. मिट्टी के तेल से जलने वाली डिबिया 2. साँचे की पेंदी का भाग 3. लोहे का पहलदार टुकड़ा जो पेंच के ऊपर चढ़ाकर कसा जाता है

ڈھپ (पु.)ढप
डफ़ली, डफ़

ڈھٹ (वि.)ढट
मज़बूत और गाढ़ा कपड़ा

ڈھچر (पु.)ढचर
1. किसी वस्तु को बनाने या ठीक करने का समान 2. बखेड़ा, झंझट 3. आडम्बर 4. (वि.) बूढ़ा, कमज़ोर

ڈھڈو (स्त्री.)ढड्डू
1. बुढ़िया औरत 2. झक्की

ڈھڈوکا (पु.)ढडूका
मूर्ख, बेवक़ूफ़, ढर्रा

ڈھرا (पु.)ढर्रा
1. लीक, रास्ता 2. ढंग, पद्धति

ڈھڑ (पु.)ढड़
पुट्ठा, कूल्हा

ڈھکوسلا (पु.)ढकोसला
आडम्बर, कपट, मतलब गाँठने के लिए गढ़ा हुआ झूठा रूप

ڈھگ (वि.)ढिग
1. निकट 2. तरफ़, जानिब, ओर-छोर

ڈھگا (पु.)ढगगा
दुबला-पतला घोड़ा

ڈھلان (स्त्री.)ढलान
1. ढाल 2. रुझान

ڈھلائی (स्त्री.)ढुलाई
(वाणि., प्रशा.) भाड़ा, ढुलाई भाड़ा

ڈھلت (स्त्री.)ढलत
साँचे में ढली हुई वस्तु की संरचना

ڈھلکا (पु.)ढलका
आँख से निरंतर पानी बहने का एक रोग

ڈانٹ (स्त्री.)डाँट
1. भर्त्सना, फटकार 2. टहनी 3. डंठल 4. गदका 5. नाव खेने का चपुरी 6. रीढ़ की हड्डी 7. ऊँची मेड़ 8. अर्ध दण्ड, हर्जाना

ڈانٹ ڈپٹ (स्त्री.)डाँट-डपट
भर्त्सना, फटकार

ڈانڈ (पु.)डाँड
डंडा

ڈانڈا (पु.)डाँडा
सीमा, हद

ڈانگر (वि.)डाँगर
चौपाया, पशु

ڈانواڈول (स्त्री.)डावाँडोल
अस्थिर, ढुलमुल

ڈاہ (स्त्री.)डाह
ईर्ष्या, जलन, द्वेष

ڈائن (स्त्री.)डाइन
1. डायन, टोनहाई 2. कुरूप और डरावनी स्त्री

ڈبل روٹی (स्त्री.)डबल रोटी
पाव रोटी

ڈراما (पु.)ड्रामा
नाटक

ڈراما نگار (पु.)ड्रामा निगार
नाटककार

ڈراما نگاری (वि.)ड्रामा निगारी
नाटककारी, नाटक लेखन

ڈرامائی (वि.)ड्रामाई
नाटकीय

---

## ڈھ

---

ڈھابا (पु.)ढाबा
1. ओलती 2. जाल 3. परछती 4. भोजन की दुकान

ڈھاٹا (पु.)ढाटा
1. कपड़े की पट्टी जिससे दाढ़ी बाँधी जाती है 2. वह साफ़ा जिसका एक फेंटा दाढ़ी और गाल से होते हुए जाता है

ڈھاڑی (पु.)ढाड़ी
1. ढाड़ी 2. साज़िंदा, गवय्या, मीरासी

ڈھیڈ (पु.)ढीड
1. कौआ 2. मूर्ख
ڈھیلا پیچ (पु.)ढीलापेच
1. सर के बाल ऊपर गुंधे हुए, गुंधे हुए बाल जो भौं तक हो 2. वह पगड़ी का पेंच जो भौं पर पड़ा हो
ڈھیلی زناخ (स्त्री.)ढीली ज़नाख़
सुस्त एवं काहिल औरत, आलसी महिला
ڈھیلے زناخ (पु.)ढीले जनाख़
आलसी व्यक्ति
ڈھیم (पु.)ढीम
मिट्टी का बड़ा डला या पिण्ड
ڈھینڈا (पु.)ढींडा
1. तोन्द, बड़ा पेट 2. गर्भ
ڈھینڈس (पु.)ढींडस
पेठे के आकार का एक गोल कद्दू
ڈھینک (पु.)ढेंक
1. बड़ा गिद्ध 2. लम्बी चोंच और गर्दन वाली एक चिड़िया जो पानी के अंदर रहती है
ڈھینکا (पु.)ढेंका
1. कोल्हू की लाठ 2. सारस 3. दमकाया
ڈھینکلی (स्त्री.)ढेंकली
1. सिंचाई के निमित्त पानी निकालने का यंत्र 2. अरेब या आड़ी सिलाई 3. धान कूटने का एक यंत्र

## ذ

ذات (स्त्री.)ज़ात
1. जाति, बिरादरी 2. स्वयं, ख़ुद, व्यक्तित्व 3. अस्तित्व
ذاتِ شریف (वि.)ज़ाते-शरीफ़
1. महापुरुष 2. गुरु घंटाल 3. धूर्त
ذاتی (वि.)ज़ाती
1. निजी, व्यक्तिगत 2. आत्मीय, ख़ुद का
ذاتی قدر (स्त्री.)ज़ाती क़द
(भौ.) नैज मान
ذاتیات (स्त्री.)ज़ातियात
1. निजी और व्यक्तिगत बातें 2. जातिवाद

ڈھلمل یقین (वि.)ढुलमुल यक़ीन
कमज़ोर इरादे वाला, जो दृढ़ निश्चयी न हो
ڈھلواں (वि.)ढलवाँ
1. ढालदार 2. साँचे में ढाला हुआ
ڈھلیت (स्त्री.)ढलैत
सिपाही
ڈھنڈار (वि.)ढंडार
1. अत्यन्त जीर्ण 2. बहुत बड़ा और बेढंगा
ڈھنڈورا (पु.)ढंडोरा
डुगडुगी, मुनादी
ڈھنڈوریا (पु.)ढंडोरिया
ढिंडोरा पीटने वाला, डुगडुगी बजाकर घोषणा करने वाला
ڈھوبرا (पु.)ढोबरा
1. मिट्टी का पुराना बर्तन 2. पुराना और कच्चा घर
ڈھوٹا (पु.)ढोटा
बेटा, पुत्र, लड़का
ڈھوڈا (पु.)ढोडा
1. ढाँचा 2. झोंपड़ा, घर, कारख़ाना 3. कारोबार 4. दिखावा, ज़ाहिरी टीप-टॉप
ڈھوڈھو (पु.)ढूढू
लड़कों का एक खेल, कबड्डी
ڈھولا (पु.)ढोला
1. सड़े हुए फल आदि में होने वाला एक प्रकार का कीड़ा 2. हद का निशान 3. गोल मेहराब बनाने की डाट लदाव 4. पिंड, शरीर, देह 5. पति 6. एक प्रकार का गीत 7. मूर्ख व्यक्ति
ڈھولا بندی (स्त्री.)ढोलाबन्दी
हदबंदी, रक़्बाबंदी, खेत की सरहद का निशान
ڈھولک (स्त्री.)ढोलक
छोटा ढोल, ढोलकी
ڈھویا (पु.)ढोया
फूलों, तरकारी और मौसमी फलों की डाली जो मालिन या बाग़बान लाकर भेंट करता है
ڈھو (पु.)ढऊ
बड़े क़द का, ऊँचे क़द वाला
ڈھئی (स्त्री.)ढई
एक जगह जम जाना, अपना इच्छित कार्य के न होने तक धरना देना
ڈھی (पु.)ढी
दरिया का ऊँचा किनारा

ذاکر (वि.)ज़ाकिर
1. वर्णनकर्त्ता 2. जप करने वाला 3. हज़रत इमाम हुसैन की शहादत बयान करने वाला व्यक्ति

ذائقہ (पु.)ज़ायका
1. स्वाद, रस 2. प्रतिकार, प्रत्यपकार 3. बुरा बदला

ذائقہ پسند (वि.)ज़ायका पसंद
चटोरा, जिह्वालोलुप, स्वाद्

ذائقہ دار (वि.)ज़ायकादार
स्वादिष्ट, सुस्वाद, मज़ेदार

ذبح (पु.)ज़ब्ह
हलाल, वधित

ذبیح (वि.)ज़बीह
वधित, ज़ब्ह किया हुआ

ذبیح اللہ (पु.)ज़बीहउल्लाह
1. अल्लाह के लिए भेंट चढ़ने वाला 2. हज़रत इस्माईल की उपाधि

ذبیحہ (पु.)ज़बीहा
वधित, हलाल किया हुआ जानवर

ذخّار (वि.)ज़ख़्ख़ार
शोर करने वाला, घोर नाद करने वाला, ठाठे मारने वाला

ذخائر (पु.)ज़ख़ाइर
'ذخیرہ' का बहु.

ذخیرہ (पु.)ज़ख़ीरा
भण्डारण, जमा किया हुआ, संचित किया हुआ

ذخیرہ اندوز (वि.)ज़ख़ीरा अंदोज़
अनाज आदि का संचय करने वाला

ذخیرہ اندوزی (स्त्री.)ज़ख़ीरा अंदोज़ी
1. जमाख़ोरी 2. (वाणि.) संचयन

ذخیرہ لاگت (स्त्री.)ज़ख़ीरा लागत
(वाणि.) भंडार लागत

ذرا (वि.)ज़रा
तनिक, किंचित, अल्प, थोड़ा, न्यून

ذرّات (पु.)ज़र्रात
'ذرّہ' का बहु.

ذراع (पु.)ज़िरा
1. एक हाथ की नाप 2. सातवाँ नक्षत्र, पुनर्वसु

ذرائع (पु.)ज़राए
'ذریعہ' का बहु., ज़रीए, साधन

ذرائع ابلاغ (पु.)ज़राए-इब्लाग़
(जन.) संचार साधन, संचार माध्यम

ذرائع پیداوار (पु.)ज़राए पैदावार
(अर्थ.) उत्पादन के साधन

ذرع (पु.) ज़र्अ
1. शक्ति, बल 2. हाथ से नापना

ذرّہ (पु.)ज़र्रा
1. कण, अणु, रेणु, बहुत ही बारीक रेज़ा 2. (वि.) अति तुच्छ 3. (पु.) छोटा चींटा

ذرّہ بین (पु.)ज़र्राबीन
अनुवीक्षण-यंत्र

ذرّہ پاش (वि.)ज़र्रापाश
(भौ.) कणित्र

ذرّہ پاشی (पु.)ज़र्रा पाशी
(भौ.) कणन

ذرّہ پرور (वि.)ज़र्रा पर्वर
दे. 'ذرّہ نواز'

ذرّہ نواز (वि.)ज़र्रा नवाज़
दीनदयालु, दीनबंधु

ذرۂ بے مقدار (पु.)ज़र्रए-बेमिक्दार
दे. 'ذرۂ ناچیز'

ذرۂ ناچیز (पु.)ज़र्रए-नाचीज़
1. बहुत ही छोटा और सूक्ष्म कण 2. अत्यंत तुच्छ व्यक्ति (वक्ता द्वारा अति विनम्रतावश स्वयं के लिए इस शब्द का प्रयोग होता है)

ذریچہ (पु.) ज़रीचा
(भौ.) कणिका

ذریعہ (पु.)ज़रीआ
साधन, माध्यम, द्वारा

ذقن (स्त्री.)ज़क़न
चिबुक, ठुड्डी

ذکا (स्त्री.)ज़का
बुद्धि, मति, विवेक, समझ

ذکاوت (स्त्री.)ज़कावत
1. बुद्धिमत्ता, मनीषा, अक़्लमंदी 2. प्रतिभा

ذکر (पु.)ज़िक्र
1. नाम जाप 2. चर्चा, संस्मरण

ذکر جہر (पु.)ज़िक्रे-जहर
ऐसा जप जो ध्वनित हो, जो आवाज़ के साथ हो

**ذکرخفی** (अ.पु.) ज़िक्रे-ख़फ़ी
मन ही मन में किया जाने वाला जाप, उपांशु

**ذکرخیر** (पु.) ज़िक्रे-ख़ैर
1. शुभ-चर्चा 2. स्मरण-चर्चा

**ذکی** (वि.) ज़की
बुद्धिमान्, मेधावी

**ذکیہ** (वि.) ज़कीया
प्रतिभावती, मेधावती

**ذلت** (स्त्री.) ज़िल्लत
अपमान, अनादर, तिरस्कार

**ذلت آمیز** (वि.) ज़िल्लत आमेज़
अपमानजनक, तिरस्कारयुक्त

**ذلیل** (वि.) ज़लील
1. नीच, कदार्थित, कमीना 2. भ्रष्ट, अधर्म 3. तिरस्कृत, अपमानित, बेइज़्ज़त

**ذم** (स्त्री.) ज़म
1. निंदा, बुराई 2. अश्लीलता

**ذمہ** (पु.) ज़िम्मा
उत्तरदायित्व, प्रतिभूति

**ذمہ دار** (वि.) ज़िम्मेदार
1. उत्तरदायी, जवाबदेह 2. प्रतिभू, ज़ामिन

**ذمہ دارانہ** (वि.) ज़िम्मेदाराना
उत्तरदायित्व के साथ

**ذمہ داری** (स्त्री.) ज़िम्मेदारी
1. उत्तरदायित्व, जवाबदेही 2. प्रतिभूति, ज़मानत 3. कार्यभार

**ذمی** (पु.) ज़िम्मी
इस्लामी राज्य में ग़ैर मुस्लिम नागरिक जो अपनी सुरक्षा और राज्यसुव्यवस्था के लिए जज़िया दे

**ذو** (उप.) ज़ू
एक उपसर्ग जो द्वि या दो का अर्थ देता है, जैसे- 'ذومعنی' (ज़ू-माना) द्वयर्थक, बहु अर्थी, कई अर्थोंवाला

**ذو اضعاف** (पु.) ज़ू अज़आफ़
समापवर्त्य

**ذو اضعاف اقل** (पु.) ज़ूअज़आफ़े अक़ल्ल्
लघुत्तम समापवर्त्य

**ذوالبحرین** (वि.) ज़ुलबह्रैन
अनेक बहरों (छंदों) में पढ़ा जाने वाला शेर

**ذوالجلال** (पु.) ज़ुलजलाल
तेज़ और प्रतापवाला, अर्थात् ईश्वर

**ذوالجناح** (पु.) ज़ुलजनाह
हज़रत इमाम हुसैन का घोड़ा, बहुत तेज़ चलने के कारण ذوالجناح (परों वाला घोड़ा) कहलाता था

**ذوالفقار** (स्त्री.) ज़ुल्फ़क़ार
हज़रत अली की तलवार, जो बद्र के युद्ध में उन्हें पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब ने प्रदान की थी

**ذوالفنون** (वि.) ज़ुलफ़ुनून
बहुविज्ञ, बहुत से गुणों का ज्ञाता, बहु कलाविद्

**ذوالقرنین** (पु.) ज़ुलक़र्नैन
सम्राट् सिकंदर की उपाधि

**ذوبحرین** (वि.) ज़ूबह्रैन
दे. 'ذوالبحرین'

**ذوذنابہ** (पु.) ज़ूज़ुनाबा
वह पुच्छल तारा जिसकी पूँछ पूरब की ओर हो

**ذولسانی** (वि.) ज़ू लिसानी
(भा.) द्विभाषी

**ذولسانی لغت** (पु.) ज़ू लिसानी लुग़त
(भा.) द्विभाषी कोश

**ذولسانیت** (स्त्री.) ज़ू लिसानियत
(भा.) द्विभाषिता

**ذومعنی** (वि.) ज़ूमाना
द्वयर्थक, वह शब्द, वाक्य या शेर जिसके दो अर्थ हों

**ذوق** (पु.) ज़ौक़
1. स्वाद, मज़ा, रसिकता, रसानुभव 2. आनंद, हर्ष 3. रुचि, शौक़

**ذوق سخن** (पु.) ज़ौक़े-सुख़न
दे. 'ذوق شعر'

**ذوق شعر** (पु.) ज़ौक़े-शेर
काव्य रसिकता, सहृदयता, कविता करने या समझने का शौक़

**ذوق وشوق** (पु.) ज़ौक़ो-शौक़
पूरी रुचि और रसिकता

**ذہانت** (स्त्री.) ज़हानत
1. प्रतिभा 2. दक्षता, विवेक, समझ बूझ 3. नयी बात निकालने की शक्ति

**ذہن** (पु.) ज़िह्न
1. प्रतिभा 2. धारणाशक्ति, समझ-बूझ 3. स्मरणशक्ति 4. दक्षता, कुशलता, होशियारी

**ذہن رسا** (पु.)ज़िह्न रसा
बात की तह को पहुँचने वाला ज़िह्न

**ذہن شوئی** (स्त्री.)ज़िह्न शूई
(राज.) बलात् मतप्रवर्तन, बुद्धिपलट

**ذہن نشین** (वि.)ज़िह्ननशीं
हृदयंगम, बोधगम्य, चित्त पर चढ़ी हुई बात

**ذہنی** (वि.)ज़िह्नी
मानसिक

**ذہنیت** (स्त्री.)ज़िह्नीयत
1. मानसिकता, स्वभाव, प्रकृति, स्वभाव, आदत 2. अंत:करण

**ذہول** (पु.)ज़हूल
भूल जाना, भूल चूक

**ذہین** (वि.)ज़हीन
1. दक्ष, कुशल, प्रतिभावान् 2. बुद्धिमान, समझदार

**ذی** (उप.)ज़ी
एक उपसर्ग जो 'वाला' का अर्थ देता है, जैसे 'ذی عقل' (ज़ीअक़्ल) अक़्लवाला यानी बुद्धि वाला

**ذی اختیار** (वि.)ज़ी इख़्तियार
1. जिसे अधिकार प्राप्त हो 2. स्वाधीन, जो किसी के अधीन न हो

**ذی استعداد** (वि.)ज़ी इस्तेदाद
1. विद्वान्, योग्य 2. शिक्षित, पढ़ा लिखा, सत्ताधारी 3. अमीर, दौलतमंद, धनवान

**ذی اقتدار** (वि.)ज़ी इक़्तिदार
सत्तावान्, सत्ताधारी

**ذی الحجہ** (पु.)ज़िलहिज्जा
इस्लामी बारहवाँ महीना

**ذی جاہ** (वि.)ज़ीजाह
प्रतिष्ठावान्, बड़े पद या बड़ी प्रतिष्ठा वाला

**ذی حس** (वि.)ज़ी हिस
संवेदनशील, ख़ुद्दार, स्वाभिमानी

**ذی حیات** (वि.)ज़ी हयात
जीवधारी, प्राणी

**ذی روح** (वि.)ज़ीरूह
प्राणी, जीवधारी, जानदार

**ذی عقل** (वि.)ज़ीअक़्ल
बुद्धिमान, मेधावी

**ذیقعدہ** (पु.)ज़ीक़ादा
इस्लामी ग्यारहवाँ महीना

**ذی فہم** (वि.)ज़ी फ़ह्म
1. बुद्धिमान् मेधावी, अक़्लमंद 2. प्रतिभाशाली, धारणासम्पन्न, ज़हीन 3. दूरदर्शी, अग्रशोची

**ذی مرتبت** (वि.)ज़ी मर्तबत
प्रतिष्ठावान्, सम्मानित, बड़े रुत्बे वाला

**ذی ہوش** (वि.)ज़ीहोश
संज्ञावान्, सचेत, बुद्धिमान्, दूरदर्शी

**ذیابیطس** (पु.)ज़ियाबीतुस
प्रमेह, मधुमेह रोग

**ذیل** (पु.)ज़ैल
1. दामन, कुर्ते आदि का नीचे लटकने वाला भाग 2. अधोलिखित, निम्न

**ذیلی** (वि.)ज़ैली
उप, नीचे की, जो किसी के साथ हो

**ذیلی پیداوار** (स्त्री.)ज़ैली पैदावार
(वाणि.) उप उत्पाद

**ذیلی تقسیم** (स्त्री.)ज़ैली तक़सीम
उपखंड

**ذیلی دفعہ** (स्त्री.)ज़ैली दफ़अ
(प्रशा.) उपधारा

**ذیلی سیارہ** (पु.)ज़ैली सैयारा
(भू.,भौ.) उपग्रह

**ذیلی عنوان** (पु.)ज़ैली उन्वान
(भा.) उपशीर्षक

**ذیلی مسئلہ** (पु.)ज़ैली मसअला
(ग.) उपप्रमेय

---

## ر

---

**رابطہ** (पु.)राबिता/राब्ता
1. संबंध, लगाव 2. संपर्क, मेल-जोल

**رابطہ زبان** (स्त्री.)राबिता ज़बान
(भा.) संपर्क भाषा

**رابطۂ عامہ** (स्त्री.)राबितए आम्मा
(जन.) जन संपर्क

**رابع** (वि.)राबेअ
1. चौथा, चतुर्थ ~اً (क्रि.वि.) चौथी बार

**رات** (स्त्री.)रात
रात्री

**راتب** (पु.)रातब
1. आजीविका 2. कुत्ते या घोड़े की ख़ुराक 3. तनख़्वाह, वेतन, निवृत्ति, वज़ीफ़ा

راس وذنب ( पु. )रासो-ज़नब
राहु और केतु
راست ( वि. )रास्त
1. ठीक, उचित, सही 2. दाहिना, दायाँ, सीधा 3. सत्य
راست باز ( वि. )रास्तबाज़
1. सच्चा 2. सत्यनिष्ठ, व्यवहारकुशल 3. सदाचारी, नेकचलन
راست بازی ( स्त्री. )रास्त बाज़ी
1. सत्यता 2. सच्चाई, ईमानदारी, सत्यनिष्ठा 3. सदाचार
راست پروگرام ( पु. )रास्त प्रोग्राम
( जन. ) जीवंत कार्यक्रम, जीवंत कार्यक्रम
راست پیدائش ( स्त्री. )रास्त पैदाइश
( प्राणि. ) सहजसंबंध
راست ترجمہ ( पु. )रास्त तर्जुमा
( भा. ) प्रत्यक्ष अनुवाद
راست عمل ( पु. )रास्त अमल
( प्रशा. ) प्रत्यक्ष कार्रवाई
راست قانون سازی ( स्त्री. )रास्त क़ानून साज़ी
( राज. ) प्रत्यक्ष विधिनिर्माण
راست گفتار ( वि. )रास्त गुफ़्तार
दे. 'راست گو'
راست گفتاری ( स्त्री. )रास्त गुफ़्तारी
दे. 'راست گوئی'
راست گو ( वि. )रास्त गो
सच बोलने वाला, सत्यवादी, यथार्थवादी
راست گوئی ( स्त्री. )रास्त गोई
सच बोलना, सत्यवाद, यथार्थवाद
راستہ ( पु. )रास्ता
मार्ग, पथ, रास्ता
راستی ( स्त्री. )रास्ती
1. सत्यता, सच्चाई 2. सदाचार
راسخ ( वि. )रासिख़
अटल, दृढ़, पक्का, अडिग
راسخ الاعتقاد ( वि. )रासिख़ुल-एतिक़ाद
दे. 'راسخ العقیدہ'
راسخ العقیدہ ( वि. )रासिख़ुल-अक़ीदा
अटल विश्वास वाला, दृढ़ विश्वास वाला
راسی ( वि. )रासी
( प्राणि. ) शिरस्य, शीर्ष

راجح ( वि. )राजेह
1. उत्तम, बेहतर 2. प्रधान, वरीयता देने वाला 3. आकर्षित, राग़िब
راجع ( वि. )राजे
प्रत्यागामी, लौटने, वापस आने वाला
راحت ( स्त्री. )राहत
1. सुख, चैन, आराम 2. सुगमता, आसानी, 3. शांति, सुकून 4. रोग या पीड़ा में कमी
راحت افزا ( वि. )राहतअफ़्ज़ा
आनंदवर्धक
راحت جاں ( स्त्री. )राहते-जाँ
1. प्राणाधार 2. प्रेमिका
راحت طلب ( वि. )राहत तलब
आराम तलब, आलसप्रिय, आरामपसंद
راحت طلبی ( स्त्री. )राहततलबी
आराम तलबी
راحت کدہ ( पु. )राहतकदा
1. राहत और सुख वाला घर, जहाँ सुख और शांति प्राप्त हो 2. शयनागार, ख़्वाबगाह
راز ( पु. )राज़
1. रहस्य, भेद, मर्म 2. मूल, तत्व, सार
راز سربستہ ( पु. )राज़े-सरबस्ता
गुप्त भेद
راز و نیاز ( पु. )राज़ो-नियाज़
1. रहस्य, भेद, मर्म, आत्मा परमात्मा के अभेद की अनुभूति 2. प्रेमी और प्रेमिका का प्रेमालाप
رازدار ( वि. )राज़दार
राज़दार
رازداری ( स्त्री. )राज़दारी
गोपनीयता
رازداں ( वि. )राज़दाँ
मर्मज्ञ, रहस्यज्ञ
رازق ( वि. )राज़िक़
अन्नदाता, पालनहार
راس ( पु. )रास
1. शिर, सर 2. मवेशी की संख्या के लिए, जैसे- 'एक रास बैल' 3. राशि चक्र 4. ( भौ. ) शीर्ष, शिखर, अग्रह 5. अनाज का ढेर, खलिहान 6. उचित, अनुकूल
راس المال ( पु. )रासुल-माल
मूलधन, कुल पूँजी

راہزن (पु.)राहज़न
लुटेरा, डाकू, बटमार

راہگزر (स्त्री.)राहगुज़र
मार्ग, पथ, रास्ता

راہگیر (पु.)राहगीर
पथिक, बटोही

راہِ نجات (पु.)राहे-निजात
मुक्तिपथ, मोक्षमार्ग, मुक्ति-साधन

راہ نورد (वि.)राह नवर्द
पथिक, मुसाफ़िर, राहगीर

راہ نوردی (वि.)राह नवर्दी
राहगीरी, राह चलना

راہ و رسم (स्त्री.)राहो-रस्म
मेल-जोल, मेल-मिलाप

راہ و روش (स्त्री.)राहो-रविश
आचार-व्यवहार, चाल-ढाल, रंग-ढंग

راہب (पु.)राहिब
ईसाई संन्यासी, वैरागी, तपस्वी

راہبر (पु.)राहबर
पथ-प्रदर्शक, मार्गदर्शक, अगुआ

راہبری (स्त्री.)राहबरी
पथ-प्रदर्शन, मार्गदर्शन

راہبہ (स्त्री.)राहिबा
ईसाई संन्यासिन, वैरागिन, तपस्विन

راہدار (पु.)राहदार
प्रहरी, चौकीदार

راہداری (स्त्री.)राहदारी
1. सड़क निर्माण एवं रख-रखाव (विभाग) 2. पथकर, मार्गकर

راہزنی (स्त्री.)राहज़नी
बाटमारी, रास्ते में लूटना

راہن (पु.)राहिन
1. गिरवी या रेहन रखने वाला 2. (वाणि.) बंधकधारी 3. बंधककर्ता, बंधकदाता

راہنما (वि.)राह नुमा
1. पथ-प्रदर्शक, मार्ग दर्शक 2. नेता, अगुआ

راہنمائی (स्त्री.)राह नुमाई
1. मार्ग दर्शन, पथ-प्रदर्शक 2. नेतृत्व

راہوار (पु.)राहवार
द्रुतगामी

راسی زاویہ (पु.)रासी ज़ाविया
(ग.) शीर्ष कोण

راشد (वि.)राशिद
सद्मार्गग्राही, संमार्गी

راضی (वि.)राज़ी
1. प्रसन्न 2. संतुष्ट 3. प्यार

راضی برضا (वि.)राज़ी ब रज़ा
ईश्वर कृपा पर आश्रित, राम भरोसे

راضی نامہ (पु.)राज़ी नामा
1. संधिपत्र 2. (वाणि.) क़रार, अनुबंध

راغب (वि.)राग़िब
आकर्षित

راقم (वि.)राक़िम
लिखने वाला

راقم الحروف (पु.)राक़िमुल हुरूफ़
लेखक, लिखने वाला

راقیہ (स्त्री.)राक़िया
(वन.) आरोही लता

رام (वि.)राम
1. राजा दशरथ के सबसे बड़े पुत्र अर्थात् भगवान् राम चन्द्र 2. वशीभूत, अधीन

راندۂ درگاہ (वि.)रांद ए-दर्गाह
किसी जगह, सरकार या दरबार से बहिष्कृत

راوی (वि.)रावी
1. कथावाचक 2. वर्णनकर्ता, हदीस वर्णनकर्ता, रसूल वाणी या प्रवचन का वर्णनकर्ता

راہ (स्त्री.)राह
1. मार्ग, पथ, रास्ता 2. प्रतीक्षा 3. आशा, आस, उम्मीद 4. ढंग, तरीक़ा, यत्न

راہِ بریدہ (पु.)राहे बुरीदा
वह मार्ग जिस पर लूटमार का भय हो

راہ پیما (वि.)राह पैमा
पथिक, पथगामी, राही, बटोही

راہ پیمائی (स्त्री.)राह पैमाई
रास्ता नापना

راہ خرچ (पु.)राह ख़र्च
रास्ते में होने वाला ख़र्च, मार्ग-व्यय

راہِ راست (पु.)राहे रास्त
सीधा रास्ता, धर्म मार्ग, सन्मार्ग

راہرو (वि.)राहरौ
1. पथिक, बटोही, राही 2. यात्री

راہی (पु.)राही
पथिक, बटोही, पथगामी, राहगीर, मुसाफ़िर

رائج (वि.)राइज
प्रचलित

رائج الوقت (वि.)राइजुल-वक़्त
प्रचलित, समयानुसार

رائحہ (स्त्री.)राएहा
गंध, सुगंध

رائگاں (वि.)राएगाँ
1. बेकार, व्यर्थ 2. नष्ट, बरबाद 3. निष्फल

رائے (स्त्री.)राय
1. विचार, धारणा 2. परामर्श, मशविरा 3. मत, वोट 4. राव, राजा, एक सरकारी उपाधि

رائے دہندگی (स्त्री.)राएदिहिंदगी
मतदान, वोट देना

رائے دہندہ (पु.)राएदिहिंदा
वोट देने वाला, मतदाता

رائے دہی (स्त्री.)राए दिही
मतदान

رائے دہی بالغان (स्त्री.)राए दिहीए-बालिग़ान
(राज., प्रशा.) प्रौढ़ मताधिकार

رائے زنی (स्त्री.)राए ज़नी
टिप्पणी

رائے شماری (स्त्री.)राए शुमारी
(ना.) जनमत

رائے طلبی (स्त्री.)राए तलबी
(ना.) जनमत संग्रह

رائے عامہ (स्त्री.)राए-आम्मा
(राज.) लोकमत, जनमत

رب (पु.)रब्ब/रब
1. पालनहार 2. स्वामी, मालिक 4. ख़ुदा, ईश्वर

ربّ السماوات (पु.)रब्बुस-समावात
दे. 'ربّ العالمین'

ربّ العالمین (पु.)रब्बुल-आलिमीन
ब्रहमांड-स्वामी, ईश्वर

ربّ النوع (पु.)रब्बुन-नौ
देवता, फ़रिश्ता

ربا (पु.)रिबा
सूद, ब्याज, चक्रवृद्धि ब्याज

رُبا (प्रत्य.)रुबा
ले लेने वाला, उड़ा ले जाने वाला, जैसे- 'دل ربا' (दिलरुबा)

رباب (पुं.)रबाब
वाद्य यंत्र, एक प्रकार का तार वाद्य

رباط (स्त्री.)रबात
धर्मशाला, सराय, पथिकाश्रय

رُباعی (स्त्री.)रुबाई
1. चतुराचरण 2. चतुष्पदी जिसके पहले, दूसरे और चौथे पद में तुक-विन्यास (सानुप्रास) होता है

ربانی (वि.)रब्बानी
ईश्वरीय, दैवी, ख़ुदा की तरफ़ से

ربانیت (स्त्री.)रब्बानियत
ईश्वरत्व

ربط (पु.)रब्त
1. संपर्क, संबंध 2. संयुक्त करना, जोड़ना, बाँधना 3. लगाव, मेल-जोल 4. मैत्री, दोस्ती

ربط باہم (पु.)रब्ते-बाहम
परस्पर मेल-जोल, परस्पर मैत्री

ربط وضبط (पु.)रब्तो-ज़ब्त
आपसी मेल-मिलाप, मित्रता, दोस्ती

ربع (वि.)रुबा
चौथा, चतुर्थ, चौथाई

ربوبیت (स्त्री.)रुबूबियत
ईश्वरत्व, ख़ुदाई

ربودگی (स्त्री.)रुबूदगी
लूट-खसोट

ربی (वि.)रब्बी
ईश्वरीय, ईश्वर का, ईश्वर की तरफ़ से

ربیع (स्त्री.)रबी
1. वसंत ऋतु, बहार का मौसम 2. एक विशेष मौसम की फ़सल का नाम

ربیع الاول (पु.)रबीउ़ल-अव्वल
(इस्लामी) हिजरी संवत् का तीसरा महीना

ربیع الآخر (पु.)रबीउ़ल-आख़िर
(इस्लामी) हिजरी संवत् का चौथा महीना

ربیع الثانی (पु.)रबीउ़स-सानी
दे. 'ربیع الآخر'

ربیعی (वि.)रबीई
वसंत ऋतु सम्बन्धी, बहार का

رتبہ (पु.)रुतबा
1. पद, दर्जा, पदवी 2. उपाधि, ख़िताब 3. श्रेष्ठता, बुज़ुर्गी 4. महत्ता, बड़ाई

رجال الغیب (पु.)रिजालुल-ग़ैब
देवता, फ़रिश्ते, अलौकिक शक्तियाँ

رجل (पु.)रजुल
पुरुष, मर्द, आदमी

رجال (पु.)रिजाल
1. 'رجل' का बहु., पुरुष, मनुष्य समूह
2. प्रमुखगण, प्रतिष्ठित व्यक्ति 3. क्षेत्र, इलाक़ा

رجائی (वि.)रजाई
आशावादी

رجب (पु.)रजब
(इस्लामी) हिजरी संवत का सातवाँ महीना

رُجحان (पु.)रुजहान
1. प्रवृत्ति 2. रुचि, आकर्षण, झुकाव

رجز (स्त्री.)रजज़
वीरगाथा, युद्ध-क्षेत्र में अपने कुल की शूरता और श्रेष्ठता का वर्णन

رجزیہ شاعری (पु.)रजज़िया शाइरी
वीर-काव्य

رجعت (स्त्री.)रजअ़त
वापस लौटना, प्रत्यागमन

رجعت پذیری (स्त्री.)रजअ़त पज़ीरी
(भौ.) उत्क्रमीयता

رجعت پرست (वि.)रजअ़तपरस्त
दे. 'رجعت پسند'

رجعت پرستی (स्त्री.)रजअ़त परस्ती
दे. 'رجعت پسندی'

رجعت پسند (वि.)रजअ़त पसंद
रुढ़ीवादी, प्रतिक्रियावादी

رجعت پسندی (स्त्री.)रजअ़त पसंदी
रुढ़ीवाद, प्रतिक्रियावाद, विचारों में प्रगतिशीलता का अभाव

رجعتی (वि.)रजअ़ती
(भौ.) उत्क्रमणीय

رجم (पु.)रज्म
पत्थर मारना, पत्थरों से मार-मारकर मार डालना

رجوع (स्त्री.)रुजू
लौटना, फिरना, पलटना

رحل (स्त्री.)रिहल
एक प्रकार की छोटी चौकी जिस पर क़ुरआन शरीफ़ रख कर पढ़ते हैं

رحلت (स्त्री.)रिहलत
1. प्रस्थान 2. मृत्यु, मौत, देहांत 3. सफ़र

رحم (पु.)रहम
1. करुण, दया, कृपा 2. क्षमा, माफ़ी, तरस

رحم (पु.)रेहम
गर्भाशय, बच्चादानी

رحم دل (स्त्री.)रहमदिल
करुणहृदय, दयालु, कृपालु

رحم دلی (स्त्री.)रहमदिली
दयालुता, कृपालुता

رحمان (पु.)रहमान
1. दयालु, कृपालु 2. ईश्वर का एक नाम

رحمانی (वि.)रहमानी
1. ईश्वरीय, ईश्वर का 2. ईश्वर संबंधी, ईश्वरत्व

رحمت (स्त्री.)रहमत
1. दया, कृपा, रहम 2. करुणा, तरस

رحمت عالم (स्त्री.)रहमते आलम
1. संसार के लिए साक्षात् कृपा और दया
2. पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब की उपाधि

رحیل (पु.)रहील
प्रस्थान, रवानगी, कूच

رحیم (वि.)रहीम
1. दयालु, कृपालु, मेहरबान, महादयालु
2. ईश्वर का एक नाम

رُخ (पु.)रुख़
1. मुख के एक ओर का भाग 2. कपोल, गाल 3. ओर, तरफ़ 4. (घोड़े की) लगाम, बागडोर 5. शतरंज का एक मोहरा

رخت (पु.)रख़्त
1. सामान, सामग्री 2. वस्त्र, लिबास
3. उपकरण

رختِ سفر (पु.)रख़्ते-सफ़र
यात्रा के लिए आवश्यक सामान

رُخسار (पु.)रुख़्सार
कपोल, गाल

رُخسارہ (पु.)रुख़्सारा
कपोल, गाल

رخش (पु.)रख़्श
(रुस्तम का) घोड़ा, अश्व

رخشاں (वि.)रख़्शाँ
चमकता हुआ, दीप्त, प्रकाशमान

رخشندگی (स्त्री.)रख़्शिंदगी
चमक, आभा, दीप्ति

(वि.)रख़्शांदा رخشندہ
दीप्तिमान, चमकने वाला

(स्त्री.)रुख़्सत رخصت
1. विदा, विदाई 2. आज्ञा, अनुमति, इजाज़त 3. विश्रामावकाश

(स्त्री.)रुख़्सते-इत्तिफ़ाक़िया رخصت اتفاقیہ
आकस्मिक अवकाश

(पु.)रुख़्सताना رخصتانہ
विदाई का नेग, विदायगी

(स्त्री.)रुख़्सती رخصتی
विदाई

(पु.)रख़्ना رخنہ
1. छिद्र, सूराख़, छेद 2. बाधा, अड़चन, हस्तक्षेप 3. दीवार में पड़ी दरार, दराज़, चटक

(वि.)रख़्ना अंदाज़ رخنہ انداز
हस्तक्षेप करने वाला, बाधक

(स्त्री.)रख़्ना अंदाज़ी رخنہ اندازی
हस्तक्षेप करना, बाधा डालना, अड़चनें डालना

(पु.)रद رد
खंडन

(पु.)रद्दे-बला ردِّ بلا
आपत्ति-निवारण

(स्त्री.)रद्दे-तश्कील ردِّ تشکیل
(भा.) विसंबंधन, विसंरचना

(पु.)रद्दे-अमल ردِّ عمل
प्रतिक्रिया

(पु.)रद्दे-क़दह ردِّ قدح
शराब का पियाला न लेना, लौटा देना

(पु.)रद्दो-बदल ردّ و بدل
परिवर्तन, तब्दीली, हेरफेर

(पु.)रद्दो-क़बूल ردّ و قبول
स्वीकार या अस्वीकार करना, लेना या लौटा देना

(स्त्री.)रद्दो-क़दह ردّ و قدح
दे. 'ردّوکد'

(उभ.)रद्दो-कद ردّ و کد
वाद विवाद, कहा सुनी, बहस मुबाहिसा

(स्त्री.)रिदा ردا
ओढ़नी, दुपट्टा

(पु.)रद्दा ردّہ
1. दीवार का रद्दा अर्थात् एक चुनाई के बाद दूसरी चुनाई के लिए ईंट रखना 2. (वि.) पंक्ति

(स्त्री.)रद्दी ردّی
ख़राब

(वि.)रदीफ़ ردیف
1. शेर में क़ाफ़िए के बाद आने वाला शब्द या शब्द-समूह 2. (स्त्री.) पीछे चलने वाली, अनुगामी

(पु.)रदीफ़ो-क़ाफ़िया ردیف و قافیہ
शेर का क़ाफ़िया (तुक विन्यास) और उसके बाद आने वाला शब्द समुच्चय (जो कभी बदलता नहीं)

(वि.)रदीफ़वार ردیف وار
रदीफ़ के अनुसार, रदीफ़ के क्रम से

(स्त्री.)रज़ालत رذالت
अधमता, नीचता, कमीनापन

(वि.)रज़ील رذیل
पाजी, धूर्त, अधम

(पु.)रज़ رز
अंगूर

(पु.)रज़्ज़ाक़ رزّاق
1. अन्नदाता, पालनहार 2. ईश्वर का एक नाम

(स्त्री.)रज़्ज़ाक़ी رزّاقی
अन्न देना, अन्न दान करना, भूखों का पेट भरना

(पु.)रिज़्क़ رزق
जीविका, आजीविका, रोज़ी

(स्त्री.)रज़्म رزم
युद्ध, संग्राम, रण, जंग, लड़ाई

(स्त्री.)रज़्मगाह رزمگاہ
लड़ाई का मैदान, युद्धक्षेत्र, रंगभूमि, रणस्थल, समरभूमि

(वि.)रज़्मी رزمی
युद्ध संबंधी, समर संबंधी

(पु.)रज़्मिया رزمیہ
युद्ध सम्बन्धी, प्रबंध काव्य

(प्रत्य.)रस رس
पहुँचने वाला, जैसे- 'فلک رس' (फ़लक रस) आकाश तक पहुँचने वाला

(वि.)रसा رسا
पहुँचने वाला, जिसकी किसी जगह पहुँच हो, जो हर जगह पहुँच जाता हो या पहुँचने की राह निकाल लेता हो

(स्त्री.)रिसालत رسالت
पैग़म्बरी, दूतकर्म

رسالت پناہ (पु.) रिसालत पनाह
रसूल, पैग़म्बर, ईश्वर दूत
رسالہ (पु.) रिसाला
1. पत्रिका 2. पुस्तिका 3. सैनिकों की टुकड़ी, सवारों का दस्ता
رسالہ دار (पु.) रिसालादार
सवारों के एक रिसाले का नायक
رسالہ داری (स्त्री.) रिसालादारी
सवारों के एक रिसाले की अध्यक्षता
رساں (प्रत्य.) रसाँ
पहुँचाने वाला, जैसे 'نامہ رساں' (नामा रसाँ) पत्र पहुँचाने वाला
رسائل (पु.) रसाइल
'رسالہ' का बहु., पत्रिकाएँ
رسائی (स्त्री.) रसाई
1. पहुँच, निकटता 2. (कंप्यू.) अभिगम
رُستگار (वि.) रुस्तगार
बंधनमुक्त, छूटा हुआ, आज़ाद
رُستگاری (स्त्री.) रुस्तगारी
मुक्ति, छुटकारा, रिहाई
رُستگی (स्त्री.) रुस्तगी
उगाव, उपज
رُستم (पु.) रुस्तम
1. ईरान का एक प्राचीन योद्धा और पहलवान 2. शूरवीर
رُستمِ زماں (पु.) रुस्तमे ज़माँ
अपने समय का महान योद्धा
رستہ (पु.) रस्ता
रास्ता, पथ, राह
رسد (स्त्री.) रसद
1. खाद्य सामग्री, खाने पीने का सामान 2. भाग, अंश, हिस्सा
رسد رسانی (स्त्री.) रसद रसानी
खाद्य प्रदाय
رسدی (वि.) रसदी
भाग के अनुसार, हिस्से के मुताबिक़
رسغ (वि.) रस्फ़
(वन.) मणिबंध
رُسُل (पु.) रुसुल
'رسول' का बहु.
رسم (स्त्री.) रस्म
1. परम्परा, रिवाज 2. नियम, क़ाइदा, दस्तूर

رسم الخط (पु.) रस्मुल-ख़त
(भा.) लिपि, अक्षर लिखने की प्रणाली
رسمِ خط (पु.) रस्मे-ख़त
दे. 'رسم الخط'
رسم و رواج (स्त्री.) रस्मो रिवाज
परंपरा, रीति-रिवाज
رسماً (वि.) रस्मन
परंपरानुसार, रिवाज के मुताबिक़, रस्मी तौर पर
رسمی (वि.) रस्मी
1. औपचारिक 2. परंपरा सम्बन्धी 3. मामूली, साधारण
رسن (स्त्री.) रसन
1. रज्जु, रस्सी 2. लगाम, बागडोर 3. फाँसी का फंदा
رُسوا (वि.) रुसवा
1. बदनाम, कलंकित 2. निंदित, अपमानित
رُسوائی (स्त्री.) रुसवाई
बदनामी, निंदा, अपयश
رُسوائے عام (वि.) रुसवाए-आम
अत्यधिक बदनाम, सर्वनिंदित
رُسوخ (पु.) रुसूख़
प्रभाव, प्रभुत्व, पहुँच
رسول (पु.) रसूल
1. ईश्वरदूत, ईश्वरावतार, नबी 2. दूत, क़ासिद
رسول اللہ (पु.) रसूलुल्लाह
अल्लाह के रसूल, हज़रत मोहम्मद
رسوم (स्त्री.) रुसूम
'رسم' का बहु., रस्में, परम्पराएँ
رسید (स्त्री.) रसीद
1. रुपये आदि की वसूली का काग़ज़, प्राप्तिपत्र 2. प्राप्ति
رشتک (पु.) रिश्तक
1. सूत्र, तंतु 2. पुंतंतु 3. (वन.) शैवाल तंतु
رشتہ (पु.) रिश्ता
1. संबंध, नाता 2. डोरा, धागा, सूत्र 3. काता हुआ 4. नारू रोग, वह कीड़ा जो डोरे की तरह विशेषतः पाँव के घाव से निकलता है
رشتہ دار (पु.) रिश्तेदार
संबंधी, स्वजन, नातेदार, परिजन
رشتہ داری (स्त्री.) रिश्तेदारी
नाते दारी

رضا (स्त्री.)रिज़ा
1. स्वीकृति, आज्ञा, इजाज़त 2. इच्छा
رضائی (वि.)रिज़ाई
दूध-भाई अथवा बहन
رضاکار (पु.)रज़ाकार
स्वयंसेवक, कार्यकर्ता
رضاکارانہ (क्रि.वि.)रज़ाकाराना
1. स्वैच्छिक, स्वेच्छया 2. स्वैच्छिक रूप से
رضاکارانہ ثالثی (पु.)रज़ाकाराना सालिसी
(अर्थ.) स्वैच्छिक विवाचन
رضامند (वि.)रिज़ामंद
राज़ी, सहमत, तैयार
رضامندی (स्त्री.)रिज़ामंदी
स्वीकृति, सहमति
رضوان (पु.)रिज़वान
जन्नत का दारोगा, स्वर्गाध्यक्ष
رضی (वि.)रज़ी
रुचिकर, मनोनीत, मनोवांछित, पसंदीदा
رطب (वि.)रत्ब
1. ताज़ा 2. तर 3. नरम, मुलायम
رطب اللسان (वि.)रत्बुल-लिसान
प्रशंसक, शलाघी
رطب ویابس (पु.)रत्बो-याबिस
1. गीला और सूखा 2. बुरा भला
رطل (पु.)रत्ल
1. एक पौंड का भार 2. मदिरा पात्र
رطوبت (स्त्री.)रुतूबत
1. आर्द्रता, गीलापन, तरी 2. शरीर द्रव्य
رطوبت پیما (पु.)रुतूबत पैमा
(रसा.) आर्द्रतामापी
رعایا (स्त्री.)रिआया
'رعیت' का बहु., प्रजा, जनता
رعایاپرور (वि.)रिआयापर्वर
प्रजापालक, राजा, नरेश
رعایت (स्त्री.)रिआयत
1. छूट, मूल्य आदि में कमी 2. व्यवहार में कोमलता 3. (भा.) अभ्युपगम विचार, ध्यान
رعایت بیجا (फ़ा.)रिआयते-बेजा
अनुचित छूट
رعایت لفظی (स्त्री.)रिआयते-लफ़्ज़ी
(काव्य शब्दालंकार) संदर्भानुकूल शब्द समूह

رشتۂ جاں (पु.)रिश्तए-जाँ
1. प्राणसूत्र, जीवन सूत्र 2. श्वास, साँस
رشتۂ خوں (पु.)रिश्तए-ख़ूँ
रक्त-संबंध, एक वंश या ख़ानदान का होना
رشتۂ عمر (पु.)रिश्तए-उम्र
प्रत्येक जन्म दिवस के अवसर पर डोरे में बाँधी जाने वाली गाँठ
رشح (पु.)रशह
1. शीत, जुकाम 2. रिसाव
رشحات (पु.)रशहात
'رشحہ' का बहु.
رشحہ (पु.)रशहा
बूँद, क़तरा, स्राव, टपकना, रिसाव
رشحۂ فکر (पु.)रशहए-फ़िक्र
विचार का स्राव अर्थात् लेख आदि, विशेषत: कविता
رشحۂ قلم (पु.)रशहए-क़लम
लेखनी की टपकन अर्थात् लेख, निबंध अथवा कविता
رُشد (पु.)रुश्द
1. दीक्षा, पीर की हिदायत 2. संमार्ग, सीधा सच्चा रास्ता
رُشد وہدایت (स्त्री.)रुश्दो-हिदायत
शिक्षा-दीक्षा
رشک (पु.)रश्क
ईर्ष्या, स्पर्धा, होड़
رشک آمیز (वि.)रश्क आमेज़
स्पर्धामय, स्पर्धायुक्त
رشوت (स्त्री.)रिश्वत
उत्कोच, उपदान, उपदा, घूस
رشوت خور (वि.)रिश्वतख़ोर
घूसख़ोर, उत्कोचभुक्, घूस लेने वाला
رشوت خوری (स्त्री.)रिश्वतख़ोरी
उत्कोच लेना, घूसख़ोरी
رشید (वि.)रशीद
1. दीक्षित, दीक्षा प्राप्त, विद्या प्राप्त 2. सन्मार्गी
رصد (पु.)रसद
निरीक्षण स्थान (तारा और ग्रहों का)
رصدگاہ (स्त्री.)रसदगाह
ग्रहों और तारों की गति आदि का निरीक्षण स्थल, वेधशाला, मानशाला, यंत्रशाला

رفاہی ( वि. )रिफ़ाही
कल्याणकारी, हितकारी
رفت وگزشت ( वि. )रफ़्तो-गुज़श्त
गया-बीता, समाप्त
رفتار ( वि )रफ़्तार
1. चाल, गति 2. ढंग, पद्धति 3. आचरण, आचार-व्यवहार 4. दशा, हालत
رفتارِ زمانہ ( स्त्री. )रफ़्तारे-ज़माना
1. समय की गति 2. समय की दशा
3. वर्तमान समय की मांग
رفتارِ قدیم ( स्त्री )रफ़्तारे-क़दीम
पुरानी चाल, प्राचीन शैली
رفتار وگفتار ( स्त्री )रफ़्तारो-गुफ़्तार
चाल-ढाल और बात-चीत
رفتگانِ خاک ( पु. )रफ़्तगाने-ख़ाक
मृतक जो मिट्टी में मिल चुके हों
رفتگاں ( पु. )रफ़्तगाँ
मृतक
رفتگی ( स्त्री. )रफ़्तगी
बेहोशी, मूर्छना
رفتہ ( वि. )रफ़्ता
1. गत, विगत 2. मरा हुआ, मृत
رفتہ رفتہ ( क्रि.वि. )रफ़्ता-रफ़्ता
शनैः-शनैः, धीरे-धीरे, आहिस्ता-आहिस्ता
رف رف ( पु. )रफ़ रफ़
तीव्रगामी घोड़ा
رفع ( पु. )रफ़ा
उठाना, ऊँचा करना, तुंगता
رفعِ شر ( पु. )रफ़ए-शर
लड़ाई-झगड़ा मिटाना
رفعِ شک ( पु. )रफ़ए-शक
शंका- समाधान, शंका निराकरण
رفعت ( स्त्री. )रिफ़्अत
उच्चता, तुंगता, उत्तुंगता, बलंदी
رفو ( पु. )रफ़ू
बारीक सिलाई, रफ़ू
رفوگر ( पु. )रफ़ूगर
रफ़ू करने वाला
رفوچکر ( वि. )रफ़ूचक्कर
चंपत, गायब

رعایتِ معنوی ( स्त्री. )रिआयते-मानवी
( काव्य अर्थालंकार ) समानार्थक शब्द
رعایتی ( वि. )रिआयती
कम दामों वाला, कम मूल्य में प्राप्त, छूट संबंधी
رعب ( पु. )रौब
प्रताप, धाक, दबदबा
رعب دار ( वि. )रौबदार
रोबीला, दबदबे वाला, धाकदार
رعب وداب ( पु. )रौबो दाब
धाक और आतंक, भय और त्रास
رعد ( स्त्री. )राद
बिजली की कड़क, तड़ित
رعشہ ( पु. )राशा
कंपरोग, कपकपी
رعنا ( वि. )राना
सुंदर, रूपवान्
رعنائی ( स्त्री. )रानाई
सुंदरता, सौंदर्य, सजावट
رعونت ( स्त्री. )रऊनत
1. अहंकार, अभिमान, घमंड 2. उद्दंडता
رعونت پسند ( वि )रऊनतपसंद
अहंकारी, अभिमानी, घमंडी
رعیت ( स्त्री. )रईय्यत
प्रजा, जनता
رغبت ( स्त्री. )रग़बत
1. रुचि, अभिरुचि, दिलचस्पी 2. इच्छा, अभिलाषा, चाह
رغم ( पु. )रग़्म
विपरीत, उलटा
رفاقت ( स्त्री. )रिफ़ाक़त
संगति, सहचरता, मैत्री
رفاہ ( स्त्री. )रिफ़ाह
1. कल्याण, हित 2. सुख आराम
رفاہِ خلائق ( स्त्री. )रिफ़ाहे ख़लाईक़
दे. 'رفاہِ عام'
رفاہِ خلق ( स्त्री. )रिफ़ाहे-ख़ल्क़
दे. 'رفاہِ عام'
رفاہِ عام ( स्त्री. )रिफ़ाहे आम
लोकहित, जन कल्याण, जनहित
رفاہِ عامہ ( स्त्री. )रिफ़ाहे-आम्मा
दे. 'رفاہِ عام'

**رفیع** (वि.)रफ़ी
1. उँचा, उच्च, उत्तुंग, बलंद 2. श्रेष्ठ, विशिष्ट, उत्तम

**رفیع الدرجات** (वि.)रफ़ीउ़द-दर्जात
दे. 'رفیع الشان'

**رفیع الشان** (वि.)रफ़ीउ़श-शान
प्रतिष्ठित, महान

**رفیع القدر** (वि.)रफ़ीउ़ल-क़द्र
दे. 'رفیع الشان'

**رفیع المنزلت** (वि.)रफ़ीउ़ल-मंज़लत
दे. 'رفیع الشان'

**رفیق** (पु.)रफ़ीक़
सहचर, साथी, मित्र

**رفیقِ حیات** (स्त्री.)रफ़ीके़-हयात
जीवन-साथी

**رفیقِ راہ** (पु.)रफ़ीके़-राह
दे. 'رفیقِ سفر'

**رفیقِ سفر** (पु.)रफ़ीके़-सफ़र
सहयात्री, सहचर

**رفیقہ** (स्त्री.)रफ़ीक़ा
1. सहचरी, सखी, सहेली 2. पत्नी

**رفیقۂ حیات** (स्त्री.)रफ़ीक़ए-हयात
बीवी, संगिनी, पत्नी

**رقابت** (स्त्री.)रक़ाबत
प्रतिद्वंद्व, स्पर्धा, होड़, प्रतिस्पर्धा

**رقّاص** (पु.)रक़्क़ास
नर्तक, नाचने वाला

**رقّاصِ فلک** (पु.)रक़्क़ासे-फ़लक
शुक्र ग्रह

**رقّاصہ** (स्त्री.)रक़्क़ासा
नर्तकी, नाचने वाली, नृत्यांगना

**رقبہ** (पु.)रक़्बा
1. क्षेत्रफल, क्षेत्र 2. गर्दन, ग्रीवा

**رقبہ بندی** (स्त्री.)रक़्बाबंदी
सीमांकन

**رقّت** (स्त्री.)रिक़्क़त
1. रुदन, रोना 2. नम्रता 3. तरलता, आर्द्रता, गीलापन

**رقص** (पु.)रक़्स
नृत्य, नाच

**رقصاں** (क्रि.वि.)रक़्साँ
नाचता हुआ

**رقصِ بسمل** (पु.)रक़्से-बिस्मिल
फड़फड़ाहट

**رقص گاہ** (स्त्री.)रक़्स गाह
नाट्यशाला

**رُقعہ** (पु.)रुक़्आ
1. पर्चा, काग़ज़ का टुकड़ा 2. चिट्ठी, पत्र

**رقم** (स्त्री.)रक़म
1. रूपया पैसा, धन, माल 2. लिखना 3. (प्रत्य.) लिखने वाला, जैसे- 'زودرقم' (ज़ूदे-रक़म) तेज़ लिखने वाला 4. अंक

**رقیب** (पु.)रक़ीब
प्रतिद्वंद्वी

**رقیق** (वि.)रक़ीक़
1. आर्द्र, तरल 2. कोपल 3. द्रवीभूत, पिघला हुआ

**رقیق القلب** (वि.)रक़ीक़ुल-क़ल्ब
कोमल हृदय, मृदु हृदय

**رقیق کاری** (स्त्री.)रक़ीक़ कारी
(भौ.) द्रवण, द्रावण

**رقیق ہوا** (स्त्री.)रक़ीक़ हवा
(भौ.) द्रव-वायु

**رکاب** (स्त्री.)रिकाब/रकाब
घोड़े की काठी का पायदान

**رکابدار** (वि.)रिकाबदार
घोड़े पर सवार कराने वाला

**رکابی** (स्त्री.)रकाबी
थाली, प्लेट, तश्तरी

**رکعت** (स्त्री.)रक्अ़त
नमाज़ में एक बार खड़ा होना, एक बार रुकू (झुकना) करना और दो बार माथा टेकना

**رُکن** (पु.)रुक्न
1. स्तंभ 2. सदस्य 3. (काव्य.) मात्रा

**رُکنِ حکومت** (पु.)रुक्ने-हुकूमत
दे. 'رُکنِ سلطنت'

**رُکنِ سلطنت** (पु.)रुक्ने-सल्तनत
राष्ट्र का प्रमुख अधिकारी

**رُکنِ مجلس** (पु.)रुक्ने-मजलिस
सभा या संस्था का सदस्य

رکنیت (स्त्री.)रुक्नियत
सदस्यता

رکوع (पु.)रुकू
नमाज़ में झुकना

رکیک (वि.)रकीक
अधम, नीच, तुच्छ

رکیک الحرکات (वि.)रकीकुल-हरकात
तुच्छ प्रकृति वाला, ओछे काम करने वाला

رگ (स्त्री.)रग
1. नस, स्नायु 2. शिरा

رگ بند (वि.)रग बंद
घाव पर बाँधने की पट्टी

رگِ جاں (स्त्री.)रगे-जाँ
1. ख़ून की सबसे बड़ी रग 2. प्राणप्रिय

رگ زن (पु.)रगज़न
रक्तमोचक

رگ زنی (स्त्री.)रगज़नी
रक्तमोक्षण, रगों से ख़ून निकालना

رگِ گردن (स्त्री.)रगे-गर्दन
1. गर्दन की नस 2. अहंकार, अभिमान, घमंड

رگ و پے (स्त्री.)रगो-पै
रग, पट्ठा

رگڑ ضریبہ (पु.)रगड़ ज़र्बिया
(भौ.) घर्षण गुणांक

رم خوردہ (वि.)रमख़ुर्दा
भागा हुआ, पलायित

رمّال (वि.)रम्माल
अंक ज्योतिषी

رمز (पु.)रम्ज़
1. रहस्य, भेद, मर्म 2. संकेत, इशारा

رمز آشنا (वि.)रम्ज़ आश्ना
मर्मज्ञ, रहस्यवेत्ता

رمز آمیز (बात)रम्ज़ आमेज़
1. रहस्यपूर्ण 2. सांकेतिक

رمز شناس (वि.)रम्ज़ शनास
रहस्यवेत्ता, रहस्यज्ञ, मर्मविद्

رمزی تحریر (स्त्री.)रम्ज़ी तहरीर
(इति., प्रशा.) कूटलेख

رمزیت (स्त्री.)रम्ज़ियत
रहस्यवादिता

رمزیہ لفظ (पु.)रम्ज़िया लफ़्ज़
(इति., प्रशा.) कूट शब्द

رمضان (पु.)रमज़ान
अरबी चंद्र पंचांग का नवाँ मास, रमज़ान

رمق (स्त्री.)रमक़
1. छाया, निशान 2. थोड़ी-सी जान, रही-सही जान

رمل (स्त्री.)रम्ल
1. रेत, बालू 2. अंक ज्योतिष विद्या

رموز (पु.)रुमूज़
رمز का बहु., मर्म, भेद, रहस्य

رموزِ عشق (पु.)रुमूज़े-इश्क
प्रेम मर्म, प्रेम रहस्य, प्रेम भेद

رموزِ مملکت (पु.)रुमूज़े-मुम्लिकत
राजनीति के भेद

رنج (पु.)रंज
1. दुःख, शोक 2. पीड़ा, दर्द, कष्ट 3. विपत्ति, मुसीबत

رنج دہ (वि.)रंज देह
कष्टदायक, दुखदायी, रंज देने वाला

رنج کشیدہ (वि.)रंज कशीदा
व्यथित, दुःखी

رنج والم (पु.)रंजो-अलम
शोक और दुःख

رنج وغم (पु.)रंजो-ग़म
शोक और दुःख

رنجش (स्त्री.)रंजिश
1. खिन्नता, मलिनता, मालिन्य, उदासी 2. अवसाद, मनमुटाव, नाराज़गी

رنجشِ بیجا (स्त्री.)रंजिशे-बेजा
अकारण नाराज़गी, बनावटी ग़ुस्सा

رنجور (वि.)रंजूर
1. दुखी, दुःखित, ग़मगीन 2. रुग्ण, रोगी, बीमार

رنجوری (स्त्री.)रंजूरी
1. दुख, कष्ट, ग़म 2. रोग, बीमारी

رنجہ (वि.)रंजा
दुःखित, मनस्तप्त, खिन्न

رنجیدگی (स्त्री.)रंजीदगी
संताप, दुख, रंज, ग़म

رنجیدہ (वि.)रंजीदा
दुःखित, संतप्त, ग़मगीन, दुखी

رنجیدہ خاطر (वि.)रंजीदा ख़ातिर
दुःखित हृदय, मनस्तप्त, ग़मगीन

**رنجیدہ دل** (वि.)रंजीदा दिल
दु:खित हृदय, ग़मगीन

**رنجیدہ دلی** (स्त्री.)रंजीदा दिली
हृदय आघात, मन:संताप

**رند** (पु.)रिंद
1. मद्यप, शराबी 2. मतवाला, मस्त, रसिया, रंगीला 3. निश्चिंत, बेफ़िक्र, बेपरवा, लापरवा 4. धार्मिक बंधनों से मुक्त

**رندہ** (पु.)रंदा
बढ़ई का रंदा, लकड़ी छीलने और साफ़ करने का औज़ार

**رندی** (स्त्री.)रिंदी
मस्ती, मद्यपान

**رنگ** (पु.)रंग
1. रंग, वर्ण 2. आचार व्यवहार, रंग ढंग, पद्धति 3. आनंद, हर्ष, शोभा 4. रंग, होली का अबीर और गुलाल

**رنگ آمیز** (वि.)रंग आमेज़
1. रंग मिश्रित 2. चित्रकार, नक़्क़ाश 3. (रसा.) वर्ण-मिश्रित

**رنگ آمیزی** (स्त्री.)रंग आमेज़ी
1. चित्रकारी 2. रंगों का मिश्रण, नक़्क़ाशी 3. अतिरंजन, अत्युक्ति, अतिशयोक्ति, बढ़ा-चढ़ा कर कहना

**رنگ اشاریہ** (पु.)रंगे-इशारिया
(भौ.) रंगांक, वर्णांक

**رنگ برنگ** (वि.)रंगबिरंग/रंग बरंग
1. चित्र-विचित्र,रंगारंग 2. भिन्न, अलग-अलग

**رنگ پاش** (वि.)रंग पाश
रंग छिड़कने वाला (वाली)

**رنگ پاشی** (स्त्री.)रंग पाशी
रंग छिड़कना

**رنگ پریدہ** (पु.)रंग परीदा
1. विवर्ण 2. कम गहरे रंग का, हलके गहरे रंग का, उड़े हुए रंग वाला

**رنگ پیما** (पु.)रंग पैमा
(रसा.) वर्णमापी

**رنگ پیمائی** (स्त्री.)रंग पैमाई
(रसा.) वर्णमिति

**رنگدار** (वि.)रंगदार
1. रंजित 2. रंगा हुआ

**رنگریز** (वि.)रंगरेज़
कपड़ा रंगनेवाला, रंगरेज़

**رنگزا** (वि.)रंग ज़ा
(रसा.) वर्ण मूलक

**رنگ ساز** (वि.)रंग साज़
रंग बनाने वाला

**رنگ سازی** (स्त्री.)रंग साज़ी
1. रंग बनाने का काम 2. रंगने का काम

**رنگ شکستہ** (वि.)रंग शिकस्ता
उतरा हुआ रंग, फीका रंग

**رنگ کوری** (स्त्री.)रंग कोरी
(मनो.) वणर्धिता

**رنگ محل** (पु.)रंगमहल
1. संगीत संगोष्ठी का स्थान 2. विलास भवन

**رنگ و بو** (पु.)रंगो-बू
रंग और सुगंध

**رنگا رنگ** (वि.)रंगारंग
दे. 'رنگ برنگ'

**رنگت** (स्त्री.)रंगत
1. बदन या चेहरे का रंग, वर्ण 2. दशा, हालत 3. तौर-तरीक़ा, रंग-ढंग

**رنگی** (वि.)रंगी
(भौ.) वर्णिक

**رنگی فتور** (पु.)रंगी फ़ुतूर
(भौ.) वर्ण-विपथन

**رنگین** (वि.)रंगीन
1. रंजित 2. चित्रित 3. शोभित 4. चपल, चुलबुला

**رنگین مزاج** (वि.)रंगीन मिज़ाज
विलास प्रिय

**روٗ** (पु.)रू
1. मुखाकृति, मुख, चेहरा, मुखड़ा 2. कारण, सबब

**رَو** (स्त्री.)रौ
धारा, आवेग, लहर, गति

**رو براہ** (वि.)रू-ब-राह
1. तैयार, तत्पर 2. सुव्यवस्थित, ठीक-ठाक, नियमित

**رو برو** (क्रि.वि.)रू-ब-रू
संमुख, आमने सामने, प्रत्यक्ष

روبہ زوال (वि.) रू-ब-ज़वाल
पतन की ओर प्रवृत्त, पतनोन्मुख

روبہ صحت (स्त्री.) रू ब सेहत
स्वास्थ्य लाभ करने वाला रोगी

رو در رو (वि.) रू दर रू
आमने सामने, मुँह दर मुँह, संमुख

روشناس (वि.) रू शनास
परिचित, जानकार

روا (वि.) रवा
1. उचित, वाजिब, जायज़ 2. अनुमत, वैध, विहित 3. दाना, कण

روابط (पु.) रवाबित
'رابطہ' का बहु., मेल जोल, मेल-मिलाप

رواج (पु.) रिवाज
चलन, प्रथा, रूढ़ि, परिपाटी, परंपरा

روادار (वि.) रवादार
शुभ चिंतक, हितैषी

رواداری (स्त्री.) रवादारी
शुभ चिंतन

رواروی (स्त्री.) रवारवी
चलाचली, जल्दबाज़ी, हड़बड़ाहट

رواں (वि.) रवाँ
1. प्रवाह, प्रवाहित, जारी, चालू 2. हाथ पर चढ़ा हुआ 3. पूर्ण वाचन 4. वर्तमान

رواں دواں (वि.) रवाँ दवाँ
प्रवाहित, चलता हुआ

رواں نقشہ (पु.) रवाँ नक़्शा
(ग.) प्रवाह-संचित्र

روانگی (स्त्री.) रवानगी
1. प्रस्थान, प्रयाण, कूच 2. प्रेषण, भेजना

روانگی رجسٹر (पु.) रवानगी रजिस्टर
(प्रशा.) प्रेषण रजिस्टर

روانہ (वि.) रवाना
प्रस्थित, प्रेषित

روانی (स्त्री.) रवानी
प्रवाह, बहाव

روایات (स्त्री.) रिवायात
'روایت' का बहु.

روایت (स्त्री.) रिवायत
1. प्रथा, परम्परा 2. रसूल वाणी या हदीस का वर्णन

روایتاً (क्रि. वि.) रिवायतन
परम्परागत, प्रथानुसार

روباہ (स्त्री.) रूबाह
1. लोमड़ी 2. कायर, कपटी, मक्कार

روباہ بازی (स्त्री.) रूबाहबाज़ी
मक्कारी, छल, कपट, धूर्तता, वंचना

روباہی (स्त्री.) रूबाही
चालाकी, कपट

روبکاری (स्त्री.) रूबकारी
1. कार्रवाई 2. मुक़दमे आदि की पेशी

روبند (पु.) रूबंद
घूँघट, नक़ाब, मुखपट

روبہ بازی (स्त्री.) रूबह-बाज़ी
दे. 'روباہ بازی'

روبہ قفا (वि.) रू-ब-क़फ़ा
पीछे मुँह किए हुए

روپاک (पु.) रूपाक
रूमाल, मुँह पोंछने का कपड़ा

روپوش (वि.) रूपोश
भूमिगत, छुपा हुआ

روپیما (पु.) रौ पैमा
(रसा.) धारा मापी

روح (स्त्री.) रूह
1. आत्मा 2. प्राण, जान

روح افزا (वि.) रूहअफ़्ज़ा
प्राणवर्द्धक, जीवनदायक

روح الامین (पु.) रूहुल-अमीन
हज़रत जिब्रील की उपाधि

روح القدس (पु.) रूहुलकुद्स
1. हज़रत जिब्रील की उपाधि 2. पवित्र आत्मा, पवित्र प्राण

روح پرور (वि.) रूह पर्वर
जीवनदायक, प्राणदायी

روحِ رواں (स्त्री.) रूहे-रवाँ
प्राणवायु, जान

روح فرسا (वि.) रूह फ़र्सा
मर्माहत, मर्मभेदी

روحانی (वि.) रूहानी
1. आत्मिक, हार्दिक, दिली 2. आंतरिक 3. पवित्र, स्वच्छ

روحانیات (स्त्री.) रूहानियात
'روحانیت' का बहु.

روحانیت (स्त्री.) रूहानियत
आत्मवाद, अध्यात्मवाद

روزِ ولادت (पु.)रोज़े-विलादत
जन्म दिवस

روزانہ (क्रि.वि.)रोज़ाना
प्रतिदिन, हर रोज़, नित्य-प्रति

روزِ بد (पु.)रोज़े-बद
बुरा दिन, मनहूस और अशुभ दिन

روزگار (पु.)रोज़गार
1. उद्योग, व्यवसाय, पेशा 2. काल, समय, युग

روزگار پیشہ (वि.)रोज़गार पेशा
उद्योगी, व्यवसायी

رَوزن (पु.)रौज़न
1. छिद्र, छेद, विवर 2. रौशनदान, मोखा, रुवाक्ष 3. (भौ.) द्वारक

روزنامچہ (पु.)रोज़नामचा
1. दैनिकी, दैनदिनी 2. बही खाता

روزنامہ (पु.)रोज़नामा
दैनिक पत्र, समाचार पत्र

روزہ (पु.)रोज़ा
1. इस्लाम के पाँच मूल सिद्धान्तों में से एक, व्रत, उपवास 2. (प्रत्य.) दिनों वाला, जैसे-ہفت روزہ (हफ़्त रोज़ा) सात दिनों वाला

روزہ خور (वि.)रोज़ाख़ोर
रोज़ा न रखने वाला

روزہ دار (वि.)रोज़ादार
व्रतधारी, उपासी

روزی (स्त्री.)रोज़ी
1. आजीविका, जीवन-निर्वाह का अवलंब 2. नौकरी 3. मज़दूरी

روزی دہندہ (वि.)रोज़ी दिहिंदा
अन्नदाता

روزی رساں (वि.)रोज़ीरसाँ
अन्नदाता

روزینہ (पु.)रोज़ीना
दिन भर की मज़दूरी, दैनिकी, दिहाड़ी

رُوسیاہ (वि.)रू सियाह
1. कलंकित, बदचलन, कदाचारी 2. काले मुँह का 3. पापी, कुकर्मी 4. अपमानित, बेइज़्ज़त

روش (स्त्री.)रविश
1. चाल-ढाल, रंग-ढंग 2. आचार-व्यवहार 3. बाग़ की क्यारियों के बीच का रास्ता

روشِ خاص (स्त्री.)रविशे-ख़ास
विशिष्ट शैली या पद्धति

رُود (पु.)रूद
नदी, नहर, धारा

رُوداد (स्त्री.)रूदाद
1. अवस्था, दशा, हाल 2. कथा, कहानी 3. न्यायालय की कार्यवाही, कार्रवाई

رُودادِ غم (स्त्री.)रूदादे-ग़म
व्यथा वृत्तांत, दुख की कथा

رودبار (पु.)रूदबार
जल-संधि, धाराओं का संगम

روز (पु.)रोज़
1. दिवस, दिन 2. पारिश्रमिक, मज़दूरी 3. (क्रि.वि.) प्रतिदिन, नित्य-प्रति

روزافزوں (वि.)रोज़अफ़्ज़ूँ
1. वृद्धिमान् 2. दिन प्रति दिन बढ़ने वाला, दिनों दिन उन्नति करने वाला

روز بہ روز (क्रि.वि.)रोज़-ब रोज़
प्रतिदिन, हर रोज़, दिन-ब-दिन

روزِ سیاہ (पु.)रोज़े-सियाह
काला दिवस, अशुभ दिन

روزِ جنگ (पु.)रोज़े-जंग
लड़ाई का दिन

روزِ جزا (पु.)रोज़े-जज़ा
दे. 'روزِ قیامت'

روزِ حساب (पु.)रोज़े-हिसाब
दे. 'روزِ قیامت'

روزِ حشر (पु.)रोज़े-हश्र
दे. 'روزِ قیامت'

روز روز (क्रि.वि.)रोज़ रोज़
नित्य प्रति, हर रोज़, सदैव

روزِ روشن (पु.)रोज़े-रौशन
भोर, तड़का, प्रातःकाल

روزِ قیامت (पु.)रोज़े-क़यामत
क़यामत का दिन, कर्मों के अनुकूल बदला मिलने का दिन, कर्मफल प्राप्ति दिवस, न्याय दिवस, लेखा-जोखा दिवस

روزِ محشر (क्रि.पु.)रोज़े-महशर
दे. 'روزِ قیامت'

روزمرہ (क्रि.वि.)रोज़मर्रा
1. प्रतिदिन, हर रोज़, नित्य-प्रति 2. (पु.) बोल चाल, बातचीत

روز و شب (पु.)रोज़ो-शब
रात-दिन

(स्त्री.)रविशे-आम روِشِ عام
सामान्य पद्धति या शैली

(वि.)रौशन رَوشن
1. प्रकाशमय, चमकदार, ज्योतिर्मय, दीप्त, प्रकाशित 2. स्पष्ट

(पु.)रौशन ख़ित्ता رَوشن خطہ
(वन.) सुप्रकाशी क्षेत्र

(वि.)रौशन दिल رَوشن دِل
दे. 'روشن ضمیر'

(स्त्री.)रौशन दिली رَوشن دِلی
दे. 'روشن ضمیری'

(वि.)रौशन दिमाग़ رَوشن دماغ
तीक्ष्ण बुद्धि, दीप्तप्रज्ञ

(वि.)रौशन दिमाग़ी رَوشن دماغی
दीप्त प्रज्ञता, प्रतिभा

(वि.)रौशनज़मीर رَوشن ضمیر
जो दूसरों के हृदय की बात जानता हो, अंतर्यामी, ज्ञानी, बुद्धिमान

(स्त्री.)रौशन ज़मीरी رَوشن ضمیری
दूसरों के हृदय की बात जानना

(वि.)रौशन तबा رَوشن طبع
तीव्र बुद्धि

(वि.)रौशन निगाह رَوشن نِگاہ
दूरदर्शी

(वि.)रूश नास رُوشناس
परिचित

(स्त्री.)रौशनाई روشنائی
1. दीप्ति, चमक 2. सियाही, मसि

(स्त्री.)रौशनी روشنی
प्रकाश, दीप्ति, ज्योति

(पु.)रौशनी पैमा روشنی پیما
(भौ.) प्रदीप्तिमापी

(पु.)रौशनी दाइरा روشنی دائرہ
(भौ.) प्रदीप्ति वृत्त

(पु.)रौज़ा رَوضہ
1. उद्यान, पुष्प वाटिका, बाग़ 2. समाधि, मक़बरा, मज़ार

(स्त्री.)रौज़ा ख़्वानी رَوضہ خوانی
कर्बला की घटनाओं का वाचन, करुण काव्य ( मर्सिया ) वाचन

(वि.)रौज़ा ख़्वाँ رَوضہ خواں
कर्बला की घटनाओं का वाचक, करुण काव्य ( मर्सिया ) वाचक

(पु.)रौग़न روغن
1. तेल, तैल 2. घी, चर्बी, वसा, चिकनाई 3. वार्निश, रंग-रौग़न 4. चमक-दमक, आभा

(वि.)रौग़न जोश روغن جوش
गोश्त से बना एक प्रकार का व्यंजन

(पु.)रौग़न फ़रोश روغن فروش
1. चर्बी, वसा, तेल आदि बेचने वाला, तेली 2. रंग-रौग़न ( पेंट ) विक्रेता

(पु.)रौग़ने-क़ाज़ روغن قاز
चापलूसी, चाटुकारिता, ख़ुशामद

(वि.)रौग़नगर روغن گر
तेल पेरने वाला, तेली, तैलकार, तैलिक

(वि.)रौग़नी روغنی
1. रौग़नी, घृतयुक्त ( रोटी ) 2. तैलयुक्त, रंग-रौग़न युक्त

(स्त्री.)रौग़नी रोटी روغنی روٹی
चिपड़ी रोटी, रौग़नी रोटी, घृतयुक्त रोटी

(स्त्री.)रोकड़ वही روکڑ بہی
(प्रशा.) रोकड़ बही

(वि.)रू कश روکش
1. लज्जित, शर्मिंदा 2. प्रतिद्वंद्वी, हरीफ़

(स्त्री.)रू कशी روکشی
1. लज्जा, शर्म 2. संमुखता, प्रतिद्वंद्विता

(स्त्री.)रू गर्दानी روگردانی
आज्ञा का उल्लंघन, विमुखता, मुँह फेरना

(वि.)रू गर्दां روگرداں
1. परामुख, विमुख, मुँह फेरे हुए 2. अवज्ञाकारी

(पु.)रूमान رومان
प्रेम, रोमान

(वि.)रूमानी رومانی
रोमान से संबद्ध

(वि.)रविंदा روندہ
जाने वाला, प्रस्थान करने वाला

(स्त्री.)रौनक़ رَونق
शोभा, चमक-दमक, कांति, दीप्ति, अभा

(वि.)रौनक़ आरा رَونق آرا
दे. 'رَونق افزا'

رونق افروز (वि.)रौनक़ अफ़रोज़
दे. 'رونق افزا'

رونق افروزی (स्त्री.)रौनक़ अफ़रोज़ी
दे. 'رونق افزائی'

رونق افزا (वि.)रौनक़ अफ़ज़ा
1. शोभा वर्द्धक 2. उपस्थित, मौजूद

رونق افزائی (स्त्री.)रौनक़ अफ़ज़ाई
1. शोभाबढ़ाना 2. उपस्थिति

رونق بزم (वि.)रौनक़े-बज़्म
1. सभा की शोभा 2. महफ़िल की जान
3. दूल्हा-दूल्हन

رونق خانہ (वि.)रौनक़े-ख़ाना
1. पत्नी, भार्या 2. घर की रौनक़, गृहदीप्ति

رونق مجلس (वि.)रौनक़े-मज्लिस
दे. 'رونق بزم'

رونق محفل (वि.)रौनक़े-महफ़िल
दे. 'رونق بزم'

رونما (क्रि.)रू नुमा
प्रकट

رونمائی (स्त्री.)रू नुमाई
1. मुँह दिखाई, घूँघट उठाई, पल्लू उठाई
2. अवलोकन, निमोचन, विमोचन

روئداد (स्त्री.)रूएदाद
1. वृत्तांत, कथा 2. कार्यवाही, कारवाई

روئیدگی (स्त्री.)रूईदगी
अंकुरण, जमावट, उगाव

روئیدہ (वि.)रूईदा
अंकुरित, उगा हुआ, जमा हुआ

روئیں (स्त्री.)रोईं
1. काँसा, एक धातु विशेष 2. काँसे का बना हुआ

روئے زمیں (स्त्री.)रूए-ज़मीं
धरातल, पृथ्वी की सतह

روئے سخن (पु.)रूए-सुख़न
बात का लक्ष्य, जिसे लक्ष्य करके बात की जाए, संबोधन

رؤیا (पु.)रूया
स्वप्न, ख़्वाब

رؤیائے صادقہ (पु.)रूयाए-सादिक़ा
सच्चा ख़्वाब

رویت (स्त्री.)रोयत
देखना, दर्शन

رویت ہلال (स्त्री.)रोयते-हिलाल
नवचंद्र-दर्शन, नया चाँद देखना

رویہ (पु.)रवैया
1. व्यवहार, आचरण 2. चाल-चलन

رہ (स्त्री.)रह
'راہ' का लघु, रास्ता

رہروی (स्त्री.)रह रवी
'راہروی' का लघु., रस्ता चलना, यात्रा करना

رہ نشیں (वि.)रह नशीं
'راہ نشیں' का लघु., मार्गस्थ, रास्ते में बैठा हुआ

رہنما (वि.)रह नुमा
'راہ نما' का लघु., 1. पथ-प्रदर्शक 2. नेता, सरदार, मार्गदर्शक, अगुआ

رہنما اصول (पु.)रहनुमा उसूल
(राज.) निर्देशक सिद्धांत

رہنمائی (स्त्री.)रह नुमाई
मार्गदर्शन, पथप्रदर्शन, अगुवाई, नेतृत्व

رہا (वि.)रिहा
मुक्त, बंधन-मुक्त, छूटा हुआ

رہائش گاہ (स्त्री.)रिहाइश गाह
निवास-स्थान, रहने की जगह

رہائی (स्त्री.)रिहाई
मुक्ति, छुटकारा

رہبان (पु.)रह्बान
'راہب' का बहु.

رہبانیت (स्त्री.)रह्बानियत
वैराग, विरक्ति, संन्यास

رہبر (वि.)रहबर
'راہبر' का लघु., दे. 'رہنما'

رہبری (स्त्री.)रहबरी
दे. 'رہنمائی'

رہرو (वि.)रह रौ
'راہرو' का लघु., पथिक, बटोही

رہزن (पु.)रहज़न
'راہزن' का लघु., लूटमार, लुटेरा, बटमार

رہزنی (स्त्री.)रहज़नी
'راہزنی' का लघु., लूटपाट, बटमारी

رہن (पु.)रहन
बंधक, गिरवी

رہن نامہ (पु.)रहन नामा
बंधकपत्र

**رہوار** (पु.)रहवार
द्रुतगामी, घोड़ा

**رہین** (वि.)रहीन
गिरवी रखी हुई वस्तु, बंधक

**رہینِ منت** (वि.)रहीने-मिन्नत
कृतज्ञ, आभारी

**رؤسا** (पु.)रऊसा
'رئیس' का बहु., धनाढ्य लोग

**رئیس** (वि.)रईस
1. धनाढ्य, मालदार 2. शासक 3. अध्यक्ष, सरदार

**رئیسِ اعظم** (पु.)रईसे-आज़म
महाधनाढ्य

**رئیس زادہ** (वि.)रईस ज़ादा
अमीर का बेटा

**ریا** (स्त्री.)रिया
1. पाखंड, आडंबर, ढोंग 2. दिखावा

**ریاکاری** (स्त्री.)रियाकारी
पाखंड, ढोंग

**ریاح** (स्त्री.)रियाह
पाद, अपान वायु, अधोवायु

**ریاحی امراض** (स्त्री.)रियाही अमराज़
वात-रोग

**ریاست** (स्त्री.)रियासत
1. सत्ता, शासन 2. अध्यक्षता, स्वामित्व, सरदारी 3. जागीर 4. (ना.) राज्य

**ریاض** (पु.)रियाज़
1. परिश्रम, मेहनत 2. तपस्या 3. अभ्यास, मश्क़

**ریاضت** (स्त्री.)रियाज़त
1. तपस्या, तप 2. अभ्यास, मश्क़ 3. प्रयत्न, प्रयास, चेष्ठा

**ریاضت کش** (वि.)रियाज़त कश
तपस्वी

**ریاضت کشی** (स्त्री.)रियाज़त कशी
कठोर तपस्या, जप-तप और व्रत आदि

**ریاضت گاہ** (स्त्री.)रियाज़तगाह
तपोवन

**ریاضی** (स्त्री.)रियाज़ी
गणित

**ریاضی داں** (वि.)रियाज़ीदाँ
गणितशास्त्री, गणितज्ञ

**ریاضیات** (पु.)रियाज़ियात
गणितशास्त्र

**ریاضیاتی** (वि.)रियाज़ियाती
(ग.,भौ.) गणितीय

**ریاضیاتی ترغیب** (स्त्री.)रियाज़ियाती तर्ग़ीब
(ग.,भौ.) गणितीय आगम

**ریاضیاتی طبعیات** (स्त्री.)रियाज़ियाती तबीइयात
(ग.,भौ.) गणितीय भौतिकी

**ریحان** (पु.)रैहान
तुलसी पादप

**ریختہ** (पु.)रेख़्ता
1. गिरा-पड़ा, बिखरा हुआ 2. उर्दू भाषा का एक नाम 3. एक प्रकार का फ़ारसी हिंदवी मिश्रित काव्य रूप

**ریختہ گر** (वि.)रेख़्तागर
धातु के बरतन ढालने वाला

**ریختہ گو** (वि.)रेख़्तागो
फ़ारसी-हिंदवी मिश्रित भाषा का कवि

**ریختہ گوئی** (स्त्री.)रेख़्तागोई
फ़ारसी-हिंदवी मिश्रित काव्य रचना

**ریختی** (स्त्री.)रेख़्ती
रेख़्ते की वह क़िस्म जिसमें स्त्रियों की भाषा में (स्त्रैण) कविता की जाती थी

**ریزگاری** (स्त्री.)रेज़गारी
फुटकर पैसा, चिल्लर, छुट्टा

**ریزہ** (पु.)रेज़ा
कण, रवा

**ریسمان** (स्त्री.)रेसमान
1. रस्सी, रज्जू, गुण 2. डोर, डोरी

**ریش** (स्त्री.)रीश
दाढ़ी

**ریش خند** (पु.)रीश ख़ंद
ठठोल, मसख़रापन

**ریشم** (पु.)रेशम
पाट, सिल्क

**ریشمی** (वि.)रेश्मी
कौशेय, रेशम का, रेशम का बना हुआ

**ریشہ** (पु.)रेशा
1. तंतु, तार 2. (वन.) तंतु, कोशिका

**ریشہ دوانی** (स्त्री.)रेशा दवानी
1. गुप्त प्रयास, षड़यंत्र, जोड़-तोड़ 2. दंगा, उपद्रव

**ریعان** (पु.)रैआन
यौवनारंभ, उठती जवानी

**ریگ** (स्त्री.)रेग
रेत, बालू

**ریگِ رواں** (स्त्री.)रेगे-रवाँ
उड़ने वाली रेत

**ریگزار** (पु.)रेग ज़ार
मरूभूमि, मरुस्थल, रेगिस्तान

**ریگ ماہی** (स्त्री.)रेगे माही
रेत की मछली, छिपकली के आकार क़ा रेगिस्तानी जानवर, सांडा

**ریگستان** (पु.)रेगिस्तान
मरुस्थल, मरुभूमि

**ریگستانی** (वि.)रेगिस्तानी
रेगिस्तान का निवासी, रेगिस्तान

**ریلا** (पु.)रेला
1. पानी का चढ़ाव 2. धक्का-मुक्की, भीड़ का रेला 3. (पानी की) धार

**ریل پیل** (स्त्री.)रेल-पेल
1. भारी भीड़ 2. भरमार, अधिकता, बहुतायात

**ریوڑ** (स्त्री.) रेवड़
भेड़-बकरियों आदि का झुण्ड, गल्ला

**ریم** (स्त्री.)रीम
1. मवाद, पीप 2. धातुओं का मैल

---

## ز

---

**زاد** (पु.)ज़ाद
1. जना, जना हुआ 2. पाथेय, सबंल

**زادبوم** (स्त्री.)ज़ादबूम
जन्म स्थान, जन्म भूमि

**زادِ راہ** (पु.)ज़ादे-राह
पाथेय, संबल

**زادِ سفر** (पु.)ज़ादे-सफ़र
दे. 'زادِ راہ'

**زار و قطار** (वि.)ज़ारो-क़ितार
अत्यधिक

**زار و نزار** (वि.)ज़ारो-नज़ार
बहुत दुबला, अशक्त, मरियल

**زاغ** (पु.)ज़ाग़
काग, कौआ

**زاغ چشم** (वि.)ज़ाग़ चश्म
कंजी आँखों वाला, कंजा

**زال** (कि.)ज़ाल
बूढ़ा, वयोवृद्ध

**زانو** (पु.)ज़ानू
घुटना

**زانی** (पुं.)ज़ानी
परस्त्रीगामी, व्यभिचारी, बलात्कारी

**زانیہ** (स्त्री.)ज़ानिया
व्यभिचारिणी, पर पुरुषगामी, छिनाल, कुकर्मी

**زاویہ** (पु.)ज़ाविया
(ग., भौ.) कोण, कोना

**زاویائی** (वि.)ज़ावियाई
(ग., भौ.) कोणीय

**زاویائی تحرک** (पु.)ज़ावियाई तहर्रुक
(ग., भौ.) कोणीय संवेग

**زاویائی تواتر** (पु.)ज़ावियाई तवातुर
(ग., भौ.) कोणीय आवृत्ति

**زاویائی روزن** (पु.)ज़ावियाई रौज़न
(ग., भौ.) कोणीय द्वारक

**زاویائی قدر** (स्त्री.)ज़ावियाई क़द्र
(ग., भौ.) कोणीय व्यास

**زاویۂ حادّہ** (पुं.)ज़ावियए-हाद्दा
(ग.) न्यूनकोण, नब्बे अंश से छोटा कोण

**زاویۂ خارجہ** (पु.)ज़ावियए-ख़ारिजा
(ग.) बहिष्कोण

**زاویۂ داخلہ** (पु.)ज़ावियए-दाख़िला
(ग.) अंतःकोण

**زاویۂ فراز** (पु.)ज़ावियए-फ़राज़
(ग.) उन्नयन कोण

**زاویۂ قائمہ** (पु.)ज़ावियए-क़ाइमा
(ग.) समकोण

**زاویۂ منفرجہ** (पुं.)ज़ावियए-मुंफ़रिजा
(ग.) अधिककोण, नब्बे अंश से बड़ा कोण

**زاویۂ نظر** (पु.)ज़ावियए-नज़र
दृष्टिकोण

**زاویۂ نگاہ** (पु.)ज़ावियए-निगाह
दे. 'زاویۂ نظر'

**زاہد** (पु.)ज़ाहिद
तपस्वी, साधक

زبان زد (वि.)ज़बानज़द
प्रसिद्ध, मशहूर

زبانہ (पु.)ज़बाना
लौ, लपट, अग्नि-ज्वाला, अग्निशिखा

زبانی (वि.)ज़बानी
1. मौखिक 2. बनावटी, ऊपरी, दिखावटी

زبانی امتحان (पु.)ज़बानी इम्तिहान
मौखिकी, मौखिक परीक्षा

زبانی جمع خرچ (पु.)ज़बानी जमअ ख़र्च
सिर्फ़ बातें ही बातें, कोरी बातें, सारहीन बातें

زباں (स्त्री.)ज़बाँ
दे. 'زبان'

زباں بندی (स्त्री.)ज़बाँबंदी
दे. 'زبان بندی'

زباں زد (वि.)ज़बाँज़द
दे. 'زبان زد'

زُبدہ (पु.)ज़ुब्दा
1. मक्खन 2. सार, तत्त्व

زُبدۃ الحکما (पु.)ज़ुब्दतुल-हुकमा
सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक अथवा चिकित्सक

زبر (वि.)ज़बर
1. ऊपरी, ऊपर, उपरि 2. शक्तिशाली, ताक़तवर 3. (पु.) उर्दू लिपि में 'अ' का स्वर चिह्न -َ

زبرجد (पु.)ज़बरजद
पीत मणि, पुखराज, पन्ना

زبردست (वि.)ज़बरदस्त
शक्तिशाली, प्रचंड

زبردستی (स्त्री.)ज़बरदस्ती
1. हठात्, बलात्, बलपूर्वक 2. अत्याचार, ज़ुल्म

زبور (स्त्री.)ज़बूर
एक धार्मिक ग्रंथ जो हज़रत दाऊद पर प्रकट हुई थी

زبون (वि.)ज़बून
दे. 'زبوں'

زبوں (वि.)ज़बूँ
1. विवश 2. रुसवा, बदनाम 3. ख़राब, निकृष्ट, दूषित

زبوں حال (वि.)ज़बूँ हाल
दुर्दशाग्रस्त, फटेहाल

زبوں حالی (स्त्री.)ज़बूँ हाली
दुर्दशा, बदहाली

زاہدہ (स्त्री.)ज़ाहिदा
तपस्विनी

زاہدِ خشک (पु.)ज़ाहिदे-ख़ुश्क
वह तपस्वी या साधक जिसके स्वभाव में रूखापन हो

زائچہ (पु.)ज़ाइचा
जन्म कुंडली, जन्म पत्री, लग्न कुंडली

زائد (वि.)ज़ाइद
1. अधिक, बहुत, प्रचुर 2. अतिरिक्त, फ़ालतू

زائد المیعاد (वि.)ज़ाइदुल-मिआद
जिसकी अवधि समाप्त हो चुकी हो

زائد امداد (स्त्री.)ज़ाइद इम्दाद
(प्रशा.) अतिरिक्त अनुदान

زائدہ (पु.)ज़ाइदा
शरीर के किसी स्थान का बढ़ा हुआ मांस, अतिरिक्त मांस

زائر (वि.)ज़ाइर
तीर्थ यात्री, दर्शक

زائرین (पु.)ज़ाइरीन
'زائر' का बहु.

زائل (वि.)ज़ाइल
निराकृत, दूर होने वाला, कम होने वाला

زائیدہ (वि.)ज़ाईदा
उत्पन्न, जनित, जन्मा हुआ, जना हुआ

زبان (स्त्री.)ज़बान
1. जिह्वा, जीभ 2. भाषा 3. वचन, कथन, प्रतिज्ञा

زبان بندی (स्त्री.)ज़बान बंदी
भाषण-निषेध

زبانِ حال (स्त्री.)ज़बाने-हाल
दशा, हालत

زبان داں (पु.)ज़बानदाँ
भाषाविद्

زبان دانی (स्त्री.)ज़बानदानी
भाषिक विज्ञता

زبان دراز (वि.)ज़बान दराज़
मुँहफट, गुस्ताख़

زبان درازی (स्त्री.)ज़बान दराज़ी
दुर्मुखता, गुस्ताख़ी

زٹل (स्त्री.)ज़टल
बकवास, बेतुकी बातें
زٹل قافیہ (पु.)ज़टल क़ाफ़िया
गपशप, बेतुकी बात, वाही तबाही
زچگی (स्त्री.)ज़च्चगी
प्रसूति
زچہ (स्त्री.)ज़च्चा
प्रसूता, सूतिका, प्रजाता
زچہ خانہ (पु.)ज़च्चा ख़ाना
सूतिकागृह, प्रसवगृह, ज़च्चा के रहने का कमरा
زچہ گری (स्त्री.)ज़च्चागरी
धात्री-कर्म, दायागिरी
زحاف (पु.)ज़िहाफ़
1. न्यूनता, कमी 2. छंद के गणों में से मात्राओं की कमी
زحل (पु.)ज़ुहल
शनि ग्रह
زحمت (स्त्री.)ज़हमत
कष्ट, क्लेश, तक्लीफ़, दुःख
زخم (पु.)ज़ख़्म
1. घाव 2. अनिष्ट, हानि
زخم خوردہ (वि.)ज़ख़्म ख़ुर्दा
आहत, घायल, ज़ख़्म खाया हुआ
زخم رسیدہ (वि.)ज़ख़्म रसीदा
क्षत, आहत, घायल
زخم کاری (वि.)ज़ख़्मे-कारी
गहरा घाव
زخم کہنہ (पु.)ज़ख़्मे-कुहना
पुराना घाव
زخمہ (पु.)ज़ख़्मा
मिज़राब, वाद्ययष्टि
زخمی (वि.)ज़ख़्मी
घायल, आहत, चोट खाया हुआ
زد (स्त्री.)ज़द
1. मार, निशान 2. चोट, सदमा 3. हानि, नुक़्सान
زدوکوب (स्त्री.)ज़दो-कोब
मार-पीट, हाथापाई
زر (पु.)ज़र
1. स्वर्ण 2. धन-दौलत 3. पराग-कण
زرافشانی (स्त्री.)ज़र अफ़्शानी
स्वर्ण वर्षा, सोन वर्षा

زرافشاں (वि.)ज़र अफ़्शाँ
सोना बरसाने वाला, स्वर्ण वर्षक
زراندودہ (वि.)ज़रअंदूदा
सोने से मढ़ा हुआ, सोना चढ़ा हुआ, स्वर्ण जड़ित
زرباف (वि.)ज़रबाफ़
1. ज़रीदार कपड़ा 2. ज़री का काम करने वाला
زربافی (स्त्री.)ज़रबाफ़ी
ज़री का काम
زربفت (पु.)ज़रबफ़्त
सोने-चाँदी के तारों से बना हुआ कपड़ा, कलाबतू से बना हुआ वस्त्र, सुनहरी कपड़ा
زربیعانہ (पु.)ज़रे-बैआना
अग्रिम धन, पेशगी
زرپرست (वि.)ज़रपरस्त
धन का पुजारी, लालची, रुपये पैसे का गुलाम
زرتشت (पु.)ज़रतुश्त
पारसी धर्म प्रवर्तक ज़रदुश्त
زرخالص (पु.)ज़रे-ख़ालिस
1. खरा सिक्का 2. खरा सोना, विशुद्ध सोना
زرخرید (वि.)ज़रख़रीद
मोल लिया हुआ, ख़रीदा हुआ
زرخیز (वि.)ज़रख़ेज़
उपजाऊ, उर्वरा, सोनापेट
زرخیزی (स्त्री.)ज़रख़ेज़ी
उपजाऊपन, उर्वरता
زردشت (पु.)ज़रदुश्त
दे. 'زرتشت'
زردوز (वि.)ज़रदोज़
कारचोब, सल्मा-सितारा और ज़री का काम करने वाला
زردوزی (स्त्री.)ज़रदोज़ी
ज़री का काम
زرسرخ (पु.)ज़रे-सुर्ख़
लाल रंग का सोना
زرقلب (पु.)ज़रे-क़ल्ब
1. खोटा सिक्का 2. खोटा सोना या चाँदी
زرگر (पु.)ज़रगर
स्वर्णकार, सुनार
زرگردش (स्त्री.)ज़र गर्दिश
(अर्थ.) मुद्रा संचालन

زرگری (स्त्री.)ज़रगरी
स्वर्णकर्म, सोने-चाँदी का काम
زرگل (पु.)ज़रे-गुल
पराग, पुष्परज
زرمحلول (पु.)ज़रे-महलूल
पिघला हुआ सोना
زرمسکوک (पु.)ज़रे-मस्कूक
अशरफ़ी, सोन-मुद्रा
زرمنافع (पु.)ज़रे-मुनाफ़ा
1. लाभ-राशि 2. ब्याज
زرمبادلہ (पु.)ज़रे-मुबादला
(अर्थ.) विदेशी विनिमय मुद्रा, विदेशी मुद्रा
زرنگار (वि.)ज़र निगार
स्वर्ण-सज्जित, सोने के काम में सजा हुआ, सोने का बेलबूटा बना हुआ
زرنگاری (स्त्री.)ज़र निगारी
सोने से लिखना
زراعت (स्त्री.)ज़राअत
कृषि, खेती, काश्तकारी
زراعت پیشہ (वि.)ज़राअत पेशा
किसान, कृषक, काश्तकार
زراعتی (वि.)ज़राअती
कृषि संबंधी
زراعتی مالیہ (पु.)ज़राअती मालिया
(वाणि.) कृषि साख, कृषि उधार
زرد (पु.)ज़र्द
1. पीला 2. पीला रंग 3. स्वर्ण
زردآلو (पु.)ज़र्दालू
ख़ूबानी, ज़रदालू
زردچوب (स्त्री.)ज़र्दचोब
हल्दी
زردار (वि.)ज़रदार
मालदार, धनवान
زردان (पु.)ज़रदान
(वन.) परागकोश
زردانک (पु.)ज़रदानक
(वन.) परागकोशधर
زردہ (स्त्री.)ज़र्दा
1. केसर युक्त पकाए गए मीठे चावल
2. एक प्रकार का तम्बाकू

زردی (स्त्री.)ज़र्दी
1. पीतिमा, पीलापन 2. अंडे की ज़र्दी
زرق برق (वि.)ज़र्क़-बर्क़
भड़कदार, भड़कीला, चमकीला
زرہ (स्त्री.)ज़िरह
कवच
زرہ پوش (वि.)ज़िरहपोश
कवचधारी
زری (स्त्री.)ज़री
सोने-चाँदी के तार जिन पर सुनहरा मुलम्मा हो, गोटा मिनारी का कपड़ा
زری استحکام (पु.)ज़री इस्तिहकाम
(वाणि.) मुद्रा स्थिरता
زری بحران (पु.)ज़री बोहरान
(वाणि.) मुद्रा संकट
زری مالیات (स्त्री.)ज़री मालियात
(वाणि.) मुद्रा वित्तीयन
زری معیشت (स्त्री.)ज़री मईशत
(वाणि.) मौद्रिक अर्थ व्यवस्था
زری نظام (पु.)ज़री निज़ाम
(वाणि.) मुद्रा प्रणाली
زریں (वि.)ज़रीं
सोने का बना हुआ, स्वर्णमय, स्वर्णिम, सुनहरा या सुनहला
زشت (वि.)ज़िश्त
निकृष्ट, ख़राब
زشت اعمال (वि.)ज़िश्त-आमाल
कदाचारी, दुराचारी
زعفران (पु.)ज़ाफ़रान
केसर, कुंकुम
زعفران زار (पुं.)ज़ाफ़रानज़ार
जहाँ चारों ओर केसर के फूल खिले हों
زعفرانی (वि.)ज़ाफ़रानी
केसरी, केसर के रंग का
زعم (पु.)ज़ोम
अभिमान, अहंकार
زعم باطل (पु.)ज़ोमे-बातिल
1. कुधारणा 2. झूठा घमंड
زغن (स्त्री.)ज़गन
चील

زغند (स्त्री.)ज़ग़ंद
छलाँग, चौकड़ी, कूदफाँद
زفاف (पु.)ज़िफ़ाफ़
1. गौना 2. सुहाग रात
زقند (स्त्री.)ज़क़ंद
दे. 'زغند'
زک (स्त्री.)ज़क
1. लज्जा 2. पराजय, हार 3. हानि, टोटा
ذکاوت (स्त्री.)ज़कावत
कुशाग्र बुद्धि, तीक्ष्ण बुद्धि
ذکاوت حس (स्त्री.)ज़कावते-हिस
संवेदन की तीव्रता, संवेदना की सघनता
زکوٰة (स्त्री.)ज़कात
इस्लाम धर्म के मूल सिद्धन्तों में से एक, ढ़ाई प्रतिशत का धर्म दान
ذکی الحس (वि.)ज़कीउल-हिस
कुशाग्र बुद्धि
زلال (पु.)ज़ुलाल
स्वच्छ तथा शीतल जल
زلزلہ (पु.)ज़लज़ला
भूकंप, भूडोल, भूचाल
زلف (स्त्री.)ज़ुल्फ़
केशपाश, अलक, लट
زلف پریشاں (स्त्री.) ज़ुल्फ़े-परीशाँ
बिखरी हुई ज़ुल्फ़, बिखरे हुए बाल
زلف دراز (स्त्री.)ज़ुल्फ़े-दराज़
बालों की लंबी लट
زلیخا (स्त्री.)ज़ुलैख़ा
मिस्र के बादशाह की पत्नी जो हज़रत यूसुफ़ पर मुग्ध हो गई थी
زمام (स्त्री.)ज़माम
नकेल, बागडोर, लगाम
زمام حکومت (स्त्री.)ज़मामे-हुकूमत
शासन की बागडोर, शासन सूत्र
زمان (पु.)ज़मान
दे. 'زمانہ'
زماں (पु.)ज़माँ
दे. 'زمانہ'
زمانہ (पु.)ज़माना
समय, काल, युग 2. (भा.) काल
زمانہ ساز (वि.)ज़माना साज़
अवसरवादी, मौक़ा परस्त

زمانہ جاہلیت (पु.)ज़मानए-जाहिलीयत
इस्लाम से पूर्व का काल
زمانہ جدید (पु.)ज़मानए-जदीद
आधुनिक काल
زمانہ حال (पु.)ज़मानए-हाल
वर्तमान काल
زمانہ دراز (पु.)ज़मानए-दराज़
लम्बा समय, दीर्घ काल
زمانہ سلف (पु.)ज़मानए-सलफ़
प्राचीन काल, पुरातन काल, पुरखों का ज़माना
زمانہ قدیم (पु.)ज़मानए-क़दीम
प्राचीन काल, पुराना युग
زمانہ ماضی (पु.)ज़मानए-माज़ी
1. अतीत, गुज़रा या बीता हुआ ज़माना
2. (भा.) भूतकाल
زمانہ مطلق (पु.)ज़मानए-मुत्लक़
(भा.) सामान्य काल
زمانہ ناتمام (पु.)ज़मानए-नातमाम
(भा.) अपूर्ण काल
زمانی (वि.)ज़मानी
(भा.) काल सूचक
زمرد (पु.)ज़ुमुर्रुद
एक हरे रंग का रत्न, पन्ना
زمرہ (पु.)ज़ुमरा
1. जत्था, टोली, मण्डली 2. (ग.) कोटि
زمرہ بند اشتہار (पु.)ज़ुमराबंद इश्तिहार
(जन.) वर्गीकृत विज्ञापन
زمزم (पु.)ज़मज़म
मक्के का एक जल स्रोत जिसका पानी पवित्र समझा जाता है
زمزمہ (पु.)ज़म्ज़मा
गायन, गान, गीत, नग़्मा
زمزمہ پرداز (वि.)ज़म्ज़मा पर्दाज़
दे. 'زمزمہ خواں'
زمزمہ خواں (वि.)ज़म्ज़मा ख़्वाँ
गाने वाला, गायक
زمستاں (पु.)ज़मिस्ताँ
दे. 'زمستان'
زمستان (पु.)ज़मिस्तान
शीतकाल

زمن (पु.)ज़मन
1. संसार, जगत्, विश्व 2. काल, समय

زمہریر (पु.)ज़महरीर
कड़ा जाड़ा, कड़ी ठंड, सर्दी

زمین (स्त्री.)ज़मीन
पृथ्वी, भूमि, धरती, भूखंड, खेत

زمین دوز (वि.)ज़मीनदोज़
भूगर्भ, भूमिगत

زمین گیر (स्त्री.)ज़मीनगीर
(भौ.) भूसंपर्कित

زمیندار (पु.)ज़मींदार
ज़मीन का मालिक, भूस्वामी, भूमिपति, भूपति

زمینداری (स्त्री.)ज़मींदारी
1. काश्तकारी 2. पट्टेदारी, जागीरदारी

زمینی (वि.)ज़मीनी
1. पार्थिव, भूमिसंबंध 2. लौकिक

زمیں (पु.)ज़मीं
दे. 'زمین'

زن (स्त्री.)ज़न
1. स्त्री, जनि, नारी, योषित् 2. भार्या, पत्नी, बीवी

زن پرست (वि.)ज़न परस्त
स्त्री-पूजक, पत्नी भक्त

زن مرید (वि.)ज़न मुरीद
पत्नी-भक्त, जोरू का ग़ुलाम, भार्याजित, पत्नीव्रती

زنا (पु.)ज़िना
व्यभिचार

زنا بالجبر (पु.)ज़िना बिलजब्र
बलात्कार

زناکار (वि.)ज़िनाकार
व्यभिचारी, व्यभिचारिणी

زناکاری (स्त्री.)ज़िनाकारी
व्यभिचार, परगमन

زنّار (पु.)ज़ुन्नार
जनेऊ

زنّار بند (वि.)ज़ुन्नार बंद
जनेऊधारी

زنان خانہ (पु.)ज़नान खाना
अन्तःपुर, रनिवास

زنبور (स्त्री.)ज़ंबूर
1. छोटी तोप 2. बाण का फल 3. (प्राणि.) भिड़, बर्र 4. एक औज़ार का नाम 5. शहद की मक्खी

زنبور عسل (पु.)ज़ंबूरे-असल
शहद की मक्खी, मधु मक्खी

زنبورچی (पु.)ज़ंबूरची
तोपची

زنبیل (स्त्री.)ज़ंबील
झोली, पिटारा

زنجیر (स्त्री.)ज़ंजीर
शृंखला, सांकर, जंज़ीर, सीकड़

زنجیردار (वि.)ज़ंजीरदार
(वन.) शृंखलित

زنجیرہ (पु.)ज़ंजीरा
1. तरंग, मौज, लहर 2. एक प्रकार की सिलाई

زنجیری (वि.)ज़ंजीरी
1. बंदी, कैदी 2. पागल, दीवाना

زنخداں (स्त्री.)ज़नखूदाँ
चिबुक, ठुड्डी, ठोड़ी

زندانی (वि.)ज़िंदानी
कारावासी, कैदी, बंदी

زنداں (पु.)ज़िंदाँ
कारागार, कारागृह, कैदख़ाना

زنداں خانہ (पु.)ज़िंदाँख़ाना
दे. 'زنداں'

زندگانی (स्त्री.)ज़िंदगानी
दे. 'زندگی'

زندگی (स्त्री.)ज़िंदगी
जीवन, प्राण

زندگی بخش (वि.)ज़िंदगी बख़्श
प्राणदायक, जीवनदायी

زندہ (वि.)ज़िंदा
जीवित

زندہ باد (वाणि.)ज़िंदाबाद
चिरंजीव रहो, जीवित रहो

زندہ پیل (पु.)ज़ंदापील
बहुत बड़ा हाथी

زندہ درگور (वि.)ज़िंदा दरगोर
जिसका जीवन मुर्दों जैसा नीरस और व्यर्थ हो, जीवन्मृत

زندہ دل (वि.)ज़िंदा दिल
1. प्रफुल्ल, हँसमुख, प्रसन्न 2. साहसी

زندہ دلی (स्त्री.)ज़िंदा दिली
1. दिल्लगी 2. साहस

زندۂ جاوید (पु.)ज़िंदए-जावेद
अमर

زندیق (पु.)ज़िंदीक़
नास्तिक, अधर्मी

زنگ (पु.)ज़ंग
मोरचा, मैल

زنگ آلود (वि.)ज़ंग आलूद
मोरचा लगा हुआ, जंग लगा हुआ

زنگ آلودگی (स्त्री.)ज़ंग आलूदगी
मोरचा लग जाना, ज़ंग लग जाना

زنگ آلودہ (वि.)ज़ंग आलूदा
ज़ंग खाया हुआ, ज़ंग लगा हुआ

زنگ خوردہ (वि.)ज़ंग खुर्दा
दे. 'زنگ آلودہ'

زنگار (पु.)ज़ंगार
1. ज़ंग, मोरचा 2. ताम्बे का कसाव 3. नीला थोथा

زنگاری (वि.)ज़ंगारी
ज़ंग लगा हुआ

زنگولہ (पु.)ज़ंगोला
1. घंटा 2. घुँघरू 3. हरा रंग

زنگی (वि.)ज़ंगी
1. हब्शी, काला-कलूटा 2. तनज़ानिया (अफ्रीका का एक देश) का रहने वाला
3. लड़ाकू, झगड़ालू

زنہار (क्रि.वि.)ज़िनहार
1. कदापि, हरगिज़ 2. (स्त्री.) शरण, पनाह

زوال (पु.)ज़वाल
पतन, अवनति, ह्रास

زوال آمادہ (वि.)ज़वाल आमादा
पतनोन्मुख, पतनशील

زوال پذیر (वि.)ज़वाल पज़ीर
1. पतनशील 2. (इति.) ह्रासोन्मुख, क्षयोन्मुख

زوال پذیر مال (पु.)ज़वाल पज़ीर माल
(वाणि.) विकारीय माल, शीघ्रनाशी माल

زوج (पु.)ज़ौज
1. जोड़ा 2. पति और पत्नी में से कोई एक 3. (भौ.,रसा.) संयुग्मी

زوج قطر (पु.)ज़ौज कुत्र
(भौ.) संयुग्मी व्यास

زوجہ (स्त्री.)ज़ौजा
पत्नी, भार्या, अर्धांगिनी, गृहिणी

زوجۂ ثانی (स्त्री.)ज़ौजए-सानी
दूसरी ब्याहता पत्नी, दूसरी स्त्री

زوجی (वि.)ज़ौजी
(भौ.,रसा.) संयुग्मी

زوجی زاویہ (पु.)ज़ौजी ज़ाविया
(भौ.ग.) संयुग्मी कोण

زوجیت (स्त्री.)ज़ौजियत
पतित्व; स्त्रीत्व, पत्नीत्व

زوجین (पु.)ज़ौजैन
दम्पति, पति-पत्नी

زود (वि.)ज़ूद
शीघ्र, तुरंत, जल्दी

زود اثر (वि.)ज़ूद असर
शीघ्र प्रभावकारी

زود پشیماں (वि.)ज़ूद पशेमाँ
अपनी भूल पर बहुत जल्द पछताने वाला, शीघ्र लज्जित

زود رنج (वि.)ज़ूद रंज
आशुरोष

زود گو (वि.)ज़ूद गो
लिखाड़ (कवि)

زود گوئی (स्त्री.)ज़ूद गोई
अत्यधिक काव्य रचना

زود نویس (वि.)ज़ूद नवीस
1. जल्द लिखने वाला, त्वरालेखक
2. आशुलिपिक

زود نویسی (स्त्री.)ज़ूद नवीसी
आशुलिपि

زود ہضم (वि.)ज़ूद हज़्म
सुपाच्य

زور (पु.)ज़ोर
1. बल, शक्ति 2. वश

زورآزما (वि.)ज़ोर आज़मा
मल्ल, पहलवान

زہراب (पुं.)ज़हराब
विषाक्त पानी, विषैला पानी, ज़हरीला पानी
زہرہ (पु.)ज़हरा
पित्ता, पित्ताशय, पित्त
زُہرہ (स्त्री.)ज़ुहरा
1. शुक्र ग्रह 2. सुंदर स्त्री, सुंदरी
زُہرہ جبیں (वि.)ज़ुहरा जबीं
सुन्दरी, चंदमुखी, माहरू
زہریلا (वि.)ज़हरीला
विषाक्त, विषैला
زہے (वर्ण)ज़हे
वाह-वाह, शाबाश
زہے نصیب (वि.)ज़हे-नसीब
सौभाग्य
زیادتی (स्त्री.)ज़ियादती
1. बहुतायत, अधिकता 2. अत्याचार
زیادہ (वि.)ज़ियादा
1. अधिक, प्रचुर 2. अतिरिक्त, फ़ालतू
زیادہ تر (क्रि.वि.)ज़ियादातर
अधिकतर, बहुधा, अक्सर
زیادہ گو (वि.)ज़ियादा गो
मुखर, वाचाल, गप्पी, फ़ुज़ूल बकने वाला
زیادہ گوئی (स्त्री.)ज़ियादा गोई
वाचालता, गप्पें हाँकना
زیارت (स्त्री.)ज़ियारत
1. दर्शन, दीदार 2. तीर्थाटन, किसी बुज़ुर्ग के मज़ार आदि का दर्शन
زیارت گاہ (स्त्री.)ज़ियारत गाह
तीर्थस्थान, पवित्र स्थल
زیاں (पु.)ज़ियाँ
हानि, अनिष्ट, घाटा
زیاں کار (वि.)ज़ियाँकार
हानिकारक, कदाचारी, घातक
زیاں کاری (स्त्री.)ज़ियाँकारी
घाटा, हानि, टोटा
زیب (स्त्री.)ज़ेब
1. सुपात्र, योग्य 2. सुंदर, मनोरम
زیب و زینت (स्त्री.)ज़ेबो ज़ीनत
बनाव सिंगार, वेशभूषा, शृंगार और सजावट
زیبائش (स्त्री.)ज़ेबाइश
सज्जा, सजावट

زورآزمائی (स्त्री.)ज़ोर आज़्माई
शक्ति-परीक्षा
زورآور (वि.)ज़ोर आवर
शक्तिशली, बलवान
زورآوری (स्त्री.)ज़ोर आवरी
शक्ति, बल
زورشور (पु.)ज़ोरशोर
1. धूमधाम 2. तीव्रता, तेज़ी 3. उत्साह
زوردار (वि.)ज़ोरदार
1. शक्तिशाली, ताक़तवर, प्रचंड
2. जोशीला, आवेगपूर्ण
زورمند (वि.)ज़ोरमंद
शक्तिशाली
زورمندی (स्त्री.)ज़ोरमंदी
शक्तिबल
زہ (स्त्री.)ज़िह
1. धनुष का कनारा, चिल्ला 2. जनन 3. फ़ीता
زہ گیر (स्त्री.)ज़िह गीर
(प्राणि.) अंगुलित्राण, अंगुलि कवच
زُہد (पु.)ज़ुहद
इंद्रिय-निग्रह, संयम
زہر (पु.)ज़हर
विष, ज़हर
زہرآلود (वि.)ज़हर आलूद
विषाक्त, विषकृत
زہرآلودہ (वि.)ज़हर आलूदा
दे. زہرآلود
زہرخند (पु.)ज़हर ख़ंद
व्यंगात्मक हँसी, खिसयानी हँसी
زہرِ قاتل (पुं.)ज़हरे क़ातिल
प्राणघातक विष
زہرمہرہ (पुं.)ज़हर मोहरा
एक प्रकार का पत्थर जो विष को चूस लेता है, विष्मार, विषहारी
زہرنوش (वि.)ज़हर नोश
विषपायी
زہرِ ہلاہل (पु.)ज़हरे हलाहिल
दे. زہرِ قاتل
زہرا (स्त्री.)ज़हरा
1. हज़रत फ़ातिमा की उपाधि
2. (वि.) चमकीला, रौशन

**زیبائی** (स्त्री.)ज़ेबाई
सज्जा, सजावट, सुंदरता

**زیر** (पु.)ज़ेर
1. नीचे 2. अधीन 3. कमज़ोर, घटिया, निम्न
4. (पु.) उर्दू लिपि में 'इ' का स्वर चिह्न ( ِ )

**زیرِ آب** (वि.)ज़ेरे-आब
पानी के नीचे, पानी के भीतर, जलमग्न

**زیرِ آسماں** (वि.)ज़ेरे-आस्माँ
आकाश के नीचे, गगन तले

**زیرِ اثر** (वि.)ज़ेरे-असर
प्रभावाधीन

**زیرِ استعمال** (वि.)ज़ेरे-इस्तेमाल
औषधि प्रयोग

**زیرِ بار** (वि.)ज़ेरे-बार
1. ऋणी, कर्ज़दार 2. आभारी, एहसानमंद

**زیرباری** (स्त्री.)ज़ेरबारी
1. ऋण भार 2. कृतज्ञता

**زیرپوش** (वि.)ज़ेर पोश
(वन.) अधः प्रावरक

**زیرِ تالیف** (वि.)ज़ेरे-तालीफ़
संपादनाधीन

**زیرِ تجویز** (वि.)ज़ेरे-तज्वीज़
विचाराधीन, निर्णयाधीन

**زیرِ تصنیف** (वि.)ज़ेरे-तस्नीफ़
लेखानाधीन

**زیرِ تعمیر** (वि.)ज़ेरे-तामीर
निर्माणाधीन

**زیرِ حکومت** (वि.)ज़ेरे-हुकूमत
शासनाधीन

**زیرِ خاک** (वि.)ज़ेरे-ख़ाक
ज़मीन के नीचे

**زیرِ دست** (वि.)ज़ेरे-दस्त
अधीन, असहाय

**زیرِ غور** (वि.)ज़ेरे-ग़ौर
विचाराधीन

**زیرِ قدم** (वि.)ज़ेरे-क़दम
पाँव के नीचे

**زیرِ لب** (वि.)ज़ेरे-लब
ओठों में, वह बात जो ओठों ओठों में हो

**زیرِ مشق** (वि.)ज़ेरे-मश्क़
1. वह चमड़ा जिसे लिखने का अभ्यास करते समय कागज़ के नीचे रख लेते हैं 2. हाथ पर चढ़ा हुआ

**زیرِ نگیں** (वि.)ज़ेरे-नगीं
शासनाधीन (देश या प्रदेश)

**زیروبم** (पु.)ज़ेरो-बम
स्वर का उतार-चढ़ाव

**زیروزبر** (वि.)ज़ेरो-ज़बर
उथल-पुथल, अस्त-व्यस्त, ऊपर-नीचे

**زیرک** (वि.)ज़ीरक
1. चतुर, होशयार 2. प्रवीण, प्रतिभाशाली

**زیرہ** (पु.)ज़ीरा
1. ज़ीरा (एक प्रकार का मसाला) 2. पुष्प पराग

**زیرہ دار** (वि.)ज़ीरा दार
(वन.) पुंमणु

**زیرۂ سفید** (पु.)ज़ीरए-सफ़ेद
सफ़ेद ज़ीरा

**زیرۂ سیاہ** (पु.)ज़ीरए-सियाह
काला ज़ीरा

**زیریں** (वि.)ज़ेरीं
निचला, नीचे का, तलीय

**زیرِ حراست** (वि.)ज़ेरे-हिरासत
गिरफ़्तार

**زیرِ نظر** (वि.)ज़ेरे-नज़र
विचाराधीन

**زیست** (स्त्री.)ज़ीस्त
जीवन, ज़िंदगी

**زین** (पु.)ज़ीन
घोड़े की काठी

**زین پوش** (पु.)ज़ीनपोश
ज़ीन (काठी) पर डाला जाने वाला वस्त्र

**زینب** (स्त्री.)ज़ैनब
हज़रत इमाम हुसैन की बहन का नाम

**زینت** (स्त्री.)ज़ीनत
1. शृंगार, सज्जा, सजावट 2. शोभा

**زینتِ بزم** (स्त्री.)ज़ीनते-बज़्म
सभा को सुशोभित करने वाला, महफ़िल की जान

**زینتِ محفل** (स्त्री.)ज़ीनते-महफ़िल
दे. 'زینتِ بزم'

**زینتی مال** (पु.)ज़ीनती माल
(वाणि.) अनूठी वस्तुएँ

**زینہ** (पु.)ज़ीना
सीढ़ी, सोपान

**زیور** (पु.)ज़ेवर
आभूषण, गहना

زیورات (पु.)ज़ेवरात
'زیور' का बहुवचन, गहने

## ژ

ژاژ (पु.)झ़ाझ़
1. एक प्रकार की काँटेदार झाड़ी
2. बकवास, निरर्थक कथन

ژالہ (पु.)झ़ाला
ओला, पत्थर, हिमोपल

ژالہ باری (स्त्री.)झ़ाला बारी
ओले गिरना, ओले की वर्षा, वज्रपात

ژولیدگی (स्त्री.)झ़ोलीदगी
उलझाव, परेशानी, बिखराव

ژولیدہ (वि.)झ़ोलीदा
उलझा हुआ, अस्तव्यस्त

ژولیدہ مو (वि.)झ़ोलीदा मू
उलझे हुए बालों वाला, अस्त-व्यस्तकेश

ژولیدہ حال (वि.)झ़ौलिदा हाल
दुर्दशाग्रस्त, बदहाल, संतप्त

## س

سابق (वि.)साबिक़
भूतपूर्व

سابق الذکر (वि.)साबिक़ुज़्ज़िक्र
पूर्वकथित, पूर्वोक्त, पहले कहा हुआ

سابق المذکور (वि.)साबिक़ुल मज़्कूर
दे. 'سابق الذکر'

سابقہ (पु.)साबिक़ा
1. पूर्व, भूतपूर्व 2. (भा.) उपसर्ग

ساچق (स्त्री.)साचिक़
साचक, विवाह से एक दिन पहले की रस्म जिसमें दूल्हा के घर से मेंहदी, सुहाग पुड़ा, तेल-इत्र, मेवा-मिस्री आदि कुछ नातेदारों के साथ दुल्हन के घर जाता है

ساحر (पु.)साहिर
जादूगर

ساحرہ (स्त्री.)साहिरा
जादूगरनी

ساحری (स्त्री.)साहिरी
जादूगरी

ساحل (पु.)साहिल
तट, किनारा

ساحلی (वि.)साहिली
तटवर्ती, तटीय

ساخت (स्त्री.)साख़्त
1. संरचना, बनावट 2. निर्माण, उत्पादन

ساختہ (वि.)साख़्ता
1. बनाया हुआ, निर्मित 2. कृत्रिमी, गढ़ा हुआ

ساختہ پرداختہ (वि.)साख़्ता परदाख़्ता
बनाया-सँवारा, पाला-पोसा

ساختہ رو (वि.)साख़्ता रू
1. लज्जा से मुँह बनाये हुए 2. मुँह को पाउडर और लिपिस्टिक आदि से सँवारे हुए

ساختہ یادداشت (स्त्री.)साख़्ता याददाश्त
(कंप्यू.) आभासी स्मृति

سادات (पु.)सादात
'سید' का बहु., श्रेष्ठ जन, बुज़ुर्ग लोग, सय्यद ख़ानदान के लोग

سادگی (स्त्री.)सादगी
1. भोलापन, सरलता, सीधापन 2. चटक-मटक से रहित 3. रंगहीन 4. निश्छलता

سادہ (वि.)सादा
1. कोरा, बेदाग़ 2. भोला-भाला, सीधा 3. बेदाढ़ी मूंछ का 4. निर्मल, ख़ालिस, निश्छल 5. सरल

سادہ پرکار (वि.)सादा पुरकार
ऊपर से सीधा-साधा हो मगर भीतर से चतुर स्वभाव का

سادہ دل (वि.)सादा दिल
1. निश्छल, निष्कपट, साफ़ दिलवाला, भोला-भाला 2. बुद्धू, मूर्ख

سادہ دلی (स्त्री.)सादा दिली
1. निश्छलता, साफ़दिली, भोला भालापन 2. बुद्धूपनब

**سادہ طبع** (वि.)सादा तब्अ़
1. सरलस्वभाव, भोला-भाला, सीधा-सादा 2. बुद्धू, मूर्ख

**سادہ کار** (पु.)सादाकार
ज़ेवरों पर बहुत बारीक काम बनाने वाला सुनार, वह सुनार जो निहायत शुद्ध और नफ़ीस नक़्श बनाए

**سادہ کاری** (स्त्री.)सादाकारी
सोने का काम, ज़ेवरों पर बहुत सूक्ष्म और बारीक काम बनाना

**سادہ لوح** (वि.)सादा लौह
1. भोला-भाला, निश्छल 2. बुद्धू, मूर्ख

**سادہ لوحی** (स्त्री.)सादालौही
1. भोलापन 2. बुद्धूपन

**سادیت** (स्त्री.)सादियत
(मनो.) सादीयता, परपीड़न-रति

**سار** (पु.)सार
1. एक चिड़िया 2. उष्ट्र, ऊँट 3. (प्रत्य.) वाला, जैसे- 'شرمسار' (शर्मसार) लज्जित

**ساربان** (वि.)सारबान
ऊँट वाला, उष्ट्रपाल, सांडनी सवार

**سارق** (पु.)सारिक़
चोर, लुटेरा

**ساز** (पु.)साज़
1. बाजा, वाद्य 2. सामान 3. उपकरण

**ساز و سامان** (पु.)साज़ो-सामान
1. सामान, माल-असबाब, किसी काम की ज़रूरी सामग्री सामान की तैयारी 2. (प्रशा.) उपकरण

**ساز باز** (स्त्री.)साज़बाज़
1. षड्यंत्र, साज़िश 2. गठजोड़ 3. ताम-झाम

**سازش** (स्त्री.)साज़िश
कुचक्र, षड्यंत्र

**سازشی** (वि.)साज़िशी
कुचक्री, षड्यंत्री, साज़िश करने वाला

**سازگار** (वि.)साज़गार
अनुकूल

**سازندہ** (पु.)साज़िंदा
वादक

**ساز و برگ** (पु.)साज़ो-बर्ग
दे. 'ساز و سامان'

**ساعت** (स्त्री.)साअ़त
घड़ी, क्षण, पल

**ساعتِ بد** (स्त्री.)साअ़ते-बद
बुरा समय, अशुभ घड़ी

**ساعتِ سعید** (स्त्री.)साअ़ते-सईद
दे. 'ساعتِ نیک'

**ساعتِ منحوس** (स्त्री.)साअ़ते-मनहूस
दे. 'ساعتِ بد'

**ساعتِ نحس** (स्त्री.)साअ़ते-नहस
दे. 'ساعتِ بد'

**ساعتِ نیک** (स्त्री.)साअ़ते-नेक
शुभ घड़ी, अच्छी घड़ी, शुभ मूहूर्त, जिसमें कोई काम करना लाभकर हो

**ساعتی** (वि.)साअ़ती
(भौ.) तात्क्षणिक, तात्कालिक

**ساعتی تواتر** (पु.)साअ़ती तवातुर
(भौ.) तात्क्षणिक आवृति

**ساعد** (स्त्री.)साइद
कलाई

**ساعی** (पु.)साई
1. सचेष्ट 2. प्रयत्नशील 3. दौड़ने वाला, धावक

**ساغر** (पु.)साग़र
शराब का प्याला, चषक, मदिरा पात्र

**ساغر بدست** (वि.)साग़र ब दस्त
दे. 'ساغر بکف'

**ساغر بکف** (वि.)साग़र ब कफ़
हाथ में शराब का पैमाना लिए हुए

**ساق** (स्त्री.)साक़
1. पिंडली 2. (ग.) पार्श्व, पक्ष

**ساق بردار** (वि.)साक़ बरदार
(वन.) स्तंभधारी

**ساقِ بلوریں** (स्त्री.)साक़े-बिल्लूरीं
बिल्लूर जैसी सफ़ेद और उज्ज्वल पिंडलियाँ

**ساقِ سیمیں** (स्त्री.)साक़े-सीमीं
चाँदी जैसी सफ़ेद और चमकदार पिंडलियाँ

**ساق گلی** (वि.)साक़ गुली
(वन.) स्तंभपुष्पी

**ساقط** (वि.)साक़ित
1. अस्वीकृत, रद्द 2. गिरा हुआ, पतित 3. निकम्मा

ساقط الاعتبار (वि.)साक़ितुल-ए'तिबार
जो विश्वास योग्य न हो, अविश्वसनीय

ساقط الملکیت (स्त्री.)साक़ितुल-मिल्कियत
जिस पर अधिकार न हो

ساقی (पु.)साक़ी
शराब पिलाने वाला

ساکت (वि.)साकित
मौन, गतिहीन, निश्चल

ساکت وصامت (वि.)साकितो-सामित
जड़वत्, निस्तब्ध, जो न बोले न हिले-डुले

ساکت سرمایہ (पु.)साकित सर्माया
(वाणि.) निष्क्रिय पूँजी

ساکت معیشت (स्त्री.)साकित मईशत
(अर्थ.) स्थैतिक अर्थव्यवस्था

ساکن (वि.)साकिन
1. स्थिर 2. निवासी, रहने वाला, बाशिंदा
3. किसी शब्द का वह अक्षर जो हल् हो
4. (भा.) अनुच्चरित

ساکن الآخر (वि.)साकिनुल-आख़िर
वह शब्द जिसका अंतिम अक्षर हल् हो

ساکن الاوسط (वि.)साकिनुल-औसत
वह शब्द जिसका बीच वाला अक्षर हल् हो

ساکن الاول (वि.)साकिनुल अव्वल
वह शब्द जिसका पहला अक्षर हल् हो

ساگودانہ (पु.)सागूदाना
साबूदाना

سال (पु.)साल
1. वर्ष, संवत् 2. एक प्रकार की लकड़ी जो बहुत मज़बूत होती है, साल

سال آئندہ (पु.)साले आइंदा
आगामी वर्ष, आने वाला साल, अगला साल

سال بکری (पु.)साले बिक्रमी
राजा विक्रमादित्य का चलाया हुआ संवत् जो भारत का मुख्य संवत्सर है

سال پیوستہ (पु.)साले-पैवस्ता
पिछला वर्ष

سال تمام (पु.)साले तमाम
अंतिम वर्ष, अख़ीर साल

سال خوردہ (वि.)साल ख़ुर्दा
1. वयोवृद्ध, जरत्, बूढ़ा 2. पुराना

سال رواں (पु.)साले-रवाँ
चालू साल, वर्तमान वर्ष, वह साल जो इस समय चल रहा है

سال شمسی (पु.)साले-शम्सी
सौर वर्ष, सौर संवत्सर

سال عیسوی (पु.)साले-ईसवी
हज़रत ईसा मसीह की मृत्यु से आरंभ होने वाला संवत्सर

سال فصلی (पु.)साले-फ़स्ली
किसानों का साल जिसके हिसाब से वह लगान देते हैं

سال قمری (पु.)साले-क़मरी
चंद्र वर्ष, चंद्र संवत्सर

سال گرہ (स्त्री.)साल गिरह
वर्षगाँठ

سال گذشتہ (पु.)साले-गुज़श्ता
गत वर्ष, बीता हुआ साल

سال نبوی (पु.)साले-नबवी
दे. 'سال ہجری'

سال وماہ (पु.)सालो-माह
वर्ष और महीने

سال ہجری (पु.)साले-हिजरी
हिजरी संवत् (पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब के मक्का छोड़कर मदीना जाने की तिथि से शुरू होने वाला संवत्)

سالار (पु.)सालार
1. सेनापति, सिपहसालार 2. अध्यक्ष, नायक, सरदार

سالار جنگ (पु.)सालारे-जंग
सेनापति, फ़ौज का सरदार

سالار قافلہ (पु.)सालारे-क़ाफ़िला
क़ाफ़िले अर्थात् यात्रीदल का मुखिया

سالار قوم (पु.)सालारे-क़ौम
1. राष्ट्र नेता, राज नेता, मुल्क का लीडर
2. किसी जाति-विशेष का नेता

سالار کارواں (पु.)सालारे कारवाँ
दे. 'سالار قافلہ'

سالانہ (वि.)सालाना
वार्षिक

سالانہ انتظامی رپورٹ (स्त्री.)सालाना इंतिज़ामी रिपोर्ट
(प्रशा.) वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट

سالانہ حساب (पु.)सालाना हिसाब
(वाणि.,प्रशा.) वार्षिक लेखा-जोखा
سالانہ مالی جائزہ (पु.)सालाना माली जाइज़ा
(वाणि.) वार्षिक आर्थिक आकलन
سالانہ مالی گوشوارہ (पु.)सालाना माली गोश्वारा
(वाणि.) वार्षिक आर्थिक विवरण
سالک (वि.)सालिक
1. पथिक, बटोही, राहगीर 2. वह व्यक्ति जो गृहस्थ आश्रम में रहते हुए बहुत बड़ा साधक हो
سالم (वि.)सालिम
1. संपूर्ण, समग्र, समूचा, पूरा 2. स्वस्थ, तंदुरुस्त 3. सुरक्षित, महफ़ूज़ 4. यथावत, ज्यों का त्यों
سالمیت (स्त्री.)सालमियत
1. अखंडता 2. सुरक्षा
سالنامہ (पु.)सालनामा
वार्षिकी, वार्षिक पत्रिका, वह विशेषांक पत्रिका जो वर्ष में एक बार निकाले
سالوس (वि.)सालूस
1. चापलूस, चाटुकार, ख़ुशामदी 2. छली, वंचक, मक्कार
سالی (स्त्री.)साली
पत्नी की बहन, साली
سالیانہ (वि.)सालियाना
1. (पु.) वार्षिकी 2. वार्षिक, सालाना 3. (पु.) वह हक़ या इनाम जो प्रतिवर्ष दिया जाता हो
سام (पु.)साम
1. शोथ, वरम, सूजन 2. पीड़ा, दर्द 3. अग्नि, आग 4. रुस्तम के बाप का नाम 5. हनन 6. (स्त्री.) मृत्यु, मौत
سامان (पु.)सामान
1. सामग्री 2. उपकरण
سامان خانہ داری (पु.)सामाने-ख़ानादारी
घर गृहस्थी का सामान, गृहोपकरण
سامان خورونوش (फ़ा.,पु.)सामाने-ख़ुर्दो-नोश
खाने-पीने की वस्तुएँ, खाद्य सामग्री
سامان زینت (पु.)सामाने-ज़ीनत
सजावट का सामान, प्रसाधन
سامان عیش (पु.)सामाने-ऐश
सुख और भोग-विलास की सामग्री, उपभोग, सुख-सामग्री

سامری (पु.)सामिरी
'सामिरा' नगर का रहने वाला एक जादूगर जिसने हज़रत मूसा के युग में गाय की पूजा प्रचलित की
سامع (वि.)सामे
सुनने वाला, श्रोता
سامعہ (वि.)सामिआ
श्रवण-शक्ति
سامعہ خراش (वि.)सामिआ ख़राश
जो बात कानों को अप्रिय लगे, कर्णकटु
سامعہ نواز (वि.)सामिआ नवाज़
श्रुतप्रिय, कर्णप्रिय, कर्ण-सुखद, जो बात कानों को अच्छी लगे
سامعین (पु.)सामिईन
श्रोतागण, श्रोतृमंडली, सुनने वाले
سامی (वि.)सामी
1. उच्च, उत्तुंग, बुलंद, ऊँचा 2. श्रेष्ठ, पूज्य, बुज़ुर्ग
سان (पु.)सान
चाकू या छुरी आदि पर धार देने का पत्थर, शाण
سانحہ (पु.)सानिहा
दुर्घटना, आपत्ति
سانحۂ ارتحال (पु.)सानिहए-इर्तिहाल
मृत्यु की दुर्घटना
سائبان (पु.)सायबान
मकान का छज्जा, छाजन, छप्पर आदि जो धूप में छाँव दे
سائیس (पु.)साईस
घोड़े का रखवाला
سائل (पु.)साएल
1. सवाल करने वाला, पूछने वाला
2. भिक्षुक, भिखारी, भिखमंगा 3. निवेदक, प्रार्थी, दरख़्वास्त देने वाला, उम्मीदवार
سائن کا قانون (पु.)साइन का क़ानून
(ग.) ज्या नियम
سائنس (स्त्री.)साइंस
विज्ञान
سایہ (पु.)साया
1. छाया, परछाई, प्रतिबिम्ब, अक्स 2. प्रेतबाधा आसेब 3. आश्रय, शरण 4. प्रभाव, असर

سایہ افگن (वि.)साया अफ़गन
1. छाया डालनेवाला 2. रक्षा और कृपा करने वाला

سایہ دار (वि.)सायादार
छायादार

سایۂ عاطفت (पु.)सायए आतिफ़त
अनुकंपा और दया की छाँव अर्थात् कृपा और दया

سایہ فگن (वि.)सायाफ़िगन
दे. 'سایہ افگن'

سایہ کاری (स्त्री.)सायाकारी
(कंप्यू.) छायांकन

سایہ گستر (वि.)सायागुस्तर
दे. 'سایہ افگن'

سبب (पु.)सबब
कारण, हेतु

سببی (वि.)सबबी
(भा.) प्रेरणार्थक

سببی حالت (स्त्री.)सबबी हालत
(भा.) प्रेरणार्थक कारक

سبحہ (स्त्री.)सुबहा
माला, मनका

سبحہ خوانی (स्त्री.)सुबहा ख़्वानी
तस्बीह पढ़ना, जप करना

سبحہ خواں (वि.)सुबहा ख़्वाँ
तस्बीह पढ़ने वाला, जप करने वाला, जापक

سبحہ گردانی (स्त्री.)सुबहा गर्दानी
तस्बीह फेरना, तस्बीह पढ़ना, माला फेरना, जप करना

سبد (स्त्री.)सबद
टोकरी, डलिया

سبدِ گل (स्त्री.)सबदे गुल
फूलों की टोकरी, माली की फूलों से भरी डलिया

سبز (वि.)सब्ज़
1. हरित, हरा 2. ताज़ा 3. कच्चा

سبز قدم (वि.)सब्ज़क़दम
अशुभचरण

سبزہ (पु.)सब्ज़ा
1. हरियाली, हरा पौधा, वनस्पति 2. एक प्रकार का पत्थर, पन्ना 3. भंग 4. स्त्रियों के कान का एक हरे रंग का गहना

سبزہ زار (पु.)सब्ज़ाज़ार
घास का मैदान, हरियाली, हरीतिमा

سبزی (स्त्री.)सब्ज़ी
1. हरापन, हरियाली 2. घास, शाक, सागपात 3. तरकारी

سبزی خور (वि.)सब्ज़ी ख़ोर
(वन.) शाकाहारी, शाकभक्षी

سبط (पु.)सिब्त
दौहित्र, दुहितासुत, नाती, नवासा, पुत्र अथवा पुत्री की संतान

سبطین (पु.)सिब्तैन
1. दोनों नाती 2. पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब के दोनों नवासे अर्थात इमाम हसन और इमाम हुसैन

سبع (वि.)सबा
सात

سبق (पु.)सबक़
1. पाठ, शिक्षा 2. सीख, नसीहत

سبق آموز (वि.)सबक़ आमोज़
उपदेशक

سبقت (पु.)सबक़त
1. किसी से आगे निकल जाना 2. प्राथमिकता

سبک (वि.)सबुक/सुबुक
1. हलका 2. अधम, नीच 3. तेज़, फुर्तीला

سبک رفتار (वि.)सबुक रफ़्तार
शीघ्रगति, आशुगामी

سبک رو (वि.)सबुक रौ
तीव्रगामी, शीघ्रगामी

سبک روی (स्त्री.)सबुक रवी
तेज रफ़्तारी, तेज़ चलना, शीघ्रगामी, तीव्रगामिता

سبک سر (वि.)सबुक सर
अधम, ओछा, लोफ़र

سبکتگیں (पु.)सुबुकतिगीं
सुल्तान महमूद के पिता का नाम

سبو (पु.)सुबू
घड़ा, मटका, सुराही

(पु.)सबूचा سبوچہ
ठिलिया

(पु.)सबील سبیل
1. मार्ग 2. उपाय 3. पियाऊ

(स्त्री.)सुपारी سپاری
सुपारी, डली, छालिया, कसैली

(स्त्री.)सिपास سپاس
1. धन्यवाद 2. शुक्रिया, गुणगान

(वि.)सिपासगुज़ार سپاس گزار
1. शुक्रगुज़ार 2. कृतज्ञ, एहसानमंद
3. स्तुति-पाठक, प्रशंसक

(स्त्री.)सिपासगुज़ारी سپاس گزاری
1. कृतज्ञता, शुक्रगुज़ारी 2. स्तुतिपाठ, प्रशंसा

(वि.)सिपासगो سپاس گو
दे. 'سپاس گزار'

(पु.)सिपासनामा سپاس نامہ
अभिनंदनपत्र, मानपत्र, प्रतिष्ठापत्र

(स्त्री.)सिपाह سپاہ
सेना, बल, फ़ौज

(पु.)सिपाह सालार سپاہ سالار
सेनापति, सेनाध्यक्ष

(स्त्री.)सिपाहगरी سپاہ گری
सैन्यशास्त्र, सिपाही का पेशा

(पु.)सिपाही سپاہی
1. फ़ौजी, सैनिक, फ़ौज का जवान
2. बहादुर और पराक्रमी व्यक्ति

(वि.)सिपाहियाना سپاہیانہ
सिपाहियों जैसा, वीरतापूर्ण, बहादुराना

(स्त्री.)सिपर سپر
ढाल, कवच

(वि.)सिपर अंदाज़ سپر انداز
पराजित

(स्त्री.)सिपरअंदाज़ी سپر اندازی
हार मान लेना

(वि.)सपुर्द سپرد
अर्पित, हवाले, सौंपना

(वि.)सपुर्द ख़ाक سپرد خاک
दफ़्न

(पु.)सपुर्दे-ख़ाना سپرد خانہ
मालघर

(स्त्री.)सपुर्दगी سپردگی
1. सौंप, हवालगी 2. हवालात, हिरासत, नज़रबंदी

(स्त्री.)सिपिस्ताँ سپستاں
लहसोड़ा, लसोड़ा

(पु.)सपंद/सिपंद سپند
काला दाना जो नज़र गुज़र उतारने के लिए जलाया जाता है

(पु.)सिपंदाँ سپنداں
दे. 'سپند'

(स्त्री.)सिपह سپہ
'سپاہ' का लघु., सेना, बल, फ़ौज

(पु.)सिपहदार سپہ دار
सेना नायक, फ़ौज का अफ़सर

(पु.)सिपहसालार سپہ سالار
सेनापति, सेनानी, सेनाध्यक्ष, कमांडर

(स्त्री.)सिपहसालारी سپہ سالاری
सेनापतित्व, सेनापति का पद

(स्त्री.)सिपहगरी سپہ گری
1. सिपाहीपन 2. फ़ौज की नौकरी 3. शूरता, बहादुरी

(पु.)सिप्हिर سپہر
आकाश, गगन, आसमान

(वि.)सपैद سپید
सफ़ेद, उजला, श्वेत

(पु.)सपैदा سپیدہ
सफ़ेदी, श्वेता, उजलापन

(पु.)सपैदए-सुबह سپیدۂ صبح
सवेरे की सफ़ेदी

(स्त्री.)सपैदी سپیدی
श्वेतता, शुभ्रता, सफ़ेदी

(पु.)सितार ستار
एक बाजा, तंत्री

(पु.)सितारा ستارہ
1. तारा, उडु, ग्रह 2. भाग्य, तक़्दीर

(वि.)सितारा शनास ستارہ شناس
ज्योतिषी, भविष्यवक्ता

(स्त्री.)सितारा शनासी ستارہ شناسی
जयोतिष विद्या

(स्त्री.)सिताइश ستائش
प्रशंसा, श्लाघा, तारीफ़

(पु.)सितम ستم
अत्याचार, अनीति, अंधेर

ستم دیدہ (वि.)सितम दीदा
पीड़ित, दुखित, सताया हुआ

ستم زدہ (वि.)सितम ज़दा
अत्याचारग्रस्त, पीड़ित

ستم ظریف (वि.)सितम ज़रीफ़
हँसी-हँसी में मारने वाला, हास्य के पर्दे में अत्याचार करने वाला

ستم ظریفی (स्त्री.)सितमज़रीफ़ी
हँसी की ओट में अत्याचार करना

ستم گر (वि.)सितमगर
1. सितम करने वाला, अत्याचारी
2. प्रेमिका, प्रेयसी

ستم گری (स्त्री.)सितमगरी
अत्याचार

ستون (पु.)सुतून
1. स्थूण, खंभा 2. स्तंभ, मीनार, लाट

ستونچہ (पु.)सुतूनचा
(वन.) स्तंभिका

ستونی فرمان (पु.)सुतूनी फ़र्मान
(इति.) स्तंभ-लेख

ستیز (पु.)सितीज़
1. युद्ध, जंग, लड़ाई, शत्रुता, दुश्मनी
2. प्रतिकूलता

ستیزہ (पु.)सितीज़ा
1. युद्ध, शत्रुता 2. लड़ाई झगड़ा

ستیزہ کار (वि.)सितीज़ाकार
लड़ाई झगड़ा करने वाला, झगड़ालू

سجاد (वि.)सज्जाद
सज्दे करने वाला, आराधक

سجادگی (स्त्री.)सज्जादगी
गद्दी नशीनी, सज्जादा नशीनी

سجادہ (पु.)सज्जादा
1. किसी बड़े फ़क़ीर की गद्दी 2. जा-नमाज़, मुसल्ला 3. आसन

سجادہ نشین (वि.)सज्जादा नशीन
गद्दी नशीन, जो किसी बड़े फ़क़ीर या महात्मा के बाद उसकी गद्दी ग्रहण करे, मठाधीश, मठ का कर्ता-धर्ता

سجادہ نشینی (स्त्री.)सज्जादा नशीनी
किसी बड़े फ़क़ीर या महात्मा के निधन पर उसकी गद्दी पर बैठने का कर्म

سجدہ (पु.)सज्दा
1. माथा टेकना, सर झुकाना 2. ज़मीन पर सर रखकर ईश्वर को प्रणाम करना
2. नमाज़ पढ़ते हुए सज्दे में जाना

سجدہ ریز (वि.)सज्दारेज़
दे. 'سجدہ گزار'

سجدہ ریزی (स्त्री.)सज्दारेज़ी
सज्दा करना, सज्दे में गिरना, नमाज़ पढ़ना

سجدہ گاہ (स्त्री.)सज्दागाह
सज्दे का स्थान

سجدہ گزار (वि.)सज्दा गुज़ार
सज्दा करने वाला, नमाज़ पढ़ने वाला

سجدہ گزاری (स्त्री.)सज्दा गुज़ारी
दे. 'سجدہ ریزی'

سجع (पु.)सजा
1. परिंदों की चहचहाहट, कबूतर की गुटर-गूँ 2. अलंकृत वाक्य, छंदोबद्ध पद्य

سجود (पु.)सुजूद
'سجدہ' का बहु. सर झुकाना, ईश्वर के आगे सर झुकाना, नमाज़ में सज्दा करना

سحاب (पु.)सहाब
बादल

سحر (स्त्री.)सहर
1. प्रातःकाल, प्रात, प्रभात, भोर, तड़का
2. सहरी

سحر (पु.)सिहर
जादू, अभिचार, चमत्कार, इंद्रजाल

سحر خیز (वि.)सहरख़ेज़
तड़के सोकर उठने वाला

سحر خیزی (स्त्री.)सहर ख़ेज़ी
तड़के उठने का अभ्यास, तड़के सोकर उठना

سحردم (पु.)सहरदम
सवेरे-सवेरे, बहुत तड़के, भोर के समय

سحرگاہ (स्त्री.)सहरगाह
बहुत तड़के, गजरदम, प्रातःकाल, भोर

سحرگاہی (स्त्री.)सहरगाही
सवेरे तड़के की, प्रातःकाल का, प्रातःकाल

سحرگہ (स्त्री.)सहरगह
'سحرگاہ' का लघु.

سحری (वि.)सहरी
1. प्रातःकाल का 2. (स्त्री.) रमज़ान के दिनों में भोर का खाना जिसे खाकर रोज़ा रखा जाता है, सहरी
سحر آمیز (वि.)सिहर आमेज़
1. आश्चर्यजनक, जादूमयी 2. मन मोहक, मनोरम
سحر انگیز (वि.)सिहरअंगेज़
जादुई, इंद्रजालिक
سحر انگیزی (स्त्री.)सिहरअंगेज़ी
इंद्रजालिकता
سحر بازی (स्त्री.)सिहरबाज़ी
जादूगरी, मायाकर्म
سحر بیان (वि.)सिहर बयान
जादू बयान, सुभाषी
سحر بیانی (स्त्री.)सिहरबयानी
दे. 'سحر کلامی'
سحر زدہ (वि.)सिहरज़दा
मंत्रमुग्ध
سحر سازی (स्त्री.)सिहरसाज़ी
सिह्रकारी, मायाकर्म
سحر سامری (पु.)सिहरे-सामिरी
मशहूर जादूगर सामरी का जादू
سحر طراز (वि.)सिहरतराज़
जादूगर, इंद्रजाली
سحر طرازی (स्त्री.)सिह्रतराज़ी
जादूगरी
سحر کار (वि.)सिहरकार
जादूगर, मायावी, इंद्रजाली, मायाकार
سحر کلامی (स्त्री.)सिहरकलामी
जादू बयानी
سخاوت (स्त्री.)सख़ावत
दानशीलता, दान धर्म
سخت (वि.)सख़्त
1. कठोर 2. तीव्र 3. कठिन, मुश्किल
سخت جاں (वि.)सख़्तजाँ
1. जिसके प्राण कठिनता से निकलें 2. मज़बूत दिल वाला, पत्थर दिल
سخت دل (वि.)सख़्त दिल
कठोर-हृदय, पत्थर दिल

سخت کلامی (स्त्री.)सख़्त कलामी
दुर्वचन, कठोर वार्ता
سخت گیر (वि.)सख़्तगीर
1. बड़ा कठोर, कड़क 2. सूक्ष्मदर्शी
سخت گیری (स्त्री.)सख़्तगीरी
1. कठोरता 2. सूक्ष्मदर्शता
سختی (स्त्री.)सख़्ती
1. कठोरता, कड़ापन 2. कठिनता, कठिनाई, मुश्किल 3. निर्दयता, बेरहमी 4. तेज़ी, तीव्रता, शिद्दत 5. कष्ट, परेशानी 6. आपदा, विपदा
سختی کش (वि.)सख़्तीकश
मुसीबतें झेलने वाला, विपत्तियों में जीवन व्यतीत करने वाला, कष्टमय जीवन जीने वाला
سخن (पु.)सुख़न/सख़ुन/सुख़ुन
1. वार्ता, बातचीत, कथन 2. काव्य
سخن آرائی (स्त्री.)सुख़न आराई
काव्य-रचना, शाइरी
سخن پرداز (वि.)सुख़न पर्दाज़
कवि, शाइर
سخن پردازی (स्त्री.)सुख़न पर्दाज़ी
कविता, शाइरी
سخن تکیہ (पु.)सुख़न तकिया
वह शब्द या वाक्य जो किसी की ज़बान पर चढ़ जाए और बातों में उसका प्रयोग बार-बार करे, चाहे उसकी आवश्यकता हो या न हो
سخن تلخ (पु.)सुख़ने-तल्ख़
1. कड़वी बात 2. सच्ची और खरी बात 3. बदज़बानी, मुख-चपलता
سخن چینی (स्त्री.)सुख़न चीनी
लुतरापन
سخن چیں (वि.)सुख़नचीं
1. छिद्रांवेषी, चुगुलखोर 2. निंदक, लुतरा
سخن داں (पु.)सुख़नदाँ
1. कवि 2. काव्य-मर्मज्ञ, कविता का पारखी
سخن ساز (वि.)सुख़नसाज़
1. कवि, शाइर 2. छली, मक्कार
سخن سازی (स्त्री.)सुख़नसाज़ी
1. कविता, शाइरी 2. छल, फ़रेब
سخن طراز (वि.)सुख़न तराज़
कवि, शाइर

**سخن فہم** (वि.)सुख़न फ़ह्म
1. कविता का गुण दोष समझने वाला, काव्य-मर्मज्ञ 2. बात की तह को जाने वाला

**سخن فہمی** (स्त्री.)सुख़न फ़ह्मी
1. कविता का गुणदोष समझना, काव्य-मर्मज्ञता 2. बात की तह को पहुँचना

**سخن گرم** (पु.)सुख़ने-गर्म
1. जोश दिलाने वाली बात 2. गुस्से की बात, गुस्सा दिलाने वाली बात

**سخن گو** (वि.)सुख़न गो
कवि, शाइर

**سخن گوئی** (स्त्री.)सुख़न गोई
कविता, शाइरी

**سخن نواز** (वि.)सुख़न नवाज़
कवियों और शाइरों का आदर करने वाला, काव्यप्रेमी

**سخن ور** (वि.)सुख़नवर
कवि, शाइर

**سخی** (वि.)सख़ी
दानी, परोपकारी, कृपालु

**سدِ باب** (पु.)सद्दे-बाब
रोक, निषेध, निवारण

**سدِ راہ** (स्त्री.)सद्दे-राह
1. रास्ते की रोक, गली या रास्ते के बीच का पत्थर जो रास्ता रोक देता है 2. काम में रुकावट डालने वाला, बाधक

**سدِ سکندر** (स्त्री.)सद्दे-सिकंदर
सिकंदर बादशाह की बनाई हुई बहुत बड़ी, चौड़ी एवं मज़बूत दीवार

**سدرہ** (पु.)सिद्रा
सातवें आसमान पर मौजूद एक बेर का पेड़

**سدرۃ المنتہیٰ** (पु.)सिद्रतुल-मुंतहा
सातवें आसमान पर मौजूद एक बेर का पेड़ जहाँ जिब्रील के अलावा कोई नहीं जा सकता

**سر** (पु.)सर
1. सिर 2. (उप.) श्रेष्ठता, उच्चता, सिरा, आदि

**سرّ** (पु.)सिर
भेद, रहस्य

**سرانجام** (पु.)सर अंजाम
1. प्रबंध 2. परिणाम 3. पूर्ण संपन्न

**سرباز** (वि.)सरबाज़
1. योद्धा, सैनिक 2. नंगे सिर, खुले सिर 3. खुला, बिना ढक्कान का

**سربازار** (पु.)सरे-बाज़ार
1. बीच बाज़ार में 2. सबके सामने, खुल्लमखुल्ला

**سربام** (वि.)सरे-बाम
कोठे पर

**سرور** (वि.)सरवर
दे. سربلند

**سربراہ** (वि.)सरबराह
अगुआ, मुखिया, नेता

**سربراہی** (स्त्री.)सरबराही
अगुआई, नेतृत्व

**سربستہ** (वि.)सर बस्ता
1. मुँहबंद 2. गुप्त, गोपनीय

**سربلند** (वि.)सर बुलंद
1. ऊँचा 2. प्रतिष्ठित

**سربلندی** (स्त्री.)सरबुलंदी
1. प्रतिष्ठा 2. ऊँचाई

**سربزانو** (वि.)सर ब ज़ानू
1. घुटनों में सर डाले हुए 2. उदास, चिंतित

**سربسر** (वि.)सर ब सर
एक सिरे से दूसरे सिरे तक, पूर्णतः, कुल, सब, आद्यांत, आद्योपांत, नितांत

**سربمہر** (वि.)सर ब मुह्र
सीलबंद, बंद करके मुहर लगाया हुआ

**سرتاسر** (वि.)सर ता सर
आदि से अंत तक, आद्यांत, आद्योपांत

**سرتاپا** (क्रि.वि.)सर ता पा
आपादमस्तक, सिर से पाँव तक, आरम्भ से अंत तक

**سرخط** (पु.)सर ख़त
1. वेतन आदि के हिसाब का काग़ज़ 2. क़बाला 3. स्टाम्प

**سردست** (क्रि.वि.)सरे-दस्त
अभी, इस समय, फ़िलहाल

**سرراہ** (क्रि.वि.)सरे-राह
रास्ते में, रास्ता चलते हुए, सबके सामने

**سرراہگذر** (पु.)सरे-रहगुज़र
दे. سرراہ

**سرزد** (वि.)सर ज़द
घटित, वाक़े

سرشام (पु.)सरे-शाम
डूबते सूरज का समय, संध्यामुख

سرنوشت (स्त्री.)सर नविश्त
1. भाग्यलेख, तक़दीर का लिखा, ललाटरेख
2. वृत्तांत, हाल

سرورق (पु.)सर वरक़
आवरण

سرا (पु.)सिरा
किनारा, तट, छोर

سراب (पु.)सराब
1. मरीचिका, मृगजल, मृगतृष्णा 2. धोखा

سراپا (पु.)सरापा
आपादमस्तक

سراپاخلوص (वि.)सरापा ख़ुलूस
पूर्णतः सरल प्रकृति का व्यक्ति निश्छल

سراپانیاز (वि.)सरापानियाज़
पूर्णतया विनम्र

سراج (पु.)सिराज
1. दीपक, चिराग़ 2. सूरज, सूर्य

سراسر (क्रि.वि.)सरासर
नितांत, बिल्कुल

سراسیمگی (स्त्री.)सरासीमगी
आतुरता, उद्विग्नता, व्याकुलता, परेशानी, हैरानी, बदहवासी

سراسیمہ (वि.)सरासीमा
उद्विग्न, आतुर, व्याकुल, परेशान, बदहवास, घबराया हुआ

سُراغ (पु.)सुराग़
1. पाँव का चिह्न 2. खोज, तलाश 3. पता, निशान, ठिकाना

سُراغ رسانی (स्त्री.)सुराग़ रसानी
खोज लगाना, तलाश करना, गुप्तचर्या, जासूसी

سُراغ رساں (वि.)सुराग़ रसाँ
1. खोज लगाने वाला, खोजी 2. गुप्तचर, जासूस

سرائے (स्त्री.)सराय
विश्रामालय, ठिकाना

سرائے فانی (स्त्री.)सराए-फ़ानी
मृत्युलोक, मर्त्यलोक, नश्वर जगत

سرایت کرنا (क्रि.)सरायत करना
प्रवेश कर जाना, समा जाना

سربرآوردہ (वि.)सरबरावर्दा
प्रतिष्ठित और सम्मानित व्यक्ति, बड़ा आदमी, मुखिया

سربزم (पु.)सरे-बज़्म
भारी सभा में, सबके सामने

سربند (पु.)सरबंद
दे. سربستہ

سربگریباں (वि.)सर ब गिरीबाँ
लज्जित, शर्मिंदा

سرپرست (पु.)सर परस्त
अभिभावक, संरक्षक

سرپرستی (स्त्री.)सर परस्ती
1. पालन-पोषण 2. देख-रेख, संरक्षण, अभिभावकता

سرپوش (पु.)सरपोश
ढक्कन, ढकनी, ढकना

سرتابی (स्त्री.)सर ताबी
अवज्ञा, उदंडता, सरकशी, विद्रोह

سرتاج (वि.)सरताज
1. शिरोमणि 2. पति, शौहर 3. स्वामी, मालिक 4. नायक, सरदार

سرچشمہ (पु.)सरचश्मा
स्रोत, उद्गम

سرحد (स्त्री.)सरहद
सीमा, सीमान्त

سرحدی (स्त्री.)सरहदी
सरहद का, सरहद के पास का, सीमांत का निवासी, सीमावर्ती

سرحدی تنازعہ (पु.)सरहदी तनाज़आ
(राज.) सीमा विवाद

سُرخ (वि.)सुर्ख़
लाल, अरुण

سُرخ رو (वि.)सुर्ख़ रू
सफल, विजयी

سُرخ روئی (स्त्री.)सुर्ख़ रूई
सफलता, कामयाबी

سُرخاب (पु.)सुर्ख़ाब
एक जलपक्षी जिसके लिए प्रसिद्ध है कि इसका जोड़ा दिन भर साथ साथ रहता है और रात में जुदा हो जाता है, चकवा

سُرخی (स्त्री.)सुर्ख़ी
1. लालिमा, लाली 2. ईंट का चूर्ण
3. शीर्षक, सुर्ख़ी

سرخیل (पु.)सरख़ैल
सरदार, नायक

سرد (वि.)सर्द
1. शीतल, ठंडा 2. मंद, धीमा 3. निःश्री 4. बेरौनक़ 5. नपुंसक

سردابہ (पु.)सर्दाबा
1. तहख़ाना, तलगृह 2. वह क़ब्र जो अपने जीवन में ही तैयार करा ली जाए

سرداری (स्त्री.)सरदारी
स्वामित्व, नेतृत्व

سرد بازاری (स्त्री.)सर्द बाज़ारी
1. बेरौनक़ी, श्रीहीनता 2. बाज़ार भाव का मंदा 3. नाक़द्री, पूछ-ताछ न होना 4. (अर्थ.) अवमंदन

سردتر (वि.)सर्दतर
अत्यधिक सर्द

سرد جنس (स्त्री.)सर्द जिंस
(मनो.) कामशैत्य

سرد جنگ (स्त्री.)सर्द जंग
शीतयुद्ध

سرد خشک (वि.)सर्द ख़ुश्क
वह दवा या ग़िज़ा जिसमें सर्दी के साथ ख़ुश्की भी हो

سرد خروج (वि.)सर्द ख़ुरूज
(भौ.) निम्नताप उत्सर्जन

سرد مزاج (वि.)सर्द मिज़ाज
शांत प्रकृति, ठंडा स्वभाव, जिसकी प्रकृति शीतल हो

سردرد (पु.)सर दर्द
1. सिर की पीड़ा, सर का दर्द 2. झंझट, जंजाल, बखेड़ा

سردردی (स्त्री.)सर दर्दी
झंझट, जंजाल, बखेड़ा

سرد مہر (वि.)सर्द मेह्र
1. निःशील, बेमुरव्वत 2. कठोर, बेरहम 3. जो बेदिली से मिले

سرد مہری (स्त्री.)सर्दमेह्री
1. निःशीलता, बेमुरव्वती 2. कठोरता, बेरहमी 3. बेदिली, कमतवज्जुही

سرد و گرم (वि.)सर्दो-गर्म
1. गर्म और ठंडा 2. अच्छा बुरा

سرد و گرم چشیدہ (वि.)सर्दो-गर्म चशीदा
गर्म और ठंडा चखा हुआ अर्थात् अनुभवी

سر در گریباں (वि.)सर दर गरीबाँ
सोच में पड़ा हुआ, चिंतित

سردی (स्त्री.)सर्दी
1. शीतता, ठंडक 2. ठंड का मौसम, हेमंत ऋतु 3. ज़ुकाम, नज़्ला

سررشتہ (पु.)सर रिश्ता
1. विभाग, महकमा 2. कचहरी 3. योग्यता, क़ाबिलीयत, दस्तूर, रिवाज 4. मिलाया हुआ, मिला-जुला 5. मुआमला

سررشتہ دار (पु.)सर-रिश्तादार
मीर मुंशी

سرزمیں (स्त्री.)सरज़मीं
1. पृथ्वी, ज़मीन 2. देश, मुल्क

سرزنش (स्त्री.)सरज़निश
1. डाँट-फ़टकार 2. भर्त्सना

سرزنی (स्त्री.)सरज़नी
अवज्ञा, नाफ़र्मानी

سرزور (वि.)सरज़ोर
1. विद्रोही, बाग़ी 2. अवज्ञाकारी

سرزوری (स्त्री.)सरज़ोरी
1. विद्रोह, बग़ावत 2. अवज्ञा

سرسام (पु.)सर्साम
दिमाग़ के वरम की एक बीमारी, सन्निपात

سرسبز (वि.)सर सब्ज़
हरा-भरा

سرسری (वि.)सरसरी
1. बेदिली और बेध्यानी का काम, जल्दी का काम, उचटती हुई नज़र डालने का काम 2. (ग.) तुच्छ

سرشار (वि.)सरशार
ऊपर तक भरा हुआ, मदहोश, उन्मत्त

سرشاری (स.)सरशारी
मस्ती, मदहोशी

سرشت (स्त्री.)सरिश्त
स्वभाव, प्रकृति

سرشتہ (पु.)सरिश्ता
'سررشتہ' का लघु., विभाग, महकमा, डिपार्टमेन्ट

سرشتہ داری (स्त्री.)सरिश्तादारी
सरिश्तादार का पद, उक्त पद का काम

سرطان (पु.)सर्तान
1. कर्क, केकड़ा, घिंघचा 2. कर्क राशि, कैंसर

سُرعت (स्त्री.)सुर्अत
1. शीघ्रता, तेज़ी, जल्दी, उतावलापन, आतुरता 2. फुर्ती, चुस्ती

سُرعت کار (वि.)सुर्अत कार
(भौ.) त्वरक

سرغنہ (वि.)सरग़ना
मुखिया, सरदार

سرفراز (वि.)सरफ़राज़
1. श्रेष्ठ, उत्तम, ऊँचा 2. प्रतिष्ठित, पदोन्नत

سرفرازی (स्त्री.)सर फ़राज़ी
1. श्रेष्ठता, प्रतिष्ठा 2. पदोन्नति

سرفروش (वि.)सर फ़रोश
जान की बाज़ी लगा देने वाला, जान निछावर करने वाला, शूर

سرفروشی (स्त्री.)सर फ़रोशी
जान की बाज़ी लगाना, जाँ निसारी, शूरता, जान देना

سرقہ (पु.)सर्क़ा
1. चोरी 2. चौर्य कला, दूसरे के शे'र या मज़मून को अपने शे'र में दाख़िल कर लेना

سرکار (स्त्री.)सरकार
1. राज्य, हुकूमत, शासन 2. शासक, हाकिम 3. कचहरी, न्यायालय 4. दरबार, राज-सभा

سرکاری (वि.)सरकारी
राजकीय, हुकूमती, सरकार संबंधी

سرکاری شرح (स्त्री.)सरकारी शरह
(वाणि.) अधिकृत दर

سرکاری ضابطہ (पु.)सरकारी ज़ाब्ता
(प्रशा.) सरकारी विनियम

سرکردہ (वि.)सरकर्दा
मुखिया, प्रधान, सिरमौर

سرکش (वि.)सरकश
1. अवज्ञाकारी, नाफ़र्मान 2. विद्रोही, बाग़ी 3. उद्दंड, अशिष्ट, मुँहफट

سرکشی (स्त्री.)सरकशी
1. अवज्ञा, विद्रोह, बग़ावत 2. उद्दंडता, अशिष्टता

سرکوبی (स्त्री.)सरकोबी
सर कुचलना, दमन करना

سرکہ (पु.)सिर्का
फल, गन्ने आदि का रस जो धूप में रखकर खट्टा किया जाता है, सिरका

سرگذشت (स्त्री.)सर गुज़श्त
1. वृतांत 2. घटना 3. कहानी, कथा

سرگرانی (स्त्री.)सर गिरानी
1. अप्रसन्नता, रुष्टता 2. सिर दर्द, सर भारी होना, सिर की बोझिलता, सिर का बोझ

سرگراں (वि.)सर गिराँ
1. अप्रसन्न, रुष्ठ, ख़फ़ा 2. खिन्न

سرگرداں (वि.)सर गर्दां
1. बेचैन, व्याकुल 2. हैरान-परेशान 3. आवारा

سرگردانی (स्त्री.)सर गर्दानी
1. हैरानी, परेशानी 2. आवारगी 3. झगड़ा बखेड़ा

سرگرم (वि.)सर गर्म
1. क्रियाशील 2. (भौ.) सक्रिय 3. तन्मय

سرگرم کار (वि.)सरगर्मकार
1. तन्मय, तल्लीन 2. कार्यरत

سرگرمی (स्त्री.)सर गर्मी
1. तन्मयता, तत्परता 2. सक्रियता

سرگشتگی (स्त्री.)सर गश्तगी
1. उद्विग्नता, हैरानी 2. राह भूल जाना, विपथन 3. विपत्ति

سرگشتہ (वि.)सर गश्ता
1. हैरान, उद्विग्न, परेशान 2. भटका हुआ, राह भूला हुआ

سرگوشی (स्त्री.)सर गोशी
1. फुसफुसाहट, चुपके से कहना 2. कानाफूसी

سرما (पु.)सर्मा
शीतकाल, जाड़े का मौसम

سرمائی (वि.)सर्माई
शीतकालीन

سرمایہ (पु.)सर्माया
पूँजी, धन

سرمایہ بازار (पु.)सर्माया बाज़ार
(वाणि.) पूँजी बाज़ार

سرمایہ دار (पु.)सर्मायादार
1. धनवान् 2. (वाणि.) पूँजीपति

سرمایہ دارانہ (वि.)सर्माया दाराना
पूँजीपतियों जैसा, धनियों की तरह, पूँजीवादी

سرمایہ داری (स्त्री.)सर्मायादारी
पूँजीवाद

سرمایہ فرسودگی (स्त्री.)सर्माया फ़र्सूदगी
(वाणि.) पूँजी मूल्य ह्रास

سرمایہ کار (पु.)सर्मायाकार
पूँजीपति

سرمایہ کاری (स्त्री.)सर्मायाकारी
पूँजीनिवेश, पूँजीकरण

سرمایہ نفع (पु.)सर्माया नफ़ा
(वाणि.) पूँजीगत लाभ

سرمگیں (वि.)सुर्मगीं
अंजित, सुर्मई, सुरमा लगी हुई आँख

سرمو (वि.)सरे-मु
बाल की नोक के बराबर, ज़रा सा

سرمہ (पु.)सुर्मा
अंजन

سرمہ آلود (वि.)सुर्मा आलूद
सुर्मा लगा हुआ, सुर्मे से भरा हुआ

سرمہ دانی (पु.)सुर्मादानी
सुर्मा रखने की शीशी आदि, सुर्मेदानी

سرمئی (वि.)सुर्मई
अंजनसार, सुर्मे के रंग का

سرنامہ (पु.)सरनामा
1. लिफ़ाफ़ा 2. पत्र संशोधन
3. कागज़ का माथा 4. हेडिंग, सुर्ख़ी, शीर्षक
5. (कंप्यू.) प्रवेशिका

سرنگوں (वि.)सर निगूँ
1. सर झुकाए हुए, औंधा, अधोमुख
2. लज्जित, शर्मिंदा

سرو (पु.)सर्व
सरो का वृक्ष

سروپا (पु.)सरो पा
सर-पैर

سروسامان (पु.)सरो-सामान
सामग्री, सामान

سرود (पु.)सुरोद
1. गाना, गान 2. गीत

سرور (वि.)सरवर
सर्वश्रेष्ठ, नायक, प्रधान, सरदार

سرور (पु.)सुरूर
1. हल्का नशा 2. हर्ष, आनंद

سرور انگیز (वि.)सुरूर अंगेज़
1. हर्ष देने वाला, आनंदवर्द्धक 2. मादक, नशा पैदा करने वाला

سرور قلب (पु.)सुरूरे-क़ल्ब
हृदय का आनंद, चित्तप्रसाद

سرور کونین (पु.)सरवरे-कौनैन
दोनों लोक के सरादर, पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब की उपाधि

سروری (स्त्री.)सरवरी
नायकत्व, अध्यक्षता, सरदारी

سروش (पु.)सरोश
1. आकाशवाणी 2. जिब्रील, शुभ संदेशवाहक फ़रिश्ता

سروش غیب (पु.)सरोशे-ग़ैब
आकाशवाणी

سروکار (पु.)सरोकार
प्रयोजन, वास्ता, सम्बन्ध, तअल्लुक़

سرہنگ (पु.)सरहंग
सिपाही, सैनिक

سریر (पु.)सरीर
सिंहासन, तख़्त

سریع (वि.)सरी
शीघ्र, तेज़, जल्द, जल्दी करने वाला

سریع الاثر (वि.)सरीउ़ल-असर
शीघ्र गुणकारी, शीघ्र प्रभावी

سریع التاثیر (वि.)सरीउ़त्तासीर
आशु प्रभावकारी, त्वरित गुणदायी, शीघ्रकारी

سریع الحرکت (वि.)सरीउ़ल-हरकत
तेज़ चलने वाला, शीघ्रगति वाला, जल्द जल्द हरकत करने वाला

سریع الزوال (वि.)सरीउ़ज़्ज़वाल
जिसका शीघ्र पतन हो जाए, जो अधिक देर न रहे

سریع العمل (वि.)सरीउ़ल-अमल
शीघ्र प्रभावी, वह दवा जो अपना असर जल्द करे

سریع الفہم (वि.)सरीउल-फ़ह्म
सहज ग्राह्य, तुरंत समझ में आने योग्य

سریع الہضم (वि.)सरीउल-हज़्म
सुपाच्य, तुरंत पच जाने वाला

سزا (स्त्री.)सज़ा
दंड

سزا یافتہ (वि.)सज़ा याफ़्ता
दंडित

سزاوار (वि.)सज़ावार
1. दंड का पात्र, दंड योग्य 2. अनुकूल, योग्य

سزائے اعمال (स्त्री.)सज़ाए-आमाल
कर्मों का दंड, कर्मफल

سزائے سادہ (स्त्री.)सज़ाए-सादा
साधारण दंड

سزائے سخت (स्त्री.)सज़ाए-सख़्त
कठोर दंड, कड़ी सज़ा, सज़ा-ए-बामुशक्कत

سزائے سنگیں (स्त्री.)सज़ाए-संगीं
दे. 'سزائے سخت'

سزائے قتل (स्त्री.)सज़ाए-क़त्ल
प्राणदंड, मृत्युदंड, फाँसी की सज़ा

سزائے قید (स्त्री.)सज़ाए-क़ैद
कारवास का दंड, जेल की सज़ा

سزائے محض (स्त्री.)सज़ाए-महज़
साधारण दंड (जिसमें परिश्रम न करना पड़े)

سزائے موت (स्त्री.)सज़ाए-मौत
मृत्यु दंड, प्राणदंड, फाँसी

سزایاب (वि.)सज़ायाब
दंडित

سزایابی (स्त्री.)सज़ायाबी
सजा होना, सज़ा पाना

سست (वि.)सुस्त
1. मंद, शिथिल 2. आलसी

سست رفتار (वि.)सुस्त रफ़्तार
मंदगामी, धीमी गतिवाला

سستی (स्त्री.)सुस्ती
आलस्य, शिथिलता

سطح (स्त्री.)सतह
तल, स्तर

سطح آب (स्त्री.)सतहे-आब
1. जल-स्तर, पानी की सतह 2. जल-तल
3. समुद्र तल

سطح زمیں (स्त्री.)सतहे-ज़मीं
भूतल, धरातल

سطح سمندر (स्त्री.)सतहे-समुंदर
समुद्र तल

سطح متوازن (स्त्री.)सतहे-मुतवाज़िन
समतल, इकसार, चौरस

سطح مرتفع (स्त्री.)सतहे-मुर्तफ़ा
उच्चतल

سطح مستوی (स्त्री.)सतहे-मुस्तवी
समतल, चौरस

سطحی (वि.)सतही
1. ऊपरी 2. उथला, छिछला
3. जो स्तरीय न हो

سطر (स्त्री.)सत्र
पंक्ति, रेखा, लकीर

سطر بندی (स्त्री.)सत्र बंदी
(जन.) समस्थापन

سطوت (स्त्री.)सत्वत
1. धाक, आतंक, दबदबा 2. प्रताप, तेज

سطور (स्त्री.)सुतूर
'سطر' का बहु.

سطور بالا (स्त्री.)सुतूरे-बाला
उपरोक्त, लेख के ऊपर की पंक्तियाँ

سطور ذیل (स्त्री.)सुतूरे-ज़ैल
निम्नलिखित, अधोलिखित, नीचे की पंक्तियाँ

سعادت (स्त्री.)सआदत
1. प्रताप, तेज 2. कल्याण, मंगलकारिता

سعادت مند (वि.)सआदतमंद
1. भाग्यशाली, प्रतापी 2. आज्ञाकारी, फर्माबरदार

سعادت مندی (स्त्री.)सआदतमंदी
आज्ञाकारिता

سعد (वि.)साद
1. शुभ, मंगल, पुनीत, नेक 2. बाईसवाँ
नक्षत्र (श्रवण)

سعد اصغر (पु.)सादे-असग़र
शुक्र

سعد اکبر (पु.)सादे-अक्बर
बृहस्पति

سعدین (पु.)सादैन
दो शुभ (ग्रह), शुक्र तथा बृहस्पति

سعی (स्त्री.)सई
प्रयत्न, चेष्टा, प्रयास

سعید (वि.)सईद
तेजस्वी, भाग्यशाली, मुबारक, भाग्यवान्

سفارت (स्त्री.)सिफ़ारत
दूतकर्म, सफ़ीर का काम

سفارت خانہ (पु.)सिफ़ारत ख़ाना
दूतावास

سفارت کار (पु.)सिफ़ारत कार
राजनयिक, डिप्लोमेट

سفارش (स्त्री.)सिफ़ारिश
संस्तुति, अनुशंसा

سفارش نامہ (पु.)सिफ़ारिश नामा
संस्तुति पत्र, अनुशंसा पत्र

سفارشی (वि.)सिफ़ारिशी
संस्तुति संबंधी

سفاک (वि.)सफ़्फ़ाक
निष्ठुर, क्रूर, रक्तपाती

سفاکی (स्त्री.)सफ़्फ़ाकी
1. क्रूरता, निष्ठुरता, रक्तपात 2. अत्याचार, ज़ुल्म

سفال (पु.)सिफ़ाल
ठीकरा, मिट्टी का बर्तन

سفال گر (वि.)सिफ़ालगर
कुम्भकार, कुम्हार, मिट्टी के बरतन बनाने वाला

سفالیں (वि.)सिफ़ालीं
मिट्टी का बना हुआ, मृण्मय

سفاہت (स्त्री.)सिफ़ाहत
व्यभिचार, अधमता, नीचता, कमीनगी

سفتہ (वि.)सुफ़्ता
1. छेद किया हुआ 2. एक बाण 3. पिरोया हुआ

سفر (पु.)सफ़र
यात्रा

سفر آخرت (पु.)सफ़रे-आख़िरत
अंतिम यात्रा, महाप्रस्थान, परलोक-यात्रा, मरना, मरण

سفر بحری (पु.)सफ़रे-बहरी
समुद्री यात्रा, जहाज़ का सफ़र

سفر خرچ (पु.)सफ़र ख़र्च
मार्ग-व्यय, आने जाने का ख़र्च

سفرنامہ (पु.)सफ़रनामा
यात्रावृत्त, यात्रा-वृतांत

سفر ہوائی (पु.)सफ़रे-हवाई
हवाई यात्रा

سفری (वि.)सफ़री
1. सफ़र का, सफ़र से संबंधित
2. (स्त्री.) अमरूद

سفری بھتہ (पु.)सफ़री भत्ता
(प्रशा.) यात्रा भत्ता

سفلہ (वि.)सिफ़्ला
अधम, पाजी, ओछा, छिछोरा

سفلی (स्त्री.)सिफ़्ली
1. निम्न कोटि का, घटिया 2. व्यभिचारी, भूत-प्रेत वाला कृत्य

سفلی عمل (पु.)सिफ़्ली अमल
निम्न और घटिया कृत्य

سفوف (पु.)सफ़ूफ़
चूर्ण

سفید (वि.)सफ़ेद
श्वेत, उजला, धवल

سفید پوش (वि.)सफ़ेद पोश
1. श्वेत वस्त्रधारी 2. ढोंगी, बगुला भगत

سفید و سیاہ (पु.)सफ़ेदो-सियाह
1. श्वेत-श्याम 2. नेकी-बदी, बुराई-भलाई

سفیدہ (पु.)सफ़ेदा
1. एक प्रकार का पेड़, यूक्लीप्टिस 2. एक प्रकार का आम

سفیدی (वि.)सफ़ेदी
श्वेतता, धवलता, उजलापन

سفیر (पु.)सफ़ीर
(प्रशा.) राजदूत, दूत

سفینہ (पु.)सफ़ीना
नौका, नाव, कश्ती

سقا (पु.)सक़्क़ा
पानी पिलाने वाला, पानी भरने वाला, बिहिश्ती

سقراط (पु.)सुक़रात
यूनान का एक प्रसिद्ध दार्शनिक

سقم (पु.)सक़म
1. त्रुटि, दोष 2. रोग

**سقوط** (पु.)सुकूत
पतन, विध्वंस

**سکتہ** (पु.)सक्ता
1. मूर्च्छा 2. छंद दोष (शेर में मात्रा के बढ़ने अथवा घटने से उत्पन्न दोष)

**سکر** (पु.)सुक्र
1. मद, नशा 2. मतवालापन

**سکرات** (स्त्री.)सुकरात
1. निश्चेष्टता, तंद्रा, बेहोशी 2. प्राण निकलते समय होने वाला कष्ट

**سکندر** (पु.)सिकंदर
यूनान का एक प्रतापी नरेश

**سکوت** (पु.)सुकूत
मौन, चुप्पी, स्तब्धता, सन्नाटा

**سکوتِ کامل** (पु.)सुकूते-कामिल
महामौन, गहरा सन्नाटा

**سکون** (पु.)सुकून
1. शांति, संतोष, तसल्ली 2. विराम, ठहराव

**سکونِ ابدی** (पु.)सुकूने-अबदी
मृत्यु, मरण, चिर शांति

**سکونِ دائمی** (पु.)सुकूने-दाइमी
दे. 'سکونِ ابدی'

**سکون زاویہ** (पु.)सुकून ज़ाविया
(भौ.) घर्षण-कोण

**سکونِ عارضی** (पु.)सुकूने-आरिज़ी
तात्कालिक शांति, अस्थायी संतोष

**سکونِ کامل** (पु.)सुकूने-कामिल
1. पूर्ण संतोष 2. मौत की ख़ामोशी

**سکونِ مطلق** (पु.)सुकूने-मुतलक़
दे. 'سکونِ کامل'

**سکونت** (स्त्री.)सुकूनत
निवास

**سکونت پذیر** (वि.)सुकूनत पज़ीर
निवासी, बाशिंदा

**سکونتی شہریت** (स्त्री.)सुकूनती शहरियत
(राज.) अधिवास

**سکہ** (पु.)सिक्का
1. धातु की ढली हुई मुद्रा 2. तरीका, ढंग, पद्धति 3. छाप, मुहर

**سکہ جات** (पु.)सिक्काजात
'سکہ' का बहु., सिक्के

**سکہ زن** (वि.)सिक्काज़न
सिक्का ढालने वाला, टकसालिया

**سکۂ رائج الوقت** (पु.)सिक्कए-राइजुलवक़्त
युग विशेष में प्रचलित मुद्रा

**سکۂ قلب** (पु.)सिक्कए-क़ल्ब
खोटा सिक्का, जाली नोट

**سگ** (पु.)सग
कुक्कुर, श्वान, कुत्ता, कूकुर

**سگ گزیدہ** (वि.)सग गज़ीदा
जिसे कुत्ते ने काटा हो

**سگال** (स्त्री.)सिगाल
चिंतन, ध्यान, सोच, ख़याल, विचार

**سلاح** (पु.)सिलाह
शस्त्र, अस्त्र, आयुध, हथियार

**سلاح خانہ** (पु.)सिलाह ख़ाना
शस्त्रागार

**سلاح دست** (वि.)सिलाह दस्त
हथियारबंद, हाथ में हथियार लिये हुए, खड्गपाणि

**سلاح دستی** (स्त्री.)सिलाह दस्ती
हथियारबंदी, हाथ में हथियार होना

**سلاست** (स्त्री.)सलासत
सरलता, रवानी, सहजता

**سلاستِ بیان** (स्त्री.)सलासते-बयान
कथन प्रवाह, वाक्य प्रवाह

**سلاستِ زبان** (स्त्री.)सलासते-ज़बान
भाषा की मृदुलता, शब्दों का माधुर्य

**سلاسل** (स्त्री.)सलासिल
'سلسلہ' का बहु., ज़ंजीरें, बेड़ियाँ

**سلاطین** (पु.)सलातीन
'سلطان' का बहु., बादशाह लोग, शासकगण

**سلام** (पु.)सलाम
1. प्रणाम, तस्लीम 2. शांति, सलामती 3. नौहे (शोक काव्य) की एक क़िस्म

**سلام علیک** (वाक्य)सलामो-अलैक
तुझको सलामती हो, मुसलमानों का नमस्कार करने का तरीक़ा (एकवचन)

**سلام علیکم** (वाक्य )सलामुन-अ़लैकुम
तुम पर सलामती हो ( मुसलमानों का नमस्कार करने का तरीक़ा ( बहुवचन))

**سلام و پیام** (पु. )सलामो-पयाम
1. किसी का सलाम के साथ कोई संदेशा आना, किसी को सलाम के साथ कोई संदेश भेजना 2. लड़के या लड़की वालों की ओर से विवाह या सगाई की बातचीत चलना

**سلامت** (वि. )सलामत
1. सुरक्षित 2. सकुशल, स्वस्थ 3. स्थिर, क़ायम

**سلامت روی** (स्त्री. )सलामत रवी
1. सबसे मिल-जुल कर रहना 2. ख़र्च आदि में किफ़ायत बरतना

**سلامتی** (स्त्री. )सलामती
1. रक्षा, शान्ति 2. ख़ैरियत, कुशलता 3. तंदुरुस्ती

**سلامی** (वि. )सलामी
1. सलाम करना 2. सैनिक आदि की सलाम करने की प्रणाली 3. दूल्हा को दी जाने वाली रक़म 4. पगड़ी

**سلب** (पु. )सल्ब
विनाश, हरण, छीन लेना

**سلح** (पु. )सिलह
शस्त्र, आयुध, हथियार

**سلح پوش** (वि. )सिलहपोश
हथियारबंद, शस्त्रधारी, सशस्त्र

**سلح خانہ** (पु. )सिलहख़ाना
हथियार रखने का घर, शस्त्रागार

**سلح دار** (वि. )सिलहदार
1. हथियारबंद, शस्त्रधारी 2. योद्धा, सिपाही, शस्त्रजीवी

**سلسبیل** (स्त्री. )सलसबील
1. स्वर्ग का एक चश्मा 2. मदिरा, शराब

**سلسلہ** (पु. )सिल्सिला
1. शृंखला, ज़ंजीर 2. पंक्ति, क़तार 3. कुल, वंश, गोत्र 4. किसी बड़े महात्मा के शिष्यों का अनुक्रम, क्रम, तर्तीब

**سلسلہ بندی** (स्त्री. )सिल्सिलाबंदी
क्रमबद्धता, पंक्तिबद्धता, क़तारबंदी

**سلسلۂ مدارج** (पु. )सिल्सिलए-मदारिज
(ना. ) वर्गीकरण

**سلسلہ وار** (वि. )सिल्सिलावार
क्रम से, क्रमशः, तर्तीब से, एक-एक करके, एक के बाद एक

**سلسلۂ کلام** (पु. )सिल्सिलए-कलाम
बातों का सिलसिला

**سلسلۂ کوہ** (पु. )सिल्सिलए-कोह
पहाड़ों की शृंखला, पर्वतमाला

**سلسلۂ نسب** (पु. )सिल्सिलए-नसब
वंशानुक्रम, वंशावली, नसबनामा

**سلسلے** (पु. )सिलसिले
(ग. ) अनुक्रम

**سلطان** (पु. )सुल्तान
शासक, नरेश, बादशाह, राजा

**سلطانی** (वि. )सुल्तानी
शासन, राज, बादशाही

**سلطنت** (स्त्री. )सल्तनत
1. राज्य, राष्ट्र, मुल्क 2. शासन, सत्ता, हुकूमत

**سلطنتِ شخصی** (स्त्री. )सल्तनते-शख़्सी
राजतंत्र

**سلف** (पु. )सलफ़
पूर्वज

**سلک** (उभ. )सिल्क
1. तंतु, तार, डोरा 2. माला, लड़ी

**سلکِ مروارید** (स्त्री. )सिल्के-मर्वारीद
मोतियों की लड़ी

**سلوک** (पु. )सुलूक
1. रास्ता चलना 2. व्यवहार 3. ईश्वर की निकटता चाहना

**سلویٰ** (स्त्री. )सल्वा
1. बटेर, एक पक्षी 2. वार्त्तक, वाना

**سلیس** (वि. )सलीस
सरल, सुगम, सहज, आसान

**سلیقہ** (पु. )सलीक़ा
1. ढंग 2. शिष्टता, तमीज़, शऊर 3. क्रम, तर्तीब 4. योग्यता, हुनरमंदी, सुघड़ता

**سلیقہ شعار** (वि. )सलीक़ा शिआ़र
दे. 'سلیقہ مند'

**سلیقہ شعاری** (स्त्री.)सलीका शिआरी
दे. 'سلیقہ مندی'

**سلیقہ مند** (वि.)सलीकामंद
शिष्ट, सभ्य, सुघड़, हुनरमंद

**سلیقہ مندی** (स्त्री.)सलीकामंदी
शिष्टता, सुघड़पन

**سلیم** (वि.)सलीम
1. गंभीर, शांत, सहनशील 2. साफ़ दिल, सादा दिल, निष्कपट

**سلیم الطبع** (वि.)सलीमुत्तबा
सौम्य, जिसका स्वभाव बहुत ही शांतिप्रिय हो

**سم** (पु.)सम
विष, ज़हर

**سم قاتل** (पु.)सम्मे-क़ातिल
वह विष जिसके खा लेने के बाद मनुष्य किसी प्रकार जी न सके

**سما** (पु.)समा
आकाश, आसमान

**سماجت** (स्त्री.)समाजत
विनती, मिन्नत

**سماجی** (वि.)समाजी
सामाजिक

**سماع** (पु.)समा
1. श्रवण, सुनना 2. राग, गान 3. वज्द करना, झूमना

**سماعت** (स्त्री.)समाअत
1. श्रवण, सुनना 2. श्रवण-शक्ति, सुनने की शक्ति

**سماعت پذیری** (स्त्री.)समाअत पज़ीरी
(भौ.,मनो.) श्रव्यता

**سماعت پیما** (पु.)समाअत पैमा
(भौ.,मनो.) श्रवणमापी, श्रव्यतामापी

**سماعی** (वि.)समाइ
1. श्रुत, सुना हुआ, कानों कान, सीना ब सीना 2. नक़ली

**سماوات** (पु.)समावात
'سما' का बहु.

**سماوی** (वि.)समावी
1. आसमानी, आकाशीय 2. ग़ैबी, दैवी

**سمت** (स्त्री.)सम्त
दिशा, तरफ़, ओर

**سمت اعداد** (पु.)सम्त आदाद
(भौ.,ग.) दिक् संख्याएँ

**سمت راس** (पु.)सम्त रास
(भौ.) दिगंश

**سمت مخالف** (स्त्री.)सम्ते-मुख़ालिफ़
प्रतिकूल दिशा

**سمتی خط** (पु.)सम्ती ख़त
(ग.) सदिश रेखा

**سمتی قدریں** (स्त्री.)सम्ती क़द्रें
(भौ.) निर्देशांक

**سمع** (पु.)समा
श्रवण, श्रवण-शक्ति

**سمع خراش** (वि.)समा ख़राश
कर्कश, कर्णकटु

**سمع خراشی** (स्त्री.)समा ख़राशी
कान खाना, बक-बक करके परेशान करना

**سمعی** (वि.)समई
श्रव्य

**سمعی بصری امدادی سامان** समई बसरी इम्दादी सामान (पु.)
(मनो.) दृश्य-श्रव्य साधन

**سمعی تواتر** (पु.)समई तवातुर
(भौ.) श्रव्य आवृत्ति

**سمعیاتی** (वि.)समइयाती
(भा.) ध्वनिक

**سمن** (स्त्री.)समन
चमेली का फूल

**سمن زار** (पु.)समन ज़ार
चमेली की वाटिका

**سمند** (पु.)समंद
घोड़ा, अश्व

**سمندر** (पु.)समुन्दर
समुद

**سمندری** (वि.)समुन्दरी
समुद्रीय

**سمور** (वि.)समूर
एक जानवर जिसकी खाल से बढ़िया पोस्तीन बनती है

**سموم** (स्त्री.)समूम
1. विषाक्त वायु, ज़हरीली हवा 2. लू, गर्म हवा

**سمیع** (पु.)समी
सुनने वाला अर्थात् ईश्वर

سن (पु.)सन
1. साल, वर्ष 2. एक पौदा जिसकी छाल से रस्सी बनती है

سِن (पु.)सिन
आयु, उम्र

سنِ وفات (पु.)सने-वफ़ात
मरने का साल, निधन वर्ष, जिस साल किसी व्यक्ति का निधन हुआ हो

سنِ ولادت (पु.)सने-विलादत
पैदा होने का साल, जन्म तिथि

سنِ ہجری (पु.)सने-हिजरी
वह संवत्सर जो पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब के मक्का छोड़कर मदीना जाने के दिन से प्रचलित है, इस्लामी साल

سنِ بلوغ (पु.)सिने-बुलूग़
युवावस्था

سنِ تمیز (पु.)सिने-तमीज़
अच्छे-बुरे में विवेक कर सकने की आयु

سن رسیدہ (वि.)सिन रसीदा
वयोवृद्ध, गतायु, बूढ़ा

سنِ شباب (पु.)सिने-शबाब
युवावस्था

سنِ شعور (पु.)सिने-शुऊर
दे. 'سنِ تمیز'

سِنان (स्त्री.)सिनान
दे. 'سناں'

سِناں (स्त्री.)सिनाँ
बाण की नोक, अनी

سنبل (स्त्री.)सुंबुल
1. बालछड़, अलक 2. गेहूँ या जौ की बाल

سنت (स्त्री.)सुन्नत
1. नियम 2. वह काम जो पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब ने किया हो 3. मुसलमानी, ख़त्ना 4. मार्ग, पद्धति, प्रकृति

سنج (प्रत्य.)संज
1. तोलने वाला, जैसे- 'سخن سنج' (सुख़न संज) बात को तोलने वाला 2. (पु.) झांझ, मजीरा, काँसे की दो कटोरियाँ जो बजाई जाती हैं

سنجاب (पु.)संजाब
एक जानवर जिसकी खाल की पोस्तीन बनती है

سنجوگ (पु.)संजोग
(प्राणि.) संयुग्मन

سنجیدگی (स्त्री.)संजीदगी
गंभीरता, मतानत

سنجیدہ (वि.)संजीदा
1. संतुलित 2. गंभीर 3. शान्त 4. सहिष्णु

سنجیدہ طبع (स्त्री.)संजीदा तबा
गंभीर प्रकृति वाला

سنجیدہ مزاج (वि.)संजीदा मिज़ाज
शान्त स्वभाव

سند (स्त्री.)सनद
प्रमाण पत्र, उपाधि

سندِ ولایت (स्त्री.)सनदे-विलायात
(प्रशा.) अभिभावकत्ता प्रमाण पत्र

سند یافتہ (वि.)सनद याफ़्ता
उपाधि प्राप्त, जिसने डिग्री प्राप्त की हो

سنگ (पु.)संग
पत्थर, प्रस्तर, पाषाण

سنگِ اسود (पु.)संगे-अस्वद
1. काला पत्थर 2. काबा में लगा हुआ काला पत्थर

سنگ باری (स्त्री.)संग बारी
पथराव, पत्थर बरसाना

سنگِ بنیاد (पु.)संगे-बुनयाद
आधारशिला, नीव, बुनियाद

سنگترہ (पु.)संगतरा
संतरा

سنگِ ترازو (पु.)संगे-तराज़ू
तोलने का बाट

سنگ تراش (वि.)संग तराश
1. पत्थर का काम करने वाला
2. पाषाण-भेदक, मूर्तिकार, मूर्ति शिल्पी

سنگ تراشی (स्त्री.)संग तराशी
मूर्ती कला, पत्थर का काम

سنگِ جراحت (पु.)संगे-जराहत
एक सफ़ेद पत्थर जो घाव भरने के काम आता है

سنگدان (पु.)संग दान
चिड़िया का पोटा

سنگدانہ (पु.)संग दाना
दे. 'سنگدان'

سنگ دل (वि.)संगदिल
कठोर-हृदय, निर्दय

سنگ دلی (वि.)संगदिली
निर्दयता, बेरहमी, क्रूरता, कठोरता

سنگ راہ (पु.)संगे-राह
1. राह का पत्थर 2. रोड़ा, रुकावट

سنگ ریزہ (पु.)संगरेज़ा
कंकड़ी

سنگسار (वि.)संगसार
पथराव, पत्थर मार-मारकर मार डालना

سنگساری (स्त्री.)संगसारी
पत्थर मार कर मार डालने का दंड

سنگ ساز (वि.)संगसाज़
लीथो प्रेस में पत्थर पर त्रुटियाँ शुद्ध करने वाला

سنگ سازی (स्त्री.)संग साज़ी
लीथो प्रेस में पत्थर पर की ग़लतियाँ शुद्ध करना

سنگ کلاں (पु.)संगे-कलाँ
(इति.) महापाषाण

سنگ مثانہ (पु.)संगे-मसाना
वह पथरी जो मूत्राशय में पड़ जाती है

سنگ مرمر (पु.)संगे-मर्मर
एक मशहूर श्वेत पत्थर, सफ़ेद, चिकना पत्थर

سنگ میل (पु.)संगे-मील
मील का पत्थर, रास्ते की दूरी जानने के लिये एक-एक मील पर गाड़ा गया पत्थर

سنگار (पु.)सिंगार
शृंगार

سنگلاخ (वि.)संगलाख़
पथरीला क्षेत्र

سنگی (वि.)संगी
पत्थर का बना, पत्थर से सम्बन्धित, पत्थर का

سنگین (वि.)संगीन
1. सख़्त, कड़ा, कठोर 2. दुष्कर, कड़ा, जैसे- संगीन काम 3. गंभीर 4. एक लंबी और पतली बरछी जो बंदूक के सिरे पर लगायी जाती है

سنگین دل (वि.)संगीनदिल
पत्थर दिल, क्रूर

سنگینی (स्त्री.)संगीनी
1. भारीपन 2. गम्भीरता 3. कठोरता

سنہ (पु)सन
वत्सर, संवत्, साल, सन

سنہری نسبت (स्त्री.)सुनहरी निस्बत
(ग.) स्वर्णिम अनुपात

سنّی (पु.)सुन्नी
सुन्नत (वह काम जो पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब ने किया हो) का अनुयायी, सुन्नी मुसलमान, मुसलमानों का एक समुदाय

سنین (पु.)सिनीन/सनीन
'سن' का बहु., बरस, साल

سو (स्त्री.)सू
1. दिशा, ओर, तरफ़ 2. निकृष्टता, दूषित मदिरा

سوا (अव्य.)सिवा
1. अतिरिक्त, अलावा, अधिक 2. बिना, बग़ैर 3. अन्य, दूसरा 4. फ़ालतू, फ़ाज़िल

سواد (पु.)सवाद
1. कालिमा, सियाही 2. आस-पास की भूमि, हवाली

سواد اعظم (पु.)सवादे-आज़म
बड़ा नगर, बड़ी बस्ती

سوار (वि.)सवार
1. अश्वारोही, घुड़सवार 2. आरूढ़, जो किसी सवारी पर बैठा हुआ हो

سواری (स्त्री.)सवारी
1. वाहन 2. यात्री

سوال (पु.)सवाल
1. प्रश्न 2. प्रार्थना 3. भीख की प्रार्थना

سوال نامہ (पु.)सवाल नामा
प्रश्नावली, प्रश्नपत्र

سوال و جواب (पु.)सवालो-जवाब
प्रश्नोत्तर, कथनोपकथन

سوالات (पु.)सवालात
'سوال' का बहु., बहुत से सवाल

سوالی (वि.)सवाली
1. याचक, भिक्षुक 2. भिखमँगा, भीख माँगने वाला

سوالیہ (वि.)सवालिया
(भा.) प्रश्नवाचक

سوالیہ نشان (पु.)सवालिया निशान
(भा.) प्रश्न चिह्न

سوانح (पु.)सवानिह
'سانحہ' का बहु., घटनाएँ

سوانح حیات (पु.)सवानिहे-हयात
जीवनी, जीवन चरित, जीवन कथा

سوانح عمری (पु.)सवानिह उम्री
दे. 'سوانح حیات'

سوانح نگار (पु.)सवानिह निगार
जीवनीकार

سوانح نگاری (वि.)सवानिह निगारी
दे. 'سوانح نویسی'

سوانح نویس (पु.)सवानिह नवीस
जीवनी लेखक

سوانح نویسی (स्त्री.)सवानिह नविसी
जीवनी लेखन, जीवन-चित्रण

سوانحی (वि.)सवानिही
जीवन से संबद्ध

سوائے (वि.)सिवाए
अतिरिक्त, अन्य, सिवा, के अतिरिक्त

سوخت (वि.)सोख़्त
1. जलन, जलावट 2. नष्ट, बरबाद

سوختگی (स्त्री.)सोख़्तगी
1. जलन, जलावट, जलापा 2. दुःख

سوختنی (वि.)सोख़्तनी
1. जलाने के योग्य 2. ईंधन, जलावन

سوختہ (वि.)सोख़्ता
1. जला हुआ, दग्ध, झुलसा हुआ 2. जलाया हुआ 3. ईंधन

سوختہ بال (वि.)सोख़्ता बाल
1. जिसके पर जल गये हों, जो उड़ न सके 2. बेबस, लाचार, दीन-हीन

سوختہ پا (वि.)सोख़्ता पा
जिसके पाँव जल गये हों, जो कहीं आने जाने में असमर्थ हो अर्थात् बेबस

سوختہ جاں (वि.)सोख़्ता जाँ
दग्धहृदय, दिलजला अर्थात् प्रेमी

سوختہ دل (वि.)सोख़्ता दिल
दग्धहृदय, दिलजला, प्रेमी

سود (पु.)सूद
1. लाभ, नफ़ा 2. ब्याज, ब्याज

سود خور (पु.)सूदख़ोर
ब्याज खाने वाला, कुसीदजीवी, कौसीद

سود خوری (स्त्री.)सूदख़ोरी
ब्याज खाना, सूद का कारोबार करना

سود در سود (पु.)सूद दर सूद
1. ब्याज 2. ब्याज दर ब्याज

سودمند (वि.)सूदमंद
लाभकारी, फ़ाइदामंद, हितकारी

سودمندی (स्त्री.)सूदमंदी
लाभकारिता, फ़ाइदामंदी, हितकारिता

سود و زیاں (पु.)सूदो-ज़ियाँ
लाभ और हानि

سَودا (पु.)सौदा
1. वात् 2. विक्षेप, पागलपन 3. प्रेम, इश्क़ 4. सामान, सौदा सल्फ

سَوداگر (पु.)सौदागर
व्यापारी, वणिक्

سَوداگری (स्त्री.)सौदागरी
व्यापार, वाणिज्य

سَودائی (वि.)सौदाई
पागल, प्रेमी, दीवाना

سوراخ (पु.)सूराख़
छिद्र, विवर, रंध्र, छेद

سوراخ دار (वि.)सूराख़दार
छेददार

سورۃ (स्त्री.)सूरत
क़ुरआन शरीफ़ के 114 अध्यायों में से कोई खंड

سورج (पु.)सूरज
सूर्य, दिवाकर, रवि, दिनकर

سورہ (स्त्री.)सूरह
दे. 'سورۃ'

سورۂ اخلاص (स्त्री.)सूरए-इख़्लास
क़ुरआन शरीफ़ की 112वीं सूरत (खंड)

سورۂ فاتحہ (स्त्री.)सूरए-फ़ातिहा
क़ुरआन शरीफ़ की सर्वप्रथम सूरत (खंड)

سورۂ یٰسین (स्त्री.)सूरए-यासीन
क़ुरआन शरीफ़ की एक सूरत

سوز (पु.)सोज़
1. जलन, ताप, तपन 2. मुहर्रम में पढ़ी जाने वाली एक विशेष नज़्म (कविता)

سوز خوانی (स्त्री.)सोज़ ख़्वानी
मुहर्रम में 'سوز' (सोज़) पढ़ना

سوزاک (पु.)सोज़ाक
मूत्रकृच्छ, मूत्रशूल, मूलाघात

سوزاں (वि.)सोज़ाँ
जलता हुआ, ज्वलित

سوزش (स्त्री.)सोज़िश
जलन, प्रदाह

سوزنی (स्त्री.)सोज़नी
1. एक प्रकार का बिछौना, सुजनी
2. (प्राणि.) सूच्याकार

سوسن (स्त्री.)सौसन
एक नीला फूल जिसकी पंखुड़ी ज़बान जैसी होती है, कुमुद

سوقیانہ (वि.)सूक़ियाना
बाज़ारू, बाज़ारी, लोफ़रों जैसा

سوکھی ترقی (स्त्री.)सूखी तरक़्क़ी
(प्रशा.) निर्लाभ पदोन्नति

سوگ (पु.)सोग
शोक, मृतशोक, मातम

سوگند (स्त्री.)सौगंद
शपथ, क़सम

سوگوار (वि.)सोगवार
शोकग्रस्त, शोक पीड़ित

سوگواری (स्त्री.)सोगवारी
किसी के मरने पर शोक में होना, शोक

سوم (वि.)सिवुम
1. तीसरा 2. तीजा

سوئے اتفاق (क्रि. वि.)सूए-इत्तिफ़ाक़
संयोगवश

سوئے ادب (स्त्री.)सूए-अदब
धृष्टता

سوئے ظن (स्त्री.)सूए-ज़न
कुधारणा

سوئے عمل (पु.)सूए-अमल
दुराचार, बदअमली

سوہان (पु.)सोहान
रेतने का यंत्र, रेती

سوہان روح (वि.)सोहाने-रूह
आत्मावेधी, कष्टदायी, हृदय विदारक

سہ (वि.)से
तीन

سہ پہلو (वि.)से पहलू
त्रिकोण, त्रिभुज, तिकोन

سہ رنگی (वि.)से रंगी
1. तीन रंगों वाला 2. तिरंगा, त्रैवर्णिक

سہ زمانی (वि.)से ज़मानी
त्रैकालिक

سہ سالہ (वि.)से साला
1. त्रैवार्षिक 2. तीन वर्ष का

سہ شنبہ (पु.)से शंबा
मंगलवार

سہ گوشہ (वि.)से गोशा
तीन कोनों वाला, त्रिकोण

سہ ماہہ (वि.)से माहा
1. त्रैमासिक, तीन महीने में होने वाला, तिमाही 2. तीन महीने की आयु का

سہ ماہی (वि.)से माही
तिमाही, त्रैमासिक

سہ منزلہ (वि.)से मंज़िला
तीन मंज़िला, तितल्ला, तिनतल्ला

سہ نکاتی (वि.)से निकाती
तीन-सूत्री, त्रिसूत्रीय

سہراب (पु.)सुहराब
ईरान का एक पहलवान जो रुस्तम का बेटा था

سہل (वि.)सहल
सरल, सुगम, सहज, आसान

سہل الحصول (वि.)सहलुल-हुसूल
सहज उपलब्ध, जो सुगमतापूर्वक प्राप्त हो जाए

سہل العمل (वि.)सहलुल-अमल
सुसाध्य, सुखसाध्य, वह काम जो सुगमतापूर्वक हो जाए

سہل الوصول (वि.)सहलुल-वुसूल
सहज प्राप्त, जो सहज में वुसूल हो जाए

سہل انگار (वि.)सहलअंगार
सुगमता चाहनेवाला, सहजता प्रिय, आसान तलब

سہل انگاری (स्त्री.)सहलअंगारी
सुगमता चाहना, आसान तलबी, आलस, काहिली

سہل ممتنع (वि.)सहले-मुम्तिना
भाषा की दृष्टि से अति सरल लेकिन अर्थ की दृष्टि से कठिन शेर अथवा काव्य

سہم (पु.)सहम
भय, त्रास, डर, ख़ौफ़

سیاسی (वि.)सियासी
राजनैतिक, राजनीति से सम्बद्ध

سیاسی حقوق (पु.)सियासी हुक़ूक़
(राज.) राजनीतिक अधिकार

سیاسیات (स्त्री.)सियासियात
राजनीतिशास्त्र, राजनीति विज्ञान

سیاق (पु.)सियाक़
1. संदर्भ 2. गणित

سیاقِ بیان (पु.)सियाक़े-बयान
अभिव्यक्ति की तारतम्यता

سیاقِ عبارت (पु.)सियाक़े-इबारत
लेख आदि की क्रमबद्धता अथवा तारतम्यता

سیاق و سباق (पु.)सियाक़ो-सबाक़
(भा.) प्रसंग, प्रकरण, संदर्भ

سیاقی معنی (पु.)सियाक़ी मानी
(भा.) सांदर्भिक अर्थ

سیّال (वि.)सय्याल
तरल, द्रव

سیّال حرکیات (स्त्री.)सय्याल हरकियात
(भौ.) तरल-गतिकी

سیاہ (वि.)सियाह
कृष्ण, असित, काला

سیاہ روزگار (वि.)सियाह रोज़गार
अभागा

سیاہ فام (वि.)सियाहफ़ाम
1. काला-कलूटा 2. काले रंग का

سیاہ فہرست (स्त्री.)सियाह फ़िहरिस्त
(प्रशा.) काली सूची

سیاہ کار (वि.)सियाहकार
दुश्चरित्र, व्यभिचारी, पापी, गुनाहगार, अपराधी

سیاہ کاری (स्त्री.)सियाहकारी
पाप कर्म, गुनाह

سیاہ و سفید (पु.)सियाहो-सफ़ेद
1. काला और सफ़ेद, सितासित 2. संपूर्ण, सब, पूरा, जैसे- 'سیاہ و سفید کا مالک' (सियाहोसफ़ेद का मालिक) 3. अच्छा-बुरा

سیاہی (स्त्री.)सियाही
1. कालिमा, अंधकार 2. काजल 3. रोशनाई

سیبِ ذقن (पु.)सेबे-ज़क़न
सेब के आकार की ठुड्डी

سہو (पु.)सह्व
1. भूल, भूल-चूक, ग़लती 2. त्रुटि

سہواً (क्रि.वि.)सह्वन
भूले से

سہولت (स्त्री.)सुहूलत
1. सुगमता, आसानी 2. सुविधा

سہی (वि.)सही
1. ठीक 2. मंज़ूर, माना

سُہیل (पु.)सुहैल
एक प्रसिद्ध सितारा

سہیلی (स्त्री.)सहेली
सखी

سئیس (पु.)सईस
घोड़े का रखवाला, साईस

سی (वि.)सी
तीस, तीस की संख्या

سیپارہ (पु.)सीपारा
1. क़ुरआन शरीफ़ के तीस खंडों में से एक 2. तीस भागों में बँटा हुआ

سیّاح (पु.)सय्याह
1. यात्री 2. पर्यटक

سیاحت (स्त्री.)सियाहत
1. पर्यटन 2. सफ़र, यात्रा

سیّاحی (स्त्री.)सय्याही
यात्रा, पर्यटन, देशाटन, भ्रमण

سیّارہ (पु.)सय्यारा
1. ग्रह, वह तारा जो एक जगह न रहे बल्कि गतिमान हो 2. गतिमान, गतिशील, भ्रमणशील

سیّارہ داں (पु.)सय्यारादाँ
ज्योतिषी

سیّارہ شناس (वि.)सय्याराशनास
दे. 'سیّارہ داں'

سیاست (स्त्री.)सियासत
1. राजनीति 2. कूटनीति

سیاست داں (पु.)सियासतदाँ
राजनीतिज्ञ, राजनीति विज्ञ

سیاست دانی (स्त्री.)सियासतदानी
राजनीति जानना

سیاست گاہ (स्त्री.)सियासतगाह
राजनीति का अड्डा या अखाड़ा

سیاستِ مدن (स्त्री.)सियासते-मुदन
नगर प्रबंध

**سیب زنخداں** (पु.)सेबे-ज़नख़दाँ
दे. سیب ذقن

**سیخ** (स्त्री.)सीख़
लोहे की सलाख़, शलाका

**سیخ پا** (वि.)सीख़ पा
पिछले पैरों पर खड़ा हुआ घोड़ा

**سید** (वि.)सैयद/सय्यद
1. पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब के वंशज 2. इमाम, पेशवा, मार्गदर्शक, सरदार

**سیدزادہ** (पु.)सय्यदज़ादा
सैयिद का लड़का, सैयिद पुत्र

**سیدین** (पु.)सैयिदैन
दोनों सैयिद अर्थात् हज़रत इमाम हसन और हज़रत इमाम हुसैन

**سیر** (स्त्री.)सैर
1. भ्रमण, विहार, पर्यटन, मनोविनोद 2. घूमना-फिरना, सैर-सपाटा, चहल क़दमी, हवाख़ोरी 3. कौतुक, तमाशा

**سیر حاصل** (वि.)सैरहासिल
भरपूर

**سیر و تفریح** (स्त्री.)सैरो-तफ़रीह
सैर सपाटा, घूमना-फिरना, पर्यटन, भ्रमण

**سیراب** (वि.)सैराब
1. पानी से सींचा हुआ, सिंचित, ख़ूब पानी पिये हुए 2. तृप्त, संतुष्ट

**سیرابی** (वि.)सैराबी
1. तरो-ताज़गी, तरी, नमी 2. हरा-भरापन 3. परितृप्ति 4. उर्वरता

**سیرت** (स्त्री.)सीरत
1. स्वभाव, प्रकृति, आदत 2. चरित्र

**سیرتاً** (क्रि.वि.)सीरतन
स्वाभावतः, स्वभाव से, स्वभावस्वरूप

**سیرگاہ** (स्त्री.)सैरगाह
विहार-स्थल, भ्रमण स्थल

**سیری** (स्त्री.)सेरी
तृप्ति, संतुष्टि, तसल्ली

**سیف** (स्त्री.)सैफ़
खड्‌ग, तलवार

**سیف و قلم** (पु.)सैफ़ो-क़लम
तलवार और क़लम

**سیفی** (स्त्री.)सैफ़ी
1. शत्रु विनाश हेतु पढ़े जाने वाला जाप मंत्र 2. तलवारनुमा

**سیل** (स्त्री.)सैल
1. बहाव, लहर 2. बाढ़, सैलाब

**سیل اشک** (पु.)सैले-अश्क
आँसुओं की बाढ़

**سیلاب** (पु.)सैलाब
बाढ़

**سیلاب زدہ** (वि.)सैलाब ज़दा
1. बाढ़ग्रस्त 2. बाढ़ पीड़ित

**سیلابی** (वि.)सैलाबी
बाढ़ का, बाढ़ से सम्बन्धित

**سیلابی پنکھ** (पु.)सैलाबी पंख
(भू.) जलोढ़ पंख

**سیلابی میدان** (पु.)सैलाबी मैदान
(भू.) जलोढ़ मैदान

**سیلان** (पु.)सैलान
स्राव

**سیلانی** (वि.)सैलानी
1. घुमक्कड़ 2. पर्यटक

**سیلانی مخروط** (पु.)सैलानी मख़रूता
(भू.) जलोढ़ शंकु

**سیلی** (स्त्री.)सैली
थप्पड़

**سیم** (स्त्री.)सीम
रजत, चाँदी

**سیم بر** (वि.)सीम बर
चाँदी जैसी गौर-वर्णी वक्ष स्थल वाली नायिका

**سیم تن** (वि.)सीम तन
1. चाँदी जैसी उज्ज्वल देह वाला/वाली, गौरांग, रजतांग 2. (स्त्री.) गौरवर्णा, रजतांगना

**سیم خالص** (अ.)सीमे-ख़ालिस
खरी और शुद्ध चाँदी

**سیم خام** (स्त्री.)सीमे-ख़ाम
कच्ची चाँदी, मिलावटी चाँदी

**سیم سوختہ** (स्त्री.)सीमे-सोख़्ता
1. ख़ालिस चाँदी, खरी चाँदी 2. लाजवर्द, एक रत्न, राजावर्त

**سیم ناب** (स्त्री.)सीमे-नाब
दे. سیم خالص

**سیم و زر** (पु.)सीमो-ज़र
सोना चाँदी अर्थात् धन दौलत, माल, दौलत

**سیما** (स्त्री.)सीमा
1. मुख, चेहरा 2. ललाट, माथा, पेशानी

**سیماب** (पु.)सीमाब
पारद, पारा, एक धातु

**سیماب صفت** (वि.)सीमाब-सिफ़त
पारे जैसा चंचल, पारा वत्त, व्याकुल

**سیماب گوں** (वि.)सीमाब गूँ
पारे के रंगवाला, पारे जैसा सुफ़ेद

**سیمابی** (वि.)सीमाबी
पारे का, पारे का बना हुआ, पारे से संबंधित

**سیمابیت** (स्त्री.)सीमाबियत
अस्थिरता, व्याकुलता, पारा जैसा चंचल या व्याकुल होना

**سیمرغ** (पु.)सीमुर्ग़
क़ाफ़ पहाड़ में रहने वाला एक काल्पनिक पक्षी

**سیمیا** (स्त्री.)सीमिया
परकाय-प्रवेश-विद्या, वह विद्या जिससे मनुष्य अपना शरीर छोड़कर दूसरे के शरीर में दाख़िल हो जाता है

**سیمیں** (वि.)सीमीं
चाँदी का, चाँदी का बना हुआ, चाँदी जैसा

**سینا** (पु.)सीना
सीरिया में स्थित एक पहाड़ का नाम, कोहे-तूर

**سینہ** (पु.)सीना
1. वक्षःस्थल, छाती 2. स्तन, पयोधर

**سینہ بند** (पु.)सीनाबंद
1. अँगिया, चोली 2. छाती गर्म रखने वाला एक वस्त्र 3. बच्चों की राल टपकने के कारण कपड़े बचाने के लिए सीने पर बाँधते हैं

**سینہ بہ سینہ** (वि.)सीना ब सीना
1. वाचिक परम्परा से चला आता ज्ञान 2. वह बात जो किसी वंश में एक दूसरे को बताई हुई चली आती हो, मौखिक

**سینہ زنی** (स्त्री.)सीना ज़नी
छाती कूटना अर्थात् शोक मनाना, मातम करना

**سینہ زور** (वि.)सीना ज़ोर
1. ज़ोर-ज़बरदस्ती करने वाला 2. उद्दंड 3. शक्तिशाली

**سینہ زوری** (स्त्री.)सीना ज़ोरी
उद्दंडता

**سینہ سپر ہونا** (क्रि.)सीना सिपर होना
डट जाना, अडिग होना

**سیہ** (वि.)सियह
'سیاہ' का लघु., काला

**سیہ بختی** (स्त्री.)सियह बख़्ती
अभागापन, भाग्यहीनता

**سیہ روز** (वि.)सियह रोज़
1. काला दिवस 2. बुरा दिन, अशुभ दिन

**سیہ روزگار** (वि.)सियह रोज़गार
दे. 'سیاہ روزگار'

---

# ش

---

**شاباش** (स्त्री.)शाबाश
1. 'شادباش' का लघु. 2. एक प्रशंसा सूचक शब्दः वाह-वाह, धन्य हो

**شاباشی** (स्त्री.)शाबाशी
प्रोत्साहन, प्रशंसा, आशिष

**شاخ** (स्त्री.)शाख़
1. शाखा, टहनी, डाली 2. खंड 3. सींग

**شاخِ آہو** (स्त्री.)शाख़े-आहू
हिरन का सींग

**شاخ دار** (वि.)शाख़दार
1. टहनीदार 2. सींगवाला, श्रृंगिण

**شاخ در شاخ** (वि.)शाख़ दर शाख़
1. एक एक डाली में, डाली-डाली में 2. पेचीदा

**شاخِ زعفران** (वि.)शाख़े-ज़अ्फ़रान
आश्चर्यजनक, अनुपम, अनोखा

**شاخِ گیسو** (स्त्री.)शाख़े-गेसू
बालों की लट, केशपाश

**شاخِ نبات** (स्त्री.)शाख़े-नबात
मिस्री की डली

**شاخچہ** (स्त्री.)शाख़चा
1. (वन.) उपशाखा, शाखिका 2. छोटी टहनी

**شاخسانہ** (पु.)शाख़साना
1. बाधा, अड़चन 2. बातों का सिलसिला

**شاد** (वि.)शाद
1. प्रसन्न, हर्षित, ख़ुश 2. आनंदित, मौज में

**شادباش** (वा.)शादबाश
ख़ुश रहो, चैन से जीवन व्यतीत करो, आशीर्वचन, आशिष

**شاداب** ( वि. )शादाब
1. हरा-भरा, सरसब्ज़ 2. सिंची हुई खेती 3. प्रफुल्ल, खिला हुआ

**شادابی** ( स्त्री. )शादाबी
1. हराभरापन, तरोताज़गी 2. प्रफुल्लता

**شادکام** ( वि. )शाद काम
सफलमनोरथ, खुशहाल

**شادماں** ( वि. )शादमाँ
प्रसन्नचित्त, हर्षित, आनंदित

**شادمانی** ( स्त्री. )शादमानी
प्रसन्नता, हर्ष, खुशी

**شادی** ( स्त्री. )शादी
1. हर्ष, आनंद 2. विवाह

**شادی مرگ** ( स्त्री. )शादीए- मर्ग
हर्षाधिक्य के कारण होनेवाली मृत्यु

**شادیانہ** ( पु. )शादियाना
खुशी के समय बजाया जाने वाला बाजा

**شاذ** ( वि. )शाज़
1. विचित्र, असाधारण 2. विरल

**شاذونادر** ( वि. )शाज़ो-नादिर
1. कभी-कभी, यदा-कदा 2. इक्का-दुक्का, न होने के बराबर

**شارب** ( वि. )शारिब
पीनेवाला, पायी

**شارح** ( वि. )शारेह
टीकाकार, व्याख्याकार, भाष्यकार

**شارع** ( वि. )शारे
1. इस्लामी क़ानून बनानेवाला 2. शरीअत ( इस्लामी धर्म शास्त्र ) का विज्ञ 3. ( स्त्री./पु. ) राजमार्ग

**شارع عام** ( स्त्री./पु. )शारे आम
जनमार्ग

**شاطر** ( वि. )शातिर
1. धूर्त, छली, ठग 2. शतरंज का माहिर, शतरंज खेलने वाला

**شاطرانہ** ( वि. )शातिराना
शातिरों जैसा, धूर्ततापूर्ण, छलपूर्वक

**شاعر** ( पु. )शाइर
कवि, पद्य रचना करने वाला

**شاعرانہ** ( वि. )शाइराना
कविता से संबंधित, काव्यात्मक

**شاعرہ** ( स्त्री. )शाइरा
कवयित्री

**شاعری** ( स्त्री. )शाइरी
कविता, काव्य

**شافع** ( पु. )शाफ़े
ईश्वर से सिफ़ारिश करके मोक्ष दिलाने वाला अर्थात् पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब

**شافعہ** ( स्त्री. )शाफ़िआ
सिफ़ारिश करनेवाली स्त्री

**شافعی** ( वि. )शाफ़िई
1. इमाम शाफ़िई का नाम 2. इमाम शाफ़िई का अनुयायी

**شافہ** ( पु. )शाफ़ा
कपड़े की धज्जी जो घाव में मवाद साफ़ करने के लिए भरते हैं, बत्ती

**شافی** ( वि. )शाफ़ी
1. रोगमुक्त करनेवाला चिकित्सक 2. सांत्वना देनेवाला 3. दो टूक फ़ैसला सुनानेवाला

**شاق** ( वि. )शाक़
1. असह्य 2. कठिन, दुष्कर, मुश्किल 3. अरुचिकर

**شاقہ** ( वि. )शाक़्क़ा
बहुत कड़ी, बहुत कठिन

**شاکر** ( वि. )शाकिर
कृतज्ञ, आभारी

**شاکی** ( वि. )शाकी
शिकायतकर्ता, परिवादी

**شاگرد** ( पु. )शागिर्द
शिष्य, विद्यार्थी

**شاگرد پیشہ** ( पु. )शागिर्द पेशा
नौकर-चाकर, सेवा करनेवाला

**شاگردانہ** ( वि. )शागिर्दाना
शिष्योचित, शागिर्दों जैसा, शागिर्दों की तरह

**شاگردی** ( स्त्री. )शागिर्दी
शिष्यत्व

**شال** ( स्त्री. )शाल
एक ऊनी कामदार ओढ़नेवाला वस्त्र

**شام** ( स्त्री. )शाम
संध्या, साँझ

**شام غریباں** ( स्त्री. )शामे-ग़रीबाँ
1. परदेसी की शाम 2. मुसीबत की शाम 3. ग्यारहवीं मुहर्रम की शाम

**شام وسحر** ( स्त्री. )शामो-सहर
1. दोनों समय 2. हर समय

**شامت** (स्त्री.)शामत
विपदा, विपत्ति, मुसीबत, आफ़त

**شامت اعمال** (स्त्री.)शामते-आमाल
कर्मभोग

**شامل** (वि.)शामिल
सम्मिलित, भागीदार

**شامہ** (स्त्री.)शाम्मा
घ्राणशक्ति, सूँघने की शक्ति

**شامیانہ** (पु.)शामियाना
वितान, तंबू

**شان** (स्त्री.)शान
1. वैभव, प्रताप 2. अंदाज़, धज

**شان نزول** (स्त्री.)शाने-नुज़ूल
1. उतरने का कारण 2. किसी आकाशीय ग्रंथ या उसके किसी खंड-विशेष के उतरने का अवसर

**شان وشوکت** (स्त्री.)शानो-शौकत
ठाट-बाट, सज-धज, तड़क-भड़क, वैभव

**شاندار** (वि.)शानदार
भव्य

**شانزدہ** (वि.)शांज़दा
सोलह, षोडश

**شانہ** (पु.)शाना
1. कंधा, स्कंध 2. जुलाहों की कूंची 3. कंघी

**شانہ بشانہ** (वि.)शाना-ब-शाना
कंधे से कंधा मिलाकर, कंधे से कंधा जोड़कर

**شاہ** (पु.)शाह
बादशाह, शासक, नरेश, नृप, राजा

**شاہباز** (पु.)शाहबाज़
1. बड़ा बाज़ 2. वीर, योद्धा

**شاہبیت** (स्त्री.)शाहबैत
ग़ज़ल का सबसे अच्छा शेर

**شاہپر** (पु.)शाहपर
डैना

**شاہدرہ** (पु.)शाहदरा
नदी के दूसरे किनारे पर आबाद बस्ती जो राजमहल के सामने हो

**شاہرگ** (स्त्री.)शाहरग
मुख्य शिरा

**شاہسوار** (वि.)शाहसवार
बड़ा घुड़सवार

**شاہنامہ** (पु.)शाहनामा
वह महाकाव्य जिसमें किसी राज्य विशेष के बादशाहों का वर्णन हो

**شاہ نجف** (पु.)शाहे-नजफ़
हज़रत अली

**شاہ نشیں** (स्त्री.)शाहनशीं
बैठने की ऊँची जगह

**شاہ وقت** (पु.)शाहे-वक़्त
तत्कालीन शासक, समकालीन समय में राज करनेवाला बादशाह

**شاہانہ** (वि.)शाहाना
1. राजसी, राजाओं जैसा, बादशाहों के समान
2. (पु.) एक हिन्दुस्तानी राग का नाम

**شاہد** (पु.)शाहिद
1. साक्षी, गवाह 2. प्रेमी

**شاہد باز** (वि.)शाहिदबाज़
1. रूपासक्त, रूप-सौंदर्य पर मोहित होनेवाला, हुस्नपरस्त 2. रंडीबाज़, वेश्यागामी

**شاہد عادل** (वि.)शाहिदे-आदिल
सच्चा गवाह, सच्चा साक्षी

**شاہد مقصود** (वि.)शाहिदे-मक़सूद
मनोकामना, मनोरथ, नायिका रूपी सुंदर मनोरथ

**شاہراہ** (स्त्री.)शाहराह
राजमार्ग, मुख्य मार्ग

**شاہزادگی** (स्त्री.)शाहज़ादगी
राजकुमारता, युवराजपन, शाहज़ादगी की अवस्था

**شاہزادہ** (पु.)शाहजादा
युवराज, राजकुमार

**شاہکار** (पु.)शाहकार
सर्वोत्तम कला, श्रेष्ठ कृति, श्रीवन्तकृति

**شاہنشاہ** (पु.) शाहंशाह
सम्राट् चक्रवर्ती

**شاہنشاہی** (स्त्री.)शाहंशाही
1. शासन 2. राजकीय, बादशाहत
3. साम्राज्य, बादशाह की अधिकृत भूमि

**شاہنشہ** (वि.)शाहंशह
'شاہنشاہ' का लघु.

**شاہنشہی** (स्त्री.)शाहंशही
'شاہنشاہی' का लघु.

**شاہی** (वि.)शाही
1. राजकीय 2. सरकारी 3. (स्त्री.) राज्य, सत्ता

**شاہین** (पु.)शाहीन
1. श्येन, पालंगक, विहंगराति 2. बाज़ पक्षी 3. तराज़ू की डंडी, तुलादंड

**شاہیں** (पु.)शाहीं
दे. 'شاہین'

**شائبہ** (पु.)शाइबा
1. मिलावट 2. संदेह

**شائستہ** (वि.)शाइस्ता
शिष्ट, सभ्य, सुसंस्कृत

**شائستہ کلام** (वि.)शाइस्ता कलाम
शिष्टतापूर्वक बात करनेवाला

**شائستگی** (स्त्री.)शाइस्तगी
शिष्टता

**شائع** (वि.)शाए
1. प्रकाशित 2. प्रसारित

**شائع کردہ** (वि.)शाए-कर्दा
प्रकाशित, छापा हुआ

**شائع کنندہ** (वि.)शाए-कुनिंदा
प्रकाशक, छापनेवाला

**شائق** (वि.)शाइक़
1. उत्कंठित 2. इच्छुक, अभिलाषी

**شائگاں** (वि.)शएगाँ
1. उत्तम, उम्दा 2. विस्तृत, चौड़ा

**شایاں** (वि.)शायाँ
उचित, समुचित, मुनासिब

**شایان شان** (वि.)शायाने-शान
प्रतिष्ठा अनुसार, हैसियत के मुताबिक़

**شاید** (अव्य.)शायद
संभवतः, कदाचित्

**شاید و باید** (अव्य.)शायदो-बायद
यथायोग्य, जैसा चाहिए था, भली भाँति

**شایستگی** (स्त्री.)शायस्तगी
दे. 'شائستگی'

**شایستہ** (वि.)शायस्ता
दे. 'شائستہ'

**شایگاں** (वि.)शायगाँ
दे. 'شائگاں'

**شب** (स्त्री.)शब
रात्रि, निशा, रजनी

**شب بخیر** (वर्ण)शब बख़ैर
शुभरात्रि

**شب برات** (स्त्री.)शबे-बरात
मुसलमानों का एक त्योहार

**شب بیدار** (वि.)शब बेदार
रात भर जागकर जप-तप करने वाला, रात भर जागने वाला

**شب بیداری** (स्त्री.)शब बेदारी
1. रात भर जागना, रात भर जागकर तपस्या करना 2. जागरण

**شب خون** (पु.)शबख़ून
सेना का रात के अँधेरे में शत्रु दल पर अचानक आक्रमण करना, रात में हमला करना

**شب خوں** (पु.)शबख़ूँ
दे. 'شب خون'

**شب دیگ** (स्त्री.)शबदेग
वह हांडी जो रात भर पकायी जाए

**شب زندہ دار** (वि.)शब ज़िंदादार
रात भर जागने और जप-तप करने वाला

**شب زندہ داری** (श्स्त्री.)शब ज़िंदा दारी
रात भर जाग कर जप-तप और इबादत करना

**شب عاشورہ** (स्त्री.)शबे-आशूरा
मुहर्रम की दसवीं रात

**شب قدر** (स्त्री.)शबे-क़द
इस्लाम धर्मानुसार एक अति पवित्र रात

**شب معراج** (स्त्री.)शबे-मेराज
वह रात जिसमें पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब ख़ुदा से मिलने अर्श पर गये थे

**شب و روز** (पु.)शबो-रोज़
1. रात दिन, अहर्निश 2. हर समय 3. निरंतर, लगातार

**شباب** (स्त्री.)शबाब
1. जवानी, तारूण्य 2. उत्कर्ष काल 3. प्रारंभ

**شبان** (पु.)शबान
चरवाहा

صلح نامہ (पु.)सुलहनामा
संधि-पत्र, शांति-अनुबंध

صلح و جنگ (स्त्री.)सुलहो-जंग
लड़ाई और मेल, युद्ध और संधि

صلوٰۃ (स्त्री.)सलात/सलवात
1. नमाज़ 2. दुआ 3. रहमत, बरकत 4. दुरूद, पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब को भेजी जाने वाली दुआएँ

صلہ (पु.)सिला
1. प्रतिकार 2. पुरस्कार, इनाम

صلۂ رحمی (स्त्री.)सिलए-रहमी
अपने परिवार वालों से प्रेम रखना और यथाशक्ति उनकी सहायता करना

صلیب (स्त्री.)सलीब
सूली, क्रास, ईसाई धर्म-प्रतीक

صلیبی (वि.)सलीबी
सलीब का, सलीब संबंधी, ईसाई धर्म संबंधी

صلیبی جنگ (स्त्री.)सलीबी जंग
(इति.) धर्मयुद्ध

صمصام (स्त्री.)सम्साम
तेज़ तलवार, धारदार तलवार

صمیم قلب (पु.)समीमे-क़ल्ब
दिल की सच्चाई

صنادید (पु.)सनादीद
1. 'صندید' का बहु., बुज़ुर्ग, सरदार 2. प्रतिष्ठित और महान व्यक्ति 3. जोखिम, संकट 4. पुरानी इमारत, खंडहर

صفحۂ زمیں (पु.)सफ़्हए-ज़मीं
पृथ्वी का तल, धरातल

صفحۂ قرطاس (पु.)सफ़्हए-क़िर्तास
दे. 'صفحۂ کاغذ'

صفحۂ کاغذ (पु.)सफ़्हए-काग़ज़
काग़ज़ का पन्ना

صفحۂ ہستی (पु.)सफ़्हए-हस्ती
संसार, जीवन-पटल

صفدر (वि.)सफ़दर
1. शत्रु सेना की पंक्तियों को तोड़ देने वाला, शूर वीर, साहसी 2. हज़रत अली की उपाधि

صفر (पु.)सफ़र
इस्लामी कैलंडर के अनुसार दूसरा महीना

صفر (पु.)सिफ़र
शून्य, ज़ीरो

صفرا (पु.)सफ़रा
पित्त

صفراوی (वि.)सफ़रावी
पित्त प्रकृति वाला, पित्तीय

صفیر (स्त्री.)सफ़ीर
1. पक्षियों की आवाज़, चहचहाहट 2. वह सीटी जो पक्षियों के लिए बजाई जाती है

صفیری (वि.)सफ़ीरी
(भा.) घर्षी, संघर्षी

صلابت (स्त्री.)सलाबत
1. दृढ़ता 2. कठोरता

صلاح (स्त्री.)सलाह
परामर्श, राय, मशविरा

صلاح کار (वि.)सलाहकार
परामर्शदाता, सलाहकार

صلاحیت (स्त्री.)सलाहीयत
1. योग्यता 2. क्षमता, सामर्थ्य

صلاحیتی اضافہ (पु.)सलाहियती इज़ाफ़ा
(वाणि.) योग्यता वृद्धि

صلا (पु.)सिला
बुलावा, निमंत्रण

صلائے عام (स्त्री.)सलाए-आम
सार्वजनिक निमंत्रण

صانع (पु.वि.)सन्नाअ
शिल्पकार, कारीगर
صانع قدرت (पु.)सन्नाए कुदरत
स्रष्टा
صناعت (स्त्री.)सनाअत
1. पेशा 2. शिल्प, दस्तकारी, कारीगरी
صنائی (स्त्री.)सन्नाई
कला, कारीगरी
صنائع (पु.)सनाए
1. अलंकार आदि 2. कारीगरी
صنائع لفظی (पु.)सनाए लफ़्ज़ी
शब्दालंकार, वह अलंकार जिनके द्वारा शब्दों में साहित्यिक विशेषताएँ पैदा की जाएँ
صنائع معنوی (पु.)सनाए-मानवी
अर्थालंकार, वह अलंकार जिनसे अर्थ की विशेषता प्रकट की जाए
صندل (पु.)संदल
चंदन, एक सुगंधित लकड़ी
صندلی (वि.)संदली
1. संदल का 2. चंदन की लकड़ी का बना हुआ
صندوق (पु.)संदूक़
1. पेटी, बक्स 2. ताबूत
صندوقچہ (पु.)संदूक़चा
छोटा संदूक़, छोटी पेटी
صندوقی (वि.)संदूक़ी
1. संदूक़ जैसा, संदूक़ की आकृति का
2. (स्त्री.) संदूक़नुमा क़ब्र जिसमें बग़ली नहीं होती
صنعت (स्त्री.)सन्अत
1. उद्योग, कारख़ाने 2. शिल्प, कारीगरी
3. अलंकार
صنعت تضاد (स्त्री.)सन्अते-तज़ाद
वह शब्दालंकार जिसमें दो या कई परस्पर विरोधी चीज़ें लाई जाएँ
صنعت شعری (स्त्री.)सन्अते शेरी
अलंकार, काव्यगत
صنعت کار (वि.)सनअत कार
उद्योगपति
صنعت کاری (स्त्री.)सन्अतकारी
1. उद्योगीकरण 2. शिल्प
صنعت گر (वि.)सन्अतगर
शिल्पकार, शिल्पी, कारीगर, उद्योगजीवी, हस्तशिल्पी
صنعت گری (स्त्री.)सन्अत गरी
1. कारीगरी 2. उद्योग कर्म
صنعت مقلوب (स्त्री.)सन्अते-मक़्लूब
वह शब्दालंकार जिसमें किसी शब्द के अक्षर उलटकर कोई दूसरा शब्द बनाकर सुदंरता पैदा की जाए
صنعتی (वि.)सन्अती
औद्योगिक, उद्योग संबंधी
صنعتی انقلاب (पु.)सन्अती इंक़िलाब
(इति., अर्थ.) औद्योगिक क्रांति
صنف (स्त्री.)सिंफ़
1. विधा 2. जाति
صنف نازک (स्त्री.)सिंफ़े-नाज़ुक
स्त्रीवर्ग, स्त्री
صنم (पु.)सनम
1. मूर्ति 2. प्रेमिका, प्रेमी
صنم پرست (वि.)सनम परस्त
मूर्ति पूजक
صنم پرستی (स्त्री.)सनम परस्ती
मूर्ति पूजा, बुत परस्ती
صنم خانہ (पु.)सनम ख़ाना
1. बुतख़ाना 2. मूर्तिगृह
صنوبر (पु.)सनोबर
चीड़ का पेड़
صواب (पु.)सवाब
उचित, ठीक, मुनासिब
صواب دید (स्त्री.)सवाबदीद
किसी की अपनी राय, अपनी समझ
صوبائی (वि.)सूबाई
1. प्रादेशिक 2. प्रांतीय
صوبہ (पु.)सूबा
1. प्रांत 2. प्रदेश
صوبجات (पु.)सूबाजात
صوبہ का बहु., प्रदेश समूह
صوبہ دار (पु.)सूबेदार
1. सूबे का शासक, गवर्नर, राज्यपाल
2. सिपाही से बड़ा एक पद
صوبہ داری (स्त्री.)सूबेदारी
राज्यपाल का पद, गवर्नरी पद, सूबेदार का पद
صوت (स्त्री.)सौत
ध्वनि, वाणी, आवाज़

صوت افزا ( पु. )सौत अफ़ज़ा
( भौ., जन. ) प्रवर्धक

صوت پیما ( पु. )सौत पैमा
( भौ. ) ध्वनिमापी

صوتی ( वि. )सौती
1. ध्वनि से संबंधित, ध्वनि का
2. ( भा. ) स्वनकारी

صوتیات ( स्त्री. )सौतियात
ध्वनिकी, ध्वनि विज्ञान

صوتیاتی لہر ( स्त्री. )सौतियाती लहर
( भौ. ) ध्वनि तरंग

صوتیہ ( पु. )सौतिया
1. ध्वनिग्राम 2. ( भा. ) स्वनिम

صور ( पु. )सूर
वह बिगुल जो क़यामत के दिन हज़रत इस्राफ़ील फूंकेंगे

صورت ( स्त्री. )सूरत
1. रूप, आकृति, मुखाकृति 2. दशा 3. उपाय

صورت آشنا ( वि. )सूरत आश्ना
परिचित

صورت اولی ( स्त्री. )सूरत ऊला
( मनो. ) आद्यप्रारूप

صورت پرست ( वि. )सूरत परस्त
मूर्तिपूजक

صورت گر ( वि. )सूरतगर
मूर्तिकार, चित्रकार

صورت گری ( स्त्री. )सूरतगरी
मूर्ति बनाना, मूर्तिकारी

صورت حال ( स्त्री. )सूरते-हाल
1. दशा 2. परिस्थिति

صوری ( वि. )सूरी
1. सूरत का, मुख का, सूरत से संबंधित
2. ऊपरी, बाह्य

صوفی ( पु. )सूफ़ी
सूफ़ी, प्रेम मार्ग का साधक

صوفی منش ( पु. )सूफ़ी मनिश
सूफ़ी स्वभाव वाला

صوفیا ( पु. )सूफ़ियां
'صوفی' का बहु., सूफ़ी लोग

صوفیانہ ( वि. )सूफ़ियाना
1. सूफ़ियों से संबंधित, सूफ़ियों जैसा
2. सादा, सरल

صولت ( स्त्री. )सौलत
1. तेज, प्रताप 2. क्रोध, गुस्सा 3. दबदबा

صولت پناہ ( स्त्री. )सौलत पनाह
प्रतापी, तेजस्वी, रोबो-दाब वाला

صولت شاہی ( स्त्री. )सौलते-शाही
शाही दबदबा

صوم ( पु. )सौम
व्रत, रोज़ा

صوم وصلوٰۃ ( स्त्री. )सौमो-सलात
रोज़ा-नमाज़

صیاد ( वि. )सय्याद
1. शिकारी, आखेटक, व्याध 2. चिड़ीमार, बहेलिया

صیاد اجل ( पु. )सय्यादे-अजल
यमराज, यमदूत

صیاد سیرت ( वि. )सय्याद सीरत
दे. 'صیاد فطرت'

صیاد فطرت ( वि. )सय्याद फ़ित्रत
1. जो दूसरों को जाल में फँसाना खूब जानता हो 2. निर्दय, कठोर हृदय

صیادی ( वि. )सय्यादी
1. शिकार का पेशा 2. निर्दयता, संग दिली

صیام ( पु. )सियाम
'صوم' का बहु., रोज़े

صیانت ( स्त्री. )सियानत
सुरक्षा, संरक्षण

صید ( पु. )सैद
मृगया, आखेट, आहेर, शिकार, शिकार किया हुआ जानवर

صید حرم ( पु. )सैदे-हरम
वे जानवर और पक्षी जो मक्का शहर के आसपास या भीतर रहते हैं और जिनका शिकार वर्जित है

صید زبوں ( पु. )सैदे ज़बूँ
बहुत ही छोटा शिकार जिससे किसी का पेट न भरे

صیدگاہ ( स्त्री. )सैदगाह
आखेट-स्थल, मृगया वन, शिकारगाह

**صیغہ** (पु.)सीग़ा
1. विभाग, अनुभाग 2. रूप, आकार, शक्ल 3. शीआ संप्रदाय में 'निकाह' के लिए प्रचलित शब्द 4. (प्रशा.) प्रकोष्ठ

**صیغۂ حاضر** (पु.)सीग़ए-हाज़िर
(भा.) मध्यम पुरुष

**صیغۂ راز** (पु.)सीग़ए-राज़
रहस्य, भेद

**صیغۂ غائب** (पु.)सीग़ए-ग़ायब
(भा.)अन्य पुरुष, जिसके विषय में बात की जाए

**صیغۂ متکلم** (पु.)सीग़ए-मतकल्लिम
(भा.) प्रथम पुरुष, जो बात करने वाला है

**صیقل** (स्त्री.)सैक़ल
चमक, क़लई, पालिश

**صیقل گر** (वि.)सैक़लगर
1. सान करने वाला 2. क़लईगर

**صیقلی** (स्त्री.)सैक़ली
वह पत्थर जिस पर रगड़कर तलवार आदि में धार पैदा करते हैं, सान पत्थर

**صیہونیت** (स्त्री.)सैहूनियत
यहूदीवाद

## ض

**ضابطہ** (पु.)ज़ाबिता
नियम, प्रणाली

**ضابطۂ دیوانی** (पुं.)ज़ाबितए-दीवानी
दीवानी अदालत का क़ानून

**ضابطۂ فوجداری** (पुं.)ज़ाबितए-फ़ौजदारी
फ़ौजदारी अदालत का क़ानून

**ضابطہ مدت** (स्त्री.)ज़ाबिता मुद्दत
(वाणि.) नियमन अवधि

**ضاحک** (वि.)ज़ाहिक
हँसोड़, प्रहासी, मसख़रा

**ضامن** (पु.)ज़ामिन
प्रतिभू, आतंचन, गारंटी लेने वाला

**ضائع** (वि.)ज़ाए
नष्ट, व्यर्थ, निष्फल

**ضبط** (पु.)ज़ब्त
1. रोक, क़ाबू 2. सहन, सहनशीलता 3. सरकारी हुक्म से किसी चीज़ पर क़ब्ज़ा, कुर्की 4. क़ब्ज़ा, अधिकार

**ضبط تولید** (स्त्री.)ज़ब्ते-तौलीद
संतति-निरोध

**ضبط نفس** (पु.)ज़ब्ते-नफ़्स
1. आत्म-संयम 2. (समा.) आत्मनिषेध

**ضبطی** (स्त्री.)ज़ब्ती
अधिग्रहण, कुर्की

**ضخامت** (स्त्री.)ज़ख़ामत
1. स्थूलता, मोटापन, मोटाई 2. विस्तार, वृहद

**ضخیم** (वि.)ज़ख़ीम
वृहदाकार, स्थूल, अतिकाय, भारी-भरकम

**ضد** (स्त्री.)ज़िद
1. हठ, दुराग्रह 2. विरोध, विलोम 3. (मनो.) प्रतिपक्ष 4. प्रतिस्थापना, प्रतिस्थापन

**ضد دعویٰ** (पु.)ज़िद्दे-दावा
(मनो.) 1. प्रतिपक्ष 2. प्रतिस्थापना, प्रतिस्थापन

**ضدین** (वि.)ज़िद्दैन
दो परस्पर विरोधी चीज़ें, जैसे आग और पानी

**ضرب** (स्त्री.)ज़र्ब
1. आघात, चोट, ठोकर 2. (संगीत) ताल, लय

**ضرب المثل** (पु.)ज़र्बुल मसल
कहावत, लोकोक्ति

**ضربات** (स्त्री.)ज़र्बात
'ضرب' का बहु.

**ضربیہ** (पु.)ज़र्बिया
(भौ.) गुणांक

**ضرر** (पु.)ज़रर
1. हानि, नुक़सान 2. अनिष्ट, ख़राबी 3. आघात, चोट

**ضرر رساں** (वि.)ज़रर रसाँ
हानिकारक

**ضرور** (क्रि.वि.)ज़रूर
1. अवश्य 2. निश्चित रूप से 3. निसंदेह

**ضرورت** (स्त्री.)ज़रूरत
1. आवश्यकता 2. आकांक्षा 3. अनिवार्यता

**ضرورت مند** (वि.)ज़रूरतमंद
1. ज़रूरतमंद 2. भिक्षुक, भिखारी, दरिद्र

**ضرورتاً** (क्रि.वि.)ज़रूरतन
1. आवश्यकतानुसार 2. कारणवश

ضروری (वि.)ज़रूरी
1. आवश्यक 2. अनिवार्य
ضروریات (स्त्री.)ज़रूरीयात
'ضروری' का बहु., आवश्यकताएँ, ज़रूरतें
ضعف (पु.)ज़ोफ़
निर्बलता, दुर्बलता, कमज़ोरी
ضعف جگر (पु.)ज़ोफ़े-जिगर
यकृत् का एक रोग, यकृत-दुर्बलता
ضعف معدہ (पु.)ज़ोफ़े-मेदा
1. पाचन-शक्ति की कमी 2. मंदाग्नि
3. अग्निमांद्य
ضعفا (पु.)ज़ोफ़ा
'ضعیف' का बहु., 1. निर्बल लोग 2. असहाय लोग
ضعیف (वि.)ज़ईफ़
1. निर्बल, दुर्बल, असहाय 2. बूढ़ा
ضعیف الاعتقاد (वि.)ज़ईफ़ुल-एतिक़ाद
कम आस्थावाला, जिस की श्रद्धा किसी पर कम हो
ضعیف العقل (वि.)ज़ईफ़ुल-अक़्ल
मंदमति, कम अक़्ल
ضعیف القلب (वि.)ज़ईफ़ुल क़ल्ब
कमज़ोर दिल वाला
ضعیفہ (स्त्री.)ज़ईफ़ा
वृद्धा, बूढ़ी
ضعیفی (स्त्री.)ज़ईफ़ी
1. वृद्धावस्था, बुढ़ापा 2. निर्बलता, कमज़ोरी
ضعیفی پنشن (स्त्री.)ज़ईफ़ी पेंशन
(वाणि.) वृद्धावस्था पेंशन
ضلالت (स्त्री.)ज़लालत
गुमराही
ضلع (पु.)ज़िला
1. जनपद 2. मंडल 3. किनारा, छोर
4. पसली 5. भुजा
ضم (पु.)ज़म
विलयन, मिलाना, सम्बद्ध होना
ضماد (पु.)ज़िमाद
लेप, प्रलेप, मलहम
ضمانت (स्त्री.)ज़मानत
प्रतिभूति, ज़मानत
ضمانت دار (पु.)ज़मानत दार
प्रतिभू, ज़मानतदार

ضمانت نامہ (पु.)ज़मानत नामा
प्रतिभूति पत्र
ضمانتی (पु.)ज़मानती
दे. 'ضمانت دار'
ضمن (पु.)ज़िम्न
अंतर्गत, प्रसंग, विषय, संदर्भ
ضمناً (क्रि.वि.)ज़िम्नन
प्रसंगवश
ضمنی (वि.)ज़िम्नी
1. आनुषंगिक, सहायक, उपलक्षित 2. गौण
3. मध्यवर्ती
ضمنی بندرگاہ (स्त्री.)ज़िम्नी बंदरगाह
(वाणि.) सहायक बंदरगाह
ضمنی صنعت (स्त्री.)ज़िम्नी सन्अत
(अर्थ.) आनुषंगिक उद्योग
ضمنی معاہدہ (पु.)ज़िम्नी मुआहिदा
(वाणि.) अनुपूरक क़रार
ضمہ (पु.)ज़म्मा
'पेश' का चिह्न ـُ, 'उ' की मात्रा
ضمیر (पु.)ज़मीर
1. अंतरात्मा 2. मन, हृदय 3. (भा.) सर्वनाम
ضمیر استفہامیہ (स्त्री.)ज़मीरे-इस्तिफ़हामिया
(भा.) प्रश्नवाचक सर्वनाम
ضمیر اشارہ (स्त्री.)ज़मीरे-इशारा
(भा.) सीमाबोधक सर्वनाम
ضمیر تاکیدی (स्त्री.)ज़मीरे-ताकीदी
(भा.) अवधारक सर्वनाम
ضمیر عددی (स्त्री.)ज़मीरे-अददी
(भा.) संख्यावाचक सर्वनाम
ضمیر حاضر (स्त्री.)ज़मीरे-हाज़िर
(भा.) मध्यम पुरुष, 'तुम'
ضمیر غائب (स्त्री.)ज़मीरे-ग़ायब
(भा.) अन्यपुरुष 'वह'
ضمیر فروش (वि.)ज़मीर फ़रोश
ग़द्दार, अवसरवादी
ضمیر فروشی (स्त्री.)ज़मीर फ़रोशी
ग़द्दारी, अवसरवादिता
ضمیر متکلم (स्त्री.)ज़मीरे-मुतकल्लिम
(भा.) उत्तम पुरुष, 'मैं'
ضمیر مخاطب (स्त्री.)ज़मीरे-मुख़ातब
दे. 'ضمیر حاضر'
ضمیر معکوس (स्त्री.)ज़मीरे-माकूस
(भा.) निजवाचक सर्वनाम

**ضمیر نکرہ** (स्त्री.)ज़मीरे नक्रा
(भा.) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

**ضمیری** (वि.)ज़मीरी
(भा.) सार्वनामिक

**ضمیمہ** (पु.)ज़मीमा
1. परिशिष्ट, परिशेषिका 2. (प्रशा.) संलग्नक

**ضو** (स्त्री.)ज़ौ
प्रकाश, आभा, ज्योति

**ضوپاشی** (स्त्री.)ज़ौपाशी
रोशनी फैलाना, जगमगा देना

**ضوفگن** (वि.)ज़ौफ़िगन
ज्योतिर्मय, रौशनी फैलाने वाला

**ضوابط** (पु.)ज़वाबित
'ضابطہ' का बहु., नियमावली, क़ायदे, क़ानून

**ضیا** (स्त्री.)ज़िया
1. प्रकाश, ज्योति, आभा 2. सूर्य प्रकाश

**ضیافت** (स्त्री.)ज़ियाफ़त
भोज, प्रीतिभोज, दावत

**ضیغم** (पु.)ज़ैग़म
शेर, व्याघ्र, सिंह

**ضیق** (स्त्री.)ज़ीक़
1. क्लेश, दुःख, तंगी 2. संकीर्णता

**ضیق النفس** (पु.)ज़ीक़ुन्नफ़स
(चिकि.) दमा, श्वासरोग, श्वास कष्ट

## ط

**طابع** (पु.)ताबे
मुद्रक, छापने वाला

**طاری** (वि.)तारी
छाया हुआ, ग्रसित

**طاعت** (स्त्री.)ताअत
1. उपासना, बंदगी, आराधना 2. आज्ञाकारिता

**طاعون** (पु.)ताऊन
प्लेग

**طاغوت** (पु.)तागूत
शैतान, असुर

**طاق** (वि.)ताक़
1. विषम 2. निपुण, चतुर 3. आला, मोखला 4. अतुलनीय

**طاق عدد** (पु.)ताक़ अदद
(ग.) विषम संख्या

**طاق نسیاں** (पु.)ताक़े-निस्याँ
1. विस्मृति का ताक़, विस्मृति रूपी ताक़ 2. वह ताक़ जहाँ कोई चीज़ रख कर भूल जाएँ

**طاقت** (स्त्री.)ताक़त
1. शक्ति, सामर्थ्य, बल, ज़ोर 2. साहस, हौसला 3. (ना.) सत्ता, शक्ति

**طاقت آزمائی** (स्त्री.)ताक़त आज़माई
शक्ति परीक्षा

**طاقتور** (वि.)ताक़तवर
शक्तिशाली, बलवान

**طاقچہ** (पु.)ताक़चा
छोटा ताक़, छोटा मोखला

**طاقی** (स्त्री.)ताक़ी
भेंगा

**طالب** (वि.)तालिब
इच्छुक, अभिलाषी

**طالب علم** (पु.)तालिबे-इल्म
विद्यार्थी, शिक्षार्थी

**طالب علمی** (स्त्री.)तालिब इल्मी
1. विद्या-उपार्जन 2. शागिर्दी, शिष्यत्व

**طالبات** (स्त्री.)तालिबात
'طالبہ' का बहु.

**طالبہ** (स्त्री.)तालिबा
छात्रा

**طالع** (वि.)ताले
1. भाग्य, क़िस्मत 2. उदय होने वाला

**طالع آزمائی** (स्त्री.)ताले-आज़माई
1. भाग्य परीक्षा 2. प्रयत्न, कोशिश

**طالع بیدار** (पु.)ताले-बेदार
सौभाग्य

**طالع خوابیدہ** (पु.)ताले-ख़्वाबीदा
दुर्भाग्य

**طالع مند** (वि.)तालेमंद
भाग्यवान, भाग्यशाली

**طامع** (वि.)तामे
लोभी, लालची

**طاہر** (वि.)ताहिर
पवित्र, शुद्ध, पुनीत

**طائر** (पु.)ताइर
पक्षी

طائر قبلہ نما (पु.)ताइरे-क़िब्ला नुमा
कुतुबनूमा की सुई

طائر قدس (पु.)ताइरे-कुद्स
1. ब्रह्मलोक तक उड़कर जाने वाले फ़रिश्ते 2. जिबरईल

طائر لاہوت (पु.)ताइरे लाहूत
ब्रह्मलोक तक उड़कर जाने वाला, ब्रह्मदूत

طائف (वि.)ताइफ़
परिक्रमा करने वाला, मक्का का दूसरा नाम

طائفہ (पु.)ताइफ़ा
मंडली, दल, टोली

طاؤس (पु.)ताऊस
मोर, मयूर

طب (स्त्री.)तिब
यूनानी चिकित्सा शास्त्र

طب جدید (स्त्री.)तिब्बे-जदीद
नवीन चिकित्सा प्रणाली

طب قدیم (स्त्री.)तिब्बे-क़दीम
प्राचीन चिकित्सा पद्धति

طبابت (स्त्री.)तबाबत
चिकित्सा कर्म

طباخ (पु.)तब्बाख़
रोटी पकानेवाला, नानबाई

طباع (वि.)तब्बा
अति प्रतिभाशाली

طباعت (स्त्री.)तबाअ़त
मुद्रण, छपाई

طبائی (स्त्री.)तब्बाई
प्रतिभा, असाधारण प्रतिभा

طباق (पु.)तबाक़
थाल, परात

طبائع (स्त्री.)तबाए
'طبیعت' का बहु., प्रकृति

طبع (स्त्री.)तबा
1. प्रकृति, स्वभाव 2. मुद्रण, छपाई

طبع آزمائی (स्त्री.)तबा आज़माई
काव्य-प्रतिभा

طبع رسا (स्त्री.)तबए-रसा
तीक्ष्ण प्रतिभा

طبع رواں (स्त्री.)तबए-रवाँ
प्रवाहित कल्पना-शक्ति

طبع زاد (वि.)तबा ज़ाद
1. कल्पित 2. अस्ल, मूल

طبعاً (क्रि.वि.)तब्अ़न
स्वभावतः

طبعی (वि.)तब्ई
1. स्वाभाविक, प्राकृतिक 2. भौतिक

طبعی اعداد (पु.)तब्ई आदाद
(ग.) गणन संख्या

طبعی جغرافیہ (पु.)तब्ई जुग़्राफ़िया
भौतिक भूगोल

طبق (पु.)तबक़
1. थाल, परत, परात 2. तल, सतह, वर्ग

طبقات (पु.)तबक़ात
'طبق' का बहु.

طبقات الارض (पु.)तबक़ातुल-अर्ज़
भूतल

طبقاتی (वि.)तबक़ाती
वर्गगत, वर्गीय

طبقاتی کشمکش (स्त्री.)तबक़ाती कशमकश
वर्ग-संघर्ष

طبقہ (पु.)तबक़ा
1. वर्ग, श्रेणी, दर्जा 2. परत, तह, तल

طبقہ وارانہ (वि.)तबक़ा वाराना
वर्गगत, वर्गानुसार

طبل (पु.)तब्ल
दुंदुभि, भेरी, धौंसा, नगाड़ा, बड़ा ढोल

طبل جنگ (पु.)तब्ले-जंग
रण-दुंदुभि, रणभेरी

طبل وعلم (पु.)तब्लो-अ़लम
युद्ध पताका और नगाड़ा, वह झंडा और नक़्क़ारा जो सूबेदारों और वज़ीरों की सवारी के साथ चलता था

طبلہ (पु.)तब्ला
तबला, ढोल की एक क़िस्म

طبی (वि.)तिब्बी
चिकित्सा-सम्बन्धी

طبی بیمہ (पु.)तिब्बी बीमा
(चिकि.,वाणि.) चिकित्सा बीमा

طبیب (पु.)तबीब
उपचारक, वैद्य, चिकित्सक

طبیعت (स्त्री.)तबीअत
स्वभाव, चित्त

طبعی (वि.)तबीई
शरीर संबंधी, पिंड संबंधी

طبعیات (स्त्री.)तबीईय्यात
भौतिकी, भौतिक-विज्ञान

طبعیاتی (वि.)तबीईय्याती
भौतिकीय

طپانچہ (पु.)तपांचा
तमाचा, थप्पड़, चाँटा

طپنچہ (पु.)तपंचा
तमंचा, पिस्तौल

طحال (स्त्री.)तिहाल
तिल्ली, प्लीहा

طرار (वि.)तर्रार
1. चालाक 2. छली 3. वाचाल, मुखर

طراری (स्त्री.)तर्रारी
1. छल, कपट, ठगी 2. वाचालता, मुखरता 3. तेज़ी

طراوت (स्त्री.)तरावत
1. शीतलता, ठंडक 2. नमी, तरी

طرب (पु.)तरब
आनन्द, आह्लाद, हर्ष, उल्लास

طرب انگیز (वि.)तरब अंगेज़
आनन्द वर्धक, हर्षजनक

طرب گاہ (स्त्री.)तरबगाह
वह स्थान जहाँ ख़ुशियाँ मनाई जाएँ

طرح (स्त्री.)तरह
1. पद्धति, शैली 2. प्रकार, ढंग 3. कवियों को दिया गया मिसरा, जिसके अधार पर ग़ज़ल कही जाती है

طرحدار (वि.)तरहदार
बाँका, छबीला

طرحداری (स्त्री.)तरहदारी
बाँकापन, छबीलापन, हाव भाव, नाज़-नख़रा

طرحی (वि.)तरही
1. वह मिसरा जो किसी मुशाइरे का अधार हो 2. वह मुशाइरा जो किसी मिस्रे के आधार पर हो

طرز (स्त्री.)तर्ज़
1. शैली, पद्धति, ढंग 2. स्वभाव, आदत 3. वेशभूषा

طرز ادا (पु.)तर्ज़-अदा
काव्य शैली

طرز تحریر (पु.)तर्ज़-तहरीर
लेखन-शैली, लिखने का ढंग

طرز تعمیر तर्ज़ तामीर
निर्माण-पद्धति, निर्माण शैली

طرز تقریر (पु.)तर्ज़-तक़रीर
भाषण-शैली, वाक् प्रणाली

طرز رفتار (पु.)तर्ज़-रफ़्तार
चलने का ढंग

طرز کلام (पु.)तर्ज़-कलाम
बात करने का ढंग, वाक्शैली

طرز گفتگو (पु.)तर्ज़-गुफ़्तगू
वार्ता शैली, बात-चीत करने की शैली

طرف (स्त्री.)तरफ़
1. दिशा, ओर 2. किनारा, छोर 3. पक्ष

طرفدار (पु.)तरफ़दार
पक्षधर, हिमायती, पक्षपाती

طرفداری (स्त्री.)तरफ़दारी
हिमायत, पक्षपात

طرفہ (वि.)तुर्फ़ा
1. नवीन 2. विचित्र, अनोखा

طرفین (पु.)तरफ़ैन
उभय पक्ष, दोनों पक्ष

طرہ (पु.)तुर्रा
1. ज़ुल्फ़, अलक, बालों की लट, केशपाश 2. सुनहरे तारों का गुच्छा जो पगड़ी पर लगाते हैं 3. टोपी का फुंदना 4. कलग़ी

طرۂ دستار (पु.)तुर्रए-दस्तार
पगड़ी का तुर्रा

طرۂ طرار (पु.)तुर्रए-तर्रार
बल खाए हुए बाल

طریق (पु.)तरीक़
1. मार्ग, रास्ता 2. ढंग 3. शैली, रविश 4. परम्परा, रिवाज 5. धर्म, मज़हब 6. युक्ति, तरकीब 7. नियम, दस्तूर

طریقت (स्त्री.)तरीक़त
सूफ़ी साधना का दूसरा सोपान, ब्रह्ममार्ग, अध्यात्म

**طریقہ** (पु.)तरीक़ा
1. प्रणाली, शैली 2. युक्ति, तरकीब
3. नियम, क़ायदा 4. परम्परा, रिवाज
5. चाल-ढाल, वेशभूषा

**طریقۂ تعلیم** (पु.)तरीक़ए-तालीम
शिक्षा-प्रणाली, शिक्षण शैली

**طریقۂ کار** (पु.)तरीक़ए-कार
(राज.) कार्य पद्धति, कार्य-प्रणाली, कार्य-शैली

**طشت** (पु.)तश्त
1. थाल, थाली 2. परात, तसला, लगना

**طشتری** (स्त्री.)तश्तरी
1. तश्तरी, प्लेट 2. थाली

**طعام** (पु.)तआम
भोजन, खाना

**طعن** (पु.)तान
व्यंग, कटाक्ष, छींटाकशी, भर्त्सना

**طعن و تشنیع** (स्त्री.)तानो-तशनीअ
व्यंग और कटाक्ष, छींटाकशी

**طعنہ** (पु.)ताना
1. व्यंग, कटाक्ष 2. निंदा, बुराई

**طعنہ زن** (वि.)तानाज़न
व्यंग करने वाला

**طعنہ زنی** (स्त्री.)तानाज़नी
छींटाकशी

**طغرا** (पु.)तुग़रा
1. प्रतीकात्मक लेखन, धनुषाकार लेखन
2. अरबी भाषा की एक विशेष लेखन शैली

**طغراکش** (वि.)तुग़्राकश
तुग़्रा शैली में बेल-बूटे या तस्वीरें बनाने वाला

**طغرانویس** (वि.)तुग़्रानवीस
दे. 'طغراکش'

**طغیان** (पु.)तुग़यान
उद्दंडता, सीमोलांघन, अवज्ञा

**طغیانی** (स्त्री.)तुग़यानी
1. जल प्लावन 2. सैलाब, बाढ़

**طفل** (स्त्री.)तिफ़्ल
शिशु, बालक

**طفلِ اشک** (पु.)तिफ़्ले-अश्क
आँसुओं की बूँदें, अश्रु-बिंदु

**طفلِ مکتب** (पु.)तिफ़्ले-मक्तब
अनुभवहीन, नौसीखिया

**طفل کشی** (स्त्री.)तिफ़्लकुशी
(राज.) शिशुहत्या

**طفلانہ** (क्रि.वि.)तिफ़्लाना
बच्चों जैसा, बालोचित, शैशव

**طفلی** (स्त्री.)तिफ़्ली
बाल्यावस्था, शैशव

**طفلی پیدائش** (स्त्री.)तिफ़्ली पैदाइश
(प्राणि.) शावकीजनन

**طفولیت** (स्त्री.)तुफ़ुलियत
1. बाल्यावस्था, बचपन 2. (मनो.) शैश्य

**طفیل** (पु.)तुफ़ैल
द्वारा, बदौलत

**طفیلی** (वि.)तुफ़ैली
आश्रित, पिछलग्गु

**طلا** (पु.)तिला
सोना, स्वर्ण

**طلاساز** (पु.)तिलासाज़
सोना बनाने वाला, कीमियागर

**طلاق** (स्त्री.)तलाक़
विवाह-विच्छेद

**طلاق یافتہ** (वि.)तलाक़ याफ़्ता
तलाक़ शुदा

**طلاکار** (पु.)तिलाकार
स्वर्णकृत

**طلاکاری** (स्त्री.)तिलाकारी
सोने का काम

**طلائی** (वि.)तिलाई
1. स्वर्णिम 2. सुनहरे रंग वाला

**طلب** (स्त्री.)तलब
1. याचना, अभियाचना 2. इच्छा, चाह
3. बुलावा 4. लत, आदत

**طلبگار** (वि.)तलबगार
इच्छुक, अभिलाषी

**طلب نامہ** (पु.)तलब नामा
सम्मन, अदालत में हाज़िर होने का परवाना

**طلبا** (पु.)तुलबा
'طالب' का बहु., किसी चीज़ के चाहने वाले

**طلبانہ** (पु.)तलबाना
अदालत में गवाह आदि के लिए बुलाने हेतु जमा होने वाला सफ़र ख़र्च, पारिश्रमिक

طلبہ (पु.)तलबा
'طالب' का बहु.

طلبی (स्त्री.)तलबी
1. आह्वान, बुलावा 2. न्यायालय में सम्मन द्वारा बुलावा

طلسم (पु.)तिलिस्म
1. इंद्रजाल, जादू 2. नज़रबंदी

طلسمات (पु.)तिलिस्मात
'طلسم' का बहु., इंद्रजाल, मायाजाल

طلسماتی (वि.)तिलिस्माती
जादुई, मायावी

طلعت (स्त्री.)तल्अत
1. मुख, आकृति, चेहरा 2. रूप, शोभा 3. दर्शन, दीदार

طلوع (पु.)तुलू
1. उदय 2. सूर्योदय

طمانیت (स्त्री.)तमानियत
1. संतोष 2. निश्चिंतता, तसल्ली

طمطراق (पु.)तुमतुराक़
1. शानो-शौकत, धूम-धाम, तड़क-भड़क 2. अहंकार, घमंड

طمع (स्त्री.)तमा
लोभ, लोलुपता, लालच

طمع خام (स्त्री.)तमए-ख़ाम
ऐसी इच्छा जो पूरी न हो

طناب (स्त्री.)तनाब
1. ख़ेमे और तंबू में लगनेवाली रस्सी, रस्सी 2. बाजीगरों की रस्सी

طناز (वि.)तन्नाज़
1. व्यंग्य करनेवाला (वाली) 2. नाज़-नख़रे वाली, चपला

طنبورہ (पु.)तंबूरा
तानपूरा, वीणा या सितार की तरह का एक वाद्य

طنز (स्त्री.)तंज़
कटाक्ष, व्यंग्य, उपहास

طنز آمیز (वि.)तंज़ आमेज़
व्यंग्यपूर्ण

طنز نگار (वि.)तंज़ निगार
व्यंग्यकार

طنز نگاری (स्त्री.)तंज़ निगारी
व्यंग्य रचना, व्यंग्य लेख, व्यंगिका

طنزاً (क्रि.वि.)तंज़न
व्यंग्यपूर्ण, व्यंगमय

طنزیات (स्त्री.)तंज़ीयात
व्यंग्यपूर्ण रचनाओं का संग्रह

طنزیہ (वि.)तंज़िया
व्यंग्यपूर्ण

طنطنہ (पु.)तंतना
1. आतंक, रोब 2. अभिमान, घमंड 3. आनबान, धाक

طواف (पु.)तवाफ़
1. परिक्रमा 2. (भौ.) परिक्रमण

طوالت (स्त्री.)तवालत
1. लंबाई, दीर्घता 2. विलम्ब, ढील, देर 3. बखेड़ा, झंझट

طوائف (स्त्री.)तवाइफ़
नृत्यांगना, वेश्या, रंडी, गणिका

طوائف الملوکی (स्त्री.)तवाइफ़ुल-मुलूकी
अराजकता, दुर्व्यवस्था

طوائف زادہ (पु.)तवाइफ़ ज़ादा
गणिकात्मज, वेश्यापुत्र

طوبیٰ (पु.)तूबा
1. स्वर्ग का एक वृक्ष 2. कल्पतरु

طور (पु.)तौर
1. शैली, पद्धति, ढंग 2. व्यवहार, चाल-ढाल, रंग-ढंग

طور (पु.)तूर
शाम (सीरिया) का एक पहाड़ जिस पर हज़रत मूसा ने दिव्य प्रकाश के दर्शन किए थे

طوطی (स्त्री.)तूती
तोता, शुक, एक सुरीली आवाज़ वाला पक्षी

طوطیا (पु.)तूतिया
दे. 'توتیا'

طوع (पु.)तौ
तौर, तरीक़ा, ढंग

طوعاً و کرہاً (क्रि.वि.)तौअनो-कर्हन
बिना इच्छा के, विवशतापूर्वक

طوف (पु.)तौफ़
परिक्रमा

طوفان (पु.)तूफ़ान
1. तूफ़ान, आँधी 2. कोलाहल, हंगामा

طوفان بدتمیزی (पु.)तूफ़ाने-बदतमीज़ी
हुल्लड़, कोलाहल, हंगामा

**طوق** (पु.)तौक़
1. हँसली 2. गले का एक ज़ेवर 3. लोहे की गोल हँसली जो कैदियों के गले में डाली जाती है

**طوق غلامی** (पु.)तौक़े-गुलामी
पराधीनता की लानत

**طوق لعنت** (पु.)तौक़े-लानत
धिक्कार की तौक़

**طول** (पु.)तूल
1. आयाम, दीर्घता 2. विशाल, विस्तार 3. विलंब

**طول البلد** (पु.)तूलुल्-बलद
(भू.) देशांतर-रेखा

**طول امل** (पु.)तूले-अमल
मोहजाल, सांसारिक मोह

**طول عمل** (पु.)तूले अमल
1. दुष्कर कार्य, कठिन काम 2. ऐसा काम जिसमें बहुत विलंब हो

**طول پیما** (पु.)तूल पैमा
(ग.) लंबाई मापक

**طولانی** (वि.)तूलानी
1. दीर्घ, लंबा 2. विलंबित

**طومار** (पु.)तूमार
1. लम्बा-चौड़ा पत्र, चिट्ठा, पुलिंदा 2. झूठी बातों की भरमार

**طویل** (वि.)तवील
दीर्घ, लंबा

**طویل المیعاد** (वि.)तवीलुल-मिआद
दीर्घकालिक

**طویل قامت** (वि.)तवील क़ामत
दीर्घकाय

**طویل مدتی** (वि.)तवील मुद्दती
दीर्घकालिक, दीर्घकालीन

**طویل مصوتہ** (पु.)तवील मुसव्वता
(भा.) दीर्घ स्वर

**طویلہ** (पु.)तवेला
घुड़साल, अश्वशाला

**طہارت** (स्त्री.)तहारत
1. शुद्धता, पवित्रता 2. शौच, स्नान

**طہور** (वि.)तहूर
अतिपवित्र, विशुद्ध

**طیار** (वि.)तय्यार
1. उड़ने वाला 2. तीव्रगामी

**طیارہ** (पु.)तय्यारा
वायुयान, विमान, हवाई जहाज़

**طیارہ شکن** (वि.)तय्यारा शिकन
विमान-भेदी

**طیب** (वि.)तय्यिब
पवित्र, विशुद्ध, पाक

**طیب** (स्त्री.)तीब
सुगंध, ख़ुशबू

**طیبات** (स्त्री.)तय्यिबात
सदाचारिणी स्त्रियाँ

**طیبہ** (वि.)तय्यिबा
1. पवित्रा, पुनीता 2. (पु.) मदीना शहर का नाम

**طیر** (पु.)तैर
पक्षी, चिड़िया

**طیران** (पु.)तैरान
उड़ान

**طیش** (पु.)तैश
क्रोध, आक्रोश, गुस्सा

**طیف** (स्त्री.)तैफ़
(रसा.,भौ.) स्पेक्ट्रम

**طیفیہ** (स्त्री.)तैफ़िया
(रसा.,भौ.) स्पेक्ट्रम चित्र

**طین** (स्त्री.)तीन
मृत्तिका, मिट्टी

**طینت** (स्त्री.)तीनत
स्वभाव, प्रकृति, आदत

**طیور** (पु.)तुयूर
'طیر' का बहु.

**طے** (पु.)तय
1. तय, संपन्न 2. समाप्त, ख़त्म 3. निश्चित 4. समझौता, सुलह

## ظ

**ظالم** (वि.)ज़ालिम
अन्यायी, अत्याचारी, निर्दय, क्रूर

**ظالمانہ** (वि.)ज़ालिमाना
अत्याचारपूर्ण

**ظاہر** (वि.)ज़ाहिर
प्रत्यक्ष, प्रकट, स्पष्ट

**ظاہر پرست** (वि.)ज़ाहिर परस्त
आडंबरी, बनावटी, बगुला भगत

**ظاہر پرستی** (स्त्री.)ज़ाहिर परस्ती
आडंबर, दिखावा, बनावट

**ظاہردار** (वि.)ज़ाहिरदार
आडंबरी

**ظاہرداری** (स्त्री.)ज़ाहिरदारी
आडंबर, बनावट, दिखावा

**ظاہری** (वि.)ज़ाहिरी
बाह्य, ऊपरी

**ظاہری قدر** (स्त्री.)ज़ाहिरी क़द्र
(अर्थ.) अंकित मूल्य

**ظاہری وقت** (पु.)ज़ाहरी वक़्त
(भू.) आभासी समय

**ظرافت** (स्त्री.)ज़राफ़त
हँसी, परिहास, मनोरंजन, दिल्लगी, ठठोल

**ظرافت آمیز** (वि.)ज़राफ़त आमेज़
विनोदपूर्ण, हास्यजनक, परिहासपूर्ण

**ظرافت پسند** (वि.)ज़राफ़त पसंद
परिहास प्रिय, विनोदी

**ظرافت پسندی** (स्त्री.)ज़राफ़त पसंदी
परिहासप्रियता

**ظرافت نگار** (सं.)ज़राफ़त निगार
हास्यकार

**ظرافت نگاری** (स्त्री.)ज़राफ़तनिगारी
हास्य लेखन

**ظرف** (पु.)ज़र्फ़
1. बर्तन, पात्र 2. धैर्य, सहनशीलता 3. संज्ञा

**ظرف زماں** (पु.)ज़र्फ़े-ज़माँ
कालसूचक संज्ञा, जैसे सुबह और शाम

**ظرف مکاں** (पु.)ज़र्फ़े-मकाँ
स्थानसूचक संज्ञा, जैसे घर और पाठशाला

**ظروف** (पु.)ज़ुरूफ़
'ظرف' का बहु.

**ظریف** (वि.)ज़रीफ़
हँसोड़, विनोदप्रिय, हास्यप्रिय

**ظریفانہ** (क्रि.,वि.) ज़रीफ़ाना
विनोद पूर्वक, हास्यपूर्ण

**ظفر** (स्त्री.)ज़फ़र
1. विजय 2. सफलता

**ظفریاب** (वि.)ज़फ़रयाब
1. विजयी, विजेता 2. सफल, कामयाब

**ظفریابی** (स्त्री.)ज़फ़रयाबी
सफलता, जीत, विजय

**ظل** (पु.)ज़िल्
1. छाया, साया 2. शरण, पनाह

**ظل اللہ** (पु.)ज़िल्लुल्लाह
1. ईश्वर की छाया 2. बादशाह के लिए सम्बोधन सूचक शब्द

**ظل الٰہی** (पु.)ज़िल्ले-इलाही
दे. 'ظل اللہ'

**ظل ہما** (पु.)ज़िल्ले-हुमा
एक काल्पनिक पक्षी हुमा की छाया जिसके पड़ने से मनुष्य राजा हो जाता है

**ظلام** (पु.)ज़लाम
रात का अँधेरा

**ظلم** (पु.)ज़ुल्म
अत्याचार, अन्याय

**ظلمات** (पु.)ज़ुल्मात
'ظلمت' का बहु.

**ظلماتی** (वि.)ज़ुल्माती
तमिस्र, अंधकारमय

**ظلمت** (स्त्री.)ज़ुल्मत
अंधकार, तिमिर, तमस्, अँधेरा

**ظلمت کدہ** (पु.)ज़ुल्मतकदा
1. अँधेरी जगह 2. संसार, दुनिया

**ظن** (पु.)ज़न
1. सोच, ख़याल 2. धारणा, अनुमान, गुमान

**ظن باطل** (पु.)ज़न्ने-बातिल
मिथ्या विचार, ग़लत गुमान

**ظن بد** (पु.)ज़न्ने-बद
कुधारणा

**ظہر** (स्त्री.)ज़हर
पीठ, पुश्त

**ظہر** (पु.)ज़ोहर
1. अपराह्न, दोपहर, मध्याह्न 2. दोपहर की नमाज़ का वक़्त 3. (स्त्री.) दोपहर की नमाज़

**ظہری** (वि.)ज़हरी
(प्राणि., वन.) अपाक्ष, पृष्ठीय

**ظہری بطنی** (वि.)ज़हरी बत्नी
(प्राणि.) पृष्ठाधर

ظہری جانبی (वि.) ज़हरी जानिबी
(प्राणि.) पृष्ठापार्श्वीय
ظہری کمری (वि.)ज़हरी कमरी
(प्राणि.) पृष्ठ-कटि
ظہری ورقچہ (पु.)ज़हरी वर्क़चा
(प्राणि.) पृष्ठ पटल
ظہور (पु.)ज़ुहूर
उत्पत्ति, प्रत्यक्ष, प्रकट
ظہیر (वि.)ज़हीर
सहायक, हिमायती

# ع

عابد (वि.)आबिद
भक्त, पूजक, अर्चना करने वाला
عاج (पु.)आज
हाथी दाँत
عاجز (वि.)आजिज़
1. विवश, लाचार 2. ऊबा हुआ 3. विनम्र
عاجزی (स्त्री.)आजिज़ी
1. विनम्रता 2. विवशता, लाचारी
عاجل (वि.)आजिल
जल्दी करने वाला
عادات (स्त्री.)आदात
'عادت' का बहु.
عادت (स्त्री.)आदत
1. प्रकृति, स्वभाव 2. लत, व्यसन
عادتاً (क्रि.वि.)आदतन
स्वभावतः
عادل (वि.)आदिल
न्यायनिष्ठ, न्यायवान्
عادی (वि.)आदी
1. अभ्यस्त 2. व्यसनी, लती
عادی خطاکار (पु.)आदी ख़ताकार
(प्रशा.) आभ्यासिक व्यतिक्रमी
عارض (पु.)आरिज़
1. कपोल, गाल 2. निवेदक
عارضہ (पु.)आरिज़ा
रोग, बीमारी

عارضی (वि.)आरिज़ी
1. अस्थाई 2. (प्रशा.) तदर्थ
عارضی تصفیہ (स्त्री.)आरिज़ी तस्फ़िया
(राज.) 1. अस्थायी व्यवस्था 2. अस्थायी समझौता
عارضی مزدور (पु.)आरिज़ी मजूदूर
(प्रशा.) अनियत मज़दूर
عارف (पु.)आरिफ़
ज्ञाता, ब्रह्मज्ञानी
عارفانہ (क्रि.वि.)आरिफ़ाना
ब्रह्मज्ञानियों जैसा, ऋषिवत, ज्ञानीवत
عاری (वि.)आरी
1. विहीन, वंचित, ख़ाली 2. नंगा, नग्न
عاریتاً (क्रि.वि.)आरियतन
उधार (कर्ज़) के रूप में माँगी हुई
عازم (वि.)आज़िम
इरादा रखने वाला, निश्चयी
عاشق (पु.)आशिक़
प्रेमी, अनुरागी
عاشقی (स्त्री.) आशिक़ी
प्रेम, अनुराग
عاشور (स्त्री.)आशूर
मुहर्रम महीने की दसवीं तिथि
عاشورہ (स्त्री.)आशूरा
दे. 'عاشور'
عاصی (वि.)आसी
पापी, दोषी, गुनहगार
عافیت (स्त्री.)आफ़ियत
1. सुख-चैन 2. शांति, आराम
عاق (वि.)आक़
दायवंचित, पैतृक सम्पत्ति से बेदख़ल
عاقبت (स्त्री.)आक़िबत
1. परिणाम, अंजाम 2. अंत
عاقبت اندیش (वि.)आक़िबत अंदेश
परिणामशोची, परिणामदर्शी
عاقر (वि.)आक़िर
बाँझ
عاقل (वि.)आक़िल
बुद्धिमान
عاکف (पु.)आकिफ़
एकांत तपस्वी, एकांत साधक

**عالم** (वि.)आ़लिम
विद्वान, पंडित, ज्ञाता

**عالم** (पु.)आ़लम
1. जगत्, लोक, संसार, दुनिया 2. दशा, हालत

**عالم آرا** (वि.)आ़लम आरा
संसार को सुसज्जित और शृंगारित करने वाला

**عالم آرائی** (स्त्री.)आ़लम आराई
लोक शृंगार, संसार सज्जा

**عالم ارواح** (पु.)आ़लमे-अर्वाह
आत्मा-लोक, परलोक

**عالم اسباب** (पु.)आ़लमे-अस्बाब
लोक, संसार

**عالم افروز** (वि.)आ़लम अफ़्रोज़
संसार को प्रकाशित करनेवाला

**عالم الغیب** (पु.)आ़लिमुल-ग़ैब
अंतर्यामी, परोक्षवेत्ता

**عالم بالا** (पु.)आ़लमे-बाला
देवलोक, परलोक

**عالم جبروت** (पु.)आ़लमे-जबरूत
ब्रह्मलोक

**عالم خیال** (पु.)आ़लमे-ख़याल
कल्पना-जगत्, छाया-लोक

**عالم سفلی** (पु.)आ़लमे-सिफ़्ली
संसार, दुनिया

**عالم صغریٰ** (पु.)आ़लमे-सुग़रा
1. ब्रह्माण्ड 2. मनुष्य का शरीर, जिसमें सूक्ष्म रूप में वह सब कुछ है जो संसार में है

**عالم غیب** (पु.)आ़लमे-ग़ैब
दैव लोक, अदृश्य जगत्

**عالم قدس** (पु.)आ़लमे-कुद्स
दैवलोक, स्वर्ग

**عالم کل** (वि.)आ़लिमे-कुल
ईश्वर, सर्वज्ञ, सर्वविद्, सब कुछ जाननेवाला

**عالم گیر** (वि.)आ़लमगीर
विश्व विजेता, विश्वव्यापी

**عالم لاہوت** (पु.)आ़लमे-लाहूत
ब्रह्मलोक

**عالم مثال** (पु.)आ़लमे-मिसाल
छाया-लोक

**عالم ملکوت** (पु.)आ़लमे-मलकूत
दैवलोक, फ़रिश्तों का निवास स्थान

**عالم ناسوت** (पु.)आ़लमे-नासूत
मर्त्यलोक, संसार

**عالمانہ** (क्रि.वि.)आ़लिमाना
पांडित्यपूर्ण, विद्वत्तापूर्ण

**عالمی** (वि.)आ़लमी
सांसारिक, विश्वव्यापी, अन्तर्राष्ट्रीय

**عالمی ٹنڈر** (पु.)आ़लमी टेंडर
(प्रशा.) विश्वव्यापी टेंडर, वैश्विक निविदा

**عالی** (वि.)आ़ली
1. उच्च, बुलंद 2. श्रेष्ठ, उत्तम, बढ़िया 3. विशाल, बड़ा 4. महान्

**عالی جاہ** (वि.)आ़ली-जाह
महामान्य, महाशय

**عالی جناب** (वि.)आ़ली जनाब
महामान्य, महाशय

**عالی دماغ** (वि.)आ़ली दिमाग़
महाप्रज्ञ, उच्चबुद्धि

**عالی شان** (वि.)आ़ली शान
महान्, विशाल

**عالی ظرف** (वि.)आ़ली ज़र्फ़
विशाल-हृदय, उदारमना

**عالی قدر** (बि.)आ़लीक़द्र
महामहिम

**عالی گہر** (वि.)आ़ली गुहर
कुलीन, भद्र

**عالی مقام** (वि.)आ़ली मक़ाम
महामहिम

**عالی ہمت** (वि.)आ़ली हिम्मत
अति साहसी

**عام** (वि.)आ़म
1. साधारण, सामान्य 2. सर्वव्यापक

**عام شرح نمو** (स्त्री.)आ़म शरह नमू
(अर्थ.) सामान्य संवृद्धि दर

**عام فہم** (वि.)आ़म-फ़हम
सरल, सहज ग्राहयी

**عام معافی** (स्त्री.)आ़म माफ़ी
सामूहिक क्षमादान

**عامر** (वि.)आ़मिर
1. बसाने वाला, आबाद करने वाला 2. आबाद, बसा हुआ

عامرہ (पु.)आमिरा
1. भरा हुआ, परिपूर्ण 2. आबाद

عامل (पु.)आमिल
1. तांत्रिक 2. कर्ता, पदाधिकारी 3. (ग.) संकारक

عاملہ (स्त्री.)आमिला
(राज.) 1. कार्यपालिका 2. कार्यकारिणी, तन्त्र मन्त्र करने वाली स्त्री, टोना जादू करने वाली औरत

عاملیت (स्त्री.)आमिलियत
(रसा.) सक्रियता

عامہ (वि.)आम्मा
सार्वजनिक

عامی (वि.)आमी
सामान्य व्यक्ति, नीच, बाज़ारू

عامیانہ (वि.)आमियाना
1. बाज़ारू, अश्लील 2. (भा.) अशिष्ट, ग्राम्य

عبا (पु.)अबा
1. लंबा चोग़ा 2. वस्त्र, लिबास

عبادت (स्त्री.)इबादत
उपासना, साधना, तपस्या

عبادت خانہ (पु.)इबादतख़ाना
उपासना गृह, मस्जिद, मंदिर, गिरजा, गुरुद्वारा

عبادت گاہ (स्त्री.)इबादतगाह
दे. 'عبادت خانہ'

عبادت گزار (वि.)इबादतगुज़ार
उपासक, तपस्वी

عبارت (स्त्री.)इबारत
1. अक्षर-विन्यास, पदावली 2. लेख, अनुलेख

عبارت آرائی (स्त्री.)इबारत आराई
शब्दालंकार, शब्द सज्जा

عبد (पु.)अब्द
दास, गुलाम, बन्दा

عبداللہ (पु.)अब्दुल्लाह
अल्लाह का बन्दा

عبدیت (स्त्री.)अब्दीयत
1. दासता 2. सेवाभाव, बंदगी 3. भक्ति

عبرانی (स्त्री.)इब्रानी
हिब्रू भाषा

عبرت (स्त्री.)इब्रत
1. सीख, शिक्षा 2. नसीहत

عبرت انگیز (वि.)इब्रत अंगेज़
शिक्षाप्रद

عبرتناک (वि.)इब्रतनाक
दे. 'عبرت انگیز'

عبودیت (स्त्री.)उबूदियत
1. दासता 2. सेवा-भाव, भक्ति

عبور (पु.)उबूर
1. पार करना, गुज़रना 2. पारंगतता, दक्षता, निपुणता

عبوری تجارت (स्त्री.)उबूरी तिजारत
(अर्थ.) पारवहन व्यापार

عبیر (पु.)अबीर
गुलाल

عتاب (पु.)इताब
कोप, प्रकोप

عتبہ (स्त्री.)अतबा
चौखट, दरगाह की चौखट

عتیق (वि.)अतीक़
पुरातन, प्राचीन

عتیقیات (स्त्री.)अतीक़ियात
(इति.) पुरातत्त्व शास्त्र

عجائب (पु.)अजाइब
'عجیب' का बहु., विचित्र वस्तुएँ

عجائب خانہ (पु.)अजाइब ख़ाना
अजायब घर, संग्रहालय

عجائبات (पु.)अजाइबात
विचित्र वस्तुएँ, अनुपम वस्तुएँ

عجب (वि.)अजब
विचित्र, अनोखा, आश्चर्यजनक

عجز (पु.)इज्ज़
1. नम्रता 2. असमर्थता, विवशता

عجلت (स्त्री.)उज्लत
शीघ्रता, जल्दी

عجم (पु.)अजम
1. अरब के अतिरिक्त बाक़ी संसार 2. ईरान

عجمی (वि.)अजमी
1. ईरानी, ईरान निवासी 2. ग़ैर अरबी

عجوبہ (पु.)अजूबा
अनोखी वस्तु, आश्चर्यजनक वस्तु

عامرہ (पु.)आमिरा
1. भरा हुआ, परिपूर्ण 2. आबाद

عامل (पु.)आमिल
1. तांत्रिक 2. कर्ता, पदाधिकारी 3. (ग.) संकारक

عاملہ (स्त्री.)आमिला
(राज.) 1. कार्यपालिका 2. कार्यकारिणी, तन्त्र मन्त्र करने वाली स्त्री, टोना जादू करने वाली औरत

عاملیت (स्त्री.)आमिलियत
(रसा.) सक्रियता

عامہ (वि.)आम्मा
सार्वजनिक

عامی (वि.)आमी
सामान्य व्यक्ति, नीच, बाज़ारू

عامیانہ (वि.)आमियाना
1. बाज़ारू, अश्लील 2. (भा.) अशिष्ट, ग्राम्य

عبا (पु.)अबा
1. लंबा चोग़ा 2. वस्त्र, लिबास

عبادت (स्त्री.)इबादत
उपासना, साधना, तपस्या

عبادت خانہ (पु.)इबादतख़ाना
उपासना गृह, मस्जिद, मंदिर, गिरजा, गुरुद्वारा

عبادت گاہ (स्त्री.)इबादतगाह
दे. 'عبادت خانہ'

عبادت گزار (वि.)इबादतगुज़ार
उपासक, तपस्वी

عبارت (स्त्री.)इबारत
1. अक्षर-विन्यास, पदावली 2. लेख, अनुलेख

عبارت آرائی (स्त्री.)इबारत आराई
शब्दालंकार, शब्द सज्जा

عبد (पु.)अब्द
दास, गुलाम, बन्दा

عبداللہ (पु.)अब्दुल्लाह
अल्लाह का बन्दा

عبدیت (स्त्री.)अब्दीयत
1. दासता 2. सेवाभाव, बंदगी 3. भक्ति

عبرانی (स्त्री.)इब्रानी
हिब्रू भाषा

عبرت (स्त्री.)इब्रत
1. सीख, शिक्षा 2. नसीहत

عبرت انگیز (वि.)इब्रत अंगेज़
शिक्षाप्रद

عبرتناک (वि.)इब्रतनाक
दे. 'عبرت انگیز'

عبودیت (स्त्री.)उबूदियत
1. दासता 2. सेवा-भाव, भक्ति

عبور (पु.)उबूर
1. पार करना, गुज़रना 2. पारंगतता, दक्षता, निपुणता

عبوری تجارت (स्त्री.)उबूरी तिजारत
(अर्थ.) पारवहन व्यापार

عبیر (पु.)अबीर
गुलाल

عتاب (पु.)इताब
कोप, प्रकोप

عتبہ (स्त्री.)अतबा
चौखट, दरगाह की चौखट

عتیق (वि.)अतीक़
पुरातन, प्राचीन

عتیقیات (स्त्री.)अतीक़ियात
(इति.) पुरातत्त्व शास्त्र

عجائب (पु.)अजाइब
'عجیب' का बहु., विचित्र वस्तुएँ

عجائب خانہ (पु.)अजाइब ख़ाना
अजायब घर, संग्रहालय

عجائبات (पु.)अजाइबात
विचित्र वस्तुएँ, अनुपम वस्तुएँ

عجب (वि.)अजब
विचित्र, अनोखा, आश्चर्यजनक

عجز (पु.)इज्ज़
1. नम्रता 2. असमर्थता, विवशता

عجلت (स्त्री.)उज्लत
शीघ्रता, जल्दी

عجم (पु.)अजम
1. अरब के अतिरिक्त बाक़ी संसार 2. ईरान

عجمی (वि.)अजमी
1. ईरानी, ईरान निवासी 2. ग़ैर अरबी

عجوبہ (पु.)अजूबा
अनोखी वस्तु, आश्चर्यजनक वस्तु

عجوز (स्त्री.)अजूज़
बूढ़ी, वृद्धा
عجوزہ (स्त्री.)अजूज़ा
दे. عجوز
عجیب (वि.)अजीब
अनोखा, अनुपम, विस्मयजनक
عجیب الخلقت (वि.)अजीबुल-ख़िल्क़त
1. विकटमूर्ति 2. अप्राकृतिक
عجیب وغریب (वि.)अजीबो-ग़रीब
विचित्र
عدالت (स्त्री.)अदालत
(ना., प्रशा.) न्यायालय
عدالت خفیفہ (स्त्री.)अदालते-ख़फ़ीफ़ा
(ना., प्रशा.) अल्पवाद न्यायालय
عدالت دیوانی (स्त्री.)अदालते-दीवानी
(ना., प्रशा.) दीवानी न्यायालय
عدالت عالیہ (स्त्री.)अदालते-आलिया
(ना., प्रशा.) उच्च न्यायालय
عدالت عظمیٰ (स्त्री.)अदालते-उज़्मा
(ना., प्रशा.) उच्चतम-न्यायालय
عدالت فوجداری (स्त्री.)अदालते-फ़ौजदारी
(ना., प्रशा.) दंडन्यायालय, फ़ौजदारी न्यायालय
عدالت ماتحت (स्त्री.)अदालते-मातहत
(ना., प्रशा.) सहायक न्यायालय
عدالتی (वि.)अदालती
(ना., प्रशा.) न्यायिक
عدالتی تنسیخ (स्त्री.)अदालती तंसीख़
(ना.) न्यायिक पुनर्विचार
عداوت (स्त्री.)अदावत
शत्रुता, वैर, दुश्मनी
عداوتاً (क्रि.वि.)अदावतन
शत्रुता से, शत्रुतापूर्ण, शत्रुतापूर्वक
عدت (स्त्री.)इद्दत
विधवा होने अथवा तलाक़ पाने के बाद चार माह की वह विशेष अवधि जिसमें स्त्री दूसरा निकाह (विवाह) न कर सके
عدد (पु.)अदद
1. संख्या, अंक 2. तादाद, मात्रा
عدد تثنیہ (पु.)अददे-तसनिया
(भा.) द्विवचन

عدد مستوی (पु.)अददे मुस्तवी
(भौ., ग.) संख्या तल
عددی (वि.)अददी
(भौ., ग.) संख्यात्मक
عددی خط (पु.)अददी ख़त
(भौ., ग.) संख्या रेखा
عددی قدر (स्त्री.)अददी क़द्र
(भौ., ग.) संख्यात्मक मान
عدل (पु.)अद्ल
न्याय, इंसाफ़
عدلیہ (स्त्री.)अद्लिया
(ना.,प्रशा.) न्याय पालिका
عدم (पु.)अदम
1. परलोक 2. विहीन, बिना 3. अभाव
عدم ادائگی (स्त्री.)अदम अदाएगी
(वाणि.) ग़ैर अदायगी, बक़ाया
عدم اشتہا (स्त्री.)अदम इश्तिहा
(मनो.) क्षुधा-अभाव
عدم اعتماد (पु.)अदम-एतिमाद
अविश्वास
عدم اعتماد کی تحریک (स्त्री.) अदम एतिमाद की तहरीक
(राज.) अविश्वास प्रस्ताव
عدم پیشی (स्त्री.)अदम पेशी
(वाणि.) अप्रस्तुतीकरण
عدم تشدد (पु.)अदम तशद्दुद
अहिंसा
عدم تعاون (पु.)अदम-तआवुन
असहयोग
عدم توجہ (स्त्री.)अदम-तवज्जोह
असावधानी, लापरवाही, अनदेखी
عدم سرمایہ کاری (स्त्री.)अदम सरमाया कारी
(वाणि.) विनिवेश
عدم مداخلت (स्त्री.)अदम मुदाख़िलत
1. निक्षेप 2. (राज.) अहस्तक्षेप
عدم موجودگی (स्त्री.)अदम मौजूदगी
अनुपस्थिति
عدم یکسانی (स्त्री.)अदम यकसानी
असमानता
عدن (पु.)अदन
स्वर्ग का वह हिस्सा जहाँ हज़रत आदम निवास करते थे

عرس (पु.)उ़र्स
सूफ़ी साधकों का मरणोपरांत वार्षिक उत्सव

عرش (पु.)अ़र्श
1. आकाश, आसमान 2. सिंहासन

عرش اعظم (पु.)अ़र्शे-आज़म
ईश्वर-सिंहासन

عرشہ (पु.)अ़र्शा
समुद्री जहाज़ की छत

عرصہ (पु.)अ़र्सा
1. क्षेत्र, मैदान 2. समय, वक़्त, अवधि 3. अंतर, फ़ासिला, अंतराल

عرصۂ حیات (पु.)अ़र्सए-हयात
जीवन काल

عرصۂ دراز (पु.)अ़र्सए-दराज़
लंबा समय, दीर्घकाल

عرصہ گاہ (स्त्री.)अ़र्सागाह
मैदान

عرض (पु.)अ़रज़
आधार

عرض (स्त्री.)अ़र्ज़
1. प्रार्थना, निवेदन 2. वर्णन, कथन 3. चौड़ाई, चौड़ान

عرض البلد (पु.)अ़र्ज़ुल-बलद
(भू.) अक्षांश

عرضداشت (स्त्री.)अ़र्ज़दाश्त
(राज.) याचिका

عرضی (स्त्री.)अ़र्ज़ी
प्रार्थनापत्र, अर्ज़ी

عرضی تراش (वि.)अ़र्ज़ी तराश
(भौ.) अनुप्रस्थ काट, अनुप्रस्थ परिच्छेद

عرضی دعویٰ (पु.)अ़र्ज़ी-दावा
वादपत्र, नालिश के ब्योरे का काग़ज़

عرف (पु.)उ़र्फ़
उपनाम

عرفات (पु.)अ़रफ़ात
मक्का से नौ कोस दूर वह मैदान जहाँ हाजी लोग हज के दिन एकत्र होकर दोपहर और शाम की नमाज़ पढ़ते हैं

عرفان (पु.)इ़र्फ़ान
1. विवेक, ज्ञान 2. ब्रह्मज्ञान

عرفی (वि.)उ़र्फ़ी
प्रसिद्ध

عدو (पु.)अ़दू
शत्रु, बैरी, दुश्मन

عدول (पु.)उ़दूल
1. अवज्ञा, अवहेलना 2. (भौ.) दिक्पात, क्रांति, अपक्रम

عدول حکم (पु.)उ़दूले-हुक्म
नाफ़र्मानी, अवज्ञा

عدول حکمی (स्त्री.)उ़दूल हुक्मी
अवज्ञा, आज्ञाभंग, आज्ञोल्लंघन

عدیل (वि.)अ़दील
1. समान, तुल्य 2. न्यायप्रिय

عدیم (वि.)अ़दीम
अप्राप्य, दुर्लभ

عدیم الفرصت (वि.)अ़दीमुल-फ़ुर्सत
अवकाश-विहीन, व्यस्त

عدیم المثال (वि.)अ़दीमुल-मिसाल
अद्वितीय, अनुपम

عدیم النظیر (वि.)अ़दीमुन्नज़ीर
अनुपम, अद्वितीय, अनुपमेय

عذاب (पु.)अ़ज़ाब
1. यातना, प्रकोप 2. पाप की सज़ा

عذار (पु.)इ़ज़ार
कपोल, गाल

عذر (पु.)उ़ज़्र
1. आपत्ति 2. विवशता, मजबूरी 3. बहाना

عذردار (वि.)उ़ज़्रदार
आपत्तिकर्ता, मजबूर, विवशता प्रकट करने वाला

عذرداری (स्त्री.)उ़ज़्रदारी
आपत्ति करना

عذرلنگ (पु.)उ़ज़्रे-लंग
झूठा बहाना

عرابہ (पु.)अ़राबा
गाड़ी, छकड़ा

عرائض (पु.)अ़राइज़
'عرض' का बहु.

عرب (पु.)अ़रब
1. अ़रब देश 2. अ़रब का निवासी

عربی (वि.)अ़रबी
1. अ़रब निवासी 2. अ़रबी भाषा 3. अ़रब से संबंधित

عرق (पु.)अ़रक़
1. रस 2. पसीना

عرق (स्त्री.)इ़र्क़
स्नायु, पट्ठा, रग

عرق النسا (पु.)इ़र्क़ुन्निसा
गठिया

عروج (पु.)उ़रूज
1. उन्नति 2. ऊँचाई

عروج زاویہ (पु.)उ़रूज ज़ाविया
(भौ., ग.) उन्नयन-कोण

عروجی (वि.)उ़रूजी
(भौ., ग.) आरोही

عروس (स्त्री.)उ़रूस
दुल्हन, वधू

عروس البلاد (पु.)उ़रूसुल-बिलाद
1. ऐसा नगर जो सब नगरों में दुल्हन के समान हो 2. महानगरी

عروسی (वि.)उ़रूसी
विवाह (शादी) से संबंधित

عروض (पु.)अ़रूज़
1. छंदशास्त्र, पिंगल 2. (भा.) स्वनगुण, छंद शास्त्र

عروض داں (वि.)अ़रूज़दाँ
पिंगल शास्त्र का ज्ञाता, छंदशास्त्री

عروضی (वि.)अ़रूज़ी
दे. 'عروضداں'

عروقیہ (पु.)उ़रूक़िया
(प्राणि.) रक्तक पटल

عریانی (स्त्री.)उ़र्यानी
1. नंगापन, नग्नता 2. अश्लीलता

عریاں (वि.)उ़र्यां
1. नंगा, नग्न 2. अश्लील

عریض (वि.)अ़रीज़
चौड़ा, चौड़ा-चकला

عریضہ (पु.)अ़रीज़ा
प्रार्थनापत्र, पत्र, अर्ज़ी

عریضہ گزار (वि.)अ़रीज़ा गुज़ार
प्रार्थी, निवेदक

عزادار (वि.)अ़ज़ादार
सोगी, शोकाकुल

عزاداری (स्त्री.)अ़ज़ादारी
सोग, मातम

عزائم (पु.)अ़ज़ाइम
'عزم' का बहु., इरादे

عزت (स्त्री.)इ़ज़्ज़त
1. सम्मान, आदर 2. मान-मर्यादा, प्रतिष्ठा 3. सतीत्व

عزت دار (वि.)इ़ज़्ज़तदार
प्रतिष्ठित, सम्मानीय, आदरणीय

عزرائیل (पु.)इ़ज़्राइल
यमराज, यमदूत

عزلت (स्त्री.)उ़ज़्लत
एकांत

عزلت گزیں (वि.)उ़ज़्लतगुज़ीं
1. एकांतवासी 2. संन्यासी

عزلت نشیں (वि.)उ़ज़्लत नशीं
एकांतवासी

عزم (पु.)अ़ज़्म
संकल्प, निश्चय

عزم بالجزم (पु.)अ़ज़्म बिलजज़्म
दृढ़ संकल्प, दृढ़ निश्चय, पक्का इरादा

عزیز (वि.)अ़ज़ीज़
1. प्रिय, प्यारा, लाडला 2. सगा, संबंधी

عزیزداری (स्त्री.)अ़ज़ीज़दारी
नातेदारी, रिश्तेदारी

عزیمت (स्त्री.)अ़ज़ीमत
संकल्प, निश्चय, इरादा

عسرت (स्त्री.)उ़सरत
दरिद्रता, कंगाली

عسس (पु.)अ़सस
कोतवाल

عسکر (पु.)अ़सकर
सेना

عسکری (वि.)अ़सकरी
सैन्य

عسکریت (स्त्री.)असकरियत
सैन्यवाद

عسل (पु.)अ़सल
मधु, शहद

عشا (स्त्री.)इ़शा
1. रात्रि 2. रात की नमाज़

عشاق (पु.)उश्शाक़
'عاشق' का बहु., प्रेमी लोग

عشائیہ (पु.)इशाइया
रात्रि-भोज

عشر (वि.)अश्र
दस

عشر (वि.)उश्र
(अर्थ.) दशमांश कर

عشرِ عشیر (वि.)उश्रे-अ़शीर
1. दसवें का दसवाँ भाग अर्थात् सौवाँ भाग, शतांश 2. थोड़ा सा, तनिक, ज़रा

عشرت (स्त्री.)इश्रत
1. सुख, खुशी 2. भोग-विलास

عشرت خانہ (पु.)इशरतख़ाना
रंगमहल, रंगशाला

عشرت کدہ (पु.)इशरतकदा
रंगभवन, रंगशाला

عشرہ (वि.)अश्रा
1. दस, दस की संख्या 2. (पु.) दहाई, मुहर्रम के दस दिन 3. मुहर्रम की दसवीं तारीख़ 4. दसवाँ भाग

عش عش (स्त्री.)अ़शअ़श
आश्चर्य (हैरत के समय बोलते हैं)

عشق (पु.)इश्क़
प्रेम, अनुराग

عشقِ پیچاں (पु.)इश्के-पेचाँ
एक बेल, जिसके फूल सुर्ख़ और पत्तियाँ बहुत बारीक होती हैं

عشقِ حقیقی (पु.)इश्के-हक़ीक़ी
ईश्वर-प्रेम

عشقِ مجازی (पु.)इश्के-मजाज़ी
भौतिक प्रेम, सांसारिक प्रेम

عشوہ (पु.)इश्वा
हाव-भाव, नाज़-नख़रा

عشوہ گر (वि.)इश्वागर
हाव-भाव से मन मोह लेने वाला, नाज़-नख़रा दिखाने वाला

عشوہ گری (स्त्री.)इश्वागरी
हाव-भाव दिखाने का भाव, नाज़-नख़रा

عشیر (वि.)अ़शीर
दसवाँ भाग

عصا (पु.)अ़सा
छड़ी, डंडा

عصارہ (पु.)उ़सारा
निचोड़, रस

عصب (पु.)अ़सब
1. पट्ठा, नस 2. (प्राणि.) तंत्रिका

عصبہ (पु.)अ़सबा
1. स्नायु 2. पट्ठा, स्वजन

عصبیت (स्त्री.)अस्बीयत
पक्षपात

عصر (पु.)अ़स्र
1. समय, काल, युग 2. दिन का अंतिम भाग 3. (दोपहर के बाद) शाम की नमाज़ (सूर्यास्त से पहले)

عصرِ حاضر (पु.)अ़स्रे-हाज़िर
वर्तमान काल

عصرانہ (पु.)अ़स्राना
तीसरे पहर का जलपान

عصمت (स्त्री.)इस्मत
सतीत्व

عصمت دری (स्त्री.)इस्मत दरी
सतीत्वहरण, बलात्कार

عصمت فروشی (स्त्री.)इस्मत फ़रोशी
वेश्यावृत्ति, वेश्यागमन

عصیاں (पु.)इस्याँ
पाप, गुनाह

عضلہ (पु.)अ़ज़ला
पट्ठा, स्नायु, नस

عضو (पु.)उ़ज़्व
अंग

عضوِ تناسل (पु.)उ़ज़्वे-तनासुल
लिंग

عضویے (पु.)उ़ज़्वीये
(ना.) अंगी, अवयव

عطا (स्त्री.)अ़ता
1. पुरस्कार 2. दान, प्रदान, बख़्शिश

عطا کار (पु.)अ़ताकार
(भौ.) दाता

عطار (पु.)अ़त्तार
सुगंधकार, इत्र निर्माता या विक्रेता, गंधीऔषधि बेचनेवाला, गंधी

عطارد (पु.)उतारिद
बुध ग्रह

عطائی (वि.)अताई
जिसने कोई कला या गुण नियमपूर्वक गुरु से न सीखा हो

عطر (पु.)इत्र
सुगंध, इत्र

عطردان (पु.)इत्रदान
इत्र रखने का पात्र

عطش (स्त्री.)अतश
प्यास

عطف (पु.)अत्फ़
1. संयोजन, जोड़ 2. (भा.) समुच्चयबोधक

عطفی (वि.)अत्फ़ी
(भा.) संयोजक

عطیات (पु.)अतीयात
'عطیہ' का बहु.

عطیہ (पु.)अतीया
1. अनुदान, दान 2. उपहार, तोहफ़ा

عظام (वि.)उज़्ज़ाम
'عظیم' का बहु., महान

عظم (स्त्री.)अज़्म
हड्डी

عظمت (स्त्री.)अज़मत
महानता, महिमा, बड़प्पन

عظمیٰ (वि.)उज़्मा
सर्वोपरि, श्रेष्ठ, महान

عظیم (वि.)अज़ीम
1. महान्, श्रेष्ठ 2. विशाल, विस्तृत 3. अधिक, अत्यधिक

عظیم الجثہ (वि.)अज़ीमुल-जुस्सा
महाकाय, विशालकाय

عظیم الشان (वि.)अज़ीमुश-शान
भव्य, शानदार, वैभवशाली, राजसी

عفت (स्त्री.)इफ़्फ़त
सतीत्व

عفریت (पु.)इफ़रीत
1. राक्षस, दानव 2. प्रेत

عفو (पु.)अफ़्व
क्षमा, माफ़ी

عفونت (स्त्री.)उफ़ूनत
दुर्गंध, सड़ांध

عفیفہ (वि.)अफ़ीफ़ा
साध्वी, सच्चरित्र स्त्री

عقاب (पु.)उक़ाब
श्येन, गरुड़

عقائد (पु.)अक़ाइद
'عقیدہ' का बहु., आस्थाएँ

عقب (पु.)अक़्ब
पीछा, पीठ, परोक्ष

عقبیٰ (पु.)उक़्बा
परलोक

عقد (पु.)अक़्द
विवाह, शादी

عقد انامل (पु.)अक़्दे-अनामिल
उँगलियों पर हिसाब लगाने की एक विधि

عقد ثانی (पु.)अक़्दे-सानी
दूसरा ब्याह, पुनर्विवाह

عقدہ (पु.)उक़्दा
1. ग्रंथि, गाँठ 2. जटिल समस्या

عقدہ کشا (वि.)उक़्दा कुशा
1. कष्ट मोचक 2. समस्या निवारक

عقدہ کشائی (स्त्री.)उक़्दा कुशाई
1. समस्या समाधान 2. कष्ट निवारण

عقدۂ لاینحل (पु.)उक़्दए-लायन्हल
गूढ़ समस्या, अनसुलझी गुत्थी

عقرب (पु.)अक़रब
1. बिच्छू 2. वृश्चिक राशि

عقل (स्त्री.)अक़्ल
बुद्धि, विवेक

عقل سلیم (स्त्री.)अक़्ले-सलीम
सुबुद्धि, पूर्ण बुद्धि

عقلمند (वि.)अक़्लमंद
बुद्धिमान्, मेधावी

عقلمندی (स्त्री.)अक़्लमंदी
बुद्धिमत्ता

عقوبت (स्त्री.)उक़ूबत
यातना, पीड़ा, तकलीफ़

عقیدت (स्त्री.)अक़ीदत
श्रद्धा, निष्ठा, आस्था

عقیدت مند (वि.)अक़ीदतमंद
श्रद्धालु, भक्त, आस्थावान

عقیدہ (पु.)अक़ीदा
1. मत 2. आस्था, विश्वास

عقیق (पु.)अक़ीक़
एक बहुमूल्य पत्थर (सामान्यतः लाल रंग का)

عقیقہ (पु.)अक़ीक़ा
मुंडन, (मुसलमानों में) नवजात के मुंडन पर बकरे या भेड़ की क़ुर्बानी

عقیل (वि.)अक़ील
मेधावी, बुद्धिमान

عکاس (पु.)अक्कास
1. चित्रकार, छायाकार 2. चित्रण

عکاسی (स्त्री.)अक्कासी
चित्रण

عکس (पु.)अक्स
बिंब, परछाईं, प्रतिलिपि

عکسی طباعت (स्त्री.)अक्सी तबाअत
(जन.) फ़ोटो अक्षरांकन

علاج (पु.)इलाज
1. उपचार, चिकित्सा 2. उपाय, मुक्ति

علاج بالصدمہ (पु.)इलाज बिस्सद्मा
(मनो.) आघात चिकित्सा

علاحدگی (स्त्री.)अलाहिदगी
पृथक्करण, पार्थक्य, अलगाव

علاحدہ (वि.)अलाहिदा
पृथक, अलग

علاقہ (पु.)इलाक़ा
1. क्षेत्र, प्रदेश 2. संबंध, लगाव

علالت (स्त्री.)अलालत
रोग, बीमारी

علامت (स्त्री.)अलामत
चिह्न, लक्षण, प्रतीक

علامہ (पु.)अल्लामा
आचार्य, महापंडित

علانیہ (क्रि.वि.)अलानिया
स्पष्ट रूप से, साफ़ तौर से, खुल्लम खुल्ला

علاوہ (अव्य.)अलावा/इलावा
अतिरिक्त, सिवाय

علت (स्त्री.)इल्लत
1. कारण, हेतु 2. रोग, बीमारी 3. बुरी लत 4. झंझट

علتی (वि.)इल्लती
दुर्व्यसनी, लती

علم (पु.)अलम
ध्वज, पताका, झंडा

علم (पु.)इल्म
1. विद्या, विज्ञान 2. ज्ञान, जानकारी 3. कला, फ़न

علم بردار (वि.)अलम बरदार
झंडा बरदार, ध्वजावाहक

علم اخلاق (पु.)इल्मे-अख़्लाक़
नीतिशास्त्र

علم الاصنام (पु.)इलमुल-असनाम
(इति.) प्रतिभाविद्या, मूर्तिविद्या

علم النسل (पु.)इलमुन-नस्ल
(इति.) नृजाति विज्ञान

علم الارتقا (पु.)इल्मुल-इर्तिक़ा
(इति.) विकास-शास्त्र

علم الٰہیات (पु.)इल्मुल-इलाहियात
ब्रह्मशास्त्र

علم انشا (पु.)इल्मे-इंशा
(भा.) गद्य संबंधी विभिन्न विधाओं का शास्त्र

علم جراثیم (पु.)इल्मे-जरासीम
(वन., प्राणि.) जीवाणु विज्ञान

علم دوست (वि.)इल्म दोस्त
विद्या प्रेमी, गुणग्राही

علم عروض (पु.)इल्मे-अरूज़
(भा.) पिंगल, छंद शास्त्र

علم غیب (पु.)इल्मे-ग़ैब
ग़ैब की जानकारी, भेद ज्ञान

علم قیافہ (पु.)इल्मे-क़ियाफ़ा
रूपाकृति विज्ञान, मुखाकृति विज्ञान

علم کلام (पु.)इल्मे-कलाम
मीमांसा, तर्कशास्त्र

علم معرفت (पु.)इल्मे-मारिफ़त
अध्यात्म-विद्या

علم مناظرہ (पु.)इल्मे-मुनाज़िरा
शास्त्रार्थ-विद्या

علم نجوم (पु.)इल्मे-नुजूम
ज्योतिष विज्ञान

علم ہیئت (पु.)इल्मे-हैअत
खगोल-विद्या

علیم (वि.)अ़लीम
सर्वज्ञ, महाज्ञानी

عم (पु.)अ़म
चाचा

عماد (पु.)इमाद
स्तंभ

عمارت (स्त्री.)इमारत
भवन

عماری (स्त्री.)अ़म्मारी
हाथी का हौदा

عمامہ (पु.)अ़मामा
पगड़ी

عمداً (क्रि.वि.)अ़म्दन
जान-बूझकर

عمدگی (स्त्री.)उ़म्दगी
उत्तमता, श्रेष्ठता

عمدہ (वि.)उ़म्दा
श्रेष्ठ, उत्तम, सुंदर, बढ़िया

عمر (स्त्री.)उ़म्र
आयु, उम्र, अवस्था

عمرانی (स्त्री.)इमरानी
(समा.) सामाजिक, समाजशास्त्रीय

عمرانیات (स्त्री.)इमरानीयात
(समा.) समाजशास्त्र

عمرہ (पु.)उ़म्रा
हज्ज के दिनों के अ़लावा का़बा का नियमनुसार तवाफ़

عمق (पु.)उ़मुक़
गहराई

عمل (पु.)अ़मल
1. कार्य 2. आचार, जाप, जप, कृत्य 3. क्रिया

عملداری (स्त्री.)अ़मलदारी
शासन, सत्ता

عمل دخل (पु.)अ़मल दख़ल
हस्तक्षेप

عمل درآمد (वि.)अ़मल दरआमद
कार्यान्वित

عملاً (क्रि.वि.)अ़मलन
व्यवहारतः, वास्तव में

عملہ (पु.)अ़मला
कर्मचारी, कर्मचारीवर्ग

علمدار (वि.)अ़लमदार
ध्वजधारी, ध्वजवाहक, झंडा बरदार

علمی (वि.)इल्मी
विद्वत्तापूर्ण, शैक्षिक

علمی لیاقت (स्त्री.)इल्मी लियाक़त
(प्रशा.) शैक्षिक योग्यता

علمی مجلس (स्त्री.)इल्मी मज्लिस
(प्रशा.) शैक्षिक सभा

علمیت (स्त्री.)इल्मियत
विद्वता, पांडित्य

علو (पु.)उ़लु
1. उच्चता, ऊँचाई, बुलंदी 2. महानता

علوم (पु.)उ़लूम
"علم" का बहु.

علوم عقلی (पु.)उ़लूमे-अ़क्ली
तार्किक ज्ञान

علوم نقلی (पु.)उ़लूमे-नक़्ली
प्रस्तलीय ज्ञान, परम्परा से प्राप्त ज्ञान

علی (पु.)अ़ली
1. मुसलमानों के चौथे ख़लीफ़ा का नाम
2. (वि.) उच्च, ऊँचा

علی الاتصال (क्रि.वि.)अ़लल-इत्तिसाल
निरंतर, लगातार

علی الاطلاق (वि.)अ़लल-इत्लाक़
नितांत, बिलकुल, बिना शर्त

علی الاعلان (क्रि.वि.)अ़लल-एलान
स्पष्ट रूप से, खुल्लम खुल्ला

علی التواتر (क्रि.वि.)अ़लत-तवातुर
निरंतर, लगातार

علی الخصوص (क्रि.वि.)अ़लल-ख़ुसूस
मुख्यतः, विशेषतः

علی الدوام (क्रि.वि.)अ़लद्-दवाम
सर्वदा, सदा, सदैव

علی الرغم (क्रि.वि.)अ़लर्-रग़्म
विपरीत, बावजूद इसके

علی الصباح (वि.)अ़लस-सबाह
प्रातःकाल, बहुत तड़के, मुँह अँधेरे

علی ہذا القیاس (क्रि.वि.)अ़ला हाज़ल-क़यास
इस विचार के अनुसार

علیل (वि.)अ़लील
रोगी, बीमार, अस्वस्थ

عملۂ اہل کاران (पु.)अम्लए-अह्ल कारान
(प्रशा.) लिपिक वर्ग
عملی (वि.)अमली
1. प्रायौगिक 2. व्यवहारिक
عملی اضافے (पु.)अमली इज़ाफ़े
(ग.) परिवर्धन
عملی سیاست (स्त्री.)अमली सियासत
(राज.) सक्रिय राजनीति
عملیات (स्त्री.)अमलीयात
जंत्र-मंत्र जो भूत-प्रेत आदि उतारने की विद्या या व्यवहारिक ज्ञान
عمود (पु.)अमूद
1. लंब 2. स्तंभ
عمودی (वि.)अमूदी
1. लंबवत्, समकोणीय 2. (ग.) लंबकोणीय
عمودی طرز (स्त्री.)अमूदी तर्ज़
(ग.) लंब समघात
عموم (पु.)उमूम
साधारण, सब
عموماً (क्रि.वि.)उमूमन
साधारणतः, प्रायः
عمومی (वि.)उमूमी
1. साधारण 2. (ग., वाणि.) सामान्य, स्वभाविक
عمومی طلب (स्त्री.)उमूमी तलब
(वाणि.) सामान्य माँग, स्वभाविक माँग
عمومی مانگ (स्त्री.)उमूमी माँग
(वाणि.) दे. 'عمومی طلب'
عمومیت (स्त्री.)उमूमियत
साधारणता
عمیق (वि.)अमीक़
1. गहरा 2. सूक्ष्म, गूढ़ 3. अगाध, गहन, गंभीर
عناب (पु.)उन्नाब
एक प्रकार का फल जो सुर्ख़ रंग का होता है
عناد (पु.)इनाद
वैर, द्वेष
عناصر (पु.)अनासिर
'عنصر' का बहु.
عناصر اربعہ (पु.)अनासिरे-अर्बअ्
चारों तत्व, चतुर्भूत

عنان (स्त्री.)इनान
लगाम, बाग
عنانِ حکومت (स्त्री.)इनाने-हुकूमत
हुकूमत की बागडोर, शासनसूत्र, शासन-तंत्र
عنایت (स्त्री.)इनायत
कृपा, मेहरबानी
عنبر (पु.)अंबर
एक सुगंधित वस्तु, अंबर
عنبریں (वि.)अंबरीं
जिसमें अंबर जैसी सुगंध हो
عند الطلب (क्रि.वि.)इंदत-तलब
माँगने पर
عند الضرورت (क्रि.वि.)इंदन्-ज़रूरत
आवश्यकता पड़ने पर, जब ज़रूरत हो तब
عندلیب (स्त्री.)अंदलीब
बुलबुल
عندیہ (पु.)इंदिया
अभिप्राय, आशय
عنصر (पु.)उंसुर
1. तत्व, भूत 2. मूल
عنصل (पु.)उंसुल
जंगली पियाज़
عنفوان (पु.)उनफ़ुवान
प्रारंभ, यौवनारंभ
عنفوانِ شباب (पु.)उनफ़ुवाने-शबाब
जवानी की उठान, यौवनारंभ
عنقا (पु.)अन्क़ा
1. अप्राप्य वस्तु 2. एक कल्पित पक्षी का नाम
عنقریب (क्रि.वि.)अनक़रीब
शीघ्र ही, बहुत जल्द
عنکبوت (स्त्री.)अनकबूत
मकड़ी
عنوان (पु.)उनवान
शीर्षक
عوام (पु.)अवाम
जनता, जन साधारण
عوامل (पु.)अवामिल
'عامل' का बहु.
عواملِ زائچہ (पु.)अवामिली ज़ाइचा
(मनो.) कारक आधात्री

عوامی (वि.)अ़वामी
सार्वजनिक, जनसाधारण से संबंध

عود (पु.)औ़द
लौटना, वापसी, पलटना

عود (पु.)ऊ़द
एक सुगंधित लकड़ी, अगर

عودسوز (पु.)ऊ़द सोज़
अगरदान

عورت (स्त्री.)औ़रत
1. स्त्री, नारी 2. पत्नी

عوض (पु.)एवज़
बदला, प्रतिफल

عہد (पु.)अ़ह्द
1. प्रतिज्ञा, वचन 2. (इति.) युग, काल, ज़माना 3. समय, वक़्त

عہد جدید (पु.)अ़ह्दे-जदीद
(इति.) आधुनिक काल, नया ज़माना

عہد حاضر (पु.)अ़ह्दे-हाज़िर
(इति.) वर्तमान काल, वर्तमान समय

عہد حکومت (पु.)अ़ह्दे-हुकूमत
(इति.) शासन-काल, राज्य-काल

عہد زریں (पु.)अ़ह्दे-ज़र्रीं
(इति.) स्वर्ण-युग

عہد عتیق (पु.)अ़ह्दे-अ़तीक़
(इति.) प्राचीन काल, पुराना ज़माना, प्रागैतिहासिक

عہدنامہ (पु.)अ़ह्दनामा
(ना.,प्रशा.) प्रतिज्ञापत्र

عہدنامۂ قدیم (पु.)अ़ह्दनामए-क़दीम
(इति.) ओल्ड टेस्टामेंट, तौरेत

عہد وسطی (पु.)अ़ह्दे वुस्ता
(इति.) मध्ययुग

عہدہ (पु.)ओ़ह्दा
पद, पदवी

عہدہ برآ (वि.)ओ़ह्दा बरआ
ज़िम्मेदारी पूरी कर चुकने वाला

عہدہ برآئی (स्त्री.)ओ़ह्दा बरआई
ज़िम्मेदारी की पूर्ति, सेवानिवृति

عہدہ دار (पु.)ओ़ह्दादार
पदाधिकारी, अफ़सर

عیادت (स्त्री.)अ़यादत
रोगी का हाल पूछने के लिए जाना

عیار (वि.)अ़य्यार
छली, वंचक, चालाक, धोखेबाज़, कपटी

عیار (पु.)अ़यार
कसौटी

عیارانہ (वि.)अ़य्याराना
वंचकों जैसा, छलियों की भाँति

عیاری (स्त्री.)अ़य्यारी
छल, चालाकी, धोखेबाज़ी

عیاش (वि.)अ़य्याश
1. व्यभिचारी, लंपट 2. शौक़ीन, विलासी

عیاشانہ (वि.)अ़य्याशाना
अ़य्याशों जैसा

عیاشی (स्त्री.)अ़य्याशी
व्यभिचार, विलासिता

عیال (पु.)अ़याल
बाल-बच्चे

عیال دار (वि.)अ़यालदार
बाल-बच्चेदार, बाल बच्चों वाला/वाली

عیاں (पु.)अ़याँ
प्रकट, व्यक्त, स्पष्ट, ज़ाहिर

عیب (पु.)ऐ़ब
दोष, त्रुटि

عیب بیں (वि.)ऐ़ब बीं
दे. 'عیب جو'

عیب پوش (वि.)ऐ़ब पोश
दोष छुपाने वाला, दोष मुक्त करने वाला

عیب تراش (वि.)ऐ़ब तराश
दोषारोपक, बुराई निकालने वाला

عیب جو (वि.)ऐ़ब जू
1. दोष ढूँढने वाला, छिद्रान्वेषी 2. नुक्ता चीं

عیب جوئی (स्त्री.)ऐ़ब जुई
छिद्रान्वेषण, नुक़्ता चीनी

عیب چیں (वि.)ऐ़ब चीं
दे. 'عیب جو'

عیب دار (वि.)ऐ़ब दार
दोषयुक्त, दूषित

عیبی (वि.)ऐ़बी
दोषयुक्त, ऐ़बदार

عید (स्त्री.)ईद
1. बहुमूल्य, क़ीमती, महत्त्वपूर्ण 2. आदरणीय

گربہ (स्त्री.)गुर्बा
बिल्ली, मार्जारी

گربہ چشم (वि.)गुर्बा चश्म
1. बिल्ली की सी आँखों वाला 2. कन्जा दु:शील, बेमुरव्वत

گربۂ مسکیں (वि.)गुर्बए-मिस्कीं
वह व्यक्ति जो बिल्ली जैसा देखने में बहुत सीधा सादा हो, परंतु बहुत ही धूर्त और चालाक हो

گرد (स्त्री.)गर्द
धूलि, धूल

گرد (क्रि.वि.)गिर्द
आस-पास

گرد آلود (वि.)गर्द आलूद
धूल युक्त, धूल से भरा

گردباد (पु.)गर्द बाद
झक्कड़, पवनचक्र, बगूला, बवंडर

**گردوپیش** (पु.)गिर्दो पेश
आस-पास, पास पड़ोस

**گردونواح** (पु.)गिर्दो-नवाह
आसपास का क्षेत्र, ज़िला, हवाली

**گرداب** (पु.)गिर्दाब
जलावर्त, भँवर

**گرداگرد** (वि.)गिर्दागिर्द
1. चारों ओर, हर तरफ़, चहुँपास, चहुँओर 2. ईर्द-गिर्द, अड़ोस-पड़ोस

**گردان** (पु.)गर्दान
1. दोहराना 2. व्याकरण में कारकों को आदि से अंत तक कंठ-पुनरावृत्ति 3. (भा.) क्रिया रूप, धातु रूप 3. (भौ.) घूर्णी

**گردش** (स्त्री.)गर्दिश
1. चक्र, परिक्रमा 2. कालचक्र, फिराव 3. दुर्भाग्य

**گردشِ دوراں** (स्त्री.)गर्दिशे-दौराँ
1. समय का चक्कर, काल चक्र 2. समय का उलट फेर

**گردشِ روزگار** (स्त्री.)गर्दिशे-रोज़गार
समय का उलट-फेर

**گردشِ لیل ونہار** (स्त्री.)गर्दिशे-लैलो नहार
1. रात दिन का चक्कर 2. दुर्घटनाओं का चक्र, कालचक्र

**گردن** (स्त्री.)गर्दन
गला, ग्रीवा

**گردن زدنی** (वि.)गर्दनज़दनी
बध्य

**گردوں** (पु.)गर्दूं
1. घूमने वाला 2. आकाश

**گرز** (पु.)गुर्ज़
गदा

**گرسنگی** (स्त्री.)गुरसिनगी
भूख, क्षुधा

**گرسنہ** (वि.)गुरसिना/गुर्सिना
भूखा, क्षुधातुर, क्षुधित

**گرسنہ چشم** (वि.)गुरसिना चश्म
1. लोलुप, लालची, लोभी 2. भिक्षुक

**گرسنہ چشمی** (स्त्री.)गुरसिना चश्मी
1. लालच 2. कंजूसी 3. भिखमँगापन

**گرفت** (स्त्री.)गिरफ़्त
1. पकड़ 2. दस्ता 3. अधिकार

**گرفتار** (वि.)गिरफ़्तार
बंदी, ग्रस्त, फँसा हुआ

**گرفتاری** (स्त्री.)गिरफ़्तारी
गिरफ़्तारी

**گرفتگی** (स्त्री.)गिरफ़्तगी
1. पकड़, ग्रहण 2. खिन्नता

**گرفتہ** (वि.)गिरफ़्ता
1. ग्रहित 2. क्षुब्ध, खिन्न 3. पकड़ा हुआ

**گرفتہ خاطر** (वि.)गिरफ़्ता ख़ातिर
अप्रसन्न, दुखित

**گرگ** (पु.)गुर्ग
भेड़िया

**گرگ باراں دیدہ** (पु.)गुर्गे-बाराँ दीदा
1. बहुत ही धूर्त व्यक्ति, बहुत ही अनुभवी मनुष्य, घाघ 2. वह भेड़िया जिसने बहुत-सी बरसातें देखी हों

**گرگ بغل** (पु.)गुर्गे-बग़ल
1. बग़ल में रहने वाला भेड़िया 2. बग़ली दुश्मन

**گرم** (वि.)गर्म
1. गर्म, उष्ण, उष्णवीर्य 2. तीव्र

**گرم بازاری** (स्त्री.)गर्म बाज़ारी
ग्राहकों की बहुतात, माल की माँग

**گرم جوشی** (स्त्री.) गर्म जोशी
1. गाढ़े प्रेम का प्रदर्शन 2. तपाक

**گرم مزاج** (वि.)गर्म मिज़ाज
1. चिड़चिड़े स्वभाव वाला 2. जिसे जल्दी क्रोध आ जाए, जिसका स्वभाव गर्म हो

**گرما** (पु.)गर्मा
ग्रीष्म (काल)

**گرما گرمی** (स्त्री.)गर्मा गर्मी
1. धूमधाम, ज़ोर-शोर 2. बातचीत में तेज़ी, मौखिक युद्ध, वाक्युद्ध

**گرمالہ** (वि.)गर्माला
(रसा.) तापक

**گرمی** (स्त्री.)गर्मी
1. गर्मी, उष्णता 2. तीव्रता

**گرمیِ بازار** (स्त्री.)गर्मिए-बाज़ार
1. बाज़ार में भाव की तेज़ी 2. ग्राहकों की बहुतायत, माल की माँग

**گرو** (वि.)गिरौ
गिरवी, बंधक

گریزاں (वि.)गुरेज़ाँ
1. भागता हुआ, भाग कर जाता हुआ 2. बचकर निकल जाने वाला 3. पास न आने वाला

گریزپا (वि.)गुरेज़पा
1. जो बहुत भागता हो 2. भगोड़ा, वह नौकर जो बार-बार भाग जाता हो

گریزپائی (स्त्री.)गुरेज़पाई
भगोड़ापन, बार-बार भागने की क्रिया

گریہ (पु.)गिर्या
रुदन, रोना

گریہ آور (वि.)गिर्या आवर
आँसू लाने वाला, रुलाने वाला

گریہ کناں (वि.)गिर्या कुनाँ
रोता हुआ, आँसू बहाता हुआ

گریہ وزاری (स्त्री.)गिर्याओ-ज़ारी
1. रोना-धोना 2. हायहाय करना

گریۂ شادی (पु.)गिर्यए-शादी
खुशी की अधिकता में आँखों से आँसू निकल आना

گز (पु.)गज़
गज़, नापने का यंत्र या लकड़ी जो 16 गिरह या 36 इंच की होती है

گزارش (स्त्री.)गुज़ारिश
1. प्रार्थना, निवेदन 2. आवेदन

گزارش نامہ (पु.)गुज़ारिशनामा
1. प्रार्थना पत्र 2. आवेदन पत्र

گزارشات (स्त्री.)गुज़ारिशात
'گزارش' का बहु.

گزارنا (क्रि.)गुज़ारना
1. बिताना, निर्वाह करना 2. पार करना

گزارہ (पु.)गुज़ारा
निर्वाह, गुज़र-बसर, निबाह

گزر (स्त्री.)गुज़र
1. निर्वाह, गुज़र-बसर 2. जीविका
3. (पु.) प्रवेश, पहुँच, रिसाई 4. आगमन

گزرگاہ (स्त्री.)गुज़रगाह
मार्ग, रास्ता, पथ

گزشتہ (वि.)गुज़श्ता
गुज़रा हुआ, बीता हुआ, व्यतीत, गत, भूत

گزک (पु.)गज़क
1. शराब के साथ खाने की चीज़ 2. एक मिठाई जो शकर और तिल से बनती है

گروہ (पु.)गिरोह
दल, टोली, मंडली, गुट

گروہ بند (वि.)गिरोहबंद
गुटबंद, पार्टीबंद

گروہ بندی (स्त्री.)गिरोहबंदी
दलबंदी, गुटबंदी, पार्टीबंदी

گروہ در گروہ (क्रि.वि.)गिरोह दर गुरोह
टोलियों में, अर्थात् बहुत अधिक (मनुष्य)

گرویدگی (स्त्री.)गिर्वीदगी
मोह, किसी ओर हद से बढ़ी हुई दिलचस्पी

گرویدہ (वि.)गिर्वीदा
1. मुग्ध, मोहित, लट्टू 2. प्रेमी

گرہ (स्त्री.)गिरह
1. गाँठ 2. ग्रंथि 3. समस्या

گرہ بر گرہ (वि.)गिरह बर गिरह
1. गाँठ पर गाँठ 2. कठिनाई

گرہ دار (वि.)गिरहदार
1. गँठीला 2. उलझा हुआ

گرہ کشا (वि.)गिरहकुशा
1. गाँठ खोलने वाला 2. समस्या हल करने वाला 3. कठिनाई का निवारण करने वाला

گرہ کشائی (स्त्री.)गिरहकुशाई
1. गाँठ खोलना 2. समस्या हल करना
3. कठिनाई का निवारण

گریبان (पु.)गरीबान
दे. 'گریباں'

گریباں (पु.)गरीबाँ
कुर्ते, क़मीज़ आदि का गला

گریباں چاک (वि.)गरीबाँ चाक
1. जिसने अपना गरीबान फाड़ डाला हो
2. पागल, दीवाना 3. प्रेमी, आशिक़

گریباں دریدہ (वि.)गरीबाँ दरीदा
दे. 'گریباں چاک'

گریباں گیر (वि.)गरीबाँ गीर
1. गला पकड़ने वाला 2. तक़ाज़ा करने वाला

گریز (पु.)गुरेज़
1. उपेक्षा 2. घृणा, नफ़रत 3. बचाव
4. क़सीदे में अनुष्ठान को प्रशंस्य (मम्दूह) के गुण-गाथा की ओर मोड़ देने का अलंकार

گزند (स्त्री.)गज़ंद
1. हानि, अनिष्ठ, नुक़सान 2. दुख, कष्ट, तकलीफ़

گزیدنی (वि.)गुज़ीदनी
चुनने योग्य, छाँटने योग्य

گزیدہ (वि.)गज़ीदा
काटा हुआ

گزیدہ (वि.)गुज़ीदा
चुना हुआ, छाँटा हुआ, चयनित

گستاخ (वि.)गुस्ताख़
धृष्ट, अशिष्ट, ढीठ

گستاخانہ (वि.)गुस्ताख़ाना
धृष्टतापूर्वक, ढीठपन से

گستاخی (स्त्री.)गुस्ताख़ी
धृष्टता, अशिष्टता, ढिठाई, बदतमीज़ी

گشت (स्त्री.)गश्त
1. पहरा 2. भ्रमण

گشتی (वि.)गश्ती
परिपत्र

گشتی چٹھی (स्त्री.)गश्ती चिट्ठी
(प्रशा.) परिपत्र, गश्ती चिट्ठी

گشتی نمائش (स्त्री.)गश्ती नुमाइश
(वाणि.) चल प्रदर्शनी

گفت و شنید (स्त्री.)गुफ़्तो-शुनीद
1. बातचीत, वार्तालाप 2. कहा-सुनी, वाद-विवाद, तर्क-वितर्क, अन बन

گفتار (स्त्री.)गुफ़्तार
1. वाणी, बोली 2. व्याख्यान, कथन

گفتگو (स्त्री.)गुफ़्तगू
वार्तालाप, बातचीत

گفتنی (वि.)गुफ़्तनी
कथनीय, वाच्य, कहने योग्य

گفتہ (वि.)गुफ़्ता
कथित, कहा हुआ

گِل (स्त्री.)गिल
मिट्टी, धूल

گُل (पु.)गुल
1. गुलाब 2. फूल, सुमन, पुष्प

گلا (पु.)गला
कंठ, गला

گلاب (पु.)गुलाब
1. गुलाब 2. गुलाब-जल

گلابی (वि.)गुलाबी
1. (रंग) हलका लाल 2. (स्त्री.) शराब की रंगीन काँच की सुराही

گِل اندودہ (वि.)गिल अंदूदा
मिट्टी से लीपा हुआ, मिट्टी चढ़ाया हुआ

گلخن (पु.)गुलख़न
भट्ठी

گل افشانی (स्त्री.)गुल अफ़्शानी
1. फूल बरसाना, पुष्प वर्षा 2. मज़ेदार बातचीत

گل افشاں (वि.)गुल अफ़्शाँ
फूल बरसाने वाला, पुष्पवर्षक

گل اندام (वि.)गुल अंदाम
पुष्पांगी, कोमल, मृदुल

گل بازی (स्त्री.)गुल बाज़ी
एक दूसरे की ओर फूल फेंकने का खेल, पुष्पक्रीड़ा

گل بانگ (स्त्री.)गुल बाँग
1. मधुर आवाज़ 2. हर्षध्वनि 3. बुलबुल आदि पक्षियों का मधुर स्वर, चहचहाहट

گل بدن (वि.)गुल बदन
1. फूलों जैसे कोमल और मृदुल अंगों वाला (वाली) 2. (पु.) एक रेशमी कपड़ा

گلبرگ (पु.)गुल बर्ग
फूल की पंखड़ी, पुष्पदल

گلبن (पु.)गुल बुन
गुलाब का पौधा

گل پاش (वि.)गुल पाश
फूलों की वर्षा करने वाला, पुष्पवर्षक

گل پوش (वि.)गुल पोश
पुष्पाच्छादित, परिदलपुंज

گل پوشی (स्त्री.)गुल पोशी
पुष्पार्पण

گل جعفری (पु.)गुले-जाफ़री
एक पीले रंग का फूल

گلچہ (पु.)गुलचा
(वन.) पुष्पक

گل چہرہ (वि.)गुल चेहरा
दे. 'گل رخ'

گلچیں (वि.)गुलचीं
1. फूल चुनने वाला, पुष्पचायी 2. माली, मालाकार

گل خنداں (पु.)गुले-ख़ंदाँ
खिला हुआ फूल

گلدار (वि.)गुलदार
(वन.) दलधर

گلدان (पु.)गुलदान
फूल सजाने का पात्र, पुष्पपात्र

گلدستہ (पु.)गुलदस्ता
गुलदस्ता, फूलों का गुच्छा

گل رخ (वि.)गुल रुख़
गुलाब के फूल जैसा, गुलाबी चेहरे वाला अतिसुंदर, पुष्प मुखी

گل رنگ (वि.)गुलरंग
गुलाब के फूल जैसा, गुलाबी रंग वाली (वस्तु)

گل ریز (वि.)गुल रेज़
1. जिससे फूल झड़ते हों 2. (स्त्री.) एक आतशबाज़ी, फुलझड़ी

گل سرسبد (पु.)गुले-सर सबद
1. वह फूल जो माली की टोकरी में सबसे ऊपर, सबसे बड़ा और सुगंधित होता है 2. वह व्यक्ति जो सर्वश्रेष्ठ और सर्वोत्तम हो

گل فشانی (स्त्री.)गुल फ़िशानी
फूल बरसाना, पुष्प वर्षा

گل فشاں (वि.)गुल फ़िशाँ
1. फूल बरसाने वाला 2. (स्त्री.) फुलझड़ी, एक प्रसिद्ध आतशबाज़ी

گلکار (पु.)गिलकार
(प्रशा.) मृत्तिकाशिल्पी

گلکاری (स्त्री.)गुल कारी
1. फूलकारी, फूल बनाने का कार्य 2. बेल-बूटे बनाने का काम, बेल-बूटे

گل کاغذی (पु.)गुले-काग़ज़ी
1. काग़ज़ के फूल जो सजावट के काम आते हैं 2. दिखावे की वस्तु

گل گشت (स्त्री.)गुल गश्त
बाग़ की सैर

گل گیر (पु.)गुल गीर
चिराग़ या मोमबत्ती का गुल कतरने की कैंची

گل لالہ (पु.)गुले-लाला
एक मशहूर लाल रंग का फूल

گل ناشگفتہ (पु.)गुले-नाशिगुफ़्ता
बिन खिला फूल

گلرو (वि.)गुल रू
फूल जैसे चेहरे वाला

گلزار (पु.)गुलज़ार
1. बाग़, वाटिका 2. रौनक़

گلستان (पु.)गुलिस्तान
उद्यान, बाग़, वाटिका, पुष्पोद्यान

گلشن (पु.)गुलशन
उद्यान, वाटिका

گلشن آرا (वि.)गुलशन आरा
उद्यानपाल, माली, बाग़ को सजाने और सँवारने वाला

گلفام (वि.)गुलफ़ाम
फूल जैसा

گلقند (पु.)गुलक़ंद
गुलाब के फूल और खांड़ के मिश्रण से बनी हुई एक औषधि, गुलक़ंद

گل گونہ (पु.)गुलगूना
मुँह पर मलने का सुगंधित और गुलाबी पाउडर

گلگوں (वि.)गुलगूँ
1. गुलाब-जैसे रंगवाला 2. लाल रंग का घोड़ा

گلو (पु.)गुलू
1. गला, कंठ 2. सुर, आवाज़

گلو بستہ (वि.)गुलू बस्ता
जिसकी आवाज़ बैठ गई हो, चुप, आवाज़ का गले में रुंध जाना

گلو بند (पु.)गुलू बंद
1. मफ़्लर 2. गले का एक आभूषण

گلو خلاصی (स्त्री.)गुलू ख़लासी
छुटकारा, बंधन मुक्ति

گلو سوز (वि.)गुलूसोज़
1. बहुत मीठा 2. चरपरी वस्तु

گلو گیر (वि.)गुलूगीर
गला पकड़ने वाला (वाली), आवाज़ रुंधा देने वाला (वाली), रूद्धकंठ

گلوری (स्त्री.)गिलोरी
पान का बीड़ा

گلولہ (पु.)गुलूला
1. गुलेल का गुल्ला 2. बंदूक़ की गोली

گلہ (पु.)गल्ला
रेवड़, झुंड (पशु)

گلہ (पु.)गिला
उलाहना, शिकायत, निंदा

گلہ بان (पु.)गल्लाबान
गडरिया, चरवाहापन

گلہ بانی (स्त्री.)गल्ला बानी
पशुपालन, चरवाही

گلی (वि.)गिली
मिट्टी का, कीचड़ में लथपथ, लिथड़ा हुआ

گلیم (पु.)गलीम
कम्बल, चादर

گم (वि.)गुम
1. खोया हुआ, भटका हुआ 2. तल्लीन, अचेत 3. अप्रकट

گم شدگی (स्त्री.)गुम शुद्‌गी
1. खो जाना 2. रास्ता भूल जाना

گم شدہ (वि.)गुम शुदा
1. खोया हुआ 2. रास्ता भूला हुआ

گم گشتہ (वि.)गुम गश्ता
खोया हुआ, जो खो गया हो

گماشتہ (पु.)गुमाश्ता
प्रतिनिधि, अभिकर्ता

گمان (पु.)गुमान
1. शंका, भ्रम 2. कुधारणा 3. कल्पना

گمان غالب (पु.)गुमाने-ग़ालिब
दे. گمان قوی

گمان قوی (पु.)गुमाने-क़वी
ऐसी शंका जो विश्वास की सीमा तक पहुँच जाए

گمراہ (वि.)गुमराह
मार्गभ्रष्ट, दुराचारी, कुचाली, कदाचारी

گمراہ کن (वि.)गुमराह कुन
भ्रमात्मक, गलत पथ प्रवृत्ति करने वाला, पथ भ्रष्ट

گمراہی (स्त्री.)गुमराही
पथभ्रष्टता, दुराचार

گمنام (वि.)गुमनाम
अनाम, अज्ञात, अप्रसिद्ध

گمنامی (स्त्री.)गुमनामी
अख्याति

گناہ (पु.)गुनाह
1. पाप 2. दोष 3. अपराध

گناہ صغیرہ (पु.)गुनाहे-सग़ीरा
छोटा गुनाह, लघुपातक

گناہ کبیرہ (पु.)गुनाहे-कबीरा
1. बड़ा पाप, महापातक, महा अपराध 2. (दर्श.) मुख्य पाप

گناہگار (वि.)गुनाहगार
1. पापी 2. दोषी 3. अपराधी

گناہگاری (स्त्री.)गुनाहगारी
1. पाप कर्म 2. दोष करना, क़ुसूरवारी

گنبد (पु.)गुंबद
गुंबज़, गुंबद

گنج (पु.)गंज
निधि, खज़ाना, कोष, धनागार, धनराशि

گنج بخش (वि.)गंजबख़्श
1. खज़ाना बाँटने या देने वाला, बहुत बड़ा दाता 2. एक मुसलमान ऋषि की उपाधि

گنج قارون (पु.)गंजे-क़ारून
'क़ारून' का खज़ाना जो चार लाख चालीस हज़ार बोरी भर था और जिसमें से वह एक पैसा भी ईश्वर के नाम पर दान नहीं करता था, अंत में पैग़म्बर हज़रत मूसा के शाप से वह अपनी निधि समेत पृथ्वी में धँस गया

گنجائش (स्त्री.)गुंजाइश
समाई, क्षमता

گنجفہ (पु.)गंजफ़ा
ताश के प्रकार का एक खेल जो ताश से पहले प्रचलित था, ताश पत्तों का खेल

گنجینہ (पु.)गंजीना
1. ख़ज़ाना 2. धनागार 3. संग्राह

گند (स्त्री.)गंद
दुर्गंध, बदबू, बिसांध, गंदगी

گندا (वि.)गंदा
अपवित्र, मैला

گندگی (स्त्री.)गंदगी
विष्ठा, अपवित्रता

گندم (पु.)गंदुम
गेहूँ, गोधूम

گندم گوں (वि.)गंदुमगूँ
गेहुएँ रंग का, गेंहुआ, गंदुमी

گندمی (वि.)गंदुमी
1. गेहूँ से सम्बन्धित, गेहूँ का 2. गेहूएँ रंग का

گنگ (पु.)गंग
गंगा

گنگ (पु.)गुँग
गूँगा, मूक

گنہ (पु.)गुनह
"گناہ" का लघु., गुनाह, पाप

گنہگار (वि.)गुनहगार
दे. "گناہگار"

گنہگاری (स्त्री.)गुनहगारी
दे. "گناہگاری"

گو (अव्य.)गो
1. यद्यपि, अगरचे 2. (प्रत्य.) कहने वाला, जैसे- "حق گو" (हक़ गो) सच्ची बात कहने वाला

گوارا (वि.)गवारा
सहनीय, रुचिकर, सुपाच्य

گواہ (पु.)गवाह
साक्षी, प्रत्यक्षदर्शी

گواہ حاشیہ (पु.)गवाहे-हाशिया
वह गवाह जिसके हस्ताक्षर किसी दस्तावेज़ के हाशिये पर हों

گواہ عینی (पु.)गवाहे-ऐनी
वह गवाह जिस के सामने कोई घटना घटी हो, प्रत्यक्ष साक्षी

گواہی (स्त्री.)गवाही
साक्ष्य, गवाही

گور (स्त्री.)गोर
क़ब्र, समाधि

گور پرست (वि.)गोरपरस्त
वह संप्रदाय जो महात्माओं की क़ब्रों (समाधि) का सम्मान करता, उन पर चिराग़ जलाता और फूल आदि चढ़ाता है

گور پرستی (स्त्री.)गोर परस्ती
क़ब्र पर फूल आदि चढ़ाना और रौशनी करना

گورخر (पु.)गोर ख़र
एक जंगली गधा-विशेष, वन गर्दभ

گورکن (पु.)गोरकन
1. क़ब्र खोदने वाला 2. एक प्रसिद्ध जंतु जो क़ब्र खोदकर मुर्दे को खा जाता है, बिज्जू

گورکنی (स्त्री.)गोरकनी
क़ब्रें खोदने का काम या पेशा

گوز (पु.)गोज़
अपानवायु, पाद, अधोवायु

گوسالہ (पु.)गोसाला
गोवत्सल, गाय का एक वर्ष का बछड़ा

گوسپند (स्त्री.)गोस्पंद
बकरी, भेड़

گوسفند (स्त्री.)गोस्फ़ंद
दे. "گوسپند"

گوش (पु.)गोश
कान, कर्ण, श्रवण

گوش برآواز (वि.)गोश बर आवाज़
आवाज़ की आहट पर कान लगाये हुए, उत्कर्ण

گوش تا گوش (क्रि.वि.)गोश ता गोश
इधर से उधर तक, इस कान से उस कान तक

گوش زد (वि.)गोश ज़द
कान में पड़ी हुई बात, श्रुत, सुना हुआ

گوش گزار (वि.)गोश गुज़ार
कहा हुआ, प्रार्थित, कथित, श्रुत

گوش مالی (स्त्री.)गोश माली
कान उमेठना, सज़ा देने के लिए कान मरोड़ना

گوشت (पु.)गोश्त
माँस, गोश्त

گوشت خور (वि.)गोश्त ख़ोर
(प्राणि.) माँसाहारी

گوشت خور نبات (स्त्री.)गोश्त ख़ोर नबात
(प्राणि.) माँसाहारी पादप

گوشت خوری (स्त्री.)गोश्तख़ोरी
(प्राणि.) माँसाहार, माँसभक्षण

گوشوارہ (पु.)गोशवारा
1. हिसाब-किताब का चिट्ठा 2. बुंदा, बाला 3. मकान या छत पर बना एक छोटा कक्ष

گوشہ (पु.)गोशा
एकांत, कोण

گوشۂ چشم (पु.)गोशए-चश्म
आँख का कोना

گوشہ گزیں (वि.)गोशागुज़ीं
दे. "گوشہ نشیں"

گوشہ گزینی (स्त्री.)गोशा गुज़ीनी
दे. "گوشہ نشینی"

گوشہ گیر (वि.)गोशा गीर
दे. "گوشہ نشیں"

گوشہ نشیں (वि.)गोशा नशीं
एकांतवासी, कोने में बैठने वाला, सबसे अलग-थलग अकेला रहने वाला

**گوشہ نشینی** (स्त्री.)गोशानशीनी
एकांतवास

**گوشۂ تنہائی** (पु.)गोशए-तन्हाई
एकांत, निर्जन स्थान, जहाँ कोई न हो

**گوگرد** (स्त्री.)गूगिर्द
(रसा.) गंधक

**گوگردِ احمر** (स्त्री.)गूगिर्दे-अहमर
1. (रसा.) लाल गंधक जिससे रसायन बनती है 2. ऐसा व्यक्ति, जो सर्वगुण-संपन्न हो और जिसका मिलना दुर्लभ हो

**گوگردِ سرخ** (स्त्री.)गूगिर्दे-सुर्ख़
दे. 'گوگرد احمر'

**گول** (वि.)गोल
वृत्ताकार, गोल

**گولنداز** (वि.)गोलंदाज़
दे. 'گولا انداز'

**گولا انداز** (वि.)गोला अंदाज़
तोपची, तोप का गोला चलाने वाला

**گولا باری** (स्त्री.)गोला बारी
बमबारी

**گومگو** (वि.)गोमगो
असमंजस, ऊहापोह, दुविधा

**گون** (पु.)गून
रंग, वर्ण, रंगत

**گوناگوں** (वि.)गूनागूँ
रंग-बिरंगी, चित्र-विचित्र

**گوناگونی** (स्त्री.)गूनागूनी
(वन.) विभिन्नता

**گونیا** (पु.)गूनिया
एक तिकोना यंत्र जिससे राज और बढ़ई इमारत की सीध मापते हैं

**گوں** (प्रत्य.)गूँ
रंगवाला, जैसे-'نیلگوں' (नीलगूँ) नीले रंग वाला

**گوہر** (पु.)गौहर
मुक्ता, मोती, रत्न, जौहर

**گوہر افشانی** (स्त्री.)गौहर अफ़्शानी
1. मोती बिखेरना 2. मीठी-मीठी बातें करना

**گوہر افشاں** (वि.)गौहर अफ़्शाँ
1. मोती बिखेरने वाला 2. ऐसी मीठी बातें करने वाला मानो मोती बिखर रहे हों, वाक्पटु, वाग्मी

**گوہر بار** (वि.)गौहर बार
मुक्तावर्षक

**گوہر باری** (स्त्री.)गौहर बारी
1. मोती लुटाना 2. मोतियों की वर्षा 3. रोना

**گوہرِ تاباں** (पु.)गौहरे-ताबाँ
चमकदार मोती

**گوہر ریز** (वि.)गौहर रेज़
दे. 'گوہر بار'

**گوہر ریزی** (स्त्री.)गौहर रेज़ी
दे. 'گوہر باری'

**گوہر شناس** (वि.)गौहर शनास
1. मोतियों का पारखी, जौहरी 2. गुण का पारखी, गुणग्राही

**گوہر شناسی** (स्त्री.)गौहर शनासी
1. मोती की परख 2. गुणों की परख 3. मोतियों के परखने का गुण

**گوہر فروش** (वि.)गौहर फ़रोश
1. मोती बेचने वाला, जौहरी 2. गुणग्राहकों के सामने अपने गुणों का प्रदर्शन करने वाला

**گوہر فروشی** (स्त्री.)गौहर फ़रोशी
1. मोती बेचना 2. गुणग्राहकों के सामने अपने गुणों का प्रदर्शन

**گوہر فشانی** (स्त्री.)गौहर फ़िशानी
1. मोती बिखेरना 2. मीठी-मीठी बातें करना

**گوہر فشاں** (वि.)गौहर फ़िशाँ
1. मोती बिखेरने वाला 2. वाक्पटु, अच्छी बात करने वाला

**گوہرِ یکتا** (पु.)गौहरे-यकता
वह मोती जो सीप में एक ही होता है, इसलिए बड़ा और बहुमूल्य होता है

**گوئندہ** (वि.)गोइंदा
1. वक्ता, कहने वाला 2. गुप्तचर, जासूस

**گویا** (वि.)गोया
1. वक्ता, बोलनेवाला 2. (क्रि.वि.) माना, मानो

**گویائی** (स्त्री.)गोयाई
वाक्शक्ति, बोलने की क्षमता

**گوے** (पु.स्त्री.)गोए
गेंद, कंदुक, पोलो की गेंद

**گوے گریباں** (पु.)गोए-गिरीबाँ
गले में लगाने की घुंडी

**گہر** (पु.)गुहर
'گوہر' का लघु.

**گہر افشانی** (स्त्री.) गुहर अफ़शानी
दे. 'گوہر افشانی'

**گہر افشاں** (वि.) गुहर अफ़शाँ
दे. 'گوہر افشاں'

**گہر بار** (वि.) गुहर बार
दे. 'گوہر بار'

**گہر باری** (स्त्री.) गुहर बारी
दे. 'گوہر باری'

**گہر ریز** (वि.) गुहर रेज़
दे. 'گوہر ریز'

**گہر ریزی** (स्त्री.) गुहर रेज़ी
दे. 'گوہر ریزی'

**گہر شناس** (वि.) गुहर शनास
दे. 'گوہر شناس'

**گہر شناسی** (स्त्री.) गुहर शनासी
दे. 'گوہر شناسی'

**گہوارہ** (पु.) गहवारा
पालना, हिंडोला, झूला

**گیاہ** (स्त्री.) गियाह
घास

**گیتی** (स्त्री.) गेती
जगत्, संसार, दुनिया

**گیتی آرا** (वि.) गेती आरा
संसार को सजाने और सँवारने वाला

**گیتی پناہ** (वि.) गेती पनाह
शासक

**گیدی** (वि.) गेदी
1. मूर्ख 2. निर्लज्ज 3. भीरू 4. डरपोक

**گیس پیما** (पु.) गैस पैमा
(रसा.,भौ.) गैस आयतनमापी

**گیس پیمائی** (स्त्री.) गैस पैमाई
(रसा.,भौ.) गैस आयतनमिति

**گیسو** (पु.) गेसू
अलक, केश, लट

**گیسو دراز** (वि.) गेसू दराज़
जिसके बाल बहुत लंबे हों

**گیہان** (पु.) गैहान
दे. 'گیہاں'

**گیہاں** (पु.) गैहाँ
संसार, जगत्, दुनिया

## گھ

**گھات** (स्त्री.) घात
1. ताक, दाँव 2. धोखा, जाल, छल 3. चाल

**گھاتی** (वि.) घाती
1. दाव घात रखने वाला 2. ख़ूनी 3. चालबाज़

**گھاتیں** (स्त्री.) घातें
'گھات' का बहु.

**گھاٹ** (पु.) घाट
1. नदी, तालाब, कुँआ इत्यादि का किनारा 2. धोबियों के कपड़े धोने का स्थान

**گھاٹ وال** (पु.) घाटवाल
घाटिया, वह ब्रह्मण जो घाटों पर स्नान कराता और टीका लगाता है

**گھاٹا** (पु.) घाटा
1. हानि, नुकसान, टोटा 2. दो पहाड़ों के बीच का रास्ता अथवा गली या स्थान

**گھاٹیا** (पु.) घाटिया
दे. 'گھاٹ وال'

**گھاس پھوس** (पु.) घासफूस
कूड़ा-करकट

**گھاگ** (वि.) घाग
1. बूढ़ा 2. खुर्राट, अनुभवी

**گھاگرا** (पु.) घाघरा
1. लहंगा, साया, गौन, पशवाज 2. एक दरिया का नाम जिसे सरजू (सरयू) भी कहते हैं 3. एक प्रकार का कबूतर 4. एक पौधे का नाम

**گھامڑ** (वि.) घामड़
1. आलसी, फूहड़, बौड़म 2. बुद्धू

**گھان** (पु.) घान
अनाज की वह मात्रा जो एक बार चक्की या ओखली में डालते हैं

**گھانی** (स्त्री.) घानी
तेलहन (सरसों, तिल आदि) की वह मात्रा जो एक बार कोल्हू की ओखली में पेलने के लिए डाली जाए

**گھاؤ گھپ** (वि.) घाव घप
लुटाऊ, खाऊ उड़ाऊ, अत्यधिक ख़र्च करने वाला

**گھائی** (स्त्री.) घाई
1. दो उँगलियों के बीच का स्थान 2. अंटी 3. अँगूठा

(क्रि.)घबराना گھبرانا
घबड़ाना, व्याकुल होना

(वि.)घुप گھپ
गहरा अँधेरा, अंधकार

(पु.)घपला گھپلا
1. गड़बड़ 2. हिसाब-किताब की ग़लती 3. झमेला

(वि.)घट گھٹ
1. दिल, हृदय 2. 'گھاٹ' (घाट) का लघु रूप, जैसे- 'پنگھٹ' (पनघट)

(स्त्री.)घटा گھٹا
बादल, मेघ, बदली

(पु.)घट्टा گھٹّا
सेंध, दराड़, छेद

(पु.)घटा टोप گھٹاٹوپ
वह अँधेरा जो बादलों के घिरे रहने से होता है, गहरा अंधेरा

(पु.)घुटन्ना گھٹنّا
घुटनों तक का पाजामा जो जांघिये से बड़ा होता है

(स्त्री.)घुट्टी گھٹی
वह दवा जो नवजात शिशु को पाचन के लिए पिलाई जाती है

(स्त्री.)घर झकनी گھرجھکنی
वह महिला जो एक जगह न बैठी रहे, और पास पड़ोस के घर झाँकती फिरे

(पु.)घरदार گھردار
सांसारिक, घर गृहस्थी वाला, बाल-बच्चेदार

(स्त्री.)घिरिया گھریا
स्वर्णकार की कुलिया जिसमें सोना पिघलाया जाता है

(स्त्री.)घर्गाह گھرگاہ
नेत्ररोग उपचार की एक औषधि विशेष

(पु.)घड़ियाली گھڑیالی
दीवार घड़ी को बजाने वाला

(पु.)घन گھن
1. मेघ, बादल 2. घनसार, कपूर 3. बहुत बड़ा हथौड़ा 4. (ग.) किसी अंक को किसी अंक से गुणा करने पर प्राप्त होनेवाला गुणनफल

(वि.)घिन گھن
1. घृणा, नफ़रत 2. मतली या उल्टी आने की स्थिति या हालत

(पु.)घुन گھن
1. अनाज को खाकर पीला करदेनेवाला लाल रंग का कीड़ा 2. काग़ज़ एंव लकड़ी आदि खानेवाला सफ़ेद कीड़ा

(वि.)घन चक्कर گھن چکر
आवारा, घुमक्कड़

(स्त्री.)घुंडी گھنڈی
1. कपड़े, लकड़ी अथवा किसी अन्य वस्तु से बना बटन 2. थान को दुबारा फूटी हुई जड़ 3. रुकावट, अवरोध, बाधा, द्वेष

(वि.)घोरी گھوری
1. गंदा, मैला, कुचैला 2. स्नान करने से बचने वाला

(वाणि.)घूँघट की दीवार گھونگھٹ کی دیوار
ओट दीवार, परदे की दीवार जो दरवाज़े के सामने भीतर की ओर होती है

(पु.)घेरा گھیرا
अहाता, दायरा, क़िलेबंदी

(स्त्री.)घेराँद گھیراند
बदबू, सड़ाँध (विशेषत: मूत्रालय से आने वाली दुर्गंध)

## ل

(वर्ण)ला لا
नहीं, न, बिना

(वि.)ला उबाली لاابالی
निश्चिंत, अनीह, लापरवाह

(वि.)ला अदरी لاادری
(दर्श.) अज्ञेयवादी, नास्तिवादी

(स्त्री.)ला अदरीयत لاادریت
(दर्श.) अज्ञेयवाद

(वि.)ला इस्तिद्लाली لااستدلالی
(दर्श.) निस्तकीर्य

(वि.)ला इंतिहा لاانتہا
1. असीम 2. (राज.) निरवधि

(स्त्री.)लाजिन्सीयत لاجنسیت
(मनो.) कामाभाव

(वि.)ला कलाम لاکلام
1. निःसंदेह, निःशंक, बेशक 2. अवश्य, निश्चयपूर्ण, यक़ीनी

(वि.)ला बुद لابد
1. आवश्यक, ज़रूरी 2. अनिवार्य, लाज़िमी

لاتعداد (वि.)ला ता़दाद
असंख्य, अगणित, अपरिमित, बेशुमार
لاثانی (वि.)ला सानी
अद्वितीय, अनुपम
لاجواب (वि.)ला जवाब
निरुत्तर; अद्वितीय, बेजोड़
لاجورد (पु.)लाजवर्द
आवर्त मणि
لاجوردی (वि.)लाजवर्दी
(रंग) नीला, आसमानी
لاچار (वि.)लाचार
विवश, असहाय
لاحاصل (वि.)ला हासिल
व्यर्थ, बेकार, निष्फल
لادوا (वि.)ला दवा
असाध्य, निरुपचार, जिसका उपचार न हो सके
لاریب (वि.)ला रैब
निःसंदेह, बेशुबहा
لازوال (वि.)ला ज़वाल
स्थाई, शाश्वत
لاشعور (पु.)ला शुऊर
अवचेतन
لاعلاج (वि.)ला इलाज
असाध्य, दुष्कर, अचिकित्सीय
لاعلم (वि.)ला इल्म
अज्ञात, अपरिचित
لاعلمی (स्त्री.)ला इल्मी
अज्ञान, न जानना
لافانی (वि.)ला फ़ानी
अनश्वर, अविनाशी, जो कभी नष्ट न हो, शाश्वत
لامتناہی (वि.)ला मुतनाही
1. असीम, अपार, बेहद 2. (ग.) अनंत
لامحالہ (वि.)ला मुहाला
1. विवशतापूर्वक, लाचारी से, निस्संदेह 2. अंततः, आख़िरकार
لامحدود (वि.)ला महदूद
1. असीमित 2. जो घेरा न जा सके, जिसकी सीमाएँ निश्चित न हों, बेहद
لامذہب (वि.)ला मज़हब
नास्तिक, अधर्मी, अनास्थावादी
لامرکزی مد (स्त्री.)ला मरकज़ी मद
(प्रशा.) विकेंद्रीकृत मद
لامرکزیت (स्त्री.)ला मर्कज़ियत
विकेंद्रीकरण

لامکاں (वि.)ला मकाँ
1. अलौकिक सत्ता 2. सर्वव्यापी, ईश्वर
لامنطقی (वि.)ला मंतिक़ी
(दर्श.) तर्कातीत, तर्क से परे
لاوارث (वि.)ला वारिस
1. जिसका कोई उत्तराधिकारी न हो 2. अनाथ
لاولد (वि.)ला वलद
निःसंतान
لایزال (वि.)ला यज़ाल
जो नष्ट न हो, अनश्वर, अविनाशी अर्थात् ईश्वर, सार्वलौकिक
لایعنی (वि.)ला या़नी
निरर्थक, व्यर्थ, फ़ुज़ूल
لایموت (वि.)ला यमूत
जो मरे नहीं, अमर
لاینحل (वि.)ला यन्हल
असमाधेय, जो हल न हो
لاینفک (वि.)ला यन्फ़क
अभिन्न, अविच्छिन्न, जो अलग न हो सके
لاحق (वि.)लाहिक़
जुड़ा हुआ
لاحقہ (पु.)लाहिक़ा
(भा.) परप्रत्यय, प्रत्यय
لاحول (स्त्री.)लाहौल
घृणा और उपेक्षा सूचक एक वाक्य
لازم (वि.)लाज़िम
अनिवार्य, आवश्यक
لازم وملزوم (वि.)लाज़िमो-मल्ज़ूम
1. एक की दूसरे के साथ अनिवार्यता, समवाय 2. प्रतिपूरक
لازماً (क्रि.वि.)लाज़िमन
निश्चित रूप से, यक़ीनन
لازمی (वि.)लाज़िमी
अनिवार्य, आवश्यक
لاش (स्त्री.)लाश
मृतक देह, शव, लाश
لاشہ (वि.)लाशा
1. बहुत ही दुर्बल और क्षीण 2. (पु.) लाश, शव, लोथ
لاشۂ بے گوروکفن (पु.)लाशाए-बेगोरो-कफ़न
ऐसा शव जिसे न कफ़न मिला हो न क़ब्र
لاطینی (स्त्री.)लातीनी
रूमियों की प्राचीन भाषा, लैटिन
لاغر (वि.)लाग़र
क्षीण, कमज़ोर

لاف (स्त्री.)लाफ़
डींग, गप, जल्प

لاف زن (वि.)लाफ़ ज़न
दे. 'لاف گو'

لاف زنی (स्त्री.)लाफ़ ज़नी
डींग मारना

لاف گو (वि.)लाफ़ गो
डींगिया, गप्पी, बकवादी

لاف گوئی (स्त्री.)लाफ़ गोई
डींग मारना, गप उड़ाना, बकवास

لاف و گزاف (स्त्री.)लाफ़ो-गज़ाफ़
गपबाज़ी, बकवास

لال (वि.)लाल
1. सुर्ख, लाल 2. प्यारा, लाडला 3. (पु.) बेटा, पुत्र 4. (पु.) बालक, प्यारा बच्चा 5. (पु.) माणिक नामक रत्न, माणिक्य

لالا (पु.)लाला
1. दास, गुलाम, सेवक, मुलाज़िम 2. चमकदार, उज्ज्वल (मोती)

لالہ (पु.)लाला
एक लाल फूल, पोस्त का फूल, अहिपुष्प, ट्युलिप, लाला

لالہ رخ (वि.)लाला रुख़
लाला के फूल जैसे सुर्ख और कोमल गालों वाला (वाली), ट्युलिप पुष्प की तरह सुंदर

لالہ رنگ (वि.)लाला रंग
दे. 'لالہ گوں'

لالہ زار (पु.)लाला ज़ार
लाला के फूलों का खेत

لالۂ صحرائی (पु.)लालाए-सहराई
जंगल में उत्पन्न होने वाले लाला के फूल

لالہ فام (वि.)लालाफ़ाम
लाला के रंग का

لالہ گوں (वि.)लाला गूँ
लाला के फूल-जैसा, रक्तवर्ण, सुर्ख, ट्युलिप वर्णी, ट्युलिप रंग का

لام (पु.)लाम
1. 'لامہ' का बहु., कवच-समूह 2. उर्दू अक्षर 'ل' 3. अलक, ज़ुल्फ़

لامسہ (स्त्री.)लामिसा
स्पर्शशक्ति, त्वक् इन्द्रिय

لامعہ (वि.)लामेआ
चमकने वाली वस्तु

لاہوت (पु.)लाहूत
1. संसार, मर्त्यलोक, दुनिया 2. ब्रह्मलीनता की अवस्था

لاہوتی (वि.)लाहूती
1. संसार का निवासी, प्राणी 2. ब्रह्मलीन

لائحہ (पु.)लाएहा
1. चमकने वाली वस्तु 2. सूची

لائحۂ عمل (पु.)लाएहए-अमल
1. कार्यक्रम, किसी कार्य विशेष का प्रोग्राम 2. कार्यप्रणाली

لائق (वि.)लाएक़
योग्य, पात्र

لب (पु.)लब
1. अधर, ओष्ठ, होंठ 2. तट, किनारा

لب بستہ (वि.)लब बस्ता
मौन, चुप, ख़ामोश

لب بند (वि.)लब बंद
1. चुप, मौन, ख़ामोश 2. बहुत अधिक मिठासवाली वस्तु

لب بہ لب (वि.)लब ब लब
होंठों पर होंठ रखे हुए, एक दूसरे के होंठ चूमते हुए

لب جو (पु.)लबे-जू
नदी का किनारा, नदी-तट

لب خشک (पु.)लबे-ख़ुश्क
सूखे हुए होंठ, प्यासे होंठ

لب شیریں (पु.)लबे-शीरीं
वह होंठ जिससे रस (अधरामृत) टपकता हो

لب کشا (वि.)लब कुशा
बात करने वाला, बात करता हुआ

لب کشائی (स्त्री.)लब कुशाई
बात करने के लिए होंठ खोलना

لب گور (पु.)लबे-गोर
1. क़ब्र का किनारा, क़ब्र के पास 2. मरने के क़रीब

لب لباب (पु.)लुब्बे-लुबाब
सार, तत्त्व, निचोड़, ख़ुलासा

لب ولہجہ (पु.)लबो-लहजा
बात करने का ढंग, टोन, उच्चारण

لبالب (वि.)लबालब
मुँहामुँह, परिपूर्ण, पूर्ण रूप से भरा हुआ

لبادہ (पु.)लबादा
चोग़ा

لبادہ پوش (वि.)लबादा पोश
लबादा पहने हुए, चोग़ा पहने हुए

لباس (पु.)लिबास
वस्त्र, वसन, पोशाक

لباسِ عروسی (पु.)लिबासे-उरूसी
विवाह में दुल्हन के पहनने के कपड़े

لبریز (वि.)लबरेज़
परिपूर्ण, मुँहामुँह, लबालब

لبیک (वा.)लब्बैक
मैं उपस्थित हूँ

لثہ (पु.)लिस्सा
1. मसूढ़ा, दंतमाँस 2. मसूढ़ा शोथ

لحاظ (पु.)लिहाज़
1. आदर, शील, संकोच 2. दृष्टिकोण

لحاف (पु.)लिहाफ़
रज़ाई, लिहाफ़

لحد (स्त्री.)लहद
समाधि, क़ब्र

لحظہ (पु.)लहज़ा
क्षण, लम्हा, पल

لحظہ بہ لحظہ (वि.)लहज़ा ब लहज़ा
क्षण-क्षण, क्षण-प्रतिक्षण, हर लम्हा, ज़रा ज़रा सी देर के बाद

لحم (पु.)लहम
माँस, गोश्त

لحن (पु.)लहन
1. स्वर, धुन, सुर, तान 2. स्वरग्राम 3. उच्चारण, लय

لحنِ داؤدی (पु.)लहने-दाऊदी
पैग़म्बर हज़रत दाऊद जैसी आवाज़ जो बहुत ही मधुर और मोहक थी

لحیم (वि.)लहीम
1. माँसल 2. झाल, झलाई

لحیم الجثہ (वि.)लहीमुल जुस्सा
मोटा-ताज़ा, हृष्टपुष्ट, स्थूलकाय

لحیم و شحیم (वि.)लहीमो-शहीम
मोटा-तगड़ा

لخت (पु.)लख़्त
टुकड़ा

لختِ جگر (पु.)लख़्ते-जिगर
1. जिगर का टुकड़ा 2. पुत्र, बेटा

لختِ دل (पु.)लख़्ते-दिल
दे. 'لختِ جگر'

لخلخہ (पु.)लख़्लख़ा
सूँघने का एक सुगंधित मिश्रण

لدنی (वि.)लदुन्नी
1. ईश्वरदत्त 2. प्राकृतिक

لذات (वि.)लज़्ज़ात
'لذت' का बहु.

لذت (स्त्री.)लज़्ज़त
1. स्वाद 2. आनंद, प्रसन्नता

لذت آمیز (वि.)लज़्ज़त आमेज़
स्वादिष्ट, स्वादयुक्त, स्वादिय

لذت پسند (वि.)लज़्ज़त पसंद
1. जिसे स्वादिष्ठ भोजन पसंद हो, चटोरा, जिह्वा लोलुप 2. सुखवादी

لذتیت (स्त्री.)लज़्ज़तियत
1. स्वादिष्टता 2. (मनो.) सुखवाद, प्रेयवाद

لذیذ (वि.)लज़ीज़
स्वादिष्ट

لرزاں (वि.)लर्ज़ाँ
काँपता हुआ, कंपायमान, कंपित, डाँवाँडोल

لرزش (स्त्री.)लर्ज़िश
थरथराहट, कंपन, कँपकँपी

لرزنا (क्रि.)लरज़ना
काँपना, डरना

لرزہ (पु.)लर्ज़ा
कँपकँपी, थरथरी, कंपन

لرزہ براندام (वि.)लर्ज़ा बर अंदाम
जिसका शरीर भय के कारण काँप रहा हो

لسّان (वि.)लस्सान
1. वाचाल, बातूनी 2. भाषाविद्

لسان (स्त्री.)लिसान
1. भाषा 2. बोली 3. जीभ

لسان العصر (पु.)लिसानुल् अस्र
अपने समय का तर्जुमान

**لسان الغیب** (स्त्री.)लिसानुल्ग़ैब
भविष्यवाणी

**لسانی** (वि.)लिसानी
1. भाषाई, भाषा संबंधी 2. (भा.) भाषायी, भाषिक, भाषागत

**لسانی خاندان** (पु.)लिसानी ख़ानदान
(भा.) भाषा परिवार, भाषा कुल

**لسانی منصوبہ بندی** (स्त्री.)लिसानी मनसूबाबंदी
(भा.) भाषा नियोजन

**لسانیات** (स्त्री.)लिसानियात
(भा.) 1. भाषा शास्त्र, भाषाविज्ञान 2. भाषिकी

**لشکر** (पु.)लश्कर
सेना, फ़ौज, पल्टन

**لشکر آرا** (वि.)लश्कर आरा
1. सेना की सज्जा करने वाला 2. सेना लेकर मुक़ाबिले पर आने वाला

**لشکر آرائی** (स्त्री.)लश्कर आराई
1. सेना को लड़ने के लिए सजाना 2. सेना लेकर मुक़ाबला करना

**لشکر کشی** (स्त्री.)लश्कर कशी
चढ़ाई, आक्रमण, सेना अभियान

**لشکری** (वि.)लश्करी
1. सैन्य 2. सैनिक, सिपाही

**لطافت** (स्त्री.)लताफ़त
मृदुलता, शुद्धता, स्वच्छता

**لطافتِ قلب** (स्त्री.)लताफ़ते-क़ल्ब
हृदय की कोमलता और मृदुलता

**لطافتِ مزاج** (स्त्री.)लताफ़ते-मिज़ाज
स्वभाव की पवित्रता और कोमलता

**لطائف** (पु.)लताइफ़
1. 'لطیفہ' का बहु. 2. लतीफ़े, हँसी की बातें, चुटकुले

**لطائف و ظرائف** (पु.)लताइफ़ो-ज़राइफ़
हँसने और दिल बहलाने वाली बातें

**لطف** (पु.)लुत्फ़
अनुकंपा, आनंद, उपकार

**لطیف** (वि.)लतीफ़
कोमल, मृदुल, पवित्र, बारीक

**لطیف الطبع** (वि.)लतीफ़ुत्तबा
दे. 'لطیف طبع'

**لطیف طبع** (वि.)लतीफ़ तबा
कोमल तथा मृदुल स्वभाव वाला

**لطیفہ** (पु.)लतीफ़ा
चुटकुला, हास्यक

**لطیفہ گو** (वि.)लतीफ़ा गो
चुटकुले सुनाने वाला, चुटकुले सुनाकर हँसाने वाला

**لطیفہ گوئی** (स्त्री.)तलीफ़ा गोई
चुटकुले कहना, चुटकुले सुनाना

**لعاب** (पु.)लुआब
1. राल 2. चेप 3. दवाओं का गाढ़ा पानी

**لعاب دار** (वि.)लुआबदार
श्लेष्मायुक्त, कलईदार, लेसदार

**لعابِ دہن** (पु.)लुआबे-दहन
1. थूक, मुखस्राव 2. राल, लार

**لعبت** (स्त्री.)लोबत
1. खिलौना 2. गुड़िया

**لعل** (पु.)लाल
एक बहुमूल्य रत्न, माणिक

**لعنت** (स्त्री.)लानत
धिक्कार, फटकार, भर्त्सना, शाप

**لعوق** (स्त्री.)लऊक़
1. चटनी 2. अवलेह

**لعین** (वि.)लईन
धिक्कृत, कुत्सित, शापित

**لغات** (पु.)लुग़ात
'لغت' का बहु.

**لغت** (स्त्री.)लुग़त
1. शब्द 2. शब्दकोष, शब्दार्थ 3. शब्दावली

**لغت داں** (वि.)लुग़त दाँ
दे. 'لغت نویس'

**لغت نویس** (वि.)लुग़त नवीस
कोशकार

**لغزاں** (वि.)लग़ज़ाँ
फिसलता हुआ, रपटता हुआ

**لغزش** (स्त्री.)लग़ज़िश
1. फिसलन 2. भूल, अपराध 3. (भा.) बिछलन, स्खलन

**لغزشِ بیجا** (स्त्री.)लग़ज़िशे-बेजा
अनुचित भूल या ग़लती

**لغزشِ پا** (स्त्री.)लग़ज़िशे-पा
पाँव फिसलना, डगमगा जाना, विचलित हो जाना

( वि. )लग़ज़िंदा لغزندہ
फिसलने वाला, रपटने वाला

( वि. )लग़्व لغو
अनर्थ, असत्य, झूठ

( वि. )लग़्व गो لغوگو
अनर्गलवादी, बकवासी, मिथ्यावादी, झूठा

( स्त्री. )लग़्व गोई لغوگوئی
वाचालता, बकवास, मिथ्य कथन, झूठ बोलना, मिथ्यावाद

( वि. )लुग़वी لغوی
( भा. ) 1. शाब्दिक, शब्दगत 2. कोशगत, कोशीय

( स्त्री. )लग़वियात لغویات
'لغویت' का बहु., झूठी बातें, शरारत की बातें

( स्त्री. )लग़वियत لغویت
1. असत्यता 2. अनर्थता

( पु. )लफ़्फ़ो नश्र لف ونشر
1. खोलना और लपेटना 2. वह शब्दालंकार जिसमें पहले कुछ वस्तुएँ उपमेय के रूप में कही जाती हैं, फिर उन वस्तुओं के लिए उनके उपमान लाते हैं, जैसे-पहले 'मुख', 'दाँत' और 'नेत्र' लायें फिर 'चाँद', 'मोती' और 'कमल'

( पु. )लफ़्फ़ो-नश्र ग़ैर मुरत्तब لف ونشر غیر مرتب
यदि लफ़्फ़ो नश्र में उपमेय और उपमान क्रम से न आयें तो वह ग़ैर मुरत्तब अर्थात् विरुद्ध है, जैसे- 'मुख', 'दाँत' और 'नेत्र' के साथ 'मोती', 'चाँद' और 'कमल'

( पु. )लफ़्फ़ोनश्र मुरत्तब لف ونشر مرتب
यदि लफ़्फ़ो नश्र में उपमेय और उपमान क्रम से आयें तो वह 'मुरत्तब' अर्थात् क्रमबद्ध है, जैसे- 'मुख', 'दाँत' और 'नेत्र' के साथ 'चाँद', 'मोती' और 'कमल'

( वि. )लफ़्फ़ाज़ لفاظ
वाचाल, बातूनी

( स्त्री. )लफ़्फ़ाज़ी لفاظی
मुखरता, शब्दबहुलता, शब्दाडंबर

( पु. )लिफ़ाफ़ा لفافہ
1. लपेटने की वस्तु 2. ख़त भेजने का खोल, पत्रवेष्टन

( पु. )लफ़्ज़ لفظ
1. शब्द, अक्षर 2. बोल

( वि. )लफ़्ज़ ब लफ़्ज़ لفظ بلفظ
दे. 'لفظاً لفظاً'

( क्रि.वि. )लफ़्ज़न لفظاً
शब्दतः, शाब्दिकरूप

( क्रि.वि. )लफ़्ज़न लफ़्ज़न لفظاً لفظاً
एक एक शब्द करके, अक्षरशः

( वि. )लफ़्ज़ी لفظی
शाब्दिक, शब्द संबंधी

( पु. )लफ़्ज़ी तर्जुमा لفظی ترجمہ
( भा. ) शब्दानुवाद

( वि. )लक़ो-दक़ لق ودق
चटियल, बंजर भूमि

( स्त्री. )लिक़ा لقا
दर्शन, भेंट

( पु. )लक़ब لقب
उपाधि, पदवी, ख़िताब

( पु. )लक़लक़ لق لق
सारस

( पु. )लुक़मान لقمان
एक महान वैध और वैज्ञानिक का नाम

( पु. )लुक़्मा لقمہ
ग्रास, निवाला, कौर, ग्रस्सा

( वि. )लुक़्मा ख़ोर لقمہ خور
1. निवाला खाने वाला 2. तुफ़ैली

( पु. )लुक़्मए-अजल لقمۂ اجل
मृत्यु के मुँह का निवाला

( पु. )लुक़्मए-चर्ब لقمۂ چرب
बढ़िया भोजन

( पु. )लुक़्मए-हराम لقمۂ حرام
1. हराम की रोटी 2. दूसरे का माल जो बेईमानी से झटका जाए

( पु. )लुक़्मए-हलाल لقمۂ حلال
1. हलाल की रोटी 2. मेहनत से कमाया हुआ

( पु. )लक़्वा لقوہ
लकवा, अंगघात, पक्षाघात

( वि. )लक़्वा ज़दा لقوہ زدہ
अंगघातग्रस्त, अंग-घाती

لکنت (स्त्री.)लुक्नत
हकलापन, हकलाहट

لکنت آمیز (वि.)लुक्नत आमेज़
हकलाहट के साथ, हकलाते हुए

لکۂ ابر (पु.)लुक्काए-अब्र
बादल का टुकड़ा, अभ्रखंड

للہ (अव्य.)लिल्लाह
ईश्वर के लिए, ईश्वर के नाम पर, ईश्वरार्पण

لمحہ (पु.)लम्हा
क्षण, पल

لمحہ بہ لمحہ (वि.)लम्हा ब लम्हा
क्षण-प्रतिक्षण

لمس (पु.)लम्स
1. स्पर्श 2. (भौ.) संस्पर्श, संपर्क, स्पर्श

لمس زاویہ (पु.)लम्स ज़ाविया
(ग.,भौ.) स्पर्श-कोण

لمعہ (पु.)लम्आ
प्रकाश, किरन, चमक

لن ترانی (वा.)लनतरानी
1. तू मुझे नहीं देख सकेगा (यह उस आकाशवाणी के शब्द हैं जब हज़रत मूसा ने ईश्वर को प्रकट देखने की प्रार्थना की थी अर्थात कहा था 'रब्बे इर्नी) 2. (स्त्री.) डींग, आत्मप्रशंसा, अभिमान, भारी गप

لنج (वि.)लुंज
अपंग, अंगहीन, लूला

لنگ (वि.)लंग
लंगड़ा, पंगु, पंगुत्व

لنگر (पु.)लंगर
1. लोहे का एक प्रकार का बहुत बड़ा काँटा जिस का व्यवहार बड़ी बड़ी नावों या जहाज़ों को एक ही स्थान पर ठहराए रखने के लिए होता है 2. वह भोजन जो प्राय: नित्य दरिद्रों को बाँटा जाता है

لنگر انداز (वि.)लंगरअंदाज़
समुद्र में ठहरा हुआ जहाज़

لنگر اندازی (स्त्री.)लंगर अंदाज़ी
लंगर द्वारा समुद्र में जहाज़ का पड़ाव

لنگر اندازی کا محصول (पु.)लंगर अंदाज़ी का महसूल
(भू.) लंगर शुल्क

لنگر خانہ (पु.)लंगरख़ाना
वह स्थान जहाँ ग़रीबों को प्रतिदिन खाना बाँटा जाता है, अन्न-सत्र

لنگر گاہ (पु.)लंगरगाह
1. वह स्थान जहाँ जहाज़ लंगर से ठहराए जाते हैं 2. बंदरगाह

لوا (पु.)लिवा
पताका, झंडा, ध्वज

لوائے حق (पु.)लिवाए-हक़
सत्यता का झंडा

لواحقین (पु.)लवाहिक़ीन
नातेदार, सगे संबंधी

لوازم (पु.)लवाज़िम
'لازمہ' का बहु., किसी कार्य अथवा उद्योग से संबंधित वस्तुएँ, आवश्यक

لوامہ (पु.)लव्वामा
1. बुरी बातों पर डाँट-फटकार करने वाला 2. एक मानसिक शक्ति जो बुरे कर्मों अथवा पापों पर मनुष्य की निंदा करती है और उन्हें करने से रोकती है

لوبان (पु.)लोबान
एक प्रकार का सुगंधित गोंद

لوح (स्त्री.)लौह
तख़्ती, शिला, पटिया

لوحِ پیشانی (स्त्री.)लौहे-पेशानी
1. ललाट पटल, माथा 2. भाग्य, तक़्दीर

لوحِ تربت (स्त्री.)लौहे-तुर्बत
दे. 'لوحِ مزار'

لوحِ جبیں (स्त्री.)लौहे-जबीं
दे. 'لوحِ پیشانی'

لوحِ طلسم (स्त्री.)लौहे-तिलिस्म
तख़्ती जिस पर जादू तोड़ने की विधि लिखी होती है

لوحِ قبر (स्त्री.)लौहे-क़ब्र
दे. 'لوحِ مزار'

لوحِ محفوظ (स्त्री.)लौहे-महफ़ूज़
अर्श पर एक स्थान जहाँ संसार में होने वाली सारी घटनाओं का उल्लेख है और जिसे कोई पढ़ नहीं सकता

**لوح مرقد** (स्त्री.)लौहे-मरक़द
दे. 'لوح مزار'

**لوح مزار** (स्त्री.)लौहे-मज़ार
किसी मृत व्यक्ति की क़ब्र पर लगाया जानेवाला वह पत्थर जिस पर उसकी मृत्यु-तिथि लिखी होती है

**لوح و قلم** (पु.)लौहो-क़लम
1. तख़्ती और उस पर लिखने का क़लम 2. भाग्य लेख पटिया, भाग्य की तख़्ती

**لوز** (पु.)लौज़
बादाम

**لوزینہ** (पु.)लौज़ीना
बादाम का हलवा

**لوگارثمی** (वि.)लोगारत्मी
(ग.) लघुगणकीय

**لؤلؤ** (पु.)लूलू
1. मुक्ता, मोती 2. भकाऊँ (माएँ अपने बच्चों को डराने के लिए बोलती हैं)

**لؤلؤئے لالا** (पु.)लूलूए-लाला
बहुत बढ़िया और चमकदार मोती

**لہجہ** (पु.)लहजा
स्वर, टोन, उच्चारण शैली

**لہٰذا** (अव्य.)लिहाज़ा
अतः, इसलिए

**لہو و لعب** (पु.)लह्वो-लअब
खेल-कूद

**لئیق** (वि.)लईक़
1. योग्य, क़ाबिल 2. शिष्ट

**لئیم** (वि.)लईम
कृपण, कंजूस

**لیاقت** (स्त्री.)लियाक़त
योग्यता, पात्रता, विद्वता, सामर्थ्य

**لیت و لعل** (स्त्री.)लैतो लाल
टालमटोल, हेराफेरी, बहानाबाज़ी

**لیس** (वि.)लैस
1. तैयार, हर तरह से युक्त, कटिबद्ध 2. सजा हुआ (हथियार, सामान आदि से) 3. (पु.) एक प्रकार का सिरका 4. (पु.) कमानी 5. (स्त्री.) फ़ीता 6. (स्त्री.) बेल

**لیس** (प्रत्य.)लेस
1. चाटने वाला, जैसे- 'کاسہ لیس' (कासा लेस) प्याला/रकाबी चाटने वाला 2. (पु.) चिपचिपाहट

**لیک** (अव्य.)लेक
'لیکن' का लघु.

**لیکن** (अव्य.)लेकिन
परंतु

**لیل** (स्त्री.)लैल
रात्रि, रात, रजनी, निशा

**لیلیٰ** (स्त्री.)लैला
'قیس' की प्रेमिका का नाम

**لیلۃ الاسریٰ** (स्त्री.)लैलतुल-इस्त्रा
दे. 'لیلۃ المعراج'

**لیلۃ البدر** (स्त्री.)लैलतुल-बद्र
चौदहवीं की रात, पूर्णिमा, पूर्णमासी

**لیلۃ القدر** (स्त्री.)लैलतुल-क़द्र
रमज़ान के महीने की एक पवित्र रात्रि जिसमें जप-तप करना हज़ार महीने के जप-तप से अच्छा माना गया है

**لیلۃ المعراج** (स्त्री.)लैलतुल-मेराज
वह रात जिसमें क़ुरआन के अनुसार पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब अर्श पर गये

**لیموں** (पु.)लीमूँ
नीबू, जंभीर, धाधरा, नीम्बू

## م

**ما** (क्रि.वि.)मा
1. नहीं, क्या 2. क्या 3. जोकि, जो कुछ, जो भी, इसके 4. हम

**ماء** (पु.)मा
जल

**مابقی** (वि.)मा बाक़ी
अवशेष

**مابعد** (क्रि.वि.)मा बाद
उपरांत, इसके बाद

**مابعد الطبیعیات** (पुं.) मा बाद त्तबीआत
अधिकतातिकी, तत्व मीमांसा

**مابعد محاسبہ** (पु.) मा बाद मुहासिबा
(वाणि.) पश्च लेखा परीक्षा

مابین (क्रि.वि.)मा बैन
1. बीच में, दरमियान 2. बीच, मध्य, मध्यवर्ती
مابین فریقین (पुं.)मा बैन फ़रीक़ैन
दोनों पक्षों के बीच में
ماقبل (वि.)मा क़ब्ल
पूर्वकालिक, पूर्ववर्ती, जो पहले हो
مات (स्त्री.)मात
हार, पराजय
ماتحت (वि.)मा तहत
अधीन
ماتم (पु.)मातम
मृत्यु-शोक, शोक, सोगवारी, सोग, विलाप
ماتم پرسی (स्त्री.)मातम पुर्सी
किसी के मरने पर सहानुभूति प्रकट करने के लिए उसके घरवालों के पास जाना, शोक संवेदना
ماتم خانہ (पु.)मातम ख़ाना
शोकस्थल, शोकगृह
ماتمی (वि.)मातमी
1. शोक संबंधी, शोकपूर्ण 2. मातम करने वाला, सोगवार, शोकी
ماجد (वि.)माजिद
पुनीत, पवित्र आत्मा वाला, आदरणीय, संमानीय
ماجدہ (स्त्री.)माजिदा
साध्वी, शुद्धचरित्रा, सदाचारिणी
ماجرا (पु.)माजरा
वृत्तांत, वाक़िआ
ماحصل (पु.)माहसल
परिणाम, निष्कर्ष, सारांश, नतीजा
ماحضر (पु.)माहज़र
1. जो कुछ उपस्थित है, जो मौजूद है
2. तैयार, हाज़िर (खाना)
ماحول (पु.)माहौल
1. पर्यावरण 2. वातावरण
ماحولیات (स्त्री.)माहौलियात
(वाणि.) पारिस्थितिकी, परिस्थति विज्ञान
ماخذ (पु.)माख़ज़
प्रसंग, संदर्भ
ماخوذ (वि.)माख़ूज़
उद्धृत, ग्रहित
مادر (स्त्री.)मादर
माता, जननी, माँ, अम्मा
مادر پرستی (स्त्री.)मादर परसती
(इति.) मातृपूजा

مادرِ رضائی (स्त्री.)मादरे-रिज़ाई
दूध पिलाने वाली माँ, धात्री, धाय, माँ
مادر زاد (वि.)मादर ज़ाद
1. जन्मजात 2. जन्म से
مادرِ وطن (स्त्री.)मादरे-वतन
मातृभूमि, देश
مادری (वि.)मादरी
मातृक
مادری زبان (स्त्री.)मादरी ज़बान
मातृभाषा
مادہ (स्त्री.)मादा
स्त्री प्राणि
مادّہ (पु.)माद्दा
1. प्रकृति 2. (धा.) धात, मूल
3. (भौ.) द्रव्य, पदार्थ
مادّہ پرست (वि.)माद्दा परस्त
वस्तुवादी, भौतिकवादी
مادّہ پرستی (स्त्री.)माद्दा परस्ती
वस्तुवाद, प्रकृतिवाद, भौतिकवाद
مادّی (वि.)माद्दी
भौतिक, अपरा
مادّیت (स्त्री.)माद्दीयत
भौतिकता, भौतिकवाद
مار (पु.)मार
1. साँप 2. चोट
مارِ آستیں (पु.)मारे-आस्तीं
आस्तीन का साँप, पास का दुश्मन
مارپیچ (वि.)मारपेच
सर्पिल, चक्रदार
مارِ سیاہ (पु.)मारे-सियाह
काला साँप, नाग
مارگیر (वि.)मार गीर
सपेरा
مارماہی (स्त्री.)मार माही
बाम मछली, सर्प मीन
مارمہرہ (पु.)मार मुहरा
साँप का मन, मणि
ماسکہ (वि.)मासिका
1. ग्राहयशक्ति 2. (ग.) नाभि
ماسوا (क्रि.वि.)मा सिवा
इसके सिवा, इसके अतिरिक्त
ماسواءاللہ (वि.)मा सिवल्लाह
ईश्वर के अतिरिक्त शेष और सब कुछ, सांसारिक वस्तुएँ

**ماشاءاللہ** (वाणि.)माशाअल्लाह
1. जैसी ईश्वर की इच्छा हो 2. ख़ुदा बुरी नज़र से बचाए

**ماشہ** (पु.)माशा
आठ रत्ती का एक भार, आठ रत्ती की तोल, तोले का बारहवाँ भाग

**ماضی** (पु.)माज़ी
1. गत, विगत, बीता हुआ 2. भूतकाल

**ماضی احتمالی** (पु.)माज़ी एहतिमाली
(भा.) वह भूतकाल जिसमें काम के होने में शंका पाई जाए, जैसे किया होगा

**ماضی استمراری** (पु.)माज़ी इस्तिमरारी
(भा.) अविछिन्न भूतकाल

**ماضی بعید** (पु.)माज़ी बईद
(भा.) पूर्ण भूतकाल, पूर्ण भूत

**ماضی تمنائی** (पु.)माज़ी तमन्नाई
(भा.) जिसमें बीते दिनों में किसी काम को करने की इच्छा पायी जाए, जैसे करता

**ماضی شرطی** (पु.)माज़ी शर्ती
(भा.) संदिग्ध भूतकाल

**ماضی شکی** (पु.)माज़ी शक्की
दे. 'ماضی احتمالی'

**ماضی قریب** (पु.)माज़ी क़रीब
(भा.) आसन्न भूत, पूर्ण वर्तमान

**ماضی مطلق** (पु.)माज़ी मुत्लक़
(भा.) अनिश्चित भूतकाल, सामान्य भूत

**مافوق** (वि.)मा फ़ौक़
ऊपर, ऊपर का, ऊपरी

**مافوق الفطرت** (वि.)माफ़ौक़ुल फ़ित्रत
1. अप्राकृतिक 2. असंभव 3. देवमालाई

**مال** (पु.)माल
धन

**مالا مال** (वि.)मालामाल
समृद्ध, सम्पन्न

**مال حرام** (पु.)माले-हराम
हराम माल, वह धन जो अविहित उपायों से कमाया गया हो, बुरी कमाई

**مال حلال** (पु.)माले-हलाल
हलाल माल, हलाल तरीक़े से कमाया गया धन, विहित उपायों से बटोरा गया माल

**مال خانہ** (पु.)माल ख़ाना
1. गोदाम 2. कोषागार, ख़ज़ाना 3. कलक्टरी आदि का वह सरकारी मकान जिसमें तलाशी से मिला हुआ या इसी प्रकार का कोई सामान रखा जाता है

**مالدار** (वि.)मालदार
धनवान्, समृद्ध, धनाढ्य

**مال ضبطی** (स्त्री.)माल ज़ब्ती
अवैध माल पर किया गया सरकारी क़ब्ज़ा

**مال غنیمت** (पु.)माले-ग़नीमत
युद्ध में शत्रु देश से लूटा हुआ माल

**مال گزار** (पु.)माल गुज़ार
लगानदाता

**مالگزاری** (स्त्री.)मालगुज़ारी
ज़मीन का वह कर जो सरकार को दिया जाता है, लगान, भूमि कर

**مال متروکہ** (पु.)माले मतरूका
छोड़ी हुई संपत्ति

**مال محمولہ** (पु.)माले-मह्मूला
गाड़ी, रेल आदि पर लदा माल

**مال مفت** (पु.)माले-मुफ़्त
मुफ़्त का माल, वह धन जो बिना परिश्रम के मिला हो

**مال و زر** (पु.)मालो-ज़र
धन-दौलत, रुपया-पैसा

**مال و متاع** (पु.)मालो-मता
धन-दौलत, रुपया-पैसा, पूँजी

**مال و منال** (पु.)मालो-मनाल
दे. 'مال و متاع'

**مالش** (स्त्री.)मालिश
1. मलना, रगड़ना, मर्दन 2. मतली

**مالک** (पु.)मालिक
स्वामी, पति

**مالک حقیقی** (पु.)मालिके-हक़ीक़ी
ईश्वर, परमात्मा

**مالکانہ** (क्रि.वि.)मालिकाना
1. मालिकों-जैसा 2. मालिक के तौर पर

**مالی** (वि.)माली
1. वित्तीय, माल से संबंधित 2. बाग़बान 3. (प्रशा.) राजकोषीय

**مالیاتی** (वि.)मालियाती
वित्तीय

**مالیاتی بل** (पु.)मालियाती बिल
(अर्थ.) वित्त विधेयक

**مالیت** (स्त्री.)मालियत
1. मूल्य 2. पूँजी

(वि.)माह पैकर ماہ پیکر
1. चाँद जैसे बदन का 2. (लक्षितार्थ) सुंदर
(वि.)माह जबीं ماہ جبیں
चंद्रभाल, चन्द्रमुखी, चाँद-जैसा उज्ज्वल माथा रखने वाला (वाली)
(वि.)माह रुख़ ماہ رخ
चंद्रमुख, चंद्रमुखी
(पु.)माहे-शम्सी ماہِ شمسی
सौर मास
(पु.)माहे-क़मरी ماہِ قمری
चांद्रमास
(पु.)माहे-कामिल ماہِ کامل
पूरा चाँद, पूर्ण चंद, पूनम का चाँद, चौदहवीं का चाँद
(पु.)माहे-कनआँ ماہِ کنعاں
हज़रत यूसुफ़ की उपाधि जो बहुत ही सुंदर थे
(पु.)माहे-गिरिफ़्ता ماہِ گرفتہ
ग्रहण लगा चाँद
(पु.)माहे-मुबारक ماہِ مبارک
1. पवित्र महीना 2. रमज़ान का महीना
(पु.)माहे-मुनीर ماہِ منیر
पूरा चाँद, पूर्ण चंद, चमकता चाँद
(पु.)माहे-नख़शब ماہِ نخشب
वह चाँद जिसे मशहूर हकीम इब्ने मुक़न्ना ने बनाया था। इसे माहे नख़शब इसलिए कहते हैं कि यह चाँद नख़शब नगर में बना था
(वि.)माह वश ماہ وش
चाँद-जैसा, चंद समान
(क्रि.वि.)माहाना ماہانہ
1. प्रतिमास, मासिक 2. (पु.) मासिक पत्रिका
(पु.)माहताब ماہتاب
चंद्रमा, चंद्रिका, चाँद
(वि.)माहिर ماہر
दक्ष, विशेषज्ञ, निपुण
(स्त्री.)माहिरे-समईयात ماہرِ سمعیات
(शि.) ध्वन्यनुकरणवादी, ध्वनिक
(वि.)माहवार ماہوار
मासिक
(स्त्री.)माही ماہی
मछली
(वि.)माही पुश्त ماہی پشت
उन्नतोदर, वह जो बीच में ऊँचा और इधर-उधर नीचा हो

(पु.)मामन مامن
सुरक्षित स्थान, शरणस्थल
(वि.)मामून مامون
सुरक्षित
(पु.)मामूँ ماموں
मातुल, मामा
(वि.)मामूँज़ाद ماموں زاد
ममेरा
(स्त्री.)माँदगी ماندگی
1. थकावट, थकान, शिथिलता 2. रोग 3. एक प्रकार का पागलपन
(वि.)माँदा ماندہ
1. थका हुआ 2. बचा हुआ, बाक़ी, शेष
(वि.)माने مانع
निवारक, रोधक, रोकने वाला
(स्त्री.)माने लागत مانع لاگت
(वाणि.) निषेधी लागत
(वि.)मानिंद مانند
समान, सदृश, तुल्य, जैसा
(वि.)मानूस مانوس
आकृष्ट, घुला-मिला, हिला-मिला
(पु.)मानी مانی
1. एक प्रसिद्ध चित्रकार 2. (स्त्री.) बच्चे की पालने वाली औरत, आया, दाई 3. (स्त्री.) नौकरानी
(स्त्री.)माँ ماں
माता, अम्मा
(पु.)मावा ماوا
आश्रय, सुरक्षित स्थान, ठिकाना, घर
(क्रि.वि.)मावरा ماورا
पहुँच से बाहर
(वि.)मावराई ماورائی
1. पार्थिवेतर 2. (ग.) अबीजीय
(पु.)मावराए-ख़ैरो-शर ماورائے خیر و شر
(मनो.) शुभाशुभातीत
(वि.)मावराए-अक़्ल ماورائے عقل
बुद्धि की पहुँच से आगे, बुद्धि से परे, दुर्बोध
(पु.)माह ماہ
1. चाँद, चंदमा 2. मास, महीना
(वि.)माह ब माह ماہ بہ ماہ
हर महीने, प्रतिमास
(पु.)माह पारा ماہ پارہ
1. चाँद का टुकड़ा 2. सुंदर

**ماہی خور** (वि.)माही ख़ोर
मछली खाने वाला

**ماہی گیر** (पु.)माहीगीर
मछेरा, मछुआ, मछली पकड़ने वाला

**ماہیانہ** (पु.)माहियाना
वेतन, मासिक

**ماہیت** (स्त्री.)माहीयत
प्रकृति

**مائع** (पु.)माए
द्रव, तरल

**مائل** (वि.)माइल
आकर्षित, उन्मुख, झुका हुआ, ढलवा, झुकाव रखने वाला

**ماؤف** (वि.)माऊफ़
विकृत, संज्ञा शुन्य, हतबुद्धि, हतबोध, हत प्रथा

**مایوس** (वि.)मायूस
निराश, हताश

**مایوس کن** (वि.)मायूस कुन
निराशाजनक

**مایوسی** (स्त्री.)मायूसी
निराशा, नाउम्मीदी

**مایہ** (स्त्री.)माया
पूँजी

**مباح** (वि.)मुबाह
विहित, जाइज़

**مباحات** (पु.)मुबाहात
वे चीज़ें जिनका खानपान इस्लामी धर्मशास्त्रानुसार वर्जित न हो

**مباحثہ** (पु.)मुबाहसा
वाद-विवाद, तर्क-वितर्क

**مبادلہ** (पु.)मुबादला
लेन-देन, विनिमय

**مبادی** (पु.)मबादी
मूल

**مبادیات** (पु.)मबादियात
मूल सिद्धांत

**مبارز** (वि.)मुबारिज़
1. योद्धा, शूरवीर, सूरमा, लड़ाका 2. प्रतियोगी

**مبارزت** (स्त्री.)मुबारज़त
1. संग्राम, युद्ध, लड़ाई 2. प्रतियोगिता

**مبارک** (वि.)मुबारक
शुभ, कल्याणकारी, मंगलमय

**مبارک باد** (स्त्री.)मुबारकबाद
बधाई

**مبارک بادی** (स्त्री.)मुबारकबादी
1. बधाई, मुबारकी बधावा 2. खुशख़बरी, शादयाना

**مبارک قدم** (वि.)मुबारक क़दम
शुभचरण, मांगलिक, मंगल चरण

**مبارکی** (स्त्री.)मुबारकी
बधाई, मुबारकबादी

**مباشرت** (स्त्री.)मुबाशिरत
सहवास, संभोग

**مبالغہ** (पु.)मुबाल्ग़ा
अत्युक्ति, अतिशयोक्ति

**مبالغہ آمیزی** (स्त्री.)मुबाल्ग़ा आमेज़ी
अतिशयोक्ति

**مبتدا** (स्त्री.)मुब्तदा
1. प्रारंभ, आरंभ 2. (व्याकरण) उद्देश्य

**مبتدی** (पु.)मुब्तदी
1. शुरू करने वाला 2. नौसिखिया

**مبتذل** (वि.)मुब्तज़िल
अधम, अश्लील

**مبتلا** (वि.)मुब्तला
1. ग्रस्त 2. लीन 3. मुग्ध, आसक्त, आशिक

**مبتلائے عشق** (वि.)मुब्तलाए-इश्क़
प्रेमबद्ध, प्रेमग्रस्त

**مبداء** (पु.)मब्दा
उद्गम

**مبدل** (वि.)मुबद्दल
1. बदला हुआ, परिवर्तित 2. शब्द स्थानापन्न 3. (भा.) आदिष्ट

**مبذول** (वि.)मब्ज़ूल
आकर्षित

**مبرا** (वि.)मुबर्रा
1. मुक्त 2. विरक्त 3. पवित्र

**مبسوط** (वि.)मबसूत
विस्तृत, फैला हुआ

**مبشر** (वि.)मुबश्शिर
ख़ुशख़बरी सुनाने वाला, शुभ सूचना देने वाला

**مبصر** (पु.)मुबस्सिर
1. देखने वाला, टिप्पणीकर्ता 2. परखने वाला, खरा-खोटा देखने वाला

**مبلغ** (पु.)मब्लग़
1. सीमा, हद 2. अंत 3. मात्रा, मिक़्दार 4. संख्या

مبلّغ (वि.)मुबल्लिग़
प्रचारक, (विशेषतः) धर्मप्रचारक

مبنی (वि.)मब्नी
आधारित

مبہم (वि.)मुब्हम
1. (ग.) संदिग्ध 2. अस्पष्ट, निगूढ़

مبہوت (वि.)मब्हूत
स्तब्ध, चकित

مبین (वि.)मुबीन
स्पष्ट, व्यक्त, साफ़

مبیّن (वि.)मुबैय्यन
कथित, बयान किया हुआ

مبیّنہ (वि.)मुबैय्यना
'مبیّن' की स्त्री., कथित

متابعت (स्त्री.)मुताबअ़त
1. आज्ञापालन 2. अनुकरण

متاثر (वि.)मुतअस्सिर
प्रभावित

متاخر (वि.)मुतअख़्ख़िर
पीछे आने वाला, जो बाद में हुआ हो

متاسف (वि.)मुतअस्सिफ़
पश्चातापी, अफ़्सोस करने वाला

متاع (उभ.)मता
पूँजी, समान

متانت (स्त्री.)मतानत
गंभीरता

متبادل (वि.)मुतबादिल
1. विकल्प 2. (भौ.) एकांतर 3. प्रत्यावर्ती

متبادل کرنٹ (पु.)मुतबादिल करंट
(भौ.) प्रत्यावर्ती धारा

متبادلات (पु.)मुतबादिलात
(ग.) एकांतरण

متبرک (वि.)मुतबर्रिक
1. पवित्र, पुनीत 2. प्रतिष्ठित, पुण्यात्मा

متبنّیٰ (पु.)मुतबन्ना
दत्तक पुत्र, पालक पुत्र, गोद लिया हुआ, धर्मपुत्र

متجاوز (वि.)मुतजाविज़
उल्लंघकर्ता, हद से आगे बढ़ जाने वाला, उल्लंघन करने वाला

متجسّس (वि.)मुतजस्सिस
खोजी, जिज्ञासु

متجلّی (वि.)मुतजल्ली
प्रकाशमान

متّحد (वि.)मुत्तहिद
संगठित, एक किया गया, मिला हुआ

متّحد الرائے (वि.)मुत्तहिदुर्राय
सहमत, एकराय

متّحد العقیدہ (वि.)मुत्तहिदुल-अ़क़ीदा
1. सहधर्मी 2. सहमत

متّحدہ (वि.)मुत्तहिदा
संयुक्त

متحرّک (वि.)मुतहर्रिक
गतिशील, गतिमान्

متحمّل (वि.)मुतहम्मिल
सहिष्णु

متحیّر (वि.)मुतहय्यिर
स्तब्ध, चकित, आश्चर्यचकित

متخلّص (वि.)मुतख़ल्लिस
तख़ल्लुस रखने वाला

متخیّلہ (स्त्री.)मुतख़ैय्यला
कल्पना शक्ति

متداول (वि.)मुतदावल
प्रचलित

متذبذب (वि.)मुतज़बज़ब
दोलायमान, दोचित्ता, दो मना

متذکرہ (वि.)मुतज़क्करा
कथित, चर्चित

متذکرۂ بالا (वि.)मुतज़क्किरए-बाला
पूर्वोक्त, पूर्वकथित

مترادف (वि.)मुतरादिफ़
1. पर्यायवाची, सामानार्थक 2. (भा.) पर्याय, समानार्थी, समानार्थक शब्द

مترجم (पु.)मुतर्जिम
अनुवादक

مترجم (वि.)मुतर्जम
अनुवादित, भाषांतरित

مترجمہ (वि.)मुतर्जमा
अनुवाद की हुई तहरीर, अनुवादित

متردّد (वि.)मुतरद्दिद
चिंतित

مترشّح (वि.)मुतरश्शेह
टपकने वाला, रिसने वाला

مترقّبہ (वि.)मुतरक़्क़बा
वह वस्तु जिसके मिलने की उम्मीद हो

مترنّم (वि.)मुतरन्निम
सस्वर

(वि.)मुतअ़द्दिद متعدد
अनेक, कई, बहुत

(वि.)मुतअ़द्दी متعدی
(भा.) सकर्मक क्रिया

(वि.)मुतअ़स्सिब متعصب
1. पक्षपाती 2. लघुचेता

(वि.)मुतअ़फ़्फ़िन متعفن
दुर्गंधयुक्त, बदबूदार, सड़ा हुआ

(वि.)मुतअ़ल्लिक़ متعلق
संबंधित, संबद्ध

(पु.)मुतअ़ल्लिक़े फ़ेल متعلق فعل
(भा.) क्रियाविशेषण

(वि.)मुतअ़ल्लिक़ा متعلقہ
1. संबंध रखने वाली वस्तु, संबंधित
2. (ग.) संगत

(पु.)मुतअ़ल्लिम متعلم
विद्यार्थी, छात्र

(स्त्री.)मुतअ़ल्लिमा متعلمہ
पाठिका, छात्रा

(वि.)मुतअ़ह्हिद متعہد
वचनबद्ध, परिचारक, उत्तरदायी

(वि.)मुतअ़य्यन متعین
1. निश्चित 2. नियुक्त

(वि.)मुतअ़य्यना متعینہ
1. निश्चित 2. नियुक्त

(स्त्री.)मुतअ़य्यना तर्तीब متعینہ ترتیب
(ग.) सारणिक

(स्त्री.)मुतअ़य्यना मिक़्दार متعینہ مقدار
(ग.) प्राचल

(वि.)मुतग़ाइर متغائر
1. पृथक्, अलग, जुदा 2. एक-दूसरे के विरुद्ध

(वि.)मुतग़य्यिर متغیر
1. परिवर्तित, बदला हुआ 2. विकृत, बिगड़ा हुआ

(वि.)मुतफ़र्रिक़ متفرق
विविध, विभिन्न

(पु.)मुतफ़र्रिक़ात متفرقات
متفرق का बहु., विभिन्न वस्तुएँ

(वि.)मुत्तफ़िक़ متفق
सहमत

(वि.)मुत्तफ़िक़ुर्राय متفق الرائے
एक राय पर सहमत होना

(वि.)मुत्तफ़िक़ अ़लैह متفق علیہ
सर्वमान्य, सर्वस

(वि.)मत्रूक متروک
1. त्यक्त, छोड़ा गया 2. (भा.) अप्रचलित, लुप्त

(वि.)मुतज़ल्ज़िल متزلزل
कंपायमान, डगमगाने वाला, काँपने वाला, लड़खड़ाने वाला

(वि.)मुतशाबेह متشابہ
1. तुल्य, समान, सदृश, समरूप 2. (भा.) समजात शब्द 3. (ग.) समरूप, सर्वांगसम

(वि.)मुतशद्दिद متشدد
सख़्ती करने वाला, अत्याचार करने वाला

(वि.)मुतशर्रे متشرع
1. शरीअ़त का पाबंद 2. भगत, साधु-संत

(वि.)मुतशक्किर متشکر
आभारी, शुक्रगुज़ार, कृतज्ञ

(वि.)मुतशक्किल متشکل
साकार, साक्षात्, मूर्त

(वि.)मुतशन्निज متشنج
अकड़ा हुआ, ऐंठा हुआ, बल पड़ा हुआ

(वि.)मुतसादिम متصادم
टकराने वाला

(वि.)मुतसद्दी متصدی
1. प्रबंधक 2. हिसाब-किताब रखने वाला अभिकर्ता 3. पेशकार, लिपिक

(वि.)मुतसर्रिफ़ متصرف
अधिकार जमाने वाला, क़ब्ज़ा करने वाला

(वि.)मुत्तसिफ़ متصف
गुणवाण, गुणी

(वि.)मुत्तसिल متصل
संलग्न, संयुक्त, मिला हुआ, जुड़ा हुआ

(वि.)मुतसव्वर متصور
कल्पित

(वि.)मुतज़ाद متضاد
1. विपरीत, उलटा 2. (ग.) विलोम

(पु.)मुतज़ाद लफ़्ज़ متضاد لفظ
(भा.) विरोधात्मक शब्द, विलोम शब्द

(वि.)मुतज़र्रर متضرر
हानिग्रस्त

(वि.)मुतज़म्मिन متضمن
सम्मिलित, शामिल

(वि.)मुतआ़रिफ़ متعارف
परिचित

(वि.)मुतअ़ज्जिब متعجب
चकित, हैरान

متفکر (वि.)मुतफ़क्किर
चिंतित, चिंताकुल
متفنی (वि.)मुतफ़न्नी
वंचक, धूर्त
متقابل (वि.)मुतक़ाबिल
1. प्रत्यक्ष, साक्षात्, सम्मुख 2. (ग.) विलोम, आमने-सामने
متقابلین (वि.)मुतक़ाबिलीन
(भू.) प्रतिध्रुव
متقارب (वि.)मुतक़ारिब
सम्मुख, समीप, निकट
متقاضی (वि.)मुतक़ाज़ी
तक़ाज़ा करने वाला, इच्छुक, माँगकर्ता
متقدم (वि.)मुतक़द्दिम
1. अपूर्ण 2. दूषित, विकृत 3. दोषपूर्ण

ناقص العقل (वि.)नाक़िसुल-अक़्ल
मंदबुद्धि, विकृतबुद्धि, कमअक़्ल

ناقص گردان (स्त्री.)नाक़िस गर्दान
(भा.) विकल रूपावली

ناقل (वि.)नाक़िल
1. नक़्ल करने वाला 2. प्रतिलिपिकार

ناقوس (पु.)नाक़ूस
1. शंख 2. गिरजाघर का घंटा

ناقہ (पु.)नाक़ा
ऊँटनी, साँड़नी

ناقہ سوار (वि.)नाक़ासवार
ऊँटनी-सवार, साँड़नी-सवार

ناکارہ (वि.)नाकारा
1. निष्क्रिय, निकम्मा 2. व्यर्थ, बेकार

ناکام (वि.)नाकाम
असफल, विफल

ناکامی (स्त्री.)नाकामी
असफलता, विफलता

ناکامیاب (वि.)नाकामयाब
असफल, विफल

ناکامیابی (स्त्री.)नाकामयाबी
असफलता, विफलता

ناکت خدا (वि.)नाकतख़ुदा
दे. 'ناکدخدا'

ناکدخدا (वि.)नाकदख़ुदा
1. कुमार, अविवाहित 2. अविवाहिता, कुमारी

ناکدخدائی (स्त्री.)नाकदख़ुदाई
कुँवारापन, अविवाहित होना

ناکردنی (वि.)नाकरदनी
अकरणीय, जो करने योग्य न हो

ناکردہ (वि.)नाकर्दा
अकृत, न किया हुआ

ناکردہ گناہ (वि.)नाकर्दा गुनाह
बेक़ुसूर, बेख़ता, बेगुनाह

ناگاہ (क्रि.वि.)नागाह
आकस्मात्, अचानक, यकायक

ناگزیر (वि.)नागुज़ीर
अनिवार्य, अवश्यंभावी, आवश्यक

ناگفتنی (वि.)नागुफ़्तनी
अकथ्य, अकथनीय, वह बात जो कहने योग्य न हो या वह बात जो न कही जा सके

ناگفتہ (वि.)नागुफ़्ता
जो कहा न गया हो, अकथित

ناگفتہ بہ (वि.)नागुफ़्ताबेह
जिसका न कहना ही अच्छा हो, जिसके कहने में ख़राबी हो या झगड़ा पड़े, अकथ्य, शर्मनाक

ناگن (स्त्री.)नागन
नागिन

ناگوار (वि.)नागवार
1. जो अच्छा न लगे 2. बेस्वाद, निस्वाद, बेमज़ा

ناگواری (स्त्री.)नागवारी
अच्छा न लगना, पसंद न होना

ناگہ (क्रि.वि.)नागह
'ناگاہ' का लघु

ناگہانی (वि.)नागहानी
आकस्मिक, दैविक

ناگہاں (क्रि.वि.)नागहाँ
अचानक, आकस्मात्

نالاں (वि.)नालाँ
1. अप्रसन्न, नाख़ुश 2. परेशान

نالائق (वि.)नालाइक़
अयोग्य, कुपात्र

نالش (स्त्री.)नालिश
1. वाद 2. नालिश, दावा

نالہ (पु.)नाला
आर्त्तनाद, क्रंदन, चीख़ो-पुकार

نالہ کش (वि.)नालाकश
आर्तनादी, फ़रियादी

نالہ کناں (क्रि.वि.)नालाकुनाँ
रोता-चिल्लाता हुआ, फ़रियाद करता हुआ

نالہ گر (वि.)नालागर
दे. 'نالہ کش'

نام (पु.)नाम
1. संज्ञा 2. यश, ख्याति, शोहरत 3. प्रतिष्ठा

نام آور (वि.)नाम आवर
ख्यातिप्राप्त, यशस्वी, कीर्तिवान, प्रसिद्ध

نام آوری (स्त्री.)नाम आवरी
सुख्याति, यश, कीर्ति, शोहरत, प्रसिद्धी

نامزد (वि.)नाम ज़द
1. मनोनीत, नाम निर्दिष्ट 2. नामित

نامزدگی (स्त्री.)नाम ज़दगी
1. मनोनीत होना 2. नाम-निर्देशन
3. (राज.) नामांकन

نام نہاد (वि.)नाम निहाद
1. कथित 1. (प्रशा.) विधितः

نامادیت (स्त्री.)ना माद्दियत
(दर्श.) प्रतिभौतिकवाद

نامانوس (वि.)नामानूस
अजनबी, अपरिचित

نامبارک (वि.)नामुबारक
अशुभ, मनहूस, अपशगुन, बुरा

نامحدود (वि.)नामहूदूद
अपार, असीम, असीमित

نامحرم (वि.)नामहरम
1. परजन, पराया 2. अनजान, अपरिचित
3. वह व्यक्ति जिसके साथ मुस्लिम कन्या का विवाह जाइज़ हो

نامدار (वि.)नामदार
1. यशवान्, नामवर 2. प्रतिष्ठित, ख्यातिप्राप्त

نامراد (वि.)नामुराद
1. अभागा 2. नाकाम 3. वंचित

نامرادی (स्त्री.)नामुरादी
1. दुर्भाग्य 2. असफलता 3. नाकामी

نامرد (वि.)नामर्द
1. भीरु, डरपोक, वह जो लड़ाई से भाग जाये 2. नपुंसक

نامردی (स्त्री.)नामर्दी
नपुंसकता

نامساعد (वि.)नामुसाइद
प्रतिकूल, मुख़ालिफ़, अनुचित

نامسموع (वि.)ना मस्मू
जो सुना न हो, अश्रुत

نامشروع (वि.)ना मशरू
जो काम इस्लामी धर्मशास्त्रानुसार विरुद्ध हो, अविहित

نامطبوع (वि.)नामत्बू
1. अप्रिय, अरुचिकर 2. अप्रकाशित

نامطلوب (वि.)नामत्लूब
जिसकी चाह न हो, अवांछित

نامعقول (वि.)नामाक़ूल
1. अनुचित 2. असभ्य, मूर्खतापूर्ण

نامعلوم (वि.)नामालूम
अज्ञात, नामालूम

نامکمل (वि.)नामुकम्मल
1. अपूर्ण, अधूरा 2. असमाप्त

ناممکن (वि.)नामुम्किन
असंभव

نامناسب (वि.)नामुनासिब
अनुचित, अनुपयुक्त

نامناسب تقسیم (स्त्री.)नामुनासिब तक़सीम
(अर्थ.) असममित वितरण

نامنظور (वि.)नामंज़ूर
अस्वीकृत, अस्वीकार

**نامنظوری** (स्त्री.)नामंज़ूरी
अस्वीकृति

**ناموافق** (वि.)नामुवाफ़िक़
प्रतिकूल, विपरीत, अप्रिय

**ناموافقت** (स्त्री.)नामुवाफ़िक़त
बिगाड़, अनबन, प्रतिकूलता

**نامور** (वि.)नामवर
यशवान्, प्रसिद्ध

**ناموری** (स्त्री.)नामवरी
यश, प्रसिद्धि, कीर्ति

**ناموزوں** (वि.)नामौज़ूँ
1. अनुचित 2. (भा.) वह शे'र या मिस्रा जिसमें छंद दोष हो

**ناموس** (स्त्री.)नामूस
मर्यादा, लज्जा, सतीत्व

**نامہ** (पु.)नामा
1. चिट्ठी, पत्र 2. ग्रंथ

**نامۂ اعمال** (पु.)नामए-आमाल
1. मनुष्य के सत्कर्म और दुष्कर्म का लेखा-जोखा, क्रमपत्र 2. पंजिका

**نامۂ شوق** (पु.)नामए-शौक़
मुहब्बत का ख़त, प्रेमपत्र

**نامہ بر** (पु.)नामा बर
1. पत्रवाहक, डाकिया 2. संदेशवाहक

**نامہ رساں** (पु.)नामा रसाँ
दे. نامہ بر

**نامہ سیاہ** (वि.)नामा सियाह
पापी, दुष्कर्मी, गुनाहगार

**نامہ نگار** (पु.)नामा निगार
संवाददाता, पत्रकार

**نامہرباں** (वि.)नामेह्रबाँ
1. दयाहीन, अकृपालु 2. शत्रु, वैरी

**نامی** (वि.)नामी
प्रसिद्ध, मर्यादित, प्रतिष्ठित

**نامیہ** (स्त्री.)नामिया
विकास शक्ति, उगने और बढ़ने की शक्ति

**نان** (पु.)नान
रोटी

**نانِ جویں** (स्त्री.)नाने-जवीं
जौ की रोटी, मोटी रोटी

**نان خطائی** (स्त्री.)नान ख़ताई
एक प्रकार का मीठा बिस्कुट

**نان خورش** (स्त्री.)नान ख़ुरिश
सब्ज़ी-तरकारी, सालन

**نان فروش** (पु.)नान फ़रोश
नानबाई, रोटी बेचने वाला

**نانبا** (पु.)नानबा
नानबाई, रोटी पकाने वाला

**ناوابستگی** (स्त्री.)नावाबस्तगी
गुटनिरपेक्षता, असंलग्नता

**ناواجب** (वि.)नावाजिब
अनुचित, नामुनासिब

**ناواقف** (वि.)नावाक़िफ़
1. अनभिज्ञ, अनाड़ी 2. अपरिचित, अनजान

**ناواقفیت** (स्त्री.)नावाक़िफ़ीयत
1. अनभिज्ञता, अनाड़ीपन 2. अपरिचय, अनजानपन

**ناوقت** (क्रि.वि.)नावक़्त
असमय, बेवक़्त

**ناوک** (पु.)नावक
तीर, वाण

**ناوک انداز** (वि.)नावक अंदाज़
धनुषकर, धनुषधारी, कांडीर, तीर चलाने वाला

**ناول** (पु.)नाविल
उपन्यास

**ناول نگار** (पु.)नाविल निगार
उपन्यासकार

**ناولٹ** (पु.)नाविलेट
उपन्यासिका, लघु उपन्यास

**ناؤنوش** (स्त्री.)नाव-नोश
पीना-पिलाना, मयनोशी

**ناہار** (वि.)नाहार
सवेरे से कुछ न खाए हुए, बासी मुँह, नहार मुँह

**ناہموار** (वि.)नाहमवार
असम, असमान, ऊँचा-नीचा, प्रतिकूल

**ناہنجار** (वि.)नाहंजार
अधम, बदचलन, बेढंग

**ناہید** (पु.)नाहीद
शुक्र ग्रह

**نائب** (पु.)नाइब
प्रतिहस्त, सहायक, उप

**نایاب** (वि.)नायाब
अलभ्य, अप्राप्य, दुर्लभ

**نایابی** (स्त्री.)नायाबी
अप्राप्ति, अनुपलब्धि

**نبات** (स्त्री.)नबात
1. मिश्री, खड-शर्करा 2. वनस्पति

**نباتات** (स्त्री.)नबातात
'نبات' का बहु.

**نباتی** (वि.)नबाती
वनस्पति से संबंधित

**نباتیات** (स्त्री.)नबातियात
(वन.) वनस्पति विज्ञान

**نباض** (वि.)नब्बाज़
नाड़ी विशेषज्ञ

**نباہ** (पु.)निबाह
निर्वाह, निभाव, गुज़ारा

**نبرد** (स्त्री.)नबर्द
युद्ध, लड़ाई, जंग

**نبرد آزما** (वि.)नबर्द आज़्मा
युद्ध-कुशल, रणशूर, जंग आज़्मूदा

**نبرد آزمائی** (स्त्री.)नबर्द आज़्माई
युद्ध, लड़ाई

**نبرد آزمودہ** (वि.)नबर्द आज़्मूदा
युद्धानुभवी

**نبرد پیشہ** (वि.)नबर्द पेशा
योद्धा, रणशूर

**نبردگاہ** (स्त्री.)नबर्द गाह
मैदाने-जंग, रणक्षेत्र, समरांगण, रणभूमि, युद्धस्थल

**نبض** (स्त्री.)नब्ज़
नाड़ी, शिरा

**نبض شناس** (वि.)नब्ज़ शनास
नब्ज़ पहचाननेवाला

**نبوت** (स्त्री.)नुबूव्वत
पैग़म्बरी, नबी होना

**نبی** (पु.)नबी
ईश्वर-दूत

**نبیرہ** (पु.)नबीरा
1. पोता 2. नवासा

**نتائج** (पु.)नताइज
'نتیجہ' का बहु.

**نتیجتاً** (क्रि.वि.)नतीजतन
फलस्वरूप, परिणामस्वरूप, अंततः

**نتیجہ** (पु.)नतीजा
परिणाम, फल, अंजाम

**نتیجۂ امتحان** (पु.)नतीजए-इम्तिहान
परीक्षाफल

**نتیجہ خیز** (वि.)नतीजा ख़ेज़
परिणामदायी, सारगर्भ

**نثار** (पु.)निसार
1. न्योछावर 2. बलि, कुर्बान 3. मुग्ध

**نثر** (स्त्री.)नस्र
गद्य

**نثر نگار** (पु.)नस्र निगार
गद्यकार

**نثر نگاری** (स्त्री.)नस्र निगारी
(भा.) गद्य-रचना, गद्य-लेखन

**نثری** (वि.)नस्री
(भा.) गद्यात्मक

**نجابت** (स्त्री.)नजाबत
आभिजात्य, भद्रता

**نجات** (स्त्री.)निजात
मुक्ति, मोक्ष, बंधन-मुक्ति

**نجار** (पु.)नज्जार
बढ़ई, काष्ठ-शिल्पी, तक्षक

**نجاری** (स्त्री.)नज्जारी
बढ़ई का काम, बढ़ई का पेशा

**نجاست** (स्त्री.)नजासत
1. अपवित्रता, विष्ठा 2. गंदगी

**نجباء** (पु.)नुजबा
'نجیب' का बहु., कुलीन लोग

**نجد** (पु.)नज्द
1. ऊँची भूमि, टीला 2. अरब का एक प्रदेश

**نجس** (वि.)नजिस
1. अपवित्र, अशुद्ध 2. गंदा मल-दूषित

**نجف** (पु.)नजफ़
इराक़ का एक प्रसिद्ध नगर जहाँ हज़रत अली का मज़ार है

**نجم** (पु.)नज्म
तारा, उडु, सितारा

**نجوم** (पु.)नुजूम
1. 'نجم' का बहु., तारे 2. ज्योतिष

**نجوم داں** (वि.)नुजूम दाँ
ज्योतिषी, नुजूमी

**نجومی** (पु.)नुजूमी
ज्योतिषी

**نجیب** (पु.)नजीब
कुलीन, अभिजात, सुंकलीन

**نجیب الطرفین** (वि.)नजीबुत्तरफ़ैन
माता और पिता दोनों ओर से कुलीन

**نحس** (वि.)नह्स
अशुभ, अमांगलिक, मनहूस

**نحو** (पु.)नह्व
1. पद्धति, शैली, ढंग 2. (भा.) वाक्य-विन्यास, वाक्य-संरचना, वाक्य-विचार

**نحوست** (स्त्री.)नुहूसत
अमंगल, दुर्भाग्यपूर्ण

**نحوی** (वि.)नह्वी
(भा.) 1. वाक्य-विन्यास संबंधी 2. वाक्य-विचार संबंधी ज्ञान रखने वाला

**نحیف** (वि.)नहीफ़
निर्बल, दुर्बल, दुबला

**نحیف الجثہ** (वि.)नहीफुल-जुस्सा
दुबले शरीर वाला, क्षीणकाय

**نخ** (पु.)नख़
सूत, धागा

**نخاس** (पु.)नख़्ख़ास
1. वह बाज़ार जिसमें दासों की खरीद-बिक्री होती थी 2. घोड़ा और मवेशियों का बाज़ार

**نخچیر** (पु.)नख़्चीर
अहेर, आखेट, शिकार

**نخرا** (पु.)नख़रा
1. चुलबुलाहट 2. हावभाव

**نخشب** (पु.)नख़्शब
तुर्किस्तान का एक नगर जिसके विषय में कहा जाता है कि वहाँ से हकीम इब्ने-अ़ता (मुक़न्ना) ने कुँए से एक चाँद निकाला था जिसका प्रकाश 12 मील तक पहुँचता था

**نخل** (पु.)नख़्ल
1. खजूर का पेड़ 2. पेड़, वृक्ष, द्रुम

**نخل بند** (पु.)नख़्ल बंद
माली, बाग़बान

**نخل بندی** (स्त्री.)नख़्ल बंदी
1. वृक्षरोपण 2. वाटिका सज्जा

**نخل طور** (पु.)नख़्ले-तूर
वह पेड़ जिस पर हज़रत मूसा को ईश्वर का प्रकाश दिखाई दिया था

**نخل مریم** (पु.)नख़्ले-मरियम
खजूर का वह सूखा पेड़ जिसके नीचे हज़रत मरियम प्रसव-कष्ट से दुखित होकर बैठ गयी थीं और वह पेड़ हरा-भरा हो गया था

**نخلستان** (पु.)नख़्लिस्तान
मरूभूमि में वह हरा-भरा क्षेत्र जहाँ खजूर आदि के पेड़ हों

**نخوت** (स्त्री.)निख़्वत
अहंकार, अभिमान, घमण्ड

**نخود** (पु.)नख़ूद
चना

**ندا** (स्त्री.)निदा
1. पुकार, आवाज़ 2. संबोधक शब्द

**ندائے غیب** (स्त्री.)निदाए-ग़ैब
आकाशवाणी, ग़ैबी आवाज़

**ندارد** (वि.)नदारद
1. विहीन, लुप्त 2. रिक्त

**نداف** (पु.)नद्दाफ़
धुनिया

**ندامت** (स्त्री.)नदामत
1. लज्जा, लाज, हया 2. पश्चात्ताप, पछतावा

**ندرت** (स्त्री.)नुद्रत
1. नूतनता, नवीनता, नयापन 2. अजूबापन 3. (भौ.) विचित्रता

**ندوہ** (पु.)नद्वा
1. सभा स्थल 2. सभा

**ندیدہ** (वि.)नदीदा
1. मरभुक्खा 2. अत्यंत लोभी

**ندیم** (पु.)नदीम
1. सभासद 2. मित्र, साथी

**نذر** (स्त्री.)नज़्र
1. उपहार, भेंट, तोहफ़ा 2. चढ़ावा, मन्नत 3. नियाज़, फ़ातिहा 4. प्रदान, देना

**نذر عقیدت** (स्त्री.)नज़्रे-अक़ीदत
ऐसी भेंट जो भक्ति या श्रद्धा ज़ाहिर करने के लिए दी जाए

**نذرانہ** (पु.)नज़राना
1. उपहार, उपायन, तोहफ़ा 2. दक्षिणा, पुरोहित या गुरु आदि की भेंट

**نذیر** (वि.)नज़ीर
डराने वाला, ईश्वर का ख़ौफ दिलाने वाला

**نر** (पु.)नर
पुरुष प्राणी, नर

**نراج** (पु.)निराज
अराजकता

**نراج پسندی** (स्त्री.)निराज पसंदी
अराजकतावाद, अराज्यवाद

**نراجیت** (स्त्री.)निराजियत
दे. 'نراج پسندی'

**نرخ** (पु.)निर्ख़
भाव, मूल्य, दर

**نرخ نامہ** (पु.)निर्ख़ नामा
1. मूल्य-सूची 2. (वाणि.) भावसूची

**نرد** (स्त्री.)नर्द
चौसर का खेल

**نرغہ** (पु.)नर्ग़ा
घेरा, घिराव

**نرگس** (स्त्री.)नर्गिस
एक प्रकार का पीले रंग का फूल जिसकी आकृति आँख की आकृति से मिलती जुलती है और जिससे कवि आँख की उपमा देते हैं

**نرگس بیمار** (स्त्री.)नर्गिसे-बीमार
1. मस्त आँख 2. प्रेमी की आँख

**نرگس جادو** (स्त्री.)नर्गिसे-जादू
वह सुंदर आँख जो 'मोहिनी' हो, नैसर्गिक

**نرگس شہلا** (स्त्री.)नर्गिसे-शहला
वह नर्गिस का फूल जिसमें उसके भीतर पीलेपन के बदले कालापन हो

**نرگسی** (वि.)नर्गिसी
1. नर्गिस जैसा 2. नर्गिस का

**نرگسیت** (स्त्री.)नर्गिसियत
स्वरुपकामुकता, आत्म मुग्धता

**نرم** (वि.)नर्म
मृदुल, मुलायम, कोमल, नाज़ुक

**نرم آواز** (वि.)नर्म आवाज़
मधुर और कोमल स्वर वाला

**نرم خو** (वि.)नर्म ख़ू
विनम्र स्वभाव वाला, विनीत, मतीन

**نرم دل** (वि.)नर्म दिल
सदय, आर्द्र हृदय, रहम दिल, विनम्र हृदय वाला

**نرم مزاج** (वि.)नर्म मिज़ाज
दे. 'نرم خو'

**نرمی** (स्त्री.)नर्मी
कोमलता, सदयता, विनम्रता

**نرینہ** (वि.)नरीना
नर से संबंधित

**نزاع** (स्त्री.)निज़ा
1. झगड़ा, फ़साद 2. बैर, शत्रुता, दुश्मनी

**نزاع لفظی** (स्त्री.)निज़ाए-लफ़्ज़ी
ज़ुबानी झगड़ा, वाक्कलह, शाब्दिक-कलह

**نزاکت** (स्त्री.)नज़ाकत
1. मृदुलता, सुकुमारता, कोमलता 2.. सूक्ष्मता, बारीकी 3. क्षीणता 4. नाज़ुक मिज़ाजी

**نزد** (वि.)नज़्द
समीप, निकट, क़रीब

**نزدیک** (वि.)नज़दीक
समीप, निकट

**نزدیکی** (स्त्री.)नज़दीकी
समीपता, निकटता

**نزع** (स्त्री.)नज़ा
प्राणों का अंत, दम टूटना, चंदा, जाँकनी

**نزلہ** (पु.)नज़्ला
ज़ुकाम का रोग जिसमें नाक, मुँह से बलग़म निकलता है

**نزول** (पु.)नुज़ूल
1. अवतरण, उतरना, ऊपर से नीचे आना 2. (स्त्री.) सरकारी ज़मीन 3. (भौ.) अवरोहक, अवरोहण

**نزول وحی** (पु.)नुज़ूले-वही
किसी पैग़म्बर पर ईश्वर का आदेश उतरना

**نزولی** (वि.)नुज़ूली
(भौ.) अवरोही, अवरोहण

**نزولی تدریج** (स्त्री.)नुज़ूली तद्रीज
(भौ.) अवरोही क्रम

**نزولی سلسلہ** (पु.)नुज़ूली सिलसिला
(भौ.) अवरोही श्रेणी

**نزولی نوڈ** (पु.)नुज़ूली नोड
(भौ.) अवरोह पात

**نزہت** (स्त्री.)नुज़हत
पवित्रता, उत्तमता

**نژاد** (स्त्री.)निझ़ाद
कुल, वंश

**نسب** (पु.)नसब
1. कुल, वंश 2. गोत्र 3. ख़ानदान

**نسب نامہ** (पु.)नसब नामा
वंशावली

**نسب نما** (पु.)नसब नुमा
(ग.) हर

**نسبت** (स्त्री.)निस्बत
1. सम्बन्ध, तअल्लुक़, लगाव, संपर्क 2. सगाई 3. तुलना, अपेक्षा 4. (भौ.) अनुपात

**نسبتاً** (क्रि.वि.)निस्बतन
अपेक्षाकृत

**نسبتی** (वि.)निस्बती
1. (भौ.) आपेक्षिक, सापेक्ष 2. संबंधी

**نسبی** (वि.)नसबी
ख़ानदानी, अनुवांशिक

**نسترن** (स्त्री.)नस्तरन
सेवती का फूल, सेवती

**نستعلیق** (पु.)नस्तालीक़
1. सभ्य, शिष्ट, संस्कृत 2. (भा.) एक प्रसिद्ध लेखन-शैली जिसमें उर्दू लिखी जाती है

**نسخ** (पु.)नस्ख़
1. मिटाना, रद्द करना 2. (भा.) एक प्रसिद्ध उर्दू लेखन-शैली

**نسخہ** (पु.)नुस्ख़ा
1. नुस्ख़ा, औषध-पत्र 2. उपाय, तरकीब 3. संस्करण 4. प्रति

**نسر** (पु.)नस्र
1. गिद्ध, गोध 2. कर्गस 3. एक बुत जो अरब में पूजा जाता था

**نسر طائر** (पु.)नस्रे-ताइर
राशि चक्र के उत्तर में तारों का एक समूह जो उड़ते हुए गिद्ध के समान है

**نسر واقع** (पु.)नस्रे-वाक़े
दक्षिणी ध्रुव के पास ठहरे हुए गिद्ध के आकार के तारों की समूह

**نسرین** (स्त्री.)नस्रीन
1. सेवती का पौधा और फूल 2. एक प्रकार का श्वेत गुलाब

**نسق** (पु.)नसक़
1. क़ानून, नियम 2. व्यवस्था, प्रबंधक

**نسل** (स्त्री.)नस्ल
1. वंश, गोत्र, कुल 2. संतान, संतति, औलाद

**نسل افزائی** (स्त्री.)नस्ल अफ़्ज़ाई
नस्ल बढ़ाना, संतान-वृद्धि

**نسلاً بعد نسل** (क्रि.वि.)नस्लन बादा नस्लिन
पुश्त-दर-पुश्त, पीढ़ी दर पीढ़ी

**نسلی** (वि.)नस्ली
जातीय, वांशिक

**نسلی امتیاز** (पु.)नस्ली इम्तियाज़
(राज.) रंग-भेद

**نسلی ٹائپ** (स्त्री.)नस्ली टाइप
(मनो.) जीन प्ररूप, जीनो टाइप

**نسلی عامل** (पु.)नस्ली आमिल
(मनो.) आनुवंशिक कारक, जीन जन्य कारक

**نسلی گروہ** (पु.)नस्ली गिरोह
(इति.) संजातीय समूह, नृजाति समूह, जातीय समूह

**نسلی لاشعور** (पु.)नस्ली लाशऊर
(मनो.) जातीय अचेतन

**نسلیات** (स्त्री.)नस्लियात
(मनो., वन.) आनुवांशिक विज्ञान, आनुवंशिकी

**نسوانی** (वि.)निस्वानी
1. स्त्रियों का 2. नारीवादी, स्त्रियों से सम्बन्ध रखने वाला

**نسوانیت** (स्त्री.)निस्वानियत
1. स्त्रीत्व, औरतपन, ज़नानापन 2. नारीवाद

**نسواں** (स्त्री.)निस्वाँ
महिलाएँ

**نسیان** (पु.)निस्यान
1. भूल, विस्मृति, भूल-चूक 2. एक प्रकार की बीमारी जिसमें आदमी पुरानी बातों को भूल जाता है 3. (मनो.) स्मृतिलोप, स्मृतिभ्रंश

**نسیم** (स्त्री.)नसीम
समीर, सुबह की ठंडी और धीमी हवा

**نسیم صبح** (स्त्री.)नसीमे-सुब्ह
समीर

**نشاستہ** (पु.)नशास्ता
गेहूँ का सत

**نشاط** (पु.)नशात
आनंद, हर्ष, ख़ुशी, उल्लास

**نشاط افزا** (वि.)नशात अफ़्ज़ा
दे. نشاط انگیز

**نشاط انگیز** (वि.)नशात अंगेज़
आनंदवर्धक, ख़ुशी बढ़ाने वाला, हर्षोत्पादक

**نشاط روح** (स्त्री.)नशाते-रूह
आत्मा का आनंद

**نشاط کار** (स्त्री.)नशाते-कार
कार्य करने की उमंग

**نشان** (पु.)निशान
1. चिह्न 2. धब्बा, दाग़ 3. खोज, तलाश, पता, सुराग़ 4. मुहर का चिह्न 5. झंडा, पताका 6. यादगार

**نشان دہی** ( स्त्री. )निशान दिही
1. पता देना, ठिकाना बताना 2. पहचान

**نشان زدہ** ( वि. )निशान ज़दा
चिह्नित, अंकित, रेखांकित

**نشان منزل** ( पु. )निशाने-मंज़िल
मंज़िल का पता, गंतव्य स्थान का चिह्न

**نشان میل** ( पु. )निशाने-मील
सड़क पर मीलों का चिह्न

**نشانچی** ( पु. )निशानची
निशानेबाज़, लक्ष्यभेदी

**نشانہ** ( पु. )निशाना
लक्ष्य

**نشانہ انداز** ( वि. )निशाना अंदाज़
लक्ष्यभेदी

**نشانی** ( स्त्री. )निशानी
1. स्मृति-चिह्न, यादगार 2. पहचान, शनाख़्त
3. चिह्न, निशान 4. लक्षण

**نشأۃ** ( स्त्री. )नशअत
1. आविर्भाव, प्रकट होना 2. उत्पत्ति

**نشأۃ ثانیہ** ( स्त्री. )नशअते-सानिया
1. दुबारा जन्म, पुनर्जन्म 2. पुनर्जीवन
3. दुबारा तरक़्क़ी, पुनरुद्धार 4. पुनर्जागरण

**نشائی** ( वि. )निशाई
( मनो. ) आनुवंशिक

**نشائی نظریہ** ( पु. )निशाई नज़रिया
( मनो. ) आनुवंशिक सिद्धांत

**نشتر** ( पु. )निश्तर
शल्य चीरफाड़ का यंत्र, सींगी

**نشتر زن** ( वि. )निश्तर ज़न
निश्तर लगाने वाला, ऑपरेशन करने वाला, जर्राह

**نشتر فصاد** ( पु. )निश्तरे-फ़स्साद
वह निश्तर जिससे रगों का ख़ून निकाला जाता है

**نشخوار** ( स्त्री. )नुशख़्वार
जुगाली

**نشر** ( पु. )नश्र
प्रसारण

**نشریات** ( स्त्री. )नशरियात
प्रसारण

**نشست** ( स्त्री. )निशस्त
बैठक, सभा

**نشست گاہ** ( स्त्री. )निशस्तगाह
सभा स्थल, बैठने का स्थान, दीवानख़ाना

**نشست و برخاست** ( स्त्री. )निशस्तो-बरख़ास्त
उठना-बैठना

**نشستہ** ( वि. )निशस्ता
बैठा हुआ

**نشو** ( पु. )नश्व
विकास, उपज

**نشو و نما** ( पु. )नश्वो-नुमा
विकास, फलना-फूलना

**نشور** ( पु. )नुशूर
महाप्रलय

**نشہ** ( पु. )नश्शा/नशा
1. मादकता 2. नशा, उन्माद, मस्ती
3. अभिमान, घमंड

**نشہ آمیز** ( वि. )नश्शा आमेज़
जिस चीज़ में मादक पदार्थ मिला दिया गया हो

**نشہ آور** ( वि. )नश्शा आवर
मादक

**نشہ باز** ( वि. )नशा बाज़
लती, व्यसनी

**نشیب** ( पु. )नशेब
1. ढाल 2. ( ग., भू. ) ढलान, प्रवणता

**نشیب و فراز** ( पु. )नशेबो-फ़राज़
ऊँच-नीच, उतार-चढ़ाव

**نشیبی** ( वि. )नशेबी
( भौ. ) अधोमुखी

**نشیلا** ( वि. )नशीला
मादक

**نشیمن** ( पु. )नशेमन
घोंसला

**نصاب** ( पु. )निसाब
1. पाठ्यक्रम 2. इस्लाम के मतानुसार वह संपति जिस पर ज़कात देना ज़रूरी है

**نصاب تعلیم** ( पु. )निसाबे-तालीम
( शि. ) पाठ्यक्रम

**نصاب زکوٰۃ** ( पु. )निसाबे-ज़कात
वह धन जिस पर ज़कात अनिवार्य हो जाती है और वह 52 तोला चाँदी और साढ़े सात तोला सोना अथवा इसके बराबर होता है

**نصابی** ( वि. )निसाबी
पाठ्य

**نصائح** (उभ.)नसाएह
'نصیحت' का बहु.

**نصب** (पु.)नस्ब
स्थापना, रखना, क़ाइम करना

**نصب العین** (पु.)नस्बुल-ऐन
उद्देश, आशय

**نصر** (स्त्री.)नस्र
सहायता, मदद

**نصرانی** (पु.)नस्रानी
ईसाई

**نصرانیت** (स्त्री.)नस्रानियत
ईसाईयत

**نصرت** (स्त्री.)नुस्रत
1. सहायता, समर्थन 2. विजय

**نصرتِ حق** (स्त्री.)नुस्रते-हक़
ईश्वर की ओर से सहायता

**نصف** (वि.)निस्फ़
अर्द्ध, आधा

**نصف اللیل** (स्त्री.)निस्फ़ुल-लैल
आधी रात, अर्द्धरात्रि

**نصف النہار** (पु.)निस्फ़ुन-नहार
दोपहर, मध्याह्न

**نصف تعطیل** (स्त्री.)निस्फ़ तातील
(प्रशा.) आधी छुट्टी

**نصف قطر** (पु.)निस्फ़ कुत्र
(ग.) त्रिज्या

**نصف قطری** (स्त्री.)निस्फ़ कुत्री
(ग.) रेडियन

**نصف کالمی** (वि.)निस्फ़ कॉलमी
(मा., जन., प्रशा.) अर्द्धकालमी

**نصوح** (वि.)नसूह
1. शुद्ध, निर्मल, ख़ालिस 2. उपदेशक 3. किसी बुरी बात के त्याग की दृढ़ प्रतिज्ञा

**نصیب** (पु.)नसीब
1. भाग्य, क़िस्मत 2. हिस्सा, भाग

**نصیبِ اعدا** (पु.)नसीबे-आदा
वह चीज़ जो अपने लिए न हो अपने दुश्मनों के लिए हो; (एक आशीर्वाद) जब कोई व्यक्ति किसी रोग या कष्ट में फँसा हो तो उसके मित्र उसका ज़िक्र करते हुए कहते हैं, जैसे- 'नसीबे-आदा' उनका मिज़ाज कुछ नासाज़ है

**نصیبِ دشمناں** (पु.)नसीबे-दुश्मनाँ
दे. 'نصیبِ اعدا'

**نصیبا** (पु.)नसीबा
1. भाग्य, क़िस्मत 2. भाग, हिस्सा

**نصیحت** (स्त्री.)नसीहत
सदुपदेश, उपदेश

**نصیحت آمیز** (वि.)नसीहत आमेज़
उपदेशात्मक

**نصیحت گر** (वि.)नसीहत गर
सदुपदेशक

**نصیحت گزار** (पु.)नसीहत गुज़ार
दे. 'نصیحت گر'

**نصیحت گو** (पु.)नसीहत गो
दे. 'نصیحت گر'

**نصیحت نامہ** (पु.)नसीहत नामा
उपदेश-पत्र

**نصیر** (पु.)नसीर
सहायक, मददगार, साथी

**نطفہ** (पु.)नुत्फ़ा
1. वीर्य 2. संतान, औरस

**نطق** (पु.)नुत्क़
1. वाणी, शब्द 2. वाक्शक्ति, वाचनशक्ति

**نظارت** (स्त्री.)नज़ारत
निरीक्षण, निगरानी

**نظارہ** (पु.)नज़्ज़ारा/नज़ारा
1. दर्शन 2. दृश्य

**نظارہ باز** (वि.)नज़्ज़ारा बाज़
ताका-झाँकी करने वाला

**نظارہ بازی** (स्त्री.)नज़्ज़ारा बाज़ी
घूरा-घारी, ताका-झाँकी, आँखें लड़ाना, आँखें सेंकना

**نظام** (पु.)निज़ाम
1. प्रबंध 2. क्रम 3. प्रणाली, व्यवस्था

**نظامِ بطلیموس** (पु.)निज़ामे-बतलीमूस
यह मान्यता कि पृथ्वी अचल है और चाँद, सूरज आदि ग्रह इसके चारों ओर घूमते हैं

**نظامِ حکومت** (पु.)निज़ामे-हुकूमत
दे. 'نظامِ سلطنت'

**نظامِ سلطنت** (पु.)निज़ामे-सल्तनत
राज्य-प्रबंध, राज्य व्यवस्था

**نظامِ شمسی** (पु.)निज़ामे-शम्सी
सौर मंडल

**نظامِ عدلیہ** (पु.)निज़ामे-अद्लिया
(प्रशा.) न्यायिक पद्धति

**نظامت** (स्त्री.)निज़ामत
1. व्यवस्था 2. संचालन

**نظامی** (वि.)निज़ामी
1. सैनिक, फ़ौजी 2. प्रबंध से संबंधित

**نظامی خلل** (पु.)निज़ामी ख़लल
(भौ.) 1. स्थान-भ्रंश, विस्थापन 2. प्रभ्रंश 3. संधिच्युति

**نظر** (स्त्री.)नज़र
दृष्टि

**نظر انداز** (वि.)नज़र अंदाज़
उपेक्षित

**نظر باز** (स्त्री.)नज़र बाज़
ताड़ने वाला, आँखें लड़ाने वाला, ताक-झाँक करने वाला, लंपट

**نظر بد** (सं.)नज़रे-बद
कुदृष्टि, बुरी नज़र

**نظر بند** (वि.)नज़र बंद
1. वह क़ैदी जिसकी निगरानी की जाए 2. जादू का वह खेल जिसमें कुछ का कुछ नज़र आता है

**نظر بندی** (स्त्री.)नज़र बंदी
1. ऐसी क़ैद जिसमें आदमी कहीं जा न सके और न किसी से मिल सके 2. जादू का खेल, दृष्टिबंध

**نظر ثانی** (स्त्री.)नज़रे-सानी
पुनः विचार, पुनरावलोकन

**نظری** (वि.)नज़री
1. काल्पनिक 2. वह शास्त्र जिसमें उपस्थित वस्तुओं के कल्पना के विषय में विचार किया जाता है

**نظریات** (पु.)नज़रीयात
نظریہ का बहु.

**نظریاتی** (वि.)नज़रियाती
सैद्धांतिक, वैचारिक

**نظریہ** (पु.)नज़रिया
सिद्धांत, दृष्टिकोण, अवधारणा

**نظریۂ احتمالیت** (स्त्री.)नज़रियाए-इहतिमालियत
(मनो.) प्रसंभाव्यतावाद

**نظریۂ ارتقاء** (पु.)नज़रियाए-इर्तिका
(दर्श.) विकासवाद

**نظریۂ اضافیت** (पु.)नज़रियाए-इज़ाफ़ियत
(दर्श.) सापेक्षवाद

**نظریۂ جسمی** (पु.)नज़रियाए-जिस्मी
(दर्श.) कणिका-सिद्धांत

**نظریۂ جہد** (पु.)नज़रियाए-जहद
(मनो.) लक्ष्यार्थ सिद्धांत

**نظریۂ روایت** (पु.)नज़रियाए-रिवायत
(मनो.) अभिवृत सिद्धांत

**نظریۂ علت و معلول** (पु.)नज़रियाए-इल्लतो-मालूल
(दर्श.) 1. इष्टसाधन-सिद्धांत 2. कारण-सिद्धांत

**نظریۂ فلاح عامہ** (पु.)नज़रियाए-फ़लाहे आम्मा
(दर्श.) परार्थवाद, परहितवााद

**نظریۂ کلیت** (पु.)नज़रियाए-कुल्लियत
(दर्श.) साकल्यवाद

**نظریۂ معروضیت** (पु.)नज़रियाए-मारूज़ियत
(दर्श.) विषयनिष्ठवाद, बाह्यार्थवाद

**نظریۂ مکافات** (पु.)नज़रियाए-मुकाफ़ात
(दर्श.) फलपरक सिद्धांत

**نظم** (पु.)नज़्म
(भा.) 1. पद्य, काव्य 2. कविता की एक विधा जिसमें आदि से अंत तक भावों की एकांविति रहती है 3. प्रबन्ध

**نظم گو** (वि.)नज़्म गो
कवि

**نظم و نثر** (स्त्री.)नज़्मो-नस्र
(भा.) गद्य और पद्य

**نظم و نسق** (पु.)नज़्मो-नस्क़
(प्रशा.) प्रबंध, बंदोबस्त

**نظیر** (स्त्री.)नज़ीर
उदाहरण, सदृश, समान

**نعت** (स्त्री.)नात
(भा.) पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब की छंदोबद्ध स्तुति

**نعت خواں** (वि.)नात ख़्वाँ
(भा.) पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब का प्रशस्ति गान करने वाला

**نعت گو** (वि.)नात गो
(भा.) वह कवि जो पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद का प्रशस्ति गीत लिखता हो

**نعرہ** (पु.)नारा
नारा, स्लोगन

**نعرۂ جنگ** (पु.)नारए-जंग
(राज.,प्रशा.) युद्धघोष

**نعرہ زن** (वि.)नारा ज़न
नारा लगाने वाला

**نعرہ زنی** (स्त्री.)नाराज़नी
नारे लगाना

**نعش** (स्त्री.)नाश
शव, लाश

**نعل** (स्त्री.)नाल
1. नाल, लोहे का अर्धचंद्रकार जिसे जानवरों के खुर में जड़ते हैं 2. जूता, खड़ाऊँ 3. कर

**نعل بند** (वि.)नालबंद
जूतों में या पशुओं के पाँव में नाल बाँधने वाला

**نعل بہا** (पु.)नाल-बहा
ख़िराज, चौथ, राजकर

**نعلِ چوبیں** (पु.)नाले-चोबीं
खड़ाऊँ, पादुका

**نعل در آتش** (वि.)नाल दर आतश
व्याकुल, आतुर, बेक़रार

**نعلین** (स्त्री.)नालैन
'نعل' का द्विवचन, दोनों जूते, जूते का जोड़ा

**نعم** (अव्य.)नेम
1. हाँ, जी हाँ 2. (पु.) पशु, चौपाया

**نعم** (स्त्री.)नेम
'نعمت' का बहु., नेमतें, अच्छी अच्छी चीज़ें

**نعم البدل** (पु.)नेमुल बदल
प्रतिदेय

**نعمت** (स्त्री.)नेमत
धन, दौलत, दिव्योपहार

**نعمت خانہ** (पु.)नेमत ख़ाना
वह अलमारी जिसमें खाने पीने की चीज़ें रखी जाती हैं

**نعمتِ عظمیٰ** (स्त्री.)नेमते-उज़्मा
बहुत बड़ी नेमत

**نعمتِ غیر مترقبہ** (स्त्री.)नेमते-ग़ैर मुतरक़्क़िबा
ऐसी नेमत जिसका हिसाब न लगाया जा सके, बहुत ही अधिक नेमत

**نعوذ باللہ** (वा.)नऊज़ु बिल्लाह
हम ईश्वर की पनाह माँगते हैं, प्रार्थना

**نعیم** (पु.)नईम
1. स्वर्ग, बिहिश्त 2. पुण्य, नेकी 3. नेमत, दिव्योपहार

**نغز** (वि.)नग़्ज़
1. उत्तम, श्रेष्ठ 2. अद्भुत, विचित्र

**نغز گفتار** (वि.)नग़्ज़ गुफ़्तार
मृदुभाषी, जिसकी बातचीत मीठी हो

**نغز گو** (वि.)नग़्ज़गो
अच्छी कविता कहने वाला

**نغمات** (पु.)नग़्मात
'نغمہ' का बहु.

**نغمہ** (पु.)नग़्मा
1. सुरीली आवाज़, मधुर लय 2. राग, गीत

**نغمہ پرداز** (वि.)नग़्मा परदाज़
दे. 'نغمہ زن'

**نغمہ ریز** (वि.)नग़्मा रेज़
दे. 'نغمہ زن'

**نغمہ زن** (वि.)नग़्मा ज़न
सुरीली आवाज़ से गाने वाला

**نغمہ سرا** (वि.)नग़्मा सरा
दे. 'نغمہ زن'

**نغمہ سنج** (वि.)नग़्मा संज
दे. 'نغمہ زن'

**نغمہ طراز** (वि.)नग़्मातराज़
दे. 'نغمہ زن'

**نفاذ** (पु.)निफ़ाज़
कार्यान्वय

**نفاس** (पु.)निफ़ास
प्रसूति-रक्तस्राव, वह रक्तस्राव जो प्रसूतिका के शरीर से बच्चा जनने के चालीस दिन तक होता रहे

**نفاست** (स्त्री.)नफ़ासत
स्वच्छता, निमर्लता, शिष्टता

**نفاست پسند** (वि.)नफ़ासत पसंद
स्वयं साफ़-सुथरा रहने और सब चीज़ों में सफ़ाई पसंद करने वाला

**نفاست پسندی** (स्त्री.)नफ़ासत पसंदी
ख़ुद साफ़ रहना और हर चीज़ को साफ़ देखने का शौक़

**نفاق** (पु.)निफ़ाक़
फूट, एकता का न होना

**نفائس** (वि.)नफ़ाइस
'نفیس' का बहु., बढ़िया और बहुमूल्य (वस्तुएँ)

**نفر** (पु.)नफ़र
1. व्यक्ति 2. नौकर, सेवक 3. दास 4. तीन से दस तक के व्यक्तियों का समूह

**نفرت** (स्त्री.)नफ़रत
घृणा, बेज़ारी

**نفرت انگیز** (वि.)नफ़रत अंगेज़
घिन पैदा करने वाला

نفری محصول (पु.)नफ़री महसूल
(प्रशा., वाणि.) प्रतिव्यक्ति कर

نفریں (स्त्री.)नफ़रीं
धिक्कार, फटकार

نَفَس (पु.)नफ़स
1. श्वास, साँस 2. क्षण, पल

نفس (पु.)नफ़्स
1. प्राण, आत्मा 2. अस्तित्व 3. वास्तविकता 4. कामेच्छा 5. स्व

نفس الامر (पु.)नफ़्सुल-अम्र
सच्ची बात, असली हक़ीक़त, यथार्थता

نفسِ امّارہ (पु.)नफ़्से-अम्मारा
वह मानसिक शक्ति जो बुरे कामों की ओर प्रवृत्त करती है

نفس پرست (वि.)नफ़्स परस्त
विषय-लोलुप, कामुक भोगवादी, शहवतपरस्त

نفس پرستی (स्त्री.)नफ़्स परस्ती
अय्याशी, काम-लोलुपता, विषय-लंपटता, कामुकता, विषय वासना

نفس پرور (वि.)नफ़्स पर्वर
दे. نفس پرست

نفسِ عالم (पु.)नफ़्से-आलम
(दर्श.) विश्वात्मा

نفس کش (वि.)नफ़्स कुश
इंद्रियजित, इंद्रियनिग्रही

نفس کشی (स्त्री.)नफ़्स कुशी
1. इंद्रिय-दमन 2. (समा.) आत्मनिषेध

نفسِ لوّامہ (पु.)नफ़्से-लव्वामा
वह मनोवृत्ति जो बुरे कामों पर घृणा प्रकट करती है, जिससे मनुष्य पछताता है

نفسِ مطلب (पु.)नफ़्से-मत्लब
मुख्यार्थ, उद्देश, आशय

نفسِ مطمئنہ (पु.)नफ़्से-मुत्मइन्ना
वह मनोवृत्ति जो आत्मा में संतोष उत्पन्न करती है

نفسِ ناطقہ (पु.)नफ़्से-नातिक़ा
1. मुख्यार्थ 2. प्राणवायु, रूह

نفسانی (वि.)नफ़्सानी
कामवासना से सम्बन्ध रखने वाली चीज़ें

نفسانیت (स्त्री.)नफ़्सानियत
1. स्वार्थपरायणता 2. अहंवाद, अभिमान

نفسی نفسی (अव्य.)नफ़्सी नफ़्सी
आपाधापी, स्वार्थपरता

نفسیات (स्त्री.)नफ़्सियात
मनोविज्ञान

نفسیاتی (वि.)नफ़्सियाती
मनोवैज्ञानिक

نفسیاتی ثنویت (स्त्री.)नफ़्सियाती सनवियत
(मनो.) मनोवैज्ञानिक द्वैत

نفسیاتی تجزیہ (पु.)नफ़्सियाती तज्ज़िया
(मनो.) मनोवैज्ञानिक जाँच-पड़ताल, मनोवैज्ञानिक विश्लेषण

نفع (पु.)नफ़ा
लाभ, प्राप्ति

نفع رسانی (स्त्री.)नफ़ा रसानी
लाभकारिता, उपादेयता

نفع رساں (वि.)नफ़ा रसाँ
फ़ायदा पहुँचाने वाला, लाभदायक

نفع ونقصان تطبیق کھاتہ नफ़ओ-नुक़सान ततबीक़
(पु.) खाता
(वाणि.) लाभ- हानि समायोजन लेखा

نفقہ (पु.)नफ़क़ा
1. भरण-पोषण 2. गुज़ारा

نفل (उभ.)नफ़्ल
अतिरिक्त नमाज़ जिसका पढ़ना सार्थक हो परन्तु अनिवार्य न हो

نفوذ پذیر (वि.)नुफ़ूज़ पज़ीर
(भौ.) विसरणशील

نفوذ ضربیہ (पु.)नुफ़ूज़ ज़र्बिया
(भौ.) विसरण-गुणांक

نفوذیت (स्त्री.)नुफ़ूज़ियत
(भौ.) विसरणशीलता

نفوس (पु.)नुफ़ूस
نفس का बहु.

نفی (स्त्री.)नफ़ी
1. अस्वीकृति 2. नकार

نفیِ کائنات (स्त्री.)नफ़ीए-काइनात
(दर्श.) अविश्ववाद

نفیر (स्त्री.)नफ़ीर
1. नफ़ीरी, शहनाई 2. पुकार

نفیری (स्त्री.)नफ़ीरी
शहनाई

نفیس (वि.)नफ़ीस
1. उत्तम, बढ़िया 2. स्वच्छ, निर्मल, साफ़

نقاب (पु./स्त्री.)नक़ाब

**نقاب پوش** (वि.)नक़ाब पोश
जो अपना मुँह छिपाये हो, जिसके मुँह पर नक़ाब पड़ी हो

**نقاب کشائی** (स्त्री.)नक़ाब कुशाई
1. दुल्हन के मुँह से नक़ाब उठाने की रस्म 2. किसी चित्र पर से पर्दा उठाने का उत्सव, अनावरण

**نقاد** (पु.)नक़्क़ाद
समालोचक, आलोचक, पारखी

**نقار خانہ** (पु.)नक़्क़ार ख़ाना
वह स्थान जहाँ नगाड़ा बजाया जाता है, नौबत ख़ाना

**نقارہ** (पु.)नक़्क़ारा
धौंसा, नगाड़ा

**نقارہ زن** (पु.)नक़्क़ारा ज़न
नक़्क़ारा बजाने वाला

**نقارہ نواز** (पु.)नक़्क़ारा नवाज़
दे. 'نقارہ زن'

**نقاش** (पु.)नक़्क़ाश
चित्रकार, चितेरा

**نقاش ازل** (पु.)नक़्क़ाशे-अज़ल
1. स्रष्टा, सृष्टि की रचना करने वाला, संसार बनाने वाला 2. ईश्वर

**نقاشی** (स्त्री.)नक़्क़ाशी
चित्रण, चित्रकारी

**نقال** (पु.)नक़्क़ाल
भाँड, नट, विदुषक, मसख़रा

**نقالی** (स्त्री.)नक़्क़ाली
अनुकरण

**نقاہت** (स्त्री.)नक़ाहत
अशक्ति, निर्बलता, कमज़ोरी

**نقائص** (पु.)नक़ाइस
'نقص' का बहु., ख़राबियाँ, बुराइयाँ, त्रुटियाँ

**نقب** (स्त्री.)नक़्ब
सेंध, सिंदिल

**نقب زنی** (स्त्री.)नक़्ब ज़नी
सेंध लगाना, सेंध लगाकर चोरी करना, संधिभेद, अभिहार

**نقد** (पु.)नक़्द
1. पूँजी, सरमाया 2. कैश

**نقد بازار** (पु.)नक़्द बाज़ार
(वाणि.) हाज़िर बाज़ार

**نقد باقی** (वि.)नक़्द बाक़ी
(वाणि.,प्रशा.) रोकड़ शेष, रोकड़ बाक़ी

**نقد جاں** (पु.)नक़्दे जाँ
प्राणरूपी धन, प्राणधन

**نقد دل** (पु.)नक़्दे-दिल
हृदयरूपी धन

**نقد محفوظات** (पु.)नक़्द महफ़ूज़ात
(अर्थ.) नक़दी रिज़र्व, नक़्द आरक्षण

**نقد و جنس** (पु.)नक़्दो-जिंस
धन-संपत्ति

**نقدی** (स्त्री.)नक़्दी
नक़्द रुपया, नक़दी, कैश

**نقدی رجسٹر** (पु.)नक़्दी रजिस्टर
(वाणि.) कैश रजिस्टर

**نقرہ** (स्त्री.)नुक़्रा
1. रजत, चाँदी 2. (पु.) श्वेत अश्व

**نقرئی** (वि.)नुक़रई
1. चाँदी-जैसा उज्ज्वल, रूपहला 2. चाँदी का बना हुआ, चाँदी का मुलम्मा किया हुआ

**نقش** (पु.)नक़्श
1. चित्र, छाया 2. चिह्न, खोज 3. तंत्र-मंत्र का गुटका, तावीज़ 4. एक प्रकार का राग 5. बेल-बूटे, फूल-पत्ती 6. (वि.) लिखित, कुंदित

**نقش اول** (पु.)नक़्शे-अव्वल
1. चित्रकार का बनाया हुआ सर्वप्रथम चित्र 2. प्रथम आरेख, प्रथम आकृति 3. प्रथम लेख, पांडु लिपि

**نقش بر آب** (पु.)नक़्श बर आब
पानी पर बनाया हुआ चित्र अर्थात् नश्वर और भंगुर अथवा असंभव, अशक्य

**نقش بر دیوار** (पु.)नक़्श बर दीवार
भितिलिखित चित्र

**نقش بند** (पु.)नक़्श बंद
चित्रकार

**نقش بندی** (स्त्री.)नक़्श बंदी
1. चित्रकारी, चित्रकारिता 2. एक सूफ़ी सम्प्रदाय

**نقش بہ دیوار** (पु.)नक़्श ब दीवार
1. दीवार पर बनाया हुआ चित्र 2. दीवार के चित्र की तरह-निस्तब्ध, मौन और निश्चल

**نقش پا** (पु.)नक़्शे-पा
दे. 'نقش قدم'

(पु.)नक़्शे-सानी نقشِ ثانی
वह चित्र जो चित्रकार का दूसरा प्रयास होता है और जो पहले चित्र की अपेक्षा बहुत सुंदर और कलापूर्ण तथा दोष रहित होता है

(पु.)नक़्शे-क़दम نقشِ قدم
पाँव का निशान, पद-चिह्न

(पु.)नक़्शो-निगार نقش و نگار
बेल-बूटे, फूल-पत्ती

(पु.)नक़्शा نقشہ
1. आरेख, आकृति 2. मानचित्र

(पु.)नक़्शाजात نقشہ جات
'نقشہ' का बहु., नक़्शे

(पु.)नक़्शा नवीस نقشہ نویس
मानचित्र निर्माता

(पु.)नक़्स نقص
त्रुटि, अवगुण, दोष, कमी

(पु.)नुक़्सान نقصان
1. हानि 2. घाटा

(वि.)नुक़्सानदेह نقصان دہ
हानिकर, नुक़्सान पहुँचाने वाला

(वि.)नुक़्सान रसाँ نقصان رساں
दे. 'نقصان دہ'

(स्त्री.)नुक़्साने-अज़ीम نقصانِ عظیم
बहुत बड़ी हानि

(पु.)नुक़्साने-माया نقصانِ مایہ
माली नुक़्सान, अर्थ-हानि

(पु.)नक़्ज़ نقض
तोड़ना, भंग करना, निरसन, मंसूख़ी, विदेदन

(पु.)नक़्ज़े-अम्न نقضِ امن
शांतिभंग करना

(पु.)नुक्ता نقطہ
1. बिंदी 2. बिंदु

(पु.)नुक्तए-परकार نقطۂ پرکار
(ग.) केंद्र बिंदु

(पु.)नुक्तए-तक़ातो نقطۂ تقاطع
(ग.) वह बिंदु जहाँ पर दो सरल रेखाएँ एक दूसरी को काटें, प्रतिच्छेद बिंदु

(पु.)नुक्तए-सुवैदा نقطۂ سویدا
वह काला धब्बा जो हृदय पर होता है

(पु.)नुक्तए-मौहूम نقطۂ موہوم
(दर्श.) वह बिंदु जो इतना सूक्ष्म हो कि अटकल से ही समझा जा सके

(स्त्री.)नक़्ल نقل
1. स्थानांतरण 2. प्रतिलिपि 3. अनुकरण

(पु.)नुक़्ल نُقل
1. शराब के साथ खाई जाने वाली चीज़ 2. एक मिठाई, गज़क 3. चुटकुला, लतीफ़ा

(पु.)नक़्ले- सरमाया نقلِ سرمایہ
(वाणि.) पूँजी का स्थानांतरण

(वि.)नुक़्ल फ़रोश نقل فروش
गज़क बेचने वाला

(पु.)नक़्ले-मकान نقلِ مکان
गृह स्थानांतरण, जगह बदलना

(पु.)नक़्लनवीस نقل نویس
1. जो दूसरों के लेख नक़्ल करे 2. वह कर्मचारी जो सरकारी काग़ज़ों की नक़्लें देता है

(पु.)नक़्ले-वतन نقلِ وطن
अपना देश छोड़कर दूसरे देश में रहना, स्वदेश-त्याग, प्रवास

(स्त्री.)नक़्लो-हमल نقل و حمل
परिवहन

(वि.)नक़्ली نقلی
1. कृत्रिम, बनावटी 2. काल्पनिक, फ़र्ज़ी, जाली

(पु.)नुक़ूश نقوش
'نقش' का बहु.

(स्त्री.)नुक़ूल نقول
'نقل' का बहु., नक़्लें, प्रतिलिपियाँ

(पु.)नक़ीब نقیب
1. प्रमुख, संरक्षक 2. चोबदार, दण्डवाहक

(वि.)नक़ीज़ نقیض
1. विलोम 2. शत्रु, दुश्मन

(पु.)निकात نکات
'نکتہ' का बहु., सूक्ष्म और गूढ़ बातें

(पु.)निकाह نکاح
पाणि-ग्रहण, विवाह, ब्याह

(पु.)निकाहे-सानी نکاحِ ثانی
पुनर्विवाह

(पु.)निकाह नामा نکاح نامہ
वह काग़ज़ जिस पर निकाह की शर्तों का इक़रार होता है

(पु.)नुक्ता نکتہ
रहस्य, सूक्ष्मता

(वि.)नुक्ताचीं نکتہ چیں
मीन-मेख़ निकालने वाला, ऐब ढूँढ़ने वाला, छिद्रांवेषी, आलोचक

**نکتہ دانی** (स्त्री.)नुक्ता दानी
मर्म और बारीकियाँ समझना

**نکتہ داں** (वि.)नुक्ता दाँ
काव्य-मर्मज्ञ, गुणग्राही

**نکتہ رس** (वि.)नुक्ता रस
काव्य-मर्मज्ञ, गुणग्राही

**نکتہ رسی** (स्त्री.)नुक्ता रसी
मर्म और बारीकियाँ समझना

**نکتہ سنج** (वि.)नुक्ता संज
सूक्ष्मदर्शी

**نکتہ سنجی** (स्त्री.)नुक्ता संजी
मर्म और बारीकियाँ समझना

**نکتہ نواز** (वि.)नुक्ता नवाज़
ज़रा-सी बात पर प्रसन्न हो जाने वाला, आशुतोष

**نکتہ نوازی** (स्त्री.)नुक्तानवाज़ी
ज़रा-सी बात पर प्रसन्न हो जाना

**نکرہ** (पु.)नक्रा
1. अपरिचय, अनजानपन
2. (भा.) जातिवाचक संज्ञा

**نکو** (वि.)निको
उत्तम, श्रेष्ठ, अच्छा

**نکوخواہ** (वि.)निको ख़्वाह
शुभचिंतक, हितैषी, भलाई चाहने वाला

**نکوکار** (वि.)निको कार
अच्छे आचरण वाला, सदाचारी सच्चरित

**نکونام** (वि.)निको नाम
नामवर, विख्यात, कीर्तिमान

**نکوہش** (स्त्री.)निकोहिश
1. निंदा, बुराई, भर्त्सना 2. डाँट-फटकार

**نکوئی** (स्त्री.)निकोई
1. उत्तमता, अच्छाई 2. उपकार

**نکہت** (स्त्री.)नकहत/निकहत
सुगंध, महक

**نکیرین** (पु.)नकीरैन
वे दो फ़िरिश्ते जो मरने वाले से क़ब्र में सवाल-जवाब करते हैं, मुनकर और नकीर

**نگار** (पु.)निगार
1. चित्र, मूर्ति, तस्वीर 2. प्रेयसी, प्रेमिका

**نگارخانہ** (पु.)निगार ख़ाना
चित्रालय, तस्वीर-घर, चित्रशाला

**نگارستان** (पु.)निगारिस्तान
1. चित्रालय, मूर्ति-गृह 2. वह जगह जहाँ रूपवतियाँ रहती हों

**نگارش** (स्त्री.)निगारिश
1. लेख, तहरीर 2. चित्र, नक़्श

**نگاریں** (वि.)निगारीँ
1. चित्रित 2. शृंगारित

**نگاشتہ** (वि.)निगाश्ता
1. लिखा हुआ, लिखित 2. चित्रित

**نگاہ** (स्त्री.)निगाह
दृष्टि, नज़र, प्रेक्षा

**نگاہ داشت** (स्त्री.)निगाहदाश्त
निगरानी, देख-रेख, संरक्षण, हिफ़ाज़त

**نگاہِ غلط انداز** (वि.)निगाहे-ग़लत अंदाज़
ऐसी दृष्टि जिसे हर व्यक्ति वह समझे उसी की ओर है, भ्रम में डालने वाली दृष्टि

**نگاہبان** (वि.)निगाहबान
संरक्षक, निगराँ, निरीक्षक

**نگاہدار** (वि.)निगाहदार
संरक्षक, निगहवान

**نگرانی** (स्त्री.)निगरानी
निरीक्षण, संरक्षण, देख-भाल करना

**نگراں** (वि.)निगराँ
1. संरक्षक, निरीक्षक 2. अभिभावक

**نگراں سرکار** (पु.)निगराँ सरकार
(राज.,प्रशा.) कामचलाऊ सरकार

**نگوں** (वि.)निगूँ
औंधा, उलटा, अधोमुख

**نگوں بخت** (वि.)निगूँ बख़्त
हतभाग्य, भाग्यहीन

**نگوں سار** (वि.)निगूँ-सार
1. औंधा, उलटा, अधोमुख 2. लज्जित

**نگہ** (स्त्री.)निगह
'نگاہ' का लघु., दृष्टि, नज़र, प्रेक्षा

**نگہداشت** (स्त्री.)निगहदाश्त
दे. 'نگاہداشت'

**نگہبان** (वि.)निगहबान
दे. 'نگاہبان'

**نگہبانی** (स्त्री.)निगहबानी
संरक्षण, रक्षा, हिफ़ाज़त

**نگینہ** (पु.)नगीना
1. नग, रत्न 2. क़ीमती पत्थर

نگینہ ساز (पु.)नगीना साज़
अँगूठी पर नगीना जड़ने वाला, नगीना बनाने वाला

نگینہ گر (पु.)नगीना गर
दे. 'نگینہ ساز'

نگیں (पु.)नगीं
1. दे. 'نگینہ' 2. अँगूठी का वह नग जिस पर नाम आदि खुदा रहता है

نم (वि.)नम
गीला, आर्द

نم آلود (वि.)नम आलूद
आर्द, तर, गीला

نم دیدہ (वि.)नम दीदा
आर्दतायुक्त, नमीदार, सीलन वाला

نماز (स्त्री.)नमाज़
नमाज़, अर्चना, प्रार्थना

نمازِ جنازہ (स्त्री.)नमाज़े-जनाज़ा
वह नमाज़ जो मुसलमनों के जनाज़े पर मृतक की आत्मा की शांति के लिए पढ़ी जाती है

نمازِ قصر (स्त्री.)नमाज़े-क़स्र
यात्रा की अवस्था में अदा की जाने वाली संक्षिप्त नमाज़

نمازِ قضا (स्त्री.)नमाज़े-क़ज़ा
वह नमाज़ जो वक़्त पर न पढ़ी जा सकी हो और बाद में पढ़ी जाए

نماز گزار (वि.)नमाज़ गुज़ार
दे. 'نمازی'

نمازی (वि.)नमाज़ी
नमाज़ का पाबंद, नमाज़ पढ़ने वाला

نمائش (स्त्री.)नुमाइश
प्रदर्शन, प्रदर्शनी

نمائش گاہ (स्त्री.)नुमाइशगाह
प्रदर्शनी-स्थल

نمائشی (वि.)नुमाइशी
दिखावटी

نمائشی اشتہار (पु.)नुमाइशी इश्तिहार
(प्रशा.) प्रदर्श विज्ञापन

نمائندگی (स्त्री.)नुमाइंदगी
प्रतिनिधित्व

نمائندہ (पु.)नुमाईंदा
प्रतिनिधि

نمائندۂ خصوصی (पु.)नुमाइंदए-ख़ुसूसी
विशेष प्रतिनिधि, मुख्य प्रतिनिधि

نمایاں (वि.)नुमायाँ
व्यक्त, स्पष्ट

نمبر (पु.)नंबर
अंक, संख्या

نمد (पु.)नमद
नमदा, मोटा ऊनी कपड़ा, नमदे की सदरी

نمد پوش (वि.)नमदपोश
मोटे कंबल का लिबास पहनने वाला, कंबलधारी

نمد زیں (पु.)नमद ज़ीं
वह नमदा जो घोड़े की पीठ पर ज़ीन के नीचे डालते हैं

نمرود (पु.)नमरूद
एक बहुत बड़ा अत्याचारी नरेश जो अपने को समस्त प्रजा का पालक समझता था और जिसने पैग़म्बर हज़रत इब्राहीम को आग में डलवाया था

نمط (पु.)नमत
प्रकार, क़िस्म

نمک (पु.)नमक
लवण, नून, लून

نمک آلودہ (वि.)नमक आलूदा
लवणयुक्त, नमकीन

نمک افشانی (स्त्री.)नमक अफ़शानी
नमक छिड़कना

نمک افشاں (वि.)नमक अफ़शाँ
(ज़ख़्म पर) नमक छिड़कने वाला

نمک پاش (वि.)नमक पाश
1. नमक छिड़कने वाला 2. (पु.) नमकदान

نمک پاشی (स्त्री.)नमक पाशी
1. नमक छिड़कना 2. दुख देना

نمک پروردہ (वि.)नमक पर्वर्दा
1. नमकख़्वार, स्वामिभक्त, कृतज्ञ, वफ़ादार 2. सेवक, नौकर

نمک حرام (वि.)नमक हराम
कृतघ्न

نمک حلال (वि.)नमक हलाल
कृतज्ञ, स्वामिभक्त

**نمک خوار** (वि.)नमक ख़्वार
स्वामिभक्त, नौकर

**نمک خوردہ** (वि.)नमक ख़ुर्दा
स्वामीभक्त, वफ़ादार, सेवक, नौकर

**نمک دان** (पु.)नमकदान
नमक रखने का बर्तन

**نمکین** (वि.)नमकीन
1. लावण्युक्त 2. सलोना 3. (पु.) खाने का नमकीन

**نمکینی** (स्त्री.)नमकीनी
1. सलोनापन 2. सौंदर्य, हुस्न

**نمگیر پانی** (पु.)नमगीर पानी
(वन.) आर्द्रता-जल

**نمناک** (वि.)नमनाक
गीला, तर, आर्द्र

**نمو** (पु.)नुमू
अंकुरण, विकास

**نمو پیما** (पु.)नुमू पैमा
(वन.) वृद्धिमापी

**نمود** (स्त्री.)नुमूद
आविर्भाव, धूमधाम, आडंबर

**نمودار** (वि.)नुमूदार
आविर्भूत, व्यक्त, प्रकट

**نمودی کرن** (स्त्री.)नुमूदी किरन
(भौ.) निर्गत किरण

**نمونہ** (पु.)नमूना
1. साँचा 2. बानगी

**نمی** (स्त्री.)नमी
तरी, आर्द्रता

**نمی پیما** (पु.)नमी पैमा
(भौ.,वन.) आर्द्रतामापी

**ننگ** (स्त्री.)नंग
लज्जा, दोष, जग हँसाई

**ننگِ اسلاف** (पु.)नंगे-इस्लाफ़
कपूत

**ننگِ خاندان** (पु.)नंगे-ख़ानदान
अपने कुल के लिए निंदा का कारण, कुलांगार, कुलकलंक

**ننگِ خلائق** (पु.)नंगे-ख़लाइक़
जो व्यक्ति अपने दुर्व्यवहार से सर्वसाधारण के लिए लज्जा का कारण हो

**ننگ و نام** (पु.)नंगो-नाम
1. लज्जा, ग़ैरत 2. मर्यादा 3. सतीत्व

**ننگ و ناموس** (पु.)नंगो-नामूस
दे. 'ننگ و نام'

**نو** (वि.)नौ
1. नया, नवीन, नव 2. तत्कालीन 3. आठ और एक, एक कम दस, नौ

**نوآباد** (वि.)नौ आबाद
(राज.,ना.) नववसित, नया बसा हुआ

**نوآبادی** (स्त्री.)नौ आबादी
(राज., ना., इति.) 1. उपनिवेश 2. वह आबादी जो अभी नई बसी हो

**نوآبادیات** (स्त्री.)नौ आबादियात
(राज., ना., इति.) उपनिवेश

**نوآبادیاتی** (वि.)नौ आबादियाती
(राज., ना., इति.) औपनिवेशिक, उपनिवेशी

**نوآبادیاتی سامراج** (पु.)नौ आबादियाती साम्राज
(राज., ना., इति.) उपनिवेशी साम्राज्यवाद, औपनिवेशिक साम्राज्यवाद

**نوآبادیت** (स्त्री.)नौ आबादीयत
(राज., ना., इति.) उपनिवेशवाद

**نوآمدہ** (वि.)नौ आमदा
1. नवागत 2. हाल का आया हुआ 3. जो अभी आया हो

**نوآموز** (वि.)नौ आमोज़
नौसिखिया, अनाड़ी, नव-शिक्षित

**نوآموز کاریگر** (पु.)नौ आमोज़ कारीगर
(प्रशा.) शिक्षु कारीगर, नौसिखिया मिस्त्री

**نوآموزی** (स्त्री.)नौ आमोज़ी
नौसिखियापन

**نوچندی** (स्त्री.)नौचंदी
चाँद का पहला वृहस्पति

**نوحجری دور** (पु.)नौ हजरी दौर
(इति.) नवपाषाण युग

**نورس** (वि.)नौरस
1. नया, नव, नवीन 2. ताज़ा 3. (पु.) मौसम का नया फल 4. (पु.) कोमल पौदा, नवयुक्ति

**نورستہ** (वि.)नौ रुस्ता
नया उगा हुआ

(पु.)नवादिर نوادر
'نادر' का बहु., अद्‌भुत वस्तुएँ, अजीबो-ग़रीब चीज़ें

(स्त्री.)नवाज़िश نوازش
कृपा, अनुकंपा

(क्रि.)नवाज़ना نوازنا
कृपादृष्टि करना

(वि.)नवा सांज़ نواساز
गीतकार

(पु.)नवासा نواسہ
नाती, दोहता

(पु.)नवाफ़िल نوافل
'نفل' का बहु.

(पु.)निवाला نوالہ
कौर, ग्रास

(स्त्री.)नौबत نوبت
1. ओसरी 2. दशा, नौबत 3. पारी, बारी 4. वक़्त, समय 5. मांगलिक अवसरों पर बजनेवाला बाजा

(पु.)नौबत ख़ाना نوبت خانہ
नक़्क़ार ख़ाना, वह स्थान जहाँ नगाड़ा बजाया जाता है

(पु.)नौ बहार نوبہار
वसंत ऋतु, नव वसंत

(स्त्री.)नौ जवानी نوجوانی
युवावस्था

(वि.)नौ जवाँ نوجواں
नवयुवक, किशोर

(पु.)नूह نوح
एक पैग़म्बर जिनके समय में बहुत बड़ा तूफ़ान आया था, जिसमें सारा संसार नष्ट हो गया था

(पु.)नौहा نوحہ
1. मृतशोक, मृतक के लिए रोना-पीटना, बैन करना 2. (भा.) उर्दू पद्य की एक विधा जिसमें कर्बला के शहीदों पर शोक प्रकट किया जाता है

(स्त्री.)नौहा ख़्वानी نوحہ خوانی
मृतशोक, मुहर्रम की मजलिस में नौहा पढ़ना

(वि.)नौहा ख़्वाँ نوحہ خواں
मृतक पर विलाप करने वाला, कर्बला के शहीदों का नौहा पढ़ने वाला, रुदाली

(पु.)नौरोज़ نوروز
1. नए साल का पहला दिन 2. ईरानियों का नव वर्ष का त्योहार

(वि.)नौ ज़ाइदा نوزائیدہ
नवजात

(वि.)नौ उम्र نوعمر
अल्पायु

(स्त्री.)नौ उम्री نوعمری
बाल्यावस्था, अल्पवयस्कता, कमसिनी

(वि.)नौ मुस्लिम نومسلم
जो नया-नया मुसलमान हुआ हो, जो पैतृक मुसलमान न हो

(वि.)नौ मश्क़ نومشق
नौसिखिया, अनाड़ी

(वि.)नौ मश्क़ी نومشقی
नौसिखियापन

(वि.)नौनिहाल نونہال
1. नया पौधा, नया पेड़ 2. नौउम्र, बालक, बच्चा

(वि.)नौ निहालाने-चमन نونہالانِ چمن
1. बाग़ के नये-नये पौधे 2. देश के बच्चे

(वि.)नौ वारिद نووارد
नवागंतुक, नवागत

(स्त्री.)नवा نوا
1. स्वर 2. गान

(पु.)नव्वाब نواب
1. नव्वाब 2. सम्पन्न

(पु.)नव्वाब ज़ादा نواب زادہ
नव्वाब का पुत्र

(स्त्री.)नव्वाबी نوابی
1. नव्वाब का पद 2. दौलतमंदी

(वि.)नवा पर्दाज़ نواپرداز
गायक

(पु.)नवाह नواح
समीपवर्ती क्षेत्र, चारों ओर का क्षेत्र

(पु.)नवाहे-शह्र نواحِ شہر
नगर के आसपास का क्षेत्र, मुज़ाफ़ात

(पु.)नवाहे-मुल्क نواحِ ملک
किसी देश के चारों ओर का बाहरी इलाक़ा

(वि.)नवाही نواحی
चारों ओर का क्षेत्र, समीपवर्ती क्षेत्र

**نوحہ گر** (वि.)नौहा गर
दे. "نوحہ خواں"

**نوحہ گری** (स्त्री.)नौहा गरी
दे. "نوحہ خوانی"

**نوحۂ غم** (पु.)नौहए-ग़म
मृतक-शोक, मृत का मातम

**نوحۂ ماتم** (पु.)नौहए-मातम
दे. "نوحۂ غم"

**نوخیز** (वि.)नौ ख़ेज़
नवोदित, नवांकुरित

**نودولت** (वि.)नौ दौलत
नया अमीर

**نودولتی** (स्त्री.)नौ दौलती
नयी-नयी संपत्ति की प्राप्ति, नया-नया धनवान होना

**نور** (पु.)नूर
1. प्रकाश, उजाला 2. सौंदर्य, श्री शोभा

**نور العین** (पु.)नूरुल ऐन
दे. 'نور عین'

**نور افزا** (वि.)नूर अफ़ज़ा
रौशनी बढ़ाने वाला, प्रकाश वृद्धिका

**نور افشاں** (वि.)नूर अफ़्शाँ
रोशनी फैलाने वाला

**نورباف** (वि.)नूर बाफ़
कपड़ा बुनने वाला, जुलाहा

**نوربخش** (वि.)नूर बख़्श
प्रकाश देने वाला

**نورپاش** (वि.)नूर पाश
प्रकाश फैलाने वाला

**نورپیما** (पु.)नूर पैमा
प्रकाशमापक

**نورپیمائی** (स्त्री.)नूर पैमाई
(भौ.) 1. प्रकाशमापीय, प्रकाशमितीय 2. प्रकाशमिति

**نورِ چشم** (पु.)नूरे-चश्म
दे. 'نور عین'

**نور دیدہ** (पु.)नूरे-दीदा
दे. 'نور عین'

**نورزاد** (वि.)नूर ज़ाद
(भौ.) 1. छविचित्रणीय 2. प्रकाशजनक

**نورِ سحر** (पु.)नूरे-सहर
प्रातःकाल का उजाला

**نور علیٰ نور** (वि.)नूरुन-अ़ला-नूर
नूर के ऊपर नूर, अत्यधिक प्रकाश, बहुत ही मांगलिक और शुभ, सोने पर सुहागा

**نورِ عین** (पु.)नूरे-ऐन
1. आँखों की ज्योति 2. बेटा, पुत्र, सुपुत्र

**نور فشاں** (वि.)नूर फ़िशाँ
ज्योति बिखेरने वाला (वाली)

**نورِ ماہ** (पु.)नूरे-माह
चाँद की रोशनी, चाँदनी, ज्योत्सना, चंदप्रभा, कौमुदी, चंद्रिका, चंद्रातप

**نورِ مجسم** (पु.)नूरे-मुजस्सम
1. जो सर से पाँव तक नूर ही नूर हो, जो नूर से बना हो 2. आपादमस्तक प्रकाश 3. हज़रत मुहम्मद

**نورِ نظر** (पु.)नूरे-नज़र
1. आँखों की ज्योति 2. पुत्र, बेटा

**نورِ نگاہ** (पु.)नूरे-निगाह
दे. "نورِ نظر"

**نورانی** (स्त्री.)नूरानी
प्रकाशमान, उज्ज्वल

**نورین** (वि.)नूरैन
दो प्रकाश स्रोत, चन्द-सूर्य, मक्का-मदीना

**نوری** (वि.)नूरी
1. प्रकाश का, प्रकाश का बना हुआ
2. (भौ.) प्रकाशिक, चाक्षुक

**نوری برقی** (वि.)नूरी बर्क़ी
(भौ.) प्रकाशवैद्युत, प्रकाश-विद्युत

**نوری تقلیب** (स्त्री.)नूरी तक़्लीब
(भौ.) श्रुवण प्रतीपन

**نوری محور** (पु.)नूरी मिह्वर
(भौ.) प्रकाशिक अक्ष

**نوش** (पु.)नोश
1. अमृत, आबे-हयात 2. शहद 3. तिरयाक़ 4. (प्रत्य.) ग्रहण करने वाला, जैसे- 'بادہ نوش' (बादा नोश) शराब ग्रहण करने वाला

**نوش جاں کرنا** (क्रि.)नोशे-जाँ करना
भोजन ग्रहण करना

**نوش کرنا** (क्रि.)नोश करना
पीना

**نوشابہ** (पु.)नोशाबा
पेय जल, पेय

نوشادر (पु.)नौशादर
नौसादर

نوشاہ (पु.)नौशाह
दुल्हा, वर

نوشت (स्त्री.)नविश्त
लिखावट

نوشت وخواند (स्त्री.)नविश्तो-ख़्वाँद
लिखना-पढ़ना

نوشتہ (पु.)नविश्ता
1. लिपिबद्ध, लिखित 2. लेखपत्र

نوشتۂ تقدیر (पु.)निविश्तए-तक़दीर
दे. 'نوشتۂ قسمت'

نوشتۂ قسمت (पु.)नविश्तए-क़िस्मत
भाग्यलेख, तक़दीर का लिखा, प्रारब्ध लेख

نوشہ (पु.)नौशा
वर, दुल्हा

نوشیرواں (पु.)नौशेरवाँ
सासानी वंश का एक ईरानी नरेश जो अपनी न्यायपरायणता के लिए प्रसिद्ध है

نوشیں (वि.)नौशीं
स्वादिष्ट, सुस्वादु

نوع (स्त्री.)नौ
जाति, प्रकार

نوعِ انسانی (स्त्री.)नौए-इंसानी
मानव जाति

نوعی حرارت (स्त्री.)नौइ हरारत
(रसा., भौ.) विशिष्ट ऊष्मा

نوعیت (स्त्री.)नौइयत
1. प्रकार 2. स्थिति

نوک (स्त्री.)नोक
नोक, अग्रभाग, सिरा, अनी

نوک دار (वि.)नोकदार
नुकीला

نوم (स्त्री.)नौम
निद्रा, नींद

نومید (वि.)नौमीद
निराश, हताश, नाउम्मीद

نومیدانہ (क्रि.वि.)नौमीदाना
निराशापूर्ण

نومیدی (स्त्री.)नौमीदी
निराशा, नाउम्मीदी

نون غنہ (पु.)नून-गुन्ना
अनुस्वर

نوید (स्त्री.)नवेद
शुभसूचना

نوید جاں فزا (स्त्री.)नवेदे-जाँ फ़िज़ा
प्राणों को आनंद देने वाली शुभसूचना

نویس (प्रत्य.)नवीस
लिखने वाला, जैसे-'خط نویس' (ख़त नवीस) पत्र लिखने वाला

نہاد (स्त्री.)निहाद
प्रकृति, स्वभाव

نہار (पु.)नहार
'ناہار' का लघु. 1. दिन, दिवस 2. सवेरे से कुछ न खाए हुए, बासी मुँह 3. नाश्ता

نہار منہ (वि.)नहार मुँह
बासी मुँह, सवेरे से कुछ न खाए हुए

نہاری (स्त्री.)नहारी
1. नाश्ता, नहार मुँह खाया जाने वाला थोड़ा-सा भोजन 2. एक प्रकार का सालन

نہال (पु.)निहाल
1. नया पौधा 2. बिछौना, तोशक, बिस्तर 3. प्रफुल्ल, प्रसन्न

نہالچہ (पु.)निहालचा
छोटे बच्चों का बिछौना

نہالی (स्त्री.)निहाली
तोशक, बिस्तर

نہانی (वि.)निहानी
गुप्त, आंतरिक, छिपा हुआ

نہاں (वि.)निहाँ
गुप्त, छिपा हुआ

نہایت (स्त्री.)निहायत
1. अति, अत्यन्त 2. अंत

نہج (पु.)नहज
1. ढंग, तरीक़ा, पद्धति 2. मार्ग, पथ, रास्ता

نہر (स्त्री.)नह्‌र
नहर, नदी

نہر فرات (स्त्री.)नह्‌रे-फ़ुरात
इराक़ में बहने वाली फ़ुरात नदी

نہر لبن (स्त्री.)नह्‌रे-लबन
दूध की नहर

نہضت (स्त्री.)नुह्‌ज़त
प्रस्थान, प्रयाण, कूच

نہفتہ (वि.)निहुफ़्ता
गुप्त, निहित

**نہم** (वि.)नहुम
नवम, नवाँ

**نہنگ** (पु.)नहंग
घड़ियाल, मगरमच्छ

**نہنگ** (वि.)निहंग
1. नंगा, नग्न 2. मुक्त, स्वतंत्र 3. निर्लज्ज 4. (पु.) सिखों का एक पंथ जो पीला वस्त्र धारण करता है

**نہیب** (पु.)नहीब
1. भय, डर 2. लूटमार

**نیا عہد نامہ** (पु.)नया अ़हद नामा
(इति.) न्यू टेस्टामेंट

**نیابت** (स्त्री.)नियाबत
प्रतिनिधित्व

**نیاز** (स्त्री.)नियाज़
1. श्रद्धा, इच्छा 2. प्रसाद 3. प्रार्थना 4. ज़रूरत

**نیاز کیش** (वि.)नियाज़ केश
श्रद्धालु, भक्त

**نیازمند** (वि.)नियाज़ मंद
1. आज्ञाकारी 2. भक्त, श्रद्धालु 3. इच्छुक, प्रार्थी

**نیازمندانہ** (क्रि.वि.)नियाज़ मंदाना
भक्तों-जैसा, आज्ञाकरियों-जैसा, नम्रतापूर्ण

**نیازمندی** (स्त्री.)नियाज़ मंदी
1. आज्ञाकारिता 2. भक्ति, श्रद्धा

**نیازنامہ** (पु.)नियाज़ नामा
विनयपत्र

**نیام** (पु.)नियाम
म्यान, खड्ग कोण

**نیت** (स्त्री.)नीयत
1. संकल्प, इरादा 2. आशय, मक़सद 3. ध्यान, ख़याल

**نیچہ** (पु.)नैचा
हुक्के की निगाली, नैचा, नय

**نیر** (पु.)नय्यर
अत्यंत चमकदार तारा

**نیر اعظم** (पु.)नय्यरे-आज़म
सूर्य, सूरज, रवि, दिनकर

**نیرنگ** (पु.)नैरंग
1. धोखा, माया 2. जादू

**نیرنگ باز** (वि.)नैरंग बाज़
1. जादूगर 2. फ़रेबी, छली

**نیرنگ بازی** (स्त्री.)नैरंग बाज़ी
1. जादूगरी 2. छल, फ़रेब

**نیرنگ ساز** (वि.)नैरंग साज़
दे. 'نیرنگ باز'

**نیرنگ سازی** (स्त्री.)नैरंग साज़ी
दे. 'نیرنگ بازی'

**نیرنگی** (स्त्री.)नैरंगी
1. माया-कर्म, जादूगरी 2. छल, कपट, फ़रेब 3. चित्त चंचलता

**نیرو** (पु.)नीरू
शक्ति, बल

**نیز** (अव्य.)नीज़
1. और, अथवा 2. भी, और भी

**نیزہ** (पु.)नेज़ा
1. भाला, बरछा 2. लेखनी बनाने में प्रयुक्त नरकट/ नरसल

**نیزہ باز** (वि.)नेज़ा बाज़
नेज़ा चलाने वाला, भाला चलानेवाला

**نیزہ بازی** (स्त्री.)नेज़ा बाज़ी
भालाबाज़ी

**نیزہ بردار** (वि.)नेज़ा बरदार
भालाधारी

**نیزہ برداری** (स्त्री.)नेज़ा बरदारी
भाला उठाकर चलना

**نیشکر** (पु.)नैशकर
गन्ना, ईख

**نیساں** (पु.)नेसाँ
1. रोमियों का सातवाँ महीना और उस माह की बारिश जिसके लिए प्रसिद्ध है कि इस पानी की हर बूँद से सीप में मोती बन जाता है 2. बैसाख, बैसाख की वर्षा

**نیست** (वि.)नेस्त
1. नष्ट, ध्वस्त, बर्बाद 2. नास्ति, अविद्यमान, नहीं

**نیست و نابود** (वि.)नेस्तो-नाबूद
विनष्ट, विध्वस्त, तहस-नहस

**نیستاں** (पु.)नैसताँ
नरसल का खेत अथवा जंगल

